'व्यापकत्वे योनिमुद्रां' का 'ज्ञानार्णव' में पाठ है—'व्यापकान्ते योनिमुद्राम्'।

[सौभाग्यदण्डिन्याः स्वरूपं फलञ्च]

मुष्टिं बद्ध्वा तले मन्त्री तर्जनीं दण्डवच्चरेत्।
सौभाग्यदण्डिनी नाम रिपून् दण्डयते क्षणात्।।७२।।

मुष्टिमिति। अत्र तले इत्यनेन वामहस्ततले इति बोध्यम्। तन्त्रसारे मुद्राप्रकरणे—

वामहस्तेन मुष्टिन्तु बद्ध्वा कर्णप्रदेशके।
तर्जनीं सरलां कृत्वा भ्रामयेन्मनुवित्तमः।
सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा न्यासकालेऽपि सूचिता।।

इति वचनेन तथा व्यक्तमभिधानात्।

इस श्लोक में सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा के स्वरूप का संकेत तथा उसके फल का निरूपण किया गया है। यहाँ 'तल' से तात्पर्य बाँयें हाथ के 'तल' से है। ज्ञानार्णवतन्त्र (पन्द्रहवाँ पटल, श्लोकसंख्या ४७) में इस मुद्रा के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। यथा—

बाँयें हाथ की मुट्ठी बाँधकर तर्जनी अंगुली को सीधी रखकर कान के पास घुमाने से सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा बनती है। ज्ञानार्णव तन्त्र का उक्त श्लोक 'तन्त्रसार' में यथावत् उद्धृत है। प्रस्तुत ग्रन्थ की संस्कृत टीका में 'तन्त्रसार' का उक्त श्लोक उद्धृत है।

इस मुद्रा के करने से साधक के शत्रु दण्डित होते हैं।।७२।।

[रिपुजिह्वाग्रहा मुद्रा करशुद्धिश्च]

अङ्गुष्ठं मुष्टिगं कुर्याद् रिपुजिह्वाग्रहा भवेत्।।७३।।

अङ्गुष्ठमिति। तन्त्रसारे तु—

अन्तरङ्गुष्ठमुष्ट्या तु निरुध्य तर्जनीमिमाम्।
रिपुजिह्वाग्रहा मुद्रा न्यासकाले तु सूचिता।।

इत्यनेन मुष्टावङ्गुष्ठेन तर्जन्या अपि निरोध उक्त इति विशेषो दृश्यते।

इस एक पंक्ति में 'रिपुजिह्वाग्रहा' मुद्रा का संकेतमात्र दिया गया है। 'ज्ञानार्णव तन्त्र' (पटल १५, श्लोकसंख्या ४८-४९) में इस मुद्रा का स्वरूप स्पष्ट किया गया है—'दाहिने हाथ से अंगुष्ठगर्भिता मुट्ठी बाँधने से 'रिपुजिह्वाग्रहा' मुद्रा बनती है।'

विमर्श—उपर्युक्त 'श्रीविद्यान्यास' में सौभाग्यदण्डिनी और 'रिपुजिह्वाग्रहा' के साथ ही 'त्रिखण्डा मुद्रा' भी बनाई जाती है। भाष्य में 'त्रिखण्डा मुद्रा' का उल्लेख किया गया है। ज्ञानार्णव (पटल १५, श्लोकसंख्या ४९-५१) के अनुसार त्रिखण्डा मुद्रा का स्वरूप है—

दोनों हथेलियों को परस्पर जोड़ें। तर्जनी अंगुली को मोड़कर अनामिका पर स्थापित कर दें। मध्यमाओं को बीच में ही रखें। दोनों कनिष्ठा अंगुलियों को मोड़कर उन्हें मध्यमा अंगुलियों के नीचे लायें। कनिष्ठाओं के अग्रपर्वों को मध्यमाओं के मूल में रखें। दोनों अंगूठों को भी परस्पर जोड़ दें। दो-दो के क्रम से बनने वाली यह त्रिखण्डा मुद्रा है।

योनिमुद्रा—यह बहुप्रचलित मुद्रा है। ज्ञानार्णव (१५/६६-४८) में इसका स्वरूप इस प्रकार बताया गया है—

दोनों हाथों को मोड़कर तर्जनी को सीधा रखें। मध्यमा अँगुलियों को तर्जनी अँगुलियों के मध्य भाग में रखें। उन्हें आमने-सामने से मिला दें। तर्जनी अंगुलियों पर दोनों मध्यमा अंगुलियों को तिरछा करके रख दें। दोनों कनिष्ठा अंगुलियों को अनामिका अंगुलियों के मध्य में रखकर सभी अंगुलियों को एक साथ मिलाकर सभी अंगुलियों को अंगूठों से दबायें। यह योनिमुद्रा है।

परिशिष्ट में सभी आवश्यक मुद्राओं के चित्र दिये गये हैं। वहाँ देखने से मुद्राओं का स्वरूप और स्पष्ट होता है।

अनामिकां परिभ्राम्य मूर्द्धांसं परितः सुधीः।
ब्रह्मरन्ध्रे क्षिपेच्चैव मणिबन्धे न्यसेत्ततः।।७४।।
ललाटेऽनामिकां कुर्यात् षोडशार्णां स्मरन् बुधः।
त्रैलोक्यमरुणं ध्यायन् श्रीविद्यां मनसि स्मरेत्।।७५।।

इन दो श्लोकों में तीन न्यासक्रम बताये गये हैं। ज्ञानार्णव में इसे सम्मोहन न्यास कहा गया है। (पटल १४, श्लोक ४१-४२)।

'त्रैलोक्यमरुणं ध्यायन्' अर्थात् यह न्यास करने के पूर्व यह ध्यान करें कि तीनों लोक श्रीविद्या के अरुण वर्ण से रंगे हुए हैं अर्थात् तीनों लोक श्रीविद्या के प्रभाव से अरुण रंग के हो गये हैं। इसके बाद न्यास करें—

(१) दाहिने हाथ की अनामिका को सिर के इर्द-गिर्द (तीन बार) घुमाकर ब्रह्मरन्ध्र में (अनामिका से) सम्पूर्ण विद्या का न्यास करें।

(२) अनामिका अंगुली से सम्पूर्ण विद्या का दोनों मणिबन्धों (कलाइयों) पर न्यास करें।

(३) अनामिका से मूल मन्त्र का ललाट में न्यास करें। 'षोडशार्णां' से यहाँ तात्पर्य 'मूल मन्त्र' से है।

विमर्श—अन्य तन्त्रग्रन्थों के अनुसार उपर्युक्त श्रीविद्यान्यास (अक्षरन्यास) और 'सम्मोहन न्यास' केवल षोडशी उपासकों के लिये हैं। पञ्चदशाक्षरी विद्या के साधकों के लिये इन न्यासों का विधान अन्य तन्त्रग्रन्थों में नहीं बताया गया है।

उपर्युक्त दोनों श्लोक श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (पटल १४, श्लोकसंख्या-४१-४२) से लिये गये हैं। पाठभेद भी है—'मूर्द्धांसं' के स्थान पर ज्ञानार्णव में 'मूर्धानम्'।

ॐकारं वाग्भवं कूटमांकारं कामराजकम्।
शान्तान्तं कादिसंयुक्तम् ऐकारान्तान्तयोजितम्।।७६।।
त्रिपुरा परमेशानी करशुद्धौ समीरिता।।७७।।

इन श्लोकों में 'करशुद्धकरी विद्या' का उद्धार बताया गया है। तदनुसार 'ॐ' इसका वाग्भव कूट 'आं'कार कामराज कूट तथा 'सौः' इसका तृतीय कूट है। इस तरह 'ॐ आं सौः' करशुद्धकरी विद्या है।।७६-७७।।

विमर्श—अन्य तन्त्रग्रन्थों में 'अ' को इस विद्या का प्रथम (वाग्भव) कूट बताया गया है।

'शान्तान्तं' इत्यादि। 'श' के बाद का वर्ण 'ष'। इसके भी अन्त का वर्ण—'स'कार। कादि ('क'कार का पूर्ववर्ती वर्ण 'अः' अर्थात् विसर्ग (:), जो 'ऐकार' के अन्त्य वर्ण 'ओ' के अन्त्य वर्ण (ऐकारान्तान्त) से युक्त हो—अर्थात् 'स्+औ+अः'—'सौः'।

[विद्याध्यानम्]

अथाऽऽधारे वाग्भवन्तु तडिद्वर्णं त्रिकोणके।
तदुद्भवां तडिद्वर्णां द्विभुजां बालरूपिणीम्।।७८।।
पुस्तकाक्षलसत्पाणिपद्मां चारुत्रिलोचनाम्।
विम्बाधरां पीतवर्णां विषतन्तुतनीयसीम्।।७९।।
वाग्भवाख्यस्वरूपां तां परशक्तौ समानयेत्।
शुद्धस्फटिकसङ्काशां गोक्षीररजतोपमाम्।।८०।।
कदम्बगोलकाकारां ब्रह्मरन्ध्रव्यवस्थिताम्।
अभयमक्षसूत्रञ्च पाशं विद्याञ्च धारिणीम्।।८१।।

अथाऽऽधार इत्यादि। अत्रेदमवधेयम्—पूर्वं यन्मानससन्ध्योपासनमुद्दिष्टं तत् प्रातर्मध्याह्ने सायमर्द्धरात्रे चेति कालचतुष्टयेऽनुष्ठेयम्, अन्यथा 'सायाह्ने शक्तिबीजन्तु श्वेतं वै सोममण्डले' इति, 'अर्द्धरात्रे तदन्तरम्' इति, 'तुरीयं बीजमुच्चार्ये'ति च वक्ष्यमाणवचनैर्विशिष्य सायमर्द्धरात्रयोरुपादानं व्यर्थं स्यात्। एवञ्च तत्र तत्र सायमर्द्धरात्रयोर्व्यवस्थापनात् पूर्वोक्तकल्पद्वयं प्रातर्मध्याह्नकालविषयमिति स्थितम्। तत्र शिरःकण्ठ इत्यादिना 'करशुद्धौ समीरिते'त्यन्तेन ग्रन्थेनोक्ताः प्रक्रियाः कालचतुष्टयसाधारणाः। अथाधार इत्यादिना तु प्रथमप्राप्तं प्रातःकालीनध्यानादिप्रक्रियामभिधत्ते। आधारे मूलाधारे त्रिकोणके मूलाधारस्थिते त्रिकोणे इत्यर्थः। तडिद्वर्णं वाग्भवबीजं ध्यात्वेति शेषः। तदुद्भवां तद्वाग्भवबीजोद्भवां द्विभुजां बालरूपिणीमित्यादिसर्वविशेषविशिष्टां तां परशक्तौ सहस्रारस्थितायां समानयेदिति सम्बन्धः। तत्रापि शुद्धस्फटिकसङ्काशामित्यादिविशेषणविशिष्टां तां ध्यायेदित्यर्थः।

मूलाधार चक्र के त्रिकोण के मध्य में तडिद् वर्ण के वाग्भव बीज का ध्यान करें। तत्पश्चात् वाग्भव बीज से उद्भूत तडिद्-वर्णा विद्या का ध्यान करें। यह विद्या बालरूपिणी है। दो भुजायें हैं। तीन नेत्र हैं। बिम्बाफल के समान रक्त वर्ण के अधर हैं। उसके दोनों हाथों में पुस्तक और अक्षमाला है। वे कमलनाल के रेशे के समान सूक्ष्म हैं। इस वाग्भव-उद्भवा को सहस्रार में लाकर उसका ध्यान करें। उनका वर्ण शुद्ध स्फटिक तथा गोदुग्ध के समान धवल और उज्ज्वल है। उनके हाथों में क्रमशः अभयमुद्रा, अक्षसूत्र, पाश और विद्या (पुस्तक) हैं। वे ब्रह्मरन्ध्र में आसीना हैं। कदम्ब के समान गोलाकार स्तनमण्डल है।'।।७८-८१।।

[त्रिपुरार्घ्यदानम्]

वाग्भवन्तु समुच्चार्य त्रिपुरा वाग्भवेश्वरी।
पादुकां पूजयामीति त्रिधा चार्घ्यं निवेदयेत्।।८२।।

ध्यानानन्तरमर्घ्यदानमुपदिशति—**वाग्भवन्त्वित्यादिना।**

इस प्रकार ध्यान करके 'ऐं त्रिपुरा वाग्भवेश्वरी पादुकां पूजयामि' इस मन्त्र से तीन बार अर्घ्य दें।।८२।।

[त्रिपुरागायत्री]

त्रिपुरादेवि विद्महे वाग्भवेश्वरीपदं भवेत्।
धीमहीति ततस्तन्नो मुक्तिः प्रचोदयादिमाम्।।८३।।

[पूरकादिक्रमेण तज्जपः]

त्रिर्जपेदथ मन्त्रज्ञः पूरकादिविधानतः।।८४।।

अर्घ्यत्रयदानान्तरं पूरक-कुम्भक-रेचक-रीत्या त्रिधा गायत्रीजपमुपदिशति—**त्रिपुरेत्यादिना त्रिर्जपेदित्यन्तेन।**

'त्रिपुरादेवि विद्महे वाग्भवेश्वरी धीमहि तन्नो मुक्तिः प्रचोदयात्'—यह त्रिपुरा गायत्री है।

अर्घ्य देने के बाद पूरक-कुम्भक-रेचक रीति से त्रिपुरा गायत्री का तीन बार जप करें।।८३-८४।।

विमर्श—प्रातःकाल, मध्याह्नकाल, सायंकाल और अर्धरात्रि—इन चार समयों में सन्ध्यावन्दन किया जाता है। प्रातःकालीन सन्ध्यावन्दन तथा ध्यान की उपर्युक्त विधि है। अन्य सन्ध्याओं में 'ध्यान' आदि का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

[देव्या ध्यानम्]

हृदयाम्बुजमध्यस्थे केशरे सूर्यमण्डले।
द्वितीयं कामराजन्तु तरुणारुणसन्निभम्।।८५।।
तदुद्भवां रक्तवर्णां चतुर्भुजां त्रिलोचनाम्।
पाशाङ्कुशधनुर्बाणधारिणीं यौवनान्विताम्।।८६।।

एवं प्रातःकालीनध्यानादिप्रक्रियामभिधाय माध्याह्निकं ध्यानमाह—**हृदयाम्बुजमध्यस्थ इत्यदिना।** एवं वक्ष्यमाणस्थलेष्वपि बोध्यम्।

इन दो श्लोकों में मध्याह्नकालीन वन्दन में भगवती का ध्यान बताया गया है। 'हृदयाम्बुज' अर्थात् हृदयक्षेत्रवर्ती अनाहत चक्र के सूर्यमण्डल-सदृश केसर में तरुण-अरुण अर्थात् युवा सूर्य के समान रक्तवर्ण के कामराज कूट का तथा इस कामराज बीज से उद्भूत रक्तवर्णा देवी का ध्यान करें। देवी सर्वथा युवतीस्वरूपा हैं। उनके तीन नेत्र और चार भुजाएँ हैं। उनकी इन चार भुजाओं में क्रम से पाश, अंकुश, धनुष और बाण हैं।।८५-८६।।

[तत्र क्रमान्तरम्]

अथवारुणसन्दीप्तां कामकूटस्वरूपिणीम्।
सहस्रकमले नीत्वा ध्यायेदादित्यसुप्रभाम्।।८७।।
चतुर्भुजां महादीप्तां त्रिनेत्राञ्च वराननाम्।
सर्वज्ञानमयं वामे पुस्तकं प्रणवात्मकम्।।८८।।
दक्षिणेऽक्षस्रजं सूर्यकान्तितुल्यां वराभयौ।
दक्षवामकराभ्याञ्च बिभ्रतीं परमेश्वरीम्।।८९।।

इन तीन श्लोकों में मध्याह्नकालीन अपर अर्थात् दूसरा ध्यान बताया गया है। कामकूट-स्वरूपिणी अरुणाभ देवी को हृदयमण्डल से सहस्रदल कमल में लाकर ध्यान करें। उनका वर्ण सूर्य के समान अरुण है। चार भुजाएँ हैं। मुखमण्डल देदीप्यमान एवं कान्तिमान है। उनके तीन नेत्र हैं। उनके वाम हाथ में सर्वज्ञानमयी प्रणवात्मिका पुस्तक तथा दाहिने हाथ में सूर्यकान्ति के समान चमकदार अक्षमाला है। नीचे के दाहिने हाथ में वरमुद्रा तथा बाँयें हाथ में अभय मुद्रा है॥८७-८९॥

[अर्घ्यदानम्]

एवं ध्यात्वा कामराजमुद्धरेत् त्रिपुरापदम्।
कामेश्वरीपादुकाञ्च स्मृत्वाऽर्घ्यं त्रिः प्रकल्पयेत्।।९०।।

भगवती का इस प्रकार ध्यान करके उन्हें तीन बार अर्घ्य प्रदान करें। अर्घ्यदान का मन्त्र है—'क्लीं त्रिपुरा कामेश्वरी पादुकां पूजयामि'। इसके बाद पूरक-कुम्भक-रेचक विधि से गायत्री मन्त्र का तीन बार जप करें॥९०॥

[गायत्री तज्जपश्च]

कामराजं समुच्चार्य त्रिपुरादेवि विद्महे।
महाकामेश्वरी धीमहि तन्नः पदतस्ततः।
क्लिन्ने प्रचोदयान्मन्त्री त्रिधा च प्रजपेदिमाम्।।९१।।

'क्लीं त्रिपुरा देवि विद्महे महाकामेश्वरी धीमहि तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्'—यह गायत्री मन्त्र है॥९१॥

[सायाह्ने देव्या ध्यानम्]

सायाह्ने शक्तिबीजन्तु श्वेतं वै सोममण्डले।
तदुद्भवां श्वेतवर्णां जटामुकुटधारिणीम्।
त्रिनेत्रां द्विभुजामीषत्स्फुरद्दंष्ट्राङ्गुलां शुभाम्।।९२।।

सोममण्डल (चन्द्रमण्डल) में श्वेत वर्ण शक्तिबीज (सौः) का ध्यान करके तद्भूता श्वेतवर्णा देवी का ध्यान करें। वे श्वेत वर्णा हैं। उनकी जटा पर श्वेत वर्ण का ही मुकुट है। तीन नेत्र और दो भुजायें हैं। शुभ्र दन्तावली दिखाई दे रही है॥९२॥

[तत्र कल्पान्तरम्]

अथवा शक्तिरूपां तां ध्यायेच्छुद्धसरोरुहे।।९३।।

सर्वालङ्कारभूयिष्ठां दक्षिणे च वरप्रदाम्।
अक्षमालां वरं वामे दधतीं पुस्तकाभयौ।।९४।।

श्वेत कमल पर शक्तिरूपा भगवती का ध्यान करें, जो सभी आभूषणों से अलंकृता हैं। उनकी दाहिनी भुजाओं में अक्षमाला तथा वरमुद्रा तथा बाँयीं भुजा में पुस्तक और अभयमुद्रा है॥९३-९४॥

[तत्रार्घ्यदानक्रम:]

शक्तिबीजं समुच्चार्य त्रिपुरा अमृतेश्वरी।
पादुकां पूजयामीति त्रिधाऽर्घ्यं परिकल्पयेत्।।९५।।

'ऐं त्रिपुरा अमृतेश्वरी पादुकां पूजयामि'—यह अर्घ्यदान का मन्त्र है। इस मन्त्र से उन्हें तीन बार अर्घ्य प्रदान करें॥९५॥

[गायत्री तज्जपश्च]

गायत्रीं प्रजपेन्मन्त्री शक्तिबीजस्वरूपिणीम्।।९६।।
त्रिपुरादेवि विद्महे स्वशक्तीश्वरि धीमहि।
तन्नोऽमृते प्रचोदयाद्—

'त्रिपुरा देवि विद्महे स्वशक्तीश्वरि धीमहि तन्नोऽमृते प्रचोदयात्'—यह गायत्री मन्त्र है। इस मन्त्र का वक्ष्यमाण रीति से तीन बार जप करें॥९६॥

[अर्द्धरात्रे ध्यानम्]

—अर्द्धरात्रे तदन्तरम्।।९७।।
तुरीयं बीजमुच्चार्य पद्मरागसमप्रभम्।
आकाशे परमानन्दे समावाह्य सुरेश्वरीम्।।९८।।
तदुद्भवां महादेवीं पद्मरागसमप्रभाम्।
पाशाङ्कुशधरां चापधारिणीं लोचनत्रयाम्।।९९।।

'तदन्तरम्' अर्थात् सायंकालीन सन्ध्यावन्दन के बाद अर्धरात्रि में चौथी सन्ध्या करें।

परमानन्दमय आकाशमण्डल में पद्मराग (पुखराज) के समान पीताभ तुरीय बीज का उच्चारण-सहित ध्यान करें। तत्पश्चात् इस बीज से उद्भूता परमेश्वरी का ध्यान करें। उनका वर्ण पद्मराग (पुखराज) के समान पीला है। तीन नेत्र हैं। उनके हाथों में क्रमश: पाश-अंकुश तथा धनुष है॥९७-९९॥

[तत्रार्घ्यक्रम:]

तुरीयं बीजमुच्चार्य महात्रिपुरसुन्दरी।
पादुकां पूजयामीति त्रिधाऽर्घ्यं परिकल्पयेत्।।१००।।

भगवती का इस प्रकार ध्यान करके उन्हें तीन बार अर्घ्य प्रदान करे। 'तुरीय बीज' के बाद 'महात्रिपुरसुन्दरीपादुकां पूजयामि'—अर्घ्यदान का मन्त्र है॥१००॥

[तत्र गायत्री तज्जपश्च]

गायत्रीं प्रजपेन्मन्त्री तुरीयबीजरूपिणीम्।
त्रिपुरसुन्दरीशब्दान्ते विद्महे तदनन्तरम्।।१०१।।
कामेश्वरी धीमहीति तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्।
अष्टोत्तरशतं त्रिंशद्दशधा प्रजपेदिमाम्।।१०२।।

अर्घ्यदान के बाद तुरीय बीजरूपिणी गायत्री मन्त्र का १०८ अथवा ३० बार जप करे। 'त्रिपुरसुन्दरी विद्महे कामेश्वरी धीमहि तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्' यह तुरीया गायत्री है॥१०१-१०२॥

[निगमनम्]

प्रसङ्गात् सकला सन्ध्या क्रमेण परिकीर्त्तिता।।१०३।।

प्रसंगप्राप्त होने पर प्रातः-मध्याह्न-सायं और तुरीया सन्ध्याओं की विधि आदि का निरूपण किया गया॥१०३॥

[प्रातःकृत्यस्यावश्यकत्वम्]

अथ प्राभातिकं कृत्वा विरमेच्च यथाक्रमम्।
प्राभातिकविहीनेन कृतं तदकृतं भवेत्।।१०४।।

इस प्रकार प्रभातकालीन सन्ध्या करने के बाद साधक यथाक्रम विराम देकर अन्य सन्ध्यायें करे। इस प्रातःकालीन सन्ध्या के बिना सभी किये गये कृत्य अकृत्य हो जाते हैं। तात्पर्य यह कि प्रातःसन्ध्या न करने से दिन भर की गई पूजा-अर्चना का कोई फल नहीं मिलता; अतः साधक के लिये प्रातःकालीन सन्ध्यावन्दन अनिवार्य है॥१०४॥

[ततो देवगृहेऽनुष्ठानम्]

ततो देवस्थलं गत्वा निर्माल्यमपकृत्य च।
दद्यात् पुष्पाञ्जलिं विद्वानर्घ्यपाद्ये तथैव च।।१०५।।
मुखप्रक्षालनं दद्याद् दद्याद्वै दन्तधावनम्।
दद्यादाचमनीयञ्च दद्याद् वासोऽमलं शुभम्।।१०६।।
नमस्कृत्य जपं कृत्वा स्तुत्वा नत्वा सुखी भवेत्।।१०७।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ चतुर्दशः प्रकाशः॥१४॥

'ततः' अर्थात् इस प्रकार प्रातःकालीन सन्ध्यावन्दन करने के पश्चात् बुद्धिमान् साधक देव मन्दिर में जाकर देवप्रतिमा/यन्त्र पर चढ़े हुए निर्माल्य को हटाये। पुष्पाञ्जलि देकर अर्घ्य एवं पाद्य प्रदान करे। मुख-प्रक्षालन कराकर दन्तधावन कराये। आचमन देकर वस्त्र बदलवाये। नमस्कार करके जप और उसके बाद स्तुति करे॥१०५॥

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के चतुर्दश प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।१४।।

●

पञ्चदशः प्रकाशः

[स्नानक्रमस्य द्वैविध्यम्]

स्नानप्रकारो द्विविधो बाह्याभ्यन्तरभेदतः।।१।।

पूर्वप्रकाशे प्रातःकृत्यं विस्तरत उपवर्ण्य प्रकाशेऽस्मिन् वाच्यायां देवीसपर्यायामस्नातस्य निन्दाश्रवणात् प्रथमं स्नानमभिधत्ते—**स्नानप्रकार इत्यादिना।**

स्नानक्रम के दो भेद—स्नान के दो भेद हैं—बाह्य स्नान और आभ्यन्तर स्नान॥१॥

[तत्राऽऽन्तरस्नाननिरूपणप्रतिज्ञा]

आन्तरं स्नानमत्यन्तरहस्यमपि सादरात्।
कथयामि न सन्देहश्चतुर्वर्गाप्तयेऽपि च।।२।।

इनमें से आन्तरिक स्नान अत्यन्त रहस्यमय है। इस स्नान से चतुर्वर्ग की प्राप्ति होती है। अतः इसकी विधि का निरूपण कर रहा हूँ॥२॥

विमर्श—स्नान के विना देवी की सपर्या निन्दित है। स्नान करके ही देवी की पूजा का फल मिलता है और देवी की पूजा से चतुर्वर्ग की प्राप्ति होती है। अतः स्नान को पुरुषार्थ चतुष्टय का एक आधार कहा गया है।

[आन्तरस्नानक्रमः]

मनसा मूलमन्त्रेण प्राणायामपुरःसरम्।
कुर्वीत प्रयतो मन्त्री मानसं स्नानमुत्तमम्।।३।।
संवित्त्रयमनुस्मृत्य चरणत्रयमध्यतः।
स्रवन्तं सच्चिदानन्दप्रवाहं भवमोचनम्।।४।।
विमुक्तिसाधनं पुंसां स्मरणादेव योगिनाम् ।
तेन प्लावितमात्मानं भावयेद् भवशान्तये।।५।।

मन ही मन मूल मन्त्र का जप करके प्राणायाम करने के बाद मन्त्र-साधक को मानसिक स्नान करना चाहिए। संवित् का ध्यान करके यह भावना करनी चाहिए कि चरणत्रय के मध्य से (अर्थात् मन्त्र के कूटत्रय के मध्य से) संसार से मुक्ति दिलाने वाले सच्चिदानन्द की धारा प्रवाहित हो रही है। मेरे शरीर का अंग-प्रत्यंग, रोम-रोम इस धारा से आप्लावित हो रहा है। मेरे आन्तरिक और बाह्य—दोनों ही शरीर

इस धारा से सराबोर हो गये हैं। इस प्रकार मूल मन्त्र से स्रवित आनन्दधारा से भीगकर साधक का मन और हृदय सांसारिक कलुषताओं से स्वच्छ हो जाता है और भव-ताप से उन्हें शान्ति मिलती है॥३-५॥

[आन्तरस्नानस्य निगमनं फलञ्च]

एवमाभ्यन्तरं स्नानं तीर्थकोटिफलप्रदम्।

इस तरह आभ्यन्तर स्नान करने से कोटि-कोटि तीर्थों में स्नान करने का फल प्राप्त होता है।

[अथ बाह्यस्नानम्]

अथ गृह्योक्तविधिना बाह्यस्नानं समाचरेत्।।६।।

इस प्रकार मानस स्नान करने के बाद साधक अपने गृह्यसूत्र में बताई गई विधि से स्नान करे। इसके पूर्व वह आचमन करे॥६॥

[तत्राऽऽचमनम्]

आत्मविद्याशिवैस्तत्त्वैराचामेत् पूर्ववत्ततः।

आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व और शिवतत्त्व से आचमन करे।

प्रयोग-क्रम—ऐं आत्मतत्त्वाय स्वाहा। क्लीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा। सौः शिवतत्त्वाय स्वाहा। श्रीविद्या के साधकों के लिये ये आचमन मन्त्र हैं।

[तीर्थावाहनम्]

यन्त्रराजं जले ध्यात्वा तीर्थावाहनमाचरेत्।।७।।

यन्त्रराजमिति। वक्ष्यप्रमाणश्रीयन्त्रमित्यर्थः।

आचमन करने के बाद तीर्थजल में अर्थात् नदी अथवा जलाशय के जल में यन्त्रराज (श्रीचक्र) होने की भावना करे अर्थात् यह भावना करे कि नदी या तालाब का जल 'श्रीचक्र'मय है। इसके बाद उस भौतिक जल में सूर्यमण्डल से तीर्थों का आवाहन करे। आवाहन का मन्त्र और मुद्रा का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है॥७॥

[तत्र मन्त्रः]

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।८।।

[निरुक्तमन्त्रेणाङ्कुशमुद्रया प्रोक्तावाहनस्य कर्त्तव्यता]

अनेन मनुना मन्त्री मुद्रयाऽङ्कुशसंज्ञया।।९।।

अनेनेति। अङ्कुशसंज्ञया मुद्रया तीर्थावाहनमाचरेदिति पूर्वेण सम्बन्धः।

यह तीर्थों के आवाहन का मन्त्र है। सूर्य-मण्डल से तीर्थों का आवाहन अंकुश मुद्रा से किया जाता है। इसका लक्षण निम्नानुसार है॥८-९॥

[अङ्कुशमुद्रा]

मुष्टिं बद्ध्वा दक्षहस्ते मध्यमां दण्डवच्चरेत्।
अङ्कुशाकाररूपेण तर्जनीं तत्र योजयेत्।
अङ्कुशाख्या महामुद्रा त्रैलोक्याकर्षणक्षमा।।१०।।

दाहिने हाथ की मुट्ठी बाँध लें। मध्यमा अंगुली को सीधी रखते हुए तर्जनी अंगुली को अंकुश की तरह मोड़ लेने से अंकुश मुद्रा बनती है, जो तीनों लोकों को आकर्षित करने में सक्षम है॥१०॥

[अभिषेकः]

मूलं स्मरन् मूर्ध्नि तोयं कुम्भाख्येन त्रिधा क्षिपेत्।।११।।

मूल-मन्त्र का जप करते हुए मन्त्र-साधक कुम्भ मुद्रा से अपने सिर पर तीन बार तीर्थ-जल से अभिषेक करें॥११॥

[कुम्भमुद्रा]

दक्षाङ्गुष्ठे पराङ्गुष्ठं क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु।
सावकाशां चैव मुष्टिं कुम्भमुद्रां विदुर्बुधाः।।१२।।

कुम्भमुद्रा का लक्षण है—

दोनों हाथों की अंगुलियों को मुट्ठी के समान बाँधकर दोनों हाथों को जोड़ लें। दोनों हाथों के अंगूठों को सीधा रखते हुए अंगुलियों से जोड़ देने से कुम्भ मुद्रा बनती है (देखें—परिशिष्ट में मुद्रा-परिचय)॥१२॥

[मज्जनविधिः]

सप्तच्छिद्राणि संरुध्य त्रिधा मज्जेत्ततः सुधीः।।१३।।

सप्तच्छिद्राणीति। चक्षुच्छिद्रद्वयं कर्णच्छिद्रद्वयं नासिकाच्छिद्रद्वयम् एकं मुखच्छिद्रमिति सप्तच्छिद्राणि।

इसके बाद बुद्धिमान् साधक सातों छिद्रों को ढककर (बन्द करके) जल में तीन बार डुबकी लगाये॥१३॥

विमर्श—आँख के दो छिद्र, नाक के दो छिद्र, कान के दो छिद्र और मुख का एक छिद्र—ये सात छिद्र हैं। इन सातों छिद्रों को अंगुलियों से बन्द करके डुबकी लगानी चाहिए; अन्यथा इनमें से किसी भी छिद्र से शरीर में पानी भर सकता है।

[स्वकृत-श्यामारहस्यात् स्नानप्रक्रियान्तरज्ञानोपदेशः]

अन्यत् स्नानरहस्यन्तु श्यामाख्ये चैव मत्कृते।
अनुसन्धेयमत्रैव नोक्तन्तु ग्रन्थगौरवात्।।१४।।

अन्यदिति। श्यामाख्ये श्यामारहस्यनामके निबन्धे। श्रीमत्पूर्णानन्दपरमहंसकृते श्यामारहस्ये प्रथमपरिच्छेदे प्रातःकृत्यनिरूपणानन्तरम् 'अथ नद्यादौ गत्वा कालिकारूपं सर्वं विभाव्ये'त्यादिना स्नानरहस्यं विशिष्य निरूपितम्।

ग्रन्थकार श्रीपूर्णानन्द परमहंस ने अपने 'श्यामारहस्य' नामक एक अन्य निबन्धग्रन्थ में प्रातःकृत्य-निरूपण के बाद स्नान-रहस्य (स्नान-विधि) का विशेष रूप से निरूपण किया है। जिज्ञासु साधक यह निरूपण उक्त ग्रन्थ में देख सकते हैं। ग्रन्थ-गौरव के भय से उनका यहाँ निरूपण नहीं किया जा रहा है॥१४॥

[वैदिकसन्ध्यानन्तरं तान्त्रिकसन्ध्या, तत्राचमनादि]

ततश्च वैदिकीं संध्या कृत्वाचम्य विधानतः।

इसके बाद वैदिकी सन्ध्या के बाद तान्त्रिकी सन्ध्या करे।

विमर्श—वैदिकी सन्ध्या करने का अधिकार यज्ञोपवीत संस्कार-सम्पन्न द्विज साधकों का है। जिनका यज्ञोपवीत संस्कार नहीं हुआ है, वे वैदिकी सन्ध्या करने के अधिकारी नहीं हैं। ऐसे साधक केवल तान्त्रिक-सन्ध्या करें।

[षडङ्गन्यासपुरःसरमघमर्षणम्]

षडङ्गन्यासमाचर्य वामहस्ते जलं ततः॥१५॥
गृहीत्वा दक्षहस्तेन सम्पुटं कारयेत्ततः।
शिववायुजलपृथ्वीवह्निबीजैस्त्रिधा पुनः॥१६॥
अभिमन्त्र्य च मूलेन सप्तधा तत्त्वमुद्रया।

दक्षहस्तेन सम्पुटं कारयेदाच्छादयेत्। आच्छाद्य च शिववायुजलपृथ्वीवह्निबीजैः हं यं वं लं रमित्येतैस्त्रिधाऽभिमन्त्र्य तत्त्वमुद्रया मूलमन्त्रेण तज्जलं शिरसि सप्तवारं निक्षिपेदिति सम्बन्धः। तत्त्वमुद्रालक्षणमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

अङ्गुष्ठानामिकायोगं (:) तत्त्वमुद्रेयमीरिता।

अत्र विशिष्यानुक्तावपि वामहस्ताङ्गुलिविवरगलितजलबिन्दुभिः शिरसि प्रोक्षणं विधेयम्, गन्धर्वतन्त्रे षष्ठपटले—

वामहस्ते जलं गृह्य गलितोदकबिन्दुभिः।
सप्तधा प्रोक्षणं कुर्यान्मूर्ध्नि मन्त्रमनुस्मरम्॥
अवशिष्टोदकं दक्षहस्ते संगृह्य साधकः।
नासामाश्लिष्य तोयेन ततस्तेनाघमर्षणम्॥

इत्यादिना तथा व्यक्तमभिधानात्। अत्र ततस्तेनाघमर्षणमित्युक्त्या निरुक्तसंस्कारसंस्कृतजलेन नासापुटोत्तोलितेन पापक्षालनस्यैवाघमर्षणत्वमुक्तम्। मूले वहन्नासापुटेन तु उत्तोल्य क्षालयेत् पापमित्युक्तम्। उत्तोलनक्रममाह गन्धर्वतन्त्रे षष्ठपटले—

ईडयाकृष्य देहान्तः क्षालितैः पापसञ्चयैः।
कृष्णवर्णं तदुदकं वामनाड्या विरेचितम्॥
दक्षहस्ते तु तन्मन्त्री पापरूपं विचिन्त्य च।
पुरतो वज्रपाषाणे प्रक्षिपेदस्त्रमन्त्रतः॥ इति।

यथाविधि आचमन और षडङ्ग न्यास करके मन्त्रज्ञ साधक वाम करतल में जल लेकर उसे दाहिने करतल से आच्छादित कर ले। शिव (हं), वायु (यं), जल (वं), पृथ्वी (लं) तथा वह्नि (रं) बीजों से उस जल को तीन बार अभिमन्त्रित करे। इसके बाद दाहिने हाथ से तत्त्वमुद्रा से उस जल को मूल मन्त्र का जप करते हुए सात बार अपने सिर पर छिड़के॥१५-१६॥

विमर्श—अंगूठा और अनामिका के योग से तत्त्वमुद्रा बनती है॥

निक्षिपेत्तज्जलं मूर्ध्नि शेषं दक्षे निधाय च॥१७॥
तत्तु तेजोमयं ध्यात्वा वहन्नासापुटेन तु।
उत्तोल्य क्षालयेत् पापं वामकुक्षिस्थितं नरम्॥१८॥
ब्रह्महत्याशिरस्कञ्च स्वर्णस्तेयभुजद्वयम्।
सुरापानहृदा युक्तं गुरुतल्पकटिद्वयम्॥१९॥
तत्संसर्गिपदद्वन्द्वमङ्गप्रत्यङ्गपातकम् ।
उपपातकरोमाणं रक्तश्मश्रुविलोचनम्॥२०॥
खड्गचर्मधरं क्रूरं कृष्णं क्रोधप्रपूरितम्।
नानापातकसङ्कैस्तु सर्वाङ्गं परिचिन्तयेत्॥२१॥
भूमौ वज्रशिलायान्तु तं त्यजेदघसञ्चयम्।

पापपुरुषस्य स्वरूपमाह—**पापमित्यादिना**। पापं नरं पापपुरुषं तं विशिनष्टि वामकुक्षिस्थितमित्यादिना।

अभिसिञ्चन से जो जल शेष रह गया है, उसे वाम करतल से दक्षिण करतल (हथेली) में लायें। वह जल अत्यन्त तेजोमय है, ऐसी भावना करें। तत्पश्चात् उक्त तेजोमय जल को नाक के समीप ले आयें। वामकुक्षि में पाप-पुरुष का ध्यान करके उस तेजोमय जल को 'वहन्नासापुट' से शरीर के अन्दर खींचें और यह भावना करें कि इस तेजोमय जल ने पापपुरुष को प्रक्षालित कर दिया है। पापपुरुष का प्रक्षालन करने के कारण वह जल काला पड़ गया है। इस प्रदूषित जल को दूसरे नासापुट से निकालकर वाम करतल पर गिरायें और परिकल्पित चट्टान पर खींचकर पटक दें।

'वहन्नासापुट' का अर्थ है वह नथुना, जिससे श्वासवायु शरीर में जा रही है—अर्थात् वह नासापुट, जिससे उस समय साँस ले रहे हैं।

पाप-पुरुष—यह पापपुरुष पेट के अन्दर वामभाग में बैठा हुआ है। इसका रंग काला है। आँखें लाल हैं। दाढ़ी और मूँछ के बाल लाल हैं। ब्रह्महत्या इसका सिर है। स्वर्ण (सोना) की चोरी इसके दोनों हाथ हैं। गुरुतल्पगमन (गुरुपत्नी एवं तत्सम पूजनीया महिलाओं से व्यभिचार) उसकी कमर है। शराबखोरी इसका हृदय है। पापी पुरुषों की संगत करना उसके पैर हैं। अन्य पाप उसके अंग-प्रत्यंग हैं। उप-

पातक उसके रोयें हैं। स्वभाव से ही क्रोधी इस पापपुरुष के हाथ में ढाल और तलवार है। इसी पापपुरुष को उक्त तेजोमय जल से प्रक्षालित करें। पापपुरुष के प्रक्षालन से दूषित जल को दूसरे नथुने से बाहर लाकर परिकल्पित शिला पर पटक दें॥१८-२१॥

विमर्श—'अघमर्षण' नामक यह भावमयी क्रिया है। दाहिनी हथेली पर रखे हुए जल को वस्तुतः नासापुट से नहीं खींचा जाता। केवल खींचने की भावना की जाती है। इसी तरह दूसरे नासापुट से कोई जल नहीं निकाला जाता। इसकी भी केवल भावना की जाती है।

[सन्ध्याया अनन्तरप्रक्रियोपदेशस्तर्पणञ्च]

ततश्च तान्त्रिकीं सन्ध्यां कृत्वा सन्तर्पयेत् पराम्।।२२।।
देवर्षिपितृपूर्वान्तु सायुधां सपरीकराम्।
जले वा तर्पयेद्देवीं गृहे वा तर्पयेत् सुधीः।।२३।।

ततश्चेति। ततो निरुक्ताघमर्षणानन्तरं तान्त्रिकीं सन्ध्यामवशिष्टां कृत्वा तर्पणमाचरेत्। अत्र तन्त्रसारे श्रीविद्याप्रकरणे तान्त्रिकस्नानानन्तरं तान्त्रिकाघमर्षणान्तं कर्म कृत्वा कुर्यादि'त्युक्तम्।

पूर्णानन्दगुरुणा ब्रह्मानन्दपरमहंसेन तु त्रिपुरार्चनरहस्ये अघमर्षणानन्तरं 'करौ प्रक्षाल्य पूर्ववदाचम्य सूर्यमण्डले देवीं ध्यात्वा जलेन पञ्चोपचारैरभ्यर्च्य अञ्जलौ जलमादाय उत्थाय 'वाग्भवेश्वरि विद्महे कामेश्वरि धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात् श्रीमहात्रिपुरसुन्दरि एष तेऽर्घः स्वाहा' इत्यर्घत्रयं दत्वा ह्रां ह्रीं हंसः मार्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहेति सूर्यायार्घ्यत्रयं दत्त्वा गायत्रीं मूलञ्च यथाशक्ति जप्त्वा जपं देव्यै निवेद्य तां हृदि विसर्ज्य षडङ्गं कुर्यादिति सन्ध्या'—इत्यन्तमभिधाय 'अथ तर्पणम्' इत्यादिना तर्पणविधिरुपदिष्टः।

कौलावलीनिर्णये द्वितीयोल्लासे अघमर्षणान्तमभिधाय,

प्रक्षाल्य हस्तयुगलमाचामेत्तदनन्तरम्।
मायाप्राणात्मकं मन्त्रं मार्तण्डभैरवाय च।
प्रकाशशक्तियुक्ताय अर्घ्यं स्वाहा ततो वदेत्।
सूर्यायार्घ्यं विधायाथ शक्तिसन्ध्या प्रकीर्तिता।
विभाव्य पुरतो यन्त्रं तत्र देवीं गणान्विताम्।
गृहीत्वा गन्धतोयञ्च कुलपात्रं ततः परम्।
तर्पयेद्देवतावक्त्रे विधिवत् साधकोत्तमः।।

इत्यादिना अघमर्षणानन्तरं हस्तक्षालनाऽचमनपूर्वकं सूर्यार्घ्यान्तमभिधाय देवीतर्पणमुपदिष्टम्।

प्रकृते तु अघमर्षणानन्तरं 'तान्त्रिकीं सन्ध्यां कृत्वा सन्तर्पयेत् परा'मित्यभिधानात् तर्पणात् परं सूर्यार्घ्यदानाभिधानाच्च सन्ध्यां कृत्वेत्यनेन सूर्यार्घ्यदानमूलमन्त्रजपादिवर्जं स्वगुरुब्रह्मानन्दाभिमतकरप्रक्षालनादिदेव्यर्घ्यदानान्तं कर्म समाप्येत्याशयः पूर्णानन्द-परमहंसानामिति प्रतिभाति। अत्राऽऽचार्याणां मतभेददर्शनात् स्वस्वसम्प्रदायानुसारेणैकतमः पक्षः समाश्रयणीय इति दिक्।

इसके बाद तान्त्रिकी सन्ध्या करें। तान्त्रिकी सन्ध्या करने के बाद देवताओं-ऋषियों तथा पितरों का तर्पण करने के बाद विद्वान् साधक जल में (जलाशय में ही) अथवा स्नान करके घर में आकर देवी का सपरिवार तर्पण करें॥२२-२३॥

विमर्श—'अघमर्षण' के बाद तान्त्रिकी सन्ध्या की अन्य क्रियायें की जाती हैं। इन शेष कृत्यों के सम्बन्ध में आचार्यों में मतैक्य नहीं है। अतः बुद्धिमान् साधक को अपनी गुरुपरम्परा के अनुसार सन्ध्याकृत्य करने चाहिए।

संशोध्य वाग्भवेनापः कामराजेन दीपकम्।
अमृतं शक्तिकूटेन तेनैव तर्पयेत् पराम्॥२४॥
यन्त्रराजं जले ध्यात्वा देवीमावाहयेत्तदा॥२५॥
गणेशादींश्च सन्तर्प्य गणनाथांश्च तर्पयेत्।
सरस्वत्यादि सन्तर्प्य भद्रकाल्यादि दैवतम्॥२६॥

वाग्भव बीज से जल का शोधन करके कामराज से उसे दीपित तथा शक्तिकूट से उसका अमृतीकरण करें। जल में यन्त्रराज की कल्पना करके उसमें देवी का आवाहन करें। गणेश आदि का तर्पण करके गणनाथों, तत्पश्चात् सरस्वती आदि का तर्पण करें। तत्पश्चात् भद्रकाली आदि देवताओं का तर्पण करें॥२४-२६॥

यन्त्रबाह्यचतुर्द्वारि शस्तौ च गुरुतर्पणम्।
अमुकानन्दनाथञ्च अमुकाम्बापदद्वयम्॥२७॥
अग्नौ परं गुरुञ्चैव नैर्ऋत्यां परमेष्ठिनम्।
परापरञ्च वायव्यां गुरुपत्नीञ्च मध्यमे॥२८॥
षडाननञ्च सन्तर्प्य ब्रह्मादिपञ्चदेवताः॥२९॥
देव्यावाहनविद्याश्च तिथिनित्याञ्च तर्पयेत्।
त्रिवारं मूलविद्याञ्च स्वशक्त्या सप्तधा जलैः॥३०॥
भाषापञ्चमयीं देवीं सौभाग्यां पञ्चमीं ततः।
अणिमादींश्च सन्तर्प्य ब्रह्माण्याद्यष्टदेवताः॥३१॥
संक्षोभण्यादिमुद्राश्च त्रिपुरां प्रकटां ततः।
कामाकर्षणरूपादि तर्पयेत्त्रिपुरेश्वरीम्॥३२॥

सुगुप्तयोगिनीस्तत्र अनङ्गकुसुमादिकाः।
सुन्दरीं तर्पयेत्तत्र सुगुप्ततरयोगिनीम्।।३३।।
संक्षोभण्यादिशक्तीश्च तथा त्रिपुरवासिनीम्।
योगिनीसम्प्रदायाश्च सर्वसिद्ध्यादिदेवताः।।३४।।
श्रीपरां त्रिपुरां नित्यां तर्पयेत् कुलयोगिनीम्।
सर्वज्ञादींश्च सन्तर्प्य तथा त्रिपुरमालिनीम्।।३५।।
निगर्भयोगिनीस्तत्र वशिन्याद्यष्टदेवताः।
तर्पयेत्त्रिपुरां सिद्धां रहस्ययोगिनीस्था।।३६।।
जम्भादींस्त्रिपुरां देवीमतिरहस्ययोगिनीम्।
षडङ्गयुवतीञ्चैव कामेश्वर्यादिकं त्रयम्।।३७।।
मूलविद्यां ततो मन्त्री महात्रिपुरसुन्दरीम्।
सर्वानन्दमयं चक्रं तथैव परमेश्वरीम्।।३८।।
चतुःसमयदेवीन्तु बौद्धादिदेवतां ततः।
बटुकादींश्च सन्तर्प्य एकैकाञ्जलिना सुधीः।।३९।।
स्वस्वस्थाने महादेवीं बिन्दौ द्वादशधा पुनः।
तर्पणञ्च समाप्याथ त्रिवारं प्रोक्षणं तनौ।।४०।।
त्रिधा चार्घ्यं दिनेशाय तन्मुखं सम्यगुत्क्षिपेत्।।४१।।

यन्त्र के बाहर चारो द्वारों पर गुरुओं का तर्पण करें। 'अमुकानन्द अमुकाम्बां तर्पयामि' इस तर्पणमन्त्र से तर्पण करें। अग्निकोण में परमगुरु का, नैर्ऋत्य द्वार पर परमेष्ठि गुरु का एवं वायव्य में परापर गुरु का तर्पण करें। मध्य में षडानन का तर्पण करके ब्रह्मा आदि पाँच देवताओं का तर्पण करें। देवी के वाहनों, विद्याओं, तिथि-नित्याओं का तर्पण करके मूलविद्या का तीन बार तर्पण करें। भाषा आदि पाँच देवियों, सौभाग्य विद्या, पञ्चमी देवी के बाद अणिमा आदि अष्टसिद्धियों, ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं, संक्षोभिणी मुद्रा आदि प्रकट योगिनियों-सहित चक्रनायिका त्रिपुरा का तर्पण करके त्रिपुरेश्वरी-सहित कामाकर्षिणी आदि गुप्त योगिनियों का तर्पण करें। त्रिपुरसुन्दरी-सहित अनंगकुसुमा आदि गुप्ततर योगिनियों, त्रिपुरवासिनी-सहित सर्व-संक्षोभिणी आदि चतुर्दश सम्प्रदाययोगिनियों, त्रिपुराश्री-सहित सर्वसिद्धिप्रदा आदि कुलकौल योगिनियों, त्रिपुरमालिनी-सहित सर्वज्ञा आदि निगर्भयोगिनियों एवं त्रिपुरा-सिद्धा-सहित वशिनी आदि रहस्ययोगिनियों का तर्पण करें। जम्भादि अस्त्रों का तर्पण करके त्रिपुराम्बिका-सहित कामेश्वरी आदि रहस्यातिरहस्य योगिनियों का तर्पण करें। हृदय आदि षडङ्ग युवतियों, त्रिपुरभैरवी, मूलविद्या महात्रिपुरसुन्दरी, सर्वानन्दमय चक्र

का तर्पण करें। समया देवियों तथा बौद्ध आदि दर्शनों का तर्पण करने के बाद अपने-अपने स्थान पर बटुक आदि देवताओं का एक-एक अंजलि जल से तर्पण करें। इसके बाद मूल बिन्दु पर भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का बारह (१२) बार तर्पण करें। फिर तीन बार प्रोक्षण करें। इसके बाद सूर्य भगवान् को तीन बार अर्घ्य दें।।२७-४१।।

[मार्त्तण्डभैरवध्यानम्]

हेमाम्भोजप्रवालप्रथितनिजरुचिं चारुखट्वाङ्गपद्मौ
चक्रं शक्तिं सपाशं शृणिमपि रुचिरामक्षमालां कपालम्।
हस्ताम्भोजैर्दधानं त्रिनयनविलसद्वेदवक्त्राभिरामं
मार्त्तण्डं वल्लभार्द्धं मणिमयमुकुटं हारदीप्तं भजामः।।४२।।

भगवान् मार्तण्डभैरव की देह-कान्ति प्रवाल (मूँगों) के समान रक्तवर्ण की है। वे एकमुखी हैं। त्रिलोचन हैं। उनकी आठ भुजायें हैं। उनकी इन आठ भुजाओं में खट्वांग, पद्म, चक्र, शक्ति, पाश, शृणी, अक्षमाला और कपाल हैं। सिर पर मणियों से जगमगाता मुकुट और गले में चमकदार हार है। वे शक्ति-समन्वित हैं।।४२।।

[मार्त्तण्डभैरवाय (सूर्याय) अर्घ्यदानम्]

संस्मृत्य भैरवं देवं मार्त्तण्डाख्यं जगत्पतिम्।
मूलेन मनुना मन्त्री सूर्यस्य मनुनापि वा।।४३।।
मायाबीजं समुच्चार्य सोऽहन्तु विपरीततः।
सूर्यमन्त्रश्च सम्प्रोक्तो रक्तपुष्पजलादिभिः।।४४।।
मार्त्तण्डभैरवं ङेऽन्तं प्रकाशशक्तिसंयुतम्।
अर्घ्यं दत्त्वा मूलमन्त्रं जपेदष्टोत्तरं शतम्।।४५।।

मायेति। मायाबीजं ह्रीं। सोऽहमित्यस्य वैपरीत्येनोक्तौ हंसः इति स्यात् । एवञ्च ह्रीं हंसः इति सूर्यमन्त्रः। ततश्च मूलं निरुक्तसूर्यमन्त्रं वा समुच्चार्य मार्त्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहेति वदेदित्यर्थः।

भगवान् मार्तण्डभैरव (सूर्य) का ध्यान करके मूल मन्त्र से अथवा सूर्यमन्त्र से रक्तपुष्प-समन्वित जल से उन्हें अर्घ्य प्रदान करें। 'ह्रीं हंसः' यह सूर्यमन्त्र है। मूल मन्त्र अथवा उपर्युक्त सूर्यमन्त्र का उच्चारण करके 'मार्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्ति-सहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा' का जप करते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान करें। मूल मन्त्र का १०८ बार जप करें।।४३-४५।।

प्रयोगक्रम—'ह्रीं हंसः। मार्तण्डभैरवाय प्रकाशशक्तिसहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा'।

[तत्र सूर्यमण्डले रेखाध्यानम्]

सवितुर्मण्डले देवीं ध्यात्वा चन्द्रकलाधराम्।
सद्यःसन्तप्तहेमाभां सूर्यमण्डलरूपिणीम्।।४६।।
भास्वद्रत्नौपमुकुटां नानाभरणभूषिताम्।
पाशाङ्कुशाभयवरान्—

पाशेति। पाशाङ्कुशाभयवरान् दधतीमिति शेषः।

सूर्य नारायण को अर्घ्य देने के बाद सूर्यमण्डल में षोडश कलाओं से युक्त देवी का ध्यान करें। सूर्यमण्डलरूपिणी भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का वर्ण सद्यः पिघलाये गये स्वर्ण के समान चमकदार पीताभ है। वे रत्नजटित मुकुट तथा नाना प्रकार के अलंकार धारण की हुई हैं। उनके हाथों में पाश-अंकुश तथा अभय एवं वरमुद्रा है।।४६।।

[अथ यागस्थानप्रवेशक्रम:]

—अथ चाङ्कुशमुद्रया।।४७।।
हृदये तां समानीय हृदि मन्त्रं परामृशन्।
अबहिर्मानसो योगी यागभूमिमथाविशेत्।।४८।।

अथेति। एवं ध्यानानन्तरम् अङ्कुशमुद्रया तां हृदि अनाहतपद्मे समानीय सवितृमण्डलादिति शेषः। अङ्कुशमुद्रा-लक्षणमाह तन्त्रसारे—

ऋज्वीञ्च मध्यमां कृत्वा तर्जनीं मध्यपर्वणि।
संयोज्याऽऽकुञ्चयेत् किञ्चिन्मुद्रैषाऽङ्कुशसंज्ञिका।। इति।

मन्त्रं परामृशन् तन्मूलमन्त्रस्वरूपं चिन्तयन्। अबहिर्मानसः हृत्पद्मस्थस्वेष्ट-देवतासमाहितमनाः। यागभूमिं पूजास्थानम्

भगवती का इस प्रकार ध्यान करके अंकुश मुद्रा से उन्हें सूर्यमण्डल से हृदय में लाकर 'नमः' कहकर उन्हें प्रणाम करें। तत्पश्चात् मन्त्रसाधक यागमण्डप में आये।।४७-४८।।

[प्रशस्तयागभूमयस्तत्र देवीपूजाविधिश्च]

एकलिङ्गे पर्वते वा पितृभूमौ सरस्तटे।
गङ्गागर्भे तटे वापि सङ्गमे शून्यमन्दिरे।
नदीतीरे विल्वमूले पूजयेत् परमेश्वरीम्।।४९।।

पूजास्थानानि निरूपयति—**एकलिङ्ग इत्यादिना**। एकलिङ्गलक्षणमग्रे वक्ष्यति। पितृभूमौ श्मशाने। सङ्गमे नदीसङ्गमे। संग्राम इति पाठे तु संग्रामभूमावित्यर्थः। व्यक्तमाह श्यामारहस्यधृतमुण्डमालातन्त्रे—

नदीतीरे विल्वमूले श्मशाने शून्यवेश्मनि।
एकलिङ्गे पर्वते वा देवागारे चतुष्पथे।
शवस्योपरि मुण्डे च जले वा कण्ठपूरिते।
संग्राममभूमौ योनौ वा स्थले वा विजने वने।
यत्र कुत्र स्थले रम्ये यत्र वा स्यान्मनोलयः।। इति।

विशेषस्तु गन्धर्वतन्त्रे पञ्चविंशपटले द्रष्टव्यः।

इस श्लोक में भगवती की पूजा-उपासना के लिये प्रशस्त स्थान बताये गये हैं। एकलिङ्ग मन्दिर, पर्वतशिखर, पवित्र श्मशान, नदी का स्वच्छ एवं पवित्र तट, गंगागर्भ, गंगा का तट, संगमक्षेत्र, शून्य-मन्दिर, नदी का किनारा, बिल्ववृक्ष के मूल के समीप भगवती का पूजन प्रशस्त है।।४९।।

[एकलिङ्गलक्षणम्]

पञ्चक्रोशान्तरे यत्र न लिङ्गान्तरमीक्ष्यते।
तदेकलिङ्गमाख्यातं तत्र सिद्धिरनुत्तमा।।५०।।

पूर्वमेकलिङ्गे पर्वते वेत्याद्युक्तम्, तदेकलिङ्गलक्षणमाह—**पञ्चक्रोशान्तर इत्यादिना।**

जिस शिव मन्दिर के इर्द-गिर्द पाँच कोस की परिधि में कोई अन्य शिव-मन्दिर नहीं हो, उसे एकलिङ्ग कहते हैं। ऐसे मन्दिर में की गई पूजा अत्यन्त सिद्धि देने वाली होती है।।५०।।

[अथ द्वारपूजा, तत्र प्रथमं हस्तपादप्रक्षालनम्]

ततः पूजागृहद्वारि क्षालयेत् पाणिपादकौ।।५१।।

याग-भूमि में आकर मण्डप के बाहर ही हाथ-पैरों को अच्छी तरह धोने के बाद ही मण्डप में प्रवेश करें।।५१।।

[दूर्वाचयनम्]

विना वै दूर्वया देवीपूजा नास्तीह कर्हिचित् ।
तस्माद्दूर्वा ग्रहीतव्या सर्वपुष्पमयी शुभा।।५२।।

दूर्वा (दूब) सर्वपुष्पमयी एवं पवित्र है। अतः दूर्वा के बिना भगवती श्रीविद्या की पूजा पूर्ण नहीं होती। अतः एतदर्थ दूर्वा का चयन करना चाहिए।।५२।।

[आचमनम्]

हस्ते दूर्वाङ्कुरं दत्त्वा आचामेद् विधिपूर्वकम्।।५३।।

आचामेदेति। अत्र तन्त्रसारकृता आत्मतत्त्वादिनाचमनमुक्तम्।

हाथ में दूर्वा लेकर विधिपूर्वक आचमन करना चाहिए।।५३।।

[दिक्पालपूजा]

पूर्णचन्द्रान्तराले च ध्यात्वा श्रीगुरुपादुकाम् ।
पूर्वादिक्रमयोगेण सर्वदिक्पालमर्चयेत्।।५४।।

पूर्णेति। पूर्णचन्द्रान्तराले सहस्रारकर्णिकास्थितस्य पूर्णचन्द्रस्यान्तराले श्रीगुरुपादुकां ध्यात्वेत्यर्थः। **सर्वेति।** पूर्वादिक्रमयोगेण निरुक्तपूर्णचन्द्रान्तराले सर्वदिक्पालमर्चयेदित्यर्थः। सहस्रारे दिक्पालानामिन्द्रादीनामवस्थितिमाह निर्वाणतन्त्रे दशमपटले, सहस्रारं प्रकृत्य—

एवं ब्रह्मादयो देवा इन्द्राद्यास्त्रिदशेश्वराः।
स्तुतिभक्तिपराः सर्वे दिव्यभावैः सदा स्थिताः।। इति।

सहस्रदल कमल की कर्णिका के पूर्णचन्द्र के अन्तराल में श्रीगुरुपादुका का ध्यान करके उनका पूजन करने के बाद उसी अन्तराल में पूर्वादि क्रम से विराजित इन्द्र आदि दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए॥५४॥

[तत्र क्रमान्तरम्]

सामान्यार्घ्यं विधायाथ क्रमेण साधकोऽथवा।
इन्द्रं स्वशक्तिसहितं पूर्वद्वारे समर्चयेत्।।५५।।
यमञ्च दक्षिणद्वारि पश्चिमे वरुणं तथा।
कुबेरमुत्तरद्वारि वह्निं वह्नौ च निर्ऋतिम्।।५६।।
नैर्ऋत्यां पूजयेन्मन्त्री तथैव वायुकोणके।
वायुमीशे तथेशानमूद्ध्वे प्रजापतिं तथा।।५७।।
अनन्तं गन्धपुष्पाद्यैरधश्च परिपूजयेत्।।५८।।

दिक्पालपूजायां क्रमान्तरमाह—**सामान्यार्घ्यमित्यादिना।** कल्पेऽस्मिन् सामान्यार्घ्यं विधाय मण्डपस्य पूर्वादिद्वारचतुष्टये क्रमेणेन्द्र-यम-वरुण-कुबेरान् कोणचतुष्टये वह्नि-निर्ऋति-वाय्वीशानान् ऊद्ध्वे प्रजापतिमधश्चानन्तं पूजयेदिति।

दिक्पालों की पूजा का एक अन्य क्रम भी है। सामान्य अर्घ्य की स्थापना करने के बाद पूर्व आदि चार दिशाओं में इन्द्र आदि की तथा अग्निकोण आदि में अग्नि आदि की पूजा करनी चाहिए। पूजा का क्रम इस प्रकार है। पूर्व द्वार पर शक्ति-सहित इन्द्र की, दक्षिण द्वार में यम की, पश्चिम द्वार में वरुण की तथा उत्तर द्वार में कुबेर की गन्ध-पुष्प आदि से पूजा करने के बाद अग्निकोण में अग्नि की, नैर्ऋत्य कोण में निर्ऋति की, वायव्य कोण में वायु की, ईशान कोण में ईशान की, ऊपर की ओर (इन्द्र और ईशान के मध्य में) प्रजापति ब्रह्मा की तथा नीचे की ओर (निर्ऋति तथा वरुण के मध्य में) अनन्त की पूजा करें॥५५-५८॥

[अस्त्रपूजा]

पूर्वादिक्रमयोगेण वज्राद्यस्त्रं यजेद् बुधः।।५९।।

पूर्वादीति। वज्राद्यस्त्रमिन्द्रादीनामिति शेषः। अत्र पूर्वादिक्रमयोगेणेत्यनेन प्रथमकल्पे पूर्वादिक्रमेणास्त्रपूजनं द्वितीयकल्पे तु पूजाक्रमानुसारेण प्रथममिन्द्रादि-दिक्पतीनां ततश्चाग्न्यादिकोणाधिपतीनामस्त्राणि पूजयेत्। प्रधानपूजाक्रममुल्लङ्घ्य तदङ्गभूतास्त्रपूजायामन्यथाकरणे प्रमाणाभावादिति ध्येयम्।

इन्द्र और दिक्पालों के समीप उनके वज्र आदि आयुधों का उपर्युक्त पूर्वादि क्रमयोग से पूजन करें॥५९॥

विमर्श—इसका अर्थ यह है कि पूर्व आदि चारो दिशाओं में पूजन करने के बाद अग्नि आदि कोणों में पूजा करें।

[पूजनीयान्यस्त्राणि]

वज्रं शक्तिं तथा दण्डं खड्गं पाशाङ्कुशे ततः।
गदात्रिशूलपद्मञ्च चक्रमाराधयेत् क्रमात्।।६०।।

वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश, अंकुश, गदा, त्रिशूल, पद्म और चक्र—दिक्पालों के पूजनीय अस्त्र हैं॥६०॥

इसके बाद पूर्वादि क्रम से गणेश आदि की पूजा करें। यथा—

[पूर्वादिक्रमेण गणेशादिपूजा]

गणेशञ्चैव क्षेत्रेशं द्वारश्रियञ्च देहलीम्।
पूर्वद्वारे यजेत् पश्चाद्दक्षिणे गणनायकम्।।६१।।
दुर्गाञ्च वटुकं क्षेत्रपालं कामरतिन्तथा।
प्रीत्या सह वसन्तञ्च शङ्खपद्मनिधी तथा।।६२।।
रत्नसोपानमिष्ट्वा तु पश्चिमे परिपूजयेत्।
सरस्वतीं महालक्ष्मीं मायां दुर्गां तथोत्तरे।।६३।।
भद्रकालीं तथा स्वस्तिं स्वाहां शुभकरीं तथा।
गौरीञ्च लोकधात्रीञ्च वागीश्वरीं प्रपूजयेत्।।६४।।

कामरतिं कामं रतिञ्चेत्यर्थः। प्रीत्या सह वसन्तं प्रीतिं वसन्तञ्चेत्यर्थः।

पूर्व द्वार में गणेश, क्षेत्रपाल, द्वारश्री, देहली की पूजा करके दक्षिण में गणनायक, दुर्गा, बटुक, काम एवं रति, प्रीति तथा वसन्त, शंख एवं पद्मनिधि तथा रत्नसोपान की; पश्चिम में सरस्वती, महालक्ष्मी, माया, दुर्गा की तथा उत्तर में भद्र-काली, स्वस्ति, स्वाहा, गौरी और लोकधात्री एवं वागीश्वरी की पूजा करें॥६१-६४॥

[अथ मण्डपप्रवेशः]

मण्डपान्तः प्रविश्याथ सव्यपादपुरःसरम्।
पूजाद्रव्याणि वै पश्येन्मूलमन्त्रेण साधकः।।६५।।

मण्डपान्तरिति। सव्यपादपुरःसरं दक्षिणपादपूर्वकम्। अत्र विप्रतिपद्यमानानां मतं पूर्वमेव (५।२८ श्लो० टी०) निराकृतमिति तत एव सर्वमवगन्तव्यम्।

साधक अपना दाहिना पैर आगे करके मण्डप में प्रवेश करे। मण्डल में प्रवेश करने के बाद वह 'मूल मन्त्र' पढ़ते हुए पूजा-सामग्री का निरीक्षण करे।।६५।।

[पुष्पशोधनम्]

पुष्पे पुष्पे महापुष्पे पुष्पावकीर्ण इत्यपि।
स्वाहेति शोधयेत् पुष्पं वाराहीतन्त्रसम्मतम्।।६६।।

अथ पुष्पशोधनमन्त्रमाह—**पुष्प इति।** तथा च 'पुष्पे पुष्पे महापुष्पे पुष्पावकीर्णे स्वाहा' इति श्रीविद्याविषये पुष्पशोधनमन्त्रः। यत्तु कुमारीतन्त्रे द्वितीयपटले—

अधिष्ठाने च पुष्पस्य प्रणवं पूर्वमुद्धरेत्।
शताभिषेकेति पदं शताभीति ततः परम्।
षेकेति च ततः प्रोक्तं हूं फट् स्वाहा ततः परम्।
प्रणवं पुष्पकेतुश्च तथा राजार्हतेऽपि च।
शताय सम्यगित्युक्त्वा जपेच्चैव च हूमिति।
पुष्पे पुष्पे महापुष्पे सुपुष्पे पुष्पसम्भवे।
पुष्पचयावकीर्णे हूं फट् स्वाहा च ततः परम्।
विशोध्य पुष्पमेतेन जलं पूर्ववदाहरेत्।।

इति पुष्पशोधनमुक्तं तच्छ्रीविद्येतरविषयम्, श्रीविद्यायां विशेषविधानात्। अत एव हरतत्त्वदीधितौ निरुक्तकुमारीतन्त्रोक्तपुष्पशोधनक्रममभिधाय, श्रीविद्यायान्तु वाराहीतन्त्रे षष्ठपटले—

पुष्पे पुष्पे महापुष्पे पुष्पावकीर्ण इत्यपि।
स्वाहेति शोधयेत् पुष्पं तेन पुष्पेण पूजयेत्।।

इत्युक्तम्। प्रकृतेऽपि निरुक्तवाराहीतन्त्रसम्मतक्रमदर्शनाय वाराहीतन्त्रसम्मतमिति विशिष्योक्तमिति निष्कर्षः।

वाराही तन्त्र के अनुसार श्रीविद्या के पूजन-क्रम में पुष्पशोधन का मन्त्र है—'पुष्पे पुष्पे महापुष्पे पुष्पावकीर्णे स्वाहा'।।६६।।

[जलशोधनपूर्वकं प्रोक्षणम्]

जलसंशोधनं मन्त्रं न्यस्य वस्तुषु प्रोक्षणम्।

जलेति। जलशोधनमन्त्रः पूर्वमेव प्रदर्शितः।

जलशोधन मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित करके उसका अमृतीकरण करें। इस अमृतीकृत जल को पूजा-सामग्रियों पर छिड़क कर पूजा-सामग्रियों का अमृतीकरण करें। जल का अमृतीकरण करने के लिये उस पर धेनुमुद्रा प्रदर्शित की जाती है।

[अमृतीकरणादि]

ततोऽमृतीकृत्य तालं त्रिधाऽवगुण्ठ्य चेक्षणम्।।६७।।

तत इति। जलशोधनमन्त्रजपानन्तरम् अमृतीकृत्य तज्जलममृतरूपतां प्रापय्य धेनुमुद्रयेति शेषः। धेनुमुद्रां तथाऽमृतीकरणञ्चाऽऽह तन्त्रसारे—

अन्योऽन्याभिमुखाश्लिष्टा कनिष्ठानामिका पुनः।
तथैव तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्त्तिता।
अमृतीकरणं कुर्यात्तया साधकसत्तमः।। इति।

तालत्रयमग्रे वक्ष्यति। **अवगुण्ठ्येति।** अवगुण्ठनमुद्रामाह तन्त्रसारे—

सव्यहस्तकृता मुष्टिर्दीर्घाधोमुखतर्जनी।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता मता।। इति।

पूजा-सामग्रियों का अमृतीकरण करके तीन बार ताली बजायें तथा पूजा उपचारों का अवगुण्ठनी मुद्रा से अवगुण्ठन करें।।६७।।

[मण्डपपूजा]

त्रिपुरार्चनमण्डपाय नमोऽन्तेन गृहं यजेत् ।
अस्त्रेण प्रोक्षणं कृत्वा त्रिकोणं तत्र संलिखेत् ।।६८।।

त्रिपुरेति। 'ॐ त्रिपुरार्चनमण्डपाय नमः' इति प्रयोगः। अत्र विशिष्यानुक्तावपि प्रणवपूर्वक एव मन्त्रः प्रयोज्यः—

ॐकारादिसमायुक्तं नमस्कारान्तकीर्त्तितम्।
स्वनाम सर्वदेवानां मन्त्र इत्यभिधीयते।।

इत्यनेन प्रणवादिनमोऽन्तसाध्यनाम्नो मन्त्रत्वविधानात्, त्रिपुरार्चनरहस्ये 'ॐ त्रिपुरायागमण्डपाय नमः' इति स्फुटमभिधानाच्च। अस्त्रेण फडित्यनेन।

'ॐ त्रिपुरार्चनमण्डपाय नमः' इस मन्त्र से मण्डप की पूजा करके अस्त्र मन्त्र से मण्डप में जलप्रोक्षण करें। पृथ्वी पर त्रिकोण बनायें।।६८।।

[पृथिवीपूजा]

प्रणवं शक्रबीजन्तु पृथिव्यै नम इत्यपि।
अनेन मनुना तत्र पृथिवीं पूजयेदपि।।६९।।

तत्र त्रिकोणे पृथिवीपूजनमाह—**प्रणवमित्यादिना।** प्रणवः ॐ, शक्रबीजं लं ततः पृथिव्यै नम इति। एवञ्च 'ॐ लं पृथिव्यै नमः' इति मन्त्रः पर्यवस्यति।

'ॐ लं पृथिव्यै नमः'—यह पृथ्वी-पूजन का मन्त्र है। इस मन्त्र से पृथ्वी का पूजन करें।।६९।।

[पृथिवीसम्प्रदानकमर्घ्यदानम्]

अथवाऽर्घ्यं समादाय मूलमन्त्रपुरःसरम्।

अथवा अर्घ्यदानपूर्वक पृथ्वी-पूजन का एक अन्य क्रम भी है।।

[तत्र प्रार्थनामन्त्रः]

वसुधे हेमगर्भाऽसि शेषस्योपरिशायिनि।
स्थानं मे देहि पूजार्थं गृहाणार्घ्यं धरित्रि मे।।७०।।

[अर्घ्यदानमन्त्रः]

ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणीति च।
धरे स्वाहेति मन्त्रेण दद्यादर्घ्यमनुत्तमम्।।७१।।

अर्घ्यदानरूपं पृथिवीपूजाकल्पान्तरमाह—**अथवेति**। अत्र कल्पे अर्घ्यं गृहीत्वा प्रथमं मूलमन्त्रं ततो वसुधे हेमगर्भासीति मन्त्रं पठेत्। ततश्च ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणीधरे स्वाहा इत्यनेन मन्त्रेणार्घ्यं दद्यात्। पूर्वकल्पे पूजनमात्रम्। अत्र तु पूजनमकृत्वा पृथिवीसम्प्रदानकमर्घ्यदानमात्रमित्येव सूचितमथवेत्यनेन।

प्रयोग-क्रम—मूल मन्त्र का उच्चारण करने के बाद 'वसुधे हेमगर्भाऽसि ....धरित्रि मे' इस मन्त्र से भगवती पृथ्वी से अर्घ्य स्वीकार करने की प्रार्थना करें। इसके बाद 'ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणीधरे स्वाहा' इस मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करें।।७०-७१।।

विमर्श—पृथ्वीपूजा के दो कल्प हैं। प्रथम कल्प के अनुसार गन्ध-पुष्प-अक्षत आदि से पृथ्वी की पूजा की जाती है। दूसरे कल्प में पूजा न करके केवल अर्घ्य दिया जाता है।

[करशुद्धिः]

करशुद्धिं गन्धपुष्पैर्विदध्यान्मनुनाऽमुना।।७२।।
आद्यस्वरयुगं सेन्दुखण्डं मनुयुतो भृगुः।
सर्गीति मनुराख्यातस्ततो भूतान्निवारयेत्।।७३।।

अथ करशुद्धिप्रक्रियामाह—**करेत्यादिना**। अमुना वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण गन्धपुष्पैः करशुद्धिं विदध्यादिति सम्बन्धः। अत्र पुष्पैरित्यनेन रक्तपुष्पैरिति बोध्यम् । व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रेऽष्टमपटले—

गृहीत्वा रक्तपुष्पञ्च सगन्धं साधकस्ततः।
अनेनैव तु मन्त्रेण पुष्पं हस्ततलस्थितम्।
सम्मार्ज्य सव्यहस्तेन वामेन पाणिना ततः।
निर्मञ्छ्य कामबीजेन चाघ्राय वाग्भवेन तु।
ऐशान्यां निक्षिपेदेतच्छेष(च्छर)बीजेन पार्वति। इति।

अनेन करशुद्धेः क्रमोऽपि व्याख्यातः।

पूर्ववचने विदध्यान्मनुनाऽमुनेत्युक्तम्, तं मनुमाह—**आद्येत्यादिना आख्यात इत्यन्तेन**। आद्यस्वरयुगम् अकार आकारश्च। सेन्दुखण्डं सानुस्वारम् । एतेन अं आं

इति प्राप्तम्। **मनुयुत इति।** मनुश्चतुर्दशस्वर औकारस्तद्युतो भृगुः सकारः। स च सर्गी विसर्गयुक्तः, एतेन सौः इति लब्धम्। एवञ्च अं आं सौः इति करशोधनमन्त्रः पर्यवस्यति। गन्धर्वतन्त्रेऽष्टमपटलेऽप्ययमेव पुष्पशोधनमन्त्र उक्तः। यथा—

मातृकाद्यं समुद्धृत्य द्वितीयञ्च सबिन्दुकम्।
शान्तान्त-कादिसंयुक्तमैकारान्तान्तयोजितम्।
एवमेषा महाविद्या करशुद्धिकरी मता।।

एवञ्च प्रागुक्तगन्धर्वतन्त्रवचनपर्यालोचनया सगन्धं रक्तपुष्पं दक्षिणहस्तेनाऽऽदाय वामहस्तेन क्लीमिति कामबीजेन निर्मञ्छ्य ऐँ इति वाग्भवेनाऽऽघ्राय फडित्यस्त्रबीजेन ऐशान्यां निक्षिपेदिति करशोधनक्रमः प्रतीयते। निरुक्तकरशुद्धेः फलमाह तत्रैव—

अङ्गुल्यग्राणि शुद्धानि पुष्पस्य ग्रहणात् भवेत्।
मर्दनात् करयोः शुद्धिर्निर्मञ्छनात्तु पृष्ठयोः।
घ्राणाद्देवाश्च तुष्यन्ति तीर्थानाञ्च समागमः।
प्रक्षेपात् सर्वविघ्नानां दूरसंस्थानमेव च।
दुर्गन्धोत्सृष्टसंस्पर्शदूषणं करयोस्तु यत्।
अज्ञानरूपं तत् सर्वं नाशयेद् विधिनाऽमुना।। इति।

'अं-आं-सौः' यह 'करशुद्धि' का मन्त्र है। इस मन्त्र से चन्दनचर्चित रक्त पुष्प लेकर 'करशुद्धि' करें। इसके बाद भूत-निवारण करें।

विमर्श (प्रयोग-क्रम)—उक्त 'करशुद्धि' मन्त्र का जप करके दाहिने हाथ से चन्दन-चर्चित रक्त पुष्प लें। कामबीज (क्लीं) का उच्चारण करते हुए दोनों हाथों से उसे रगड़ें। वाग्भव बीज (ऐं) से उसे सूँघें और फिर 'फट्' (अस्त्र) का उच्चारण करते हुए ईशान दिशा में दूर फेंक दें। इसके बाद भूत-निवारण करें।

[तत्र मन्त्रः]

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्त्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।७४।।

यह भूत [1]उत्सारण का मन्त्र है।

[भौमविघ्नोत्सारणम्]

दूर्वाक्षतं क्षिपेद्दिक्षु मूलमन्त्रास्त्रमुच्चरेत्।
ततः कुमारिकां व्योमवह्निसर्गान्वितां बुधः।।७५।।
अस्त्राय फट् पदञ्चैव भूमिञ्चामृतया स्पृशन्।
पार्ष्णिघातत्रयं भूमौ कुर्याद्दक्षेतरस्य च।।७६।।

बुद्धिमान् साधक मूलमन्त्र-सहित 'फट्' का उच्चारण करते हुए चारो दिशाओं में दूर्वा और अक्षत फेंके। सुधाबीज (वं) का जप करते हुए पृथ्वी का स्पर्श करे। तत्पश्चात् 'ऐं ह्रः अस्त्राय फट्' इस मन्त्र का जप करते हुए बाँयें पैर की एड़ी से पृथ्वी पर तीन बार प्रहार करे॥७५-७६॥

[दिव्यविघ्नोत्सारणम्]

समुदञ्चितवक्त्रेण दिव्यान् विघ्नान् निवारयेत्।।७७।।

आँखें तरेर कर क्रोधमुद्रा से चारो ओर देखते हुए दिव्य विघ्नों का उत्सारण करें॥७७॥

[आन्तरिक्षविघ्नोत्सारणम्]

कुमार्याः त्रितयं तालं दद्यादूद्ध्वोर्द्ध्वयोगतः।
सशब्दं पादहृन्मस्तप्रदेशेषु यथाक्रमम्।।७८।।

पैर, हृदय और मस्तक के समीप ऊपर उठते हुए क्रम से ताली बजाकर आन्तरिक विघ्नों का उत्सारण करें। ताली बजाते समय कुमारी विद्या का उच्चारण करें॥७८॥

[दिग्बन्धनं वह्निप्राकारचिन्तनञ्च]

दशदिग्बन्धनं कृत्वा छोटिकाभिस्तु हस्तयोः।
वह्निप्राकारकं ध्यायेद्दिक्षु साधकसत्तमः।।७९।।

छोटिकाभिरिति। छोटिका तर्जन्यङ्गुष्ठाङ्गुलिध्वनिः।

इस प्रकार चुटकी बजाकर दसों दिशाओं का बन्धन करके मन्त्रज्ञ साधक वह्निप्राकार का चिन्तन करे॥७९॥

विमर्श—'वह्निप्राकार' का अर्थ है—आग का किला। विघ्नों का उत्सारण करने के बाद साधक साधना में विघ्न डालने वाले तत्त्वों से रक्षा के लिये अपने चारो ओर आग का किला बना ले। इसकी विधि का निरूपण यहाँ किया गया है।

[दिग्बन्धनमन्त्रः]

ऐन्द्रीं चक्रेण बध्नामि नमश्चक्राय ठ-द्वयम् ।
मन्त्रेणानेन कुर्वीत दिशां प्रागादिबन्धनम्।।८०।।

पूर्वं दशदिग्बन्धनं कृत्वेत्युक्तम्, तत्र मन्त्रमाह—**ऐन्द्रीमित्यादिना**। तथा च ऐन्द्रीं चक्रेण बध्नामि नमश्चक्राय स्वाहेति दिग्बन्धनमन्त्रः।

'ऐन्द्री चक्रेण बध्नामि नमश्चक्राय स्वाहा'—यह दिग्बन्धन का मन्त्र है। इस मन्त्र से पूर्व आदि सभी दिशाओं का अस्त्रमुद्रा से बन्धन करें॥८०॥

[दिग्बन्धने प्रयोज्याऽस्त्रमुद्रा]

आच्छाद्य दिक्षु तर्जन्या ज्येष्ठाग्रस्तनिताग्रया।
अस्त्रमुद्रेयमाख्याता दिशां प्रागादिबन्धने।।८१।।

निरुक्तदिग्बन्धने प्रयोज्यामस्त्रमुद्रामाह—**आच्छाद्येत्यादिना।** ज्येष्ठाग्रस्तनिताग्रया ज्येष्ठाया अग्रे स्तनितमग्रं यस्यास्तथाभूतया तर्जन्या दिक्षु आच्छाद्य बन्धनं कुर्वीत। दिशां प्रागादिबन्धने इयमस्त्रमुद्रा ख्यातेति सम्बन्धः। एवञ्च पूर्वं यत् छोटिकाभिस्तु हस्तयोरित्युक्तं तत्राप्येतदस्त्रमुद्रकृतच्छोटिकाभिरित्यर्थो बोध्यः।

ज्येष्ठा (अंगूठा) और तर्जनी के ऊपरी परवों को परस्पर मिलाने से अस्त्र मुद्रा बनती है। दिग्बन्धन करते समय यही अस्त्रमुद्रा दिखाई जाती है।।८१।।

[वह्निप्राकारमन्त्रः]

त्रैलोक्यं रक्ष रक्षेति हुं फट् स्वाहेति कीर्त्तितः।
तारादिकोऽयं मन्त्रः स्यादग्निप्राकारसंज्ञकः।।८२।।

पूर्वं वह्निप्राकारकं ध्यायेदित्युक्तम्, तत्र मन्त्रमाह—**त्रैलोक्यमित्यादिना।** तारादिकः प्रणवाद्यः। तथा च ॐ त्रैलोक्यं रक्ष रक्ष हुँ फट् स्वाहेति अग्निप्राकारमन्त्रः। एतन्मन्त्रोच्चारणपूर्वकमग्निप्राकारं चिन्तयेदिति तात्पर्यम्।

'ॐ त्रैलोक्यं रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा'—यह अग्निप्राकार स्थापित करने का मन्त्र है।।८२।।

[अस्त्रमुद्रा]

त्रिशूलाग्रौ करौ कृत्वा व्यत्यस्तावभितो नयेत् ।
अस्त्रमुद्रेयमाख्याता वह्निप्राकारलक्षणा।
परद्रोहोपशमनी नागाशनिभयापहा।।८३।।

वह्निप्राकारस्वरूपनिरूपणायास्त्रमुद्रामाह—**त्रिशूलेति।** उभावेव करौ त्रिशूलाग्रौ त्रिशूलवत् अयं ययोस्तथाभूतौ कृत्वा, एतेन हस्तयोस्तर्जनीमध्यमानामिकास्त्रिशूलाग्रवदूद्र्ध्वं विस्फार्येत्युक्तं भवति। तादृशौ करौ व्यत्यस्तौ विपरीतौ अभितो नयेत् एकहस्तस्य निरुक्ताङ्गुलित्रयान्तरालेनापरहस्तस्य निरुक्तमङ्गुलित्रयं प्रवेशयेदित्यर्थः। इयं वह्निप्राकारलक्षणाऽस्त्रमुद्रा। यथा परे वह्निप्राकारमतिक्रम्य पुरमभिद्रोग्धुं न क्षमन्ते तथैतन्मुद्राविरचनशीलं साधकं साधनद्वेषिणो भूतहिंसादयो लेशतोऽपि नेशते हिंसितुमिति तात्पर्यम्। एतदेव फलाभिधानमुखेनाह—**परेत्यादिना।**

वह्निप्राकार-स्थापना का उपर्युक्त मन्त्र पढ़ते हुए चारो ओर त्रिशूल मुद्रा दिखायें। दोनों हाथों की कनिष्ठा अंगुलियों को मोड़कर उन्हें अंगूठे से दबा दें। तर्जनी-मध्यमा और अनामा—इन तीन अंगुलियों को त्रिशूल के शूलों की तरह ऊर्ध्वमुख रखें। दोनों करपृष्ठों को जोड़ दें। इस तरह त्रिशूल के आकार

वाली त्रिशूल मुद्रा बन जायगी। यह मुद्रा विघ्नों के प्रहार से साधक की रक्षा करती है।।८३।।

[जपविघ्नापनोदनम्]

अद्भिः पुष्पाक्षतैश्चैव वह्निबीजास्त्रमन्त्रितैः।
प्रक्षिपेत् प्रयतो मन्त्री जपविघ्नापनुत्तये।।८४।।

अद्भिरिति। वह्निबीजास्त्रमन्त्रितैः रं फट् इत्यनेन मन्त्रेण मन्त्रितैरित्यर्थः।

'रं-फट्' इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल, पुष्प और अक्षत लेकर आसनस्थ साधक अपने चारो ओर विकीर्ण कर दे। इससे जप में कोई विघ्न उत्पन्न नहीं होता।।८४।।

[ब्रह्म-वास्तुपुरुषयोरर्चा]

नैर्ऋत्यां वास्तुपुरुषान् ब्रह्माणञ्च ततो यजेत्।

मण्डप के नैर्ऋत्य कोण में वास्तुपुरुष और ब्रह्माजी की पूजा करें। इसके बाद भूमि पर त्रिकोण मण्डल बनायें।

[त्रिकोणमण्डलम्]

भूमौ त्रिकोणमालिख्याऽऽधारशक्त्यादिपूजनम्।।८५।।

इस त्रिकोण मण्डल पर 'आधारशक्ति' आदि का पूजन करें। पूजन मन्त्र है—'ह्रीं आधारादिशक्तिभ्यो नमः'। इस मन्त्र से त्रिकोण मण्डल पर गन्ध-पुष्प-अक्षत समर्पित करें।।८५।।

[तत्राऽऽसनस्थापनम्]

मनोहरमृदुश्लक्ष्णमासनं तत्र निक्षिपेत्।
आसनञ्चार्घ्यपात्रञ्च भग्नमेव विवर्जयेत्।।८६।।

अब इस त्रिकोण मण्डल पर सुन्दर और नरम आसन बिछायें। कटे-छँटे आसन और टूटे-फूटे अर्घ्यपात्र का पूजन में कत्तई उपयोग नहीं करें।।८६।।

[आसनारोपणे ऋष्यादि]

मेरुपृष्ठ ऋषिः प्रोक्तः सुतलं छन्द ईरितम्।
कूर्मोऽत्र देवता प्रोक्ता आसनारोपणे ततः।।८७।।
विनियोगस्तु कथितस्ततो धृत्वा पठेदिमम्।

आसन पर बैठने का विनियोग है—'ॐ अस्य आसनारोपण मन्त्रस्य मेरुपृष्ठः ऋषिः। सुतलं छन्दः। कूर्मो देवता। आसनारोपणे विनियोगः।'

यह विनियोग करने के बाद पृथ्वी से प्रार्थना करें—

पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वञ्च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्।।८८।।

यह पृथ्वी से आसन को पवित्र करने का प्रार्थना मन्त्र है। यह प्रार्थना करने के बाद आसन का अर्चन करें॥८८॥

[आसनार्चनमन्त्रः]

कूर्चत्रयं तत्र दत्त्वा मायाबीजं ततो वदेत्।
आधारशक्तिशब्दान्ते कमलासनमालिखेत्।
ङेऽन्तं नम-पदं दत्त्वा स्वासनं परिपूजयेत्।।८९।।

कूर्चेति। कूर्चत्रयं पञ्चमप्रकाशोक्तं (२२ श्लोक) पारिभाषिककूर्चाख्यकुशत्रयम्। अत्रासने कुशस्थापनं श्यामारहस्यधृतस्वतन्त्रेऽप्युक्तम्, यथा—

इति धृत्वा तु देवेशि कुशांस्तत्रैव दापयेत्।
मायाबीजं समुच्चार्य आधारशक्तिमुच्चरेत्।
कमलासनमालिख्य ङेनमोऽन्तं प्रपूजयेत्।। इति।

मायाबीजमित्यादि। तथा च ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नम इत्यासनपूजामन्त्रः पर्यवस्यति। तन्त्रसारकारस्तु ऐँ ह्रीं श्रीमिति बीजत्रयपूर्वकमेतन्मन्त्रमाह। निरुक्तासनशुद्धेः फलमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

कुशिल्पिरचितत्वादि यदन्यासनदूषणम्।
अज्ञातरूपकं याति विलयं विधिना प्रिये।। इति।

प्रार्थना के बाद आसन पर तीन कुश रखकर आसन की पूजा करें। आसन-पूजन का मन्त्र है—'ह्रीं आधारशक्ति कमलासनाय नमः'।

इस मन्त्र से अपने आसन की गन्ध-पुष्प से पूजा करें॥८९॥

[मन्त्राचमनम्]

यथोक्तविधिनाचम्य त्रिभिः कूटैर्यथाविधि।

तीन कूटों से यथाविधि आचमन करें।

विमर्श—श्रीविद्या-अर्चन में बाला विद्या के तीन कूटों से तीन बार आचमन किया जाता है। यथा—(१) ऐं आत्मतत्त्वाय स्वाहा। (२) क्लीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा। (३) सौः शिवतत्त्वाय स्वाहा।

[आसनारोहणं गुरुपङ्क्तिपूजा च]

तद्धि चासनमारुह्य गुरुपूजां समाचरेत्।।९०।।

त्रिभिः कूटैः ऐँ क्लीं सौरिति बालाकूटत्रयेण। श्रीविद्यामधिकृत्य बाला-बीजैस्त्रिभिः पीत्वेत्यादिभैरवतन्त्रवचनदर्शनात्।

प्रथमं वाग्भवं देवि कामराजं द्वितीयकम्।
तृतीयं शक्तिबीजन्तु शिवयुक्तं सदा भवेत्।।

इति हरतत्त्वदीधितिधृतरुद्रयामलवचने निरुक्तबालामन्त्रस्य कूटत्रयात्मकत्वश्रवणाच्च। अयमाचमनक्रमस्तु पञ्चमप्रकाशीयपञ्चविंशश्लोकटीकायां स्फुटमुपपादितः।

गुरुपूजां समाचरेदिति। अत्र पूजा प्रणामरूपा वक्ष्यमाणा। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

कृताञ्जलिपुटो भूत्वा मन्दस्मितमुखाम्बुजः।
वामकर्णोद्र्ध्वभागे तु गुरुञ्च प्रणमेत् ततः।।
दक्षकर्णोद्र्ध्वभागे तु गणेशं प्रणमेद् बुधः।
दुर्गां नमेत् पुरोभागे पृष्ठतः क्षेत्रनायकम्।। इति।

आचमन करने के बाद आसन पर बैठें और गुरुपूजा करें।।९०।।

वामकर्णोद्र्ध्वदेशे तु सम्पूर्णे शशिमण्डले।
दक्षकर्णोद्र्ध्वभागे तु गणेशं पूजयेत्ततः।
मस्तकोपरिभागे तु दुर्गां देवीं स्मरेत्ततः।।९१।।

बाँयें कान के ऊपरी भाग में गुरुदेव की, दाहिने कान के ऊपरी भाग में गणेश की और मस्तक के ऊपरी भाग में दुर्गा देवी की (पृष्ठ भाग में क्षेत्रपाल की) पूजा करें।।९१।।

[तत्र साधकस्य वेशादिपारिपाट्यम्]

रक्तचन्दनसंयुक्तो रक्तमाल्येन संवृतः।
ताम्बूलरागवदनो रक्ताम्बरविराजितः।।९२।।
कर्पूरक्षोददिग्धाङ्गः कारणानन्दमानसः।
कर्पूरसकलोन्मिश्रधूपदीपैर्विराजितः।।९३।।
नानारक्तसमायुक्तो लाक्षारुणगृहे स्थितः।
मनःसङ्कल्परक्तो वा साधकः स्थिरमानसः।।९४।।

कीदृशः साधकौ गुरुप्रणामादीनि कर्माणि कुर्यादित्याह—**रक्तेत्यादि।**

अनाहत पद्म के बारह दलों में भगवती राकिणी की परिवारदेवताओं का विन्यास उनके चारो ओर वलयाकार करें।।२४५-२४७।।

यथा—कं कालरात्र्यै नम:। खं खातितायै नम:। गं गायत्र्यै नम:। घं घण्टिकायै नम:। ङं वृश्चिकायै नम:। चं चामुण्डायै नम:। छं छायायै नम:। जं जयायै नम:। झं झंकारिण्यै नम:। अं ज्ञानायै नम:। टं टंकहस्तायै नम:। ठं ठंकार्यै नम:।

इस प्रकार नाममन्त्रों से पूजा करके लकिनी का ध्यान करें।

[लाकिनीध्यानम्]

कृष्णां देवीं त्रिवक्त्रां त्रिनयनललितां दंष्ट्रिणीमुग्ररूपां
वज्रं शक्तिं सुदण्डामभयवरकरां दक्षवामे दधानाम्।
ध्यात्वा नाभिस्थपद्मे दशदलविलसत्कर्णिके लाकिनीं तां
मांसस्थां गौडभक्तोत्सुकहृदयवतीं चिन्तयेत् साधकेन्द्रः।।२४८।।

वज्रमिति। दक्षवामे क्रमेण वज्रं शक्तिं दधानामिति सम्बन्धः। दशदलविल-सत्कर्णिके इति विशेषणेन मणिपूरकमलकर्णिकायां लाकिन्या ध्येयत्वं सूचितम्। **गौडेति**। गुडमिश्रितभक्ष्यभक्षणोत्कण्ठितचित्तामित्यर्थः।

देवी लाकिनी का वर्ण कृष्ण (काला) है। वे उग्ररूपा हैं। उनके तीन मुख हैं। प्रत्येक मुख में तीन-तीन नेत्र हैं। उनके दाहिने और बाँयें हाथों में क्रमश: वज्र एवं शक्ति तथा अभय एवं वरमुद्रा है। वे मांस में स्थित हैं अर्थात् मांस की स्वामिनी हैं। दश दल वाले नाभिकमल (मणिपूरक) में उनका ध्यान करें।।२४८।।

[लाकिनीन्यास:]

डादिफान्तं ततो लां लीं लमलवरयांस्ततः।
वामकर्णसमायुक्ताँल्लाकिन्यै नम इत्यपि।।२४९।।
लाकिनीति वदेन्मन्त्री मांसधातुगते ततः।
षोडशाल्लक्षकोटिश्च पूर्ववन्मणिपूरके।।२५०।।

डादिफान्तमित्यादि। तथा च पूर्ववत् ह्रीं श्रीमित्याद्यन्यतममुच्चार्य डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं लां लीं ल म ल व र यूं लाकिन्यै नमः इति। ततश्च लाकिनि मांसधातुगते षोडशलक्षकोटियोगिनी-स्वामिनि सर्वसत्त्ववशङ्करि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष लाकिनीपादुकायै नमः इति मणिपूरे न्यसेदित्यापतति।

डादि-फान्त अर्थात् 'ड'कार से 'फ'-पर्यन्त १० वर्ण। बिन्दु-नाद-कलायुक्त वाम कर्ण (ऊं) से विभूषित लमलवरयूं। इसके पूर्व लां-लीं। इसके आगे 'लाकिन्यै नमः।' इन वर्णों की इस तरह योजना करने से न्यासमन्त्र बना—'ह्रीं श्रीं क्लीं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं लां लीं लमरवरयूं लाकिन्यै नमः।'

पादुकामन्त्र—'लाकिनि मांसधातुगते षोडशलक्षकोटियोगिनी स्वामिनि सर्वसत्त्ववशंकरि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष लाकिन्यै नमः'।

मणिपूरक में इनका न्यास करें। तत्पश्चात् मणिपूरक चक्र के दस दलों में परिवारदेवताओं का पूजन करें।

[लाकिनीपरिवारदेवतान्यासः काकिनीध्यानोपदेशश्च]

डाकिनी चैव ढङ्कारी णाकिनी च तपस्विनी।
थानवी दक्षिणा धात्री नादा च पार्वती तथा।।२५१।।
फट्कारिणी क्रमादेता ध्यात्वा न्यसेत् समाहितः।
डादिफान्तेन संयुक्ता अथ ध्यायेच्च काकिनीम्।।२५२।।

अथ मणिपूरदशदलेषु लाकिनीपरिवाराणां दशानां न्यासमाह—डाकिनीत्यादिना। डादिफान्तेन संयुक्ता डाकिन्याद्या न्यसेदित्यर्थः। एवञ्च डं डाकिन्यै नमः, ढं ढङ्कार्यै नमः, णं णाकिन्यै नमः इत्यादिरूपः प्रयोगक्रमः पर्यवस्यति।

डाकिनी आदि शक्तियाँ इनकी परिवारदेवता हैं। इनके नामों के आगे उपर्युक्त 'ड'कारादि दस वर्णों में से एक-एक वर्ण की योजना करके न्यास करें। यथा—

डां-डाकिन्यै नमः। ढं-ढंकार्यै नमः। णं-णाकिन्यै नमः। तं-तपस्विन्यै नमः। थं-थानव्यै नमः। दं-दक्षिणायै नमः। धं-धात्र्यै नमः। नं-नादायै नमः। पं-पार्वत्यै नमः। फं-फट्कारिण्यै नमः।' अब काकिनी का ध्यान करें॥२५१-२५२॥

[काकिनीध्यानम्]

स्वाधिष्ठानाख्यपद्मे रसदलविलसत्काकिनीं मेदसंस्थां
पाशं शूलं वहन्तीं डमरुकमभयं धारिणीं पीतवर्णाम्।
दध्यन्नासक्तचित्तां सुरवरनमितां काकिनीं मत्तचित्तां
षट्पत्रैर्वादिलान्तैः परिवृतवपुषं भावयेत् योगिनीं ताम्।।२५३।।

देवी काकिनी स्वाधिष्ठान चक्र में स्थिता हैं। वे मेदधातु की स्वामिनी हैं। पीतवर्ण काकिनी के हाथों में पाश-शूल-डमरू और अभय मुद्रा है। 'ब'कार से 'ल'कार-पर्यन्त छः अक्षरों से शोभित छः दलों में आसीना देवी काकिनी का ध्यान करें, जो श्रेष्ठ देवताओं के द्वारा वन्दिता हैं और जो अपने भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करती हैं और जिन्हें दही और अन्न प्रिय है॥२५३॥

[काकिनीन्यासः]

बादिलान्तं तथा कां कीं कमलवरयूमथ।
काकिन्यै नम इत्यन्ते मेदोधातुगते ततः।।२५४।।

अष्टलक्षयोगिनीभिः स्वाधिष्ठाने प्रविन्यसेत्।
शेषं पूर्ववदुद्धृत्य बादिलान्तैः क्रमेण तु।।२५५।।

एवं काकिन्या ध्यानमुक्त्वा न्यासमाह—**बादिलान्तमित्यादिना**। एवञ्च ह्रीं क्लीं श्रीमित्याद्यन्यतमानन्तरं बं भं मं यं रं लं कां कीं क म ल व र यूं काकिन्यै नमः इति। ततश्च काकिनि मेदोधातुगतेऽष्टलक्षयोगिनी-स्वामिनि सर्वसत्त्ववशङ्करि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष काकिनीपादुकायै नमः इति स्वाधिष्ठाने न्यसेत् । अत्राष्टलक्षयोगिनीभिरित्यन्तमभिधाय शेषं पूर्ववदुद्धृत्येत्यनेनावशिष्टांशस्य संग्रह उक्त इति। अथास्याः परिवारदेवतान्यासमाह—**बादिलान्तैरित्यादिना**। तथा च बं बज्रिण्यै नमः, भं भद्रकाल्यै नमः इत्यादिक्रमेण स्वाधिष्ठानकमलषड्दलेषु न्यसेदित्यर्थः।

न्यासमन्त्र—ह्रीं श्रीं क्लीं के बाद 'बं भं मं यं रं लं' ये ६ वर्ण। फिर 'कां-कीं कमलवरयूं' के बाद 'काकिन्यै नमः'। इन वर्णों के संयोजन से न्यासमन्त्र निष्पन्न हुआ—ह्रीं श्रीं क्लीं बं भं मं यं रं लं वं कां कीं कमलवरयूं काकिन्यै नमः।

पादुका मन्त्र—काकिनि मेदोधातुगते अष्टलक्षयोगिनीस्वामिनि सर्वसत्त्व-वशंकरि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष काकिनीपादुकायै नमः।

न्यास करने के बाद बादि-लान्त ६ वर्णों के साथ उनकी परिवारदेवताओं का न्यास करें।।२५४-२५५।।

[काकिनीपरिवारदेवतान्यासः]

वज्रिणी भद्रकाली च महामाया यशस्विनी।
रामा लम्बोदरीत्येताः काकिनीवत् प्रविन्यसेत्।।२५६।।

परिवारदेवताओं का न्यास इन मन्त्रों से करना चाहिये—बं वज्रिण्यै नमः। भं भद्रकाल्यै नमः। मं महामायायै नमः। यं यशस्विन्यै नमः। रं रामायै नमः। लं लम्बोदर्यै नमः।।२५६।।

[साकिनीध्यानम्]

देवीं ज्योतिःस्वरूपां त्रिनयनविलसत्पञ्चवक्त्राभिरामां
हस्तैश्चापेषुपाशान् सृणिमपि दधतीं पुस्तकं ज्ञानमुद्राम्।
मूलाधारस्थपद्मे निखिलपशुजनोन्माथिनीमस्थिसंस्थां
दुग्धान्ने प्रीतियुक्तां मधुमदमुदितां साकिनीं भावयेत्ताम्।।२५७।।

भगवती साकिनी ज्योतिःस्वरूपा हैं। उनके पाँच मुख हैं। प्रत्येक मुख में तीन-तीन नेत्र हैं। हाथों में धनुष-बाण, पाश, सृणि पुस्तक और ज्ञानमुद्रा हैं। वे अस्थि-संस्था हैं अर्थात् हड्डियों की अधिष्ठात्री देवी हैं। मूलाधार पद्म में आसीना देवी साकिनी को दूध और अनाज का भोग प्रिय है। मधु के मद से प्रमुदित भगवती का ध्यान करना चाहिए।।२५७।।

[साकिनीन्यासः]

एवं ध्यात्वा तु मन्त्रज्ञो वादिवर्णं समुद्धरेत्।
सां सीं स म ल व र यूं साकिनीं ङेयुतां वदेत्।।२५८।।
हृन्मन्त्रञ्च समुच्चार्य अस्थिधातुगते ततः।
चतुर्लक्षयोगिनी च कोट्याधारे च पूर्ववत्।।२५९।।

साकिन्या ध्यानमुक्त्वा न्यासमाह—**वादिवर्णमित्यादिना।** अत्रापि पूर्ववत् ह्रीं क्लीं श्रीं इत्यनन्तरं वं शं षं सं सां सीं स म ल व र यूं साकिन्यै नमः इति। ततश्च साकिन्यस्थिधातुगते चतुर्लक्षकोटियोगिनी-स्वामिनि सर्वसत्त्ववशङ्करि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष साकिनीपादुकायै नमः इति मूलाधारे पूर्ववन्न्यसेत्। पूर्ववदित्यनेनावशिष्टांशस्य संग्रह उक्तः।

भगवती साकिनी का इस प्रकार ध्यान करके मूलाधार में उनका न्यास करें। 'वं शं षं सं' इन चार वर्णों के बाद 'सां सां समलवरयूं साकिन्यै नमः' की योजना करने से न्यासमन्त्र निष्पन्न होता है। इस मन्त्र के आगे पूर्ववत् 'ह्रीं क्लीं श्रीं' की योजना कर लेनी चाहिए। इस तरह समग्र न्यासमन्त्र बना—

ह्रीं क्लीं श्रीं वं शं षं सं सां सीं समलवरयूं साकिन्यै नमः।

पादुका मन्त्र—'साकिनी अस्थिधातुगते चतुर्लक्षकोटियोगिनी सर्वसत्त्ववशंकरि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष साकिनी पादुकायै नमः'।

मूलाधार में देवी साकिनी का न्यास करने के बाद उनकी वरदा आदि परिवार देवताओं का भी उनके चारो ओर न्यास करें।।२५८-२५९।।

[साकिनीपरिवारदेवतान्यासः]

वरदा श्रीः षण्डिका च सरस्वतीति विन्यसेत्।
वादिवर्णसमायुक्ता ध्यात्वैताः पूर्ववद् बुधः।।२६०।।

अथास्याः परिवारदेवतान्यासमाह—**वरदेत्यादिना।** वादिवर्णसमायुक्ता वरदाद्याश्चतस्रो मूलाधारपद्मे पूर्ववन्न्यसेदिति सम्बन्धः। एवञ्च वं वरदायै नमः, शं श्रियै नमः इत्यादिरूपः प्रयोगक्रमः।

'वं वरदायै नमः'। 'शं श्रियै नमः'। 'षं षण्डिकायै नमः'। 'सं सरस्वत्यै नमः।'—देवी साकिनी की परिवारदेवताओं के ये न्यासमन्त्र हैं।।२६०।।

[हाकिनीध्यानम्]

बिन्दुस्थां शुक्लवर्णां डमरुकरयुतामक्षसूत्रं कपालं
विद्यां मुद्रां दधानां त्रिनयनविलसद्वक्त्रषट्केन युक्ताम्।
हारिद्रान्ने प्रसक्तां मधुमदमुदितां शुक्लमज्जास्वरूपां
देवीं देवेन्द्ररत्नाकरनतिमुदितां भावयेत्तां विशुद्धाम्।।२६१।।

बिन्दुस्थामिति। भावयेद् भ्रूमध्ये आज्ञाचक्रे द्विदले इत्यर्थः।

देवी हाकिनी भ्रूमध्य में विराजिता हैं। उनके छः मुख हैं। प्रत्येक मुख में तीन-तीन नेत्र हैं। उनका वर्ण धवल शुक्ल है। हाथों में डमरू, माला, कपाल एवं ज्ञान-मुद्रा है। वे हरिद्रान्न से प्रसन्न होती हैं। मज्जा की अधिष्ठात्री देवी हैं। इन्द्र आदि देवताओं से नमस्कृता देवी हाकिनी का भ्रूमध्य में ध्यान करें॥२६१॥

[हाकिनीन्यासः]

हं क्षं हां हीं च ह म ल वरयूञ्च समुद्धरेत्।
हाकिनीं ङेयुतां प्रोच्य नमःकारं वदेद् बुधः।।२६२।।
मज्जाधातुगते चैव द्विलक्षकोटियोगिनी।
स्वामिनीति पदं पश्चात् सर्वसत्त्वादिकांस्ततः।।२६३।।

अथ न्यासमाह—**हं क्षमित्यादिना।** तथा चात्रापि पूर्ववत् ह्रीं क्लीं श्रीमित्याद्यन्यतमानन्तरं हं क्षं हां हीं ह म ल व र यूं हाकिन्यै नमः इति। ततश्च हाकिनि मज्जाधातुगते द्विलक्षकोटियोगिनी-स्वामिनि सर्वसत्त्ववशङ्करि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष हाकिनीपादुकायै नम इत्याज्ञाचक्रे न्यसेदिति फलितम्।

'ह्रीं क्लीं श्रीं' के बाद 'हं क्षं हां हीं हमलवरयूं हाकिन्यै नमः। इसके बाद—'हाकिनि मज्जाधातुगते द्विलक्षकोटियोगिनी स्वामिनि सर्वसत्त्ववशंकरि आज्ञां देहि मां रक्ष रक्ष हाकिनीपादुकायै नमः।'

उपर्युक्त मन्त्र से न्यास करने के बाद परिवारदेवताओं का भ्रूमध्य में ही न्यास करें।

[परिवारन्यासः]

पूर्ववद् विन्यसेन्मन्त्री ह-क्षाभ्यान्तु क्रमेण तु।
सरस्वतीं क्षमाञ्चैव हाकिनीवद् विभावयन्।।२६४।।

अथैतत्परिवारदेवतान्यासमाह—**ह-क्षाभ्यामित्यादिना।** तथा च हं सरस्वत्यै नमः, क्षं क्षमायै नमः इति भ्रूमध्ये द्विदले न्यसेत्। **हाकिनीवद् विभावयन्निति।** एतेन तत्तद्देवतापरिवारयोगिनीनामपि तत्तत्प्रधानयोगिनीरूपत्वमुन्नेयम्।

अत्रेवमवधेयम्—विशुद्धादितो मूलाधारक्रमेणाऽऽज्ञाचक्रपर्यन्तं तत्तच्चक्रदल-परिमाणेनाकारादिक्षकारान्तमातृकावर्णानामवस्थित्या दलसंख्यकमातृकावर्णपूर्वको डाकिन्यादीनां प्रधानयोगिनीनां न्यासः। तत्र तत्र पद्मे पत्रसमसंख्याकानां तत्तत्परिवार-योगिनीनान्तु पत्रेष्वेकैकाक्षरपूर्वक इति। पूर्वं षष्ठे प्रकाशे 'वसेदत्र देवी च डाकिन्य-भिख्ये'त्यादिना डाकिन्यादीनां मूलाधारादिस्थानानि निरूपितानि। न्यासे तु ततः क्रमभेद इति सुधीभिरवधेयम्।

परिवारदेवताओं के न्यासमन्त्र हैं—(१) हं सरस्वत्यै नमः। (२) क्षं क्षमायै नमः।

विमर्श—(१) डाकिनी आदि योगिनियों के साथ उनकी जिन परिवार-देवताओं का न्यास किया गया है, उन्हें भी प्रधान योगिनी के समनुरूप समझा जाय।

(२) प्रस्तुत ग्रन्थ के ६ठे प्रकाश में षट्चक्र-निरूपण के अन्तर्गत डाकिनी आदि का चक्रों में जो स्थान बताया गया है, वह न्यासस्थानों से भिन्न हैं। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह है कि स्थानों में क्रम-भेद है। इससे किसी सन्देह में नहीं पड़ना चाहिए।

[योगिनीन्यासस्य प्रस्थानान्तरम्]

अथापरः प्रकारश्च कुलामृतमये(ते) तथा।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।।२६५।।
वाराही च तथेन्द्राणी चामुण्डा सप्तमी भवेत् ।
अष्टमी च महालक्ष्मीर्वर्गाष्टाद्याः क्रमोदिताः।।२६६।।

अथ कुलामृतानुसारेण योगिनीन्यासस्य क्रमान्तरं दर्शयितुमुपक्रमते—**अथेत्यादिना। ब्राह्मीति।** अत्र कल्पे ब्राह्म्याद्यानां महालक्ष्म्यन्तानां योगिनीनामष्टानां पूर्वं क्रमेणाष्टौ वर्गान् संयोज्य न्यसेदिति वक्ष्यमाणेन सम्बन्धः।

'कुलामृत' नामक एक तन्त्रग्रन्थ में योगिनी-न्यास का एक अन्य क्रम बताया गया है। इस क्रम के अनुसार डाकिनी आदि के स्थान पर ब्राह्मी, माहेश्वरी आदि अष्ट मातृकाओं का न्यास किया जाता है। ये मातृकायें हैं—(१) ब्राह्मी, (२) माहेश्वरी, (३) कौमारी, (४) वैष्णवी, (५) वाराही, (६) इन्द्राणी, (७) चामुण्डा और (८) महालक्ष्मी।

वर्णमाला में वर्णों के आठ वर्ग हैं। इनमें से प्रत्येक वर्ग के वर्णों के साथ उपर्युक्त मातृकाओं का न्यास किया जाय।।२६५-२६६।।

[एतन्न्यासयोग्यान्यङ्गानि]

शिरोवदनकण्ठेषु हृदि नाभौ तथैव च।
लिङ्गे गुदे पादयोश्च क्रमादेता न्यसेदिति।
योगिनीन्यास उद्दिष्टः सर्वपापनिकृन्तनः।।२६७।।

एतन्न्यासयोग्यान्यङ्गान्याह—**शिर इत्यादिना।** क्रमात् शिर-आदिषु पदान्तेष्वङ्गेषु एता ब्राह्म्यादियोगिनीर्न्यसेदित्यर्थः। एवञ्च अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लं ॡं एं ऐं ओं औं अं अः ब्राह्म्यै नम इति शिरसि, कं खं गं घं ङं माहेश्वर्यै नम इति वदने, इत्यादिरूपो न्यासक्रमः पर्यवस्यति। उपसंहरति—**योगिनीत्यादिना।**

उपर्युक्त मातृकाओं के न्यस्तव्य अंग हैं—(१) शिर, (२) मुख, (३) कण्ठ, (४) हृदय, (५) नाभि, (६) लिंग, (७) गुदा और (८) पैर। योगिनी-न्यास करने से पाप कटते हैं॥२६७॥

विमर्श (प्रयोगक्रम)—

(१) अं आं ------------ अं अ: ब्राह्म्यै नम: — शिरसि
(२) कं खं गं घं ङं माहेश्वर्यै नम: — मुखे
(३) चं छं जं झं ञं कौमार्यै नम: — कण्ठे
(४) टं ठं डं ढं णं वैष्णव्यै नम: — हृदये
(५) तं थं दं धं नं वाराह्यै नम: — नाभौ
(६) पं फं बं भं मं इन्द्राण्यै नम: — लिंगे
(७) यं रं लं वं चामुण्डायै नम: — गुदे
(८) शं षं सं हं ळं क्षं महालक्ष्म्यै नम: — पादयो:

यह न्यासक्रम सर्वथा अप्रचलित है। शायद ही कोई साधक षोढान्यास के अन्तर्गत यह न्यास करता हो।

[राशिन्यासस्य कर्त्तव्यतोपदेश: (५)]

राशिन्यासं तत: कुर्यात् सर्वरक्षाकरं सदा।।२६८।।

राशिन्यासमवतारयति—**राशीत्यादिना**। तत इति निरुक्तयोगिनीन्यासानन्तरम्।

योगिनी न्यास के बाद राशि न्यास करना चाहिए। यह राशि बाधाओं से साधक को रक्षा करती है॥२६८॥

[राशीनां वर्णा:]

रक्तश्वेतहरिद्राभपाण्डुचित्रासितान् स्मरेत् ।
पिशङ्गपिङ्गलौ बभ्रुकूर्चरसितधूम्रभा:।।२६९।।

मेषादिराशीनां वर्णभेदानाह—**रक्तेत्यादिना**। एवञ्च मेषो रक्त:, वृष: श्वेत:। एवं क्रमेण मेषादिवर्णभेदा अवगन्तव्या:।

राशिन्यास करने के पूर्व राशियों का वर्णात्मक ध्यान करना चाहिए। मेष आदि राशियों का वर्ण (रंग) क्रमश: इस प्रकार है—

(१) लाल, (२) श्वेत, (३) हरित, (४) पाण्डु (पीत-धवल), (५) चित्र (चितकबरा), (६) असित अर्थात् काला, (७) पिशङ्ग (खाकी), (८) पिंगल (ललिमायुक्त भूरा), (९) बभ्रू (गहरा भूरा), (१०) कर्बूर (कबूतर के समान मटमैला), (११) असित और (१२) धूम्र॥२६९॥

अकारादिचतुर्वर्णैर्मेषं दक्षिणगुल्फके।
द्वन्द्वेन जानुनि वृषं वेदैर्मिथुनमण्डके।।२७०।।
द्वाभ्यां कर्कटकं कुक्षौ द्वन्द्वेनांसे च सिंहकम्।
बिन्दु-सर्ग-शवर्गैस्तु कन्यकां दक्षमस्तके।।२७१।।
वाममस्ते कवर्गेण तुलाख्यं वृश्चिकं ततः।
चवर्गेण तथा स्कन्धे कुक्षौ टाद्यैश्च धन्विनम्।।२७२।।
मकरन्तु तवर्गेण वृषणे विन्यसेत्ततः।
पवर्गेण तथा कुम्भं वामजानुनि विन्यसेत् ।।२७३।।
यवर्गश्च सवर्णे तु मीनाख्यं वामगुल्फके।।२७४।।

न्यासस्य क्रमं दर्शयति—**अकारेत्यादिना**। अत्रापि पूर्वं ह्रीं क्लीं श्रीमित्याद्यन्यतमबीजयोगः पूर्ववदुन्नेयः। एवञ्च दक्षिणगुल्फे—

(१) ह्रीं क्लीं श्रीं अं आं इं ईं मेषराशये नमः।
(२) ऐँ ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं मेषराशये नमः।
(३) ऐँ ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं मेषराशये नमः ऐँ ह्रीं श्रीं।
(४) क्लीं ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं मेषराशये नमः।

इत्यन्यतमरूपो न्यासक्रमो बोध्यः। एवं वृषादिष्वपि ज्ञेयम्। यथा—एषामन्यतममुच्चार्य उं ऊं वृषराशये नम इति दक्षजानुनि। ऋं ॠं ऌं ॡं मिथुनराशये नम इति दक्षवृषणे।

द्वाभ्यामिति। एं ऐँ कर्कटराशये नम इति दक्षकुक्षौ। ओं औं सिंहराशये नम इति दक्षस्कन्धे। **बिन्द्विति**। बिन्दुरनुस्वारः, सर्गो विसर्गः, शवर्गः श ष स ह ल क्षेति वर्णषट्कम्। एवञ्च अं अः शं षं सं हं लं क्षं कन्याराशये नम इति दक्षमस्तके, मस्तकस्य दक्षिणांशे इत्यर्थः।

वाममस्त इति। एवञ्च कं खं गं घं ङं तुलाराशये नम इति वाममस्तके। **चवर्गेणेति**। चं छं जं झं ञं वृश्चिकराशये नम इति वामस्कन्धे। **टाद्यैरिति**। टं ठं डं ढं णं धनुराशये नम इति वामकुक्षावित्यर्थः।

मकरमिति। तं थं दं धं नं मकरराशये नम इति वामवृषणे। **पवर्गेणेति**। पं फं बं भं मं कुम्भराशये नम इति वामजानुनि।

यवर्गश्चेति। अत्र ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले, गन्धर्वतन्त्रे नवमपटले च—

यवर्गेण क्षकारेण मीनं वामेऽथ गुल्फके।

इत्यभिधानात् यं रं लं वं क्षं मीनराशये नम इति वामगुल्फे न्यसेदिति लभ्यते। तन्त्रसारे यं रं लं वमित्येतावन्मात्रमातृकायोगो दृश्यते। अत्र 'यवर्गश्च सवर्णे तु' 'चवर्गचरमार्णैस्तु' इत्येतत् पादद्वयमेव प्रामादिकमिति प्रतिभाति।

न्यासविधि—इसमें प्रथम ६ राशियों का न्यास दक्षिण पादगुल्फ से प्रारम्भ कर शरीर के दक्षिण अंगों में तथा तुला से मीन-पर्यन्त ६ राशियों का न्यास शिर के वामभाग से प्रारम्भ कर वामगुल्फ तक किया जाता है। यथा—

(१) ह्रीं क्लीं श्रीं अं आं इं ईं मेषराशये नमः — दक्षिणगुल्फे
(२) ह्रीं क्लीं श्रीं उं ऊं वृषराशये नमः — दक्षिणजानुनि
(३) ह्रीं क्लीं श्रीं ऋं ॠं ऌं ॡं मिथुनराशये नमः — दक्षिणवृषणे
(४) ह्रीं क्लीं श्रीं एं ऐं कर्कराशये नमः — दक्षिणकुक्षौ
(५) ह्रीं क्लीं श्रीं ओं औं सिंहराशये नमः — दक्षिणस्कन्धे
(६) ह्रीं क्लीं श्रीं अं अः शं षं सं हं
ळं क्षं कन्याराशये नमः — दक्षमस्तके
(७) ह्रीं क्लीं श्रीं कं खं गं घं ङं तुलाराशये नमः — वाममस्तके
(८) ह्रीं क्लीं श्रीं चं छं जं झं ञं वृश्चिकराशये नमः — वामस्कन्धे
(९) ह्रीं क्लीं श्रीं टं ठं डं ढं णं धनुराशये नमः — वामकुक्षौ
(१०) ह्रीं क्लीं श्रीं तं थं दं धं नं मकरराशये नमः — वामवृषणे
(११) ह्रीं क्लीं श्रीं पं फं बं भं मं कुम्भराशये नमः — वामजानुनि
(१२) ह्रीं क्लीं श्रीं यं रं लं वं मीनराशये नमः — वामगुल्फे

[राशीनां वर्णनिरूपणे क्रमान्तरम्]

चाप-नीरज-युक्कन्याः पीताः स्युरुभयोस्त्वमी।
तुलामकरमेषाख्यकुलीरा रक्तरोचिषः।
चराः शेषाश्च चत्वारः स्थिराः श्वेताः पृथङ् मताः।।२७५।।

राशीनां वर्णभेदस्य न्यासस्थानानाञ्च प्रस्थानान्तरं प्रदर्शयन् आदौ वर्णभेदानाह—**चापेत्यादिना**।

इस श्लोक में राशियों के वर्ण का क्रमान्तर बताया गया है। इसके अनुसार चाप (धनु), नीरज (मीन), युक् (मिथुन) तथा कन्या का रंग पीला है। ये चारो उभय राशियाँ हैं।

तुला, मकर, मेष और कुलीर (कर्क)—ये चर राशियाँ हैं और इनका वर्ण लाल है।

शेष चार (वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ) स्थिर राशियाँ हैं और इनका रंग श्वेत है।।२७५।।

[न्यासस्थाननिरूपणे क्रमभेदः]

दक्षपादे तथा लिङ्गे दक्षकुक्षौ तथा हृदि।
दक्षपाणौ दक्षशिरःपार्श्वे वामे तथैव च।।२७६।।

शिरःपार्श्वे तथा वामे भुजे च हृदि वामतः।
वामकुक्षौ तथा लिङ्गे वामपादे न्यसेच्च वा।।२७७।।

दक्षपाद इति। कल्पेऽस्मिन् पूर्वोक्तक्रमेणैव बीजानि वर्गांश्च संयोज्य दक्षपादे मेषम्, लिङ्गदक्षांशे वृषम्, दक्षकुक्षौ मिथुनम्, हृदो दक्षांशे कर्कटम्, दक्षपाणौ सिंहम्, शिरसो दक्षपार्श्वे कन्याम्, वामपार्श्वे तुलाम्, वामपादे च मीनं न्यसेदिति पूर्वतो भेदः।

इन श्लोकों में राशिन्यास के न्यसनीय अंगों का दूसरा क्रम बताया गया है। इस क्रम के अनुसार दाहिने पैर में मेष का, लिंग के दक्षिण भाग में वृष का, दक्षिण कुक्षि में मिथुन का, हृदय के दाहिने भाग में कर्क का, दाहिने हाथ में सिंह का, दक्षिण पार्श्व में कन्या का, वामपार्श्व में तुला का, बाँयें हाथ में वृश्चिक का, हृदय के वाम भाग में धनु का, वाम कुक्षि में मकर का, लिंग के वाम भाग में कुम्भ का और बाँयें पैर में मीन का न्यास किया जाय।।२७६-२७७।।

[पीठन्यासः (६)]

पीठानि विन्यसेत् पश्चात् सर्वकर्ममयाणि च।

एवं षोढान्यासाङ्गभूतं गणेशादिन्यासपञ्चकमभिधाय चरमं पीठन्यासमाह—**पीठानीत्यादिना।**

राशिन्यास के बाद साधक को पीठन्यास करना चाहिए।

[तत्र पीठानां वर्णनिर्णयः]

सितारुणश्यामहरित्पीतान्यनुपमा क्रमात्।।२७८।।
पुनः पुनः क्रमेणैव पञ्चाशत्पीठसञ्चयः।
पीठानि संस्मरेन्मन्त्री सर्वकामार्थसिद्धये।।२७९।।

तत्र प्रथमं पीठानां वर्णभेदान् निर्वक्ति—**सितेत्यादिना।** पुनः पुनः सितारुणेत्याद्यावृत्त्या पीठानां वर्णा निर्णेया इत्यर्थः। तत्र तन्त्रसारे—

सितासितारुणश्यामहरित्पीतान्यनुक्रमात्।
पुनः पुनः क्रमाद्देवि पञ्चाशत्स्थानसञ्चयः।
श्यामान् वराभयकरान् सर्वालङ्कारभूषितान्।।

इति पीठध्यानमुक्तम्। मूले अनुपमेत्यनेन पीठानीत्यस्यान्वयानुपपत्तेरनुपमालक्षणवर्णाभावाच्चानुपमेति पाठश्चिन्त्यः।

भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र से भगवती सती के मृत देह के अंग और अवयव जिन-जिन स्थानों में गिरे, वहाँ-वहाँ एक-एक पीठ बन गया। इनमें से प्रत्येक पीठ से एक-एक मातृका उत्पन्न हुई। मातृका-सहित पीठों का न्यास करने से साधक का शरीर सर्वपीठमय बन जाता है। षोढा के अन्तर्गत यह छठवाँ न्यास है। न्यासक्रम में सर्वप्रथम पीठों का वर्ण बताया गया है।

इन पचास पीठों का वर्ण (रंग) क्रम-क्रम से श्वेत, अरुण, श्याम, हरा और पीला है। न्यास करने के पूर्व साधक इसी वर्ण-क्रम से पीठों का ध्यान करे॥२७८-२७९॥

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र (चतुर्दश पटल, श्लोकसंख्या ११२) में पीठों का रंग क्रम से श्वेत, काला, अरुण, श्याम, हरित और पीला बताया गया है (सितासितारुणश्यामहरित् पीतान्यनुक्रमात्)। वहीं आगे कहा गया है—

पीठानि संस्मरेद् विद्वान् सर्वमातृकया युतान्।
मातृकार्णैर्न्यसेद् विद्वान् सर्वकामार्थसिद्धये॥१४/११३

मातृकाओं के साथ पीठों का स्मरण करते हुए विद्वान् साधक एक-एक मातृका के साथ एक-एक पीठ का (मातृकान्यास के समान) न्यास करे।

[पीठानां नामानि]

कामरूपं महापीठं पीठं वाराणसीं ततः।
नेपालञ्च महापीठं पीठं वै पौण्ड्रवर्द्धनम्॥२८०॥
पुरस्थितं महापीठं चरस्थिरमतः परम्।
पूर्णशैलं महापीठम् अर्बुदञ्च तथाऽपरम्॥२८१॥
आम्रातकेश्वरं पीठम् एकाम्रञ्च तथाऽपरम्।
त्रिस्रोतःपीठममलं कामकोट्टमतः परम्॥२८२॥
कैलासं भृगुपीठञ्च केदारं चन्द्रपीठकम्।
श्रीपीठञ्च तथोङ्कारं जालन्धरमतः परम्॥२८३॥
मालवञ्च तथा पीठं कुलान्तं देविकोट्टकम्।
गोकर्णाख्यं महापीठं मारुतेश्वरमेव च॥२८४॥
अट्टहासञ्च विरजं राजगृहं महापथम्।
कोल्लगिर्यभिधं पीठमेलापुरमतः परम्॥२८५॥
कामेश्वरं महापीठं महापीठं जयन्तिका।
पीठमुज्जयिनीं चैव विचित्रं क्षीरिकाभिधम्॥२८६॥
हस्तिनापूरकं पीठमुड्डीशाख्यं प्रयागकम्।
कान्यकुब्जं महापीठं मायापुरजलेश्वरौ॥२८७॥
मलयञ्च महापीठं श्रीशैलाह्वयमेव च।
मेरुगिर्याख्यपीठञ्च पीठं गिरिवरं ततः॥२८८॥
महेन्द्रं वामनं पीठं हिरण्यपुरमेव च।
महालक्ष्मीपुरं पीठमुड्डीयानाख्यमुत्तमम्॥२८९॥
छायाच्छत्रञ्च पञ्चाशन्मातृकार्णं न्यसेत् क्रमात्।

पीठानां संज्ञाभेदानाह—**कामरूपमित्यादिना**। अत्र पञ्चाशन्मातृकार्णं न्यसेत् क्रमादित्यभिधानाद् एकैकमातृकापूर्वकम् एकैकपीठं न्यसेदिति बोध्यम्। अत्रापि पूर्ववद् बीजयोगः। एवञ्च—

(१) ह्रीं क्लीं श्रीं अं कामरूपपीठाय नमः इत्येकः क्रमः।

(२) ऐँ ह्रीं श्रीं अं कामरूपपीठाय नमः इति द्वितीयः।

(३) ऐँ ह्रीं श्रीं अं कामरूपपीठाय नमः ऐँ ह्रीं श्रीं इति तृतीयः।

(४) श्रीं ह्रीं क्लीं अं कामरूपपीठाय नमः इति चतुर्थः।

एवं वाराणस्यादिपीठानामपि पूर्वमेवंक्रमेणैव ह्रीं क्लीं श्रीमित्याद्यन्यतमबीजयोगं विधाय आं वाराणसीपीठाय नमः, इं नेपालपीठाय नमः इत्यादिक्रमेण एकैकसबिन्दु-मातृकापूर्वकं मातृकास्थानेषु न्यसेत्। तदुक्तं ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले—

पञ्चाशत्पीठविन्यासं मातृकावन्न्यसेत् सदा। इति।

अत्र योगिनीहृदय-ज्ञानार्णव-गन्धर्वादितन्त्रेषु पीठानां नामनिरूपणे परस्परं वैरूप्यं दृश्यते, तच्च तत्तदाकरेभ्योऽवगन्तव्यम्।

इन ११ श्लोकों में ५० (अर्थात् ५१) पीठों के नाम बताये गये हैं। एक-एक मातृका के साथ इनके न्यास का प्रयोग-क्रम (ह्रीं क्लीं श्रीं-सहित) निम्नानुसार है—

१. ह्रीं क्लीं श्रीं अं कामरूपापीठाय नमः — शिरसि
२. ह्रीं क्लीं श्रीं आं वाराणसीपीठाय नमः — मुखवृत्ते
३. ह्रीं क्लीं श्रीं इं नेपालपीठाय नमः — दक्षनेत्रे
४. ह्रीं क्लीं श्रीं ईं पौण्ड्रवर्धनपीठाय नमः — वामनेत्रे
५. ह्रीं क्लीं श्रीं उं पुरस्थिरपीठाय नमः — दक्षकर्णे
६. ह्रीं क्लीं श्रीं ऊं चरस्थिरपीठाय नमः — वामकर्णे
७. ह्रीं क्लीं श्रीं ऋं पूर्णशैलपीठाय नमः — दक्षनासापुटे
८. ह्रीं क्लीं श्रीं ॠं अर्बुदपीठाय नमः — वामनासापुटे
९. ह्रीं क्लीं श्रीं ऌं आम्रातकेश्वरपीठाय नमः — दक्षगण्डे
१०. ह्रीं क्लीं श्रीं ॡं एकाम्रपीठाय नमः — वामगण्डे
११. ह्रीं क्लीं श्रीं एं निःस्रोतपीठाय नमः — ओष्ठे
१२. ह्रीं क्लीं श्रीं ऐं कामकोटिपीठाय नमः — अधरे
१३. ह्रीं क्लीं श्रीं ओं कैलाशपीठाय नमः — ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ
१४. ह्रीं क्लीं श्रीं औं भृगुपीठाय नमः — अधोदन्तपंक्तौ
१५. ह्रीं क्लीं श्रीं अं केदारपीठाय नमः — ब्रह्मरन्ध्रे

१६. ह्रीं क्लीं श्रीं अ: चन्द्रपुरपीठाय नम: — मुखे
१७. ह्रीं क्लीं श्रीं कं श्रीपीठाय नम: — दक्षबाहुमूले
१८. ह्रीं क्लीं श्रीं खं ओंकारपीठाय नम: — दक्षकूर्परे
१९. ह्रीं क्लीं श्रीं गं जालंधरपीठाय नम: — दक्षमणिबन्धौ
२०. ह्रीं क्लीं श्रीं घं मालवपीठाय नम: — दक्ष अंगुलिमूले
२१. ह्रीं क्लीं श्रीं ङं कुलान्तपीठाय नम: — दक्ष अंगुल्यग्रे
२२. ह्रीं क्लीं श्रीं चं देवीकोटपीठाय नम: — वामबाहुमूले
२३. ह्रीं क्लीं श्रीं छं गोकर्णपीठाय नम: — वामकूर्परे
२४. ह्रीं क्लीं श्रीं जं मारुतेश्वरपीठाय नम: — वाममणिबन्धे
२५. ह्रीं क्लीं श्रीं झं अट्टहासपीठाय नम: — वाम अंगुलिमूले
२६. ह्रीं क्लीं श्रीं ञं विरजपीठाय नम: — वाम अंगुलिअग्रे
२७. ह्रीं क्लीं श्रीं टं राजगृहपीठाय नम: — दक्षपादमूले
२८. ह्रीं क्लीं श्रीं ठं महापथपीठाय नम: — दक्षजानुनि
२९. ह्रीं क्लीं श्रीं डं कोल्लगिरिपीठाय नम: — दक्षपादगुल्फे
३०. ह्रीं क्लीं श्रीं ढं एलापुरपीठाय नम: — दक्षपाद अंगुलिमूले
३१. ह्रीं क्लीं श्रीं णं कामेश्वरपीठाय नम: — दक्षपाद अंगुलिअग्रे
३२. ह्रीं क्लीं श्रीं तं जयन्तिकापीठाय नम: — वामपादमूले
३३. ह्रीं क्लीं श्रीं थं उज्जयिनीपीठाय नम: — वामजानुनि
३४. ह्रीं क्लीं श्रीं दं विचित्रपीठाय नम: — वामगुल्फे
३५. ह्रीं क्लीं श्रीं धं क्षीरिकापीठाय नम: — वामपाद अंगुलिमूले
३६. ह्रीं क्लीं श्रीं नं हस्तिपीठाय नम: — वामपाद अंगुल्यग्रे
३७. ह्रीं क्लीं श्रीं पं उड्डीशपीठाय नम: — दक्षपार्श्वे
३८. ह्रीं क्लीं श्रीं फं प्रयागपीठाय नम: — वामपार्श्वे
३९. ह्रीं क्लीं श्रीं बं कान्यकुब्जपीठाय नम: — पृष्ठे
४०. ह्रीं क्लीं श्रीं भं मायापुरपीठाय नम: — नाभौ
४१. ह्रीं क्लीं श्रीं मं जलेश्वरपीठाय नम: — उदरे
४२. ह्रीं क्लीं श्रीं यं मलयपीठाय नम: — हृदये
४३. ह्रीं क्लीं श्रीं रं श्रीशैलपीठाय नम: — दक्षिणस्कन्धे
४४. ह्रीं क्लीं श्रीं लं मेरुगिरिपीठाय नम: — ककुदि
४५. ह्रीं क्लीं श्रीं वं गिरिवरपीठाय नम: — वामस्कन्धे

४६. ह्रीं क्लीं श्रीं शं महेन्द्रपीठाय नमः — हृदयादिदक्षिणकरे
४७. ह्रीं क्लीं श्रीं षं वामनपीठाय नमः — हृदयादिवामकरे
४८. ह्रीं क्लीं श्रीं सं हिरण्यपुरपीठाय नमः — हृदयादिदक्षिणपादे
४९. ह्रीं क्लीं श्रीं हं महालक्ष्मीपुरपीठाय नमः — हृदयादिवामपादे
५०. ह्रीं क्लीं श्रीं ळं उड्डीयानपीठाय नमः — हृदयादि उदरे
५१. ह्रीं क्लीं श्रीं क्षं छायाछत्रपीठाय नमः — हृदयादि मुखे

विमर्श—(१) योगिनीहृदय, ज्ञानार्णवतन्त्र, गन्धर्वतन्त्र, तन्त्रसार आदि ग्रन्थों में पीठों के बारे में मतभेद हैं। इससे किसी संशय में नहीं पड़कर अपनी परम्परा के अनुसार न्यास करना चाहिये।

(२) यद्यपि उपर्युक्त २९०वें श्लोक की प्रथम पंक्ति में 'पञ्चाशन्मातृकार्णं' कहकर पचास मातृकाओं की बात कही गई है; मगर मातृकाओं की संख्या ५१ है। अतः पचास की संख्या को ५१ का उपलक्षण समझें। 'क्ष'कार के पूर्ववर्ती 'ळ'कार को निकाल देने से मातृकाओं की संख्या ५० ही रह जाती है। ध्यान दें—अन्तमार्तृकाक्रम में इस 'ळ'कार का न्यास नहीं किया जाता; क्योंकि षट्चक्रों में दलों की संख्या केवल ५० है। तन्त्र में इस 'ळ'कार को दूसरा 'ल'कार समझा और कहा जाता है। जहाँ केवल ५० मातृकायें अभीष्ट होती हैं, इस 'ळ'कार को निकाल दिया जाता है।

[षोढान्यासोपसंहारः]

षोढान्यासमिमं मन्त्री न्यसेत् साक्षात् स्वयं शिवः।।२९०।।

पञ्चाशदिति। पञ्चाशन्मातृकावर्णस्वरूपं पञ्चाशत्पीठकं न्यसेदित्यर्थः। एवञ्च मातृकाणां कामरूपादितत्तत्पीठस्वरूपत्वादेव तत्र तत्र योग उपदिष्टः। योगिनीहृदयेऽपि पूजासङ्केतप्रतिपादके तृतीयपटले कामरूपादिच्छायाच्छत्रान्तपीठनिरूपणानन्तरम्—

एते पीठाः समुद्दिष्टाः मातृकारूपकाः स्थिताः।

इत्यनेन मातृकारूपत्वं पीठानां व्यक्तमभिहितम्। एतेन गणेशादीनां पूर्वं प्रयोज्या मातृका अपि व्याख्याताः।

षोडेति। यदि न्यसेत्तदा साक्षात् शिवो भवेदिति सम्बन्धः।

षोढान्यास करने से मन्त्र-साधक स्वयं शिवस्वरूप हो जाता है॥२९०॥

[पीठन्यासप्रशस्तिः]

नास्त्यस्य पूज्यो लोकेऽस्मिन् पितृमातृमुखो जनः।
एवं ये न्यस्तदेहास्ते सम्पूज्याः सर्वयोगिभिः।।२९१।।

अपने जन्म से माता-पिता को धन्य करने वाला षोढान्यास-सिद्ध साधक संसार में सामान्य जनों की बात ही क्या, योगियों के लिये भी प्रणम्य और पूजनीय होता है॥२९१॥

[पीठन्यासाकरणे दोषः]

षोढान्यासविहीनो यः प्रणमेद् यदि साधकः।
सोऽचिरान्मृत्युमाप्नोति नरकञ्च प्रपद्यते।।२९२।।

साधकः षोढान्याससाधको यदि प्रणमेत् तदा षोढान्यासविहीनो यः सोऽचिरान्मृत्युमाप्नोतीति सम्बन्धः।

षोढान्यास-सिद्ध साधक यदि किसी ऐसे व्यक्ति को प्रणाम कर देता है, जिसे षोढान्यास सिद्ध नहीं है तो वह प्रणाम किया गया व्यक्ति शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। षोढान्यास-सिद्ध साधक से यदि कोई सामान्य व्यक्ति अपने को प्रणाम कराता है तो उसकी मृत्यु तो होती ही है, मृत्यु के बाद उसे घोर नरक में भी जाना पड़ता है।।२९२।।

[अथ सशक्तिककामन्यासः]

कामन्यासमथो वक्ष्ये त्रैलोक्यक्षोभकारकम्।।२९३।।

एवं गणेशादिपीठान्तपीठान्यासमभिधाय कामन्यासं वक्तुमुपक्रमते—**कामेत्यादिना**। तत्र प्रथममेव साधकानामभिमुखीकरणाय प्रशस्तिमाह—**त्रैलोक्येति**।

गणेश-ग्रह-नक्षत्र-योगिनी-राशि और पीठन्यास-समन्वित षोढान्यास की विधि बताने के बाद अब काम-रतिन्यास का विधान बताया जा रहा है। यह काम-रति न्यास तीनों लोकों में विक्षोभ उत्पन्न करने वाला है। न्यास करने के पूर्व कामदेव और उनकी शक्ति (रति) का ध्यान करना चाहिए।।२९३।।

[तत्र कामध्यानम्]

दाडिमीकुसुमाकारान् कामात् मोहनरूपकान्।
पुष्पबाणेषुकोदण्डशोभिताञ्छक्तिसंयुतान् ।।२९४।।

न्यासादौ न्यसनीयानां कामानां ध्यानमाह—**दाडिमीत्यादिना शक्तिसंयुतानित्यन्तेन**।

कामदेव का रूप अत्यन्त मोहक है। उनका वर्ण अनार के फूल के समान लालिमामय है। हाथों में फूलों के धनुष-बाण हैं। उनकी शक्ति (रति) उनके साथ ही विराजिता है।।२९४।।

[कामशक्तिध्यानम्]

सर्वालङ्कारसंयुक्ताः शक्तीः कुसुम्भसन्निभाः।
नीलोत्पलकराश्चैव त्रैलोक्याकर्षणक्षमाः।।२९५।।

शक्तीनामपि रत्यादीनां ध्यानमाह—**सर्वेत्यादिना**। एतेन वक्ष्यमाणक्रमेण सशक्तिकानामेव कामानां न्यासः कर्त्तव्य इति सूचितम्।

कामदेवों की शक्तियाँ फूलों के समान नाजुक हैं। वे सभी आभूषणों से विभूषिता हैं। अपने सौन्दर्य से सम्पूर्ण संसार का मन मोह लेने में सक्षम काम-शक्तियों के हाथों में नीले रंग का लीलाकमल है॥२९५॥

[पूर्वतो बीजयोगः]

काम-माया-रमाबीजैर्मातृकार्णैस्तनौ न्यसेत्।।२९६।

कामेति। पूर्वोक्ततत्तद्विशेषणविशिष्टवक्ष्यमाणकामतच्छक्तीः काममायारमा-बीजैर्मातृकार्णैश्च तनौ न्यसेदिति सम्बन्धः। तत्र कामः क्लीं, माया ह्रीं, रमा च श्रीमिति तैः। मातृकार्णैः अकारादिक्षकारान्तैर्मातृकावर्णैः पूर्वं नियोजितैरित्यर्थः।

न्यासमन्त्रों के आदि में 'क्लीं ह्रीं श्रीं' की योजना करें॥२९६॥

[न्यसनीयदेवतानामानि]

कामयुक्ता रतिश्चैव कामः प्रीतिश्च कान्तकः।
कामिनी सह वै भ्रान्तो मोहिन्या सहितस्ततः।।२९७।।
कामधुक् कमलायुक्तः कामचारो विलासिनी।
कर्णकल्पलते चैव कोमलः श्यामलान्वितः।।२९८।।
शुचिस्मिता कामयुक्तः कामवर्द्धनसंज्ञकः।
विस्मयासहितो रामो विशालाक्षीयुतो रसः।।२९९।।
विमलो लोहितायुक्तो रतिनाथदिगम्बरे।
रतिप्रियश्च रामा च रात्रिनायककुब्जिके।।३००।।
स्मरेण सहिता कान्ता रमणो नित्यया युतः।
निशाचरश्च कल्याणी नन्दनो भोगिनीयुतः।।३०१।।
नन्दीशः कामदायुक्तो मदनश्च सुलोचना।
सुलावण्यायुतश्चैव तथानन्दयिताभिधः।।३०२।।
निशाचरश्च मर्दिन्या रतिहंसस्तु तत्परम्।
कलहः प्रियया युक्तः पुष्पधन्वा च काङ्क्षिणी।।३०३।।
महाधनुश्च सुमुखी ग्रामणीर्नलिनीयुतः।
भीमश्च जटिनीयुक्तो भ्रामणः पालिनीयुतः।।३०४।।
भ्रमणः शिखिनीयुक्तः श्याममुग्धे ततः परम्।
भ्रामणो रमया युक्तो भृगुर्भूमिसुसंवृतः।।३०५।।
भ्रान्तश्चासवलोला च भ्रमावहसुचञ्चले।
मोहनो दीर्घजिह्वा च मेचकेन युता मतिः।।३०६।।
लोलाक्षीसहितो गुह्यो मोहवर्द्धनभृङ्गिणी।

मोहकश्च चपेटा च मन्मथो नाथया युतः।।३०७।।
मातङ्गो मालिनीयुक्तो भृङ्गिणा कलहंसिनी।
गायकेन समायुक्ता तथा वै विश्वतोमुखी।।३०८।।
गजनन्दिकया युक्तो गीतश्च तदनन्तरम्।
नर्त्तकः सह रञ्जिन्या लेखः कान्तिसमन्वितः।।३०९।।
उन्मत्तः कलकण्ठी च कनकश्च वृकोदरी।
श्यामया सहितो मेघो विमलश्च श्रिया सह।।३१०।।

निरुक्तक्रमपूर्वकं न्यसनीयानां कामतच्छक्तीनां नामानि निर्वक्ति—**कामयुक्तेत्यादिना**। एवञ्च क्लीं ह्रीं श्रीं अं कामरतिभ्यां नमः। क्लीं ह्रीं श्रीं आं कामप्रीतिभ्यां नमः। क्लीं ह्रीं श्रीं इं कान्तकामिनीभ्यां नमः। इत्येवं क्रमेण न्यसेदिति पर्यवस्यति। न्यासस्तु पूर्ववन्मातृकास्थानेषु कर्त्तव्यः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले—

मातृकार्णैर्न्यसेद्देवि मातृकावत् सदाऽनघे। इति।

स्पष्टमन्यत्।

इन श्लोकों में काम और शक्ति की युगल मूर्तियों के नाम बताये गये हैं। 'क्लीं ह्रीं श्रीं' के बाद एक मातृका और उसके बाद 'काम-शक्ति' के द्विवचन चतुर्थ्यन्त नाम की योजना करके मातृकान्यास के समान न्यास किया जाय। काम-रति न्यास का प्रयोग-क्रम निम्नानुसार है—

१. क्लीं ह्रीं श्रीं अं कामरतिभ्यां नमः — ललाटे
२. क्लीं ह्रीं श्रीं आं कामप्रीतिभ्यां नमः — मुखे
३. क्लीं ह्रीं श्रीं इं कान्तकामिनीभ्यां नमः — दक्षिणनेत्रे
४. क्लीं ह्रीं श्रीं ईं भ्रान्तमोहनीभ्यां नमः — वामनेत्रे
५. क्लीं ह्रीं श्रीं उं कामधुक्-कमलाभ्यां नमः — दक्षकर्णे
६. क्लीं ह्रीं श्रीं ऊं कामाचार-विलासिनीभ्यां नमः— वामकर्णे
७. क्लीं ह्रीं श्रीं ऋं कर्ण-कल्पलताभ्यां नमः — दक्षनासायाम्
८. क्लीं ह्रीं श्रीं ॠं कोमल-श्यामलाभ्यां नमः — वामनासायाम्
९. क्लीं ह्रीं श्रीं ऌं कामवर्धन-शुचिस्मिताभ्यां नमः — दक्षगण्डे
१०. क्लीं ह्रीं श्रीं ॡं राम-विस्मयाभ्यां नमः — वामगण्डे
११. क्लीं ह्रीं श्रीं एं रस-विशालाक्षीभ्यां नमः — ओष्ठे
१२. क्लीं ह्रीं श्रीं ऐं विमल-लोहिताभ्यां नमः — अधरे
१३. क्लीं ह्रीं श्रीं ओं रतिनाथ-दिगम्बराभ्यां नमः — ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ
१४. क्लीं ह्रीं श्रीं औं रतिप्रिय-रामाभ्यां नमः — अधोदन्तपंक्तौ

१५. क्लीं ह्रीं श्रीं अं रात्रिनायक-कुब्जिकाभ्यां नमः— ब्रह्मरन्ध्रे
१६. क्लीं ह्रीं श्रीं अः स्मर-कान्ताभ्यां नमः — मुखे
१७. क्लीं ह्रीं श्रीं कं रमण-नित्याभ्यां नमः — दक्षबाहुमूले
१८. क्लीं ह्रीं श्रीं खं निशाचर-कल्याणीभ्यां नमः — दक्षकूर्परे
१९. क्लीं ह्रीं श्रीं गं नन्दन-भोगिनीभ्यां नमः — दक्षमणिबन्धौ
२०. क्लीं ह्रीं श्रीं घं नन्दीश-कामदाभ्यां नमः — दक्ष अंगुलिमूले
२१. क्लीं ह्रीं श्रीं ङं मदन-सुलोचनाभ्यां नमः — दक्ष अंगुलि अग्रे
२२. क्लीं ह्रीं श्रीं चं नन्दयितृ-सुलावण्याभ्यां नमः— वाम बाहुमूले
२३. क्लीं ह्रीं श्रीं छं निशाचर-मर्दिनीभ्यां नमः — वामकूर्परे
२४. क्लीं ह्रीं श्रीं जं रतिहंस-कलहप्रियाभ्यां नमः — वाममणिबन्धौ
२५. क्लीं ह्रीं श्रीं झं पुष्पधन्वा-कांक्षिणीभ्यां नमः — वाम अंगुलिमूले
२६. क्लीं ह्रीं श्रीं ञं महाधनु-सुमुखीभ्यां नमः — वाम अंगुलि अग्रे
२७. क्लीं ह्रीं श्रीं टं ग्रामणी-नलिनीभ्यां नमः — दक्षपादमूले
२८. क्लीं ह्रीं श्रीं ठं भीम-जटिनीभ्यां नमः — दक्षजानुनि
२९. क्लीं ह्रीं श्रीं डं भ्रामण-पालिनीभ्यां नमः — दक्षगुल्फे
३०. क्लीं ह्रीं श्रीं ढं भ्रमण-शिखिनीभ्यां नमः — दक्षपाद अंगुलिमूले
३१. क्लीं ह्रीं श्रीं णं श्याम-मुग्धाभ्यां नमः — दक्षपाद अंगुलि अग्रे
३२. क्लीं ह्रीं श्रीं तं भ्रामण-रमाभ्यां नमः — वामपादमूले
३३. क्लीं ह्रीं श्रीं थं भृगु-भूमिभ्यां नमः — वामजानुनि
३४. क्लीं ह्रीं श्रीं दं भ्रान्त-आसवलोलाभ्यां नमः — वामगुल्फे
३५. क्लीं ह्रीं श्रीं धं भ्रमावह-सुचञ्चलाभ्यां नमः — वामपाद अंगुलिमूले
३६. क्लीं ह्रीं श्रीं नं मोहन-दीर्घजिह्वाभ्यां नमः — वामपाद अंगुलि अग्रे
३७. क्लीं ह्रीं श्रीं पं मेचक-मतिभ्यां नमः — दक्षपार्श्वे
३८. क्लीं ह्रीं श्रीं फं मुग्ध-लोलाक्षीभ्यां नमः — वामपार्श्वे
३९. क्लीं ह्रीं श्रीं बं मोहवर्धन-भृङ्गिणीभ्यां नमः — पृष्ठे
४०. क्लीं ह्रीं श्रीं भं मोहक-चपेटाभ्यां नमः — नाभौ
४१. क्लीं ह्रीं श्रीं मं मन्मथ-नाथाभ्यां नमः — उदरे
४२. क्लीं ह्रीं श्रीं यं मातङ्ग-मालिनीभ्यां नमः — हृदये
४३. क्लीं ह्रीं श्रीं रं भृङ्गी-कलहंसिनीभ्यां नमः — दक्षिणस्कन्धे
४४. क्लीं ह्रीं श्रीं लं गायक-विश्वतोमुखीभ्यां नमः— ककुदि
४५. क्लीं ह्रीं श्रीं वं गीत-गजनन्दिकाभ्यां नमः — वामस्कन्धे

४६. क्लीं ह्रीं श्रीं शं नर्तक-रञ्जिनीभ्यां नमः — हृदयाद् दक्षबाहु
४७. क्लीं ह्रीं श्रीं षं लेख-कान्तिभ्यां नमः — हृदयाद् वामबाहु
४८. क्लीं ह्रीं श्रीं सं उन्मत्त-कलकण्ठीभ्यां नमः — हृदयाद् दक्षपाद
४९. क्लीं ह्रीं श्रीं हं कनक-वकोदरीभ्यां नमः — हृदयाद् वामपाद
५०. क्लीं ह्रीं श्रीं ळं मेघ-श्यामाभ्यां नमः — हृदयाद् उदरे
५१. क्लीं ह्रीं श्रीं क्षं विमला-श्रीभ्यां नमः — हृदयाद् मुखे

[एतन्न्यासोपसंहारः]

अनेन न्यासयोगेन त्रैलोक्यक्षोभको भवेत्।।३११।।

कामरति न्याससिद्ध साधक तीनों लोकों को विक्षुब्ध कर सकता है। उसके पीछे पूरी दुनिया पागल हो जाती है।।३११।।

[अत्र नवयोनिन्यासोपदेशः]

बालाबीजत्रयावृत्त्या नवयोनिं न्यसेत्ततः।
श्रोत्रयोश्चिबुके शङ्खद्वये वदनके दृशोः।।३१२।।
नासायामंसयुगले हृदये कूर्परद्वये।
उदरे जानुयुगले लिङ्गमूले पदद्वये।।३१३।।
गुह्ये पार्श्वद्वये चैव उरसि स्तनयुग्मके।
कण्ठे च नवयोन्याख्यं न्यसेत् साधकसत्तमः।।३१४।।

अथ नवयोनिन्यासमाह—**बालेत्यादिना**। अत्र श्रोत्रादिकण्ठान्तेषु सप्तविंशतिस्थानेषु बालाबीजानाम् ऐँ क्लीं सौरित्येतल्लक्षणानां त्रयावृत्त्या त्रिरावृत्त्येत्यर्थः। यद्वा बालाबीजत्रयस्य आवृत्त्या त्रिरावृत्त्येत्यर्थः। नवयोनिं न्यसेदिति सम्बन्धः। अनेनैतदुक्तं भवति—निरुक्तानि श्रोत्रादीनि कण्ठान्तानि नवयोनिस्थानानि सप्तविंशतिसंख्याकानि। बालाबीजत्रयस्य च त्रिरावृत्तौ सप्तविंशतिर्बीजानि भवन्ति। तेषु च क्रमेणैकैकं बीजं निरुक्त एकैकस्मिन् स्थाने न्यसेदिति। एवञ्च दक्षकर्णे ऐँ नमः, वामकर्णे क्लीं नमः चिबुके सौः नमः। पुनर्दक्षगण्डे ऐँ नमः, वामगण्डे क्लीं नमः। मुखे सौः नमः। एवंक्रमेणान्येष्वपि स्थानेष्वेकैकं बीजं न्यसेदिति फलितम्। न च बालाबीजत्रयावृत्त्येत्यनेन प्रत्यङ्गं बीजत्रयेण न्यास उपदिष्ट इति वाच्यम्,

नवयोन्यात्मकं न्यासं कुर्यात् बीजैस्त्रिभिः क्रमात्।

इत्यादितन्त्रसारधृतनिबन्धतन्त्रवचने क्रमादित्यनेन एकैकबीजयोगस्योक्तत्वात्। अत एव तन्त्रसारकारैरपि 'आद्यबीजं दक्षकर्णे द्वितीयबीजं वामकर्णे तृतीयबीजं चिबुके' इत्यादिना एकैकबीजयोगः स्पष्टमभिहितः। त्रिपुरार्चनरहस्येऽप्येवमेव। शङ्खद्वये गण्डद्वय इत्यर्थः।

कान से कण्ठ-पर्यन्त २७ स्थानों में त्र्यक्षरी बाला विद्या के एक-एक बीज का न्यास नवयोनि न्यास है। यह न्यास सम्पूर्ण बाला विद्या की ९ बार आवृत्ति करके सम्पन्न किया जाता है। यथा—

(१) ऐं नमः दक्षकर्णे क्लीं नमः वामकर्णे सौः नमः चिबुके
(२) ऐं नमः दक्षगण्डे क्लीं नमः वामगण्डे सौ नमः मुखे
(३) ऐं नमः दक्षनेत्रे क्लीं नमः वामनेत्रे सौ नमः नासायाम्
(४) ऐं नमः दक्षिणस्कन्धे क्लीं नमः वामस्कन्धे सौ नमः हृदये
(५) ऐं नमः दक्षिणकूर्परे क्लीं नमः वामकूर्परे सौ नमः नाभौ
(६) ऐं नमः दक्षजानुनि क्लीं नमः वामजानुनि सौ नमः लिंगे
(७) ऐं नमः दक्षपादे क्लीं नमः वामपादे सौ नमः गुह्ये
(८) ऐं नमः दक्षिणपार्श्वे क्लीं नमः वामपार्श्वे सौ नमः हृदये
(९) ऐं नमः दक्षिणस्तने क्लीं नमः वामस्तने सौ नमः कण्ठे

विमर्श—चिबुक अर्थात् ठुड्डी। स्कन्ध अर्थात् कन्धा। कूर्पर अर्थात् कोहनी। जानु यानी घुटना। पार्श्व अर्थात् बगल।

योनि का अर्थ है—त्रिकोण। इस न्यास के लिये शरीर के तीन-तीन अंगों के कुल नौ (९) समूह या सेट बनाये गये हैं। इनमें से प्रत्येक सेट के अंगों को कल्पित रेखाओं से जोड़ें तो पूरे शरीर में ९ त्रिकोण बन जाते हैं। इसीलिये इसे 'नव योनि न्यास' कहा जाता है। भगवती बाला के पूजन यन्त्र में भी कुल ९ त्रिकोण हैं। अतः यह न्यास करने से साधक का शरीर भगवती बाला का अर्चन यन्त्रस्वरूप हो जाता है। भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का अर्चन यन्त्र (श्रीयन्त्र) भी मूलतः 'नव-योन्यात्मक' है। शेष भाग नव योनियों का विस्तार है।

बालाबीजत्रयेणैव चतुरस्रं विभाव्य च।
गोलकन्यासयोगेन श्रीचक्रं परिचिन्तयेत्।।३१५।।

ततः करणीयमाह—बालेति। एवं नवयोनिन्यासं विधाय बालाबीजत्रयेण श्रीचक्रं चतुरस्रं विभाव्य पुनर्बालयैव गोलकत्वेन श्रीचक्रं परिचन्तयेदिति सम्बन्धः। अत एव तन्त्रसारकारैरपि—

बालया त्रिपुरेशान्या नवयोन्यात्मकं न्यसेत्।

इति प्रकम्य 'प्रयोगस्तु भैरवोपकरणे उक्त' इत्यभिधाय च—

पुनर्बालां समुच्चार्य गोलकत्वेन विन्यसेत्।
पुनर्बालां समुच्चार्य चतुरस्रं विचिन्तयेत्।।

इत्यनेन निरुक्तचतुरस्रादिचिन्ताया नवयोनिन्यासाङ्गत्वमुक्तम्।

नवयोनि न्यास करने के बाद बाला मन्त्र के तीन बीजों से चतुरस्र की कल्पना करके बाला विद्या से ही गोलक न्यास योग से श्रीचक्र की भावना करें॥३१५॥

षट्चक्रे च ललाटे च सीमन्ते तच्छिरोविले।
नव स्थानानि सङ्कल्प्य विन्यसेत् साधकोत्तमः।।३१६।।

षट्चक्रेति। प्रागुक्तक्रमानुष्ठानानन्तरं बालबीजत्रयेण मूलाधारादिषु न्यसेदिति ज्ञेयम्। एवञ्च मूलाधारे ऐँ क्लीं सौः नमः। पुनः स्वाधिष्ठाने ऐँ क्लीं सौः नमः। एवंक्रमेण मणिपूरादिचक्रचतुष्टये ललाट-सीमन्त-शिरोविलेषु च न्यसेदिति फलितम्।

इसके बाद मूलाधार आदि षट्चक्रों में और ललाट, सीमन्त एवं ब्रह्मरन्ध्र में बाला विद्या का न्यास करें। यथा—

मूलाधारे—ऐं क्लीं सौः। स्वाधिष्ठाने—ऐं क्लीं सौः। मणिपूरके—ऐं क्लीं सौः।
अनाहते—ऐं क्लीं सौः। विशुद्धे—ऐं क्लीं सौः। आज्ञाचक्रे—ऐं क्लीं सौः।
ललाटे—ऐं क्लीं सौः। सीमन्ते—ऐं क्लीं सौः। ब्रह्मरन्ध्रे—ऐं क्लीं सौः।

विमर्श—आज्ञाचक्र अर्थात् भ्रूमध्य। इसके ऊपर ललाट है। ललाट का ऊपरी भाग सीमन्त कहलाता है।

[श्रीविद्यान्यासः]

श्रीविद्यां ब्रह्मरन्ध्रे तु पृष्ठतो गुह्यतः क्रमात् ।
मन्त्रवर्णं न्यसेत् पश्चादेकैकक्रमभेदतः।।३१७।।
मस्तके गुह्यदेशे च हृदि नेत्रत्रयेऽपि च।
कर्णयोर्वदने हस्तद्वये पृष्ठे ततः परम्।
जानुद्वये नाभिदेशे सम्पूर्णं ब्रह्मरन्ध्रके।।३१८।।

श्रीविद्यामिति। ब्रह्मरन्ध्रे पृष्ठे गुह्ये च, क ए ई ल ह्रीमित्यादिपञ्चदशाक्षरश्रीविद्यां न्यसेदित्यर्थः। **मन्त्रवर्णमिति।** मस्तकादिषु नाभ्यन्तेषु पञ्चदशस्थानेषु निरुक्तपञ्चदशाक्षरश्रीविद्यायां एकैकं वर्णं न्यसेदित्यर्थः। एवञ्च मस्तके कं नमः, गुह्ये एं नमः, हृदि ईं नमः इत्यादिरूपः प्रयोगक्रमः। **सम्पूर्णमिति।** ब्रह्मरन्ध्रे सम्पूर्णं निरुक्तपञ्चदशाक्षरमन्त्रं न्यसेदित्यर्थः।

ब्रह्मरन्ध्र में, पृष्ठ (पीठ) में तथा गुह्य में श्रीविद्या का न्यास करें। तत्पश्चात् मस्तक में, गुह्यदेश में, हृदय में, तीनों नेत्रों में, दोनों कानों में, मुख में, दोनों हाथों में, पीठ में, दोनों घुटनों में तथा नाभि (इन १२ स्थानों में) में श्रीविद्या के एक-एक अक्षर का न्यास करने के बाद ब्रह्मरन्ध्र में सम्पूर्ण श्रीविद्या का न्यास करें। यही श्रीविद्या न्यास है॥३१७-३१८॥

प्रयोगक्रम—कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं नमः—ब्रह्मरन्ध्रे। कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं नमः—पृष्ठे। कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं नमः—गुह्ये।

'कं' नमः—मस्तके। 'एं' नमः—गुह्ये। 'ईं' नमः—हृदये। 'लं' नमः—दक्षिणनेत्रे। 'ह्रीं' नमः—वामनेत्रे। 'हं' नमः—ललाटे (तृतीय नेत्रे)। 'सं' नमः—दक्षकर्णे। 'कं' नमः—वामकर्णे। 'हं' नमः—मुखे। 'लं' नमः—दक्षिणकरे। 'ह्रीं' नमः—वाम करे। 'सं' नमः—पृष्ठे। 'कं' नमः—दक्षजानुनि। 'लं' नमः—वामजानुनि। 'ह्रीं' नमः—नाभौ।

पुनः—'कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं' नमः—ब्रह्मरन्ध्रे।

[तिथिनित्यान्यासः]

तिथिनित्या न्यसेत् पश्चान्मातृकास्वरसंयुताः।
एकैकक्रमयोगेण साधकः स्थिरमानसः।।३१९।।

अथ षोडशनित्यान्यासमाह—**तिथिनित्या इत्यादिना**। तिथिनित्याश्च—

प्रथमा सुन्दरी नित्या महात्रिपुरसुन्दरी।
कामेश्वरी समाख्याता तथैव भगमालिनी।।

इत्याद्युक्तलक्षणाः कामेश्वरी-भगमालिनी-नित्यक्लिन्ना-भेरुण्डाद्याः। नित्यानामेतासां प्रतिपदादिपञ्चदश्यन्तासु तिथिषु क्रमेणोपास्यतया तिथिनित्यात्वम्। यत्तु तन्त्रसारादौ 'षोडशनित्यान्यास' इत्युक्तं तन्निरुक्तपञ्चदशनित्यान्ते न्यसनीयायाः पञ्चदशतिथिगामिन्याः श्रीविद्याया अन्तर्निवेशेनेति बोध्यम्। वक्ष्यति च स्वयमेव ग्रन्थकारः—'श्रीविद्यां विन्यसेन्मूर्ध्नि त्रिपञ्चतिथिगामिनीम्' इति। अत एव तन्त्रराजे सप्तमपटले—

षोडशानान्तु नित्यानां प्रत्येकं तिथिषु क्रमात्।
तत्त्तिथौ तद्भजनं जपहोमार्चनादिना।।
घृतञ्च शर्करा दुग्धमपूपं कदलीफलम्।
क्षौद्रं गुडं नारिकेलं फलं लाजां तिलं दधि।।
पृथुकं चणकं मुद्गं पायसञ्च निवेदयेत्।
प्रतिपत्तिथिमारभ्य क्रमात् पञ्चदशस्वपि।।
कामेश्वर्यादिशक्तीनां सर्वासामपि चोदिताम्।
आद्याया ललितायास्तु सर्वाण्येतानि सर्वदा।।

इत्यादिना कामेश्वर्यादीनां तत्त्तिथिषु, ललितायाः पुनः सर्वतिथिषु घृताद्युपचारकरणकपूजनोपदेशेन नित्यानां षोडशसंख्याकत्वं व्यक्तमुक्तम्। **एकैकेति**। एकैकक्रमयोगेणाकारादिविसर्गान्तमातृकायोगेनेत्यर्थः।

इसके पश्चात् साधक स्थिरचित्त होकर नित्या मन्त्रों के आदि में एक-एक स्वर-वर्ण की योजना करके एक-एक के क्रम से वक्ष्यमाण विधि से नित्याओं का न्यास करे।।३१९।।

विमर्श—भगवती महात्रिपुरसुन्दरी प्रथमा-नित्या है। कामेश्वरी आदि पन्द्रह नित्यायें और हैं। इस प्रकार नित्याओं की संख्या १६ है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारम्भ कर प्रत्येक तिथि को कामेश्वरी आदि एक-एक तिथिनित्या की पूजा की जाती है। प्रत्येक नित्या के मन्त्र के आदि में 'अ'कार इत्यादि एक स्वरवर्ण की योजना की जाती है। 'अः' की योजना प्रथम नित्या महात्रिपुरसुन्दरी के मन्त्र के आदि में करके प्रत्येक तिथि को नित्या के रूप में उनकी पूजा की जाती है। अगले ३३ श्लोकों में नित्यामन्त्रों का उद्धार, पूजनतिथि तथा न्यास का निरूपण किया गया है।

[तत्र कामेश्वरीन्यासः (१)]

तत्र तु प्रथमा नित्या कामेश्वरी वशङ्करी।
बालां वर्तुलहृत्प्रान्ते कामेश्वरिपदं ततः।।३२०।।
इच्छाकामफलप्रान्ते प्रदे सर्वपदं लिखेत्।
सत्त्ववशङ्करि प्रोच्य ततः सर्वजगत्पदम्।।३२१।।
क्षोभप्रान्ते करि ब्रूयात् कूर्चबीजत्रयं लिखेत् ।
पञ्चबाणान् समालिख्य विलोमेन कुमारिकाम्।।३२२।।
एषा कामेश्वरी नित्या पादाङ्गुष्ठे प्रविन्यसेत्।
प्रतिपत्तिथिमारभ्य यावत् पूर्णावसानकम्।।३२३।।

तत्र प्रथमां नित्यां निर्वक्ति—**कामेश्वरीत्यादिना**। वशङ्करीति कामेश्वरीविशेषणम्। तदुक्तं ज्ञानार्णवतन्त्रे पञ्चदशपटले—

कामेश्वरी महाविद्या सर्वलोकवशङ्करी।। इति।

न्यासार्थमस्या मन्त्रोच्चारमाह—**तत्रेत्यादिना**। बालाम् ऐँ क्लीं सौरिति बीजत्रयम्। वर्त्तुलं प्रणवः। कूर्चबीजत्रयं हुं हुं हुं। **पञ्चबाणानिति**। द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः इति पञ्चबाणमन्त्रस्त्वग्रे स्वयमेव वक्ष्यते। **विलोमेनेति**। एतेन सौः क्लीं ऐँ इति प्राप्तम्। स्पष्टमन्यत्। एवञ्च अं ऐँ क्लीं सौः ॐ नमः कामेश्वरि इच्छाकामफलप्रदे सर्वसत्त्ववशङ्करि सर्वजगत्क्षोभकरि हुं हु हुं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः सौः क्लीं ऐँ कामेश्वरीनित्याकलायै नमः इति पादाङ्गुष्ठे न्यसेदिति फलितम्। **प्रतिपदिति**। प्रतिपदः पञ्चदश्यन्तं प्रविन्यसेदिति पूर्वेण सम्बन्धः।

भगवती कामेश्वरी प्रथमा तिथिनित्या हैं। वे तीनों लोकों को अपने वश में करने वाली हैं।

(१) **कामेश्वरी नित्या का मन्त्र**—बाला विद्या के तीन बीज (ऐं क्लीं सौः), वर्तुल (ॐ), हृत् (नमः) के बाद क्रमशः 'कामेश्वरि', 'इच्छाफल' के बाद 'प्रदे' फिर 'सर्व' फिर 'सत्त्ववशङ्करि' के बाद 'सर्वजगत्' के बाद 'क्षोभकरि'। इसके बाद तीन बार 'हुं', इसके बाद पञ्च बाणबीज (द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः) इसके बाद विलोम-

क्रम से कुमारिका (सौ:-क्लीं-ऐं) की योजना करने से कामेश्वरी नित्या का मन्त्र निष्पन्न होता है।

मन्त्र-स्वरूप—ऐं क्लीं सौ: ॐ नम: कामेश्वरि इच्छाकामफलप्रदे सर्वसत्त्व-वशंकरि सर्वजगत् क्षोभकरि हुं हुं हुं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: सौ: क्लीं ऐं।

उक्त मन्त्र के आदि में 'अं' और मन्त्र के अन्त में 'कामेश्वरीनित्याकलायै नम:' की योजना करने से इनका पूजन/न्यासमन्त्र बनता है। प्रतिपदा (शुक्लपक्ष की) इनकी पूजन तिथि है। उक्त मन्त्र से दाहिने पैर के अंगूठे में न्यास किया जाता है॥३२०-३२३॥

विमर्श—तन्त्रान्तर के अनुसार 'कामेश्वरी' के तीन भेद हैं। यथा—(१) नित्या कला कामेश्वरी, (२) अतिरहस्ययोगिनी कामेश्वरी, जो जाग्रत् दशा की अधिष्ठात्री हैं और (३) स्वयं महात्रिपुरसुन्दरी।

[भगमालान्यास: (२)]

दक्षगुल्फे न्यसेद्देवीं भगमालां भगेश्वरीम्।
वाग्भवं भगशब्दान्ते भगे भगिनि संलिखेत्।।३२४।।
भगोदरि भगाङ्गे च भगमाले भगावहे।
भगगुह्ये भगप्रान्ते योनिभगनिपातिनि।।३२५।।
सर्वभगे भगवशङ्कर्यन्ते भगशब्दकम्।
रूपे नित्यपदस्यान्ते क्लिन्ने भगपदं तत:।।३२६।।
स्वरूपे सर्वशब्दान्ते भगानीति समुद्धरेत्।
मे ह्यानय स्वरूपान्ते वरदेऽथ समालिखेत्।।३२७।।
रेते पदात् सुरेते च भगक्लिन्ने ततो वदेत्।
क्लिन्नद्रवे तदन्ते च क्लेदय द्रावयेति च।।३२८।।
अमोघे भगविच्चे च क्षुभ क्षोभय सर्वत:।
सत्त्वान् भगेश्वरि ब्रूयाद् वाग्भवं ब्लूंजमित्यपि।।३२९।।
ब्लूं भें भों ब्लूं स्वरूपान्ते ब्लूं हें ब्लूं च वाग्भवम्।
ब्लूँ क्लिन्ने च पदस्यान्ते सर्वाणि च भगानि च।।३३०।।
मे वशमानय शब्दान्ते स्त्रीं ब्लूं च भुवनेश्वरीम्।
भगमाला महाविद्या योषित्क्लेदनकारिणी।।३३१।।

द्वितीयां भगमालिनीमाह—दक्षेत्यादिना। दक्षगुल्फे भगमालां न्यसेदित्यर्थ:। न्यासस्वरूपमाह—**वाग्भवमिति**। एवञ्च आं ऐँ भगभगे भगिनि भगोदरि भगाङ्गे भगमाले भगावहे भगगुह्ये भगयोनि भगनिपातिनि सर्वभगे भगवशङ्करि भगरूपे

नित्यक्लिन्ने भगस्वरूपे सर्वभगानि मे ह्यानय वरदे रेते सुरेते भगक्लिन्ने क्लिन्नद्रवे क्लेश्य द्रावयामोघे भगविच्चे क्षुभ क्षोभय सर्वसत्त्वान् भगेश्वरि ऐँ ब्लूं जं ब्लूं भें मों ब्लूं हें ब्लूं ऐँ ब्लूं क्लिन्ने सर्वाणि भगानि मे वशमानय स्त्रीं ब्लूं ह्रीं भगमालिनी-नित्याकलायै नमः। इति मन्त्रो निरुक्तप्रमाणानुसारेण पर्यवस्यति। भगाङ्ग इत्यत्र भगान्त इति पाठे भगभगमाले इति स्यात्। एतन्मन्त्रस्य क्रमभेदस्तु ज्ञानार्णवतन्त्रसारादावनुसन्धेय:।

(२) **भगमालिनी**—वाग्भव (ऐं) के बाद 'भग' के बाद 'भगे भगिनि' के बाद क्रमश: 'भगोदरि', 'भगाङ्गे', 'भगमाले', 'भगावहे', 'भगगुह्ये', 'भग' के बाद योनि, फिर 'भगनिपातिनि' के बाद 'सर्वभगे', 'भगवशंकरि', 'भगरूपे', 'नित्यक्लिन्ने' के बाद 'भग' फिर 'स्वरूपे', 'सर्व' के बाद 'भगानि' की योजना करें। इसके बाद 'मे ह्यानय' के बाद 'वरदे' फिर क्रमश: 'रेते', 'सुरेते', 'भगक्लिन्ने', 'क्लिन्नद्रवे' के बाद 'क्लेदय', 'द्रावय' के बाद 'अमोघे', 'भगविच्चे, 'क्षुभक्षोभय', 'सर्वसत्त्वान्', 'भगेश्वरि' के बाद 'ऐं ब्लूं', 'ब्लूं जं', 'ब्लूं भें भों' लिखकर 'ब्लूं हें', 'ब्लूं ऐं', 'ब्लूं क्लिन्ने' के बाद 'सर्वाणि भगानि मे वशमानय' के पश्चात् 'स्त्रीं ब्लूं ह्रीं' लिखें। इन वर्णों की योजना करने से देवी भगमालिनी का मन्त्र निष्पन्न होता है।।३२४-३३१।।

मन्त्र-स्वरूप—'ऐं भगभगे भगिनि भगोदरि भगाङ्के भगमाले भगावहे भगगुह्ये भगयोनि भगनिपातिनि सर्वभगे भगवशंकरि भगरूपे नित्यक्लिन्ने भगस्वरूपे सर्वभगानि मे ह्यानय वरदे रेते सुरेते भगक्लिन्ने क्लिन्नद्रवे क्लेदय द्रावय अमोघे भगविच्चे क्षुभ क्षोभय सर्वसत्त्वान् भगेश्वरि ऐं ब्लूं ब्लूं जं ब्लू भें भों ब्लूं हें ब्लूं ऐं ब्लूं क्लिन्ने सर्वाणि भगानि मे वशमानय स्त्रीं ब्लूं ह्रीं।'

उक्त मन्त्र के आदि में 'आं' और अन्त में 'भगमालिनीनित्याकलायै नम:' की योजना करने से इनका पूजन और न्यासमन्त्र बनता है। भगमालिनी का न्यास दाहिने गुल्फ में किया जाता है। पूजनतिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष में द्वितीया और कृष्णपक्ष में चतुर्दशी।

विमर्श—ज्ञानार्णव में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि देवी भगमालिनी का मन्त्र १४५ अक्षरों का है। उपर्युक्त स्पष्ट मन्त्र में १४५ अक्षर नहीं हैं। मन्त्रों में भी भेद है। ज्ञानार्णव के अनुसार 'स्त्रीं' के बाद केवल 'ब्लें' नहीं; अपितु 'हरब्लें' होना चाहिए।

[नित्यक्लिन्नान्यास: (३)]

तारो मायावाग्भवान्ते नित्यक्लिन्ने मदद्रवे।
वह्निजायान्वितो मन्त्रो नित्यक्लिन्नेयमीरिता।।३३२।।

अथ तृतीयां नित्यक्लिन्नामाह—**तार इत्यादिना**। एवञ्च इं ॐ ह्रीं ऐँ नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा नित्यक्लिन्नानित्याकलायै नम इति मन्त्रः पर्यवस्यति।

पराबीजं समुच्चार्य नित्यक्लिन्ने मदद्रवे।
अग्निजायान्वितो मन्त्रो नित्यक्लिन्नेयमीरिता।।

इति ज्ञानार्णवपञ्चदशपटलवचनानुसारेण तु इं ह्रीं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहेति मन्त्रो भवति। तत् प्रकारद्वयमिदमिति ज्ञेयम्।

नित्यक्लिन्ना—तार (ॐ), माया (ह्रीं) और वाग्भव (ऐं) के बाद 'नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा' की योजना करने से तृतीया नित्या—नित्यक्लिन्ना का मन्त्र बनता है।।३३२।।

मन्त्रस्वरूप—'ॐ ह्रीं ऐं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा'।

मन्त्र के आदि में 'इं' और अन्त में 'नित्यक्लिन्ना नित्यायै नमः' की योजना करने से पूजन और न्यासमन्त्र बनता है।

तृतीयां तिथिमासाद्य न्यसेत्तनौ समाहितः।।३३३।।

निरुक्तन्यासस्य कालं न्यासञ्चाह—**तृतीयामिति**।

इनकी पूजन तिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष की तृतीया और कृष्णपक्ष की त्रयोदशी। न्यासस्थान स्पष्ट नहीं है।

[भेरुण्डा (४)]

प्रणवं चाङ्कुशद्वन्द्वमध्ये भ्रोङ्कारमालिखेत्।।३३४।।
चवर्गमन्त्यहीनन्तु वह्नियुक्तं पृथग् लिखेत्।
चतुर्दशस्वरोपेतं नादबिन्दुसमन्वितम्।
वह्निजायान्वितो मन्त्रो भेरुण्डायाः प्रकाशितः।।३३५।।

चतुर्थीं भेरुण्डामाह—**प्रणवमित्यादिना**। आदौ प्रणवं लिखेत्। ततश्चाङ्कुशद्वन्द्वस्य क्रों क्रोमिति बीजद्वयस्य मध्ये भ्रोङ्कारं भ्रों इति बीजं लिखेत्। आदौ च चतुर्थस्वरयोगः, अनेन ईं ॐ क्रों भ्रों क्रोमित्यन्तं प्राप्तम्। ततश्च अन्त्यहीनं ञकाररहितं चवर्गं तच्च वह्नियुक्तं रकारयुतम्, तथा चतुर्दशस्वरेण औकारेणोपेतं तथा नादबिन्दुसमन्वितं नादबिन्दू प्रसिद्धौ ताभ्यामन्वितम्। वह्निजाया स्वाहा। पूर्ववदन्यत्। एवञ्च ईं ॐ क्रों भ्रों क्रों च्रौं छ्रौं ज्रौं झ्रौं स्वाहा भेरुण्डानित्याकलायै नमः इति मन्त्रः पर्यवस्यति।

(४) **भेरुण्डा**—प्रणव (ॐ)। अंकुशद्वय अर्थात् क्रों-क्रों। अन्तिम वर्ण 'ञ'कार को छोड़कर 'च'वर्ग के शेष चार अक्षर अर्थात् 'च' 'छ' 'ज' और 'झ' जो वह्नि (र) और नाद-बिन्दुयुक्त चतुर्दश स्वर अर्थात् 'औं' से विभूषित हों—अर्थात् च्रौं छ्रौं ज्रौं और झ्रौं। इस प्रकार ॐ के बाद 'क्रों' फिर 'भ्रों' फिर 'क्रों' तथा इसके बाद उक्त चार वर्ण 'च्रौं छ्रौं ज्रौं झ्रौं' और सबके अन्त में 'स्वाहा' की योजना करें। इस तरह चतुर्थी नित्या भेरुण्डा का मन्त्र निष्पन्न होता है।

मन्त्रस्वरूप—'ॐ क्रों भ्रों क्रों च्रौं छ्रौं ज्रौं झ्रौं स्वाहा'।

उक्त मन्त्र के आदि में चतुर्थ स्वर 'ईं' और अन्त में 'भेरुण्डानित्याकलायै नमः' की योजना करने से पूजन और न्यासमन्त्र बनता है।

चतुर्थ्यां योनिभागे तु विन्यसेत् साधकोत्तमः।।३३६।।

इनकी पूजन तिथियाँ हैं—शुक्ल पक्ष में चतुर्थी और कृष्णपक्ष में द्वादशी। भेरुण्डा का न्यास उपर्युक्त मन्त्र से योनिभाग में किया जाता है।

विमर्श—कामेश्वरी आदि नित्याओं का पूजन शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है। पूर्णिमा को 'विचित्रा' की पूजा करने के बाद कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को पुनः विचित्रा से प्रारम्भ करके विलोमक्रम से नित्याओं का पूजन किया जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ में शुक्ल पक्ष में नित्याओं की पूजन तिथियाँ तो बताई गई हैं; मगर कृष्णपक्ष में उनकी पूजातिथि का उल्लेख नहीं है। अतः विषय को स्पष्ट करने के लिये भाष्य में कृष्णपक्ष में भी इनकी पूजातिथि का उल्लेख कर दिया गया है।

सोलहवीं नित्या भगवती त्रिपुरसुन्दरी की पूजा 'मूल मन्त्र' के आदि में 'अः' की योजना करके प्रतिदिन मूल बिन्दु पर ही की जाती है; जबकि कामेश्वरी आदि नित्याओं का पूजन मूल-त्रिकोण की रेखाओं पर प्रतिरेखा पर पाँच-पाँच के क्रम से किया जाता है।

तान्त्रिक पञ्चाङ्ग के अनुसार सूर्योदय के समय की तिथि को अहोरात्र-व्यापिनी तिथि माना जाता है। अतः तिथिवृद्धि होने पर एक ही नित्या की दो दिनों तक और तिथिक्षय की स्थिति में एक ही दिन में दो नित्याओं की पूजा की जाती है। न्यासविधान को भी तदनुसार समझना चाहिए।

[वह्निवासिनी (५)]

भुवनेशीं समुद्धृत्य ङेयुतां वह्निवासिनीम् ।
हृदन्तां विन्यसेन्नाभौ पञ्चम्यां देशिकाग्रणीः।।३३७।।

पञ्चमीं वह्निवासिनीमाह—भुवनेशीमित्यादिना। भुवनेशी ह्रीं। एवञ्च उं ह्रीं वह्निवासिन्यै नमः वह्निवासिनीनित्याकलायै नमः इति नाभौ न्यसेदिति फलितम्।

वह्निवासिनी—भुवनेशी (ह्रीं) के बाद चतुर्थ्यन्त वह्निवासिनी (वह्निवासिन्यै) के बाद 'नमः' की योजना करें। मन्त्र-स्वरूप होगा—ह्रीं वह्निवासिन्यै नमः।

उक्त मन्त्र के आदि में 'उं' और अन्त में 'वह्निवासिनीनित्याकलायै नमः' की योजना करने से इनका पूजन-न्यास मन्त्र बनता है। वह्निवासिनी का न्यास नाभि में करें। पूजनतिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष की पञ्चमी और कृष्णपक्ष की एकादशी।

[महानित्येश्वरी (६)]

प्रणवं शम्भुवनितां फरेमात्मकमक्षरम्।
सविसर्गः शशी पश्चान्नित्यक्लिन्ने मदद्रवे।
अग्निजाया महानित्येश्वरीं षष्ठ्यां कुचे न्यसेत्।।३३८।।

षष्ठीं महानित्येश्वरीमाह—**प्रणवमित्यादिना**। अत्र प्रथमं प्रणवः, ततः शम्भुवनिता ह्रीं, ततः फरेमात्मकं फ्रें इति बीजम्, ततश्च विसर्गयुक्तः शशी सकारः, ततो नित्यक्लिन्न इत्यादि। सर्वादौ षष्ठस्वरयोगः। एवञ्च ऊं ॐ ह्रीं फ्रें सः नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा महानित्येश्वरी-नित्याकलायै नमः इति कुचे न्यसेदिति फलितम् । अत्र महावज्रेश्वरीति तन्त्रसारकाराः। ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले तु—

महाविद्येश्वरी नित्या प्रसङ्गेन मयेरिता।

इत्यनेन महाविद्येश्वरीति षष्ठ्या नित्यायाः संज्ञाभिहितेति दृश्यते।

महानित्येश्वरी—प्रणव (ॐ), शम्भुवनिता (ह्रीं) 'फ्रें'। इसके बाद सविसर्ग शशि अर्थात् 'सः'। इसके बाद 'नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा' की योजना करने से महानित्येश्वरी का मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—'ॐ ह्रीं फ्रें सः नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा'।

इस मन्त्र के आदि में 'ऊं' और अन्त में 'महानित्येश्वरी नित्याकलायै नमः' की योजना करने से इनका पूजन/न्यास मन्त्र बनता है। इनकी पूजनतिथि शुक्लपक्ष में षष्ठी और कृष्णपक्ष में दशमी है। न्यास दाहिने स्तन में करें।

[शिवदूती (७)]

मायाबीजं समुच्चार्य शिवदूत्यै नमो वदेत्।
सप्तम्यां विन्यसेदेनां शिवदूतीं स्वयं हृदि।।३३९।।

अथ सप्तमीं शिवदूतीं नित्यामाह—**मायाबीजमित्यादिना**। अत्र प्रथमं सप्तमस्वरस्ततो मायाबीजं ह्रीं। एवञ्च ऋं ह्रीं शिवदूत्यै नमः शिवदूतीनित्याकलायै नमः इति हृदि न्यसेदिति फलितम्।

शिवदूती—'ह्रीं शिवदूत्यै नमः'। इस मन्त्र के आदि में 'ऋं' और अन्त में 'शिवदूती नित्याकलायै नमः' की योजना करने से इनका पूजन/न्यासमन्त्र बनता है। पूजनतिथियाँ शुक्लपक्ष में सप्तमी और कृष्णपक्ष में नवमी हैं।

[त्वरिता (८)]

(२) इसी शक्तित्रिकोण (∇ अबस) की तिर्यक् रेखा 'अ-ब' को ईशान और अग्निकोण की ओर क्रमश: 'अ-१' तथा 'ब-१' बिन्दुओं तक लम्बी करें। अष्टार



के द्वितीय शक्तित्रिकोण (∇ कखग) के ∠ 'ग' के नीचे एक बिन्दु 'ग-१' बनायें। तत्पश्चात् 'अ-१' बिन्दु से एक अधोगामिनी शक्तिरेखा खींचें जो 'च' बिन्दु को काटती हुई 'ग-१' बिन्दु से मिल जाय। 'ब-१' बिन्दु से भी इसी प्रकार की रेखा खींचें, जो 'छ' बिन्दु को काटती हुई 'ग-१' बिन्दु से मिल जाय। इस तरह अन्तर्दशार का द्वितीय शक्तिकोण ∇ अ-१, ब-१, ग-१ बन गया।

(३) अष्टार के प्रथम शिवत्रिकोण Δ 'चछज' की आधारभूता तिर्यक् रेखा 'च-छ' को वायव्य और नैर्ऋत्य की ओर क्रमशः 'च-१' तथा 'छ-१' तक लम्बी करें। इसी त्रिकोण के ∠ 'ज' के ऊपर एक बिन्दु 'ज-१' बनायें। तत्पश्चात् 'च-१' और 'छ-१' बिन्दुओं से एक-एक ऊर्ध्वगामिनी शिवरेखा खींचें, जो क्रमशः 'अ' और 'ब' बिन्दुओं को काटती हुई 'ज-१' बिन्दु से मिल जाय। इस तरह अन्तर्दशार का प्रथम शिवत्रिकोण (Δ च१-छ१-ज१) बन गया।

(४) अष्टार के द्वितीय शक्ति त्रिकोण ∇ 'कखग' के ∠ 'ग' का स्पर्श करती हुई एक तिर्यक् रेखा 'घ-ड़' खींचें। इस रेखा के दोनों बिन्दुओं 'घ' और 'ड' को क्रमशः शिवत्रिकोण Δ चछज के 'च' और 'छ' बिन्दु से जोड़ दें। दूसरा शिवत्रिकोण Δ जघड बन गया।

इस तरह तीन शक्ति त्रिकाणों (अर्थात् ∇ ईईस ∇ अ१-ब१-ग१ तथा अन्तर्वर्ती ∇ कखग) तथा दो शिवत्रिकोणों (Δ च१-छ१-ज१ तथा Δ जघड) के परस्पर गुम्फन से इस अन्तर्दशार चक्र के चारो ओर १० छोटे-छोटे त्रिकोण बन गये।



[बहिर्दशारम्]

—तथाऽन्यद्दशकं लिखेत्।

अथ बहिर्दशारं सर्वार्थसाधकं चक्रमाह—**तथेति**। तथा निरुक्तदशारक्रमेणैवेदं बहिर्दशारं कुर्यात् नात्र कश्चिदपि विशेषोऽस्ति। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे पञ्चमपटले—

तथान्यदशकोणस्य निर्माणं परिकीर्त्यते।
दक्षिणोत्तरगास्वेवं रेखाः पञ्च भवन्ति याः।।
तासां रेखाद्वयं (त्रयं) मध्ये हित्वा पूर्वापरन्ततः।
बाह्यरेखाद्वयं देवि पूर्ववत् परिवर्धयेत्।।
तेन षट्कोणकं कृत्वा सन्धिभेदचतुष्टयम्।
कृत्वा रेखाद्वयं कुर्याद्दशकोणं यथा भवेत्।। इति।

बहिर्दशार—(१) अन्तर्दशार के प्रथम शक्ति-त्रिकोण ▽ 'इईस' की आधारभूता तिर्यक् रेखा 'इ-ई' को सीधी लम्बाई में क्रमशः 'उ' तथा 'ऊ' बिन्दुओं तक बढ़ायें। शक्ति-त्रिकोण ▽ 'अबस' के अधोवर्ती कोण ∠ 'स' के नीचे एक बिन्दु 'ए' बनायें। तत्पश्चात् 'इ' और 'ऊ' बिन्दुओं से दो अधोगामिनी शक्तिरेखायें इस प्रकार से खींचें, जो शिव-त्रिकोण Δ च१-छ१-ज१ के 'च-१' तथा 'छ१' बिन्दुओं को काटती हुई 'ए' बिन्दु से मिल जाय। इस तरह बहिर्दशार का प्रथम शक्ति-त्रिकोण ▽ 'उ ऊ ए' बन गया।

(२) शिव-त्रिकोण (Δ च१-छ१-ज१) के शीर्ष कोण ∠ ज-१ का स्पर्श करती हुई एक तिर्यक्-रेखा 'ओ-औ' खींचें। 'ओ' बिन्दु को 'इ' बिन्दु से और 'औ' बिन्दु को 'ई' बिन्दु से जोड़ दें। इस तरह ये दोनों बिन्दु (ओ-औ) अष्टार चक्र के प्रथम शक्ति-त्रिकोण 'अबस' के 'स' बिन्दु से जुड़ जायेंगी तथा अन्तर्दशार का द्वितीय शक्ति-त्रिकोण ▽ 'औ स औ' बन जायगा।

(३) अन्तर्दशार के शिव-त्रिकोण Δ च१-छ१-ज१ की आधारभूता 'च१-छ१' रेखा को दोनों ओर 'ट' और 'ठ' बिन्दुओं तक बढ़ायें। अब 'ट' बिन्दु से इस तरह ऊर्ध्वगामिनी पार्श्वरेखा खींचें, जो 'अ-१' तथा 'इ' बिन्दु का स्पर्श करती हुई ऊपर की ओर जाय। इसी तरह की पार्श्वरेखा 'ठ' बिन्दु से भी खींचें, जो 'ब-१' तथा 'ई' बिन्दु का स्पर्श करती हुई ऊपर की ओर जाय। ये दोनों रेखायें जिस बिन्दु पर परस्पर मिलें, उसे 'झ' बिन्दु कल्पित करें। इस तरह बहिर्दशार का प्रथम शिवत्रिकोण Δ 'टठझ' बन गया।

(४) शक्ति-त्रिकोण ▽ अ१-ब१-ग१ के अधोवर्ती कोण ∠ ग-१ का संस्पर्श करती हुई एक तिर्यक् रेखा 'त-थ' खींचें। इसके 'त' और 'थ' बिन्दुओं को शिव-त्रिकोण Δ को 'जघड' के 'घ' और 'ड' बिन्दुओं से जोड़ दें। इस तरह से दोनों बिन्दु 'ज' बिन्दु से भी जुड़ जायेंगी तथा बहिर्दशार का दूसरा शिव-त्रिकोण Δ तथज बन जायगा।

इस तरह चार शक्ति त्रिकोणों तथा तीन शिवत्रिकोणों से युक्त इस बहिर्दशार चक्र में चारो ओर १० छोटे-छोटे कोण हैं।


ल
१
झ
न
म
१४
२
ओ
१
औ
ह
क्ष
१३
१०
२
३
१
द
उ
ऊ
प
१२
९
२
३
फ
४
३
४
स
५
४
११
८
५
य
ट
ग
ठ
र
१०
७
५
६
ट१
त
ग
थ
ठ१
६
२
७
त१
थ१
८
ए
ब

[चतुर्दशारम्]

दशारवामदक्षे तु मध्यकोणचतुष्टयम्।।३३।।
वर्धयित्वा च षट्कोणं सन्धिभेदेन संलिखेत्।
कक्षमध्यगता रेखा वर्धयेत् कोणरूपत:।।३४।।
शेषं प्रवर्धयेन्मन्त्री दशकोणविधानत:।
यथा चतुर्दशारन्तु जायते चक्रमुत्तमम्।।३५।।

अथ चतुर्दशारं सर्वसौभाग्यदायकचक्रमाह—**दशारेत्यादिना चक्रमुत्तममित्यन्तेन।** प्रागुक्तदशारचक्रस्य वामतो दक्षतश्च मध्यकोणचतुष्टयं वर्धयित्वा, प्रागुक्तसन्धिभेदक्रमेण षट्कोणं संलिखेत्। एतदुक्तं भवति—दशारचक्रस्य पश्चिमतस्त्रिकोणत्रयस्य पूर्वतश्च त्रिकोणत्रयस्य त्यागे दशारस्य दक्षत: कोणद्वयं वामतश्च कोणद्वयमिति कोणचतुष्टय्मवशिष्यते। तत् कोणचतुष्टयं कोणघटकसरलरेखा इत्यर्थ:, प्रागुक्तक्रमेण वर्धयित्वा तत: प्रागुक्तषट्कोणवामदक्षकोणघटकरेखाचतुष्टयमित्यर्थ:, कोणरूपेण वर्धयेत्। एवं कृते कोणाष्टकं जायते। **शेषमिति।** अवशिष्टं कोणषट्कं प्रागुक्तदशकोणरीत्या वर्धयेत्। पूर्वपश्चिमान्तसरलरेखाद्वयं पूर्ववद् वर्द्धयित्वा दशारस्य

पश्चिमतः पूर्वतश्चैकैकां दक्षिणोत्तरायतां सरलरेखामाकृष्य दशारक्रमेण षट् कोणान् वर्धयेदित्येवाऽऽह—**दशकोणविधानत इत्यनेन। यथेति।** तथा प्रवर्धयेद् यथा उत्तमं चतुर्दशारं चक्रं जायत इति सम्बन्धः। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे पञ्चमपटले—

चतुर्दशारचक्रस्य निर्माणं कथ्यतेऽधुना।
दक्षिणोत्तरगास्वेवं रेखाः सप्त भवन्ति याः।।
तासां रेखाद्वयं हित्वा बाह्ये पूर्वापरन्ततः।
दीर्घं रेखाद्वयं मन्त्री पूर्ववत् परिवर्धयेत्।।
तेन षट्कोणकं कृत्वा सन्धिभेदचतुष्टयम्।
दशारीकृत्य तेनैव सन्धिभेदचतुष्टयात्।।
रेखाद्वयं वह्निः कुर्याद्रेखाः स्युर्नव पञ्च च।।
कल्पयेदथ तस्याग्रैरन्यकोणचतुष्टयम्।।
एवं चतुर्दशारं स्यात् विलोचनमनोहरम्।। इति।

चतुर्दशार चक्र—बहिर्दशार चक्र के शक्ति-त्रिकोण ∇ 'उ ऊ ए' की तिर्यक् रेखा 'उ-ऊ' की लम्बाई क्रमशः 'प' और 'फ' बिन्दुओं तक बढ़ायें। इसी त्रिकोण के अधोवर्ती कोण ∠ 'ए' के सिधान में एक बिन्दु 'ब' बनायें। अब 'प' बिन्दु से अधोगामिनी पार्श्वरेखा खींचें, जो 'ट' और 'त' बिन्दुओं को काटती हुई 'ब' रेखा से मिल जाय। इसी तरह की पार्श्वरेखा 'फ' बिन्दु से खींचें, जो 'ठ' और 'थ' बिन्दुओं को काटती हुई 'ब' बिन्दु से जुड़ जाय। इस तरह इस चक्र का प्रथम शक्ति-त्रिकोण ∇ 'प फ ब' बन गया।

(२) अन्तर्दशार के शिव-त्रिकोण Δ 'ट ठ झ' के शिरोवर्ती कोण ∠ 'झ' के सिधान में ऊपर की ओर एक बिन्दु 'ल' बनायें। इसी त्रिकोण की आधारभूता तिर्यक् रेखा 'ट ठ' को दोनों ओर 'य' और 'र' बिन्दु तक लम्बी करें। इस रेखा की लम्बाई 'प-फ' रेखा के बराबर होती है। अब 'य' बिन्दु से ऊर्ध्वगामिनी पार्श्व रेखा खींचें, जो 'उ' और 'ओ' बिन्दुओं को काटती हुई 'ल' बिन्दु से मिल जाय। इसी तरह 'र' बिन्दु से भी शिव-रेखा खींचें जो 'ऊ' और 'औ' बिन्दुओं को काटती हुई 'ल' बिन्दु से मिल जाय। इस तरह इस चक्र का प्रथम शिव-त्रिकोण Δ 'य र ल' बन गया।

शक्ति-त्रिकोण ∇ 'प फ ब' और शिव-त्रिकोण Δ 'य र ल' के परस्पर गुम्फन से चतुर्दशार चक्र का सम्पादक 'षट्कोण' बन जाने से इस चक्र के ६ छोटे-छोटे कोण बन गये। यथा—दाहिनी ओर ∇४ और Δ५। बाँयीं ओर ∇१२ तथा Δ११। पूर्व में Δ–१ तथा पश्चिम की ओर ∇८। (देखें चित्र)। अब इस चक्र के और ८ कोण बनाये हैं।

(३) शक्ति-त्रिकोण ∇ 'उएऊ' की दोनों पार्श्वरेखाओं को 'ओ-औ' रेखा की ऊँचाई तक क्रमशः 'ह' और 'क्ष' बिन्दु-पर्यन्त बढ़ायें। 'ह' बिन्दु को 'ओ' बिन्दु से तथा 'क्ष' बिन्दु को 'औ' बिन्दु से जोड़ दें। इस तरह इस चक्र का द्वितीय शक्ति-

त्रिकोण ∇ 'हएक्ष' बन गया। इस त्रिकोण के निर्माण से दो छोटे त्रिकोण बने। दाहिनी और ∇३ तथा बाँयी ओर ∇१३।

(४) शक्ति-त्रिकोण ∇ 'ओ औ स' की दोनों पार्श्वरिखाओं 'ओस' तथा 'औस' को ऊपर 'झ' बिन्दु की ऊँचाई के बराबर क्रमश: 'न' और 'म' बिन्दुओं तक बढ़ायें। कोण ∠ 'झ' का स्पर्श करती हुई तिर्यक् रेखा खींचकर 'न' और 'म' बिन्दुओं को परस्पर जोड़ दें। इस तरह इस चक्र का तृतीय शक्तिकोण ∇ 'नसम' बना। इस त्रिकोण से दाँयें और बाँयें बाजू में दो और त्रिकोण (∇२ और ∇१४) बन गये।

(५) दशार के शक्ति-त्रिकोण ∇अ१-ब१-ग१ के अधोवर्ती कोण ∠ ग-१ का संस्पर्श करती हुई एक तिर्यक् रेखा 'ट१'-'ठ१' खींचें। शिव-त्रिकोण Δ 'झटठ' के 'ट' और 'ठ' बिन्दुओं को इन 'ट-१' और 'ठ-१' बिन्दुओं से क्रमश: जोड़ दें। इससे पश्चिम की ओर दो और छोटे-छोटे (∇१० और ∇६) बन गये।

(६) बहिर्दशार के शिव-त्रिकोण Δ 'तथद' की दोनों पार्श्व रेखाओं 'तद' तथा 'दथ' को नीचे की ओर कोण ∠ 'ए' के बराबर क्रमश: 'त१' और 'द१' बिन्दुओं तक बढ़ायें। कोण ∠ 'ए' का संस्पर्श करती हुई एक तिर्यक् रेखा खींचकर इन दोनों बिन्दुओं को जोड़ दें। इस तरह दोनों पार्श्वों में दो और छोटे-छोटे त्रिकोण (त्रिकोणसंख्या ७ और ९) बन गये।



इस तरह चार नये त्रिकोणों के निर्माण-सहित बहिर्दशार चक्र के १० कोणों के विस्तार से १४ कोणों वाला चतुर्दशार चक्र बन गया।

[अष्टारादिचक्रत्रयम्]

वृत्तमष्टदलं वृत्तं षोडशारं त्रिवृत्तकम्।
भूबिम्बत्रितयं कार्यं चतुर्द्वारं तथैव च।।३६।।
तन्त्रचूडामणौ देव्या मतमीदृशमीरितम्।।३७।।

अथाष्टदलं सर्वसङ्क्षोभणाख्यं षोडशदलं सर्वाशापरिपूरकाख्यं चतुरस्रं त्रैलोक्यमोहनाख्यं चक्रञ्चाऽऽह—**वृत्तमित्यादिना**। स्पष्टम्। अत्राष्टदलषोडशदलयोर्मूले वृत्तं सीमार्थमेव। षोडशदलाद् बहिर्वृत्तत्रयमपि न पूजार्थम्—

वृत्तत्रयं महेशानि न पूजायां निगद्यते।

इति गन्धर्वतन्त्रपञ्चमपटलवचनात्। चक्रमिदं संक्षिप्याऽऽह तन्त्रसारधृतयामले—

बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्ममन्वस्रनागदलसङ्गतषोडशारम् ।
वृत्तत्रयञ्च धरणीसदनत्रयञ्च श्रीचक्रराजमुदितं परदेवतायाः।। इति।

एतद्यन्त्रघटकपद्मे केशरकल्पननिषेधमाह तन्त्रसारधृतभूतभैरवे—

योऽस्मिन् यन्त्रे महेशानि केशराणि प्रकल्पयेत्।
योगिनीसहितास्तस्य हिंसां कुर्वन्ति भैरवाः।। इति।

अष्टदल और षोडशदल—चतुर्दशार चक्र बनाने के बाद उसे 'वृत्त' से घेर दें। इस 'वृत्त' के ऊपर यथा अनुपात पर्याप्त अन्तर देकर दूसरा 'वृत्त' बनायें। दोनों वृत्तों के मध्य में जो स्थान है, उसमें अष्टदल कमल बनायें। अष्टदल कमलों को वृत्त से घेर दें। इस वृत्त पर षोडशदल कमल बनायें। कमल दल बनाते समय यह ध्यान रखें कि चारो दिशाओं में कमलदलों के मुख भूपुर के द्वारों की ओर होना चाहिए।

जब सम्पूर्ण श्रीचक्र बन जाय तब मूल त्रिकोण के मध्य में बिन्दुचक्र अंकित करें।

षोडशदल कमलों पर तीन वृत्त बनायें। इन वृत्तों को घेरता हुआ चार द्वारों से युक्त तीन रेखाओं वाला 'भूपुर' बनायें। इस तरह सम्पूर्ण श्रीचक्र प्रस्तुत हो गया।

[अत्र विशेषः]

कुलोड्डीशमते दिक्षु मूलं पूर्वादितो भवेत्।

[बिन्दुचक्रस्य सर्वचक्रमध्यवर्त्तित्वम्]

सर्वमध्यत्रिकोणे तु बिन्दुचक्रं लिखेद् बुधः।।३८।।

एवं तन्त्रचूडामणिसंवादेन श्रीचक्रनिर्माणपरिपाटीमभिधाय कुलोड्डीशसंवादेन नव चक्राणि विभजते—**कुलेत्यादिना**। नव चक्राणि तेषां नामानि च योगिनीहृदये प्रथमपटले क्रमेण प्रदर्शितानि यथा—

चक्रस्य नवधात्वञ्च कथयामि तव प्रिये।
आदिमं भूत्रयेण स्याद् द्वितीयं षोडशारकम्।।

अन्यदष्टदलं प्रोक्तं मनुकोणमनन्तरम्।
पञ्चमं दशकोणं स्यात् षष्ठञ्चापि दशारकम्।।
सप्तमं वसुकोणं स्यान्मध्यत्र्यस्रमथाष्टमम्।
नवमं त्र्यस्रमध्यं स्यात् तेषां नामान्यतः शृणु।।
त्रैलोक्यमोहनं चक्रं सर्वाशापरिपूरकम्।
सर्वसंक्षोभणं देवि सर्वसौभाग्यदायकम्।
सर्वार्थसाधकं चक्रं सर्वरक्षाकरं परम्।।
सर्वरोगहरं देवि सर्वसिद्धिमयं तथा।
सर्वानन्दमयञ्चापि नवमं शृणु सुन्दरि।। इति।

एवञ्चात्र नवमं त्र्यस्रमध्यं स्यादित्यनेन यत् सर्वानन्दमयं चक्रमुक्तं तदेव सर्वमध्येत्यादिना मूले समुद्दिष्टम्—

अत्र पूज्या महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी।

इति योगिनीहृदयप्रथमपटलवचनेनास्य प्राधान्यात् प्रथममभिधानम्, विशेषस्त्वग्रे वक्ष्यते। बिन्दुचक्रं शिवात्मकमध्यबिन्दुमित्यर्थः—'सर्वानन्दमयं मध्यबिन्दुस्थानं शिवात्मकम्।' इति तन्त्रराजपञ्चमपटलवचनात्।

'कुलोड्डीश' तन्त्र के अनुसार श्रीयन्त्र का अंकन पूर्वादि क्रम से किया जाय। सर्वमध्य त्रिकोण अर्थात् मूलत्रिकोण के मध्य में बुद्धिमान् साधक बिन्दु-चक्र की रचना करे।।३८।।

[त्रैलोक्यमोहनचक्रम्]

त्रैलोक्यमोहनं नाम चतुरस्रं सुखप्रदम्।
मुक्ताभं चिन्तयेन्मन्त्री मातृकार्णैर्विमण्डितम्।।३९।।

अथ क्रमेण त्रैलोक्यमोहनादिनवचक्राणि विवृणोति—**त्रैलोक्येत्यादिना।** चतुरस्रं भूपुरम्, तच्च परितो रेखात्रयात्मकम्, भूबिम्बत्रितयं कार्यमिति प्रागुक्तत्वात्,

भूबिम्बत्रयमेतत् पश्यन्त्यादित्रिमातृविश्रान्तिः।

इति कामकलाविलासोक्तेश्च। मध्यत्रिकोणादाविर्भूता पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरीशक्तयो निरुक्तभूपुरत्रयपर्यन्तं चकासतीत्यर्थः। मुक्ताभं श्वेतवर्णमित्यर्थः।

त्रैलोक्यमोहने चक्रे बुद्धञ्च परिपूजयेत्।
ब्रह्मविष्णुशिवाख्यास्तास्तिस्रो रेखाश्च तन्निभाः।।

इति गन्धर्वतन्त्रचतुर्थपटलवचनेन तु रेखाणां क्रमेण तदधिष्ठातृब्रह्मविष्णुशिववर्णत्वमभिहितम् । तेन क्रमादेतासां रक्तकृष्णश्वेतवर्णत्वं निरुक्तगन्धर्ववचनादवगम्यते। मातृकार्णैरिति अकारादिक्षकारान्तमातृकावर्णैरित्यर्थः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे दशमपटले—

चतुरस्रं मातृकार्णैर्मण्डितं सिद्धिहेतवे।
मुक्तामाणिक्यघटितं समस्थलविराजितम्।।
त्रैलोक्यमोहनं नाम कल्पद्रुमफलप्रदम्।। इति।

त्रैलोक्यमोहन चक्र—चतुर्द्वारयुक्त त्रिरेखात्मक भूपुर का नाम त्रैलोक्यमोहन चक्र है। अकारादि-क्षकारान्त मातृकाओं से अलंकृत इस चक्र का वर्ण मोतियों की तरह धवल और शुभ्र है।।३९।।

विमर्श—मध्य-त्रिकोण से आविर्भूता पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी वाक्-शक्तियाँ मध्य त्रिकोण से भूपुर-पर्यन्त समस्त चक्रों में विलसित होती हैं। भूपुर की इन तीन रेखाओं पर ब्रह्मा-विष्णु और शिव का अधिष्ठान है। अतः अपने अधिष्ठातृ देवताओं के वर्णों के अनुरूप इन रेखाओं का वर्ण (रंग) भी यथाक्रम रक्त, कृष्ण और श्वेत है।

[सर्वाशापरिपूरकचक्रम्]

शरदिन्दुप्रतीकाशं षोडशारं मनोरमम्।
सर्वाशापूरकं नाम षोडशस्वरसंयुतम्।।४०।।

अथ षोडशदलात्मकं सर्वाशापरिपूरकचक्रमाह—शरदिन्द्वित्यादिना। शरदिन्दु-प्रतीकाशं शरत्कालीनचन्द्रसदृशवर्णविशिष्टम्। तदुक्तं ज्ञानार्णवे दशमपटले—

षोडशारं चन्द्रबिम्बरूपन्तु सकलालयम्।
सर्वाशापूरकं भद्रे स्रवत्पीयूषवर्षणम्।। इति।

षोडशारं षोडशदलम्। मनोमयम्। अत्र मनःपदं भूतपञ्चकेन्द्रियदशकमनसां देव्याः षोडशविकाराणामुपलक्षकम्। निरुक्तषोडशविकाराः कामाकर्षिण्यादिषोडशशक्त्याकारेण षोडशदलान्यध्यासत इति तात्पर्यम्। व्यक्तमाह कामकलाविलासे—

भूतानीन्द्रियदशकं मनश्च देव्या विकारषोडशकम्।
कामाकर्षिण्यादिस्वरूपतः षोडशारमध्यास्ते।। इति।

षोडशस्वरसंयुतम् अकारादिषोडशस्वरविशिष्टम्। षोडशपत्रेषु क्रमेण षोडश स्वरा वर्त्तन्त इत्यर्थः।

सर्वाशापूरक-चक्र—सोलह कमलदल वाले चक्र का नाम 'सर्वाशा-परिपूरक' है। इसका वर्ण शरत् कालीन चन्द्रमा की तरह धवल है। इसके एक-एक कमल-दल पर 'अ'कारादि एक-एक स्वरवर्ण अंकित हैं।।४०।।

[सर्वसंक्षोभणचक्रम्]

जवाकुसुमसङ्काशमष्टपत्रं सुशोभनम्।
सर्वसंक्षोभणं नाम कादिवर्गाष्टकैर्युतम्।।४१।।

अथाष्टदलात्मकं सर्वसंक्षोभणचक्रमाह—**जवेत्यादिना**। जवाकुसुमसङ्काशं जवाकुसुमवद्रक्तवर्णम्। अष्टपत्रमष्टदलम्। कादिवर्गाष्टकैर्युतम्, पञ्चदलेषु कादिपञ्चवर्गाः। षष्ठदले यरलवाः। सप्तमदले शषसहाः। अष्टमदले लक्षाविति वर्गाष्टकावस्थितिक्रमः।

सर्वसंक्षोभण चक्र—आठ कमल वाले चक्र का नाम सर्व-संक्षोभण चक्र है। इसका वर्ण जवा-कुसुम के समान लाल है। वर्णमाला के 'क'कारादि आठ वर्ग इस चक्र के आठ दलों में क्रम से अंकित हैं॥४१॥

[निरुक्तत्रितयात्मकं सृष्टिचक्रम्]

एतच्चक्रमयं रम्यं सृष्टिकारकमुत्तमम्॥४२॥

एतत्त्रितयस्य सृष्टिचक्रत्वमाह—**एतदित्यादिना**। एतच्चक्रमयं निरुक्तत्रैलोक्यमोहनसर्वाशापरिपूरकसर्वसंक्षोभणाख्यचक्रत्रयमयमित्यर्थः। ज्ञानार्णवे दशमपटलेऽपि—

एतत्त्रयं महेशानि सृष्टिचक्रं सुखप्रदम्।

इत्युक्तम्। विशेषस्तु कामकलाविलास योगिनीहृदयादिषु द्रष्टव्यः।

त्रैलोक्यमोहन, सर्वाशापरिपूरक तथा सर्वसंक्षोभण चक्र को समष्टि रूप से 'सृष्टिचक्र' कहते हैं।

विमर्श—सर्वसंक्षोभण चक्र के पाँच दलों में क्रम से (१) 'क'कार, (२) 'च'कार, (३) 'ट'कार, (४) 'त'कार, (५) 'प'कार वर्ग के सभी २५ व्यञ्जन वर्ण अंकित हैं। छठवें दल में 'य-र-ल-व' ये चार वर्ण, सातवें दल में 'श-ष-स-ह' ये चार वर्ण तथा आठवें दल में 'ळ-क्ष'—ये दो वर्ण अंकित हैं।

[सर्वसौभाग्यदायकचक्रम्]

चतुर्दशारकोणन्तु नवीनार्कसमप्रभम्।
सर्वसौभाग्यदं नाम कादिढान्तैर्विभूषितम्॥४३॥

एवं सृष्ट्यात्मकचक्रत्रयमुक्त्वा स्थित्यात्मकचक्रत्रये वक्तव्ये क्रमप्राप्तं सर्वसौभाग्यदायकं चक्रमाह—**चतुर्दशारेत्यादिना**। चतुर्दशारकोणमिति स्पष्टम्। नवीनार्कसमप्रभं भास्वररक्तवर्णम्। तदुक्तं ज्ञानार्णवे दशमपटले—

चतुर्दशारं देवेशि दाडिमीकुसुमप्रभम्।
अनन्तफलदं भद्रे सर्वसौभाग्यसंप्रदम्॥ इति।

कादीति। चतुर्दशकोणेषु ककारादिढकारान्ताश्चतुर्दश वर्णा एकैकशो वर्त्तन्त इत्यर्थः।

सर्वसौभाग्यदायक चक्र—चौदह (१४) त्रिकोण वाले इस चक्र का नाम सर्वसौभाग्यदायक चक्र है। बाल सूर्य के समान लाल वर्ण वाले इस चक्र के १४ कोणों में यथाक्रम 'क'कार से 'ढ'कार-पर्यन्त एक-एक वर्ण अंकित हैं॥४३॥

[सर्वार्थसाधकचक्रम्]

तप्तकाञ्चनसिन्दूरसदृशं दशकोणकम्।
सर्वार्थसाधकं नाम णादिभान्तैर्विभूषितम्।।४४।।

अथ सर्वार्थसाधकचक्रं विवृणोति—**तप्तेत्यादिना**। तप्तकाञ्चनसिन्दूरसदृशं रक्तवर्णम्। तदुक्तं ज्ञानार्णवे दशमपटले—

दशारं तप्तहेमाभं सिन्दूरसदृशं प्रिये।
सर्वार्थसाधकं चक्रं मनश्चिन्तितदं सदा।। इति।

दशकोणकं दशकोणविशिष्टम्। **णादीति**। णकारादिभकारान्ता दश वर्णा दशारेष्वेकैकशो विराजन्त इत्यर्थः।

सर्वार्थसाधक चक्र—दस कोणों वाले बहिर्दशार का नाम 'सर्वार्थसाधक' चक्र है। पिघलाये हुए सोने की तरह इसका वर्ण सिन्दूरी लाल है। वर्णमाला के 'ण'कार से 'भ'कार-पर्यन्त १० वर्ण इसके एक-एक कोण में अंकित हैं।।४४।।

[सर्वरक्षाकरचक्रम्]

तरुणारुणसङ्काशं द्वितीयं दशकोणकम्।
सर्वरक्षाकरं नाम मादिक्षान्ताक्षरैर्युतम्।।४५।।

द्वितीयदशकोणात्मकं सर्वरक्षाकरचक्रमाह—**तरुणेत्यादिना**। तरुणारुणसङ्काशं रक्तवर्णम्। **मादीति**। मकारादिक्षकारान्ता दश वर्णा एकैकशो दशारेषु वर्त्तन्त इत्यर्थः।

सर्वरक्षाकर चक्र—दस कोणों वाले अन्तर्दशार का नाम सर्वरक्षाकर चक्र है। तरुण-अरुण के समान इसका वर्ण लाल है। 'म'कार से 'क्ष'कार-पर्यन्त दस वर्ण इसके एक-एक कोण में स्थित हैं।।४५।।

[निरुक्तत्रितयात्मकं स्थितिचक्रम्]

स्थितिचक्रं त्रयञ्चैतन्महाज्ञानप्रदायकम्।।४६।।

एतत्त्रितयस्य स्थितिचक्रत्वमाह—**स्थितीत्यादिना**। एतत्त्रयं सर्वसौभाग्यदायक-सर्वार्थसाधक-सर्वरक्षाकराख्यं महाज्ञानप्रदायकं स्थितिचक्रमिति सम्बन्धः। ज्ञानार्णवे दशमपटलेऽपि निरुक्तचक्रत्रयमभिधाय—

एतत्त्रयं महेशानि स्थितिचक्रं सुखप्रदम्।

इत्युक्तम्।

स्थितिचक्र—सर्वसौभाग्यदायक चक्र, सर्वार्थसाधक चक्र तथा सर्वरक्षाकर चक्र—इन तीन चक्रों को स्थितिचक्र कहा जाता है। ये तीनों चक्र महाज्ञान-प्रदायक और सुख देने वाले हैं।।४६।।

[सर्वरोगहरचक्रम्]

पद्मरागप्रतीकाशमष्टकोणञ्च सिद्धिदम्।
सर्वरोगहरं नाम वर्गाष्टकैर्विमण्डितम्।।४७।।

एवं स्थित्यात्मकचक्रत्रयमभिधाय संहारात्मकचक्रत्रये वक्तव्ये क्रमप्राप्तं सर्वरोगहरचक्रमाह—**पद्मरागेत्यादिना**। पद्मरागमणिसवर्णं रक्तवर्णम्। वर्गाष्टकैर्विमण्डितम्। सर्वसंक्षोभणचक्रोक्तरीत्या कादिवर्गाष्टकमष्टारेषु वर्त्तन्त इत्यर्थः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे दशमपटले—

अष्टकोणं वरारोहे बालार्ककिरणारुणम्।
पद्मरागसमप्रख्यं सर्वरोगहरं सदा।। इति।

सर्वरोगहर चक्र—आठ कोण वाले अष्टार चक्र का नाम 'सर्वरोगहर' चक्र है। इसका वर्ण पुखराज के समान है। सर्वसंक्षोभण चक्र की तरह इसके भी एक-एक कोण में 'क'कार आदि आठ वर्ण अंकित हैं।।४७।।

[सर्वसिद्धिप्रदचक्रम्]

दाडिमीपुष्पसङ्काशं त्रिकोणं सर्वभूतिदम्।
सर्वसिद्धिप्रदं चक्रमकथादित्रिरेखगम्।।४८।।

सर्वसिद्धिप्रदचक्रमाह—**दाडिमीत्यादिना**। दाडिमीपुष्पसङ्काशं दाडिमीकुसुमवद्रक्तवर्णम्। सर्वभूतिदम् अखिलविभूतिसम्पादकम्। अ-क-थादित्रिरेखगम्। अकारादयः षोडश स्वराः, कादि-तान्तानि थादि-सान्तानि व्यञ्जनानि च क्रमेणैकैकरेखारूपेण वर्त्तन्त इत्यर्थः। ज्ञानार्णवे दशमपटले—

उद्यत्सूर्यसहस्राभं बन्धूककुसुमप्रभम्।
सर्वसिद्धिप्रदं चक्रं सकलालयमीश्वरि।
त्रिकोणं सर्वसम्भूतिकारणं भूतिदं सदा।। इति।

सर्वसिद्धिप्रद चक्र—मूल त्रिकोण का नाम सर्वसिद्धिदायक चक्र है। अनार के फूल के समान लाल वर्ण वाले इस त्रिकोण की तीनों रेखाओं पर 'अ'कारादि १६ स्वर, 'क'कार से 'त'कार और 'थ'कार से 'स'कार-पर्यन्त सभी व्यञ्जन इसमें अंकित हैं।।४८।।

[सर्वानन्दमयचक्रम्]

ह-क्षवर्णमध्यगतं सर्वेषां सिद्धिकारकम्।
सर्वानन्दमयं नाम बिन्दुचक्रं परं पदम्।।४९।।

अथेदानीं चरमं भगवत्या निवासस्थानं बिन्द्वाख्यं सर्वानन्दमयचक्रमाह—**ह-क्षेति**। परं पदं कामेश्वराङ्कनिलयाया देशकालाकारादिभिरनवच्छिन्नायाः श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्याः परं पदं श्रेष्ठं निवासस्थानमित्यर्थः। अत एव योगिनीहृदये प्रथमपटले सर्वानन्दचक्रमभिधाय—

अत्र पूज्या महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी।

इत्युक्तम्। व्यक्तमाह कामकलाविलासे—

आसीना बिन्दुमये चक्रे सा त्रिपुरसुन्दरी देवी।
कामेश्वराङ्कनिलया कलया चन्द्रस्य कल्पितोर्त्तसा।।
पाशाङ्कुशेक्षुचाप-प्रसूनशरपञ्चकाञ्चितस्वकरा ।
बालारुणारुणाङ्गी शशिभानुकृशानुलोचनत्रितया।। इति।

अत्र बालारुणारुणाङ्गीत्यभिधानात् बिन्दोरपि रक्तत्वमुक्तं भवति। **हक्षवर्णमध्यगतमिति।** ह-क्षौ वर्णौ मध्यगतौ यस्येति विग्रहः।

सर्वानन्दमय चक्र—बिन्दुचक्र का नाम 'सर्वानन्दमय' चक्र है। 'ह'कार और 'क्ष'कार—इन दो वर्णों से विलसित यह सर्वसिद्धिदायक चक्र देश, काल एवं आकार-आदि से सर्वथा अनवच्छिन्न भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का परं पद है।।४९।।

[निरुक्तत्रितयात्मकं संहारचक्रम्]

सदाशिमयश्चैतत्त्रयं संहारकारकम्।।५०।।

संहारचक्र—सर्वरोगहर चक्र, सर्वसिद्धिप्रद चक्र तथा सर्वानन्दमय चक्र को संहार-चक्र कहा जाता है। यह संहार-चक्र भगवान् सदाशिव का अधिष्ठान है।।५०।।

[निरुक्तचक्रे पुष्पाञ्जलिदानोपदेशः]

योगिनीमूलमन्त्रेण तत्र पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

योगिनी के मूल मन्त्र से इस चक्र पर भगवती को पुष्पाञ्जलि देनी चाहिए।

[चक्रस्याशून्यतासम्पादनोपदेशः]

मुक्ता-मणि-प्रवालैर्वा विलोममूलविद्यया।।५१।।
अशून्यं सर्वदा कार्यं शून्ये विघ्नं सदा भवेत्।

मुक्तेति। यन्त्रं पूजयित्वा तत्र विलोममूलमन्त्रेण मुक्ताद्यन्यतमं स्थापयेत् कदाऽपि शून्यं न विदधीतेत्यर्थः।

पूजा के बाद यन्त्र का चरणोदक लेकर उसे खाली नहीं छोड़ना चाहिए। मूल मन्त्र का विलोम जप करते हुए उस पर मोती, हीरा, अथवा पुखराज आदि कोई रत्न रखकर उसे ढँक देना चाहिए। यदि यन्त्र को रिक्त या शून्य रखा जाता है तो घर में विघ्न होते हैं।।५१।।

[नवचक्रोपसंहारः]

नवचक्रमयं चक्रं बालादेव्या विराजितम्।।५२।।

उपसंहरति—**नवेति।** शिष्टं स्पष्टम्।

इस नवचक्र मय यन्त्र में भगवती बाला त्रिपुरसुन्दरी का नित्य वास है तथा वे इसमें विलसिता हैं।।५२।।

[चक्रेश्वरीणां नामानि]

प्रथमा त्रिपुरा देवी द्वितीया त्रिपुरेश्वरी।
तृतीया सुन्दरीनाम्नी तुर्या त्रिपुरवासिनी।।५३।।
पञ्चमी त्रिपुराश्रीश्च षष्ठे त्रिपुरमालिनी।
सप्तमे त्रिपुरा सिद्धा अष्टमे त्रिपुराम्बिका।।५४।।
नवमे श्रीमहादेवी महात्रिपुरभैरवी।

एवं त्रैलोक्यमोहनादीनि सर्वानन्दमयान्तानि नव चक्राण्युपदिश्य तेषु क्रमेण पूजनीयानां नवचक्रेश्वरीणां नामानि निरूपयति—**प्रथमेत्यादिना**। योगिनीहृदये प्रथमपटलेऽपि निरुक्तक्रमेण नामान्यभिधाय—

पूजयेच्च क्रमादेता नवचक्रे पुरोदिते।

इत्युक्तम्। **नवम इति**। महात्रिपुरभैरवीत्यत्र महात्रिपुरसुन्दरीति योगिनीहृदये।

त्रैलोक्यमोहन आदि इन नौ (९) चक्रों में से प्रत्येक चक्र की एक ईश्वरी अर्थात् अधिष्ठात्री देवता है। इनके शुभ नाम यथा-क्रम इस प्रकार हैं—(१) त्रिपुरा देवी, (२) त्रिपुरेश्वरी, (३) त्रिपुरसुन्दरी, (४) त्रिपुरवासिनी, (५) त्रिपुराश्री, (६) त्रिपुरमालिनी, (७) त्रिपुरासिद्धा, (८) त्रिपुराम्बिका और (९) महात्रिपुरभैरवी। इन नौ चक्रों में यथक्रम इन चक्रेश्वरियों की पूजा की जानी चाहिए।।५३-५४।।

[चक्रे स्वस्वस्थानेऽर्चनीया देवताः]

समस्ताः प्रकटा गुप्तास्तथा गुप्ततराश्रयाः।।५५।।
सम्प्रदायाः कुलाः कौला निगर्भाश्च रहस्यगाः।
परापररहस्याह परमातिरहस्यगाः।।५६।।
राजराजेश्वरी पूर्णा महात्रिपुरसुन्दरी।
एताश्चक्रस्थिताः सर्वाः स्थानं ज्ञात्वा समर्चयेत्।।५७।।

समस्ता इति। आसामावरणशक्तीनां स्वस्वस्थाननामार्चाक्रमादीनि अष्टादशे वक्ष्यन्ते।

सम्पूर्ण श्रीचक्र में योगिनियों का वास है। त्रैलोक्यमोहन आदि चक्रों में प्रतिष्ठिता इन योगिनियों को क्रमशः (१) प्रकटयोगिनी, (२) गुप्तयोगिनी, (३) गुप्ततरयोगिनी, (४) सम्प्रदाययोगिनी, (५) कुलकौलयोगिनी, (६) निगर्भ-योगिनी, (७) रहस्ययोगिनी, (८) परापररहस्ययोगिनी और (९) परमाति-रहस्ययोगिनी कहा जाता है। श्रीचक्र में यथास्थान इनका पूजन किया जाना चाहिए।।५५-५७।।

[निरुक्तचक्रसङ्केतज्ञानवैभवम्]

नवधा चक्रसङ्केतं यो जानाति स साधकः।
नवधा यो न जानाति कथं देवीं प्रपूजयेत्।।५८।।

श्रीचक्र के उपर्युक्त नौ (९) संकेतों को जो जानता और समझता है, वही ज्ञानवान् साधक है। जिसे चक्र में योगिनियों की स्थिति तथा प्रत्येक चक्र की चक्रेश्वरी का ज्ञान ही नहीं हो, वह कैसा साधक है? ऐसा साधक किस तरह ज्ञानपूर्वक भगवती महात्रिपुरसुन्दरी की पूजा कर पायेगा?॥५८॥

[निरुक्तश्रीचक्रज्ञानप्रशस्तिः]

एतच्छ्रीचक्रराजं सकललिपिमयं सर्वदेवस्य वन्द्यं
नित्यानन्दस्वरूपं भुवनवशकरं भोगमोक्षैकहेतुम्।
शुद्धो भूत्वा लिखित्वा यदि पशुरहितो धारयेत् पूजयेद् वा
सर्वा सिद्धिः करस्था भवति सुकृतिनस्तस्य सिद्धिः पराऽपि।।५९।।

यह श्रीचक्र सकल लिपिमय है अर्थात् पराशक्ति की अभिव्यञ्जना करने वाली सभी मातृकायें इसमें विराजिता हैं। यह केवल मनुष्यों द्वारा ही नहीं; अपितु सभी देवताओं के लिये भी प्रणम्य और नमनीय है। नित्यानन्द-स्वरूप यह श्रीचक्र भोग और मोक्षरूप ऐहिक एवं पारलौकिक सभी प्रकार के आनन्द तथा सुख का हेतु है। तीनों लोकों और चौदह भुवनों को वश में करने वाला है। पशुत्व भाव से क्रमोन्नत जो पुण्यशील साधक पवित्र शरीर तथा पवित्र मन से इसकी पूजा करते हैं अथवा इसे धारण करते हैं, उन्हें सभी सिद्धियाँ स्वयमेव एवं अनायास ही प्राप्त हो जाती हैं। ऐसे साधकों को कोई सिद्धि प्राप्त करने अथवा मनोकामना पूरा करने के लिये अलग से प्रयास नहीं करना पड़ता॥५९॥

सर्वानन्दमयं समस्तजगतामेकाधिपं कामदं
सर्वव्याधिनिराकरञ्च शुभदं ज्ञानप्रदं कीर्त्तिदम्।
साक्षात् कल्पतरुं सुरासुरगणैः संवेष्टितं दृश्यते
येनेदं स तु सर्वतीर्थगमनस्नानस्य पुण्यं लभेत्।।६०।।

यह श्रीचक्र सर्वानन्दमय है। संसार का एकमात्र स्वामी है। सभी प्रकार की इच्छाओं को पूरा करने वाला है। सभी प्रकार की आधियों और व्याधियों से रक्षा करता है। ज्ञानप्रद, कीर्तिप्रद और शुभप्रद है। साक्षात् कल्पवृक्ष है, जिससे सभी कामनायें पूरी होती हैं। सभी सुर और असुर पूजा करके इसकी परिक्रमा करते हैं। श्रीचक्र के पूजन से पृथ्वी के सभी तीर्थों के दर्शन और अर्चन का फल मिलता है॥६०॥

विमर्श—उपर्युक्त श्लोकों में जो नौ (९) चक्र बताये गये हैं, उनमें चार शिवचक्र तथा पाँच शक्तिचक्र हैं। बिन्दुचक्र, अष्टदल कमल, षोडशदल कमल और भूपुर—ये शिव- चक्र हैं। शेष त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर्दशार और बहिर्दशार तथा चतुर्दशार—ये पाँच शक्तिचक्र हैं। ये शिव और शक्तिचक्र परस्पर संश्लिष्ट या सम्बद्ध हैं, जैसा कि ब्रह्माण्ड-पुराण में कहा गया है—

त्रिकोणे बैन्दवं श्लिष्टमष्टारे दलाम्बुजम्।
दशारयो: षोडशारं भूगृहं भुवनास्त्रके।।

बिन्दुचक्र त्रिकोण के साथ, अष्टकोण चक्र अष्टदल कमल के साथ, दोनों दशार षोडशदल कमल के साथ और चतुर्दशार भूपुर के साथ संश्लिष्ट है। इस तरह यह श्रीचक्र जगत् के माता-पिता शक्ति और शिव के संश्लिष्ट युग्मरूप का प्रतीक है। भगवान् शंकराचार्य का कथन है कि श्रीयन्त्र में शिव और शक्ति का पञ्चविध साम्य है—(१) अवस्थानसाम्य, (२) अधिष्ठानसाम्य, (३) अनुष्ठानसाम्य, (४) रूपसाम्य और (५) नामसाम्य। इस पञ्चविध साम्य के कारण श्रीयन्त्र पर शिव-दम्पति का युगपत् अर्चन किया जाता है।

[श्रीचक्ररहस्यनिरूपणप्रतिज्ञा]

रहस्यं चक्रराजस्य कथयामि यथाक्रमम्।

अथ श्रीचक्ररहस्यं वक्तुमुपक्रमते—**रहस्यमित्यादिना।**

श्रीचक्र की महिमा का बखान करने के बाद ग्रन्थकार कहते हैं कि अब श्रीयन्त्र के रहस्य अर्थात् इसकी पूजनीयता के कारणों का निरूपण किया जायगा।

विमर्श—श्रीचक्र के रहस्यों को समझने के सन्दर्भ में सर्वप्रथम इसके आविर्भाव की कथा को समझना-जानना जरूरी है। चक्र के आविर्भाव के सम्बन्ध में योगिनीहृदय में कहा गया है—

यदा सा परमा शक्ति: स्वेच्छया विश्वरूपिणी।
स्फुरत्तामात्मन: पश्येत् तदा चक्रस्य सम्भव:।।

विश्वरूपिणी परमा शक्ति ने जब अपनी इच्छा से अपनी स्फुरत्ता को देखा, तब चक्र का आविर्भाव हुआ। चक्र का अर्थ है—चतुर्सृष्टिमय विश्वचक्र। आविर्भाव हुआ अर्थात् आविर्भाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। महाशक्ति के गर्भ से विश्व का प्रकटन प्रारम्भ हुआ। यह श्रीचक्र महाशक्ति के गर्भ से ब्रह्माण्ड के क्रमिक आविर्भाव या प्रकटन की प्रक्रिया का पर्याय है। संसृति विज्ञान की समस्त दार्शनिक और आध्यात्मिक संकल्पनायें और अवधारणायें तथा परम सत्ता का यथार्थ ज्ञान इसमें पुञ्जीभूत है। यह इसकी महत्ता और महिमा का पण्डिताउ बखान नहीं; अपितु ऐसा तथ्य है, जिसे घोर साम्यवादी देश सोवियत-रूस के वैज्ञानिकों ने भी स्वीकार किया

है। मास्को विश्वविद्यालय के भौतिक-विज्ञान एवं गणित-शास्त्र के शोधकर्ता एवं वैज्ञानिक श्री अलेक्सेई कुलाइचेव ने अनेक वर्षों तक शोध करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि 'इस दुर्लभ ज्यामितीय रेखाकृति (श्रीयन्त्र) का प्राचीन ज्यामितीय एवं दार्शनिक शिक्षा से गहरा सम्बन्ध है। यह श्रीयन्त्र प्रकृति-विज्ञान के तथ्यों की समरूपता को उजागर करता है। ब्रह्माण्ड के सार्वभौमिक सिद्धान्तों के साथ श्रीयन्त्र की आश्चर्यजनक सन्निकटता है।'

कल्याण के 'शक्ति-उपासना' विशेषांक (वर्ष १९८७) में पृष्ठ २५८ पर प्रकाशित श्री राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी के लेख 'सोवियत विश्वविद्यालय में श्रीयन्त्र पर शोधकार्य' में बताया गया है कि—

मास्को विश्वविद्यालय के ही एक अन्य प्राच्यविद् डा० देगा-दे-ओपिक का अभिमत है कि—

'श्रीयन्त्र में ऐसे पेचीदे गुण-धर्म हैं, जो आधुनिक विज्ञान के लिये भी समस्या प्रस्तुत करते हैं। विशेष रूप से ब्रह्माण्ड के उद्भव, तिथि-निर्धारण, संसृति-विज्ञान और मानव-विज्ञान की अवधारणाओं के साथ इसके सम्बन्ध का विश्लेषण ऐसी पहेली है, जिसे सुलझाने के लिये इतिहासकारों, मानव-शास्त्रियों और गणितज्ञों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है।'

अनास्थावादी देश के सर्वथा भौतिकतावादी भौतिकीविदों द्वारा आधुनिक भौतिक शास्त्र के मापदण्डों से श्रीयन्त्र का अध्ययन करके उसकी उत्कृष्टता के उपर्युक्त गुणगान के परिप्रेक्ष्य में इसकी आध्यात्म्यवादी दार्शनिक लोकोत्तरता तथा दिव्यता को हृदयङ्गम करना सर्वथा सन्दर्भ-सापेक्ष है। आइये देखें—

[त्रिकोणान्तर्बिन्दुरहस्यम्]

मध्ये बिन्दुः शिवो ज्ञेयः सृष्टिसंहारकारकः।।६१।।
बिन्दुमध्ये वसेन्नित्यं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी।
महाकामकला तत्र बिन्दुत्रितयरूपिणी।।६२।।

मध्ये सर्वसिद्धिप्रदाख्यत्रिकोणमध्ये। बिन्दुः शिवात्मकः श्वेतबिन्दुः। बिन्दुमध्ये शिवात्मकसितबिन्दुमध्ये शोणबिन्द्वात्मिका महाकामकला श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी विलसतीत्यर्थः। तां विशिनष्टि—**बिन्द्वित्यादिना**। बिन्दुत्रितयरूपिणी शिवशक्तिरूपं निरुक्तबिन्दुद्वयम्, तयोः समरसीभूतस्तृतीयो मिश्रबिन्दुः तत्त्रितयरूपिणीत्यर्थः। विशेषस्तु भूमिकायां द्रष्टव्यः।

बिन्दुचक्र—मूल त्रिकोण का अन्तर्वर्ती बिन्दुचक्र सृष्टिक्रम से श्रीयन्त्र का प्रथम चक्र है। यद्यपि इस चक्र में केवल एक बिन्दु दिखाई देता है, लेकिन इसमें श्वेत बिन्दु, रक्त-बिन्दु तथा मिश्र बिन्दु-संज्ञक तीन बिन्दुओं की अवस्थिति है। श्वेत

बिन्दु शिवात्मक तथा रक्त बिन्दु शक्त्यात्मक है, जिसमें महा-कामकला-रूपिणी भगवती महात्रिपुरसुन्दरी विलास करती हैं। इन दोनों बिन्दुओं के सामरस्य से मिश्र बिन्दु का प्रादुर्भाव होता है॥६१-६२॥

विमर्श—उपर्युक्त श्लोकों में जिन बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है, उनमें से श्वेत बिन्दु की अपर संज्ञा महाबिन्दु है। यह महाबिन्दु विश्वोत्तीर्ण परब्रह्म की सर्वथा अनिर्वचनीय और तत्त्वातीत अवस्था का प्रतीक है। इस अवस्था में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अपने सूक्ष्म बीजरूप से महाशक्ति में तथा महाशक्ति परब्रह्म में विलीन रहती है। जब यह बिन्दु अपने उद्गार में क्रीडामय होता है तब शिव और शक्ति का एकीकृत साम्य भंग हो जाता है। निष्कल तथा तत्त्वातीत शिव में अन्तर्निहित महाशक्ति विश्व-रचना की इच्छा से बिन्दु के रूप में प्रकट होती है। श्वेत बिन्दु अन्तरित होकर रक्त बिन्दु बन जाता है। यह रक्त बिन्दु ही ललिता है, महात्रिपुरसुन्दरी है, महाकामकला है, शान्ता और अम्बिका की सामरस्यरूपा परावाक् है, जो बिन्दु के रूप में त्रिकोण का केन्द्र है। इस बिन्दु में (१) पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी, (२) वामा, ज्येष्ठा और रौद्री, (३) सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण आदि त्रयी विद्या के सभी विषय समाविष्ट हैं। ये सभी विषय तीन-तीन रूपों में प्रकट होकर त्रिकोण की सृष्टि करते हैं। विभिन्न ग्रन्थों में इसका विस्तार से निरूपण किया गया है।

[त्रिकोणरहस्यम्]

त्रिकोणं त्रिपुरा चैव बाला त्रिपुरसुन्दरी।
त्रिकोणरूपी रुद्रः स्यात्त्रिकोणत्वात् परा शिवा।।६३।।
त्रिषु पञ्चदशी नित्या समया च चतुर्दशी।
षडङ्गयुवती देवी तत्र पूर्वादितः स्थिता।।६४।।

मूलत्रिकोण—श्रीयन्त्र का मूलत्रिकोण रुद्र (शिव)-सहित परा-शिवा का अभिव्यञ्जक है। श्री बाला त्रिपुरसुन्दरी और त्रिपुराम्बा का धाम है। इसकी तीन रेखाओं में पाँच-पाँच के क्रम से कामेश्वरी आदि नित्यायें, समया देवियाँ तथा हृदय-आदि षडङ्ग देवियाँ पूर्व-आदिक्रम से निवास करती हैं॥६३-६४॥

विमर्श—श्रीचक्र का द्वितीय चक्र त्रिकोण त्रैलोक्यप्रसविनी महाशक्ति का बहिर्मुखी विलास है। बिन्दुरूपा 'परावाक्' इस त्रिकोण का केन्द्र है। पश्यन्ती वाक् इसकी वाम रेखा, वैखरी वाक् दक्षिण रेखा तथा मध्यमा वाक् इसकी सरल अग्र रेखा है।

'प्रपञ्चसार' तथा 'शारदातिलक' के अनुसार यह बिन्दु काल पाकर तीन भागों में विभक्त हो जाती है। इन्हें क्रमशः (१) बिन्दु, (२) नाद और (३) बीज कहते हैं। इस द्वितीय बिन्दु से रौद्री, नाद से ज्येष्ठा तथा बीज से वामा का आविर्भाव होता

है। इनसे ही क्रमशः रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा का आविर्भाव होता है। प्रकृति की साम्यावस्था भंग हो जाती है। सतोगुण आदि तीनों गुण पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। वस्तुतः ये तीनों गुण इच्छा आदि शक्तियों के रूप हैं। इच्छाशक्ति रजोगुण है, ज्ञानशक्ति सतोगुण है और क्रियाशक्ति तमोगुण है।

जब बिन्दुरूपा परा वाक् पश्यन्ती आदि कार्यबिन्दुओं के सृजन में प्रवृत्त होती है तब इसे कारणबिन्दु—'अव्यक्त रव' कहा जाता है। यह 'रव' ही शब्दब्रह्म है, जो कुण्डलिनी के रूप में सभी प्राणियों के देह में स्थित है।

'श्रीचक्ररहस्य' के अनुसार 'त्रिकोण और महाबिन्दु एक महा यवनिका है। इस महा यवनिका के भीतर महाशक्ति सभी लोकों में और उनके भीतर की अव्यक्त आत्माओं में महत् तत्त्व, महद्-अहंकार, मन, वशीकरण, राग-द्वेष आदि को व्याप्त करके सबमें पुनः पञ्च-तन्मात्राओं का संचार करती है। इससे विश्व और उसके भीतर की तत्-तत् वस्तुयें अपने-अपने कारणरूप में प्रत्यक्ष हो जाती हैं। कालक्रम भी प्रारम्भ हो जाता है। दोनों ही पक्षों (पखवारों) की पन्द्रह नित्या तिथियाँ प्रकट हो जाती हैं, जिनके नाम कामेश्वरी आदि नित्यायें हैं। सोलहवीं नित्या स्वयं महात्रिपुर-सुन्दरी हैं। वे ही चौदह (१४) लोकों की स्वामिनी हैं, इसलिये उन्हें राज-राजेश्वरी कहा जाता है।'

[अष्टाररहस्यम्]

अष्टकोणेष्वष्टसिद्धिर्भूतयोऽष्टौ भवन्ति हि।
जृम्भमोहवशस्तम्भपाशाङ्कुशधनुःशराः ।।६५।।
निवसन्ति तत्र नित्यं वशिन्याद्यष्टदेवताः।।६६।।

अष्टार चक्र—अष्टार चक्र में आठ कोण हैं। इनमें वशिनी आदि आठ वाग्देवताओं का निवास है। अष्ट सिद्धियों और विभूतियों का उत्स यह अष्टार चक्र है। कामेश्वर और कामेश्वरी के जृम्भण बाण, मोहन-धनुष, वशीकरण पाश तथा स्तम्भन अंकुश आदि आयुध मूलत्रिकोण के चारो ओर इसी चक्र के अन्तर्गत पूजित होते हैं।।६५-६६।।

विमर्श--आठ कोणों से बना हुआ यह अष्टार चक्र श्रीयन्त्र का तृतीय चक्र है। सृष्टिविकासक्रम में चित् और चैत्य का परस्पर सम्बन्ध जड़ और चेतन—इन दो भावों में विभक्त हो जाता है। जीव और शिव का साम्य भंग हो जाता है। शिव के चार तत्त्व (१) शिवतत्त्व, (२) शुद्धविद्यातत्त्व, (३) ईश्वरतत्त्व और (४) सदा-शिवतत्त्व तथा जीव के चार तत्त्व (१) कला, (२) राग, (३) अविद्या और (४) कंचुक इस चक्र के आठ कोणों में फैल जाते हैं। मायाशक्ति चैतन्य की पूर्णता को भंग करके देश-काल तथा जीवन-मरण आदि द्वन्द्वों को प्रकट कर आत्माओं

को संहार-चक्र में डाल देती है। परा संवित् के परिवर्तन से सारा संसार (१) चित्, (२) चिति, (३) चित्त, (४) चैतन्य, (५) चेतना-कर्म, (६) इन्द्रिय-कर्म, (७) देह और (८) कलायुक्त आठ भूमिकाओं से युक्त हो जाता है। महाशक्ति वशिनी आदि वाग्देवताओं के रूप में अष्टार के प्रत्येक त्रिकोण की अधिष्ठात्री होकर प्रतिष्ठित हो जाती है। यह अष्टार चक्र क्रियाशक्तिरूपी अग्नि-खण्ड है। अग्नि की धूम्रार्चि आदि दस कलायें यहीं से विश्वव्यापी होकर फैलती हैं।

[अन्तर्दशाररहस्यम्]

दशेन्द्रियाणि देहेषु संस्थितानि वसन्ति च।
सर्वज्ञादिमहादेवाः संस्थिता दश देवताः।।६७।।
एवं दिक्कोणसन्ध्यग्रप्राणा दशकला दश।।६८।।

अन्तर्दशार चक्र—अन्तर्दशार चक्र में दस कोण हैं। शरीर की दसों इन्द्रियों (पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ तथा पाँच कर्मेन्द्रियाँ) का वास इस चक्र के दस कोणों में है। सर्वज्ञा आदि दस देवियों की पूजा इस चक्र के कोणों में होती है। इन दस कोणों की सन्धि के आगे प्राण आदि दस प्राणवायुओं का वास है।।६७-६८।।

विमर्श—अष्टार से अग्नि की धूम्रार्चि आदि जो १० कलाओं प्रसृत हुई थीं, वे महाशक्ति की सर्वज्ञा आदि दस शक्तियों के रूप में दस त्रिकोणों में फैल जाती हैं। अष्ट भूमिका-प्राप्त विश्व की स्वप्नावस्था के तन्मात्रामय देह के अन्तर्निहित अवयवों को क्रियाशील बनाने की तैयारी हो जाती है। प्राणियों के लिंगशरीर का प्रादुर्भाव होता है।

[बहिर्दशाररहस्यम्]

अपरं दशकोणन्तु दशदिक्पालदैवतम्।
दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमित्रकाः ।।६९।।
वैकारिकात्तु ते जाता दशसंख्याः प्रकीर्त्तिताः।
सर्वसिद्ध्यादयस्तत्र सदा तिष्ठन्ति पूजिताः।।७०।।

मित्रका इति। मित्रस्तृतीयः सूर्यः इति राघवभट्टः। कः प्रजापतिः। कः प्रजापतिरुदिष्ट इत्येकाक्षरकोषः।

बहिर्दशार—इस चक्र में भी दस (१०) त्रिकोण हैं, जिनमें इन्द्र आदि दस दिक्पालों और दिक् आदि दस (१०) देवताओं का वास है। ये दस देवता हैं—(१) दिक्, (२) वात, (३) अर्क, (४) प्रचेता, (५) अश्विनीकुमार, (६) अग्नि, (७) इन्द्र, (८) उपेन्द्र, (९) मित्र तथा (१०) ब्रह्मा। सर्वसिद्धिप्रदा आदि दस देवियों का इन दस त्रिकोणों में निवास है।।६९-७०।।

विमर्श—अन्तर्दशार क्रम में शिव-दम्पति का जो तेज-युग्म दस इन्द्रियों के रूप में प्रकाशित हुआ था, वही इन इन्द्रियों के विषयों (पाँच तन्मात्रा तथा पाँच महाभूत) के रूप में दशधा विभक्त होकर प्रकाशित होता है। जड़ तथा चेतन पूर्णत: पृथक् हो जाते हैं। पञ्च-तन्मात्राओं के आश्रय से जागृत चैतन्य का लीला-विलास प्रारम्भ हो जाता है। इस चक्र के उत्तर और दक्षिण में जो चार मर्म हैं, वे प्रकृति, अहंकार, बुद्धि तथा मन के प्रतीक हैं। दस इन्द्रियों, दस इन्द्रियविषयों तथा इन चार तत्त्वों के द्वारा महाशक्ति की सूक्ष्म लीला सूर्य की तपिनी-तापिनी आदि १२ कलाओं के सहयोग से स्थूल रूप ग्रहण करती है।

[चतुर्दशाररहस्यम्]

अनन्तरूपचक्रस्य तथा कोणचतुर्दश।
चतुर्दशाङ्गशास्त्राणि भुवनानि चतुर्दश।।७१।।
चतुर्दशारचक्रेषु संक्षोभण्यादिदेवता:।
एको धर्मो गुणान् सूते अधर्मस्तु तथा मत:।।७२।।

चतुर्दशार चक्र—श्रीयन्त्र के इस चतुर्दश त्रिकोणों वाले चक्र में शिव-दम्पति का तेजोपुञ्ज सर्वसंक्षोभिणी आदि १४ देवियों के रूप में पूजित होता है। चारो वेद, उनके चार अंग तथा सभी ६ शास्त्र तथा समस्त चौदह भुवन इस चक्र में स्थित हैं॥७१-७२॥

विमर्श—ऋक्, यजु:, साम और अथर्व—ये चार वेद हैं। आयुर्वेद, यजुर्वेद, गन्धर्ववेद और अर्थशास्त्र—ये चार उपवेद हैं। (१) शिक्षा, (२) कल्प, (३) व्याकरण, (४) निरुक्त, (५) छन्द और (६) ज्योतिष—ये छ: शास्त्र हैं। (१) भूलोक, (२) भुव:लोक, (३) स्वर्लोक, (४) महर्लोक, (५) जन:लोक, (६) तपोलोक और (७) सत्यलोक भूमिसहित ये ७ ऊर्ध्ववर्ती तथा (१) अतल, (२) वितल, (३) सुतल, (४) रसातल, (५) तलातल, (६) महातल और (७) पाताल—ये सात अधोलोक हैं।

शिवदम्पत्ति का तेजोपुञ्ज सर्वसंक्षोभिणी आदि १४ शक्तियों के रूप में इस चक्र में पूजित होता है। ब्रह्मा की सृष्टि आदि दस कलायें विश्व-सृजन के लिये इसी चक्र में उदित होती हैं। चतुर्दशात्मिका महामाया चतुर्दश त्रिकोण बिन्दुओं में विभक्त होकर पिण्डीकरण के लिये (१) अलम्बुषा, (२) कुहू, (३) विश्वोदरी, (४) वरुणा, (५) हस्तिजिह्वा, (६) यशस्विनी, (७) अश्विनी, (८) गान्धारी, (९) पूषा, (१०) शंखिनी, (११) सरस्वती, (१२) इडा, (१३) पिंगला तथा (१४) सुषुम्ना—इन चौदह प्रमुख नाड़ियों सहित बहत्तर हजार नाड़ियों का संचार करती हैं। अर्थ-सृष्टि के ३६ तत्त्वों में से अशुद्ध अथवा आत्मतत्त्व वर्ग के बुद्धि में लेकर पृथ्वी-पर्यन्त २३ तत्त्वों का विकास इस चक्र में होता है।

[अष्टदलरहस्यम्]

अष्टरूपाष्टपत्रेषु धर्मादीनि वसन्ति च।
अनङ्गकुसुमादीनि बोध्यानि सततं बुधैः।।७३।।

अष्टदल कमल—इस चक्र में आठ कमलदल हैं। इन आठ कमलदलों में अनंगकुसुमा आदि आठ देवियों का पूजन होता है। धर्म आदि अष्टक का वास इस चक्र के कमलदलों में है।।७३।।

विमर्श—इस चक्र में पूजिता अनंगकुसुमा आदि आठ शक्तियाँ बुद्धि के आठ भेदों—(१) वचन, (२) आदान, (३) गमन, (४) विसर्ग, (५) आनन्द, (६) हान, (७) उपेक्षा और (८) उपादान की अधिष्ठात्री शक्तियाँ हैं। 'धर्मादीनि' से तात्पर्य है—(१) धर्म, (२) ज्ञान, (३) ऐश्वर्य, (४) वैराग्य, (५) अधर्म, (६) अज्ञान, (७) अनैश्वर्य तथा (८) अवैराग्य। चतुर्दशार चक्र तक अनुस्वार और विसर्ग (अं-अ:) तक की मातृका सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ था। प्रत्येक चक्र में अंकित मातृका-वर्णों का उल्लेख यथास्थान किया गया है। अष्टदल कमल से विसर्ग का बहिर्भाव प्रारम्भ होता है।

[षोडशदलरहस्यम्]

षोडशच्छदचक्रेषु तिथयः षोडश स्मृताः।
सर्वसौभाग्यदा नित्यं कामाकर्षणपूर्विकाः।।७४।।
त्रिवृत्ते चन्द्रसूर्याग्नित्रिरेखाकारवर्त्तिनः।।७५।।
शिवरेखा पूर्वसन्ध्या ब्रह्माणी ब्रह्मरेखगा।
अणिमाद्या ब्रह्मरेखाः क्रमेण परिकीर्त्तिताः।।७६।।
चतुःषष्टिस्तथा कोटिः कोटिकोटिविभूतयः।
योगिन्यो देवदेव्यश्च चक्रमाश्रित्य संस्थिताः।।७७।।
अस्य प्रभेदाः कोणानां दलानान्तु प्रकीर्त्तिताः।

त्रिवृत्त इत्यादिना चक्रमाश्रित्य संस्थिता इत्यन्तेनोक्ता आवरणशक्तयोऽष्टादशे पूजाक्रमे ग्रन्थकृद्भिर्विशिष्य वक्ष्यन्ते।

षोडशार और भूपुर—इन साढ़े चार श्लोकों में षोडशदल कमल तथा भूपुर का रहस्य बताया गया है।

सोलह कलात्मक चन्द्रस्वरूप षोडशदल कमल में कामाकर्षिणी आदि सोलह देवियों की अवस्थिति है। षोडशार के बाद चन्द्र-सूर्य और अग्निरूप तीन वृत्तों के बाहर तीन रेखाओं वाला जो भूपुर है, उसमें ब्राह्मी आदि मातृकाओं का निवास है। इस श्रीचक्र में ६४ कोटि योगिनियों एवं विभूतियों तथा कोटि-कोटि देवताओं का

वास है। इसके कोणों तथा दलों में आश्रित योगिनियों के मुख्य भेदों का निरूपण यहाँ किया गया है॥७४-७७॥

विमर्श—यह षोडशदल कमल विश्वाधार श्रीचक्र का अन्तिम रूपान्तरण है। अपनी अनेक शक्तियों से युक्त होकर भौतिक तत्त्वों का आविर्भाव करती हुई महाशक्ति इस चक्र में सारे विश्व को स्थूल रूप में परिणत कर देती है। इस मूल सत्ता के आधार पर विश्व के कारण—लिंग और स्थूलशरीर का निर्माण होता है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, हाथ, पैर, पायु, उपस्थ तथा सभी मनोविकार प्रकट हो जाते हैं। महाशक्ति की कामकला और शृंगारकला द्वारा इस अण्डाकार विश्व और उसमें जो कुछ है, उन सबका जन्म हो जाता है तथा शिव और जीव का साम्य सम्पूर्ण रूप से भंग होकर सृष्टि व्यापार चलने लगता है। षोडश अवयवों की प्रकाशिका कामाकर्षिणी आदि शक्तियाँ महाशक्ति से प्रकट होकर सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हो जाती हैं।

भूपुर—षोडशदल के बाहर तीन वृत्तों से परे तीन रेखाओं वाला भूपुर चौदह लोकों की सीमा का ज्ञापक है। मातृकाचक्रविवेक नामक तन्त्रग्रन्थ में कहा गया है—

तस्माच्चतुष्पदमिदं चतुरस्रबिम्बम्
चिच्चैत्यनिर्जरसरिद् यमुना प्रयागः॥

अर्थात् चतुर्द्वारयुक्त यह चतुरस्र गंगा और यमुना का संगम प्रयाग है, जहाँ चित् और चैत्यरूपी दो नदियाँ मिलती हैं। इस तरह यह भूपुर जड़ और चेतन अर्थात् शिव और जीव—दोनों का समष्टि रूप है। निराकार, निष्कल, शून्यवत् ब्रह्म में लीन समस्त विश्व के उद्भव के लिये महाशक्ति का यह जागतिक परिणाम है। महाशक्ति यहाँ ब्रह्मलीन विश्व को साकार और स्थूल रूप में प्रस्तुत करके अपने विशुद्ध प्रकाश को अन्तर्लीन कर लेती है। यहीं आदिशक्ति का लय होता है और यहीं से आदिशक्ति का उद्भव भी होता है।

भूपुर की प्रथम-द्वितीय और तृतीय रेखा पर शिव-दम्पत्ति का तेजोपुञ्ज क्रमशः अणिमा आदि १० सिद्धियों, ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं तथा सर्वसंक्षोभिणी आदि १० चक्रस्थ मूल शक्तियों के रूप में अर्चित होता है।

मेरे आराध्य चरणों के द्वारा निबन्धित 'श्रीयन्त्र-रहस्य' में श्रीचक्र के रहस्यों का विस्तार से निरूपण करने के पश्चात् कहा गया है कि—

यह श्रीचक्र सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड एवम् पिण्डाण्डों की एकता का परिचायक है। उपासक की चित् शक्ति और परशिव के ऐक्यभाव का प्रत्यक्ष निरूपण श्रीचक्र द्वारा होता है।

सृष्टिक्रम-वर्णन—(महाबिन्दु→बिन्दु→त्रिकोण→अष्टार→अन्तर्दशार→ बहिर्दशार→चतुर्दशार→अष्टदल→षोडशदल और भूपुर) के अनुसार 'श्रीचक्र' ब्रह्माण्ड का प्रतीक है।

संहार या लयक्रम (भूपुर—जाग्रदावस्था। षोडशदल—स्वप्नावस्था। अष्टदल—सुषुप्त्यावस्था। चतुर्दशार—ईश्वरविचार। बहिर्दशार—गुरुप्राप्ति। अन्तर्दशार—श्रवण। अष्टार—मनन। त्रिकोण—निदिध्यासन। बिन्दु—सविकल्प समाधि) के अनुसार श्रीचक्र देवालयरूपी पिण्डाण्ड का प्रतीक है।

उच्च कोटि के साधक श्रीचक्ररहस्य की भावना अपने शरीर में करते हैं। उनकी दृष्टि में साधक का शरीर ही श्रीचक्र है। तदनुसार साधक का ब्रह्मरन्ध्र बिन्दु-चक्र है। मस्तक—त्रिकोण, ललाट—अष्टकोण, भ्रूमध्य—अन्तर्दशार, कण्ठ—बहिर्दशार, हृदय—चतुर्दशार, कुक्षि—वृत्त, नाभि—अष्टदल कमल, कटि—अष्टदल के बाहर का वृत्त, स्वाधिष्ठान—षोडशदल कमल, मूलाधार—षोडशदल के बाहर के तीन वलयाकार वृत्त, जानु—भूपुर की प्रथम रेखा, जंघा—भूपुर की द्वितीय रेखा तथा पाद (पैर)—भूपुर की तीसरी रेखा है।

योगिनीहृदय में कहा गया है—

त्रिपुरेशी महायन्त्रं पिण्डाण्डात्मकमीश्वरि।
यो जानाति स योगीन्द्रः स शम्भुः स हरिर्विधिः।।

अर्थात् यह श्रीचक्र पिण्डात्मक और ब्रह्माण्डात्मक है। जो साधक इस बात को जानता है, वह योगीन्द्र शिव, हरि (विष्णु) और विधि अर्थात् प्रजापिता ब्रह्मा के समान है।

ब्रह्माण्डात्मक एवं पिण्डाण्डत्मक श्रीचक्र की साधना त्रिविध है—(१) अन्तः, (२) बाह्य, (३) भावना। विभिन्न पद्धतिग्रन्थों में साधना के अन्तः तथा बाह्य-विधान विस्तार से प्रकाशित हैं।

[यन्त्रस्य परिमाणभेदाः]

त्रिकोण(?)ञ्चैकतोलं वा चतुरङ्गुलिमानकम्।।७८।।
तत्रैव लेखयेच्चक्रं चतुरस्रं सुशोभनम्।
नवहस्तं द्विहस्तं वा तथैकहस्तमेव वा।।७९।।
लिखेद् यन्त्रं भूप्रदेशे रत्नादौ तु निजेच्छया।
मूलमुच्चारयन् स्वस्थ इति यामलसम्मतम्।।८०।।

अथ यन्त्रस्य मानभेदानाह—**त्रिकोण(?)मित्यादिना यामलसम्मतमित्यन्तेन**। अत्र 'त्रिकोणमि'ति पाठः प्रामादिक इति प्रतिभाति। चतुरस्रमिति वक्ष्यमाणेन

विरोधादेकतोलं वेति वाशब्दवैयर्थ्यात् स्वच्छन्दभैरवतन्त्रराजादिविरोधाच्च। तथाच तन्त्रसारधृतस्वच्छन्दभैरवे—

कुर्याच्च स्थण्डिले यन्त्रं हस्तमात्रं सुसुन्दरम्।
रत्नादिषु तु निर्माणे मानमिच्छावशाद् भवेत्।
एकतोलं द्वितोलं वा त्रितोलं वेदतोलकम्।
इतोऽधिकं नरः कृत्वा प्रायश्चित्ती भवेत् ध्रुवम्।
रक्तेन रजसापूर्य श्रीचक्रं भुवि पूजयेत्।
नश्यन्ति सर्वविघ्नानि प्राप्यते वाञ्छितं फलम्। इति।

तन्त्रराजे त्रयस्त्रिंशपटलेऽपि—

नवहस्तं त्रिहस्तं वा श्रीचक्रमभिषेचते।
कुर्यात् स्थण्डिलपूजायां हस्तमात्रेऽतिसुन्दरम्।
रत्नादिषु तु निर्माणे मानमिच्छावशाद् भवेत्।
सदा सुविहिते पूजा शुभान्यस्मिंस्तथाऽन्यथा। इति।

एवञ्चैतेषु वचनेषु त्रितोलपरिमाणदर्शनादत्रापि त्रितोलमित्येव साधीयान् पाठ इति मन्तव्यम्। मूलमिति मूलमन्त्रमुच्चारयन् यन्त्रं लिखेदिति सम्बन्धः।

सुन्दर एवं समतल स्थण्डिल (वेदी) पर नौ हाथ, दो हाथ, तीन हाथ अथवा एक हाथ प्रमाण का श्रीयन्त्र यथाविहित द्रव्य तथा यथाविहित लेखनी से बनाना चाहिए। यदि स्फटिक आदि रत्न पर यन्त्र बनवाना हो तो उसका वजन यथा इच्छा एक-दो तोला, तीन तोला, चार तोला रखना चाहिए। यन्त्र का निर्माण मूल मन्त्र का जप करते हुए किया जाय॥७८-८०॥

विमर्श—'स्वच्छन्दभैरव' तन्त्र में कहा गया है कि स्फटिक आदि रत्न का भार चार तोला से अधिक नहीं होना चाहिए। 'श्रीविद्यार्णव' (द्वादश श्वास) में कहा गया है कि स्वर्णपत्र पर निर्मित श्रीयन्त्र जीवन भर के लिये उपयोगी होता है, जबकि चाँदी पर बना यन्त्र ३२ वर्षों तक, ताम्बे का यन्त्र १२ वर्षों तक तथा भोजपत्र पर अंकित यन्त्र केवल ६ वर्षों तक उपयोगी होता है। स्फटिक आदि रत्नों पर अंकित यन्त्र सदा-सर्वदा उपयोगी होता है।

[बिन्दुचक्रे महाकामकलाया अवस्थितिः]

त्रिकोणचक्रमध्ये तु महाकामकलां लिखेत्।
कथितं परमं चक्रं त्रिषु लोकेषु दुर्लभम्।।८१।।
प्रार्थयेद् यदि मोक्षन्तु मोक्षद्वारमिदं महत्।
श्रीक्रमे परमं वस्तु कीर्त्तितं परमात्मना।।८२।।

त्रिकोणचक्रमध्य इति। मध्यत्रिकोणचक्रस्य मध्ये बिन्दावित्यर्थः।

'श्रीक्रमसंहिता' में भगवान् शिव ने कहा है कि मूल त्रिकोण के बैन्दव चक्र में भगवती महाकामकला की नित्य स्थिति है। ऐसा यन्त्र संसार में दुर्लभ है, जो प्रार्थना करने मात्र से मोक्ष भी प्रदान करने में सक्षम है॥८१-८२॥

[श्रीचक्रोद्धारे दिङ्नियमः]

उदङ्मुखो यदा मन्त्री चक्रराजं प्रपूजयेत्।
उदीची दिक् तदा चैव पूर्वाशैव निगद्यते।
ईशानन्तु तथाग्नेयं भवेदेवं न संशयः।।८३।।
पश्चिमाशा यदा मन्त्री चक्रराजं प्रपूजयेत्।
प्रतीची दिक् तदा चैव पूर्वाशैव न संशयः।
वायुकोणं तदाग्नेयमीशानं राक्षसं भवेत्।।८४।।

अथेदानीं श्रीचक्रोद्धारे दिङ्नियमः प्रतिपाद्यते। तत्र च—

तत्र प्राङ्मुख आसीनश्चक्रराजं समालिखेत्।

इति ज्ञानार्णवदशमपटलवचनेन,

ततः प्राङ्मुख आसीनश्चक्रोद्धारं समारभेत्।

इति गन्धर्वतन्त्रचतुर्थपटलवचनेन च श्रीचक्रनिर्माणे साधकस्य पूर्वदिङ्मुखत्वमुपदिष्टम्। तदिदानीं पूर्वां दिशमेव नियमयति—**उदङ्मुख इत्यादिना।** साधक उदङ्मुखः सन् चक्रनिर्माणाय प्रवृत्तश्चेत्तर्हि उत्तरदिश एव पूर्वदिक्त्वम्, ईशानस्याग्निकोणत्वम्। अनया रीत्या सर्वत्र दिङ्नियम इत्युत्तरवचनेभ्योऽवगन्तव्यम्। एतानि दिङ्नियमप्रतिपादकवचनानि क्वचिच्छ्रीचक्रोद्धारविषये क्वचन वा श्रीमत्त्रिपुरापूजनविषयेऽभिहितानि दृश्यन्ते। यथा ज्ञानार्णवे दशमपटले—

उत्तराशामुखो मन्त्री यदा चक्रं समुद्धरेत्।
उत्तराशा तदा देवि पूर्वाशैव निगद्यते।।

इत्यादि। एवमेव कौलावलीनिर्णयेऽपि। वचनमिदं चक्रोद्धारे दिङ्नियमप्रतिपादकम्। तथा गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

उत्तराभिमुखो भूत्वा यदा देवीं प्रपूजयेत्।
उत्तराशा तदा देवि पूर्वाशैव न संशयः।
ईशानमग्निकोणं स्याद्वायुकोणं तथेशकम्।
दक्षिणाशा तदा ज्ञेया पश्चिमाशा महेश्वरि।
राक्षसं वायुकोणं स्यादाग्नेयं राक्षसं भवेत्।

इत्यादिवचनैः पूजायां दिङ्नियमः प्रतिपादितः। एवञ्च निरुक्तज्ञानार्णव-गन्धर्व-तन्त्रादिवचनपर्यालोचनया श्रीचक्रोद्धारपूजनयोरुभयोरपि निरुक्तक्रमेण दिङ्नियमः कर्त्तव्य इति पर्यवस्यति। परन्तु 'तत्र प्राङ्मुख आसीनश्चक्रोद्धारं समारभेत्' इति प्रागुपदर्शितगन्धर्ववचनेन चक्रोद्धारे प्राङ्मुखत्वनियमात्—

दिग्विभागेषु कौवेरी दिक् शिवाप्रीतिदायिनी।
तस्मात्तन्मुख आसीनः पूजयेत्त्रिपुरां सदा।।

इति गन्धर्वतन्त्रसप्तमपटलवचनेन पूजने उत्तरास्यत्वनियमाच्च चक्रोद्धारे पूर्वदिङ्मुखत्वस्य पूजने चोत्तरास्यत्वस्य प्रशस्ततरत्वमिति बोध्यम्। न च दिग्विभागेष्वित्यादिवचनेन पूजने पूर्वास्यत्वमात्रं कल्प्यतामिति वाच्यम्,

यदाशाभिमुखो मन्त्री त्रिपुरां परिपूजयेत्।
देवीपश्चात्तदा प्राची प्रतीची त्रिपुरापुरः।

इति गुप्तार्णवतन्त्रवचने यदाशाभिमुख इत्यनेन यत्किञ्चिद्दिङ्मात्राभिधानात्,

उदङ्मुखो यदा मन्त्री चक्रराजं प्रपूजयेत्।

इत्यादिमूलोक्तवचनेषु पूजने उत्तरास्यत्वादेर्व्यक्तमभिधानाच्च विरोधापत्तेः। तस्मात् चक्रोद्धारे प्राङ्मुखत्वस्य पूजने चोत्तरास्यत्वस्य प्रशस्ततरत्वं दिशामन्यासां प्रशस्तत्वमिति निष्कर्षः।

वैदिक तथा पौराणिक विधि से अर्चन में दिशाओं का महत्त्व तो है; मगर वहाँ दिशाओं का क्रम और स्थान नैसर्गिक ही रहता है। तान्त्रिक पद्धति में ऐसा नहीं होता। इन श्लोकों में यही बात कही गई है। यदि साधक उत्तर की ओर मुख करके श्रीयन्त्र का अर्चन करता है तो उसके सामने की दिशा पूर्व दिशा तथा नैसर्गिक ईशान कोण अग्निकोण बन जायगा।

यदि साधक पश्चिम की ओर मुख करके श्रीचक्र का अर्चन करता है तो उसके सामने की पश्चिम दिशा को पूर्व माना जाय। इस स्थिति में नैसर्गिक वायव्य क्रोण को परिकल्पित आग्नेय कोण तथा नैसर्गिक ईशान कोण को परिकल्पित नैर्ऋत्य कोण माना जाय।।८३-८४।।

दक्षिणाशामुखो मन्त्री यदा चक्रं प्रपूजयेत्।
पूर्वाशैव तदा सा दिग् रक्षःकोणन्तु वह्निवत्।।८५।।
आग्नेयन्तु तदेशानं वायुस्तु निर्ऋतिर्भवेत्।
बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रस्य मतमेतत् प्रकीर्त्तितम्।।८६।।

यदि साधक दक्षिण दिशा की ओर मुख करके श्रीचक्र का अर्चन करता है तो नैसर्गिक दक्षिण दिशा को पूर्व, नैसर्गिक नैर्ऋत्य कोण को अग्निकोण, नैसर्गिक अग्निकोण को ईशान कोण तथा नैसर्गिक वायव्य कोण को परिकल्पित ईशान माना जाय।।८५-८६।।

'बृहत् श्रीक्रम' का उपर्युक्त मत है।

पुरन्दरमुखो मन्त्री पूजयेत्त्रिपुरां यदा।
देवीपश्चात्तदा प्राची प्रतीची त्रिपुरापुरः।
गुप्तार्णवमतेनापि दिग्विभागः प्रकीर्त्तितः।।८७।।

'गुप्तार्णवतन्त्र' का कथन है कि जब पूर्व की ओर मुख करके भगवती त्रिपुरा की पूजा की जाती है तब देवी के सामने प्रतीची (पश्चिम) और पीठ के पीछे पूर्व दिशा होती है।।८७।।

विमर्श—उपर्युक्त पाँच श्लोकों में से प्रथम चार श्लोक श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (पटलसंख्या १०) और पाँचवाँ श्लोक 'नवरत्नेश्वरतन्त्र' का है। आचार्यप्रवर भास्करराय ने 'नित्याषोडशिकार्णव' के प्रथम विश्राम के 'अणिमा पश्चिमे द्वारे लघिमामपि चोत्तरे' (श्लोकसंख्या १६६-१६८) आदि श्लोकों की व्याख्या उपर्युक्त श्लोकों तथा 'गुप्तार्णव' के निम्नलिखित श्लोक के आधार पर की है—

यदाशाभिमुखो मन्त्री त्रिपुरां परिपूजयेत्।
देवीपश्चात् भवेत् प्राची प्रतीची त्रिपुरापुरः।।

साधक जिस किसी भी दिशा की ओर मुख करके यन्त्र अर्चन करेगा, भगवती त्रिपुरा के पीछे की ओर पूर्व तथा सामने की ओर प्रतीची (पश्चिम दिशा) होगी। उनके दाहिने हाथ की ओर उत्तर और बाँयें हाथ की ओर दक्षिण दिशा होगी। ईशान आदि कोण भी तदनुसार होंगे।

[श्रीचक्रस्थापनाधारः]

अथ सिंहासने मन्त्री श्रीचक्रं पुरतो न्यसेत्।।८८।।

सोने, चाँदी अथवा ताँबे की प्लेट अथवा स्फटिक आदि रत्न पर अंकित या उत्कीर्ण श्रीयन्त्र को भूमि पर नहीं; अपितु सिंहासन पर ही रखा जाय।।८८।।

[सीसकादिषु चक्रस्थापननिषेधः]

सीसके कांस्यपात्रे वा रङ्गे वा साधकोत्तमः।
फलकायां पटे भित्तौ स्थापयेन्न कदाचन।।८९।।
स्थापितं यदि लोभेन मोहादज्ञानतोऽपि वा।
कुलं वित्तमपत्यञ्च निर्मूलयति सर्वदा।।९०।।

कतिपय वस्तुओं पर श्रीयन्त्र का अंकन निषिद्ध है। तदनुसार सीसा, कांस्यपात्र, राँगा अथवा काँसे की प्लेट पर, फलक पर, कपड़े पर या दीवार पर श्रीयन्त्र का अंकन नहीं किया जाय। यदि लोभ, मोह अथवा अज्ञानवश निषिद्ध आधार पर श्रीचक्र का निर्माण/अंकन किया जाता है तो घर-परिवार आदि का नाश हो जाता है।।८९-९०।।

विमर्श—'तन्त्रसार' में अन्य तन्त्र-ग्रन्थों से उद्धृत करके कहा गया है—

जिसे पुत्र-पौत्र आदि की ममता हो, वह घर की दीवार पर, वस्त्र या फलक पर कोई भी यन्त्र स्थापित न करे।

किसी काष्ठफलक या घर की दीवार पर यन्त्र को लटकाने या स्थापित करने से पुत्र-पौत्र, धन-धान्य और आयु का नाश होता है।

सिंहासन पर श्रीयन्त्र को स्थापित करके पीठपूजा का विधान अगले २३ श्लोकों में बताया गया है। पीठपूजा का यह विधान प्रयोग-क्रम रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है—

[पीठपूजा]

पीठपूजां ततः कुर्यादुपर्युपरिभावतः।
मण्डूकं पूजयेदादौ रुद्रं कालाग्निरूपकम्।।९१।।
आधारशक्तिं कूर्मञ्च तथाऽनन्तं वराहकम्।
पृथ्वीं सुधासमुद्रञ्च रत्नद्वीपमतः परम्।।९२।।
स्वर्णशैलं रत्नभूमिं नन्दनोद्यानमेव च।
नानावृक्षमहोद्यानं तथैव कल्पवाटिकाम्।।९३।।
सन्तानबाटिकाञ्चैव हरिचन्दनवाटिकाम्।
मन्दारवाटिकां पारिजातवाटीं समर्चयेत्।।९४।।
कदम्बवनवाटीञ्च रत्नप्राकारकान् यथा।
पुष्परागं पद्मरागं गोमेदं वज्रमप्यथ।।९५।।
वैदूर्यमिन्द्रनीलञ्च मुक्तां मरकतं तथा।
विद्रुमञ्चेति नवकान् रत्नप्राकारसंयुतान्।।९६।।
माणिक्यमण्डपञ्चैव सहस्रस्तम्भमण्डपम्।
अमृतवापिकामेवमानन्दवापिकां ततः।।९७।।
विमर्षवापिकां बालातपोद्गारमतः परम्।
चन्द्रिकोद्गारकं महाशृङ्गारपरिखामपि।।९८।।

पीठपूजामाह—**पीठपूजामित्यादिना समर्चयेदिति प्रकाशान्तेन।**

पीठपूजा के क्रम में सर्वप्रथम मण्डूक की पूजा करके अन्य पीठदेवताओं की पूजा यह भावना करते हुए की जाय कि ये पीठदेवता एक के ऊपर एक के क्रम से स्थित हैं—

मं मण्डूकाय नमः। कां कालाग्निरुद्राय नमः। आधारशक्त्यै नमः। कूं कूर्माय नमः। अं अनन्ताय नमः। वं वराहाय नमः। पृं पृथिव्यै नमः। सुं सुधासागराय नमः। अं-आं इं ईं .... ळं क्षं रत्नद्वीपाय नमः।

रत्नद्वीप पर—स्वं स्वर्णशैलाय नमः। रं रत्नभूम्यै नमः। तत्र—नं नन्दनोद्यानाय नमः। नां नानावृक्षमहोद्यानाय नमः।

महाउद्यान में—कं कल्पवाटिकायै नमः। मन्दारवाटिकायै नमः। सं सन्तानवाटिकायै नमः। हं हरिचन्दनवाटिकायै नमः। मं मन्दारवाटिकायै नमः। पां पारिजातवाटिकायै नमः। कं कदम्बवनवाटिकायै नमः।

वाटिकाओं के अन्दर नौ रत्न-प्राकारों की पूजा करें। यथा—पुं पुष्परागप्राकाराय नमः। पं पद्मरागप्राकाराय नमः। गों गोमेदप्राकाराय नमः। वं वज्रप्राकाराय नमः। वैं वैदूर्यप्राकाराय नमः। इं इन्द्रनीलप्राकाराय नमः। मुं मुक्ताप्राकाराय नमः। मं मरकतप्राकाराय नमः। विं विद्रुमप्राकाराय नमः।

रत्नप्राकारों के अन्दर—मं माणिक्यमण्डपाय नमः। सं सहस्रस्तम्भमण्डपाय नमः। अं अमृतवापिकायै नमः। आं आनन्दवापिकायै नमः। विं विमर्षवापिकायै नमः। बां बालातपोद्गाराय नमः। चं चन्द्रिकोद्गाराय नमः। मं महाशृंगारपरिखायै नमः।।९१-९८।।

महापद्माटवीं कल्पवृक्षं सम्पूजयेन्नरः।
ततश्चिन्तामणिगृहं रत्ननिर्मितवेदिकाम्।।९९।।
पूर्वाम्नायमयं पूर्वं द्वारं पूर्वे समर्चयेत्।
दक्षिणे पश्चिमे सौम्ये तत्तदाम्नायमप्यथ।।१००।।
रत्नसिंहासनं श्वेतच्छत्रमूर्द्ध्वे प्रपूजयेत्।
धर्मं ज्ञानञ्च वैराग्यमैश्वर्यं चाग्नितो यजेत्।।१०१।।
अ-पूर्वान् पूजयेदेतान् दिक्षु पूर्वादितः क्रमात्।
आत्मान्तरात्मपरमज्ञानात्मानः क्रमेण तु।।१०२।।
चक्रमध्यस्थपद्मञ्च कन्दं वसुदलं ततः।
नालमूर्द्ध्वच्छदाधश्च तत्त्वरूपान्तु कर्णिकाम्।।१०३।।
मण्डलं वह्निसूर्येन्दो रजः सत्त्वं तमोऽपि च।
ज्ञानमायाकलाविद्यातत्त्वान्यत्र प्रपूजयेत्।।१०४।।

पूर्वेति। पूर्वद्वारे पूर्वाम्नायम्, एवं दक्षिणपश्चिमोत्तरेषु दक्षिणपश्चिमोत्तराम्नायान् क्रमेण पूजयेदित्यर्थः। एतेन पूर्वाम्नायमयपूर्वद्वाराय नमः दक्षिणाम्नायमयदक्षिणद्वाराय नम इत्यादिरूपः प्रयोग इत्यापतति। तन्त्रसारे तु पूर्वाम्नायपूर्वद्वाराय नम इत्यादिरूपः प्रयोग उक्तः। **अपूर्वानिति**। अधर्ममज्ञानमवैराग्यमनैश्वर्यञ्चेत्यर्थः।

महापद्माट्व्यै नमः। पद्माटवी में—कं कल्पवृक्षाय नमः। कल्पवृक्ष के नीचे—चिं चिन्तामणिगृहाय नमः। चिन्तामणिगृह में—रं रत्नवेदिकायै नमः।

चिन्तामणि गृह के चार द्वारों पर—

पूर्व में—पूं पूर्वाम्नायद्वाराय नमः। दक्षिण में—दं दक्षिणाम्नायद्वाराय नमः। पश्चिम में—पं पश्चिमाम्नायद्वाराय नमः। उत्तर में—उं उत्तराम्नायद्वाराय नमः।

रत्नवेदिका पर—

रं रत्नसिंहासनाय नमः। सिंहासन पर—श्वेतछत्राय नमः। सिंहासन की चारो दिशाओं और उपदिशाओं में—

आग्नेय कोण में—धं धर्माय नमः। नैर्ऋत्य कोण में—ज्ञां ज्ञानाय नमः। वायव्य में—वं वैराग्याय नमः। ईशान में—ऐं ऐश्वर्याय नमः।

पूर्व में—अं अधर्माय नमः। दक्षिण में—अं अज्ञानाय नमः। पश्चिम में—अं अवैराग्याय नमः। उत्तर में—अं अनैश्वर्याय नमः।

रत्नसिंहासन पर क्रम से—

आं आत्मने नमः। अं अन्तरात्मने नमः। पं परमात्मने नमः। ज्ञां ज्ञानात्मने नमः।

चक्र के मध्य में—

पं पद्माय नमः। कं कन्दाय नमः। अष्टदलकमलाय नमः। कमल के मूल में—नालाय नमः। उसके ऊपर—तत्त्वरूपा कर्णिकायै नमः।

कर्णिका पर—मं अग्निमण्डलाय नमः। अं अर्क मण्डलाय नमः। उं चन्द्रमण्डलाय नमः। रं रजसे नमः। सं सत्त्वाय नमः। तं तमसे नमः।

ज्ञां ज्ञानतत्त्वाय नमः। मां मायातत्त्वाय नमः। कं कलातत्त्वाय नमः। विं विद्यातत्त्वाय नमः।।९९-१०४।।

गणेशं वटुकं मन्त्री सव्ये दक्षे प्रपूजयेत्।
नामादिवर्णबीजानि चतुरस्रान्तरे पुनः।।१०५।।
ईशाग्न्यन्तञ्च मित्रीशनाथमुड्डीशनाथकम्।
जालन्धराह्वयं पीठं पीठं पूर्णगिरिं ततः।।१०६।।
त्र्यस्रे सम्पूजयेन्मन्त्री क्रमेणानेन तत्परम्।
पूर्वादिक्रमयोगेण फलके आसनस्य तु।।१०७।।
पृथिव्याश्च पतिञ्चैव ब्रह्माणममृतेश्वरम्।
विष्णुतेजोऽधिपं रुद्रं वार्यधीशं तथेश्वरम्।।१०८।।
मध्ये प्रासादमुच्चार्य वियत्पदमुदीरयेत्।
ततोऽधिपतये प्रोच्य पञ्चवक्त्राय योजयेत्।।१०९।।
सदाशिवाय च महाप्रेतपद्मासनाय हृत्।
यजेदासनमन्त्रेण सर्वासनमथापि वा।।११०।।

प्रेतबीजं समुच्चार्य सदाशिवमहापदम्।
प्रेतपद्मासनायेति ह्मनुर्मनुरीरितः।।१११।।
पूर्वोक्तेनैव मन्त्रेण तस्योपरि षडासनम्।।११२।।

चतुरस्रेति। श्रीचक्रचतुरस्रान्तरे ईशानाद्यग्निकोणान्तं क्रमेण जालन्धरादिपीठ-चतुष्टयं पूजयेदित्यर्थः। **प्रासादेति।** ह्रीं वियदधिपतये सदाशिवाय महाप्रेतपद्मासनाय नम इति प्रयोगः। **प्रेतेति।** प्रेतबीजं हसौरिति। तथाच हसौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नम इति प्रयोगः।

उत्तर में—गं गणेशाय नमः। दक्षिण में—वं वटुकाय नमः।

चतुरस्र में ईशान से अग्निकोण-पर्यन्त चार कोणों में मित्रीशनाथ एवं उड्डीशनाथ तथा जालन्धरपीठ तथा पूर्णगिरि पीठ का न्यास/अर्चन करें। यथा—

ईशान में — ऐं ह्रीं श्रीं मित्रीशनाथाय नमः।
वायव्य में — ऐं ह्रीं श्रीं उड्डीशनाथाय नमः।
नैर्ऋत्य में — ऐं ह्रीं श्रीं षष्ठीशनाथाय नमः।
अग्निकोण में— ऐं ह्रीं श्रीं चर्यानन्दनाथाय नमः।

इनके बाद इन्हीं कोणों में जालन्धर आदि पीठ का न्यास करें—

ईशान में — ऐं ह्रीं श्रीं जालन्धरपीठाय नमः।
वायव्य में — ऐं ह्रीं श्रीं पूर्णगिरिपीठाय नमः।
नैर्ऋत्य में — ऐं ह्रीं श्रीं कामरूपपीठाय नमः।
अग्निकोण में— ऐं ह्रीं श्रीं उड्डीयानपीठाय नमः।

तत्पश्चात् आसन के फलक (तख्ते पर) पूर्वादि क्रम से—

पूर्व — ऐं ह्रीं श्रीं पृथ्वीपतये ब्रह्मणे नमः।
दक्षिण — ऐं ह्रीं श्रीं अमृतपतये विष्णवे नमः।
पश्चिम — ऐं ह्रीं श्रीं तेजोऽधिपतये रुद्राय नमः।
उत्तर — ऐं ह्रीं श्रीं जलाधिपतये ईश्वराय नमः।

आसन के मध्य में—हौं वियदधिपतये पञ्चवक्त्राय सदाशिवाय महाप्रेतपद्मासनाय नमः—अथवा

हसौः सदाशिवाय महाप्रेतपद्मासनाय नमः।

मन्त्र से प्रेतासन का न्यास/अर्चन करके षडासन मन्त्रों से अर्चन करें; यथा—

अं आं सौः त्रिपुरा सुधार्णवासनाय नमः। ऐं क्लीं सौः त्रिपुरेश्वरी पोताम्बुजासनाय नमः। ह्रीं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी देव्यासनाय नमः। हैं हक्लीं सौः त्रिपुरवासिनी

सर्वचक्रासनाय नमः। हसैं हस्कलीं ह्सौः त्रिपुराश्रीसर्वमन्त्रासनाय नमः। ह्रीं क्लीं ब्लें त्रिपुरमालिनी साध्यसिद्धासनाय नमः।

तस्योपरि यजेन्मन्त्री प्रसूनतूलिकामपि।
कामेश्वरं तथा कामेश्वरीमूर्त्तिं समर्चयेत्।।११३।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ सप्तदशः प्रकाशः।।१७।।

षडासन पर प्रसूनतूलिका का न्यास करके साधक उस पर कामेश्वर और कामेश्वरी का अर्चन करे। यथा—ऐं ह्रीं श्रीं प्रसूनतूलिकायै नमः। उस पर ऐं ह्रीं श्रीं कामेश्वरकामेश्वरीभ्यां नमः।

विमर्श—पीठदेवताओं के न्यास और अर्चन का उपर्युक्त क्रम अन्य तन्त्र-ग्रन्थों में दिये गये क्रम से कुछ भिन्न है। यथा—

पूर्वाम्नाय आदि द्वारपूजाओं (श्लोकसंख्या १००) के बाद अन्य ग्रन्थों में बताया गया क्रम है—महामणिवेदिकायै नमः। रत्नसिंहासनाय नमः। श्वेतछत्राय नमः।

तत्पश्चात् सिंहासन के पायों के रूप में अग्निकोण से प्रारम्भ कर धर्म आदि की तथा पूर्व से प्रारम्भ कर अधर्म आदि की पूजा के बाद—

मायायै नमः। विद्यायै नमः। अनन्ताय नमः। आनन्दाय नमः। कन्दाय नमः। संविन्नालाय नमः। महापद्माय नमः। प्रकृतिमयपत्रेभ्यो नमः। विकृतिमयकेशरेभ्यो नमः। पञ्चाशत् वर्णबीजाढ्य सर्वतत्त्वात्मिका कर्णिकायै नमः। फिर कर्णिका में—अं अर्कमण्डलाय नमः। उं सोममण्डलाय नमः। मं वह्निमण्डलाय नमः। (इन तीनों मण्डलों पर) सं सत्वाय नमः। रं रजसे नमः। तं तमसे नमः। (इनके ऊपर) आं आत्मने नमः। अं अन्तरात्मने नमः। पं परमात्मने नमः। ह्रीं ज्ञानात्मने नमः। (आत्मचतुष्टय के बाद) ज्ञानतत्त्वात्मने नमः। मायातत्त्वात्मने नमः। कलातत्त्वात्मने नमः।

इस योगपीठ पर केसरों में प्रदक्षिणाक्रम से दूतरी आदि पीठशक्तियों के न्यास-अर्चन का निम्नलिखित विधान मिलता है, जो प्रस्तुत ग्रन्थ में नहीं है—

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं दूतरी अम्बायै नमः। ४ सुन्दरी अम्बायै नमः। ४ सुमुखी अम्बायै नमः। ४ सुरूपा अम्बायै नमः। ४ विमलाम्बायै नमः। ४ अन्तरी अम्बायै नमः। ४ यदरी अम्बायै नमः। ४ पुरन्दरी अम्बायै नमः। (मध्य में) ४ पुष्पमर्दिनी अम्बायै नमः। (४ का अर्थ है—ॐ ऐं ह्रीं श्रीं)।

पीठशक्तियों के बाद चतुर्दल महापद्म की कर्णिका में षट्कोण-गर्भित चतुरस्र की भावना करके कमल के चारो दलों और मध्य में ब्रह्मा आदि प्रेतासनों की तथा

षट्कोण में प्रदक्षिणा क्रम से सुधार्णवासन आदि षडासनों तथा चतुरस्र के ईशान आदि कोणों में 'कामगिरि एवं मित्रेशनाथ' आदि पीठचतुष्टय तथा नाथचतुष्टय की न्यासपूर्वक पूजा का विधान मिलता है।

पीठपूजा के क्रम में किसी अन्य ग्रन्थ में गणेश और वटुक की पूजा का विधान नहीं मिलता।

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के सत्तरहवें प्रकाश का 'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।१७।।

●

अष्टादशः प्रकाशः

[सामान्यार्घ्यस्थापनादिविसर्जनाऽन्तसपर्याक्रम:]

पिछले प्रकाश में अन्तर्याग और श्रीचक्र-अंकन की विधि तथा चक्र-संकेत का निरूपण करने के बाद इस प्रकाश में बहिर्याग की विधि का निरूपण किया जा रहा है। पिछले प्रकाश में पीठ-पूजन का जो विधान बताया गया है, वह अन्तर्याग और बहिर्याग की मध्यवर्ती कड़ी है। बहिर्याग के क्रम में सर्वप्रथम सामान्य अर्घ्य की स्थापना की जाती है। तमिल ग्रन्थ 'श्रीविद्या सपर्या वासना' के अनुसार जल ज्ञान का प्रतीक है। सामान्य अर्घ्य देवता के सामान्य ज्ञान और विशेष अर्घ्य देवता के विशिष्ट ज्ञान का परिचायक है।

[सामान्यार्घ्यस्थापनम् (तत्र मण्डलम्)]

विधाय वामभागे तु त्रिकोणवृत्तभूपुरम्।
अथवा चतुरस्त्रन्तु जलेन परिकल्पयेत्।।१।।
चतुरस्त्रन्तु तत् कुर्यात्त्रिकोणद्वयसंयुतम्।

एवं पूर्वप्रकाशे चक्रसङ्केतमभिधाय पूजासङ्केतमभिदधानः प्रथमं सामान्यार्घ्य-स्थापनपरिपाटीमाह—**विधायेत्यादिना। त्रिकोणेति।** आदौ त्रिकोणं तद्बहिर्मूलं तद्बहिर्भूपुरं चतुरस्त्रमित्यर्थः। अत्र त्रिकोणमधोमुखं कार्यं शक्तिविषयत्वात्। तदुक्तं ताराहस्यधृतरुद्रयामले—

यत्र यत्र महाविद्या शक्तिविद्या उपासिता।
तत्र तत्र त्रिकोणञ्च अधोमुखमुदीरितम्।
देवत्रिकोणे कर्तव्ये ऊद्ध्वं तत् परिकीर्तितम्। इति।

कल्पान्तरमाह—**अथवेति।** जलेन चतुरस्त्रं परिकल्प्य तदन्तस्त्रिकोणद्वयं कुर्यादित्यर्थः।

सामान्य अर्घ्य की स्थापना के लिये अपने बाँयीं ओर भूमि पर जल से मण्डल बनाया जाता है। इस मण्डल के दो रूप हैं। प्रथम है—त्रिकोण-गर्भित वृत्त तथा भूपुर। दूसरा है, चतुरस्त्र के गर्भ में दो त्रिकोण। पहिले प्रकार के मण्डल में त्रिकोण अधोमुख होता है तथा दूसरे प्रकार के मण्डल में एक अधोमुख और दूसरा ऊर्ध्वमुख त्रिकोण (षट्कोण) होता है।।१।।

[शङ्खाधारस्थापनम्]

आधारं तत्र संस्थाप्य पूजयेद् वह्निमण्डलम्।।२।।
आधारेण विना पूजा निष्फला परिकीर्त्तिता।

मण्डल पर आधार स्थापित करके उस पर वह्निमण्डल की पूजा करें। आधार की स्थापना अनिवार्य है; क्योंकि इसके विना सम्पूर्ण पूजन-कार्य निष्फल हो जाता है।।२।।

[आधारभेदाः]

आधारं विविधञ्चैव षट्पदं वा चतुष्पदम्।।३।।
अथवा वर्त्तुलाकारं त्रिकोणं वा समाचरेत्।
सुवर्णरूप्यरचितं त्रिपदं वाऽपि पूजयेत्।।४।।

आधार-पात्र अनेक प्रकार के होते हैं। त्रिपाद, चतुष्पाद, षट्पाद अथवा वृत्ताकार। इनमें से किसी भी आकार का अथवा सोना या चाँदी का बना हुआ त्रिपाद पात्र स्थापित करके पूजन करना चाहिए।।३-४।।

विमर्श—आधार के अभाव में बेलपत्र रखकर उसमें आधार की भावना की जाती है।

[मन्त्रोपदेशः]

बीजोक्तौ तदनुक्तौ वा मायाश्रीपूर्वमर्चनम्।
मन्त्रानुक्तौ नाममन्त्रं सर्वत्रैवोपयोजयेत्।।५।।

त्रिपदं वाऽपि पूजयेदित्युक्तं तत्पूजामन्त्रं निर्दिशति—**बीजोक्ताविति**। मायाबीजं ह्रीं, श्रीबीजं श्रीं। तथाच ह्रीं श्रीं मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्राधाराय नम इति प्रयोगः। तन्त्रसारकारस्तु निरुक्तमायाबीजात् पूर्वं वाग्भवबीजस्यापि योजनया त्रितारीप्रयोगमुपदिदेश। त्रिपुरार्चनरहस्ये तु मूल मन्त्रानन्तरं श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी-सामान्यार्घ्याधारमण्डलाय नम इति मण्डलं सम्पूज्य ॐ दशकलात्मनेऽग्निमण्डलाय श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीसामान्यार्घ्याधाराय नम इत्यर्घ्याधारपूजाक्रम उक्तः, तत्र माया-श्रीबीजयोरुल्लेखो न दृश्यते। **मन्त्रानुक्ताविति**। नाममन्त्रं तत्तद्देवतानामरूपं मन्त्रमित्यर्थः। अत्र विशिष्यानुक्तावपि नाम्नः प्रणवपूर्वकत्वमवगन्तव्यम्। व्यक्तमाह दुर्गापूजातत्त्वधृतयोगियाज्ञवल्क्य-ब्रह्मपुराणयोः—

ध्यात्वा प्रणवपूर्वन्तु दैवतन्तु समाहितः।
नमस्कारेण पुष्पादि विन्यसेत्तु पृथक्-पृथक्।।

तथा— ॐकारादिसमायुक्तं नमस्कारान्तकीर्तितम्।
स्वनाम सर्वदेवानां मन्त्र इत्यभिधीयते।। इति।

बीजाक्षर के पहिले माया (ह्रीं) तथा श्री (श्रीं) की योजना करके मण्डल का पूजन किया जाय।।५।।

विमर्श—तन्त्रसार के अनुसार बीजाक्षर के पहिले 'ऐं ह्रीं श्रीं' अथवा 'त्रिपुरार्चनरहस्य' के अनुसार प्रणव (ॐ) की योजना करके मण्डल का पूजन किया जा सकता है। मन्त्रस्वरूप—'ह्रीं श्रीं मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्राधाराय नम:'।

[पादुकामन्त्रप्रयोग:]

श्रीपादुकाख्यमन्त्रन्तु दद्यादन्ते यथाक्रमम्।।६।।

श्रीपादुकेति। प्रथमं देवतानाम ततः श्रीपादुकां पूजयामि नम इति पादुकामन्त्रः।

देवता के नाम के बाद 'श्रीपादुकां पूजयामि नम:' की योजना करने से देवता का पादुका-पूजन मन्त्र बनता है।।६।।

[वह्नेर्दशकला:]

धूम्रा च नीलवर्णा च कपिला विस्फुलिङ्गिनी।
ज्वाला हैमवती कव्यवाहिनी हव्यवाहिनी।
रौद्री सङ्कर्षिणी वह्नेरेताः कलाः परा यथा।।७।।

एवमाधारं तत्रेत्यादिना वह्निमण्डलपूजामुपदिश्य तत्रैव वह्निकलार्चामुपदिशति—**धूम्रा चेत्यादिना।** योगिनीहृदयटीकाधृतस्वच्छन्दसंग्रहेऽपि—

षट्कोणान्तस्त्रिकोणे तु वह्निबिम्बं कलायुतम्।
आवाह्याऽऽधारतो देवि पूजयेन्मन्त्रवित्तमः।।

इत्युक्तम्। यद्यप्यत्र वचने षट्कोणान्तस्त्रिकोण इत्यनेन विशेषार्घ्यस्थापन एव वह्न्यादिकलानामर्चनमुपदिष्टं न तु सामान्यार्घ्यस्थापनावसरे, त्रिपुरार्चनरहस्य-कौलावलीनिर्णय-तन्त्रसारादिष्वपि तथैव दृश्यते, तथाऽपि मूले तद्वैपरीत्येन सामान्यार्घ्यस्थापन एव वह्न्यादिकलापूजनोपदेशात् विशेषार्घ्ये तदनभिधानाच्चाऽऽगमान्तरसम्मतोऽयं क्रमो मूलकृद्भिः परमहंसपादैः परिगृहीत इति प्रतिभाति। **धूम्रेति।** धूम्रादिसङ्कर्षिण्यन्ता वह्नेर्दश कला इत्यर्थः।

(१) धूम्रा, (२) नीलवर्णा, (३) कपिला, (४) विस्फुलिङ्गिनी, (५) ज्वाला, (६) हैमवती, (७) कव्यवाहिनी, (८) हव्यवाहिनी, (९) रौद्री तथा (१०) संकर्षिणी—ये अग्नि की दस कलायें हैं।।७।।

[तत्र कल्पान्तरम्]

धूम्रार्चिरुष्मा ज्वलिनी ज्वालिनी विस्फुलिङ्गिनी।
सुश्रीः सुरूपा कपिला हव्यकव्यवहे तथा।
आभिर्वा पूजयेद् वह्निं यादिक्षान्तादिभिः क्रमात्।।८।।

कल्पान्तरमाह—**धूम्रार्चिरिति।** तथा चैतत्कल्पे धूम्रार्चिराद्याः कव्यवहान्ता दश कला इत्यर्थः। अत्र तन्त्रसारादिषु नाम्नां क्रमभेदः स्वरूपभेदश्च दृश्येते। **आभिर्वेति।**

वाशब्दः कल्पान्तरबोधकः। आभिर्धूम्रादिभिः धूम्रार्चिरादिभिर्वेति सम्बन्धः। अभिरिति विशेषयति—**यादिक्षान्तादिभिरिति**। यकारादिक्षकारान्तदशवर्णानामेकैकमादौ नियोज्य नमोऽन्तेन पूजयेदित्यर्थः। अत्र यकारादिवर्णाः सबिन्दुका ग्राह्याः। तथाच कौलावली-निर्णये षष्ठोल्लासे धूम्रार्चिरित्याद्यभिधाय—

यादिसेन्दुक्षकारान्ता अब्जाद्या परिकीर्तिताः।
ङे-युता वै नमोऽन्ताश्च कला वह्नेरितीरिताः।।

इत्यनेनानुस्वारयुक्तत्वं यकारादीनामुक्तम्, अब्जाद्या इत्यनेन श्रीबीजपूर्वकत्वमप्युक्तम्, एतेनैतन्मते श्रीं यं धूम्रायै नम इति प्रयोगक्रमः पर्यवस्यति। मूलकृन्मते तु 'बीजोक्तौ तदनुक्तौ वा मायाश्रीपूर्वमर्चनम्' इति प्रागुक्तवचनानुसारेण ह्रीं श्रीं यं धूम्रायै नम इत्यादिरूपः प्रयोग इति प्रतिभाति। तन्त्रसारकृता तु यादीनां पूर्वं त्रितारीप्रयोग उक्तः। योगिनीहृदयटीकाधृतस्वच्छन्दसंग्रहेऽपि—

यादिक्षान्तात्मवर्णानि कला वह्नेर्महेश्वरि।
एताः कलाः समभ्यर्च्य स्वस्ववर्णैर्यथाविधि।।
स्वबीजाद्याश्चतुर्थ्यन्ता नाममध्या नमोऽन्तिकाः।
प्रोक्ता वह्निकला मन्त्रनामानि शृणु साम्प्रतम्।।
धूम्रार्चिर्नीलरक्ता च कपिला विस्फुलिङ्गिनी।
ज्वालामालिन्यर्चिष्मती तदूर्ध्वं हव्यवाहिनी।
अष्टमी कव्यवाहा च रौद्री संवाहिनी तथा।।

इति वचने स्वबीजाद्या इत्यनेन श्रीबीजाद्यं वा मायाश्रीबीजाद्यं वा वाग्भव-माया-श्रीबीजरूपत्रितारीपूर्वकस्य वाऽभिप्रेतमिति संक्षेपः।

कल्पान्तर से अग्नि की दस कलाओं के नाम हैं—(१) धूम्रार्चि, (२) ऊष्मा, (३) ज्वलिनी, (४) ज्वालिनी, (५) विस्फुलिंगिनी, (६) सुश्री, (७) सुरूपा, (८) कपिला, (९) हव्यवहा और (१०) कव्यवहा। 'य'कार से 'स'कार-पर्यन्त १० (दस) वर्ण हैं; यशा—'य र ल व श ष स ह ळ क्ष'। इनमें से एक-एक वर्ण को यथाक्रम अग्नि-कलाओं के नाम के आगे जोड़कर उनकी (अग्निकलाओं की) पूजा की जाय।।८।।

[कलानामासां स्वरूपम्]

तरुणारुणसङ्काशा वराभयकरा इमाः।

निरुक्तानां वह्निकलानां स्वरूपमाह—**तरुणेति**। नवोदितसूर्यसवर्णाः। वराभयकराः एकेन करेण वरमपरेण वाभयं दधत्य इत्यर्थः।

अग्नि की इन सभी कलाओं का वर्ण नवोदित सूर्य की तरह अरुण है। इनके एक हाथ में वर तथा दूसरे हाथ में अभय मुद्रा है।

[तत्र सकल-वह्निमण्डलार्चाक्रमः]

उदरार्णः वाग्भवं वा दत्त्वा तन्मण्डलं यजेत्।।९।।

पूर्वं 'पूजयेद् वह्निमण्डलम्' इत्युक्तम्, तद्वह्निमण्डलपूजाक्रममुपदिशति—**उदरार्णमित्यादिना**। उदरार्णं मं वाग्भवं ऐँ इति बीजं वा दत्त्वा तन्मण्डलं वह्निमण्डलं यजेदित्यर्थः। एवञ्च निरुक्तयोर्बीजयोरन्यतरदुच्चार्य वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्राधाराय नमः इत्यनेन पूजयेदिति बोध्यम्। व्यक्तमाह कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

पूर्ववन्मण्डलं कृत्वा सम्पूज्य तेन वर्त्मना।
आदौ सेन्दुं महाकालं वह्निमण्डलं ङेयुतम्।
हृदन्तं मन्त्रमुच्चार्य आधारे पूजयेत्ततः। इति।

महाकालं मकारम्। तत्रापि ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले—

वह्निं तत्र विचिन्त्याथ पूजयेद् यन्त्रिकामयम्।

इत्यभिधानाद् अर्घ्यपात्राधाराय नम इत्याधारपात्रपदोल्लेखः कार्यः। त्रिपुरार्चनरहस्यादिप्रामाणिकपूजाप्रयोगेष्वपि तथैव दृश्यते।

अग्नि की इन सभी कलाओं का समष्टि रूप से यथोक्त ध्यान करके उनके नाममन्त्रों से उनमें से प्रत्येक कला की पूजा करने के बाद 'मं' अथवा 'ऐं' लगाकर समग्र मण्डल का पूजन करें। यथा—

(१) यं धूम्रार्च्यै नमः।

(२) मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्राधाराय नमः।

[सकलसूर्यमण्डलार्चा]

पात्रं निधाय तत्रैव कलाभिः सूर्यमर्चयेत्।

अथ सकलसूर्यमण्डलपूजनमुपदिशति—**पात्रमित्यादिना**। तत्रैवेति प्रागुक्तषट्पदाद्यन्यतमाधारे इत्यर्थः। व्यक्तमाह कौलावलीनिर्णये षष्ठोल्लासे—

एषामन्यतमं पात्रं स्थापयेत्त्रिपदोपरि। इति।

अत्रापि पूर्ववन्मण्डलमालिख्य सम्पूज्य च सूर्यमण्डलमर्चयेदिति ज्ञेयम्। तथा चोक्तं तत्रैव विशेषार्घ्यप्रकरणे—

पूर्ववन्मण्डलं कृत्वा पूजयेत् पूर्ववर्त्मना।
सूर्यस्य मण्डलं तत्र चिन्तयित्वाऽथ पूजयेत्।। इति।

उक्त आधार पर अर्घ्यपात्र रखकर सूर्य की द्वादश कलाओं का पूजन करें। सूर्यकलाओं के नाम अगले श्लोकों में बताये गये हैं।

[द्वादश सौरकलाः]

तपिनी तापिनी चान्या विबुधा बोधिनी तथा।।१०।।
कलिनी षोडशी चैव वारुण्याकर्षिणी तथा।
माया विश्वावती हेम(ा)प्रभा एताः कला रवेः।।११।।

द्वादश सूर्यकला निरूपयति—**तपिनीत्यादिना**। तपिन्याद्याः प्रभान्ता रवेर्द्वादश कलाः।

(१) तपिनी, (२) तापिनी, (३) विबुधा, (४) बोधिनी, (५) कलिनी, (६) षोडशी, (७) वारुणी, (८) आकर्षिणी, (९) माया, (१०) विश्वावती, (११) हेमा और (१२) प्रभा—सूर्य की ये बारह कलायें हैं॥१०-११॥

[तत्र प्रकारान्तरम्]

तपिनी तापिनी धूम्रा मरीचिर्ज्वालिनी रुचिः।
सुषुम्णा भोगदा विश्वा बोधिनी धारिणी क्षमा।
यजेदाभिः कलाभिर्वा तत्तन्मन्त्रेण साधकः॥१२॥

कल्पान्तरमाह—**तपिनीत्यादिना**। कल्पेऽस्मिंस्तपिन्याद्याः क्षमान्ता द्वादश सूर्यकलाः। कौलावलीनिर्णये षष्ठप्रकाशेऽयमेव क्रमः परिगृहीतो दृश्यते। **यजेदिति**। तपिन्यादिप्रभान्ताभिः तपिन्यादिक्षमान्ताभिर्वा यजेदित्यर्थः। **तत्तन्मन्त्रेणेति**। पूर्ववन्मायाश्रीबीजादिपूर्वकमन्त्रेणेत्यर्थः।

कल्पान्तर से सूर्य की कलाओं के नाम हैं—(१) तपिनी, (२) तापिनी, (३) धूम्रा, (४) मरीचि, (५) ज्वालिनी, (६) रुचि, (७) सुषुम्णा, (८) भोगदा, (९) विश्वा, (१०) बोधिनी, (११) धारिणी और (१२) क्षमा।

इनमें से किसी भी कल्प के अनुसार सूर्य-कलाओं की उनके नाममन्त्रों से पूजा करनी चाहिये॥१२॥

[कलार्चाक्रमः]

कादि-ठान्तान् बिन्दुयुतान् भादि-डान्तान् सबिन्दुकान्।
अन्योऽन्यक्रमयोगेण कलादौ योजयेत् क्रमात्॥१३॥

तत्राऽऽदौ वर्णयोजनमाह—**कादीत्यादिना**। कादि-ठान्तान् ककारादि-ठकारान्तान् तथा भादि-डान्तान् भकारादि-डकारान्तान विलोमपरिपठितान्, बिन्दुयुक्तान् निरुक्तानां द्वादशकलानामादौ योजयेदित्यर्थः। एवञ्च प्रागुक्तक्रमेण बीजमुच्चार्य कं भं तपिन्यै नमः, कं मं तापिन्यै नम इत्यादिरूपः प्रयोगक्रमः पर्यवस्यति। व्यक्तमाह योगिनीहृदयटीकाधृतस्वच्छन्दसंग्रहे—

अस्त्रप्रक्षालितं शङ्खं स्थापयित्वा तथोपरि।
हृदयात् सूर्यबिम्बञ्च समावाह्य स्वमन्त्रतः॥
कादि-ठान्तं भादि-डान्तं वर्णजातं क्रमोत्क्रमात्।
द्वयं द्वयं प्रयोक्तव्यं कलाश्च तदनन्तरम्॥ इति।

अत्रापि कौलावलीनिर्णय-योगिनीहृदयादिषु पूर्ववत् कलानां नामभेदः स्वरूपभेदश्च दृश्येते।

'क'कार से 'भ'कार-पर्यन्त २४ व्यञ्जन वर्ण हैं। इन्हें १२-१२ वर्णों के दो समूहों में विभक्त कर लें। प्रथम समूह के सबिन्दु एक वर्ण के साथ दूसरे समूह के एक सबिन्दु अक्षर को विपरीत क्रम से जोड़ते हुए १२ वर्णयुगम बनायें। यथा— कं भं, खं-बं आदि। अब इनमें से एक-एक वर्णयुग्म को सूर्यकलाओं के चतुर्थ्यन्त नाम के साथ जोड़कर पूजन मन्त्र बना लें। यथा—'कं भं तपिन्यै नमः। खं बं तापिन्यै नमः' आदि। मन्त्र के आदि में पूर्ववत् 'ह्रीं श्रीं' भी लगायें। यथा—ह्रीं श्रीं कं भं तपिन्यै नमः।

[कलानां स्वरूपम्]

वराभयकराः सर्वा अतसीपुष्पसोदराः।

कलानामासां स्वरूपमाह—**वराभयेति**। सर्वा एव एकेन हस्तेन वरमपरेण वाभयं दधत्यः। अतसीपुष्पसोदराः अतसीपुष्पसवर्णाः।

सूर्य-कलाओं का रंग अलसी के फूल के समान है। इनके एक हाथ में वर तथा दूसरे हाथ में अभय मुद्रा है।

[सौरमण्डलार्चाक्रमः]

ललाटं कामबीजं वा संयोज्य मण्डलं रवेः।।१४।।

पूर्वं कलाभिः सूर्यमर्चयेदित्युक्तम्, तत्क्रममुपदिशति—**ललाटमिति**। ललाटम् अं, कामबीजं क्लीं। बीजयोरेतयोरन्यतरमादौ संयोज्य रवेर्मण्डलं पूजयेदित्यर्थः। पूजाक्रममाह कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

मण्डलं पूर्ववत् कृत्वा पूजयेत् पूर्ववर्त्मना।
सूर्यस्य मण्डलं तत्र चिन्तयित्वाऽथ पूजयेत्।
स्वराद्यं बिन्दुसहितमर्कमण्डलं ङेयुतम्।
नमोऽन्तं मन्त्रमुच्चार्य पूजयित्वाऽर्घ्यपात्रकम्।
कलाः सम्पूजयेत्तत्र भानोर्द्वादशसंज्ञकाः। इति।

एवञ्च ललाटकामबीजयोरन्यतरमुच्चार्य अं अर्कमण्डलाय द्वादशकलात्मने अर्घ्यपात्राय नम इति प्रयोगः।

कलाओं का पूजन करने के बाद समग्र भाग में सूर्यमण्डल का पूजन करें। मन्त्र के आदि में ललाट (अं) अथवा कामबीज (क्लीं) की योजना करें। यथा— अं अर्कमण्डलाय द्वादशकलात्मने अर्घ्यपात्राय नमः।

[अर्घ्यपात्रापूरणं सोमकलार्चोपदेशश्च]

तीर्थोदकेन शुद्धेन पूरयेन्मूलमुच्चरन्।
प्रणवेन गन्धपुष्पे दत्त्वा सोमकलार्चनम्।।१५।।

अथार्घ्यपात्रस्याऽऽपूरणादिकमाह—**तीर्थेत्यादिना**। पूरयेत् अर्घ्यपात्रमिति शेषः। मूलमुच्चरन्नित्यन्तर्भूतण्यर्थः उच्चारयन्नित्यर्थः। ततस्तत्र प्रणवेन गन्धपुष्पादिकं निक्षिप्य सोमकलार्चनं सोममण्डलार्चनं कुर्यादित्यर्थः। तदुक्तं स्वच्छन्दसंग्रहे—

एलालवङ्गकक्कोलजातीफलसुसंयुतान् ।
सुगन्धिकुसुमैर्द्रव्यैः सह तस्मिञ्जले क्षिपेत्।
नवयोनिं समालिख्य पूर्ववज्जलमध्यतः।
निशुद्धितः समावाह्य चन्द्रमण्डलमर्चयेत्।। इति।

मूल मन्त्र का जप करते हुए अर्घ्यपात्र को तीर्थजल से भरें। जल में प्रणव (ॐ) का उच्चारण करते हुए गन्ध-पुष्प डालकर उसमें चन्द्रकलाओं का पूजन करें।।१५।।

विमर्श—पद्धतिग्रन्थों के अनुसार 'अंकुश' मुद्रा बनाकर सूर्यमण्डल से गंगा आदि सरित् तीर्थों का अर्घ्यपात्र के जल में आवाहन किया जाता है। आवाहन मन्त्र है—

ॐ।। गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।

[षोडश सोमकलाः]

अमृता मानसी तुष्टिः पुष्टिः प्रीती रतिस्तथा।
श्रीश्च ह्रीश्च स्वधा रात्रिर्ज्योत्स्ना हैमवती तथा।।१६।।
छायाऽन्या पूर्णिमा विद्या अमावास्या च षोडशी।
आभिर्वा पूजयेत् सोमं पराभिर्वा यथाक्रमात्।।१७।।

अथ षोडश सोमकलास्तत्पूजनञ्चोपदिशति—**अमृतेत्यादिना**। अमृताद्या अमावास्यान्ताः षोडश कलाः। आभिर्निरुक्ताभिः कलाभिः। कल्पान्तरमवतारयति—**पराभिर्वेति**। वक्ष्यमाणाभिर्वेत्यर्थः।

चन्द्रमा की १६ कलायें हैं—(१) अमृता, (२) मानसी, (३) तुष्टि, (४) पुष्टि, (५) प्रीति, (६) रति, (७) श्री, (८) ह्री, (९) स्वधा, (१०) रात्रि, (११) ज्योत्स्ना, (१२) हैमवती, (१३) छाया, (१४) पूर्णिमा, (१५) विद्या तथा (१६) अमावस्या।

चन्द्रमा की इन सोलह कलाओं का पूजन उनके नाम-मन्त्रों से करना चाहिए। एक अन्य कल्प के अनुसार चन्द्र-कलाओं के नाम हैं।।१६-१७।।

[तत्र प्रकारान्तरम्]

अमृता-मानदा पूषा तुष्टिः पुष्टी रतिर्धृतिः।
शशिनी चन्द्रिका कान्तिर्ज्योत्स्ना श्रीः प्रीतिरङ्गदा।।१८।।
पूर्णा पूर्णामृता कामदायिन्यः स्वरगाः कलाः।

ता एवाऽऽह—**अमृतेति**। कल्पेऽस्मिन् अमृतायाः पूर्णामृतान्ताः कामदायिन्यः वाञ्छितार्थप्रदाः षोडश कलाः, एताः पूजयेदित्यर्थः। अयमेव कल्पः समानानुपूर्वीक-वचनेन प्रतिपादितः कौलावलीनिर्णये। स्वरगाः अकारादि-षोडशस्वरगताः कला इत्यर्थः। अत्र स्वरजाः कला इत्युक्तं कौलावलीनिर्णये। एवञ्चाकारादिषोडशस्वराणामेकैकमादौ नियोज्य एकैकमर्चयेदिति बोध्यम्। व्यक्तमाह योगिनीहृदयटीकाधृतस्वच्छन्दसंग्रहे—

आदिकाद्यन्तिकाः सौम्याः कलाः षोडश कीर्त्तिताः। इति।

बीजयोगश्च पूर्ववत्। एवञ्च पूर्ववद् बीजमुच्चार्य अं अमृतायै नमः। आं मानदायै नम इत्यादिरूपः प्रयोगक्रमः पर्यवस्यति।

(१) अमृता, (२) मानदा, (३) पूषा, (४) तुष्टि, (५) पुष्टी, (६) रति, (७) धृति, (८) शशिनी, (९) चन्द्रिका, (१०) कान्ति, (११) ज्योत्स्ना, (१२) श्री, (१३) प्रीति, (१४) अंगदा, (१५) पूर्णा और (१६) पूर्णामृता।

चन्द्रमा की इन कामदायिनी कलाओं का पूजन उनके चतुर्थ्यन्त नाम के आगे एक-एक स्वर की योजना करके करनी चाहिए।।१८।।

[सोमकलानां स्वरूपमर्चाक्रमश्च]

तरुणारुणसङ्काशा वराभयकराः स्मृताः।।१९।।
पश्चिमादिक्रमेणापि कलाः सर्वाः प्रपूजयेत्।

[सोममण्डलार्चा]

शक्त्यर्णं दक्षकर्णं वा नियोज्य मण्डलं विधोः।।२०।।

कलानामासां स्वरूपमाह—**तरुणेति**। स्पष्टम्। पश्चिमादिक्रमेण वृत्ताकारेण पूजयेत्। तन्त्रसारेऽप्येवमेव।

अथ चन्द्रमण्डलपूजाक्रममाह—**शक्त्यर्णमिति**। शक्त्यर्णं सौः इति, दक्षकर्णम् उं। बीजयोगः पूर्ववत्। एवञ्च निरुक्तबीजमुच्चार्य उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने अर्घ्यपात्रामृताय नम इति प्रयोगः।

चन्द्रकलाओं का वर्ण तरुण अरुण के समान है। उनके एक हाथ में वर और दूसरे हाथ में अभय मुद्रा है। पश्चिम आदि क्रम से चन्द्रकलाओं का पूजन करके समग्र चन्द्रमण्डल का पूजन करें। पूजन-मन्त्र के आदि (प्रारम्भ) में शक्तिबीज (सौः) अथवा दक्षकर्ण (उं) की योजना की जाय। यथा—'सौः (उं) चन्द्रमण्डलाय षोडश-कलात्मने अर्घ्यपात्र अमृताय नमः'।

[आनन्दभैरवयोः पूजनम्]

आनन्दभैरवं देवमानन्दभैरवीमपि।

अथाऽऽनन्दभैरवानन्दभैरव्योस्तत्र पूजामुपदिशति—**आनन्देत्यादिना**। आदावा-नन्दभैरवं तत आनन्दभैरवीं, प्रपूजयेदिति पूर्वेण सम्बन्धः।

चन्द्रमण्डल का पूजन करने के बाद सामान्य-अर्घ्य में आनन्दभैरव और आनन्दभैरवी का पूजन करें।

विमर्श—प्रस्तुत ग्रन्थ में आनन्दभैरव और आनन्दभैरवी का ध्यान नहीं बताया गया है। गन्धर्वतन्त्र (त्रयोदश पटल) के अनुसार इनका ध्यान है—

आनन्दभैरव का ध्यान—

सूर्यकोटिप्रतीकाशं चन्द्रकोट्ययुतप्रभम्।
तथा दशभुजं देवं पञ्चवक्त्रं त्रिलोचनम्॥
खड्गखट्वाङ्गपट्टीशमुद्गरं शूलकुन्तकम्।
विभ्रतं खेटकं शक्तिं वरदाभयपाणिनम्॥

आनन्दभैरवी का ध्यान—

तस्योत्सङ्गे सुरां देवीं चन्द्रकोट्ययुतप्रभाम्।
हिमकुन्देन्दुधवलां पूर्वायुधकरोद्यताम्॥
प्रहसन्तीं विशालाक्षीं देवदेवस्य सम्मुखीम्।

आनन्दभैरव का ध्यान करके उनके पूजन मन्त्र से आनन्दभैरव का और आनन्दभैरवी का ध्यान करके उनके पूजन यन्त्र से देवी आनन्दभैरवी का पूजन करें। पूजन मन्त्रों का उद्धार निम्न श्लोकों में बताया गया है।

[आनन्दभैरवमन्त्रः]

शिवसोमौ मातृकान्तं कालभूवरुणानलम्॥ २१॥
वामकर्णसमायुक्तं वायुमर्धेन्दुमण्डितम्।
आनन्दभैरवायेति शिखामन्त्रं ततो वदेत्॥ २२॥
आनन्दभैरवः सोम(?) आनन्दभैरवीं शृणु।

तत्राऽऽनन्दभैरवमन्त्रमाह—**शिवेत्यादिना**। शिवो हकारः, सोमश्चन्द्रबीजं सकारः, मातृकान्तं क्षकारः, कालो मकारः, भूः पृथ्वीबीजं लकारः, वरुणबीजं वकारः, अनलं वह्निबीजं रकारः, वायुबीजं यकारः, तच्च वायुबीजं वामकर्णेन षष्ठस्वरेण समायुक्तं तथा अर्धेन्दुना अनुस्वारेण मण्डितम्। एवञ्च ह स क्ष म ल व र यूं इति प्राप्तम्। तत आनन्दभैरवायेति। ततश्च शिखामन्त्रं वषट् इति। एवञ्च ह स क्ष म ल व र यूं आनन्दभैरवाय वषडित्यानन्दभैरवमन्त्रः पर्यवस्यति।

आनन्दभैरवमन्त्रमुपसंहरति—**आनन्देति**। अत्र 'सोम' इति प्रामादिकः पाठः, 'प्रोक्त' इत्येव समीचीन इति प्रतिभाति।

अथाऽऽनन्दभैरवीमन्त्रमाह—**आनन्दभैरवीमित्यादिना**। पूर्ववदानन्दभैरवक्रमेण हकारादिवर्णाष्टकमालिख्येत्यर्थः। चन्द्रं हित्वा द्वितीयवर्णं सकारं उल्लङ्घ्य आदिमं हकारं नयेत् द्वितीयाक्षरात् सकारात् परतः प्रयुञ्जीतेत्यर्थः, अनेन ह स इत्यत्र स ह इति प्राप्तम्। तथा कर्णे निरुक्तमन्त्रस्थवामकर्णस्थाने वामाक्षि चतुर्थस्वरं संयोज्य। अनेन यूं इत्यत्र यीं

इति प्राप्तम्। ततः सुधादेव्यै इति। ततश्च दृशोर्मनुं वौषडिति पदं योजयेदिति शेषः। एवञ्च **स ह क्ष म ल व र यीं सुधादेव्यै वौषडित्यानन्दभैरवीमन्त्रः** पर्यवस्यति।

आनन्दभैरव मन्त्र—शिव (ह), सोम (स), मातृकान्त (क्ष), काल (म), भू (ल), वरुण (व), अनल (र) तथा अर्धेन्दुमण्डित वामकर्ण (ऊं) से युक्त वायुबीज (य) अर्थात् (यूं) की क्रमशः योजना करने से आनन्दभैरव का बीज निष्पन्न हुआ—'हसक्षमलवरयूं'। इसके बाद—'आनन्दभैरवाय' के बाद शिखामन्त्र 'वषट्' की योजना करें। मन्त्रस्वरूप प्राप्त हुआ—हसक्षमलवरयूं आनन्दभैरवाय वषट्।

अब इसके बाद देवी आनन्दभैरवी का मन्त्र सुनो।

[आनन्दभैरवीमन्त्रः]

पूर्ववद् वर्णमालिख्य चन्द्रं हित्वादिमं नयेत्।।२३।।
कर्णे वामाक्षि संयोज्य सुधादेव्यै मनुं दृशोः।

आनन्दभैरवी का मन्त्र—आनन्दभैरव के उपर्युक्त बीजाक्षरों में चन्द्र (स) को 'ह'कार के पूर्व स्थापित करें। अन्तिम वर्ण 'यूं' में से 'ऊं' को हटाकर 'य्' के साथ 'ईं' की योजना करें। आनन्दभैरवी का 'बीज' प्राप्त हुआ—'सहक्षमलवरयीं'। इसके आगे 'सुधादेव्यै' के बाद नेत्र-मन्त्र 'वौषट्' की योजना करें। भगवती आनन्दभैरवी का मन्त्रस्वरूप हुआ—सहक्षमलवरयीं सुधादेव्यै वौषट्।।२३।।

[अर्घ्ये जपक्रमः]

अस्योपरि जपेन्मूलं तारं वा सप्तधा बुधः।।२४।।

अस्येति। अस्य सामान्यार्घ्यस्योपरि मूल मन्त्रं तारं प्रणवं वा सप्तधा जपेदित्यर्थः।

आनन्दभैरव और आनन्दभैरवी का ध्यान करके उनके मन्त्रों से सामान्य अर्घ्य में गन्ध-पुष्प आदि से उनका पूजन करके उस पर सात बार प्रणव (ॐ) अथवा मूल मन्त्र का जप करे।।२४।।

[उपसंहारः]

सामान्यार्घ्यमिदं प्रोक्तं विशेषार्घ्यमथोच्यते।।२५।।

सामान्यार्घ्यमुपसंहरति—**सामान्येति।** एवं सामान्यार्घ्यपरिपाटीमभिधाय विशेषार्घ्यस्थापनप्रक्रियामभिधत्ते—**विशेषार्घ्यमित्यादिना।**

सामान्य अर्घ्य-स्थापना की विधि का निरूपण करने के बाद अब विशेषार्घ्य स्थापित करने की विधि बताई जा रही है।।२५।।

[श्रीपात्रकल्पना]

गृहीत्वाज्ञां महादेव्याः श्रीपात्रं परिकल्पयेत्।

विशेष अर्घ्य की स्थापना के लिये के पहिले भगवती त्रिपुरा से एतदर्थ अनुमति माँगें।

[मण्डलनिर्माणम्]

आत्मश्रीचक्रयोर्मध्ये मण्डलं रचयेद् यथा।। २६।।
ईकारेणान्वितं त्र्यस्रं षडस्रं वृत्तभूपुरे।
त्र्यस्रबाह्येऽथवा वृत्तं तदभ्युक्षेत्तदम्बुना।। २७।।

अथ पात्रस्थापनयोग्यमण्डलनिर्माणस्थानमुपदिशति—**आत्मेति**। आत्मश्रीचक्रयोर्मध्ये आत्मनः श्रीचक्ररूपाया देवतायाश्च मध्यवर्त्तिन्यां भूमौ मण्डलं वक्ष्यमाणक्रमेण रचयेदित्यर्थः। तदुक्तं कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

आत्मदेवीद्वयोर्मध्ये भूमौ चक्रं लिखेत्ततः। इति।

मण्डलरचनापरिपाटीमाह—**ईकारेणेति**। ईकारेणान्वितमीकारगर्भं त्रिकोणम्। कौलावलीनिर्णये षष्ठपटलेऽपि—

मध्ये मायां समालिख्य प्रोक्षयेत्तदनन्तरम्। इति।

तत्रापि मायापदेन चतुर्थस्वर एव बोध्यः। एवञ्च चतुर्थस्वरगर्भं त्रिकोणं तद्बहिः षट्कोणं तद्बहिर्वृत्तं तद्बहिश्चतुरस्ररूपं भूपरम् इत्येको मण्डलरचनाकल्पः। कल्पान्तरमाह—**त्र्यस्रेति**। अथवा प्रागुक्तत्र्यस्रबाह्ये वृत्तं विदधीत। एवञ्चात्र कल्पे आदावीकारगर्भं त्रिकोणं तद्बहिर्वृत्तं तद्बहिःषट्कोणं तद्बहिश्चतुरस्रमिति विशेषः। एवं मण्डलरचनायां कल्पद्वयमन्यत्रापि दृश्यते। यथा कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

आत्मदेवीद्वयोर्मध्ये भूमौ चक्रं लिखेत्ततः।
त्रिकोणञ्चैव षट्कोणं वृत्तं भूगृहसंयुतम्।। इति।

वचनमिदं पूर्वकल्पप्रतिपादकम्। तथा ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले—

त्रिकोणवृत्तषट्कोणं चतुरस्रन्तु मण्डलम्। इति।

वचनमिदमुत्तरकल्पप्रतिपादकम्। एवञ्च तन्त्रभेदेन कल्पभेददर्शनात् स्वस्वगुरुसंप्रदायानुसारेणैकतरः पक्षः समाश्रयणीय इति दिक्। **तदिति**। तन्मण्डलं तदम्बुना सामान्यार्घ्यजलेनाभ्युक्षेदित्यर्थः। व्यक्तमुक्तं कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

मध्ये मायां समालिख्य प्रोक्षयेत्तदनन्तरम्।
अस्त्रान्तमूलमन्त्रेण सामान्यार्घ्यजलेन च।। इति।

विशेष अर्घ्य की स्थापना के लिये अपने आसन तथा श्रीचक्र के मध्य में (अपने बाँयीं ओर) जल से मण्डल बनायें। इस मण्डल के दो कल्प हैं। प्रथम है—'ई' गर्भित त्रिकोण, वृत्त, षट्कोण, वृत्त और भूपुर। द्वितीय कल्प है—ई-गर्भित त्रिकोण, वृत्त, षट्कोण तथा भूपुर। मण्डल बनाकर उस पर सामान्य अर्घ्य का जल छिड़कें।।२६-२७।।

[तत्र पीठचतुष्टयाद्यर्चा]

चतुरस्त्रे पूर्णशैलमुड्डीयानाभिधं परम्।
जालन्धरं कामरूपं षट्कोणेषु षडासनम्।।२८।।

अथ प्रागुक्तमण्डले चतुरस्त्रादिक्रमेण पूजनमुपदिशति—**चतुरस्त्र इत्यादिना।** चतुरस्त्रे पूर्णशैलादिपीठचतुष्टयमर्चयेत्। पूजनञ्च पूर्वादिक्रमेण, तदुक्तं कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

चतुरस्त्रे पूर्णशैलमुड्डीयानं जलन्धरम्।
पूजयेत् कामरूपञ्च पूर्वादिक्रमयोगतः।। इति।

अथ निरुक्तचतुरस्त्रान्तःषट्कोणे पूजनमाह—**षडिति।** षट्कोणेषु षडासनं पूजयेदिति परेण सम्बन्धः। षडासनानि च अमृतार्णवासनपोताम्बुजासनात्मासन-चक्रासनसर्वमन्त्रासनसाध्यसिद्धासनानि त्रिपुरार्चनरहस्ये व्यक्तमुक्तानि वेदितव्यानि। प्रयोगस्तु ह्रीं श्रीमिति द्वितारीं ऐँ ह्रीं श्रीमिति त्रितारीं वोच्चार्य अमृतार्णवासनाय नमः इत्यादिरूपः।

चतुरस्त्र पर पूर्वादि क्रम (पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तर) से क्रमशः पूर्णगिरि पीठ, उड्डीयान पीठ, जालन्धर पीठ तथा कामरूप पीठ का अर्चन करें। षट्कोण में पर-देवता के छः आसनों का तत्-तत् मन्त्रों से पूजन करें। ये आसन हैं—(१) अमृतार्णवासन, (२) पोताम्बुज आसन, (३) आत्मासन, (४) चक्रासन, (५) सर्वमन्त्रासन, (६) साध्यसिद्धासन। पीठों और आसनों के पूजन मन्त्र के आदि में 'ह्रीं श्रीं' अथवा 'ऐं ह्रीं श्रीं' की योजना करें।

प्रयोगक्रम—चतुरस्त्र पर पूर्व में—ऐं ह्रीं श्रीं पूर्णगिरिपीठाय नमः। दक्षिण में—ऐं ह्रीं श्रीं उड्डीयानपीठाय नमः। पश्चिम में—ऐं ह्रीं श्रीं जालन्धरपीठाय नमः। उत्तर में—ऐं ह्रीं श्रीं कामरूपपीठाय नमः।

षट्कोण में पूर्व से प्रारम्भ करके प्रदक्षिणा-क्रम से—ऐं ह्रीं श्रीं अमृतार्णवासनाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं पोताम्बुजासनाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं आत्मासनाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं चक्रासनाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं सर्वमन्त्रासनाय नमः। ऐं ह्रीं श्रीं साध्य-सिद्धासनाय नमः।

[षट्कोणार्चायां विकल्पः]

षडङ्गं पूजयेद् वाऽपि तत्तन्मन्त्रमुदीरयन्।

कल्पान्तरमाह—**षडङ्गमिति।** व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटले—

द्विरावृत्त्या षडङ्गानि षट्कोणेषु प्रपूजयेत्। इति।

एवञ्चाग्न्यादिक्रमेण प्रथमं वाग्भवकूटं ततः कामराजकूटं ततः शक्तिकूटं पुनरपि निरुक्तवाग्भवादिकूटत्रयमुच्चार्य पूजयेदित्यर्थः। तन्त्रसारकारैरपि 'अग्न्यादिक्रमेण

षट्कोणे मूलविद्यया द्विरावृत्त्या षडङ्गानि पूजयेदि'त्युक्तम्। त्रिपुरार्चनरहस्येऽप्येवमेव। 'तत्तन्मन्त्रमुदीरयन्नि'त्यस्याप्ययमेवाभिप्रायो ज्ञानार्णवतन्त्रसारादिसंवादेनावगम्यते।

षट्कोणों पर पूजन का दूसरा कल्प षडङ्ग-पूजन का है, जैसा कि ज्ञानार्णवतन्त्र में कहा गया है।

प्रयोग-क्रम—अग्निकोण में—ऐं क्लीं सौः कएईलह्रीं हृदयाय नमः। ईशान में—ऐं क्लीं सौः हसकहलह्रीं शिरसे स्वाहा। नैर्ऋत्य में—ऐं क्लीं सौः सकलह्रीं शिखायै वषट्। वायव्य में—ऐं क्लीं सौः कएईलह्रीं कवचाय हुम्। मध्य में—ऐं क्लीं सौः हसकहलह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्। चारो दिशाओं में—ऐं क्लीं सौः सकलह्रीं अस्त्राय फट्।

[त्रिकोणाद्यर्चा]

त्रिकोणञ्च त्रिभिः कूटैर्मध्य आधारशक्तिकाम्।।२९।।
त्रिकोणवृत्तषट्कोणमाधारं पूर्वमेव वा।

अन्तस्त्रिकोणपूजनमाह—**त्रिकोणेति**। त्रिभिः कूटैर्व्यस्तकूटत्रयेणेत्यर्थः। ज्ञानार्णवे चतुर्दशपटलेऽपि—

व्यस्तकूटैर्यजेत्तत्र त्रिकोणे परमेश्वरि।

इत्युक्तम्। **मध्य इति**। त्रिकोणमध्ये आधारशक्तिं पूजयेदित्यर्थः।

त्रिकोण के तीनों कोणों में मूल मन्त्र के एक-एक कूट (वाग्भव-कामराज और शक्तिकूट) से पूजन करने के बाद मध्य में आधारशक्ति का पूजन करें। यथा—

अग्निकोण में—(वाग्भव कूट)
ईशान में—(कामराज कूट)
सामने—(शक्ति कूट)

दूसरे कल्प के अनुसार बनाये गये मण्डल के त्रिकोण, वृत्त और षट्कोण तथा आधार पर भी पूर्वक्रम से अर्चन करना चाहिए।

[मण्डलेऽर्घ्याधारस्थापनक्रमः]

हृदा प्रोक्षितमाधारं स्थापयेन्मण्डलोपरि।।३०।।

हृदा नम इत्यनेन।

इस प्रकार मण्डल का पूजन करने के बाद 'नमः' का उच्चारण करते हुए आधार को धोकर मण्डल पर रखें।

[आधारार्चा]

बालात्रिबीजं त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यासनं वदेत्।
साधयामि नमोऽन्तेन मनुनाधारमर्चयेत्।।३१।।

प्रपूज्य पूर्ववद् वह्नेः कलान्तमन्त्रमुच्चरन्।
स्याद् वह्निमण्डलायेति रूपं दशकलात्मने।।३२।।
अर्घ्यपात्रासनायेति हृदाधारे समर्चयेत्।
षट्कोणेषु षडङ्गानि व्यस्तैर्मध्ये शिवां मनोः।।३३।।

अथार्घ्यपात्राधारार्चामन्त्रमाह—**बालेति**। तथात्र ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यासनं साधयामि नम इति मन्त्रः पर्यवस्यति।

पूर्ववदिति। सामान्यार्घ्योक्तक्रमेण वह्नेर्दश कलाः सम्पूज्य वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्रासनाय नम इत्याधारे समर्चयेदित्यर्थः।

'ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यासनं साधयामि नमः' इस मन्त्र से आधार की पूजा करके उसे मण्डल पर रख दें।

आधार पर अग्नि की दस कलाओं का सामान्य अर्घ्यस्थापन में बताई गई विधि के अनुसार पूजन करके 'मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने अर्घ्यपात्रासनाय नमः' से वह्निमण्डल की पूजा करें।

षट्कोण में षडङ्गों तथा मध्य में आधारशक्ति का पूजन करें।।३१-३३।।

विमर्श—किसी अन्य ग्रन्थ में आधार पर षडङ्ग-अर्चन का विधान नहीं मिलता।

[अर्घ्यपात्रनिर्णयः]

पात्रं काञ्चनकाचरूप्यजनितं मुक्ताकपालोद्भवं
विश्वामित्रमयञ्च कामदमिदं हैमं प्रियं स्फाटिकम्।
ताम्रं प्रीतिदमष्टसिद्धिजनकं श्रीनारिकेलोद्भवं
कापालं स्फुटमन्त्रसिद्धिजनकं मुक्तिप्रदं मौक्तिकम्।।३४।।

इन सात श्लोकों में अर्घ्यपात्र के निर्माण के लिये ग्राह्य धातुओं एवं अन्य पदार्थों का विवरण दिया गया है। भगवती त्रिपुरा के अर्चन में स्वर्ण, रजत, काँच, मोती, नरकपाल तथा विश्वामित्र (नारियल) से निर्मित पात्र प्रशस्त हैं। स्वर्णपात्र से कामनायें पूर्ण होती हैं तथा स्फटिकपात्र प्रीतिकर होता है। ताँबे का पात्र भी प्रीति प्रदान करने वाला होता है। कपालपात्र से मन्त्र-सिद्धि और नारियल के पात्र से अष्ट सिद्धियाँ मिलती हैं। मुक्तापात्र मुक्तिदायक होता है।।३४।।

शंखमलावुपात्रञ्च तथा पुण्यतरूद्भवम्।
मृन्मयं ताम्रजं वाऽपि तथा लोहसमुद्भवम्।।३५।।

शंख, तुम्बी, पवित्र वृक्षों की लकड़ी से निर्मित, ताँबा, मिट्टी और त्रिलौह के पात्र भी प्रशस्त एवं ग्राह्य हैं।।३५।।

पुरा वै निर्मितं पात्रं विश्वामित्रेण धीमता।
विश्वामित्रकपालञ्च सर्वपात्रोत्तमोत्तमम्।।३६।।
ब्रह्महत्यादिपापानि तथा विश्वासघातकम्।
दृष्ट्वा पात्रं नारिकेलं सर्वपापं प्रणश्यति।।३७।।

प्राचीन काल में महर्षि विश्वामित्र ने नारियल की खोपड़ी से बने पात्रों का प्रयोग किया था। नारियल की खोपड़ी का बना पात्र सभी पात्रों में सर्वोत्तम है। त्रिपुरा के अर्चन में इसके उपभोग से ब्रह्महत्या तथा विश्वासघात-जैसे भीषण पाप भी नष्ट हो जाते हैं।।३६-३७।।

कल्पकोटिप्रदानानि तथा हेमशतानि च।
यो ददाति मुनीन्द्राय राहुग्रस्ते निशाकरे।।३८।।
तत्फलात् कोटिगुणितं नारिकेलार्घ्यपात्रतः।
अभावे तस्य पात्रस्य पात्रमन्यत् प्रकल्पयेत्।।३९।।
दृष्ट्वाऽर्घ्यपात्रं परमं ब्रह्माद्या देवताः सदा।
नृत्यन्ति सर्वयोगिन्यः प्रीत्या सिद्धिं ददात्यलम्।।४०।।

करोड़ों कल्पों तक चन्द्र-ग्रहण के समय मुनिराज को सोने के करोड़ों सिक्कों का दान करने का जो फल होता है, उससे करोड़ों गुना अधिक फल त्रिपुरा-अर्चन में नारियल की खोपड़ी का पात्र स्थापित करने से मिलता है। जब यह पात्र नहीं मिले तब ही अन्य धातुओं से बने पात्रों को स्थापित किया जाय। नारियल की खोपड़ी का पात्र स्थापित होते ही ब्रह्मा आदि देवता प्रसन्न हो जाते हैं और योगिनियाँ हर्षातिरेक से नाचने लगती हैं।।३८-४०।।

[कामनाभेदेन पात्रभेदाः]

वश्याकर्षणकार्ये तु हेमपात्रं प्रशस्यते।
शान्तिके पौष्टिके चैव राजतं कारयेद् बुधः।।४१।।
लौहपात्रं विजानीयान्मारणोच्चाटने तथा।
स्तम्भकार्येषु पाषाणं विद्वेषे लौहमृन्मयम्।।४२।।
कुलोत्सादनकार्येषु काचपात्रं प्रशस्यते।
काष्ठपात्रं विजानीयान्मन्त्राराधनकर्मणि।।४३।।

पात्रभेदेन फलभेदमाह हरतत्त्वदीधितिधृतशिवरहस्ये—

हेमपात्राणि सर्वाणि गृहीतानि भवन्तु मे।
अर्घ्यं दत्त्वा तु रौप्येण लोके पूज्यसुताँल्लभेत्।।
ताम्रपात्रेण सौभाग्यं धर्मं मृन्मयसम्भवे।
सर्वालाभे तु माहेयं स्वहस्तघटितं यदि।।

आ(मल ? सन)ञ्चार्घ्यपात्रञ्च भग्नमासादयेन्न तु।
सर्वत्र स्वर्णवत्ताम्रमर्घ्यपात्रे ततोऽधिकम्।।
पात्राणामादरः कार्यः पात्राण्येवोत्तमानि तु।
बहिर्होमक्रियायान्तु विना पात्रं न सिध्यति।। इति।

अधिकारिभेदेन पात्रभेदमाह गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—

शङ्खशुक्तिरजत्स्वर्णैर्दिव्यानां पात्रमिष्यते।
महाशङ्खैस्तु वीराणां फलजं वनवासिनाम्।। इति।

अर्घ्यादौ ताम्रपात्रस्य प्राशस्त्यमाह—

पूजार्घ्यपात्रं नैवेद्याद्याधारपानपात्रकम्।
सर्वं ताम्रमयं कुर्याद् यत्किञ्चिदिह पूजने।।
ताम्रं देवाः प्रमोदन्ते ताम्रे देवाः स्थिताः सदा।
देवीप्रीतिकरं ताम्रं तस्मात्ताम्रं प्रयोजयेत्।।

षट्कर्म-प्रयोजन के लिये पात्रों के फलभेद का निरूपण किया जा रहा है। वशीकरण और आकर्षण के लिये सोने का पात्र, शान्ति और पुष्टिकार्य के लिये चाँदी का पात्र, मारण और उच्चाटन के लिये लोहे का पात्र, स्तम्भन के लिये पत्थर का पात्र तथा विद्वेषण के लिये मिट्टी और लोहे का पात्र प्रशस्त है। शत्रुकुल का विनाश करने के लिये काँच (शीशा) का पात्र प्रशस्त है तो मिट्टी के पात्र से मन्त्रसिद्धि होती है।।४१-४३।।

[सर्वत्र विश्वामित्रपात्रस्य प्राशस्त्यम्]

सर्वकार्येषु कर्त्तव्यं विश्वामित्रमनुत्तमम्।

[पात्रभेदेन फलभेदाः]

शङ्खं ज्ञानप्रदं प्रोक्तमलावु सर्वसिद्धिदम्।।४४।।
उक्तं महाराजतन्त्रमतं परमदुर्लभम्।

'महाराज-तन्त्र' में कहा गया है कि सभी कार्यों के लिये विश्वामित्र (नारियल) पात्र प्रशस्त और ग्राह्य है। इसका अर्थ यह है कि यदि नारियल की खोपड़ी का पात्र है तो भिन्न-भिन्न प्रयोजनों के लिये भिन्न-भिन्न पात्र-संग्रह करने की आवश्यकता नहीं है। शंख का पात्र ज्ञानप्रद और अलावु (तुम्बी) का पात्र सर्वसिद्धिदाता है।।४४।।

विमर्श—अन्य तन्त्र-ग्रन्थों के अनुसार ताँबे का पात्र सभी कार्यों में स्वर्ण-पात्र की तरह प्रशस्त है। पूजा-अर्घ्य-नैवेद्य आदि सभी प्रयोजनों के लिये यह ग्राह्य है।

[अर्घ्यपात्रपरिमाणम्]

षोडशाङ्गुलमानं तत् पात्रं सर्वसमृद्धिदम्।।४५।।
द्वादशाङ्गुलमानं वा वस्वङ्गुलमथापि वा।
एतन्न्यूनञ्च यत् पात्रं तत् पात्रमधमं स्मृतम्।।४६।।

अर्घ्यपात्रस्य परिमाणमाह—**षोडशेत्यादिना**। विशिष्याऽऽह कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

उक्तेष्वेतेषु पात्रेषु पात्रमेकं प्रकल्पयेत्।
षोडशाङ्गुलविस्तारं षडङ्गुलसमुच्छ्रयम्।।
अथवाऽपि तदर्धं स्यात्तदर्धं वाऽपि कारयेत्।
एकाङ्गुलं तथा सार्धं षट्कञ्चैव प्रमाणतः।।
अतिसूक्ष्ममतिस्थूलं सच्छिद्रं परिवर्जयेत्।
न योजयेद् भग्नपात्रं स्वप्रादेशं प्रशस्यते।। इति।

शिवार्चनचन्द्रिकाधृतशिवरहस्येऽपि—

षट्त्रिंशदङ्गुलं पात्रमुत्तमं परिकीर्त्तितम्।
मध्यमन्तु त्रिभागोनं कनिष्ठं द्वादशाङ्गुलम्।।
वस्वङ्गुलविहीनन्तु न पात्रं कारयेत् क्वचित्।।
नाभीविवरयुक्तानि पुण्डरीकाकृतीनि च।
द्राक्षानीलोत्पलादीनि पात्राणि परिकल्पयेत्।। इति।

तथा हरतत्त्वदीधितिधृतश्यामार्चनचन्द्रिकायाम्—

भग्नं वस्वङ्गुलिन्यूनं क्षीणं सच्छिद्रमेव च।
विजातीयञ्च देवेशि वर्जयेत् सर्वथा प्रिये।। इति।

सोलह अंगुल का पात्र सर्वसमृद्धिदायक है। बारह और आठ अंगुल के पात्र भी ग्राह्य हैं। इससे छोटा पात्र निकृष्ट और अधम है।।४५-४६।।

[वर्जनीयपात्रनिरूपणम्]

अत्यन्तस्थूलपात्रन्तु सूक्ष्मपात्रन्तु वर्जयेत् ।
एतेषामाचरेदेकं पायसा साधकोत्तमः।।४७।।

सोलह अंगुल से बड़ा और आठ अंगुल से छोटा पात्र वर्जित है। सोलह, बारह अथवा आठ अंगुल—इनमें से किसी भी मान का एक पात्र जलसहित स्थापित करें।।४७।।

[पात्रस्थापनक्रमः]

अस्त्रमन्त्रेण प्रक्षाल्य स्थापयेद् यन्त्रिकोपरि।

आधारेऽर्घ्यपात्रस्थापनमाह—**अस्त्रेति**। अस्त्रमन्त्रेण फडित्यनेन। प्रक्षाल्य सामान्यार्घ्योदकेनेति शेषः। यन्त्रिकोपरि त्रिपदिकादिप्रागुक्ताधारे। तथाच गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—

तथैवास्त्रेण युतया सामान्यार्घ्योदकेन तु।
प्रक्षाल्य परमेशानि मण्डले स्थापयेत्ततः।।

इत्यनेन मण्डलेऽर्घ्यपात्राधारस्थापनस्य क्रममुपदिश्य—

पूर्ववत् परमेशानि पात्रं प्रक्षाल्य साधकः।

इत्यादिना आधारस्थापनक्रमेणैवार्घ्यपात्रस्यापि स्थापनमुक्तम्।

अर्घ्यपात्र को सामान्य अर्घ्य के जल से फट् मन्त्र का उच्चारण करते हुए धोकर ही आधार पर स्थापित किया जाय।

[पात्रप्रतिष्ठापनमन्त्रः]

बालाबीजत्रयस्यान्ते ततस्त्रिपुरसुन्दरी।।४८।।
विशेषार्घ्यपदात् पात्रं प्रतिशब्दादनन्तरम्।
स्थापयामीति मनुना प्रतिष्ठाप्य कला रवेः।।४९।।

अर्घ्यपात्रप्रतिष्ठामन्त्रमाह—**बालेति**। तथाच ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी-विशेषार्घ्यपात्रं प्रतिष्ठापयामीति प्रतिष्ठापनमन्त्रः पूर्ववत्। द्वितारीप्रयोगस्त्रितारीप्रयोगो वा सर्वत्र पूर्ववत्। **कला रवेरिति**। प्रागुक्तसामान्यार्घ्यक्रमेण द्वादश तपिन्यादिसूर्यकलाः प्रपूज्येत्यर्थः।

'ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी विशेषार्घ्यपात्रं प्रतिष्ठापयामि'—इस मन्त्र से आधार पर पात्र को रखने के बाद उसपर सूर्य की कलाओं का पूजन करें॥४८-४९॥

[तत्र सूर्यकलामण्डलार्चा]

प्रपूज्य विधिवद् विद्वान् स्यात् सूर्यमण्डलाय च।
द्वादशेति कलात्मने चार्घ्यपात्राय हृन्मनुः।।५०।।

सूर्यमण्डलेति। (अं) सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने अर्घ्यपात्राय नम इति मन्त्रेणार्घ्यपात्रं पूजयेदित्यर्थः।

सूर्य की तपिनी आदि द्वादश कलाओं का पूजन करने के बाद उस पर 'अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने अर्घ्यपात्राय नमः' इस मन्त्र से सूर्यमण्डल की पूजा करें। उक्त मन्त्र के आदि में 'ऐं ह्रीं श्रीं' अथवा 'ह्रीं श्रीं' की योजना करें॥५०॥

[मण्डलविधिः]

त्रिकोणं वृत्तषट्कोणं पात्रमध्ये लिखेत्ततः।
समस्तव्यस्तकूटेन पूजयेत्तु त्रिकोणके।।५१।।

त्रिकोणमिति। निरुक्तार्घ्यपात्रमध्ये आदौ त्रिकोणं तद्बहिर्वृत्तं तद्बहिः षट्कोणं लिखेदित्यर्थः। अत्र कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

मण्डलं पूर्ववत् कृत्वा पूजयेत् पूर्ववर्त्मना।

इत्यभिधानात्, तन्त्रसारेऽपि पूर्ववद् यन्त्रमालिख्येत्युक्तेर्ज्ञानार्णवादावपि तथा दर्शनात् अत्रापि षट्कोणाद् बहिर्भूपुरं लिखेदिति हृदयम्। समस्तेति त्रिकूटात्मकमन्त्रेण; व्यस्तकूटेन पृथक् पृथक् वाग्भव-कामराज-शक्तिकूटेनेत्यर्थः।

पात्र में त्रिकोण, फिर वृत्त और उसके बाहर षट्कोणयुक्त पूजन मण्डल बनायें। मूल मन्त्र के एक-एक कूट से त्रिकोण के तीनों कोणों की मन्त्राक्षत से पूजा करें।

[पात्रापूरणक्रमः]

बालात्रिबीजं त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यपदोपरि।
पात्रं सम्पूरयामीति सङ्कल्प्य मनुनाऽमुना।।५२।।
अनुलोमविलोमाभ्यां मातृकार्णं समुच्चरन्।
अमृतामृतबुद्ध्या तु श्रीपात्रं परिपूरयेत्।।५३।।

अथ पात्रापूरणक्रममाह—**बालेति**। तथाच ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यपात्रं सम्पूरयामीति मन्त्रेण संकल्प्येत्यर्थः। **अनुलोमेति**। अकारात् क्षकारान्तं पुनः क्षकारादकारान्तं मातृकावर्णं समुच्चरन्। अमृतामृतबुद्ध्या परमामृतत्वेन विभाव्येत्यर्थः। श्रीपात्रमर्घ्यपात्रम्।

'ऐं ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दर्यर्घ्यपात्रं सम्पूरयामि' इस मन्त्र से संकल्प लेकर अनुलोम-विलोमक्रम से मातृका का जप करते हुए अमृतबुद्धि से श्रीपात्र को द्रव्य से भरें। अमृत-बुद्धि अर्थात् पूरणीय द्रव्य को अमृत समझते हुए।।५३।।

[पात्रापूरणद्रव्याणि]

जलाच्छतगुणं प्रोक्तं दुग्धोदकमनुत्तमम्।
दुग्धाद्दधि शतगुणं दध्नः शतगुणं घृतम्।।५४।।
घृताच्छतगुणो हेतु(?) देवीदक्षिणसाधने।

अथ पात्रापूरणद्रव्याणि द्रव्यभेदेन फलभेदांश्चाऽऽह—**जलादिति**। जलाद् दुग्धोदकस्य शतगुणफलजनकत्वं तत दध्नः शतगुणफलजनकत्वमित्येवं क्रमेणोक्तानां फलजनकत्वमवगन्तव्यमित्यर्थः। **दक्षिणसाधन इति**। दक्षिणाचारक्रमेण साधन इत्यर्थः। विशिष्याऽऽह गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—

मातृकां प्रतिलोमेन मूल मन्त्राभिमन्त्रितैः।
आदिमैः पूरयेद् वाऽपि तथा पुष्पासवैरपि।।
कपिलायास्तथा क्षीरैर्नारिकेलामृतैरपि।
इक्षुरसैः सुगन्धैश्च मधुरत्रितयेन वा।।
पूरयेत्तन्महापात्रं नानाद्रव्यैः कदाचन।
अधिकारिप्रभेदेन द्रव्यभेदा भवन्ति हि।।
स्वयम्भूकुसुमन्तत्र कर्पूरागुरुचन्दनैः।
रोचनाकुङ्कुमैर्मिश्रं कस्तूरीपरिभावितम्।
निक्षिपेत् परमेशानि शर्करां मधुसंयुताम्।। इति।

देवी त्रिपुरा की दक्षिणाचारी साधना में हेतु (कारण) के रूप में जल श्रेष्ठ है। जल से सौगुना श्रेष्ठ दूध, दूध से सौगुना श्रेष्ठ दही, दही से शतगुना घृत और घृत से शतगुना श्रेष्ठ मधु है।।५४।।

विमर्श—उपर्युक्त श्लोक में 'हेतु' शब्द का प्रयोग सन्दर्भ-सापेक्ष नहीं है। हेतु कहते हैं—मद्य (शराब) को और दक्षिणाचारी साधना में मद्य सर्वथा अग्राह्य है। अत: 'हेतु' के स्थान पर 'मधु' शब्द होना चाहिए। वामाचारी साधना में तो मद्य ही एकमात्र पूरणीय द्रव्य है।

[अर्घ्यद्रव्याणि]

दूर्वाक्षतं रक्तपुष्पं विल्वपत्रञ्च चन्दनम्।।५५।।
नानासुगन्धिकद्रव्यं नवरत्नाष्टगन्धकम्।

अथ तत्रार्घ्यद्रव्यार्पणमाह—**दुर्वेति**। स्पष्टम्। **नवेति**। नवरत्नं गन्धाष्टकञ्च दत्त्वा यजेद् वक्ष्यमाणक्रमेणेति शेषः। नवरत्नानि पञ्चमप्रकाशे (५।९३ श्लो०) प्रदर्शितानि। गन्धाष्टकन्तु स्वयमेवाग्रे वक्ष्यति।

पात्र को यथा उपलब्ध उपर्युक्त द्रव्यों में से किसी द्रव्य से पूरित करने के बाद उसमें दूर्वा, अक्षत, लाल पुष्प, बिल्वपत्र, चन्दन, नवरत्न तथा अष्टगन्ध एवं अन्य सुगन्धित पदार्थ डालें।।५५।।

[सकलसोममण्डलार्चा]

दत्त्वा यजेत् सोमकलाः पूर्ववत् पश्चिमक्रमात्।।५६।।
स्यात् सोममण्डलायान्ते षोडशेति कलात्मने।
अर्घ्यामृताय नम इत्यस्य दद्याद् वामक्रमेण तु।।५७।।

यजेदिति। पूर्ववत् सामान्यार्घ्यक्रमेण अमृतादि-षोडशचन्द्रकला यजेदित्यर्थः। **सोमेति**। (उं) सोममण्डलाय षोडशकलात्मने अर्घ्यामृताय नम इति प्रयोगः।

दूर्वा, अक्षत आदि डालने के बाद सामान्य-अर्घ्य की तरह इसमें भी चन्द्रमा की अमृता आदि सोलह कलाओं का पूजन करने के बाद 'उं सोममण्डलाय षोडशकलात्मने अर्घ्यामृताय नमः' मन्त्र से समग्र चन्द्रमण्डल का पूजन करें।।५६-५७।।

[गन्धाष्टकम्]

चन्दनागुरुकस्तूरीचोरकुङ्कुमरोचनाः ।
जटामांसी कपियुता शक्तेर्गन्धाष्टकं विदुः।।५८।।

पूर्वमष्टगन्धकमित्युक्तम्, तद् गन्धाष्टकं निरूपयति—**चन्दनेत्यादिना**। चोरः कृष्णशठी, कपिः गाठियाला इति तन्त्रसारः। शिष्टं स्पष्टम्।

देवियों के अर्चन के लिये बनाये गये अष्टगन्ध के घटक द्रव्य हैं—चन्दन, अगरु, कस्तूरी, चोर (कृष्ण शटी), कुंकुम, गोरोचन, जटामांसी तथा गाठियाला।।५८।।

[अर्घ्यामृते यन्त्रलेखनादिक्रमः]

पुष्पेण यन्त्रमालिख्य पूर्वसोमामृतान्तरे।
अकथादींस्त्रिरेखासु हं लं क्षं मध्यतो लिखेत्।।५९।।

पुष्पेणेति। पूर्वसोमामृतान्तरे सोमकलात्मकार्घ्यस्थामृताभ्यन्तरे। यन्त्रं त्रिकोण-वृत्तषट्कोणचतुरस्रात्मकयन्त्रमित्यर्थः। **अकथेति**। अन्तस्त्रिकोणघटकरेखात्रये क्रमेण अकारादिषोडशस्वरान्, ककारादितकारान्तान् थकारादिसकारान्तांश्च व्यञ्जनवर्णान्, तथा मध्यतो निरुक्तत्रिकोणाभ्यन्तरे हं लं क्षमिति वर्णत्रयं लिखेदिति फलितार्थः। अत्राकारादिककारादिथकारादिवर्णनियामकोऽकथशब्द इति ज्ञेयम्।

चन्द्रमण्डल का पूजन करने के बाद अर्घ्य के द्रव्य में फूल से त्रिकोण-वृत्त-षट्कोण एवं चतुरस्रयुक्त मण्डल बनायें। त्रिकोण की तीनों रेखाओं पर 'अ क थ' और मध्य में 'हं ळं क्षं' लिखें। 'अकथ' का अर्थ है—त्रिकोण की बाँयीं रेखा (साधक की ओर से दाहिनी) पर नीचे के कोण से प्रारम्भ कर 'अ-आ' आदि १६ स्वर। त्रिकोण की ऊपरी रेखा पर 'क' से 'त' तक १६ वर्ण तथा दाहिनी रेखा पर 'थ' से 'स' तक १६ वर्ण लिखें। त्रिकोण के मध्य में 'ह ळ क्ष' लिखें॥५९॥

[तत्रार्चावाहने]

त्रिकोणं पूजयेन्मन्त्री त्रिकूटेन यथाक्रमात्।
हस्ताभ्यां पात्रमाच्छाद्य तीर्थावाहनमाचरेत्।।६०।।

त्रिकोणमिति। निरुक्तत्रिकोणं त्रिकूटेन वाग्भव-कामराज-शक्तिकूटैर्व्यस्तैः क्रमेण पूजयेदित्यर्थः। तीर्थावाहनमिति 'ॐ गङ्गे चे'त्यादिनेत्यर्थः।

मूल मन्त्र के एक-एक कूट से त्रिकोण के तीनों कोणों की पूजा करने के बाद पात्र को दोनों हाथों से ढाँककर तीर्थों का आवाहन करे। तीर्थावाहन मन्त्र है—ॐ गंगे च यमुने च०॥६०॥

[पञ्चरत्नार्चाक्रमः]

पूर्वादितो दिक्षु मध्ये पञ्चरत्नं प्रपूजयेत् ।।६१।।

पूर्वादित इति। पूर्वादिदिक्चतुष्टये चत्वारि मध्ये चैकमित्येवंक्रमेण पञ्चरत्नं प्रपूजयेदित्यर्थः।

अर्घ्य के द्रव्य में पूर्व से प्रारम्भ कर चारो दिशाओं में और मध्य में पञ्चरत्नों की पूजा करें॥६१॥

[पञ्चरत्नमन्त्रः]

कान्तान्तं सोमतपनं भान्तं धान्तं महीयुतम्।
दक्षकर्णेन्दुसंयुक्तं पञ्चरत्नमनुक्रमात्।।६२।।

पञ्चरत्नान्याह—**कान्तान्तमित्यादिना**। कान्तान्तो गकारः, सोमः सकारः, तपनः पकारः, भान्तो मकारः, धान्तो नकारः, एतद्वर्णपञ्चकं महीयुतं मह्या पृथ्वीबीजेन लकारेण युक्तं तथा दक्षकर्णेन पञ्चमस्वरेण इन्दुनाऽनुस्वारेण च संयुक्तम्। एतेन ग्लुं स्लुं प्लुं म्लुं न्लुं इति बीजपञ्चकं प्राप्तम्। एतत् पञ्चरत्नं क्रमेण गगनादीनां पूर्वं योजयेदित्यर्थः।

कान्तान्त (ग), सोम (स), तपन (प), भान्त (म), धान्त (न) के साथ मही (ल) तथा दक्षकर्ण (उ) तथा इन्दु (अनुस्वार) की योजना करने से पाँच 'बीज' प्राप्त होते हैं—ग्लुं-स्लुं-प्लुं-म्लुं एवं न्लुं। ये पाँच रत्न-मन्त्रों के बीज हैं।।६२।।

[पञ्चरत्नानि]

गगनं स्वर्गपातालं मर्त्त्यं नागमनन्तरम्।
पञ्चरत्नमिदं प्रोक्तं देव्यानन्दकरं महत्।।६३।।

उपसंहरति—**पञ्चरत्नमित्यादिना**। एवञ्च ग्लुं गगनरत्नाय नमः, स्लुं स्वर्गरत्नाय नमः, प्लुं पातालरत्नाय नमः, म्लुं मर्त्त्यरत्नाय नमः, न्लुं नागरत्नाय नमः इति प्रयोगक्रमः। एवमेव त्रिपुरार्चनरहस्येऽपि। कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले तु गगनरत्नेभ्यो नमः इत्यादिबहुवचनान्तः प्रयोगो दृश्यते। यथा—

सम्पूजयेत्ततः पश्चात् पञ्चरत्नं सुसाधकः।
पञ्चान्तकं बिन्दुयुतं दक्षकर्णसमन्वितम्।।
गगनान्ते च रत्नेभ्यो नमोऽन्तमनुमुद्धरेत्।
शीतलं शक्रसंयुक्तमग्रबिन्दुविभूषितम्।।
स्वर्गपदं समुच्चार्य रत्नेभ्यो नम इत्यपि।
पञ्चमं देवराजञ्च दक्षबीजसमन्वितम्।।
पातालपदरत्नेभ्यो नमोऽन्तश्चापरो मनुः।
महाकालं क्षितियुतं दक्षकर्णसमन्वितम्।।
मर्त्त्यरत्ने ततः पश्चाद्भ्यो नमोऽत्र समुद्धरेत्।
वामपादं क्षितियुतं दक्षश्रवणभूषितम्।
नागपदं समुच्चार्य रत्नेभ्यो नम इत्यपि।। इति।

अस्माभिस्तु मूले गगनमित्याद्येकवचनान्तपददर्शनात् ग्रन्थकृद्गुरुश्रीमद्ब्रह्मानन्दकृतत्रिपुरार्चनरहस्ये गगनरत्नायेत्याद्येकवचनान्तप्रयोगदर्शनाच्चैकवचनान्त एव प्रयोगष्टीकायां प्रदर्शितः। परन्तु तत्र पातालरत्नात् पूर्वं मर्त्यरत्नस्य समावेशो दृश्यत इति विशेषः।

गगन, स्वर्ग, पाताल, मर्त्त्य एवं नाग—ये पाँच रत्न हैं, जो देवी को बहुत प्रिय हैं। इन पाँच रत्नों के नाम के आगे पूर्वोक्त 'ग्लुं' आदि पाँच बीजों में से एक-एक बीज की योजना करने से रत्नों का पूजन मन्त्र बन जाता है। यथा—ग्लुं गगनरत्नाय नमः।

स्लुं स्वर्गरत्नाय नमः। प्लुं पातालरत्नाय नमः। म्लुं मर्त्यरत्नाय नमः। न्लुं नागरत्नाय नमः। इन मन्त्रों से द्रव्य में यथाक्रम पञ्चरत्नों की पूजा करें॥६३॥

[आनन्दभैरवार्चा]

आनन्दभैरवं देवं पूर्ववत् परिपूजयेत्।
कुलद्रव्याणि निःक्षिप्य पञ्चमन्त्रैः समर्चयेत्।।६४।।

आनन्देति। पूर्ववत् प्राक्प्रदर्शितसामान्यार्घ्योक्तक्रमेण। अत्राऽऽनन्दभैरव्या अपि पूर्ववद् पूजनं विधेयं त्रिपुरार्चनरहस्य-तन्त्रसारादौ तथा दर्शनात्।

सामान्य अर्घ्य की तरह विशेष अर्घ्य में यथाविधि आनन्दभैरव तथा आनन्दभैरवी का अर्चन करके उसमें 'कुलद्रव्यों' को डालकर आगे बताये गये पाँच मन्त्रों से उनका पूजन करें॥६४॥

[तत्र प्रथमो मन्त्र:]

अखण्डैकरसानन्दकरे परसुधात्मनि।
स्वच्छन्दस्फुरणामत्र निधेह्यकुलरूपिणि।।६५।।

मन्त्रपञ्चकमाह—**अखण्डैकेत्यादिना।** स्पष्टम्।

कुलद्रव्य-शोधन का यह प्रथम मन्त्र है। हे देवि! शिव-तादात्म्य का जो अखण्ड आनन्द सामरस्य है, तुम उसकी प्रतिमूर्ति हो। पारमेश्वर सद्भाव की सुधा तुम स्वयं हो। तुम कुलेश्वरी होते हुए भी अकुलरूपिणी हो। स्वच्छन्दभैरव भाव में स्पन्दमान शाक्त स्फूर्ति को इनमें भर दो॥६५॥

[द्वितीय:]

अकुलस्थामृताकारे शुद्धज्ञानकरे परे।
अमृतत्वं निधेह्यस्मिन् वस्तुनि क्लिन्नरूपिणि।।६६।।

कुलद्रव्य-शोधन का यह दूसरा मन्त्र है। अकुल (शिव) भाव में स्थित होने पर साधक को अमृतसागर में अवगाहन करने से जिस आनन्द की अनुभूति होती है, वह आनन्द तुम ही हो। तुम ही सिद्धियाँ प्रदान करती हो तथा चिर-शिवत्व का बोध कराती हो। तुम क्लिन्नरूपिणी हो। हे देवि! इन वस्तुओं में अमृतत्व भर दो॥६६॥

[तृतीय:]

तद्रूपेणैकवश्यञ्च कृत्वाऽस्यै तत्स्वरूपिणि।
भूत्वा परामृताकारं मयि विस्फुरणं कुरु।।६७।।

उसी भैरवी-भाव में ऐक्य रस के अमृत रस का अर्घ्य अर्पित करने की कृपा करो। हे सामरस्यमयी परमेश्वरि! तुम परामृताकार होकर मेरे [illegible] भाव में चित् तत्त्व को स्फुरित करने की कृपा करो॥६७॥

[चतुर्थः]

वाग्भवं (प्लु?प्लू)मात्मञ्च झ्रौँ हूँ सस्ततः पठेत्।
अमृतेऽमृतोद्भवे प्रोच्य अथामृतेश्वरीति च।।६८।।
अमृतवर्षि(णी?णि) पदममृतं स्रावयद्वयम्।
वह्निजायां समुद्धृत्य मन्त्रमन्यं समुद्धरेत्।।६९।।

चतुर्थं मन्त्रमाह—**वाग्भवमित्यादिना**। वाग्भवं ऐँ, ततः प्लुं ? (प्लूं), ततः झ्रौँ हूं स इति। अधोधृतपाठान्तरानुसारेण तु 'झ्रौँ हूँ सः' इत्यत्र हसौ हंस इति लभ्यते। कौलावलीनिर्णयषष्ठपटलोक्तक्रमेण तु क्षौं जूं सं इति लभ्यते। गन्धर्वतन्त्रद्वादशपटलानुसारेण तु क्लीं सौरिति बीजद्वयम्। एवञ्च बहुधा पाठभेददर्शनात् संशयविषदिग्धहृदयैर्मूलोक्तमेव पाठमनुरुध्य मन्त्रोद्धारः क्रियतेऽस्माभिरिति क्षमतां भूतभावनो भगवान् भवानीपतिः। तथाच निरुक्तप्रमाणानुसारेण, ऐँ प्लुं ? (प्लूं) झ्रौँ हूं सः अमृतेऽमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय स्वाहेति मन्त्रः पर्यवस्यति। कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

वाग्भवं पञ्चमं क्षौणीं वामश्रोत्रसमन्वितम्।
क्षौं जूं सं अमृतेऽमृतोद्भवेऽमृतेश्वरि।।
अमृतवर्षिणि प्रोच्य अमृतं स्रावयद्वयम्।
वह्निजायान्तमुच्चार्य चोद्धरेदपरन्ततः।। इति।

अत्र प्लूमिति षष्ठस्वरसंयोगदर्शनात् तदपि दर्शितम्।

वाग्भव (ऐं) फिर उसके बाद क्रम से प्लुं (प्लूं) 'झ्रूं' 'हूं' और 'सः' इन पाँच बीजों के आगे क्रमशः 'अमृते अमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि तथा अमृतं' की योजना करें। इसके बाद दो बार 'स्रावय' और अन्त में 'स्वाहा' की योजना करने से अन्य अर्थात् चतुर्थ मन्त्र का उद्धार होता है। मन्त्र स्वरूप है—'ऐं प्लुं झ्रौं हूं सः अमृतेऽमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय स्वाहा।'

परमशिव ही परम ब्रह्म हैं। परब्रह्म से शब्दब्रह्म का आविर्भाव होता है। शब्द में ही अर्थ संश्लिष्ट है। अत: शब्द और अर्थ में अभेद है। शब्द ब्रह्म है और अर्थ शक्ति है। अत: आद्य शक्तिरूपिणी भगवती कामेश्वरी शब्दब्रह्ममयी हैं। शब्द वर्णों का समूह है। भगवती एकपञ्चाशत् वर्णरूपा होने के कारण शब्दरूपा हैं। शब्द ब्रह्म है। अत: भगवती शब्दब्रह्ममयी हैं। शब्दब्रह्म को हम चाहें 'शब्द और ब्रह्म' के रूप में व्यक्त करें अथवा 'शब्द ही ब्रह्म' है, ऐसा कहें। दोनों ही दृष्टियों से देवी शब्द-ब्रह्ममयी सिद्ध होती हैं। वैयाकरण लोग स्फोट के रूप में शब्द को नित्य मानते हैं तथा ब्रह्म का स्वरूप सत् होने के कारण नित्य है—अविनाशी है। शब्दब्रह्ममयी होने के कारण भगवती नित्या हैं। इस प्रकार देवी के श्रेष्ठ साधक को एकाश्रयी मानस होकर उनका ध्यान करना चाहिए॥१९३॥

विमर्श—'नख-शिखवर्णन' संस्कृत और प्राचीन हिन्दी काव्य की एक उल्लेखनीय विधा है। इस सन्दर्भ में देवी के रूप का वर्णन नख से प्रारम्भ कर शिखा-पर्यन्त और सामान्य मानवी नायिका का रूप-वर्णन मुख से प्रारम्भ कर पद-पर्यन्त किये जाने का काव्यशास्त्रीय विधान है, जैसा कि महाकवि आचार्य केशव दास ने अपने लक्षणग्रन्थ 'कविप्रिया' में कहा है—

नख तें सिख लौं बरनिये, देवी दीपत देखि।
शिख तें नख लौं मानुसी, केशवदास विशेषि॥

केवल काव्यग्रन्थ ही नहीं; अपितु पुराणों और तन्त्रग्रन्थों में भी देवी के सांगोपांग रूप-निरूपण में इस काव्यशास्त्रीय परम्परा का निर्वाह मिलता है। यथा—श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (१६वें पटल) में भगवती कामेश्वरी का रूप-निरूपण 'पाद-पल्लवराजिताम्' (श्लोक १७) से प्रारम्भ कर 'स्फुरच्चन्द्रकलाराजन्मुकुटाम्' (श्लोक संख्या २५) तक किया गया है।

इसके बर-अक्स इस ग्रन्थ में ३४ और ३६ श्लोकों में जो दो साकार ध्यान बताये गये हैं, उनमें भगवती के सिर से पैर तक साकार रूप का निरूपण किया गया है। काव्यशास्त्र की मान्य परिपाटी के विरुद्ध भगवती के इस रूप-निरूपण का गहरा मनोवैज्ञानिक रहस्य है। इस रूप-निरूपण में उल्लेखनीय बात यह है कि ये दोनों ही ध्यान भगवती के सर्वथा स्वतन्त्र साकार रूप के ध्यान नहीं हैं; अपितु श्रीचक्र के त्रिकोण में पुञ्जीभूत उनके तेजोमय निराकार रूप का साकार रूप में क्रमिक रूपान्तरण का ध्यान है। इस प्रक्रिया में भगवती के निराकार रूप का ध्यान करके उनके तेजोमय निराकार रूप को क्रमिक रूप से साकार रूप में परिणत होते हुए देखना है। व्यक्ति की पहचान मुख-मण्डल से होती है; अत: जब निराकार साकार रूप ग्रहण करेगा, उस समय सर्वप्रथम मुखमण्डल की छवि ही उभरेगी। अत: यहाँ साकार रूप का निरूपण मुखमण्डल की छवि के निरूपण से प्रारम्भ किया गया है। प्रस्तुत सन्दर्भ की पृष्ठभूमि में यह निरूपण सर्वथा वैज्ञानिक एवं तर्कसम्मत है।

[निरुक्तध्यानप्रशस्ति:]

एवं परिणतां देवीमात्मानं चिन्तयेत् सदा।
तदाविष्ट: सदा स स्यात्तथावेश: सदा भवेत् ॥१९४॥
तथाभिनयशीलश्च तथाचारस्तथा शुचि:।
सदा कामेश्वरो भूत्वा कामभोगान् समाचरेत्॥१९५॥
एवं हि ध्यानयोगेन भवेन्नान्यमना यदि।
तदा तन्मयतामेत्य जीवन्मुक्तो भवेत् सदा॥१९६॥

देवी का इस तरह ध्यान करके भाव-प्रवण साधक यह भावना करे कि वह स्वयं देवी के रूप में परिणत हो गया है। यह भावना करके वह स्वयं अपना ध्यान भगवती के रूप में करे। जो साधक इस प्रकार के भाव-ध्यान में सदैव निमग्न रहता है, वह सदा के लिये इसी भाव में अभिनिवेशित हो जाता है। देवी के समान अभिनय अर्थात् व्यवहार और आचरण करने वाला साधक कामेश्वर बनकर सभी

सांसारिक सुखों का भोग करता है। इस ध्यानयोग के प्रभाववश यदि साधक अन्यमनस्क हो जाता है, अर्थात् अपना स्वरूप विस्मृत करके देवी के साथ पूर्ण तन्मयता प्राप्त कर लेता है तो उसकी जीवन-मुक्ति हो जाती है॥१९४-१९६॥

निर्विकल्पः सदा ध्यानान्निःसङ्गो जायते सदा।
जरामरणमुक्तश्च महाभोगी महासुखी।।१९७।।
अव्याहताज्ञः सर्वत्र विचरेद् भुवनत्रयम्।
नास्ति पापं नास्ति पुण्यं साक्षाद्देवः शिवो भवेत्।।१९८।।

इस ध्यानयोग के प्रभाव से जब साधक सर्वथा निःसंग और निर्विकल्प हो जाता है अर्थात् जब वह सांसारिक विषयों के प्रति सर्वथा अनासक्त हो जाता है और उसके मन में किसी वस्तु के लिये न तो कोई चाह होती है और न मन में कोई भाव ही उत्पन्न होता है, वह परमानन्दरूपी महान् भोग को प्राप्त कर परम सुखी हो जाता है। ऐसे सिद्ध साधक की आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता अर्थात् उसकी कही हुई बात को सब लोग मानते हैं। वह तीनों लोकों में स्वतन्त्र और निर्बाध गति से विचरण करने में समर्थ होता है। कर्ता और भोक्ता के भाव से मुक्त ऐसे साधक को न तो कोई पाप लगता है और न पुण्य। वह साक्षात् शिवस्वरूप हो जाता है॥१९७-१९८॥

एवं सिद्धो दृढाभ्यासान्नानारूपाणि धारयेत्।
स्थूलसूक्ष्मविभेदेन दृश्यादृश्यश्च जायते।।१९९।।
पञ्चभूतात्मकं रूपं सूर्याचन्द्रमसोरपि।
ब्रह्मादीनां तथा रूपं देवगन्धर्वरक्षसाम्।।२००।।
पतत्त्रिणां पन्नगानामिच्छयैव हि जायते।
कल्पनादेव नश्यन्ति सिद्धयो वा जगत्त्रये।।२०१।।

ध्यानयोग के दृढ़ अभ्यास से सिद्ध साधक स्थूल अथवा सूक्ष्म, दृश्य या अदृश्य किसी भी प्रकार का रूप धारण कर सकता है। वह साधक अपने सामर्थ्य से पञ्चभूतात्मक कोई भी रूप धारण कर सकता है। वह अपनी इच्छामात्र से सूर्य- चन्द्रमा- ब्रह्मा आदि देवता, राक्षस, पक्षी या पन्नग (सर्प) का रूप धारण कर सकता है। यदि वह चाहे तो अपनी इच्छा मात्र से तीनों लोकों को ध्वस्त कर सकता है॥१९९-२०१॥

सर्वभूतानि संवेत्ति सर्वत्राव्याहता गतिः।
मारणोच्चाटनं चैव स्तम्भनं मोहनं तथा।।२०२।।
दृष्ट्वैव कुरुते सर्वं कल्पनादेव साधकः।
दासवत्त्रिजगत् सर्वं तस्मै बलिमुपाहरेत्।।२०३।।
कर्ता हर्ता तथा पाता शिवतुल्यो भवेत् सदा।

बलिं पूजाम्।

उसे सभी प्राणियों के तत्त्वरूप का ज्ञान होता है तथा सभी योनियों में निर्बाध रूप से उसकी गति होती है। उसे मारण-उच्चाटन या स्तम्भन आदि कर्म या प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं रहती। उसकी इच्छामात्र से ये सभी कर्म स्वयमेव सम्पादित हो जाते हैं। चैतन्य प्राणी ही नहीं; अपितु वृक्ष, नदी, पर्वत आदि जड़ जगत् भी उसे उपहार देने के लिये लालायित रहता है। वह तीनों लोकों का सृष्टिकर्ता, सृष्टि-रक्षक तथा सृष्टि-हर्तारूप शिव बन जाता है॥२०२-२०३॥

[निरुक्तस्वरूपाया देव्या हृदयादावाहनम्]

एवं तां हृदयाम्भोजान्मुद्रयावाहयेत्ततः॥२०४॥

ततः अर्थात् इस प्रकार एकाग्रचित्त से और तन्मयतापूर्वक देवी का ध्यान (अर्चन एवं मन्त्रजप) करने के बाद भाव-प्रवण साधक यथाविहित मुद्रा-प्रदर्शनपूर्वक हृदय से देवी का आवाहन करे॥२०४॥

[त्रिखण्डा मुद्रा]

परिवर्त्त्य करौ कृत्वा अङ्गुष्ठौ कारयेत् समौ।
धारयेत्तर्जनीभ्याञ्च कनिष्ठाद्यद्वयं ततः॥२०५॥
मध्यमायुगलं मध्ये स्थापयित्वा कनिष्ठके।
निजस्थाने समायोज्य स्थापयेत् साधकोत्तमः॥२०६॥
त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराह्वानकर्मणि।

त्रिखण्डामुद्रामाह तन्त्रसारे—

परिवर्त्य करौ स्पृष्टावङ्गुष्ठौ कारयेत् समौ।
अनामाऽन्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती॥
कनिष्ठिके नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरि।
त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराध्यानकर्मणि॥

त्रिखण्डा-मुद्रा—दोनों करतलों को परस्पर जोड़ लें। अंगूठों को सीधा रखें। दोनों तर्जनी अंगुलियों को दोनों मध्यमाओं के बीच में तिरछा करके लगायें। दोनों कनिष्ठा अंगुलियों को अपने-अपने स्थान पर ही रहने दें। यह त्रिखण्डा मुद्रा है।



सर्वत्रिखण्डा

[त्रिखण्डया देव्या आवाहनम्]

अनयावाहयेद्देवीं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीम्॥२०७॥

इस मुद्रा से भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का आवाहन करें॥२०७॥

विमर्श—मूल ग्रन्थ में बताया गया त्रिखण्डा मुद्रा का लक्षण स्पष्ट नहीं है; अत: 'तन्त्रसार' से उद्धृत करके मुद्रा का लक्षण बताया गया है।

[पुष्पाञ्जलौ समानयनम्]

वहन्नासापुटेनैव वहन्तीं परमां कलाम्।
पुष्पाञ्जलौ समानीय पूर्वोक्तां भैरवीं जपन्।।२०८।।

[प्रार्थनामन्त्रः]

महापद्मवनान्तःस्थे कारणानन्दविग्रहे।
सर्वभूतहिते मातरेह्येहि परमेश्वरि।।२०९।।

वहन्नासापुटेनेति। नासापुटप्रवाहितवायुना वहन्तीं विनिःसरन्तीम् । एवञ्च हृत्पङ्कजे देवीं ध्यात्वा नासारन्ध्रप्रवाहिवायुना तां विनिःसार्य पुष्पाञ्जलौ समानीय 'महापद्मे'त्यादिना तस्मादञ्जलेर्देवीं महायन्त्रे स्थापयेदिति क्रमः। अञ्जलिवियोजनन्तु स्थापनात् पूर्वं न कर्त्तव्यम्। स्फुटमाह गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

प्राणायामं ततः कृत्वा गृह्णीयात् कुसुमाञ्जलिम्।
पुष्पाञ्जलिं विना देवीं नाऽऽवाहयेत् कदाचन।
ततो ध्यायेन्महादेवीं यथोक्तां परमेश्वरीम्।
प्रत्यक्षीकृत्य हृदये जितप्राणोऽथ साधकः।
ऐक्यं सञ्चिन्तयेद्देव्या बाह्यान्तर्मूर्त्तियुग्मयोः।
ततस्तु वायुबीजेन वहन्नासापुटेन तु।
तच्चैतन्यं विनिःसार्य पुष्पाञ्जलौ निवेशयेत्।
नासिकावायुनिःसारात् पुष्पस्था देवता भवेत्।
यावत् संस्थापयेद्देवीं स्वहस्तं न वियोजयेत्।
कृते वियोगे हस्तस्य पुष्पात्तस्मान्महेश्वरि।
गन्धर्वैः पूज्यते देवीं पूजकैर्नाऽऽप्यते फलम्।। इति।

ध्यान करके त्रिखण्डा मुद्रा बनायें। उसमें कुछ पुष्प लें। त्रिपुरभैरवी मन्त्र-सहित आवाहन मन्त्र का जप करते हुए भगवती को बहिर्गामी श्वासमार्ग से हृदय से लाकर पुष्पों पर स्थापित करें। मन्त्र हैं—हस्रैं हस्कलह्रीं हस्रौं।।२०९।।

[यन्त्रे देव्याः स्थापनम्]

इत्युच्चार्य महायन्त्रे स्थापयेत् परदेवताम्।।२१०।।

उपर्युक्त मन्त्र का मन ही मन उच्चारण करके उन्हें हृदय से हाथ में स्थित पुष्पों पर लाकर उन पुष्पों को भगवती के महायन्त्र पर स्थापित कर दें।।२१०।।

इसके बाद आवाहनी आदि मुद्रायें दिखायें। इन मुद्राओं के सचित्र लक्षण नीचे बनाये गये हैं। यथा—

[आवाहनी मुद्रा]

ऊद्र्ध्वाञ्जलिमधः कुर्यादियमावाहनी भवेत्।

ऊद्र्ध्वेति। ऊद्र्ध्वे स्थितमञ्जलिमधः कुर्यादवनमयेदित्यर्थः। न तु ऊद्र्ध्वमुखमञ्जलिमधोमुखं कुर्यादित्यर्थः कल्पनीयः, वक्ष्यमाणस्थापनीमुद्रया विरोधात्।

हस्ताभ्यामञ्जलिं बद्ध्वाऽनामिकामूलपर्वणोः।
अङ्गुष्ठौ निक्षिपेत् ज्ञेयं मुद्रा त्वावाहनी स्मृता।।

इति तन्त्रसारधृतवचने स्पष्टमभिधानाच्च। इयन्त्विति विपरीता अधोमुखी। तदुक्तं तन्त्रसारे—

अधोमुखी त्वियं चेत् स्यात् स्थापनीमुद्रिका स्मृता। इति।

आवाहनी मुद्रा—दोनों हाथों को अञ्जलिबद्ध करें। दोनों हाथों की अनामिका अंगुलियों की जड़ में अंगूठों को लगायें। तत्पश्चात् अंजली को ऊपर उठायें। यह देवताओं के आवाहन करने की आवाहनी मुद्रा है।

आवाहनी मुद्रा के बाद स्थापिनी मुद्रा दिखायें। इसका सचित्र लक्षण इस प्रकार है—



आवाहनी

[स्थापनी मुद्रा]

इयन्तु विपरीता स्यात्तदा वै स्थापनी भवेत्।।२११।।

आवाहनी मुद्रा की दोनों हस्ताञ्जलि को नीचे यन्त्र के सामने लाकर अधोमुख कर देने से स्थापिनी मुद्रा बनती है।

स्थापिनी मुद्रा के बाद सन्निधापनी मुद्रा दिखायें। इस सन्निधापनी मुद्रा का सचित्र लक्षण इस प्रकार है—



संस्थापनी

[सन्निधापनी मुद्रा]

ऊद्र्ध्वाङ्गुष्ठौ मुष्टियुगं तदेयं सन्निधापनी।

दोनों हाथों की मुट्ठी बाँधें। दोनों मुट्ठियों को परस्पर जोड़ लें। अंगूठों को सीधा खड़ा रखें। यह सन्निधापनी मुद्रा है।



सन्निधापिनी

[सन्निरोधिनी मुद्रा]

अन्तराङ्गुष्ठमुष्टिभ्यां तदेयं सन्निरोधिनी।।२१२।।



सन्निरोधिनी

सन्निरोधिनी मुद्रा—सन्निधापनी मुद्रा में अंगूठे सीधे खड़े रहते हैं। जब इन अंगूठों को मोड़कर मुट्ठी में दबा लिया जाता है, तब सन्निरोधिनी मुद्रा बनती है।।२१२।।

विमर्श—आवाहन, स्थापन, सन्निधापन एवं सन्निरोधन के बाद कतिपय अन्य क्रियामुद्रायें प्रदर्शित की जाती हैं। सर्वदेवोपयोगी इन मुद्राओं का उल्लेख इस ग्रन्थ में यहाँ नहीं किया गया है। क्रिया की पूर्णता के लिये इनका निरूपण अन्य ग्रन्थों के आधार पर किया जा रहा है।



सम्मुखीकरणी

सम्मुखीकरण—सन्निरोधिनी मुद्रा की परस्पर अभिमुखी मुट्ठियों को सीधा कर देने से सम्मुखीकरण की मुद्रा बन जाती है। (तन्त्रसार)



सकलीकरण की लेलिहान मुद्रा

सकलीकरण—सम्मुखीकरण करने के बाद आवाहित देवता का सकलीकरण किया जाता है। सकलीकरण की क्रिया लेलिहान मुद्रा से की जाती है। आगे श्लोकसंख्या २२१ में बताई गई लेलिहान मुद्रा का लक्षण इस प्रकार है—

दाहिने हाथ को अधोमुख करके तर्जनी, मध्यमा और अनामा को जोड़ दें। कनिष्ठा को अलग रखें। अंगूठे को मोड़कर अनामा अंगुलि के सिरे पर स्थापित कर दें। जीवन्यास की यह लेलिहान मुद्रा है।

अवगुण्ठन—सकलीकरण के बाद आवाहित देवता का अवगुण्ठन करें।

बाँयें हाथ की मुट्ठी बाँधकर तर्जनी अंगुली को सीधी करें। मुट्ठी को अधोमुख करके तर्जनी अंगुली को देवता के चारो ओर घुमायें। यह अवगुण्ठिनी मुद्रा है।



अवगुण्ठन



धेनु

अमृतीकरण (धेनुमुद्रा)—अवगुण्ठन के बाद देवता का अमृतीकरण किया जाता है। इस हेतु धेनुमुद्रा दिखाई जाती है—

दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर जोड़ लें। दाहिनी अनामा को बाँयीं कनिष्ठ से, बाँयीं अनामा को दाहिनी कनिष्ठा से जोड़ दें। इसी प्रकार दाहिनी मध्यमा को बाँयीं तर्जनी से तथा बाँयीं मध्यमा को दाहिनी तर्जनी से जोड़ दें।

पूजन में यथा-यथाक्रम में अमृतीकरण के लिये यह धेनुमुद्रा दिखाई जाती है।

परमीकरण (महामुद्रा)—दोनों हाथों के अंगूठों को परस्पर फँसा लें। शेष सभी अंगुलियों को फैलायें। करतलों को अधोमुख रखें। देवता की आवाहन क्रिया में प्रयुक्त यह महामुद्रा है।



परमीकरण–मुद्रा

[आवाहनस्वरूपम्]

स्वत एवाभिपूर्णाया देवतायाः प्रपूजने।
सादरं सम्मुखीभाव आवाहनमिहोच्यते।।२१३।।

देवता के पूजन के लिये मुद्राओं के द्वारा जो उपर्युक्त क्रियायें सम्पन्न की गईं, उन क्रियाओं के अर्थ और प्रयोजन का निरूपण अगले १० श्लोकों में किया गया है। सर्वप्रथम आवाहन का भाव-निरूपण किया जा रहा है—

देवता स्वभावतः अपने-आपमें सम्पूर्ण है। वह अपने सम्पूर्ण रूप में पूजन के लिये उपस्थित है—देवता के प्रति सम्पूर्ण आदर और सम्मान के साथ यह भावना करना ही देवता का आवाहन है॥२१३॥

[स्थापनस्वरूपम्]

विभोर्निवेशनं यन्त्रे स्थापनं कथितं बुधैः।।२१४।।
पूजां प्रपूज्यमानस्तु गृहीत्वाऽनुग्रहादिकम्।

देवता एकदेशीय नहीं; अपितु विभु है—सर्वव्यापक है। उस सर्व-व्यापक देव-तत्त्व का पूजन के लिये 'यन्त्र' में निवेदन अर्थात् प्रवेश कराने की क्रिया को

बुद्धिमानों ने 'स्थापन' कहा है। देवता की अनुज्ञा प्राप्त करके ही उसका पूजन प्रारम्भ करना चाहिए।।२१४।।

[सन्निधापनस्वरूपम्]

कर्त्तुं सान्निध्यमस्यास्तु तत्सान्निध्यं प्रचक्षते।।२१५।।

इस सर्वव्यापी पूजनीय देवता के साथ स्वयं अपनी निकटता अर्थात् अभेदस्वरूपता की अनुभूति ही सन्निधापन है।।२१५।।

[सन्निरोधस्वरूपम्]

आकर्मकाण्डपर्यन्तं सान्निध्यं हि विभोश्च यत् ।
स सन्निरोध उद्दिष्टो भक्तितो मन्त्रविन्नरैः।।२१६।।

आवाहन से लेकर विसर्जन-पर्यन्त सम्पूर्ण अर्चनकर्म में विभुस्वरूप देवता के साथ श्रद्धापूर्वक अभेदभाव बनाये रखना सन्निरोधन है।।२१६।।

[अवगुण्ठनम्]

आनन्दायतनं तत्त्वं सच्चिदानन्दलक्षणम्।
तदत्र सकले व्याप्तं ध्येयं स्यादवगुण्ठनम्।।२१७।।

सच्चिदानन्द जिसका स्वरूपलक्षण है और सघन आनन्द ही जिसका विग्रह है, ऐसे निष्कल ब्रह्मतत्त्व का 'सकल' अर्थात् अंगों-उपांगों-सहित पूजायन्त्र में व्याप्त होने की भावना करना अवगुण्ठन है।।२१७।।

[सकलीकरणम्]

सकलीकरणं कृत्वा मन्त्रैः षड्भिरथैकताम्।

सकलीकरण के स्वरूप और विधि का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है। यहाँ अमृतीकरण और परमीकरण का अर्थ बताया जा रहा है—

[अमृतीकरणम्]

अङ्गनामङ्गला(?)सार्द्धं विदध्यादमृतीकृतम्।।२१८।।

षडङ्ग मन्त्रों से सकलीकरण करने के बाद उन अंगों का परस्पर संयुक्तीकरण करना 'अमृतीकरण' है।।२१८।।

[परमीकरणम्]

क्षमा तस्यापराधानां विज्ञेया परमीकृतिः।।२१९।।

साधक के समस्त अपराधों को जानते हुए भी उन्हें क्षमा कर देने का भाव देवता के हृदय में प्रकाशित करना 'परमीकरण' है।।२१९।।

[जीवन्यासः]

जीवन्यासं ततः कुर्यात् पूर्वोक्तमन्त्रमुच्चरन्।
कुशस्य विष्टरेणापि लेलिहानेन वा बुधः।।२२०।।

सकलीकरण आदि करने के बाद बुद्धिमान् साधक प्राण-प्रतिष्ठामन्त्र से यन्त्र में देवता की प्राण-प्रतिष्ठा या जीवन्यास करे। यह क्रिया लेलिहान मुद्रा अथवा कुश के विष्टर से की जाय॥२२०॥

[लेलिहामुद्रा]

तर्जनीमध्यमानामाः समं कुर्यादधोमुखम्(?)।
अनामायां क्षिपेद् वृद्धामृजुं कृत्वा कनिष्ठिकाम्।
लेलिहा नाम मुद्रेयं जीवन्यासे प्रकीर्त्तिता।।२२१।।

दाहिने हाथ को अधोमुख करके उसकी तर्जनी-मध्यमा और अनामा—इन तीन अंगुलियों को परस्पर जोड़ें। कनिष्ठा को अलग रखें। अंगूठे को मोड़कर अनामा के मूल से जोड़ दें। यह लेलिहान मुद्रा है॥२२१॥ (चित्र ८४९ में द्रष्टव्य)

[सकलीकरणस्वरूपम्]

वह्न्यादिदिक्षु वा देव्यास्तत्तदङ्गेषु वा सुधी:।
षडङ्गं कल्पयेदेतत् सकलीकरणं भवेत्।।२२२।।

वह्न्यादीति। तत्तदङ्गेषु हृदयादिषडङ्गेषु। 'षडङ्गं कल्पयेदि'ति षडङ्गमन्त्रैरित्यर्थ:। तदुक्तं गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

अङ्गमन्त्रात् न्यसेद्देवि देव्यङ्गे साधकोत्तम:।
सकलीकरणं नाम मुद्रेयं व्याप्तिरूपिणी॥ इति।

यन्त्र में प्रतिष्ठित निष्कल देवतत्त्व में अग्निकोण आदि कोणों और दिशाओं में हृदय आदि अंगों की स्थापना या कल्पना करना देवता का सकलीकरण है॥२२२॥

[त्रितालादिपरमीकरणान्तं कर्म]

त्रितालं दशदिग्बन्धमवगुण्ठनमाचरेत्।
धन्वाख्यया ऽमृतीकृत्य परमीकरणञ्चरेत्।।२२३।।

त्रितालादिक्रम: पूर्वमेव विशदीकृत:। परमीकरणञ्चरेदिति परमीकरणमुद्रयेत्यर्थ:। परमीकरणमुद्रामाह तन्त्रसारे—

अन्योन्यग्रथिताङ्गुष्ठा प्रसारितपराङ्गुली।
महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे बुधै:॥ इति।

परमीकरणस्वरूपमाह गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

सर्वापराधजातानां सहिष्णुत्वप्रकाशकम्।
परमीकरणं नाम सम्प्रार्थनमिहोच्यते॥ इति।

बाँयीं हथेली पर दाहिने हाथ की अंगुलियों से त्रिताल देकर दिग्बन्धन करके अवगुण्ठन करे। फिर धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करके परमीकरण करे॥२२३॥

[परिवारदेवतास्वरूपम्]

एवं कृत्वा तच्छरीरान्मयूखनिकरान् बहिः।
विनिःसृत्य स्थिरीभूतं परिवारं विचिन्तयेत्।।२२४।।

एवमिति। देवीशरीरान्मयूखरूपेण बहिराविर्भूता देवता एव परिवारा इत्यर्थः।

देवी के शरीर से किरण-समुद्रों के रूप में बाहर आकर अपने-अपने निर्दिष्ट स्थान पर स्थित देवताओं को देवी के परिवार के रूप में ध्यान करे॥२२४॥

[मुद्रानवकदर्शनोपदेशः]

वक्ष्यमाणोक्तविधिना नव मुद्राः प्रदर्शयेत्।

अयं त्रिपुरार्चने दर्शयितव्या नव मुद्राः क्रमेण निरूपयति—**वक्ष्यमाणेत्यादिना।**

इसके बाद देवी को यथाविधि ९ मुद्रायें दिखायें।

[तत्र सर्वसंक्षोभणी मुद्रा]

मध्यमामध्यमे कृत्वा कनिष्ठेऽङ्गुष्ठरोधिते।।२२५।।
तर्जन्यौ दण्डवत् कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके।
सर्वसंक्षोभणीनाम्नी मुद्रेयं क्षोभयेज्जगत्।।२२६।।

तत्र प्रथमां सर्वसंक्षोभणीमुद्रामाह—**मध्यमेत्यादिना।** अत्र कनिष्ठेऽङ्गुष्ठरोधित इति सन्धिरार्षः। हस्तयोर्मध्यमाङ्गुलेर्मध्यमे पर्वणि स्थापिते कनिष्ठे अङ्गुष्ठाभ्यां रोधिते कृत्वा तर्जनीद्वयं दण्डवत् सरलं कृत्वा अनामिकाद्वयं मध्यमाद्वयोपरि स्थापयेदिति फलितार्थः। सर्वजगत्संक्षोभणकारित्वादस्या मुद्रायाः सर्वसंक्षोभणीति संज्ञा। तदुक्तं तन्त्रसारे—

मध्यमामध्यगे कृत्वा कनिष्ठेऽङ्गुष्ठरोधिते।
तर्जन्यौ दण्डवत् कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके।
एषा च प्रथमा मुद्रा सर्वसंक्षोभकारिणी। इति।



सर्वसंक्षोभिणी

सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा—दोनों हथेलियों को आमने-सामने लाकर दोनों हाथों की मध्यमा अंगुलियों को मध्य में स्थापित करें। दोनों अंगूठों से दोनों कनिष्ठा अंगुलियों को मोड़कर पकड़ें। दोनों अनामिकाओं को मध्यमाओं पर स्थापित करें तथा दोनों तर्जनी अंगुलियों को दण्ड के समान सीधी रखें। यह सारे संसार को क्षोभित करने वाली सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा है॥२२५-२२६॥

[सर्वविद्रावणी मुद्रा]

एतस्या एव मुद्राया मध्यमे सरले यदा।
सर्वविद्रावणीनाम्नी मुद्रेयं द्रावयेत् क्षणात्।।२२७।।


सर्वविद्राविणी

द्वितीयामाह—**एतस्या इति।** एतस्याः सर्वसंक्षोभण्या मुद्राया मध्यमाङ्गुल्यौ सरले अवक्रे चेत् सर्वविद्रावणी मुद्रा भवति। तन्त्रसारेऽप्याह—

एतस्या एव मुद्राया मध्यगे सरले यदा।
क्रियेते परमेशानि सर्वविद्राविणी तदा।। इति।

सर्वविद्राविणी मुद्रा—सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा में मध्यमा मुड़ी हुई है। यदि मध्यमा अंगुलियाँ भी सीधी रखी जायँ तो सारे संसार का द्रावण करने वाली सर्वविद्राविणी मुद्रा बन जाती है।।२२७।।

[सर्वाकर्षिणी मुद्रा]

मध्यमा तर्जनी युग्मे वक्रे कुर्याद् यथाविधि।
एतस्या एव मुद्रायास्तदाकर्षणकर्मणि।।२२८।।

तृतीयामाह—**मध्यमेति।** निरुक्तमुद्रया मध्यमातर्जन्योरुभयोर्वक्रत्वे सर्वाकर्षिणी मुद्रा भवति। मुद्रा चैषा साधकजगदाकर्षणशक्तिमाविर्भावयति।

मध्यमातर्जनीभ्याञ्च कनिष्ठानामिके समे।
अङ्कुशाकाररूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि।
अङ्गुष्ठन्तु नियुञ्जीत कनिष्ठानामिकोपरि।
इयमाकर्षिणी मुद्रा त्रैलोक्याकर्षिणी परा।

इति तन्त्रसारधृतवचनानुसारेण तु कनिष्ठानामिकयोरवक्रत्वं कनिष्ठानामिकयोरुपर्यङ्गुष्ठस्थापनञ्चेति विशेषो दृश्यते।


सर्वाकर्षिणी

सर्वाकर्षिणी मुद्रा—सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा बनाकर यदि मध्यमा और तर्जनी अंगुलियों को अंकुश के समान वक्र कर दिया जाय तो सर्वाकर्षणी मुद्रा बन जाती है। 'तन्त्रसार' के अनुसार मध्यमा पर अंगूठे को तथा अनामिका पर कनिष्ठा को लगायें।।२२८।।

[सर्ववश्यकरी मुद्रा]

परिवर्त्तनमार्गेण स्वाङ्गुलीः सम्मुखा यजेत् ।
अङ्गुष्ठयोर्वक्त्रदेशे तर्जन्यावङ्कुशाकृती।
सर्ववश्यकरीनाम्नी मुद्रेयं वशकारिणी।।२२९।।

चतुर्थीमाह—**परिवर्त्तनेत्यादिना**। अत्र पूर्वतो 'मध्यमातर्जनीयुग्म' इत्याद्यध्याहार्यम्। एवञ्चाऽऽभिमुख्येन वक्रयोस्तर्जन्योरधो मध्यमे तदधः परिवर्त्तनक्रमेणानामिके ततस्तेनैव क्रमेण कनिष्ठे अङ्गुष्ठयोर्वक्त्रदेशे अग्रे निविडं सङ्गताः कुर्यात् इत्येवाऽऽह—**स्वाङ्गुलीः सम्मुखा यजेदित्यनेन**। यजेत् परस्परं सङ्गमयेदित्यर्थः। तर्जन्यौ अङ्कुशाकृती अङ्कुशवद् वक्रे कुर्यात्। न तु अङ्कुशाकृती तर्जन्यौ अङ्गुष्ठयोर्वक्त्रदेशे निवेशयेदिति सम्बन्धः, तन्त्रसारे सर्वासामङ्गुलीनामुपरि अङ्गुष्ठनिवेशनस्य व्यक्तमुक्तत्वात्। तथाच तन्त्रसारे—

> पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावङ्कुशाकृती।
> परिवर्त्तक्रमेणैव मध्यगे तदधोगते।
> क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठानामिके तथा।
> संयोज्य निविडाः सर्वा अङ्गुष्ठावग्रदेशतः।
> मुद्रेयं परमेशानि सर्ववश्यकरी मता।। इति।


सर्ववशंकरी

सर्ववशंकरी मुद्रा—दोनों हाथों की अंगुलियों को परस्पर आमने-सामने से जोड़ें। तर्जनी अंगुलियों को अंकुशाकार बनायें। फिर दोनों हाथों की शेष मध्यमा, अनामा और कनिष्ठा अंगुलियों को मोड़कर एक-दूसरे से फँसा दें। अंगूठों के अग्रभाग को परस्पर जोड़ दें। यह सर्ववश्यकरी मुद्रा है।।२२९।।

[सर्वोन्मादिनी मुद्रा]

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यगेऽन्त्यजे।
अनामिके तु सरले तद्बहिस्तर्जनीद्वयम्।।२३०।।
दण्डाकारौ ततोऽङ्गुष्ठौ मध्यमानखदेशगौ।
मुद्रैषोन्मादिनीनाम्नी क्लेदिनी सर्वयोषिताम्।।२३१।।

अथ पञ्चमीमाह—**सम्मुखाविति**। करौ परस्परं सम्मुखौ कृत्वा अन्त्यजे कनिष्ठिके मध्यमयोर्मध्यगे मध्यपर्वसंस्थे कुर्यात्। अनामिके सरले अवक्रे कृत्वा

तद्बहिस्तर्जनीद्वयं स्थापयेत्। ततो दण्डाकारौ सरलावङ्गुष्ठौ मध्यमानखदेशगौ कुर्यात् मध्यमयोर्नखदेशे सरलावङ्गुष्ठौ योजयेदित्यर्थः। सर्वयोषितां क्लेदिनी आर्द्रतासम्पादिनी-यमुन्मादिनी मुद्रा।

प्रायः समानुपूर्वीकवचनेनोक्तेयं मुद्रा तन्त्रसारेऽपि—

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यगेऽन्त्यजे।
अनामिके तु सरले तद्बहिस्तर्जनीद्वयम्।।
दण्डाकारौ ततोऽङ्गुष्ठौ मध्यमानखदेशगौ।
मुद्रैषोन्मादिनी नाम्ना कर्षिणी सर्वयोषिताम्।। इति।

सर्वोन्मादिनी मुद्रा—दोनों हाथों को आमने-सामने करके दोनों कनिष्ठाओं को मध्यमा के मध्य पर्व से मिलायें। दोनों अनामिकाओं को सीधी रख़ते हुए उनके ऊपर दोनों तर्जनियों को स्थापित करें। फिर दोनों अंगूठों को दण्डाकार बनाकर मध्यमा के नखप्रदेश में स्थापित करें। इस मुद्रा से सभी नारियों का आकर्षण होता है।।२३०-२३१।।



सर्वोन्मादिनी

[महाङ्कुशा मुद्रा]

एतस्या एव मुद्राया अनामातर्जनीक्रमात्।
अङ्कुशाकाररूपेण योजयेत् साधकोत्तमः।
इयं महाङ्कुशानाम्नी सर्वकार्यार्थसाधिका।।२३२।।

षष्ठीमाह—एतस्या इति। एतस्या उन्मादिनीमुद्राया क्रमेणानामिकाद्वयं तर्जनीद्वयञ्च अङ्कुशाकाररूपेण यदि योजयेत् तदा महाङ्कुशाख्या मुद्रा भवति। व्यक्तमाह तन्त्रसारे—



महांकुशा

अस्यास्त्वनामिकायुग्ममधःकृत्वाऽङ्कुशाकृती ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत्।।
इयं महाङ्कुशा मुद्रा सर्वकार्यार्थसाधिनी। इति।
अस्या इति उन्मादिनीमुद्रायाः।

महाङ्कुशा मुद्रा—पहिले उन्मादिनी मुद्रा बनायें। दोनों अनामिकाओं को अङ्कुशाकार बनाकर अधोभाग में स्थापित करते हुए दोनों तर्जनियों को भी अंकुशाकार बनाकर उनसे मिला दें। यह मुद्रा सभी कामनाओं को सिद्ध करती है।।२३२।।

[खेचरी मुद्रा]

सव्यं दक्षिणहस्ते तु दक्षिणं वामहस्तके।
परिवेष्टनमार्गेण कनिष्ठानामिके ततः।।२३३।।
तर्जनीभ्याञ्च संरुध्य मध्यमे सरले ततः।
योन्याकारस्वरूपेण योजयेत् साधकोत्तमः।।२३४।।
इयन्तु खेचरीनाम्नी मुद्रा सर्वोत्तमोत्तमा।।२३५।।

अथ सप्तमीमाह—सव्यमित्यादिना। सव्यं वामहस्तं दक्षिणहस्ते दक्षिणञ्च वामहस्ते योजयेत्, ततः परिवेष्टनमार्गेण कनिष्ठानामिके योजयेत् वामहस्तस्य कनिष्ठया दक्षहस्तस्य अनामिकां दक्षहस्तस्य कनिष्ठया वामहस्तस्यानामिकाञ्च परिवेष्टयेदित्यर्थः। **तर्जनीभ्यामिति।** तथा सरले अवक्रे मध्यमे प्रागुक्तरीत्या तर्जनीभ्याञ्च संरुध्य योन्याकारेण स्थापयेदिति खेचरी मुद्रा।

सव्यं दक्षिणदेशे तु सव्यदेशे तु दक्षिणम्।
बाहुं कृत्वा महादेवि हस्तौ सम्परिवर्त्त्य च।।
कनिष्ठानामिके देवि युक्त्वा तेन क्रमेण तु।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोद्र्ध्वमपि मध्यमे।।
अङ्गुष्ठौ तु महेशानि सरलावपि कारयेत्।
इयं सा खेचरी नाम्ना पार्थिवस्थानयोजिता।।

इति तन्त्रसारधृतवचने तु अङ्गुष्ठयोः सारल्येन अवस्थानमिति विशेषो दृश्यते।

खेचरी मुद्रा—बाँयें हाथ को दाँईं ओर तथा दाँयें हाथ को बाँयीं ओर रखकर पलट दें। फिर बाँयें हाथ की कनिष्ठा और अनामिका को दाहिने हाथ की कनिष्ठा और अनामिका से संयुक्त कर दें। दोनों मध्यमाओं के ऊपरी भाग को दोनों तर्जनी अंगुलियों से दबायें तथा अंगूठों को सीधा रखें॥२३३-२३५॥



खेचरी

[खेचरीमुद्राप्रशस्तिः]

प्रयतोऽप्रयतो वाऽपि शुचिर्वाऽप्यथवाऽशुचिः।
गच्छंस्तिष्ठन् स्वपन् वाऽपि भुञ्जानो मैथुने रतः।।२३६।।
मुद्राया मध्यमाङ्गुल्यौ परिवर्त्तक्रमेण तु।
पार्थिवस्थानसंयुक्ताः सद्यः खेचरतां व्रजेत्।।२३७।।

एतया ज्ञातया चैव योगिनीनां भवेत् प्रियः।।२३८।।

इन तीन श्लोकों में खेचरी मुद्रा का प्रशस्ति-गान किया गया है। साधक चाहे संयमी हो अथवा असंयमी, पवित्र हो अथवा अपवित्र, चल रहा हो अथवा खड़ा हो, भोजन कर रहा हो या मैथुन कर रहा हो, गरज यह कि वह जिस स्थिति में हो, इस खेचरी मुद्रा में मध्यमा अंगुलियों को मोड़कर अंगूठे से जोड़ने पर आकाश में विचरण करने लगता है अर्थात् योगिनियों का प्रियपात्र होता है।।२३६-२३८।।

[बीजमुद्रा]

परिवर्त्त्य करौ स्पृष्टावर्धचन्द्राकृती भवेत्।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं पुगपत् कारयेद् बुधः।।२३९।।
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत्।
तथैव कुटिले योज्य सर्वाधस्तादनामिके।।२४०।।
बीजमुद्रेयमाख्याता सर्वसिद्धिप्रवर्त्तिनी।।२४१।।

अष्टमीमाह—परिवर्त्त्येति।

परिवर्त्त्य करौ स्पष्टावर्धचन्द्राकृती प्रिये।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं युगपत् कारयेत् ततः।।
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत्।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके।।
बीजमुद्रेयमचिरात् सर्वसिद्धिविवर्धिनी। इति तन्त्रसारे।



बीजम्

बीजमुद्रा—दोनों हाथों को परस्पर सटा कर अर्धचन्द्राकार बनायें। दोनों तर्जनी तथा अँगूठों को एक साथ रखें। दोनों मध्यमाओं के निचले भाग को कनिष्ठाओं से दबायें। सभी अंगुलियों के निम्न भाग में अनामाओं को टेढ़ा रखकर मध्यमा से मिलायें। बीज-मुद्रा के नाम से प्रसिद्ध यह मुद्रा सभी सिद्धियों को सक्रिय करने वाली है।।२३९-२४१।।

[योनिमुद्रा]

मध्यमे कुटिलाकारे तर्जन्युपरिसंस्थिते।
अनामिकामध्यगते तथैव च कनिष्ठिके।।२४२।।
सर्वा एकत्र संयोज्य अङ्गुष्ठपरिपीडिताः।
योनिमुद्रेयमाख्याता त्रैलोक्योत्पत्तिमातृका।।२४३।।

अथ नवमीं योनिमुद्रामाह—**मध्यम इति**। कुटिलाकारे मध्यमे तर्जन्युपरिसंस्थिते कुर्यात्, तथा कनिष्ठिके अनामिकामध्यगते विदधीत। ततश्च सर्वा अङ्गुलीरेकत्र संयोज्य अङ्गुष्ठाभ्यामवष्टब्धाः कुर्यादिति योनिमुद्राबन्धनक्रमः। त्रैलोक्योत्पत्तिमातृकेति सर्वोत्पत्तिभूमित्वाद् योनेरित्यर्थः।

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरिसंस्थिते।
अनामिके मध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके।।
सर्वा एकत्र संयोज्य अङ्गुष्ठपरिपीडिताः।
एषा तु परमा मुद्रा योनिमुद्रेयमीरिता।। इति तन्त्रसारे।

एतासां मुद्राणां पूजाकाले प्रयोगमाह तत्रैव—

एता मुद्रा महेशानि त्रिपुराया मयोदिताः।
पूजाकाले प्रयोक्तव्याः सन्ध्यानुक्रमयोगतः।। इति।

योनि-मुद्रा—दोनों मध्यमाओं को मोड़कर दोनों अनामिकाओं पर स्थापित करें। तर्जनी और मध्यमा अंगुलियों को स्वाभिमुख मिलाकर रखें। दोनों कनिष्ठाओं को अनामिका अँगुलियों के मध्य में स्थापित करें। सभी अंगुलियों को जोड़कर उन्हें अंगूठों से दबायें। तीनों लोकों की उत्पत्ति-मातृकास्वरूप होने के कारण इसे योनि मुद्रा कहते हैं।।२४२-२४३।।



सर्वयोनि

विमर्श—तान्त्रिक पूजा में मुद्राओं का अत्यन्त महत्त्व है। यद्यपि तन्त्रग्रन्थों में इनके स्वरूप और लक्षण का निरूपण किया गया है, मुद्राओं के चित्र भी प्रकाशित हैं; मगर सभी व्यक्ति सभी मुद्रायें नहीं बना सकते। सक्षम गुरु से सीखकर ही मुद्रायें बनाने की कला आती है।

[निरुक्तमुद्राबीजनिरूपणम्]

बीजानि क्रमतो वक्ष्ये मुद्राणां तन्त्रवर्त्मना।
पञ्चबाणं समुद्धृत्य शूलबीजं लिखेत्ततः।।२४४।।
शिवः शक्तिः कान्तपान्तं भगरेफेन्दुमण्डितम्।
सदाशिवस्य बीजन्तु वाग्भवं नवमं स्मृतम्।।२४५।।

अथ क्रमेण निरुक्तसर्वसंक्षोभण्यादिमुद्रासु प्रयोज्यानि बीजानि निरूपयति—**पञ्चबाणमित्यादिना**। पञ्चबाणबीजानि तु पञ्चदशे 'थान्तद्वयमि'त्यादिना (३५३ श्लो०) मूले टीकायाञ्च प्रदर्शितानि। पञ्चबाणं समुद्धृत्य द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः इति बीजपञ्चक-मुद्धृत्येत्यर्थः। एवञ्च सर्वसंक्षोभण्यादिसर्वोन्मादिन्यन्तमुद्रापञ्चके निरुक्तबीजपञ्चकं

प्रयुञ्जीतेति बोध्यम्। ततश्च द्रामित्युक्त्वा सर्वसंक्षोभणीं मुद्रां प्रदर्शयेत्। एवं द्रीं सर्वविद्रावणीम्। क्लीं सर्वाकर्षिणीम्। ब्लूं सर्ववश्यकरीम्। सः सर्वोन्मादिनीम् । शूलबीजं क्रों। एवञ्च क्रोमित्युक्त्वा महाङ्कुशां मुद्रां प्रदर्शयेत्। अथ सप्तम्यां खेचरीमुद्रायां बीजयोजनमुपदिशति—**शिव इत्यादिना**। शिवो हकारः, शक्तिः सकारः, कान्तः खकारः, पान्तः फकारः, स च फकारो भगेनैकादशस्वरेण रेफेण इन्दुनाऽनुस्वारेण च मण्डितः। एतेन ह स ख फ्रें इत्युक्त्वा खेचरीमुद्रां प्रदर्शयेदिति बोध्यम्। अष्टम्यां बीजमुद्रायां बीजयोगमाह—**सदेति**। सदाशिवस्य बीजं ह्सौरिति। एवञ्च ह्सौरित्युक्त्वा बीजमुद्रां प्रदर्शयेदित्यर्थः। वाग्भवमिति ऐँ इति वाग्भवबीजपूर्विकां नवमीं योनिमुद्रां प्रदर्शयेदित्यर्थः। गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

सन्दर्शयेत् स्वस्वबीजपूर्वं मुद्रास्ततो नव।
संक्षोभद्रावणाकर्षवश्योन्मदमहाङ्कुशाः ।
खेचरीबीजयोन्याख्या नव मुद्रास्ततः क्रमात्।
एता मुद्रा महेशानि बन्धूककुसुमप्रभाः।।
स्वस्वमुद्राकराः सर्वाः श्रीविद्यासम्मुखी स्मरेत्।। इति।

तन्त्रशास्त्र में बताये गये मुद्राबीजों का निरूपण कर रहा हूँ। मुद्रायें ९ (नौ) हैं; अतः बीज भी ९ हैं। इनमें से पाँच बाणबीज हैं। जिनका स्वरूप पहिले ही बताया जा चुका है। यथा—द्रां-द्रीं-क्लीं-ब्लूं सः। शूल बीज (क्रौं)। ६ठा बीज है। शिव (ह), शक्ति (स), कान्त (ख), पान्त (फ) जो भग (ए), रेफ ('र') तथा इन्दु (अनुस्वार) से मण्डित है। इन वर्णों की योजना से सातवाँ बीज निष्पन्न हुआ—हसखफ्रें। सदाशिव बीज—'हसौः' आठवाँ तथा वाग्भव (ऐं) नवम बीज है।।२४४-२४५।।

'द्रां-द्रीं-क्लीं-ब्लूं-सः-क्रों-हसखफ्रें-हसौः तथा ऐं—ये क्रमशः ९ मुद्राओं के बीज हैं, जिनकी योजना मुद्रा के नाम के आगे की जाती हैं। यथा—द्रां सर्वक्षोभण्यै नमः' आदि।

[तर्पणोपदेशः]

तर्पणञ्च ततः कुर्यात्त्रिवारं तत्त्वमुद्रया।

तर्पणञ्चेति। तत्त्वमुद्रालक्षणमाह गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

अङ्गुष्ठानामिकायोगं(:) तत्त्वमुद्रेयमीरिता।
अङ्गुष्ठं शिवमित्याहुरनामा शक्तिरुच्यते।।
तर्पणन्तु तयोर्योगादमृतैर्वामपाणिना।। इति।

मुद्राप्रदर्शन के बाद तत्त्व-मुद्रा से तीन बार तर्पण करें।

[षोडशोपचारैः पूजनस्योपदेशः]

उपचारैः षोडशभिः पूजयेत् परमेश्वरीम्।।२४६।।

उपचारैरिति। उपचारपदव्युत्पत्तिमाह तत्रैव—

भक्त्यैवैते कृता देवे साधकं देवसन्निधिम्।
चारयन्ति यतस्तस्मादुच्यन्ते चोपचारकाः।।
समीपे चरणाद् वाऽपि कलाकान्ते तथोदिताः।। इति।

तत्पश्चात् षोडश उपचारों से परमेश्वरी की पूजा करें।।२४६।।

त्रितत्त्वैर्वह्निजायान्तैस्त्रिधाऽर्घ्यं परिकल्पयेत्।।२४७।।
मूलस्य च त्रिषु त्रीणि बीजानि विनियोज्य च।
बालामन्त्रेण मन्त्रज्ञ उपचारान्निवेदयेत्।।२४८।।

मूल मन्त्र के तीन बीजों में से प्रत्येक बीज के साथ 'ऐं-ह्रीं-श्रीं' रूप तीन बीजों और 'स्वाहा' की योजना करके तीन तत्त्वों-सहित तीन बार अर्घ्य प्रदान करें। मन्त्रवित् साधक सभी उपचार बालामन्त्र से प्रदान करे।।२४७-२४८।।

[षोडशोपचाराः]

आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्।
मधुपर्काचमनस्नानवसनाभरणानि च।।२४९।।
सुगन्धसुमनोदीपधूपनैवेद्यवन्दनाः।
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारांस्तु षोडश।।२५०।।

अथ क्रमेणोपचारान् विभजते—**आसनमित्यादिना पञ्चोपचारिका इत्यन्तेन।** स्पष्टम्। तत्राऽऽसने विशेषमाह गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

सौवर्णं राजतं वास्त्रं तथा रत्नविनिर्मितम्।
आसनं प्रथमं दद्यात् पौष्पं दारवमेव वा।।
न पत्रमासनं दद्यात् कदाचिदिह पूजने।
यथोक्तविधिना देव्यै रक्तकम्बलमेव वा।।
स्वमेरुपादपीठान्ते पद्मकल्पितमासनम्।
भोगमोक्षप्रदे मातस्तिष्ठस्व परमेश्वरि।।
अनेनैवाऽऽसनं देव्यै यो दद्याद्विहितं शिवे।
भुक्तिमुक्ती करे तस्य सर्वत्र स्थानवान् भवेत्।। इति।

अन्येषामप्युपचाराणां स्वरूपमत्रैव प्रदर्शितं नेहोच्यते विस्तरभयात्।

(१) आसन, (२) स्वागत, (३) पाद्य, (४) अर्घ्य, (५) आचमन, (६) मधुपर्क, (७) आचमन, (८) स्नान, (९) वस्त्र, (१०) आभूषण, (११) गन्ध, (१२) पुष्प, (१३) दीप, (१४) धूप, (१५) नैवेद्य तथा (१६) प्रणाम—पूजा के ये १६ उपचार हैं।।२४९-२५०।।

[तत्र कल्पान्तरम्]

अथवा कल्पयेन्मन्त्री पाद्यार्घ्याचमनीयकम्।
स्नानं वस्त्रं तथा भूषां गन्धप्रसूनधूपकम्।।२५१।।
प्रदीपकञ्च नैवेद्यमाचान्तार्थं जलं पुनः।
ताम्बूलमर्चना स्तोत्रं तर्पणञ्च नमस्क्रिया।
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारांस्तु षोडश।।२५२।।

अथवा विकल्पतः पूजन के षोडश उपचार हैं—(१) पाद्य, (२) अर्घ्य, (३) आचमनीय, (४) स्नान, (५) वस्त्र, (६) आभूषण, (७) गन्ध, (८) पुष्प, (९) धूप, (१०) दीप, (११) नैवेद्य, (१२) पुनराचमनीय, (१३) ताम्बूल, (१४) अर्चनास्तोत्र, (१५) तर्पण और (१६) प्रणाम॥२५१-२५२॥

[दशोपचाराः]

अर्घ्यं पाद्यं निवेद्याथ जलमाचमनीयकम्।
मधुपर्कञ्चाऽऽचमनं गन्धप्रसूनके ततः।
धूपदीपौ च नैवेद्यं दशोपचारकं स्मृतम्।।२५३।।

दशोपचार पूजा के अंग हैं—(१) अर्घ्य, (२) पाद्य, (३) आचमन, (४) मधुपर्क, (५) पुनराचमनीय, (६) गन्ध, (७) पुष्प, (८) धूप, (९) दीप और (१०) नैवेद्य॥२५३॥

[पञ्चोपचाराः]

गन्धादयो नैवेद्यान्ताः पूजाः पञ्चोपचारिकाः।

पञ्चोपचारानाह—**गन्धादय इति**। व्यक्तमाह निबन्धतन्त्रे पञ्चपञ्चाशत्तम-पटले—

गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यमिति पञ्चकम्।
निवेदयेत् सदाऽर्चायां पूजाः पञ्चोपचारिकाः।। इति।

गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य यह पञ्चोपचार पूजा है।

[क्रमेणैतेषामुत्तममध्यमाधमत्वम्]

उत्तमा मध्यमा चैव बुधैरुक्ताऽधमा क्रमात्।।२५४।।

उत्तमेति। षोडशोपचारिका उत्तमा, दशोपचारिका मध्यमा, पञ्चोपचारिका अधमा पूजेत्यर्थः।

इनमें से षोडशोपचार पूजा उत्तम, दशोपचार मध्यम तथा पञ्चोपचार पूजा अधम पूजा है॥२५४॥

[उपचारेषु कस्यचिदलाभे व्यवस्था]

उपचारेषु सर्वेषु यत्किञ्चिद्दुर्लभं भवेत्।
तत् सर्वं मनसा ध्यात्वा पुष्पक्षेपेण कल्पयेत्।।२५५।।

उपचारेष्विति। कस्यचिदुपचारस्याभावे पुष्पमेव तदुपचारत्वेन कल्पयित्वा देव्यै निवेदयेदित्यर्थः।

यदि पूजन के समय किसी उपचार का प्रत्यक्षतः अभाव हो तो मन से वह उपचार समर्पित करके पुष्प को उक्त उपचार के रूप में समर्पित करें॥२५५॥

[प्रत्युपचारानन्तरं जलदानम्]

तत्र तत्र जलं दद्यादुपचारान्तरान्तरा।

उपचार-समर्पण के बाद बीच-बीच में भगवती को जल समर्पित करना चाहिये। यथा—मधुपर्क, स्नान, वस्त्राभूषण, नैवेद्य के बाद जल-समर्पण कर्तव्य है।

[देवीशिरसि पुष्पदानम्]

देवतायाः शिरः कुर्यात् कुसुमोपहितं सदा।।२५६।।

पूजा के समय देवता का सिर नग्न नहीं रहना चाहिए। अतएव पूजन यन्त्र को फूलों से ढँक देना चाहिए॥२५६॥

[देव्या ऊर्ध्वे करभ्रामणनिषेधः]

पूजाकाले देवताया नोपरि भ्रामयेत् करम्।

पूजा के समय देवता के सिर पर हाथ नहीं घुमाना चाहिए। इसका अर्थ यह है कि पूजा के समय यन्त्र के ऊपर हाथ नहीं फेरना चाहिए।

[पुष्पाद्यभावे व्यवस्था]

पूजयेत् परमेशानीं पुष्पाभावे तु पत्रकैः।।२५७।।
पत्राणामप्यभावे तु तृणगुल्मौषधादिभिः।
ओषधीनामभावे तु तत्फलैरपि पूजयेत्।।२५८।।
अक्षतैर्वा जलैर्वाऽपि तदभावे तु सर्षपैः।
सितैस्तथाऽप्यलाभे तु मानसीं भक्तिमाचरेत्।।२५९।।

पूजयेदिति। पुष्पाभावे पत्रादिभिरर्चयेत्, परं तु कदाऽपि पूजालोपं न विदधीत, निरुक्तानामेकतमस्याप्यलाभे मानसीं पूजां विदधीत; तयैव पूजासिद्धिर्भवतीति भावः। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

पुष्पाभावे यजेत् पत्रैः पत्रालाभे च तत्फलैः।
अक्षतैर्वा जलैर्वाऽपि न पूजां व्यतिलङ्घयेत्॥
एतेषामप्यलाभे तु मानसीं भक्तिमाश्रयेत्। इति।

अत्र 'पुष्पाभावे यजेत् पत्रैरि'ति सामान्यतः पत्रविधाने सत्यपि—

पत्रेषु बिल्वपत्रञ्च तथा मदनपल्लवम्।
दूर्वाङ्कुरं तथा प्रोक्तं नान्यत् पत्रं प्रयोजयेत्॥

इति गन्धर्वतन्त्रचतुर्दशपटलवचनसंवादात् 'न पत्रैरर्चयेच्छिवामि'त्यनेन सामान्यत: पत्रकरणकार्चानिषेधाच्च पुष्पाभावे निरुक्तबिल्वादिपत्रैरेव पूजनं विधेयं न तु पत्रान्तरैरिति ज्ञेयम्।

यदि पूजा के समय पुष्प उपलब्ध न हों तो पत्रों से, पत्र भी उपलब्ध न हों तो तृण, गुल्म और औषधियों से, यदि ये भी उपलब्ध नहीं हों तो फलों से, उनके भी अभाव में अक्षतों से, अक्षत भी नहीं रहने पर जल से, जल भी न हो तो सफेद सरसों से और यदि यह भी उपलब्ध न हो तो मन से भक्तिपूर्वक पूजा की जाय। तात्पर्य यह कि द्रव्य या उपचार के अभाव में पूजा-लोप नहीं होना चाहिए। पूजा प्रमुख है, उपचार या द्रव्य गौण है। पूजा के लिये उपचार हैं, उपचार के लिये पूजा नहीं है॥२५७-२५९॥

[पुष्पाद्युपचाराणां परत्वापरत्वादि]

परापरोत्तमञ्चैव मध्यमञ्च तथाऽधमम्।
सौवर्णं परमं प्रोक्तमपरं चित्रवस्तुजम्।।२६०।।
वृक्षगुल्मोद्भवं पुष्पमुत्तमं परिकीर्त्तितम्।
अधमं पत्रतोयादि मध्यमन्तु फलात्मकम्।।२६१।।

पूजा के जो उपचार बताये गये हैं, उन्हें (१) पर, (२) अपर, (३) उत्तम, (४) मध्यम तथा (५) अधम—इन पाँच वर्गों में माना जा सकता है। स्वर्ण आदि के निर्मित पुष्प आदि उपचार 'पर' कोटि के हैं। चित्र-विचित्र वस्तुओं के उपचार 'अपर' कोटि के हैं। वृक्ष और लताओं के पुष्प उत्तम उपचार हैं। फलों का उपचार मध्यम तथा केवल पानी और पत्ते अधम उपचार हैं॥२६०-२६१॥

विमर्श—उपचारों का उपर्युक्त महत्त्वक्रम एक उपचारीय पूजन के लिये है। षोडशोपचार या दशोपचार पूजन में प्रत्येक उपचार समान रूप से श्रेष्ठ एवं महत्त्वपूर्ण हैं।

[पुष्पनिवेदनक्रम:]

ज्ञानाख्यमुद्रया मन्त्री चक्रे पुष्पं निवेदयेत्।

भगवती के पूजन-यन्त्र पर ज्ञान-मुद्रा से ही पुष्प-समर्पण करना चाहिये।

[ज्ञानमुद्रा]

अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यान्तु ज्ञानमुद्रा प्रकीर्त्तिता।।२६२।।

अंगूठे और तर्जनी के ऊपरी सिरों को जोड़ने से ज्ञान-मुद्रा बनती है। तात्पर्य यह कि अंगूठे और तर्जनी से उठाकर पुष्पों को यन्त्र पर समर्पित किया जाय। पुष्प-समर्पण में अनामा-मध्यमा का उपयोग नहीं किया जाय॥२६२॥

[पुष्पादिदाने विशेषः]

यथोत्पन्नं तथा पुष्पं तथा दद्याच्च पत्रकम्।
पुष्पाञ्जलिप्रदाने तु न भवेन्नियमस्त्वयम्।।२६३।।
नाधोमुखं फलं दद्यादिति शास्त्रस्य निर्णयः।

फूल और फल जिस तरह वृक्ष में लगते हैं, उसी तरह उन्हें देवता को समर्पित किया जाय। अधोमुख करके फूल और फल समर्पित नहीं करें। पुष्पाञ्जलि के समय इस नियम का पालन आवश्यक नहीं है॥२६३॥

[तर्पणम्]

तर्पयेन्मूलमन्त्रेण त्रिवारं पूर्ववत् सुधीः।।२६४।।

षोडशोपचार पूजन प्रारम्भ करने के पहिले बुद्धिमान् साधक मूल-मन्त्र से तीन बार तर्पण करे॥२६४॥

[देव्या उद्वर्तनाद्यलङ्कारदानान्तं कर्म]

स्ववाममण्डले नीत्वा देवीमुद्वर्त्तनादिकम्।
मनःपूजाक्रमैः स्नानं वाससा तनुमार्जनम्।।२६५।।
सर्वालङ्करणं दत्त्वा मण्डले तां समानयेत्।

[पाद्याद्यर्पणम्]

पूर्ववद् वन्दनं कृत्वा पाद्यादीनि निवेदयेत्।।२६६।।

मनःपूजाक्रमैरिति। सप्तदशपटलोक्तमानसार्चनविहितस्नानक्रमैः देव्याः स्नानं निर्वर्त्तयेदित्यर्थः।

साधक अपने वाम-भाग में मण्डल की रचना करके वहाँ भगवती को भावना-पूर्वक लाकर उद्वर्तन (उबटन) की सामग्री प्रदान करे। भावनापूर्वक स्नान कराकर उनका शरीर शुद्ध कपड़े से पोंछकर वस्त्र और अलंकार समर्पित करके उन्हें सभा-मण्डप में लाये। सभा-मण्डप में लाकर उन्हें स्तुतिपूर्वक फिर से पाद्य और आचमन समर्पित करें॥२६५-२६६॥

विमर्श—राजराजेश्वरी भगवती ललिता की यह पूजा अत्यन्त भावमयी और राजसी होती है। ध्यानपूर्वक आवाहन करने के बाद उन्हें सुपूजित मन्दिर के विधिवत् अर्चित रत्न-सिंहासन पर प्रतिष्ठित करके स्वागत एवं कुशल-मंगल पूछने के बाद पाद्य-आचमन-अर्घ्य प्रदान करके मधुपर्क समर्पित करें। पुनः आचमन कराने के बाद उन्हें स्नान के लिये सभा-मण्डप से स्नान-मण्डप चलने के लिये प्रार्थना करें। रत्न-पादुका पहनाकर और रत्नों की पालकी में बैठाकर उन्हें भावनापूर्वक सभा-मण्डप से स्नान-मण्डप में लायें। स्नानागार में स्फटिक-वेदी पर बिठाकर उन्हें हलदी एवं

सुगन्धित तेल तथा उद्वर्तन की विविध सामग्रियाँ समर्पित करके यह भावना करें कि दिव्यांगनायें उनका उद्वर्तन कर रही हैं। उद्वर्तन के बाद दूध-दही-घृत-शहद-शर्करा-इक्षुरस आदि द्रव्यों से स्नान करायें। अलग-अलग द्रव्यों से स्नान के मध्य में जल-स्नान करायें। अन्त में पुष्प-जल तथा सहस्र घटतीर्थोदक से स्नान एवं अभिषेक करायें। स्नान से आर्द्र देहयष्टि के प्रोञ्छन के लिये शुद्ध कार्पासवस्त्र प्रदान करें। रत्न-पादुका पहनाकर उन्हें स्नान-मण्डप से वस्त्र-मण्डप में लायें। रत्न-चौकी पर बिठाकर अगरु आदि के धूप से उनकी आर्द्र केशराशि को सुखायें। लाल रंग के रत्नजटित रेशमी वस्त्र-उपवस्त्र (साड़ी और चोली) प्रदान करें। हाथी-दाँत अथवा सोने की कंघी से केशसंस्कार करायें। तत्पश्चात् उन्हें वस्त्रागार से अलंकार-मण्डप में लाकर विधिवत् उनका शृङ्गार करें। इत्र आदि सुगन्धित द्रव्य, अष्टगन्ध का तिलक, सीमान्त भूषण सिन्दूर समर्पित करने के बाद स्वर्णनिर्मित एवं रत्नखचित विभिन्न अलंकार और मुकुट प्रदान करें। तत्पश्चात् उनके अंग-प्रत्यंग में बहिर्मातृका क्रम से मातृका अलंकार विन्यस्त करें। जब उनका शृङ्गार पूरा हो जाय, रत्न-पालकी में बिठाकर उन्हें अलंकारमण्डप से भावनापूर्वक सभा-मण्डप में लाकर यथापूर्व कामेश्वर शिव के अंक में विराजित कर दें। तत्पश्चात् पाद्य-आचमन समर्पित करके गन्ध-पुष्प-धूप-दीप आदि अन्य उपचार समर्पित करें।

[गन्धाद्यर्पणम्]

गन्धचन्दनधूपैस्तु दीपैर्नानाफलैरपि।
शर्करामिश्रपयसा घृतेन मधुना फलैः।
दध्ना च परमान्नेन भवानीं परितोषयेत्।।२६७।।

श्रद्धाभिभूत साधक भगवती को सुगन्धित पुष्प, चन्दन, धूप, दीप, शर्करा-मिश्रित दूध, दही, घृत, खीर, नाना प्रकार के मीठे फल आदि समर्पित करके उन्हें संतुष्ट करे।।२६७।।

[नैवेद्यनिवेदनक्रमः]

मूलं देव्याः स्वनामान्ते नैवेद्यमिति चोच्चरन्।
गृहाण वह्निजायान्ते नैवेद्यमुत्सृजेदिति।।२६८।।

नैवेद्यनिवेदनक्रममाह—**मूलमित्यादिना**। आदौ मूलं ततो देव्याः स्वनाम ततो नैवेद्यमिति गृहाणेति च पदद्वयं वह्निजाया स्वाहेति। एवञ्च मूलं ततः श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि नैवेद्यं गृहाण स्वाहेति मन्त्रः पर्यवस्यति।

इस श्लोक में भगवती को नैवेद्य समर्पित करने का मन्त्र बताया गया है। 'मूल मन्त्र' के बाद 'श्रीमत् त्रिपुरसुन्दरि नैवेद्यं गृहाण स्वाहा' नैवेद्य अर्पित करने का मन्त्र है।।२६८।।

विमर्श—कुलाचारी साधक धूप, दीप के बाद और नैवेद्य के पूर्व भगवती को 'शुद्धि खण्ड' और 'आसव' एवं अन्य कुलद्रव्य प्रदान करते हैं। तत्पश्चात् नैवेद्य, फिर आचमन-पानीय आदि के बाद फल एवं उसके बाद ताम्बूल समर्पित किया जाता है।

[बलिदाने विशेषः]

न राजा मेषमहिषबलिदानं समाचरेत्।
सिंहव्याघ्रनरांश्चैव न दद्याद् ब्राह्मणोत्तमः।।२६९।।

बलिदाने विशेषमाह—न राजेति। सामान्यतो बलिदाने विहितेष्वपि पशुषु राजा मेषमहिषबलिं तथा ब्राह्मणोत्तमः सिंहादिबलिं न विदधीतेत्यर्थः।

यद्यपि त्रिपुरा-अर्चनविधान में बलिदान ग्राह्य और प्रशस्त है; लेकिन राजा को मेष और महिष का तथा ब्राह्मण साधक को सिंह-व्याघ्र और नरबलि नहीं देनी चाहिए।।२६९।।

[व्यजनाद्युपचारैर्देव्याः परितोषविधानम्]

व्यजनैः शुद्धसिन्दूरैर्घण्टाचामरदर्पणैः।
वितानच्छत्रताम्बूलैः कस्तूरीकुङ्कुमादिभिः।।२७०।।
रोचनागुरुकर्पूरैस्तथा लाक्षारसेन च।
नृत्यैर्गीतैश्च वाद्यैश्च तोषयेत् परमेश्वरीम्।।२७१।।

ताम्बूल समर्पित करने के बाद (हवन और बलिदान के पूर्व) परमेश्वरी को छत्र-चामर-व्यजन (पंखा), घण्टा, दर्पण (गज, तुरग-रथ) आदि राजसी-उपकरण तथा उनके प्रिय सिन्दूर, कुंकुम, गोरोचन, अगरु-कपूर-लाक्षारस आदि प्रदान करके उन्हें नृत्य और गीत से प्रसन्न करें।।२७०-२७१।।

[तर्पणम्]

दत्त्वा नानाविधं द्रव्यं हेतुभिस्तर्पयेत् पराम्।

दत्त्वेति। हेतुभिः कारणैः। तत्रापि विशेषमाह गन्धर्वतन्त्रे पञ्चदशपटले—

निर्विकल्पस्य देवेशि सुरैव विहितागमे।
अमृतञ्च तदेव स्यान्मद्यापि तदेव हि।।
नाऽऽमद्यपि द्विजो मद्यं दद्याद् देव्यै कदाचन।
मोहाद् यदि ददेन्मद्यं ब्राह्मण्यादेव हीयते।।
ब्रह्मघाती स एव स्यात् तस्मान्मद्यं विवर्जयेत्।
... ...
निर्विकल्पो यदा मद्यं महादेव्यै निवेदयेत्।
अश्वमेधसहस्रस्य ... ...
सविकल्पो यदा देवि पापभाङ् नात्र संशयः।। इति।

विविध-उपचार और द्रव्य प्रदान करने के बाद बुद्धिमान् साधक हेतुद्रव्य (अर्थात् श्रीपात्र के कारणद्रव्य) से भगवती का तर्पण करें।

[परिवारदेवताचोंपदेश:]

गृहीत्वाज्ञां महादेव्याः परिवारांस्ततोऽर्चयेत्।।२७२।।

अथ परिवारार्चनमवतारयति—गृहीत्वेति। आज्ञाप्रार्थनक्रममाह त्रिपुरार्चनरहस्ये आदौ मूलम्, ततः—

संविन्मये परे देवि परामृतरसप्रिये।
अनुज्ञां त्रिपुरे देहि परिवारार्चनाय मे।। इति।

गन्धर्वतन्त्रे षोडशपटले—

रश्मिवृन्दानि ते देवि पूजयामि विधानतः।
आज्ञापय जगन्मातर्यतस्तमेव तानिव (?)।।
कृताञ्जलिर्महेशानि देव्याज्ञां साधकोत्तमः।
गृहीत्वा पूजयेत्तुष्टः प्रागुक्तक्रमयोगतः।। इति।

तत्पश्चात् भगवती से आज्ञा लेकर उनके परिवारदेवताओं का अर्चन करें।।२७२।।

एतदर्थ आज्ञा लेने का मन्त्र है—

ॐ।। सन्विन्मये परे देवि परामृतरसप्रिये।
अनुज्ञां त्रिपुरे देहि, परिवारार्चनाय मे।।

[तत्र षण्णामङ्गदेवतानां पूजा]

यथा सर्वज्ञता तृप्तिरनादिबोधसंज्ञिका।
स्वतन्त्रता नित्यतृप्ताऽन्या तथाऽनन्तक्रमादिमाः।।२७३।।
षडङ्गदेवताः पूज्यास्तत्तन्मन्त्रं समुच्चरन्।

[तासां ध्यानम्]

तुषारस्फटिकश्यामनीलकृष्णारुणार्चिषः ।।२७४।।
वरदाभयधारिण्यः प्रधानतनवः स्त्रियः।

[पूजास्थानम्]

अग्नीशासुरवायव्ये मध्ये दिक्षु यथाक्रमात्।।२७५।।

तत्राऽऽदौ षडङ्गदेवतार्चाक्रममभिधत्ते—**यथेत्यादिना**। तथाच सर्वज्ञताशक्ति-श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीहृदयाय नमः, तृप्तिशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरीशिरसे स्वाहेत्यादिक्रमेण षडङ्गदेवताः पूजयेदित्यापतति। तन्त्रसारकृता तु सर्वज्ञतेत्यत्र सर्वज्ञा शक्तिरिति बालाबीजस्य द्विरावृत्त्या ऐँ क्लीं सौरित्याद्येकैकबीजपूर्वकत्वञ्चोक्तम्।

एतासामङ्गदेवतानां क्रमेण स्वरूपमाह—**तुषारेति**। सर्वज्ञताशक्तिस्तुषारवर्णा, तृप्तिशक्ति: स्फटिकवर्णा, अनादिबोधशक्ति: श्यामवर्णा, स्वतन्त्रा शक्तिर्नीलवर्णा, नित्यतृप्तिशक्ति: कृष्णवर्णा, अनन्तशक्तिररुणवर्णेत्युक्तं भवति। वरदेत्यादि साधारणम्। क्रमेणैतासां स्थानमाह—**अग्नीति**। अग्न्यादिक्रमेणैता: पूजयेदित्यर्थ:।

(१) सर्वज्ञता, (२) तृप्ति, (३) अनादिबोध, (४) स्वतन्त्रा, (५) नित्यतृप्तता और (६) अनन्ता—भगवती महात्रिपुर सुन्दरी के ये ६ शक्तिरूप है। इनका वर्ण क्रमश: (१) तुषार (वर्फ), (२) स्फटिक, (३) श्याम, (४) नीला, (५) कृष्ण और (६) अरुण है। उनके इन छ: शक्तिरूपों का उनके हृदय आदि षडङ्ग के रूप में क्रमश: (१) आग्नेय, (२) ईशान, (३) नैर्ऋत्य, (४) वायव्य, (५) मध्य अर्थात् पूर्व तथा (६) चारो दिशाओं में पूजन करें॥२७३-२७५॥

विमर्श—उपर्युक्त श्लोक में द्वितीय और पञ्चम क्रम में बताये गये 'समानार्थी' हैं। अत: यहाँ 'पुनरुक्ति' दोष प्रतीत होता है। तन्त्रसार तथा अन्य ग्रन्थों में द्वितीय शक्ति का नाम 'नित्यतृप्त' और पञ्चम-शक्ति का नाम 'अलुप्त' बताया गया है। अत: शक्तिनामों का शुद्ध क्रम है—(१) सर्वज्ञता, (२) नित्यतृप्तता, (३) अनादिबोधिता, (४) स्वतन्त्रता, (५) अलुप्तता और (६) अनन्ता।

भगवती के इन छ: रूपभेदों के कारण ही शिव (१) सर्वकर्ता, (२) सर्वज्ञ, (३) नित्यतृप्त, (४) सर्वदा नित्य, (५) सर्व व्यापक हैं। माया-शक्ति के कारण जब उक्त पाँचों शक्तियों का संकुचन होता है तब इसके फलस्वरूप क्रमश:—(१) कला, (२) विद्या, (३) राग, (४) काल और (५) नियति-संज्ञक पाँच कंचुकों का आविर्भाव होता है। इन कञ्चुकों से पाशबद्ध होकर शिव आत्मस्वरूप भूलकर पुरुष बन जाता है; जैसा कि प्रत्यभिज्ञाहृदय में कहा गया है—

सर्वकर्तृत्व, सर्वज्ञत्व, पूर्णत्व, नित्यत्व, व्यापकत्व, शक्तय: संकोचं गृह्यमाना यथाक्रमं कला, विद्या, राग, काल, नियति, रूपतया भान्ति।

भगवती के इन छ: शक्तिभेदों को उनके शरीर में हृदय आदि षडंग के रूप में न्यस्त करके आग्नेय आदि कोणों में षडङ्ग-मन्त्रों से उनका पूजन किया जाता है। यथा—

१. ऐं सर्वज्ञताशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी हृदयाय नम:—अग्निकोण में।

२. क्लीं नित्यतृप्तताशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शिरसे स्वाहा—ईशाने।

३. सौ: अनादिबोधिताशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शिखायै वषट्—नैर्ऋत्ये।

४. ऐं स्वतन्त्रताशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी कवचाय हुम्—वायव्ये।

५. क्लीं अलुप्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी नेत्रत्रयाय वौषट्—पूर्व।

६. सौ: अनन्तशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी अस्त्राय फट्—चारो दिशाओं में।

[पुनस्तर्पणं पुष्पाञ्जलिदानञ्च]

तर्पणञ्च पुनः कृत्वा मूलमुच्चार्य सर्वतः।।२७६।।
शिरोवक्षःपदद्वन्द्वकरद्वन्द्वेषु च क्रमात्।
सर्वाङ्गेषु पुनः कुर्यात् पञ्चपञ्चाञ्जलीन् हृदा।।२७७।।

पञ्चपुष्पाञ्जलिदानमाह—मूलेत्यादिना। तथाच आदौ मूलं ततः शिरआदि-सर्वाङ्गान्तेषु पुष्पाञ्जलिपञ्चकमर्पयेदित्यर्थः।

मूल मन्त्र से तर्पण करके 'नमः' का उच्चारण करते हुए देवी के शिर, वक्ष, दोनों पैर, दोनों हाथ तथा सम्पूर्ण शरीर को एक-एक कर पाँच पुष्पाञ्जलि दें॥२७६-२७७॥

[परिवारपूजायामादौ बीजयोजनक्रमः]

सर्वावरणानामादौ मायां लक्ष्मीं नियोजयेत्।
वाङ्मायां कमलां वाऽपि त्रिभिः सम्पुटितञ्च वा।।२७८।।

अथाऽऽवरणपूजायामादौ बीजयोजने प्रस्थानत्रयमाह—मायामित्यादिना। तथाच मायां लक्ष्मीं ह्रीं श्रीमिति मायाबीजं श्रीबीजञ्च नियोजयेदिति द्वितारीप्रयोगक्रमः। वाङ्मायां कमलामिति ऐँ ह्रीँ श्रीमिति बीजत्रयं योजयेदिति त्रितारीप्रयोगक्रमः। त्रिभिः सम्पुटितं वेति तृतीयः कल्पः। त्रिभिः वाङ्मायाकलाबीजैः सम्पुटितम्। सम्पुट-लक्षणमाह तन्त्रसारे—

मन्त्रमादौ वदेत् सर्वं साध्यसंज्ञामनन्तरम्।
विपरीतं पुनश्चान्ते बीजं तत् सम्पुटं स्मृतम्।।

एवञ्चात्र कल्पे प्रथमं ऐँ ह्रीं श्रीं ततः पूज्यदेवतानाम ततः श्रीं ह्रीं ऐँ इति विपरीतमुच्चारयेदिति फलितम्। तन्त्रसारकृताऽपि सर्वत्राऽऽदौ द्वितार्या त्रितार्या वा प्रयोग इत्युक्तम्। ज्ञानार्णवेऽपि—

मायालक्ष्मीमयं बीजयुग्मं पूर्वक्रमेण हि।
कथितं योजयेद्देवि त्रयं वा परमेश्वरि।। इति।

कल्पसूत्रेऽपि सर्वत्राऽऽदौ त्रितारीप्रयोग इति तन्त्रसारकारः। त्रितारी च—

वाङ् माया कमला चेति त्रितारी समुदाहृता। इति।

आवरण-पूजन के समय आवरण देवता के नाम के पूर्व 'ह्रीं श्रीं' अथवा 'ऐं ह्रीं श्रीं' की योजना करनी चाहिये। देवता के नाम के साथ अनुलोम-विलोमक्रम से भी त्रितार (ऐं ह्रीं श्रीं) की योजना की जा सकती है। यथा—ऐं ह्रीं श्रीं + देवता का नाम + श्रीं ह्रीं ऐं॥२७८॥

[पादुकामन्त्रः]

पादुकां पूजयामीति श्रीपूर्वं पादुकामनुः।
नमोऽन्ते योजयित्वा तु नमोऽन्तं सर्वमर्चयेत्।।२७९।।

अथ सर्वत्र परिवारार्चने प्रयोज्यं पादुकामन्त्रमाह—**पादुकामिति**। तथाच ऐँ ह्रीं श्रीं श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीश्रीपादुकां पूजयामि नम इत्येवं क्रमेण सर्वमर्चयेदित्यर्थः।

आवरण-पूजन के समय देवता के नाम के आगे 'श्री'-पूर्वक पादुकां पूजयामि और 'नमः' की योजना करनी चाहिये। यथा—'ऐं ह्रीं श्रीं अणिमासिद्धिश्रीपादुकां पूजयामि नमः' इत्यादि॥२७९॥

[न्यासेऽपि पादुकामनोः प्रयोज्यत्वम्]

न्यासेऽपि योजयेन्मन्त्री पादुका सर्वसिद्धदा।
रहस्यं परमं प्रोक्तमिति यामलसम्मतम्॥२८०॥

न्यासेऽपीति। न्यासकालेऽपि निरुक्तपादुकामन्त्रं प्रयुञ्जीतेत्यर्थः। तत्र पादुकायै नम इति विशेषः। अस्मिन्नर्थे प्रमाणभूतमागममुदाहरति—**रहस्यमिति**।

यामल में कहा गया है कि न्यास करते समय भी पादुका-मन्त्र की योजना की जाय। इससे सिद्धि मिलती है॥२८०॥

[तर्पणसंख्या]

तर्पणञ्च त्रिधा कार्यं सकृद्वाऽपि निजेच्छया।

परिवारदेवतानां तर्पणसंख्यामाह—**तर्पणञ्चेति**। स्पष्टम्। प्रकृते तु तर्पयामीत्यन्तेन तर्पणं कुर्यादिति बोध्यम्।

तर्पण या तो तीन बार किया जाय या एक बार किया जाय। यह साधक की इच्छा पर निर्भर है।

[होमादौ वाक्यभेदाः]

स्वाहा होमे तर्पणे च तर्पयामीति संस्मरेत्॥२८१॥

होमकर्म में 'स्वाहा' और तर्पण कर्म में 'तर्पयामि' की योजना देवता के चतुर्थ्यन्त और द्वितीयान्त नाम के आगे की जाय। यथा—श्रीबालात्रिपुरायै स्वाहा। श्रीबालात्रिपुरां तर्पयामि नमः॥२८१॥

[षोडशतिथिनित्यार्चायां स्वरविन्यासः]

मध्यत्रिकोणरेखासु स्वाग्रे दक्षोत्तरक्रमैः।
पञ्च पञ्च क्रमेणापि स्वरान् विभागतो लिखेत्।
अःस्वरञ्च लिखेन्मध्ये तिथिनित्यास्तथाऽर्चयेत्॥२८२॥

[कामेश्वर्यादिपूजनोपदेशः]

कामेश्वर्यादिकाः सर्वा ध्यात्वा तत्तन्मनुं चरेत्।
प्रतिपदादिपूर्णान्तं वामावर्त्तक्रमेण तु॥२८३॥

अथ कामेश्वर्यादिषोडशतिथिनित्यार्चनमभिधास्यन् प्रथमं श्रीचक्रमध्यत्रिकोणे अकारादिविसर्गान्तषोडशस्वरविन्यासमाह—**मध्येत्यादिना**। स्वाग्रे दक्षोत्तरक्रमैः

दक्षादिक्रमेण पञ्चशः स्वरान् अनुस्वारान्तान् रेखात्रये त्रिकोणमध्ये च विसर्गं लिखेदिति फलितार्थः। तत्र कामेश्वर्यादिका वक्ष्यमाणास्तिथिनित्या वक्ष्यमाणक्रमेण ध्यात्वा तत्तद्देवतामन्त्रेणार्चयेदित्यर्थः। तत्र क्रममाह—**प्रतिपदादीति।**

तिथिनित्या-पूजन—कामेश्वरी आदि तिथिनित्याओं का पूजन 'श्रीयन्त्र' के मूल त्रिकोण की तीन रेखाओं पर पाँच-पाँच के क्रम से किया जाता है। इसके लिये अपने सामने वाले त्रिकोण से प्रारम्भ करके त्रिकोण की वामरेखा पर 'अ-आ-इ-ई-उ'—ये पाँच स्वर लिखें। त्रिकोण की ऊपर वाली रेखा पर 'ऊ-ऋ-ॠ-ऌ-ॡ' ये पाँच स्वर तथा त्रिकोण की दाहिनी रेखा पर 'ए ऐ ओ औ अं' ये पाँच स्वर लिखें। त्रिकोण के मध्य में १६वां स्वर 'अः' लिखें। इस परिकल्पित 'अः' बिन्दु पर महानित्या महात्रिपुरसुन्दरी की तथा 'अ'कारादि परिकल्पित बिन्दुओं पर शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से प्रारम्भ कर पूर्णिमा-पर्यन्त कामेश्वरी आदि एक नित्या देवी का तथा कृष्णपक्ष में विचित्रा से प्रारम्भ कर कामेश्वरी-पर्यन्त एक-एक नित्या देवी का ध्यान करके उनके मन्त्रों से पूजन करें।।२८२-२८३।।



अगले ९ श्लोकों में कामेश्वरी आदि नित्या देवियों का संक्षिप्त ध्यान बताया गया है। 'तन्त्रराजतन्त्र' में इन नित्या देवियों के व्यापक ध्यान तथा आवरण-पूजन सहित विभिन्न प्रयोजनों के लिये उनके पूजन-विधान का विस्तार से निरूपण किया गया है। ग्रन्थगौरव के भय से 'तन्त्रराजतन्त्र' में बताये गये ध्यान तथा व्यापक पूजन-विधान को यहाँ उद्धृत नहीं किया गया है, तथापि त्वरित सन्दर्भ-हेतु नित्या देवियों के पन्द्रहवें प्रकाश में बताये गये मन्त्र यहाँ प्रस्तुत हैं।

[कामेश्वर्या ध्यानम् (१)]

कामेश्वरीं रक्तवर्णां रक्तवस्त्रविभूषिताम्।
पाशाङ्कुशशरांश्चापं धारयन्तीं विचिन्तयेत्।।२८४।।

अथ क्रमेण कामेश्वर्यादीनां विचित्रान्तानां प्रतिपदादिपञ्चदश्यन्तेषु पञ्चदशतिथिषु क्रमेणार्चनीयानां पञ्चदशतिथिनित्यानां साधारण्येन पञ्चदशतिथिषु समर्चनीयायाः श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्याश्च ध्यानान्याह—**कामेश्वरीमित्यादिना साधकोत्तम इत्यन्तेन।** स्पष्टम्।

(१) **कामेश्वरी नित्या**—देवी कामेश्वरी नित्या का वर्ण (रंग) लाल है। उनके वस्त्र और आभूषण भी लाल हैं। वे चतुर्भुजा हैं। चारो हाथों में क्रमशः पाश-अंकुश, बाण और धनुष हैं।।२८४।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ल प्रतिपदा, कृष्णा अमावस्या।

मन्त्र—'अं' ऐं क्लीं सौ: ॐ नम: कामेश्वरी इच्छा कामफलप्रदे सर्वसत्त्ववशंकरि सर्वजगत् क्षोभणकरि हुं हुं हुं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: सौ: क्लीं ऐं।

उक्त मन्त्र के ऋषि दक्षिणामूर्ति। छन्द—पंक्ति। देवता—श्री कामेश्वरी नित्या। बीज—ऐं। शक्ति:—सौ:। कीलक—क्लीं।

[भगमालाया: (२)]

भगमालां शुक्लवर्णां भगमालाविभूषिताम्।
पाशाङ्कुश(ञ्च) सूत्रञ्च पुस्तकं बिभ्रतीं करै:।।२८५।।

(२) **भगमालिनी नित्या**—देवी भगमालिनी नित्या शुक्लवर्णा हैं। भगाकार माला से विभूषिता हैं। चारो हाथों में क्रमश: पाश-अंकुश-सूत्र और पुस्तक हैं।।२८५।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला द्वितीया, कृष्णा चतुर्दशी।

मन्त्र—'आं' ऐं भगभुगे भगिनि भगोदरि भगाङ्गे भगमाले भगावहे भगगुह्ये भगयोने भगनिपातिनि सर्वभगवशंकरि भगरूपे नित्यक्लिन्ने भगस्वरूपे सर्वभगानि मे आनय वरदे रेते सुरेते भगक्लिन्ने क्लिन्नद्रवे क्लेदय द्रावय सर्वसत्त्वान् भगेश्वरि अमोघे भगविच्चे क्षुभ क्षोभय सर्वसत्त्वान् भगेश्वरि ऐं ब्लूं जं भे ब्लूं भो ब्लूं हें ब्लूं क्लिन्ने सर्वभगानि मे वशमानय स्त्रीं हरब्लें ह्रीं।

इस मन्त्र के ऋषि—सुभग। छन्द—गायत्री। देवता—भगमालिनी। बीज—हरब्लें। शक्ति—स्त्रीं। कीलक—'ब्लूं'।

[नित्यक्लिन्नाया: (३)]

नित्यक्लिन्नां शुक्लवर्णां वराभयकराम्बुजाम् ।।२८६।।

(३) **नित्यक्लिन्ना**—भगवती नित्यक्लिन्ना शुक्ल वर्णा हैं और उनके दोनों हाथों में क्रमश: वर और अभय मुद्रायें हैं।।२८६।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्लपक्ष की तृतीया और कृष्णपक्ष की त्रयोदशी।

मन्त्र—इं ह्रीं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा।

इस मन्त्र के ऋषि—ब्रह्मा। छन्द—विराट्। देवता—नित्यक्लिन्ना। बीज—ह्रीं। शक्ति—स्वाहा।

[भेरुण्डाया: (४)]

भेरुण्डां रक्तवर्णाञ्च रक्ताभरणभूषिताम्।
मुण्डवेदधरां देवीं द्विभुजां परिचिन्तयेत्।।२८७।।

(४) **भेरुण्डा**—देवी भेरुण्डा का वर्ण लाल है। वस्त्र और आभूषण लाल हैं। वे द्विभुजा हैं। एक हाथ में नर-मुण्ड और दूसरे हाथ में वेद (पुस्तक) है।।२८७।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला चतुर्थी एवं कृष्णा द्वादशी।

मन्त्र—ईं ॐ क्रों भ्रों क्रों च्रौं छ्रौं ज्रौं स्वाहा।

इस मन्त्र के ऋषि—महाविष्णु। छन्द—गायत्री। देवता—महाशक्ति। बीज—भ्रों। शक्ति—स्वाहा। कीलक—क्रों।

[वह्निवासिन्याः (५)]

पिङ्गलाभां तथा हस्तां भावयेद् वह्निवासिनीम्।

(५) **वह्निवासिनी**—देवी वह्निवासिनी का वर्ण पिंगल है। 'तथा हस्तां' अर्थात् वे भी भेरुण्डा के समान द्विभुजा हैं। एक हाथ में नर-मुण्ड तथा दूसरे में वेद (पुस्तक) है।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला पञ्चमी और कृष्णा एकादशी।

मन्त्र—उं ह्रीं वह्निवासिन्यै नमः।

इस मन्त्र के ऋषि—वशिष्ठ। छन्द—गायत्री। बीज—ह्रीं। शक्ति—नमः। कीलक—वह्निवासिन्यै। देवता—वह्निवासिनी।

[महानित्येश्वर्याः (६)]

महानित्येश्वरीं खड्गचर्माक्षस्त्रग्धरां वराम्।।२८८।।

महानित्येश्वरीमिति। वज्रेश्वरीति ज्ञानार्णवे महावज्रेश्वरीति च तन्त्रराजे पाठः। अथ महानित्येश्वरीध्यानानन्तरम् एवं सुकृष्णां त्वरितामिति त्वरिताया ध्यानमुक्तम्। परन्तु—

प्रथमा सुन्दरी नित्या महात्रिपुरसुन्दरी।
कामेश्वरी समाख्याता तथैव भगमालिनी।।
नित्यक्लिन्ना च भेरुण्डा तथैव वह्निवासिनी।
वज्रेश्वरी च दूती च त्वरिता कुलसुन्दरी।।
नित्या नीलपताका च विजया सर्वमङ्गला।
ज्वालामालाविचित्रान्ताः पञ्चदश प्रकीर्त्तिताः।।

इति तन्त्रसारधृतकुलार्णववचने त्वरितायाः पूर्वं शिवदूत्या निरूपणं दृश्यते। एवमेव तन्त्रराजतन्त्रेऽपि। त्रिपुरार्चनरहस्येऽप्येवमेव। मूलेऽपि पञ्चदशप्रकाशे षोडश-नित्यान्यासावसरे 'सप्तम्यां विन्यसेदेनां शिवदूतीं स्वयं हृदि' इत्यनेन शिवदूतीन्यासमभिधाय 'अष्टम्यां विन्यसेत् कण्ठे त्वरितां द्वादशाक्षरीमि'त्यनेन शिवदूत्यनन्तरं त्वरिताया निर्देशः कृतः। एतेन गणनया नित्यानां षोडशत्वमप्युपपद्यते, शिवदूत्या अग्रहणे तु न्यूनतैव स्यात् । तद् यदत्र मूले षोडशनित्यापूजाप्रकरणे शिवदूत्या ध्यानं न दृश्यते, तल्लेखकप्रमादकृतमिति प्रतिभाति।

(६) **महानित्येश्वरी**—भगवती महानित्येश्वरी (वज्रेश्वरी) चतुर्भुजा हैं। उनके चारो हाथों में क्रमशः खड्ग, वर्म (कवच), अक्षमाला तथा वरमुद्रा है।।२८८।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला षष्ठी, कृष्णा दशमी।

मन्त्र—ऊं ॐ ह्रीं फ्रें सः नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा।

इस मन्त्र के ऋषि—ब्रह्मा। छन्द—गायत्री। देवता—महानित्येश्वरी। बीज—ॐ। शक्ति—स्वाहा। कीलक—ह्रीं।

ज्ञानार्णवतन्त्र (१५/९९) में षष्ठी नित्या का नाम महाविद्येश्वरी तथा तन्त्रराजतन्त्र एवं तन्त्रसार में वज्रेश्वरी बताया गया है। प्रस्तुत ग्रन्थ के पन्द्रहवें प्रकाश में न्यासप्रकरण में षष्ठी नित्या का नाम महानित्येश्वरी बताया गया है।

[शिवदूती (७)]

× × × × × ।

(७) **शिवदूती**—प्रस्तुत ग्रन्थ में यहाँ पर न तो सप्तमी नित्या का नाम बताया गया है और न ही ध्यान का निरूपण किया गया है। प्रस्तुत ग्रन्थ के पन्द्रहवें प्रकाश में न्यास-प्रकरण में सप्तमी नित्या का नाम 'शिवदूती' ही बताया गया है। तन्त्रान्तर में उनका ध्यान इस प्रकार बताया गया है—

दूर्वानिभां त्रिनेत्रां च महासिंहसमासनाम्
शंखारिबाणचापांश्च सृणि-पाशौ वराभये।
दधतीं चिन्तयेन्नित्यां शिवदूतीं महाकलाम्।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला सप्तमी और कृष्णा नवमी।

मन्त्र—ऋं ह्रीं शिवदूत्यै नमः।।

इस मन्त्र के ऋषि—रुद्र। छन्द—गायत्री। देवता—शिवा। बीज—ह्रीं। शक्ति—नमः। कीलक—शिवदूत्यै।

[त्वरिता-कुलसुन्दर्योः (८, ९)]

एवं सुकृष्णां त्वरितां गौराङ्गीं कुलसुन्दरीम्।

(८) **त्वरिता**—भगवती त्वरिता कृष्णवर्ण की हैं।

विमर्श—प्रस्तुत ग्रन्थ में भगवती त्वरिता का केवल वर्ण बताया गया है—जो कि ध्यान करने के लिये पर्याप्त नहीं है। अतः श्रीविद्यार्णव में बताया गया ध्यान प्रस्तुत है—

श्यामाङ्गीं रक्तसत्पाणिं चरणाम्बुजशोभिताम्।
वृषलाहिसुमञ्जीरां फटारत्नविभूषितम्।।
स्वर्णांशुकां स्वर्णभूषां वैश्याहिद्वन्द्वमेखलाम्।
तनुमध्यां पीनवृत्तकुचयुग्मां वराभये।।

दधतीं शिखिपिच्छानां वलयाङ्गदशोभिताम्।
गुञ्जारुणनृपाहीन्द्रकेयूरां रक्तभूषणाम्।।
द्विजनागस्फुरत् कर्णभूषां मत्तारुणेक्षणाम्।
नीलकुञ्चितधम्मिल्लवनपुष्पकलापनीम् ।।
कैरातीं शिखिपत्राढ्यनिकेतनविराजिताम्।
स्फुरत् सिंहासनप्रौढ़ां स्मरेत् भयविनाशिनीम्।।

पूजन-तिथियाँ—दोनों पक्ष की अष्टमी।

मन्त्र—ॠं ॐ ह्रीं खे च ब्ल क्ष: स्त्रीं हुं क्षे ह्रीं फट्। इस मन्त्र के ऋषि—ईश (ईश्वर)। छन्द—विराट्। देवता—पार्वती। बीज—ह्रीं। शक्ति—स्त्रीं। कीलक—हुं हैं।

(९) **कुलसुन्दरी**—'गौरांगी कुलसुन्दरी'—कुलसुन्दरी गौरवर्णा हैं। चूँकि त्वरिता के समान इनका भी ध्यान नहीं बताया गया है; अत: श्रीविद्यार्णव में बताया गया ध्यान प्रस्तुत है—

ध्यायेद् देवीं महेशानीं कदम्बवनमध्यगाम्।
रत्नमण्डपमध्ये तु महाकल्पवनान्तरे।।
मुक्तापत्रच्छायायां रत्नसिंहासने स्थिताम्।
अनर्घरत्नघटितमुकुटां रत्नकुण्डलाम्।।
शरग्रैवेयसद्रत्नचित्रितां कंकणोज्वलाम्।
हीरमुक्तालसद् भूषां शुक्लक्षौमविराजिताम्।।
हीरमञ्जीरसुभगां रक्तोत्पलमदाम्बुजाम्।
शुभ्राङ्गरागसुभगां कर्पूरशकलोज्ज्वलाम्।।
पुस्तकञ्चाभयं वामे दक्षिणे चाक्षमालिकाम्।
वरदानरतां दिव्यां महासारस्वतप्रदाम्।।
एवं ध्यायेन्महानित्यां देवेशीं कुलसुन्दरीम्।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ल नवमी, कृष्णा सप्तमी।

पूजन मन्त्र—ऌं ऐं क्लीं सौ:। इस मन्त्र के ऋषि आदि बाला त्रिपुरा के समान हैं।

[नित्याया: (१०)]

अष्टसिद्धिधरां देवीमष्टकोणान्तरस्थिताम्।।२८९।।

(१०) **नित्या नित्या कला**—भगवती नित्या अष्ट सिद्धियों को धारण करने वाली तथा श्रीचक्र के अष्ट कोणों में व्याप्त हैं।।२८९।।

श्रीविद्यार्णव में बताया गया ध्यान है—

तप्तकाञ्चनसंकाशां सर्वालंकारभूषिताम्।
वराभयकरां नित्यां विमलां प्रणमाम्यहम्।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला दशमी और कृष्णा षष्ठी।

पूजनमन्त्र—ल्टृं द्रां-द्रीं क्लीं ब्लूं सः।

[नीलपताकायाः (११)]

नित्यां नीलपताकाञ्च पाशाङ्कुशधरां स्मरेत्।

(११) **नीलपताकिनी**—भगवती नीलपताकिनी पाश-अंकुशधारिणी हैं। श्रीविद्यार्णवोक्त ध्यान है—

रक्तां रक्तांशुकप्रौढां नानारत्नविभूषिताम्।
इन्द्रनीलस्फुरन्नीलपताकां कमले स्थिताम्।।
काम-ग्रैवेयसंलग्न सृणी च वरदाभये।
दधतीं परमेशानीं त्रैलोक्याकर्षणक्षमाम्।।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला एकादशी तथा कृष्णा पञ्चमी।

पूजन-मन्त्र—एं ॐ ह्रीं फ्रें स्रूं स्रूं ह्रीं क्रों नित्यमदद्रवै हुं क्रों।

[विजयायाः (१२)]

विजयां चण्डरूपाञ्च तथास्त्रां योगिनीवृताम्।।२९०।।

(१२) **विजया**—भगवती विजया अत्यन्त चण्डरूपा हैं और वे चारो ओर से योगिनियों से घिरी हुई हैं। श्रीविद्यार्णवोक्त ध्यान है—

एकवक्त्रां दशभुजां सर्पयज्ञोपवीतिनीम्।
दंष्ट्राकरालवदनां नरमालाविभूषिताम्।।
अस्थिचर्मावशेषां तां वह्निकूटसमप्रभाम्।
व्याघ्राम्बरां महाप्रौढशवासनविराजिताम्।।
रणे स्मरणमात्रेण भक्तेभ्यो विजयप्रदाम्।
शूलं सर्पं च टङ्कासि-सृणी घण्टाशनिद्वयम्।।
पाशमग्निमभीतिञ्च दधानां विजयां स्मरेत्।

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला द्वादशी और कृष्णा चतुर्थी।

पूजन मन्त्र—ऐं भ्मरौं।

[सर्वमङ्गलायाः (१३)]

पद्मद्वयकरां रक्तां ध्यायेद् वै सर्वमङ्गलाम्।

(१३) **सर्वमङ्गला**—भगवती सर्वमङ्गला का वर्ण लाल है तथा उनके दोनों हाथों में कमल है।

श्रीविद्यार्णवोक्त ध्यान है—

शुभ्रपद्मासने रम्यां चन्द्रकुन्दसमद्युतिम्।
सुप्रसन्नां शशिमुखीं नानारत्नविभूषिताम्॥
अनन्तमुक्ताभरणां स्रवन्तममृतद्रवाम्।
वरदाभयशोभाढ्यां स्मरेत् सौभाग्यवर्धिनीम्॥

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला त्रयोदशी तथा कृष्णा तृतीया।

पूजन मन्त्र—ओं स्वों सर्वमङ्गलायै नमः।

[ज्वालांशुमालिन्याः (१४)]

ज्वालांशुमालिनीं धूम्रां त्रिनेत्रां श्वेतरूपिणीम्॥२९१॥

(१४) **ज्वालामालिनी**—भगवती ज्वालामालिनी त्रिनेत्रा हैं और उनका वर्ण धुयें के समान श्वेत है॥२९१॥

श्रीविद्यार्णव में बताया गया ध्यान है—

उद्यद् विद्युल्लताकान्ति स्वर्णाभरणभूषिताम्।
महासिंहासनप्रौढां ज्वालामालाकरालिनीम्॥
अरिशंखौ खड्गखेटे, त्रिशूलं डमरूं तथा।
पानपात्रं च वरदं दधतीं संस्मरेत् यजेत्॥

पूजन-तिथियाँ—शुक्ला चतुर्दशी और कृष्णा द्वितीया।

पूजन मन्त्र—औं ॐ नमो भगवति ज्वालामालिनि देवि देवि सर्वभूतसंहारिके जातवेदसि ज्वलन्ति ज्वलन्ति ज्वल प्रज्वल प्रज्वल हुं हुं हुं रं रं रं हुं फट् स्वाहा।

[विचित्रायाः (१५)]

विचित्रां श्वेतरूपाञ्च श्वेतपद्मधरां शुभाम्।
चित्रहस्तां महादेवीं सर्वाभरणभूषिताम्॥२९२॥

(१५) **विचित्रा**—भगवती विचित्रा का वर्ण श्वेत है। वे सभी आभूषणों से विभूषिता हैं। वे चित्रहस्ता हैं। कल्याणकारिणी भगवती विचित्रा के हाथों में श्वेत कमल है॥२९२॥

श्रीविद्यार्णव में बताया गया उनका ध्यान है—

शुभ्राङ्गी ज्ञानदा नित्यं विचित्रवसना सदा।
विचित्रतिलका नित्यं, विचित्रकुसुमोज्ज्वलाम्॥

पूजन-तिथियाँ—पूर्णिमा और कृष्णा प्रतिपदा।

पूजन मन्त्र—अं च्क्रौं विचित्रा नित्याकलायै नमः।

[श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्याः (१६)]

ततः श्रीसुन्दरीं ध्यात्वा पूजयेत् साधकोत्तमः।

[प्रतिपदादिष्वेकैकनित्यार्चायाः फलम्]

एकैकां पूजयेद् यो हि स सौभाग्यफलं लभेत्।।२९३।।

[सुन्दर्याः सर्वासु तिथिषु पूज्यत्वम्]

अःस्वरे षोडशीं नित्यां त्रिपञ्चतिथिगामिनीम्।

[पक्षभेदेनार्चायां क्रमभेदः]

कृष्णपक्षे विचित्राद्याः कामेश्वर्यन्तिका यजेत्।।२९४।।

एवं कामेश्वर्यादीनां विचित्रान्तानां पञ्चदशनित्यानां ध्यानान्यभिधाय षोडश्याः श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्या ध्यानमुपदिशति—**तत इत्यादिना**। ध्यानन्तु पूर्वमेव दर्शितम्। एकैकां निरुक्तासु नित्यास्वित्यर्थः।

षोडश्याः सुन्दर्याः पूजास्थानमाह—**अःस्वर इति**। अःस्वरे 'अःस्वरञ्च लिखेन्मध्ये' इति प्रागुक्त्या मध्यत्रिकोणमध्यलिखिते 'अः' इति षोडशस्वरे इत्यर्थः। षोडशीं विशिनष्टि—**त्रिपञ्चेति**। एवञ्च प्रतिपदादिपञ्चदशतिथिषु एकैकां नित्यां पूजयेत् , षोडशीन्तु सर्वास्वेव तिथिषु पूजयेदित्युक्तं भवति। यदेतत् कामेश्वर्यादीनां प्रतिपदादिष्वेकैकं पूजनमुक्तं तच्छुक्लपक्षविषयम्। कृष्णपक्षं विशेषमाह—**कृष्णेत्यादिना**। अत्र प्रतिपदि विचित्रां द्वितीयायां ज्वालांशुमालिनीमित्येवंक्रमेण कामेश्वर्यन्ता नित्याः पूजयेदित्यर्थः। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

प्रतिपत्तिथिमारभ्य पौर्णमास्यन्तमद्रिजे।
एकैकां पूजयेन्नित्यां महासौभाग्यमाप्नुयात्।।
कृष्णपक्षे महेशानि पूजयेत्तिथिमण्डलम्।
विचित्राया वरारोहे यावत् कामेश्वरीं भवेत्।। इति।

तन्त्रसारकृताऽपि 'महात्र्यस्त्रे वामावर्त्तेन आकारादिपञ्च ऊकारादिपञ्च एकारादिपञ्च विभाव्य मध्ये विसर्गं तेषु वामावर्त्तेन शुक्लपक्षे कामेश्वर्यादिविचित्रान्तं कृष्णपक्षे विचित्रादिकामेश्वर्यन्तं पूजयेदिति व्यक्तमुक्तम्। एवमेव त्रिपुरार्चनरहस्येऽपि। **यजेदिति**। निरुक्तक्रमेण ध्यात्वा पञ्चदशप्रकाशीयतिथिनित्यान्यासोक्तरीत्या तत्तन्मन्त्र-मुच्चार्य श्रीपादुकां पूजयामि नम इत्यन्तेन पूजयेदित्यर्थः। तदुक्तं तन्त्रसारधृततन्त्रान्तरे—

श्रीपदं पूर्वमुच्चार्य पादुकापदमुच्चरेत्।
पूजयामि नमः पश्चात् पूजयेदङ्गदेवताः।। इति।

अत्रापि द्वितार्यास्त्रितार्या वा प्रयोगः कर्त्तव्यः साधारण्येनाङ्गदेवतार्चायां विहितत्वात्। तथाच ऐँ ह्रीं (ऐँ ह्रीं श्रीं) अं ऐँ क्लीं सौः ॐ नमः कामेश्वरि

इच्छाकामफलप्रदे सर्वसत्त्ववशङ्करि सर्वजगत्क्षोभकरि हुं हुं हुं हुं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः सौः क्लीं ऐँ कामेश्वरीनित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः इत्यादिरूपः प्रयोगः कर्त्तव्यः। एवं भगमालिन्यादीनामपि मन्त्रा उन्नेयाः। षोडश्याः सुन्दर्याः पूजने तु आदौ द्वितारी त्रितारी वा ततः षोडशस्वरस्ततो मूलं ततः श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी (महा) नित्याकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः इति प्रयोगः।

'ततः' अर्थात् यथानिर्दिष्ट स्वर-बिन्दु पर उस दिन की तिथिनित्या का पूजन करने के बाद मूल मन्त्र के अनुसार भगवती श्रीसुन्दरी का ध्यान करके त्रिकोण के मध्य में परिकल्पित 'अः' बिन्दु पर उनका पूजन करें। इनका पूजन प्रतिदिन किया जाता है।

शुक्ल पक्ष में कामेश्वरी से विचित्रा-पर्यन्त एक-एक नित्या का तथा कृष्ण पक्ष में विचित्रा से कामेश्वरी-पर्यन्त एक-एक नित्या का प्रतिदिन पूजन करें।।२९३-२९४।।

पूजन मन्त्र—तिथिनित्या के मन्त्र के आदि में 'ह्रीं श्रीं' अथवा 'ऐं ह्री श्रीं' तथा उसके बाद यथाक्रम एक स्वर-वर्ण के बाद तिथिनित्या मन्त्र तथा उसके आगे नित्या का नाम एवं उसके आगे 'नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः' की योजना करने से तिथि-नित्या का पूजन मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—

'ह्रीं श्रीं (ऐं ह्रीं श्रीं) च्कौं विचित्रा नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'

[नित्यायां तर्पणद्रव्यम्]

तर्पयेच्च मधुद्रव्यैः परमानन्दचेतसा।

तर्पयेदिति। तिथिनित्या इति शेषः।

गन्ध-पुष्प अक्षत से यथानिर्दिष्ट बिन्दु पर नित्या देवी का पूजन करके मधुर द्रव्य से उनका तर्पण करना चाहिए।

[पूजनम्]

वर्णानुक्रमयोगेण साधयेत्त्रिपुरेश्वरीम्।।२९५।।
स्वशक्त्या पूजनं कुर्यान्मूलविद्याञ्च पूजयेत्।

वर्णानुक्रमयोगेणेति। आदितोऽकारादि-विसर्गान्तषोडशस्वरयोगेणेत्यर्थः। मूलविद्यां त्रिपुरसुन्दरीम्। पूजनक्रमस्तु पूर्वमेव प्रदर्शितः।

तिथिनित्या का पूजन-तर्पण करने के बाद 'मूलविद्या' का पूजन-तर्पण करें। यथा—'ऐं ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं ऌं ॡं एं ऐं ओं औं अं अः मूल मन्त्र श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी महानित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'

[देव्यनुज्ञाग्रहणम्]

देव्याज्ञां मस्तके कृत्वा करोमि बाह्यपूजनम्।।२९६।।

भगवती से उनके परिवारदेवताओं के अर्चन के लिये प्राप्त अनुज्ञा को संकल्पपूर्वक शिरोधार्य करके बाह्य-पूजन के क्रम को आगे बढ़ायें। इस क्रम में सर्वप्रथम गुरुओं का पूजन करें।।२९५-२९६।।

[गुरुपूजनोपदेशः]

त्रिवृत्ते दिव्यसिद्धौघमानवौघान् प्रपूजयेत्।
बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रे तु शिवेनेति प्रकीर्त्तितम्।।२९७।।

अथ गुरुमण्डलपूजामभिधास्यन् प्रथमं गुर्वर्चनस्थानमाह—**त्रिवृत्त इति**। त्रिवृत्ते षोडशारबहिस्त्रिवृत्ते क्रमेण दिव्यौघान् सिद्धौघान् मानवौघांश्च पूजयेत् । इति बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रसिद्धान्तः।

'बृहत् श्रीक्रम तन्त्र' में भगवान् शिव ने कहा है कि षोडशार के बाहर जो तीन वृत्त हैं, उन पर क्रम से दिव्यौघ-सिद्धौघ और मानवौघ गुरुओं का पूजन करें।।२९७।।

[तत्र कल्पान्तरम्]

तिथिनित्यार्चनाद् बाह्ये त्रिरेखास्वथवा सुधीः।
प्रदक्षिणक्रमेणैव त्रिपङ्क्त्या पूजयेद् गुरून्।

तत्र कल्पान्तरमाह—**तिथीत्यादिना**। तिथिनित्यार्चनास्थानं प्रथमं प्रथमत्रिकोणं सर्वसिद्धिप्रदं नाम तद्बाह्यरेखात्रये प्रादक्षिण्येन त्रिपङ्क्त्या रेखात्रयेणेत्यर्थः, क्रमेण दिव्यौघान् सिद्धौघान् मानवौघांश्च गुरून् पूजयेदिति फलितार्थः।

अथवा—तिथिनित्या अर्चनमण्डल अर्थात् मूल त्रिकोण के बाहर तीन रेखाओं पर प्रदक्षिणाक्रम से गुरु-मण्डल का पूजन-तर्पण करें।

[तत्र प्रयोगक्रमः]

आनन्दनाथशब्दान्तामम्बान्तां मातरं क्रमात्।।२९८।।

पूजनक्रममाह—**आनन्देति**। तथाच अमुकानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि इति पुंगुरुपूजायाम्, अमुकाम्बा-श्रीपादुकां पूजयामीति स्त्रीगुरुपूजायां प्रयोगः। व्यक्तमाह तन्त्रसारे—

आनन्दनाथशब्दान्ता विज्ञेयाः परमेश्वरि।
अम्बान्ता गुरवः प्रोक्ताः स्त्रीलिङ्गा वीरवन्दिते।। इति।

श्रीपादुकादिपदव्यवहारबीजन्तु श्रीपदं पूर्वमुच्चार्येत्यादिना पूर्वमुपदर्शितम्।

पुरुषगुरुओं के नाम के अन्त में 'आनन्दनाथ' तथा स्त्रीगुरुओं के नाम के अन्त में अम्बा (या देव्यम्बा) की योजना करके पूजन करना चाहिए।।२९८।।

[गुरुक्रमनिरूपणप्रतिज्ञा]

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि षोडशीनां गुरुक्रमम्।।२९९।।

अब दिव्यौघ गुरुओं के शुभ नाम बता रहे हैं।

[तत्र सप्त दिव्यौघाः]

परप्रकाशको नाम परशिवो द्वितीयकः।
तृतीया परशक्तिश्च कौलेश्वरस्ततः परम्।।३००।।
शुक्लादेवी परेशानः कामेश्वर्यम्बिका ततः।
दिव्यौघा गुरवः प्रोक्ताः पराख्याः सप्तमा इति।।३०१।।

अथ षोडशीनां गुरुपङ्क्तिमभिधास्यन् प्रथमं कामराजविद्यायास्तद्घटितानां विद्यानाञ्च गुरुक्रममाह—**परप्रकाशक इत्यादिना**। अनेन १ परप्रकाशः, २ परशिवः, ३ परशक्तिः, ४ कौलेश्वरः, ५ शुक्लादेवी, ६ परेशानः, ७ कामेश्वर्यम्बिका इति सप्त पराख्या दिव्यौघाः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

परप्रकाशो देवेशि ततः परशिवो मतः।
परा शक्तिस्तथा देवि कौलेश्वर इति प्रिये।
शुक्ला देवि(वी) कुलेशानकामेश्वर्यम्बिकाः क्रमात्।
मुनिसंख्यास्तु गुरवः पराख्या दिव्यरूपिणः। इति।

अथ ज्ञानार्णववचने परेशान इत्यत्र कुलेशान इति विशेषः। कौलेश्वर इत्यत्र कौलेश्वरीति च तन्त्रसारे।

(१) परप्रकाश, (२) परशिव, (३) परशक्ति, (४) कौलेश्वर, (५) शुक्ला देवी, (६) परेशान और (७) कामेश्वर्य-म्बिका—ये सात दिव्यौघ गुरु हैं।।२९९-३०१।।

[सिद्धौघाः पञ्च]

भोगक्रीडौ च समयः सहजो देवसंज्ञकः।
परापराख्याः सिद्धौघाः—

अथ क्रमप्राप्तान् परापराख्यान् सिद्धौघानाह—**भोगेत्यादिना**। तथाच—१ भोगः, २ क्रीडः, ३ समयः, ४ सहजः, ५ देवः इति पञ्च परापराख्याः सिद्धौघाः। तदुक्तं तत्रैव—

भोगक्लिन्नस्तु समयो वेदाख्यः सहजस्तथा।
परापराख्यसिद्धौघे मानवौघे शृणु प्रिये।। इति।

एवञ्च क्रोड इत्यत्र क्लिन्न इति ज्ञानार्णवे विशेषः। समयः सहजो वेद इति मूलतः क्रमभेदः, देव इत्यत्र वेद इति पाठभेदश्च ज्ञानार्णव-तन्त्रसारयोः। निरुक्तभोगेत्यादि-ज्ञानार्णववचनस्य—समयः सहजो वेदसंख्यकाः इति क्वचित् पाठभेदो दृश्यते। तत्र च भोगः क्लिन्नः समयः सहज इति वेदसंख्यकाश्चतुःसंख्यकाः सिद्धौघा इत्यर्थो लभ्यते। त्रिपुरार्चनरहस्येऽपि भोगाद्याश्चत्वार एव सिद्धौघत्वेन परिगृहीताः। देव इत्यत्र ज्ञानार्णव-तन्त्रसारादिषु वेद इति दर्शनाद् वेद इति पाठस्य समीचीनत्वं सम्भावयताऽपि प्रबलतर-प्रमाणाभावान्मूलोक्तपाठो न परिहृतः।

(१) भोग, (२) क्रीड, (३) समय और (४) सहज—ये चार परापराख्य सिद्धौघ गुरु है।।३०२।।

[मानवौघाः सप्त]

—मानवौघान् ब्रवीम्यथ।।३०२।।

गगनो विश्वविमलौ मदनो भुवनस्तथा।
नीलमात्मप्रियश्चैव सप्तसङ्ख्यास्तु मानवाः।

[निगमनम्]

कामराजाख्यविद्याया गुरुपङ्क्तिरियं भवेत्।।३०३।।

अथ क्रमप्राप्तान् मानवौघानाह—**गगन** इत्यादिना। एवञ्च—१ गगनः, २ विश्वः, ३ विमलः, ४ मदनः, ५ भुवनः, ६ नीलम्, ७ आत्मप्रियः इति सप्तापराख्या मानवौघाः। अत्र ज्ञानार्णवे—

गगनो विश्वविमलौ मदनो भुवनस्तथा।
लीला स्वात्मा प्रियः पश्चान्नागसंख्यास्तु मानवाः।
अपरा परमेशानि नियता अक्षरा इमे।

इति वचने गुरूणां केषाञ्चिन्नामभेदा अष्टसंख्यत्वञ्च दृश्यन्ते। त्रिपुरार्चनरहस्य-तन्त्रसारयोरपि निरुक्तक्रमेणाष्टसंख्यत्वमेवोक्तमिति 'सप्तसंख्यास्तु मानवा' इति मूलोक्त्या महान् विरोधः। **कामराजेति**। निरुक्तो गुरुक्रमः कामराजाख्यविद्यायास्तद्-घटितानां विद्यान्तराणाञ्चेति बोध्यमित्यर्थः।

(१) गगन, (२) विश्व, (३) विमल, (४) मदन, (५) भुवन, (६) नीलम और (७) आत्मप्रिय—ये सात पराख्य मानवौघ गुरु हैं। कामराज विद्या की यह गुरु-पंक्ति है।।३०३।।

विमर्श—यहाँ बताये गये नामों तथा श्रीज्ञानार्णवतन्त्र में बताये गये नामों और संख्या में कुछ अन्तर है।

[स्वगुर्वादियागः]

मानवौघान्तिके मन्त्री स्वगुरुत्रितयं यजेत्।
परमेष्ठी च परमः स्वगुरुश्च त्रयो भवेत्।।३०४।।

मानवेति। मानवौघानां निरुक्तानामन्तिके गुरुं परमगुरुं परापरगुरुं परमेष्ठिगुरुञ्च यजेदित्यर्थः।

मानवौघ गुरुओं के पास ही अपने परमेष्ठी गुरु, परमगुरु और स्वगुरु का भी उनके नामोल्लेख-पूर्वक पूजन करना चाहिए।।३०४।।

[गुरुवंशप्रकर्षः]

स्ववंशादधिको ज्ञेयो गुरुवंशो महाशुभः।

[मन्त्रदातुः प्रकर्षः]

पितुरप्यधिको ज्ञेयो मन्त्रदः परमो गुरुः।।३०५।।

सिद्धिकामी साधक को अपने जन्म-वंश से अधिक महत्त्व और सम्मान गुरुदेव के वंश को और अपने जन्मदाता पिता से अधिक सम्मान मन्त्रदाता गुरु को देना चाहिए।।३०५।।

[निरुक्तगुरुनामाज्ञाने कर्त्तव्यम्]

न जानाति गुरोर्नाम तदाऽनेन प्रपूजयेत्।
गुरुभ्यो नम उच्चार्य पादुकाभ्यो नमो वदेत्।।३०६।।
गुर्वन्ते परमान्ते च गुरुभ्यो नम इत्यपि।
एतेषां पादुकास्तद्वदाचार्येभ्यो नमो वदेत्।।३०७।।

यदि साधक को गुरु-पंक्ति का ज्ञान नहीं हो तो उसे गुरु-पूजन के लिये 'गुरुभ्यो नमः—गुरुपादुकेभ्यो नमः' का उच्चारण करके पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार परमगुरु के लिये 'परमगुरुभ्यो नमः—परमगुरुपादुकेभ्यो नमः' परापरगुरु के लिये 'परापरगुरुभ्यो नमः परापरगुरुपादुकेभ्यो नमः, परमेष्ठी गुरु के लिये 'परमेष्ठीगुरुभ्यो नमः—परमेष्ठीगुरुपादुकेभ्यो नमः' मन्त्रों से पूजन करना चाहिए। इसी तरह आचार्य की भी पादुका है—'आचार्येभ्यो नमः आचार्यपादुकेभ्यो नमः।'

[निगमनम्]

सामान्यगुरुशिष्याणां गुरुपङ्क्तिरियं भवेत्।

सामान्य गुरु-शिष्यों की यही गुरुपंक्ति है।

[गुरुपङ्क्तिपूजाप्रशस्तिः]

गुरुपङ्क्तिं प्रपूज्याथ स्वयं श्रीत्रिपुरा भवेत्।।३०८।।

गुरुपंक्ति का पूजन करके साधक स्वयं त्रिपुरास्वरूप हो जाता है।।३०८।।

[लोपामुद्राया गुरुक्रमः]

लोपामुद्राख्यविद्यायाः प्रवक्ष्यामि गुरुक्रमम्।

लोपामुद्रा विद्या की गुरु-परम्परा बता रहा हूँ।

[तत्र दिव्यौघाः]

परमाद्यः शिवान्तश्च कामेश्वर्यम्बिका ततः।।३०९।।
दिव्यौघश्च महौघश्च सर्वानन्दस्ततः परम्।
प्रज्ञादेवी प्रकाशश्च दिव्यौघे सप्तमो भवेत्।।३१०।।

एवं कामराजविद्याया गुरुक्रमं निरूप्य लोपामुद्रायास्तद्घटितानां विद्यान्तराणाञ्च गुरुक्रममाह—**परमाद्य इत्यादिना**। परमाद्यः शिवः परमशिवः। एवञ्च १ परमशिवः, २ कामेश्वर्यम्बिका, ३ दिव्यौघः, ४ महौघः, ५ सर्वानन्दः, ६ प्रज्ञादेवी, ७ प्रकाशश्चेति सप्त दिव्यौघा इति पर्यवस्यति।

(१) परमशिव, (२) कामेश्वर्यम्बिका, (३) दिव्यौघ, (४) महौघ, (५) सर्वानन्द, (६) प्रज्ञादेवी और (७) प्रकाश—ये सात दिव्यौघ गुरु हैं।

[सिद्धौघाः मानवौघाश्च]

दिव्यचित्रश्च कैवल्यदेव्यम्बा च महोदयः।
सिद्धौघे च चतुष्कः स्यान्मानवौघमथोच्यते।।३११।।
चिद्विश्वशक्तीश्वरकाश्चतुर्थ(ः) कमलो भवेत्।
मनोहरः परः स्वात्मा अलोभश्चाष्टमो मतः।।३१२।।

सिद्धौघानाह—**दिव्येति**। १ दिव्यः, २ चित्रः, ३ कैवल्यदेव्यम्बा, ४ महोदयः, इत्येते चत्वारः सिद्धौघाः। मानवौघानाह—**मानवेत्यादिना**। तथाच—१ चिद्, २ विश्वः, ३ ईश्वरः, ४ कमलः, ५ मनोहरः, ६ परः, ७ स्वात्मा, ८ अलोभः इत्यष्टौ मानवौघाः। तन्त्रसारकृता तु 'चिद्विश्वशक्तीश्वरकमलपरमानन्दमनोहरसुखानन्दप्रतिभान्। एतं मानवौघा' इत्यनेन मनोहरादिचतुष्टये नामभेदाः प्रदर्शिताः। ज्ञानार्णवे षोडशपटले लोपामुद्राया गुरुक्रम इत्थमुपदर्शितः—

लोपामुद्राख्यविद्याया गुरूञ् शृणु वरानने।
परमाद्यशिवश्चाऽऽद्या कामेश्वर्यम्बिका तथा।।
दिव्यौघश्च महौघश्च सर्वानन्दस्ततः परम्।
प्रज्ञादेव्यम्बिका पश्चात् प्रकाशः सप्तमो भवेत्।।
दिव्याः पराख्यगुरवो लोपामुद्राप्रभामयाः।
दिव्यश्चित्रश्च कैवल्यदेव्यम्बा च महोदयः।।
सिद्धाः परापरा ज्ञेया मानवौघं शृणु प्रिये।
विद्या शक्तिश्च विश्वश्च चतुर्थः कोमलो(?) भवेत्।।
पञ्चमस्तु परानन्दो मनोहर इति प्रिये।
स्वात्मानन्दः सप्तमस्तु प्रतिभोऽष्टम उच्यते।।
अपराख्या इमे देवि गुरवः परिकीर्त्तिताः।
पूर्ववत् योजयेत् पश्चादष्टानन्तरमेव च।।
त्रयं वा स्वगुरुं वाऽपि नवान्तं वाऽब्जलोचने।
दक्षिणामूर्त्तिशिष्याणां गुरुक्रम उदाहृतः।। इति।

निरुक्तज्ञानार्णववचने कैवल्यदेव्यम्बेति तृतीयगुरुनिर्देशात् सिद्धौघे च चतुष्कः स्यादिति मूलोक्तचतुःसंख्याकत्वं सम्यगुपपद्यते। यत्तु तन्त्रसारे दिव्यं चित्रं कैवल्यं दिव्याम्बां महोदयम् एते सिद्धौघाः पञ्च इत्यनेन सिद्धौघानां पञ्चत्वं प्रतिपादितम्, तज् ज्ञानार्णवश्रीतत्त्वचिन्तामणिविरोधाल्लेखकप्रमादकृतमिति प्रतीमः। मानवौघेष्वपि गुरूणां परस्परं संज्ञाभेदो दृश्यते।

(१) दिव्य, (२) चित्र, (३) कैवल्यदेव्यम्बा तथा (४) महोदय—ये चार सिद्धौघ गुरु हैं। मानवौघ गुरु हैं—(१) चिद्, (२) विश्व, (३) ईश्वर, (४) कमल, (५) मनोहर, (६) पर, (७) स्वात्मा और (८) अलोभ।

विमर्श—दिव्यौघ गुरुओं को 'पर', सिद्धौघ गुरुओं को 'परापर' तथा मानवौघ गुरुओं को 'परात्पर गुरु' कहते हैं। श्रीज्ञानार्णव तन्त्र, तन्त्रसार आदि अन्य ग्रन्थों में बताये गये नामों से यहाँ बताये गये नाम भिन्न हैं।

[विद्यान्तराणां गुरुक्रमः]

अन्यासां सर्वविद्यानां समाना गुरवः क्रमात्।।३१३।।
अथापरः प्रकारश्च परादिविश्व इत्यपि।
कामेश्वरी तृतीया स्याच्चतुर्थी स्यादथाम्बिका।।३१४।।
मोक्षश्चामृतसंज्ञश्च प्रकाशो घोर एव च।
अथ नाम सद्गुरुश्च सिद्धौघश्चोत्तरः क्रमात्।।३१५।।
उद्भवः परमश्चैव सर्वज्ञस्तत्त्व एव च।
सिद्धस्तथा च गोविन्दः शङ्करो मानवो भवेत्।।३१६।।
गुरुपङ्क्तिविहीनस्तु पुरुषः पङ्क्तिवर्जितः।
सम्प्रदायविहीनस्य न दद्यात् पङ्क्तिमुत्तमाम्।।३१७।।
गुरुं विना क्रमं यस्तु कुरुते यदि साधकः।
महानिष्टं भवेत्तस्य सत्यं सत्यं न संशयः।।३१८।।
दक्षिणामूर्तितन्त्रस्य मतमेतदुदीरितम्।

अन्यासामिति। लोपामुद्राघटितानाम्। समानाः 'मानवौघान्तिके मन्त्री'त्यादि-कामराजविद्यागुरुक्रमे प्रदर्शितैः स्वगुर्वादिभिस्तुल्या इत्यर्थः। एतेन कामराजविद्यागुरुक्रमे ये सामान्या गुरवस्तत्पादुकाश्च पूज्यतया निर्दिष्टा अत्रापि क्रमेण त एव प्रयोज्या इत्यर्थः। अत एव ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

साधारणास्तु गुरवः सर्वभेदेषु वै समाः। इत्युक्तम्।

लोपामुद्रा विद्या से सम्बन्धित अन्य सभी विद्याओं के सामान्य गुरुओं का क्रम एक-सा है। अन्य प्रकार के सिद्धौघ गुरुओं का क्रम इस प्रकार है—(१) पर, (२) विश्व, (३) कामेश्वरी, (४) अम्बिका, (५) मोक्ष, (६) अमृत, (७) प्रकाश तथा (८) घोर।

मानवौघ गुरु हैं—(१) उद्धव, (२) परम, (३) सर्वज्ञ, (४) तत्त्व, (५) सिद्ध, (६) गोविन्द और (६) शङ्कर।

जो व्यक्ति गुरुपंक्ति का पूजन नहीं करता, वह पंक्तिवर्जित या पंक्तिहीन है; लेकिन सामान्य गुरुपंक्ति का भी पूजन करने वाला साधक पंक्तिहीन नहीं कहलाता।

जो साधक विधिवत् सम्प्रदाय द्वारा दीक्षित नहीं है, उसे गुरुपंक्ति का ज्ञान नहीं देना चाहिए। जो साधक गुरु से विधिवत् दीक्षित हुए बिना गुरुपंक्ति का पूजन करता है, उसका महान् अनिष्ट होता है। यह दक्षिणामूर्तितन्त्र में कहा गया है॥३१३-३१८॥

गुरुमण्डल-पूजन-प्रयोग-क्रम—पाठकों को गुरु-मण्डलपूजन का प्रयोग-क्रम स्पष्ट करने के लिये कामराज विद्या के साधक-समाज में सम्प्रति प्रचलित गुरु-पूजन की विधि रेखाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही है। यहाँ पूज्य गुरुओं के नाम ज्ञानार्णवतन्त्र के अनुसार हैं—

दिव्यौघ सिद्धौघ मानवौघेभ्यो नमः—पुष्पाञ्जलि दें।



प्रथम रेखा पर—

(१) ऐं ह्रीं श्रीं परप्रकाशानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(२) ऐं ह्रीं श्रीं परशिवानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(३) ऐं ह्रीं श्रीं पराशक्त्यम्बाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(४) ऐं ह्रीं श्रीं कौलेश्वरानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(५) ऐं ह्रीं श्रीं शुक्लदेव्यम्बाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(६) ऐं ह्रीं श्रीं कुलेश्वरानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(७) कामेश्वर्यानन्द नाथ श्री पादुकां पूज० तर्प० नमः।

द्वितीय रेखा पर—सिद्धौघ गुरु

(१) ऐं ह्रीं श्रीं भोगानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(२) ऐं ह्रीं श्रीं क्लिन्नानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(३) ऐं ह्रीं श्रीं समयानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(४) ऐं ह्रीं श्रीं सहजानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

तृतीय रेखा पर—मानवौघ गुरु

(१) ऐं ह्रीं श्रीं गगनानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(२) ऐं ह्रीं श्रीं विश्वानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तपयामि नम:।
(३) ऐं ह्रीं श्रीं विमलानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(४) ऐं ह्रीं श्रीं मदनानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(५) ऐं ह्रीं श्रीं भुवनानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(६) ऐं ह्रीं श्रीं लीलाम्बाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(७) ऐं ह्रीं श्रीं स्वात्मानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।
(८) ऐं ह्रीं श्रीं प्रियानन्दनाथश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।

प्रथम रेखा पर परमेष्ठी गुरु का, द्वितीय रेखा पर परमगुरु का और तृतीय रेखा पर स्वगुरु का उनके पादुकामन्त्रों से पूजन-तर्पण करें।

[आम्नायदेवतापूजनोपदेश:]

गुरुक्रमं प्रपूज्याथ यजेदाम्नायदेवता:।।३१९।।

दिव्यौघ, सिद्धौघ, मानवौघ और अपने गुरुओं का पूजन-तर्पण करने के बाद आम्नायदेवताओं का पूजन करें।।३१९।।

[तत्र पूर्वाम्नायार्चा]

त्रैलोक्यमोहने चक्रे सर्वाशापरिपूरके।
सर्वसंक्षोभणे चक्रे पूर्वाम्नायं समर्चयेत्।।३२०।।

एवं गुरुक्रमार्चामभिधायाऽऽम्नायदेवतार्चामभिदधान: प्रथमं पूर्वाम्नायसमर्चन-क्रममाह—**त्रैलोक्येत्यादिना।** प्रागुक्ते त्रैलोक्यमोहनादिचक्रत्रये चतुरस्रषोडशदलाष्ट-दलात्मके सृष्टिचक्रे पूर्वाम्नायं समर्चयेदित्यर्थ:। एवं दक्षिणाम्नायादीनामपि वक्ष्य-माणरीत्या चक्रे यथास्थानमर्चना ज्ञेया।

पूर्वाम्नाय—त्रैलोक्यमोहन चक्र (चतुरस्र), सर्वाशापरिपूरक चक्र (षोडश कमल दल) तथा सर्वसंक्षोभण चक्र (अष्टदल कमल) में पूर्वाम्नायदेवताओं का अर्चन करें।।३२०।।

[दक्षिणाम्नायार्चा]

सर्वसौभाग्यदे चक्रे तथा सर्वार्थसाधके।
सर्वरक्षाकरे चक्रे दक्षिणाम्नायमर्चयेत्।।३२१।।

सर्वसौभाग्यदे चतुर्दशारे, सर्वार्थसाधके बहिर्दशारे, सर्वरक्षाकरेऽन्तर्दशारे। एतत्त्रितये दक्षिणाम्नायमर्चयेदित्यर्थ:।

दक्षिणाम्नाय—सर्वसौभाग्यदायक (चतुर्दशार), सर्वार्थसाधक (बहिर्दशार) तथा सर्वरक्षाकर (अन्तर्दशार) चक्रों में दक्षिण आम्नाय का पूजन करें।।३२१।।

[पश्चिमोत्तराम्नायार्चा]

मध्यचक्रे यजेद्देवीं पश्चिमाम्नायनायिकाम्।
अष्टचक्रे यजेद्देवीमुत्तराम्नायनायिकाम्।।३२२।।

मध्यचक्र इति। मध्यचक्रत्रये—

मध्यचक्रत्रये देवि पश्चिमाम्नायमर्चयेत्।

इति ज्ञानार्णवे षोडशपटले व्यक्तमभिधानात्। मध्यचक्रत्रयञ्च सर्वरोगहरचक्रम् अष्टकोणात्मकम्, सर्वसिद्धिप्रदचक्रं त्रिकोणात्मकम्, सर्वानन्दमयचक्रं मध्यबिन्द्वात्मकम्। **अष्टचक्र इति।** अत्र—

नवचक्रेषु देवेशि कौबेराम्नायमर्चयेत्।

इति ज्ञानार्णवे पाठः।

पश्चिम्नाय—मध्य के तीनों चक्रों (अष्टार-त्रिकोण और बिन्दु) में पश्चिम आम्नाय नायिका का तथा शेष आठ चक्रों में उत्तर आम्नाय नायिका का अर्चन करें॥३२२॥

[अध-ऊर्ध्व-आम्नायार्चा]

सर्वसिद्धिप्रदे चक्रे अध-आम्नायमर्चयेत्।
सर्वाम्नायमये चक्र ऊर्ध्वाम्नायं प्रपूजयेत्।।३२३।।

सर्वसिद्धिप्रद इति। निरुक्तमध्यत्रिकोण इत्यर्थः। **सर्वेति।** सर्वाम्नायमये चक्रे मध्यबिन्द्वात्मकसर्वानन्दमयचक्र इत्यर्थः। तन्त्रसारकारैरपि बैन्दवचक्रे ऊर्ध्वाम्नायार्चाऽ-भिहिता। ज्ञानार्णवतन्त्रसारयोरध-आम्नायार्चाक्रमो न दृश्यते, आम्नायार्चाक्रमस्तु तन्त्रसारादावनुसन्धेयः।

सर्वसिद्धिप्रद चक्र (मध्य त्रिकोण) में अधो आम्नाय का पूजन करें। सर्वाम्नाय चक्र (बैन्दव चक्र) में ऊर्ध्वाम्नाय का पूजन करें॥३२३॥

[तर्पणम्]

पूर्वोक्तमन्त्रयोगेण ततः सन्तर्पयेत् क्रमात्।।३२४।।

पूर्वोक्त मन्त्रों से पूजन करने के बाद आम्नायदेवियों का तर्पण करें॥३२४॥

विमर्श—इनके पूजन-तर्पण के मन्त्र आगे बताये गये हैं।

[पञ्चपञ्चिकाः, तत्र पञ्चलक्ष्म्यः]

श्रीविद्या च तथा लक्ष्मीर्महालक्ष्मीस्तथैव च।
त्रिशक्तिः सर्वसाम्राज्यलक्ष्मीः पञ्च प्रकीर्त्तिताः।।३२५।।

अथ पञ्चपञ्चिकार्चामभिधास्यन् प्रथमपञ्चलक्ष्मीर्निरूपयति—**श्रीविद्येति।** श्रीविद्या लक्ष्मीर्महालक्ष्मीस्त्रिशक्तिः सर्वसाम्राज्येति पञ्च लक्ष्म्यः। अत्र ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

श्रीविद्या च तथा लक्ष्मीर्महालक्ष्मीस्तथैव च।
त्रिशक्तिः सर्वसाम्राज्या पञ्च लक्ष्म्याः प्रकीर्त्तिताः॥ इति पाठः।

पञ्चलक्ष्मी—(१) श्रीविद्या, (२) लक्ष्मी, (३) महालक्ष्मी, (४) त्रिशक्ति, लक्ष्मी और (५) सर्वसाम्राज्य लक्ष्मी—ये लक्ष्मीपञ्चक की देवियाँ हैं॥३२५॥

[पञ्च कोशाः]

श्रीविद्या च परंज्योतिः परा निष्कलशाम्भवी।
अजपा मातृका चेति पञ्च कोशाः प्रकीर्तिताः।।३२६।।

श्रीविद्येति। ज्ञानार्णवे तु पञ्चलक्ष्मीनिरूपणात् पूर्वं पञ्चकोशनिरूपणं दृश्यते। शिष्टं स्पष्टम्।

कोषपञ्चक—(१) श्रीविद्या, (२) परं ज्योति, (३) परा निष्कल शाम्भवी, (४) अजपा और (५) मातृका—ये कोषपञ्चिका देवियाँ हैं॥३२६॥

[पञ्च कल्पलताः]

श्रीविद्या त्वरिता चेति पारिजातेश्वरी तथा।
त्रिपुटा पञ्चकामेशी पञ्च कल्पलताः स्मृताः।।३२७।।

कलालता विद्यायें—(१) श्रीविद्या, (२) त्वरिता, (३) पारिजातेश्वरी, (४) त्रिपुटा और (५) पञ्चकामेशी—ये पञ्चकल्प लतायें हैं॥३२७॥

[पञ्च कामदुघाः]

श्रीविद्या मृतपीठेशी सुधाश्रीरमृतेश्वरी।
अन्नपूर्णेति विख्याताः पञ्च कामदुघाः स्मृताः।।३२८।।

कामदुघाः कामधेनवः। तथाच ज्ञानार्णवे षोडशपटले—श्रीविद्येत्यादिसमानानुपूर्वीकवचने 'पञ्च कामदुघाः स्मृता' इत्यत्र 'पञ्चैता कामधेनव' इति पाठो दृश्यते। त्रिपुरार्चनरहस्ये तु कामदुघेत्येव पाठो वाक्ये विनियुक्तः।

पञ्च कामदुघा—(१) श्रीविद्या, (२) अमृतपीठेशी, (३) सुधाश्री, (४) अमृतेश्वरी और (५) अन्नपूर्णा—ये पाँच कामदुघा विद्यायें हैं॥३२८॥

[पञ्चरत्नाः]

श्रीविद्या सिद्धलक्ष्मीश्च मातङ्गी भुवनेश्वरी।
वाराहीति च सम्प्रोक्ताः पञ्चरत्नाः प्रकीर्त्तिताः।।३२९।।

पञ्चरत्नेश्वरी—(१) श्रीविद्या, (२) सिद्धलक्ष्मी, (३) मातङ्गी, (४) भुवनेश्वरी और (५) वाराही—ये पाँच रत्नेश्वरी देवियाँ हैं॥३२९॥

[पञ्चपञ्चिकार्चाख्यानम्]

श्रीविद्यापूजनस्थाने चक्रराजे महोदये।
महाकोषेश्वरीवृन्दमण्डितासनसंस्थिता ।।३३०।।

[पञ्चपञ्चिकार्चाक्रमः]

सर्वसौभाग्यजननीं पादुकां पूजयामि च।
इत्युच्चार्य परंज्योतिःकोशाढ्यां(?) परिपूजयेत्।।३३१।।
अनेनैव विधानेन पूजयेत् पञ्चपञ्चिकाम्।

[निगमनम्]

एवं सम्पूज्य सकलं श्रीविद्यां परितो यजेत्।।३३२।।

[तर्पणम्]

तर्पणानि पुनः कुर्यात् त्रिः सकृद्वा यथेच्छया।

श्रीविद्येति। श्रीविद्यापूजनस्थाने बैन्दवचक्रे इत्यर्थः,

श्रीविद्यापूजनस्थाने बैन्दवे पञ्चपञ्चिकाः।

इति त्रिपुरार्चनरहस्ये व्यक्तमभिधानात्।

निरुक्तपञ्चपञ्चिकापूजनक्रममाह—**सर्वेति**। विशेषस्तु ज्ञानार्णवे षोडशपटलेऽनुसन्धेयः। परंज्योतिःकोशाढ्यामिति लक्ष्मीविशेषणम्, परज्योतिर्मयीमित्यर्थः। कोशाद्यामिति ज्ञानार्णवपाठे तु पञ्चकोशादिपञ्चपञ्चिकामित्यर्थः, तत्र पञ्चकोशानामेव प्रथमं निरूपणम्।

श्रीचक्र में श्रीविद्या के पूजन-स्थान अर्थात् बैन्दन-चक्र में पञ्च-पञ्चिका देवियों का पूजन किया जाता है।

मूल मन्त्र—'महाकोषेश्वरीवृन्दमण्डितासनसंस्थिता सर्वसौभाग्यजननी श्रीविद्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'

इस मन्त्र से श्रीविद्या कोशेश्वरी का बिन्दु-चक्र में पूजन करने के बाद उनके चारो ओर अन्य कोशेश्वरी विद्याओं का पूजन तथा यथा इच्छा तीन या एक बार तर्पण करें। शेष चार पञ्चपञ्चिका वर्ग की विद्याओं का भी पूजन इसी विधान से किया जाय।।३३०-३३१।।

विमर्श—चूँकि प्रस्तुत ग्रन्थ में पञ्च-पञ्चिका विद्याओं के नामोल्लेख तथा पूजन करने का निर्देश करने के बाद पूजन का प्रयोग-विधान नहीं बताया गया है; अतः विषय-निर्वाह के लिये श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (पटलसंख्या १६) में बताया गया पूजन-क्रम निम्नानुसार प्रस्तुत है। तदनुसार सर्वप्रथम लक्ष्मीविद्याओं का पूजन करें। यथा—

(१) **श्रीविद्या-लक्ष्मी**—'मूल मन्त्र—महालक्ष्मीश्वरी वृन्द मण्डितासन संस्थिता सर्वसौभाग्यजननीश्रीपादुकां पूजयामि नमः'। बिन्दु पर पूजन करें।

(२) **एकाक्षरी लक्ष्मी**—'श्रीं लक्ष्मीपादुकां पूजयामि नम:'। इस मन्त्र से श्रीविद्या के पूर्व भाग में पूजन करें।

(३) **महालक्ष्मी**—'ॐ श्रीं ह्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नम:'। इस मन्त्र से दक्षिण भाग में पूजन करें।

(४) **त्रिशक्ति लक्ष्मी**—'श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' इस मन्त्र से पश्चिम भाग में अर्चन करें।

(५) **सर्वसाम्राज्यलक्ष्मी**—'श्रीं सहकलह्रीं श्रीं सर्वसाम्राज्यलक्ष्मीश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' उत्तर भाग में पूजन करें।

पञ्चकोश विद्या—

(१) **श्रीविद्या-कौशेश्वरी**—मूल मन्त्र 'महाकोशेश्वरी वृन्द मण्डितासन संस्थिता सर्वसौभाग्यजननीश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' मूलबिन्दु पर पूजन करें।

(२) **परंज्योति कोशेश्वरी**—'ॐ ह्रीं हंस: सोऽहं स्वाहा। परंज्योतिश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' पूजन दिशा—पूर्व।

(३) **परनिष्कल शाम्भवी**—'ॐ परनिष्कलशाम्भवीश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' पूजन दिशा—पूर्व।

(४) **अजपा-कोशेश्वरी**—'हंस:' अजपापादुकां पूजयामि नम:।' पूजन की दिशा—पश्चिम।

(५) **मातृका कोशेश्वरी**—'अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं ऌं ॡं एं ऐं ओं औं अं अ: कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं—मातृकाश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' इस मन्त्र से श्रीविद्या की उत्तर दिशा में पूजा करें।

पञ्च कल्पलता—

(१) **श्रीविद्या**—मूल मन्त्र—'महाकल्पलतेश्वरी वृन्द मण्डितासन संस्थिता सर्वसौभाग्यजननीश्रीविद्याकल्पलताश्रीपादुकां पूजयामि नम:।'

(२) **त्वरिता**—मूल मन्त्र—'ॐ ह्रीं हुं खेचछेक्ष स्त्रीं हुं क्षे ह्रीं फट् त्वरिताश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' श्रीविद्या के पूर्व भाग में पूजन करें।

(३) **पारिजातेश्वरी**—'ॐ ह्रीं हस्त्रैं ह्रीं सरस्वत्यै नम: पारिजातेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' श्रीविद्या के दक्षिण भाग में पूजन करें।

(४) **त्रिपुटा**—'श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिपुटाश्रीपादुकां पूजयामि नम:।' श्रीविद्या के पश्चिम में पूजन करें।

(५) **पञ्च कामेशी**—'ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीं—पञ्चकामेशीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'—श्रीविद्या के उत्तर में पूजन करें।

पञ्च कामदुघा—

(१) **श्रीविद्या**—ॐ ऐं ह्रीं श्रीं मूल मन्त्र—'महाकामदुघेश्वरी वृन्द मण्डितासन संस्थिता सर्वसौभाग्यजननी श्रीविद्याकामदुघाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'—श्रीचक्र के मूल बिन्दु पर पूजन करें।

(२) **अमृत पीठेशी**—श्री ज्ञानार्णव तन्त्र में द्वितीया कामधेनु विद्या का नाम 'मूलपीठेशी' बताया गया है। मन्त्र है—'ऐं ईं ॐ'।

तदनुसार—'ऐं ईं ॐ' मूलपीठेशी श्रीपादुकां पूजयामि नमः'—इस मन्त्र से श्रीविद्या के पूर्व भाग में पूजन करें।

'मन्त्रमहोदधि' और 'श्रीविद्यार्णव' में नाम 'अमृतपीठेशी' ही है; मगर मन्त्र भिन्न-भिन्न हैं। महोदधि में मन्त्र है—'ऐं क्लीं सौः'। पूजन की दिशा—यथावत् पूर्व।

(३) **सुधाश्री**—'ह्रीं श्रीं ऐं राज्यदे राज्यलक्ष्मि सः ऐं श्रीं ह्रीं—सुधाश्री-श्रीपादुकां पूजयामि नमः। श्रीविद्या के दक्षिण में पूजन करें।

(४) **अमृतेश्वरी**—श्रीज्ञानार्णव में अमृतेश्वरी विद्या का मन्त्र नहीं बताया गया है। मन्त्रमहोदधि में त्र्यक्षरी मन्त्र है—'सौः क्लीं हैं'।

तदनुसार श्रीविद्या के पश्चिम भाग में—'सौः क्लीं हैं—अमृतेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः'—इस मन्त्र से पूजा करें।

(५) **अन्नपूर्णा**—'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा'—श्रीअन्नपूर्णाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। उत्तर में पूजन करें।

पञ्चरत्नेश्वरी विद्या—

(१) **श्रीविद्यारत्नेश्वरी**—मूल मन्त्र—'महारत्नेश्वरीवृन्दमण्डितासनसंस्थिता सर्वसौभाग्यजननीश्रीविद्यारत्नेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः'। इस मन्त्र से मूल बिन्दु पर पूजन करें।

(२) **सिद्धलक्ष्मी**—'ऐं ह्रीं श्रीं हस्खफ्रें हस्त्रैं हसकलरीं ह्स्त्रौं ज्झ्रीं महाचण्ड संकर्षिणी काल महान हं ह्रीं—सिद्धलक्ष्मीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'—पूर्व दिशा में पूजन करें।

(३) **मातङ्गी**—'ऐं ह्री श्रीं मातङ्गिन्यै नमः श्रीं ह्रीं ऐं—मातङ्गिनीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।' दक्षिण दिशा में पूजन करें।

(४) **भुवनेश्वरी**—'ह्रीं भुवनेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।' इस मन्त्र से पश्चिम भाग में पूजा करें।

(५) वाराही—'ऐं भगवति वार्तालि वाराहि वाराहि वाराहमुखि अन्धे अन्धिन्यै नम: रुन्धनि जम्भे जम्भिन्यै नम: मोहे मोहिन्यै नम: स्तम्भे स्तम्भिन्यै नम: अमुकं स्तम्भय स्तम्भय सर्वदुष्टप्रदुष्टानां सर्वेषां सर्वजिह्वास्तम्भं कुरु कुरु शीघ्र वश्यं कुरु कुरु (मूल मन्त्र) ऐं स्वाहा। वाराहीश्रीपादुकां पूजयामि नम:।'—इस मन्त्र से श्रीविद्या के उत्तर भाग में पूजा करें।

आवरण-पूजन—

(१) षडङ्ग पूजन—गुरुमण्डल अर्चन तथा पञ्च-पञ्चिका विद्याओं के अर्चन के बाद अब यहाँ से संहार-क्रम से आवरण-पूजन का क्रम प्रारम्भ होता है। त्रैलोक्य-मोहन चक्र अर्थात् भूपुर की प्रथम रेखा पर अणिमा आदि सिद्धियों का पूजन करने के पूर्व उनका समष्टि रूप से ध्यान करें। यथा—

[अणिमादिप्रकटयोगिनीध्यानम्]

अणिमाद्या रक्तवर्णास्त्रिनेत्रा: शशिशेखरा:।।३३३।।
सव्यदक्षिणहस्ताभ्यां विधृताभयपुस्तिका:।
त्रैलोक्यमोहने चक्रे ध्यायेत् प्रकटयोगिनीम्?(:)।।३३४।।

अथाणिमादिप्रकटयोगिनीध्यानमाह—**अणिमेत्यादिना**। त्रैलोक्यमोहने षोडश–दलाद् बहिर्वृत्तत्रयात्मके चक्रे इत्यर्थ:। स्पष्टमिदं प्रकरणम्।

अणिमा आदि सिद्धि-देवियों का वर्ण लाल है। वे त्रिनयना और भाल प्रदेश पर अर्धचन्द्र-धारिणी हैं। इनके बाँयें हाथ में अभय मुद्रा और दाहिने हाथ में पुस्तक है। सिद्धि देवियों का इस प्रकार ध्यान करके भूपुर की प्रथम रेखा पर उनका पूजन करें॥३३३-३३४॥

[अणिमाद्यर्चास्थानम्]

अणिमां पश्चिमद्वारि दक्षभागे प्रपूजयेत्।
लघिमामुत्तरद्वारि पश्चिमे परिपूजयेत्।।३२५।।
पूर्वद्वारे च महिमामुतरे तु समर्चयेत्।
दक्षिणद्वारदेशे च ईशित्वाख्याञ्च पूर्वत:।।३३६।।
वशित्वाख्याञ्च वायव्ये प्राकाम्यसिद्धिमीशके।
मुक्तिसिद्धिं तथाऽग्नेय्यामिच्छासिद्धिञ्च नैर्ऋते।।३३७।।
अधस्तात् प्राप्तिसिद्धिञ्च सर्वकामं तदूर्ध्वत:।

भूपुर की प्रथम रेखा पर (१) पश्चिम द्वार के दक्षिण भाग में अणिमा का, (२) उत्तर द्वार के पश्चिम भाग में लघिमा का, (३) पूर्व द्वार के उत्तर की ओर महिमा



का, (४) दक्षिण द्वार में ईशित्व का पूजन करें। तत्पश्चात् (५) वायव्य कोण में वशित्व का, (६) ईशान कोण में प्राकाम्यसिद्धि का, (७) अग्नि कोण में मुक्ति (भुक्ति) सिद्धि का, (८) नैर्ऋत्य में इच्छासिद्धि का पूजन करें। इसके बाद (९) अधोभाग में प्राप्ति-सिद्धि तथा (१०) ऊर्ध्व भाग में सर्वकामसिद्धि का पूजन करें।।३३५-३३७।।

विमर्श—(१) श्रीचक्र पर भगवती त्रिपुरा की पूजा करते समय यह स्मरण रखें कि देवी के सम्मुख पश्चिम और उनके पृष्ठ भाग में पूर्व दिशा होती है। गुप्तार्णवतन्त्र के इस दिशा-निर्देश की व्याख्या करते हुए श्री भास्करराय ने 'नित्याषोडशिकार्णव' में स्पष्ट किया है—'ततश्च देव्या: पुरतोऽणिमासिद्धि:। देवीदक्षिणभागे लघिमा। अनयोर्मध्य कोणे वशित्वे त्याद्याकारक एक रूप एव नियमो ज्ञेय:।'

(२) **पूजन-मन्त्र**—'ऐं ह्रीं श्रीं' के बाद सिद्धि के नाम का बिन्दुयुक्त प्रथम अक्षर, उसके बाद सिद्धि का नाम तथा सिद्धि के नाम के बाद 'श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:' की योजना करने से सिद्धियों का पूजन-मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—'ऐं ह्रीं श्रीं अं अणिमासिद्धिश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:।'

[असिताङ्गाद्यष्टभैरवनिरूपणम्]

मध्यद्वारे ततो ध्यायेत् पश्चिमादिक्रमेण तु।।३३८।।

असिताङ्गं रुरुं चण्डं क्रोधमुन्मत्तभैरवम्।
कपालिनं भीषणञ्च संहारञ्चाष्टभैरवम्।।३३९।।

मध्येति। अत्र प्रकटयोगिनीध्यानावसरेऽसिताङ्गादिभैरवध्यानोपदेशो ब्राह्म्याद्यष्टशक्तिपूजार्थः। वक्ष्यति च—'भैरवाङ्कस्थिता एता पूज्या वै भैरवैः सहे'ति (३४९ श्लो०)। मध्यद्वारे मध्यचतुरस्रस्य द्वारचतुष्टये पश्चिमादिक्रमेण ध्यायेदिति सम्बन्धः।

अणिमा आदि सिद्धियों का पूजन-तर्पण करने के बाद भूपुर की मध्यरेखा पर पश्चिम आदि क्रम से असितांग, रुरु, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त, कपाली, भीषण और संहार—इन आठ भैरवों का ध्यान करें।।३३८-३३९।।

[भैरवाणां ध्यानम्]

एते श्यामास्त्रिनयना भृकुटीभीषणाननाः।
शूलं दण्डञ्च वेतालं कपालं क्षुद्रघण्टिकाम् ।
विधृता वेदहस्तेन गजधर्मोत्तरांशुकाः।।३४०।।

इन सभी भैरवों का वर्ण श्याम (काला) है। चेहरा डरावना है। तीन आँखें हैं। भौंहें घनी-काली और डरावनी हैं। इनके चार हाथ हैं। इन चारो हाथों में शूल-दण्ड-नर-कपाल और छोटी घण्टी है। शरीर के अधोभाग में हाथी की खाल लपेटे हुए हैं।।३४०।।

भैरवों के साथ उनकी शक्तियों का भी ध्यान करें। यथा—

[अष्टशक्तीनां ध्यानम्, तत्र ब्रह्माण्याः]

ब्रह्माणी पीतवर्णा च चतुर्भिः शोभिता मुखैः।
वरदाभयहस्ता च कुण्डिकाक्षलसत्कराः।।३४१।।

ब्रह्माणी—पीले रंग की देवी ब्रह्माणी के चार मुख और चार भुजायें हैं। उनके ऊपरी दो हाथों में वर और अभय मुद्रा तथा नीचे वाले दोनों हाथों में कमण्डलु और अक्षमाला है।।३४१।।

[माहेश्वर्याः]

माहेश्वरी श्वेतवर्णा त्रिनेत्रा शूलधारिणी।
कपालमालां परशुं दधाना सिद्धिदायिनी।।३४२।।

माहेश्वरी—साधकों को सिद्धि प्रदान करने वाली देवी माहेश्वरी का वर्ण श्वेत है। तीन आँखें और चार हाथ हैं। हाथों में त्रिशूल और परशु है। कपाल-माला है।।३४२।।

[कौमार्याः]

कौमारी पीतवर्णा च शक्तितोमरधारिणी।
वरदाभयहस्ता च ध्यातव्या साधकोत्तमैः।।३४३।।

कौमारी—देवी कौमारी का वर्ण पीत है। वे चतुर्भुजा हैं। दो हाथों में शक्ति एवं तोमर (भाला) है तथा दो हाथों में नर और अभय मुद्रायें हैं॥३४३॥

[वैष्णव्याः]

वैष्णवी श्यामलच्छाया शङ्खचक्रगदाकरा।
बिभ्रती करपद्मञ्च दिव्यभूषणभूषिता।।३४४।।

वैष्णवी—दिव्य आभूषणों से विभूषित भगवती वैष्णवी साँवले रंग की हैं। उनके चार हाथों में भगवान् विष्णु के समान शंख-चक्र, गदा और पद्म है॥३४४॥

[वाराह्याः]

वाराही श्यामलच्छाया वराहवदना शुभा।
हलञ्च मूषलं खड्गं खेटकं दधती भुजैः।।३४५।।

वाराही—वराहमुखी देवी वाराही का वर्ण साँवला है तथा उनके चार हाथ हैं। हाथों में हल-मुसल-खड्ग और खेटक हैं॥३४५॥

[इन्द्राण्याः]

इन्द्राणी श्यामलच्छाया रक्तोत्पललसत्करा।।३४६।।

इन्द्राणी—साँवले रंग की देवी इन्द्राणी के हाथों में लाल रंग का लीला कमल है॥३४६॥

[चामुण्डायाः]

चामुण्डा कृष्णवर्णा च शूलं डमरुमेव च।
खड्गं वेतालकञ्चैव विधृता दक्षिणैर्भुजैः।
नागखेटकघण्टाञ्च दधानोच्चैः कपालकम्।।३४७।।

चामुण्डा—चामुण्डा कृष्णवर्णा हैं। अष्टभुजा भगवती चामुण्डा के दक्षिण कर में शूल, डमरू, खड्ग एवं वेताल तथा बाँयें हाथों में सर्प, खेटक घण्टा तथा कपाल हैं॥३४७॥

[महालक्ष्म्याः]

महालक्ष्मीस्तु पीताभा पद्मं दर्पणमेव च।
मातुलुङ्गफलञ्चैव दधाना परमेश्वरी।।३४८।।

महालक्ष्मी—भगवती महालक्ष्मी का वर्ण चम्पई है। वे चतुर्भुजा हैं। उनके ऊपर के दोनों हाथों में लीला कमल और नीचे के हाथों में दर्पण तथा मातुलुङ्ग हैं॥३४८॥

[निरुक्ताष्टशक्तीनां पूजायां विशेषः]

भैरवाङ्कस्थिता एताः पूज्या वै भैरवैः सह।।३४९।।

अथ निरुक्तानां ब्राह्म्याद्यष्टशक्तीनां पूजायां विशेषमाह—**भैरवेति।** भैरवाङ्कस्थिताः प्रागुक्तासिताङ्गाद्यष्टभैरवक्रोडस्थिता एता ब्राह्म्याद्यष्टशक्तयः भैरवैरसिताङ्गादिभिः सह पूज्या इत्यर्थः।

ब्राह्मी आदि समस्त शक्तियाँ अपने-अपने भैरवों की गोद में बैठी हुई हैं। भैरव और शक्तियों का क्रम इस प्रकार है—(१) असितांग और ब्राह्मी, (२) रुरु और माहेश्वरी, (३) चण्ड एवं कुमारी, (४) क्रोध और वैष्णवी, (५) उन्मत्त एवं वाराही, (६) कपाली एवं इन्द्राणी, (७) भीषण एवं चामुण्डा तथा (८) संहार एवं महालक्ष्मी। शक्तियों का पूजन उनके भैरवों के साथ किया जाय॥३४९॥

[पूजास्थानम्]

महेन्द्रादीशपर्यन्तं पूजयेत् क्रमतोऽथवा।
पश्चिमोत्तरमाहेन्द्रदक्षद्वारे क्रमेण तु॥३५०॥
वाय्वीशवह्निरक्षःस्थयुग्मायुग्मस्वरैः सह।

[मन्त्रे विशेषः]

ह्रस्वार्णा भैरवा मन्त्रा मातृणां दीर्घरूपकाः॥३५१॥

अथाष्टशक्तीनां पूजास्थानं विशिष्य निरूपयति—**महेन्द्रादिति।** एवञ्च पूर्वतः प्रादक्षिण्येनेशानकोणान्तं क्रमेण पूजयेदित्यर्थः। क्रमान्तरमाह—**अथवेति।** एवञ्च पश्चिमादिदक्षिणान्तद्वारचतुष्टये वायव्यादिनैर्ऋतान्तकोणचतुष्टये च पूजयेदित्यर्थः। **युग्मेति।** अयुग्मस्वरैः प्रथमतृतीयादिभिः युग्मस्वरैः द्वितीयचतुर्थादिभिश्च सह पूजयेदिति सम्बन्धः। इममेव स्वरविभागं विशिनष्टि—**ह्रस्वार्णा इति।** एवञ्च भैरवमन्त्रादौ अकारादिह्रस्वस्वरान् अष्टशक्तिमन्त्रादावाकारादिदीर्घस्वरान् योजयेदित्यर्थः। यद्यप्येकादशादिस्वरेषु ह्रस्वार्णत्वं व्यभिचरति तथाऽपि ह्रस्वार्णा इत्यस्य द्वयोर्द्वयोः पूर्वपूर्वस्वरोपलक्षकत्वाददोषः।

भैरवों-सहित शक्तियों के पूजा-स्थान के दो कल्प हैं। प्रथम तो यह कि पूर्व से प्रारम्भ कर प्रदक्षिणा क्रम से ईशान-कोण पर्यन्त प्रत्येक दिशा और विदिशा में एक-एक भैरव एवं शक्ति की पूजा की जाय। दूसरा कल्प यह है कि पश्चिम-उत्तर-पूर्व-दक्षिण—इन चार दिशाओं में तथा वायव्य-ईशान-आग्नेय एवं नैर्ऋत्य—इन चार कोणों में शक्ति-युगलों की पूजा करें। इनका पूजन करते समय इनके नाम के आगे दो-दो स्वरों का प्रयोग करना चाहिये। यथा—'अं आं असितांगभैरवसहित ब्राह्मी श्रीपादुकाभ्यां पूजयामि नमः'। इनमें ह्रस्व स्वर भैरव का तथा दीर्घ स्वर शक्ति-स्वरूप है॥३५०-३५१॥

विमर्श—मातृकाओं के पूजन के जो दो कल्प बताये गये हैं, उनमें से पूर्वादि पूजन का क्रम अप्रचलित है। पश्चिम आदि दिशाओं तथा वायव्य आदि कोणों में

पूजन का विधान ही प्रचलित है। तदनुसार इनके पूजन का प्रयोगक्रम निरूपित किया जा रहा है—

१. अं आं असितांगब्राह्मीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

२. इं ईं रुरुमाहेश्वरीश्रीपादुकाभ्यां नमः।



३. उं ऊं चण्डकुमारीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

४. ऋं ॠं क्रोधवैष्णवीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

५. ऌं ॡं उन्मत्तवाराहीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

६. एं ऐं कपालीइन्द्राणीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

७. ओं औं भीषणचामुण्डाश्रीपादुकाभ्यां नमः।

८. अं अः संहारमहालक्ष्मीश्रीपादुकाभ्यां नमः।

उपर्युक्त पूजन मन्त्रों के आदि में 'ऐं ह्रीं श्रीं' तथा 'नमः' के बाद में 'पूजयामि तर्पयामि नमः' की योजना कर लें। यथा—'ऐं ह्रीं श्रीं अं आं असितांग-ब्राह्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः पूजयामि तर्पयामि नमः'।

[मुद्रार्चा]

अन्तर्द्वारि प्रतीच्याद्याः सर्वसंक्षोभणादिकाः।
रक्ताः पाशाङ्कुशधरा ध्यात्वा तत्तन्मनुं स्मरन्।।३५२।।
प्रपूजयेत्त्रिखण्डान्तु वाग्भवं बीजमुच्चरन्।
पश्चिमादिक्रमेणैव पूर्ववद्दिग्विदिक्षु च।।३५३।।
ऊर्ध्वाधःक्रमयोगेण खेचरीं योनिमर्चयेत्।

अन्तर्द्वारि अभ्यन्तरचतुरस्रद्वारचतुष्टये प्रतीच्याद्याः पश्चिमादिस्थिताः सर्वसंक्षोभणादिकाः प्रागुपदर्शिता मुद्राः प्रपूजयेत् इत्यर्थः। तत्तन्मनुं स्मरन्निति प्रागुक्तक्रमेण बीजमुच्चार्य सर्वसंक्षोभणीमुद्राश्रीपादुकां पूजयामीत्यादिरूपः प्रयोगः कर्त्तव्य इत्यर्थः। **पश्चिमादीति।** पूर्ववत् प्रागुक्ताष्टशक्तिपूजनक्रमेणेत्यर्थः।

खेचरीयोनिमुद्रयोर्विशेषमाह—**ऊर्ध्वाध इति।** ऊर्ध्वद्वारे खेचरीमुद्रामधश्च योनिमुद्रामर्चयेदित्यर्थः।

भूपुर की अन्दर वाली तीसरी रेखा पर सर्वसंक्षोभिणी आदि मुद्रादेवियों का ध्यान करें। सभी मुद्रादेवियों का वर्ण लाल है। उनमें से प्रत्येक के हाथ में पाश और अंकुश है। ध्यान करने के बाद वाग्भव बीज (ऐं) पूर्वक उनके बीजमन्त्रों का उच्चारण करते हुए मुद्रादेवियों का पूजन-तर्पण करें। संक्षोभिणी से त्रिखण्डा-पर्यन्त आठ मुद्रादेवियों का पूर्ववत् पश्चिम आदि तथा वायव्यादि क्रम से तथा खेचरी और योनिमुद्राओं का क्रमशः ऊर्ध्व और अधोभाग में अर्चन करें।।३५२-३५३।।

प्रयोग-क्रम—(अणिमा सिद्धि आदि के समान)।

१. ऐं द्रां सर्वसंक्षोभिणी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
२. ऐं द्रीं सर्वविद्राविणी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
३. ऐं क्लीं सर्वाकर्षिणी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
४. ऐं ब्लूं सर्ववशङ्करी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
५. ऐं सः सर्वोन्मादिनी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
६. ऐं क्रों सर्वमहांकुशा मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
७. ऐं हस्ख्फ्रें सर्वखेचरी मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
८. ऐं ह्सौः सर्वबीजा मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
९. ऐं ऐं सर्वयोनि मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१०. ऐं हस्रैं ह्स्क्लरीं हस्रौः सर्वत्रिखण्डा मुद्राशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[निगमनम्]

एताः प्रकटयोगिन्यः पान्तु त्रिचतुरस्रगाः।।३५४।।

त्रिचतुरस्रगा इति। प्रागुक्तचतुरस्रत्रयस्थिताः।

भूपुर की तीनों रेखाओं पर यथाविधि २८ देवियों का पूजन-अर्चन करके उन्हें प्रणाम करें। त्रैलोक्यमोहन में पूजिता इन २८ देवियों को 'प्रकटयोगिनी' कहा जाता है। प्रणाम करने का मन्त्र है—ऐं ह्रीं श्रीं एताः त्रिचतुरस्रगाः प्रकटयोगिन्यः (माम्) पान्तु॥३५४॥

[चक्रार्चा]

त्रैलोक्यमोहनं नाम चक्रं सम्पूजयेत्ततः।

त्रैलोक्येति। त्रैलोक्यमोहनचक्राय नम इति पूजयेत्। एवमेव त्रिपुरार्चनरहस्येऽपि। तन्त्रसारे तु त्रैलोक्यमोहनचतुरस्रचक्राय नम इति प्रयोग उक्तः।

इसके बाद त्रैलोक्यमोहन चक्र की पूजा करें।

[त्रिपुरायाः स्वरूपं पूजनञ्च]

प्रथमावरणे देवीं त्रिपुरां चक्रनायिकाम्।।३५५।।
पाशाङ्कुशकरां रक्तां त्रिनेत्रां परिचिन्तयेत्।

प्रथमावरण इति। (अं आं सौः) त्रिपुरेश्वरीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम इति प्रयोगः।

इस प्रथम आवरण की चक्रेश्वरी भगवती त्रिपुरा हैं। उनका वर्ण लाल है। वे त्रिनेत्रा हैं तथा उनके दोनों हाथों में पाश और अंकुश शोभित हैं।

[अणिमासिद्ध्याद्यर्चा]

अणिमासिद्धिपुरतः पूजयेत्तन्मनुं स्मरन्।
सर्वसंक्षोभिणीं कृत्वा बुद्धञ्च परिपूजयेत्।।३५६।।

अणिमेति। पूर्वं यदणिमासिद्धेः स्थानं दर्शितं तत्रैव पश्चिमद्वारे सर्वसंक्षोभिणीमुद्रां पूजयेदित्यर्थः। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे—

अणिमासिद्धिपुरतः सर्वकार्यार्थसाधिकाम्।
सर्वसंक्षोभिणीं मुद्रां दर्शयेत् कमलानने॥ इति।

तत्रैवाणिमासिद्धिश्रीपादुकां पूजयामि नम इति प्रयोगः। तथा सर्वसंक्षोभिणीमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नम इति प्रयोगः।

अणिमा सिद्धि के सामने चक्रेश्वरी त्रिपुरा का ध्यान करके उनके मन्त्र का उच्चारण करते हुए उनका पूजन करें। बाद में संक्षोभिणी मुद्रा दिखाकर बुद्ध और बौद्ध दर्शन कापूजन करें॥३५५-३५६॥

प्रयोग-क्रम—'ऐं ह्रीं श्रीं त्रैलोक्यमोहनचक्राय नमः' इस मन्त्र से त्रैलोक्य मोहन चक्र को पुष्पाञ्जलि दें।

त्रैलोक्यमोहन चक्र के पश्चिम द्वार पर अणिमा-सिद्धि के सामने (मतान्तर से द्वार-मध्य में) गन्धाक्षत से चक्रनायिका त्रिपुरा का पूजन करें।

अं आं सौः त्रिपुरेश्वरी चक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

चक्रेश्वरी के दाहिनी ओर अणिमा सिद्धि और बाँयीं ओर सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा का उनके नाममन्त्रों से पूजन करके सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा दिखायें।

[बौद्धमन्त्रः]

प्रणवञ्च ततस्तारे चण्डारे भैरवद्वयम्।
वह्निजायानिगदितो बौद्धमन्त्रो मनीषीभिः।।३५७।।

तत्पश्चात् इस त्रैलोक्यमोहन चक्र पर बुद्ध और बौद्ध दर्शन का पूजन करें। बौद्ध मन्त्र है—ॐ तारे चण्डारे ब्रं ब्रं स्वाहा।।३५७।।

[बुद्धतद्दर्शनयोरर्चा]

बुद्धाय बौद्धपूर्वाय दर्शनाय नमः परम्।।३५८।।

बुद्धञ्च परिपूजयेदित्युक्तम्, तद्बुद्धमन्त्रमाह—**प्रणवञ्चेत्यादिना**।

'ॐ तारे चण्डारे ब्रं ब्रं स्वाहा। बुद्धाय बौद्धपूर्वाय दर्शनाय नमः।' इस संयुक्त मन्त्र से बुद्ध और बौद्ध-दर्शन की पूजा करें।।३५८।।

[देव्यै पूजार्पणम्]

एताः प्रकटयोगिन्य इति त्रैलोक्यमोहने।
चक्रे समुद्रा इति च ससिद्धयस्तु सायुधाः।।३५९।।
सवाहनाः सवर्णाद्याः परिवाराः सपूर्विकाः।
ततः सर्वोपचारैश्च पूजिताः सन्तु चोच्चरन्।।३६०।।
अर्घ्योदकाक्षतैः पुष्पैर्देव्यै पूजां समर्पयेत्।

अथ देव्यै प्रकटयोगिनीपूजासमर्पणमुपदिशति—**एता इत्यादिना**। तथाच एताः प्रकटयोगिन्यस्त्रैलोक्यमोहने चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु इति प्रयोगः। तन्त्रसारे तु पूजितास्तर्पिताः सन्तु इति प्रयोगो दृश्यते। स तु निरुक्तप्रमाणविरोधितया नात्र प्रदर्शितः।

आवरणपूजा समाप्त होने पर पुष्प-अक्षत तथा अर्घ्य जलपूर्वक भगवती को पूजन समर्पित करें। समर्पण का मन्त्र है—

ह्रीं श्रीं अं आं एताः प्रकटयोगिन्यः त्रैलोक्यमोहनचक्रे समुद्राः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिता (तुष्टा वरदाः) सन्तु।

विमर्श—पूजा-समर्पण के बाद पद्धतिग्रन्थों में बताये गये विधान के अनुसार प्रार्थना करें—

ॐ।। अभीष्टसिद्धिं मे देहि, शरणागतवत्सले।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्।।

जल छोड़कर योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

द्वितीयावरण अर्चन—सर्वाशापरिपूरक चक्र (षोडशदल कमल) में कामाकर्षिणी आदि नित्यकलाओं का पूजन करने के लिये उनका ध्यान करें।

[गुप्तयोगिनीनां स्वरूपमर्चाक्रमश्च]

जवाकुसुमसङ्काशाः कामाकर्षणिकादिकाः।।३६१।।
पाशशूलधराः पूज्या वामावर्त्तेन षोडश।
पश्चिमादिक्रमेणापि बिन्दुयुक्तैः स्वरैः सह।।३६२।।

अथ षोडशदले सर्वाशापरिपूरकचक्रे वक्ष्यमाणानां गुप्तयोगिनीनां पूजनमभिधास्यन् तासां स्वरूपमाह—**जवेत्यादिना। वामावर्त्तेनेति।** पश्चिमादिक्रमेण सबिन्दुकैः स्वरैः क्रमेणादित एकैकशो निवेशितैः स्वरैः सह पूजयेदिति सम्बन्धः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

पश्चिमादिविलोमेन षोडशारे स्वरान्विताः।
एता नित्याः कलाः पूज्याः स्रवत्पीयूषमण्डलाः।। इति।

एवञ्च अं कामाकर्षिणीनित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः। आं बुद्ध्याकर्षिणीनित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि नमः इत्यादिरूपः प्रयोगः कर्त्तव्य इति ज्ञेयः। द्वितार्यादिप्रयोगस्तु पूर्ववदेव।

'कामाकर्षिणी आदि षोडश नित्याकला देवियों का वर्ण जवा-कुसुम के समान रक्त (लाल) वर्ण का है। उनकी दो भुजायें हैं, जिनमें पाश और शूल शोभित हैं।'

षोडश कमलदल में पश्चिम आदि क्रम से इनका वामावर्त क्रम से पूजन करें। पूजन मन्त्र के आदि में एक-एक बिन्दुयुक्त स्वर की योजना करें।।३६१-३६२।।

[कामाकर्षिण्यादिषोडशगुप्तयोगिन्यः]

कामाकर्षणरूपाञ्च बुद्ध्याकर्षणरूपिणीम्।
अहङ्काराकर्षणीञ्च शब्दाकर्षणरूपिणीम्।।३६३।।
स्पर्शाकर्षणरूपाञ्च रूपाकर्षणरूपिणीम्।
स्मृत्याकर्षणरूपाञ्च नामाकर्षणरूपिणीम्।।३६४।।
बीजाकर्षणरूपाञ्च आत्माकर्षणरूपिणीम्।
अमृताकर्षिणीं देवीं शरीराकर्षिणीं तथा।।३६५।।

[तासामर्चास्थानम्]

एतास्तु गुप्तयोगिन्यः सर्वाशापरिपूरके।

अथ कामाकर्षिण्यादिषोडशगुप्तयोगिनीर्निरूपयति—**कामाकर्षणरूपाञ्चेत्यादिना।** अत्र मूलोक्तः पादः प्रामादिक इति ज्ञानार्णवतन्त्रानुसारेण गुप्तयोगिनीनां नामानि निर्दिश्यन्ते। यथा ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

कामाकर्षिणिकां देवि बुद्ध्यकर्षिणिकां तथा।
अहङ्काराकर्षिणीञ्च शब्दाकर्षणरूपिणीम्।।
स्पर्शाकर्षिणि(?)रूपाञ्च रूपाकर्षिणि(?)रूपिणीम्।
रसाकर्षकरीञ्चैव गन्धाकर्षणकारिणीम्।।
चित्ताकर्षिणिकां तद्वद् धैर्याकर्षिणिकां प्रिये।
नामाकर्षिणिकाञ्चैव बीजाकर्षिणिकान्तथा।।
अमृताकर्षिणीञ्चैव स्मृत्याकर्षिणिकां प्रिये।
शरीराकर्षिणीञ्चैव आत्माकर्षणरूपिणीम्।।
पश्चिमादिविलोमेन षोडशारे स्वरान्विताः।
एता नित्याः कलाः पूज्याः स्रवत्पीयूषमण्डलाः।। इति।

अमृतानन्दनाथकृतायां योगिनीहृदयटीकायां तन्त्रसारे च योगिनीनामासां पूजने पौर्वापर्यक्रमभेदो दृश्यते।

इन तीनों श्लोकों में षोडशदल चक्र में अर्चनीय नित्या कलाओं में से केवल १२ नित्याकलाओं के नाम बताये गये हैं। पन्द्रहवें प्रकाश में नित्या कला न्यास के अवसर पर भी इन नित्याकलाओं के नाम नहीं बताये गये हैं। अतः तन्त्रसार में बताये गये नामों के अनुसार उनके पूजन का प्रयोग-क्रम बताया जा रहा है।।३६३-३६५।।

पूजनमन्त्र—'ह्रीं श्रीं' के बाद बिन्दुयुक्त एक स्वरवर्ण के आगे यथाक्रम 'नित्याकला' का नाम और उसके आगे 'श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः' की योजना करने से इनका पूजन-मन्त्र निष्पन्न होता है।

'ह्रीं श्रीं षोडशदलचक्राय नमः' इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर नित्या कलाओं का पूजन तर्पण करें—

१. ह्रीं श्रीं अं कामाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
२. ह्री श्रीं आं बुद्ध्याकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।



३. ह्रीं श्रीं इं अहंकाराकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः
४. ह्रीं श्रीं ईं शब्दाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
५. ह्रीं श्रीं उं स्पर्शाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
६. ह्रीं श्रीं ऊं रूपाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
७. ह्रीं श्रीं ऋं रक्षाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
८. ह्रीं श्रीं ॠं गन्धाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
९. ह्रीं श्रीं ऌं चित्ताकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१०. ह्रीं श्रीं ॡं धैर्याकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
११. ह्रीं श्रीं एं स्मृत्याकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः
१२. ह्रीं श्रीं ऐं नामाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१३. ह्रीं श्रीं ओं बीजाकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१४. ह्रीं श्रीं औं आत्माकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१५. ह्रीं श्रीं अं अमृताकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
१६. ह्रीं श्रीं अः शरीराकर्षिणी नित्याकलाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[चक्रपूजा]

सर्वाशापूरकं नाम चक्रं सम्पूजयेत्ततः।।३६६।।

सर्वाशेति। सर्वाशापूरिपूरकचक्राय नमः इति प्रयोगः।

'ह्रीं श्रीं सर्वाशापरिपूरकचक्राय नमः'—इस मन्त्र से इस चक्र का गन्ध-पुष्प अक्षत से पूजन करें।।३६६।।

[चक्रनायिकार्चा]

कामाकर्षणरूपायाः पुरतस्त्रिपुरेश्वरीम्।
द्वितीयावरणे मन्त्री त्रिनेत्रां चक्रनायिकाम्।।३६७।।
पाशशूलधरां देवीं तस्य मन्त्रेण पूजयेत्।

अथ निरुक्तचक्रनायिकार्चामाह—**कामेति**। कामाकर्षणरूपायाः प्रथमयोगिन्या पुरतस्त्रिपुरेश्वरीं चक्रनायिकां पूजयेदिति सम्बन्धः। तथाच ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

चक्रेश्वरीं यजेद् देवीं त्रिपुरेशीं समृद्धिदाम्।
कामाकर्षणरूपायाः पुरतः पूजयेत् प्रिये।। इति।

प्रयोगस्तु द्वितार्याद्यन्यतमानन्तरं त्रिपुरेश्वरीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम इति। तन्त्रसारे तु पूर्वतः ऐँ क्लीं सौरिति बीजत्रययोग उक्तः।

पाश-शूलधारिणी त्रिनेत्रा भगवती त्रिपुरेश्वरी इस चक्र की नायिका कामाकर्षिणी के सामने इनके मन्त्र से चक्रनायिका का अर्चन करें। यथा—ह्रीं ऐं क्लीं सौः त्रिपुरेश्वरी चक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।।३६७।।

[मुद्रादर्शनम् ब्रह्मणः पूजनञ्च]

सर्वविद्रावणीं कृत्वा ब्रह्माणं परिपूजयेत्।।३६८।।

सर्वविद्रावणीमिति। पूर्वोपदर्शितां सर्वविद्रावणीमुद्रां प्रदर्श्येत्यर्थः।

'ह्रीं' सर्वविद्रावणी मुद्राश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।' इस मन्त्र से सर्वविद्राविणी का पूजन करके यह मुद्रा दिखायें तत्पश्चात् ब्रह्मा और वैदिक दर्शन का अर्चन करें।।३६८।।

[पूजामन्त्रः]

पतृतीयं वह्नियुतं शेषाख्येन्दुसमन्वितम्।

[दर्शनार्चा]

ब्रह्मणे वैदिकेत्युक्त्वा दर्शनाय नमः स्मरन्।।३६९।।

ब्रह्मणो मन्त्रमाह—**पतृतीयमिति।** पकारस्य तृतीयो वर्णो बकारः स च वह्निना रकारेण युक्तः। शेषाख्येण द्वितीयस्वरेण इन्दुना बिन्दुना च समन्वितः। एतेन ब्रां इति प्राप्तम्। एवञ्च ब्रां ब्रह्मणे नमः इति ब्रह्माणं परिपूजयेत् इति फलितार्थः। **वैदिकेति।** वैदिकदर्शनाय नमः इति प्रयोगः।

'प' से तीसरा वर्ण 'ब' जो वह्नि अर्थात् 'र'कार से युक्त तथा बिन्दु-सहित शेष अर्थात् 'आ' से समन्वित है—अर्थात् 'ब्रां'। इसके बाद ब्रह्मणे। 'ब्रां ब्रह्मणे नमः' से ब्रह्मा की तथा 'वैदिकदर्शनाय नमः' से वैदिक दर्शन की पूजा करें।।३६९।।

[पूजासमर्पणम्]

अथैता गुप्तयोगिन्यः सर्वाशापरिपूरके।
चक्रे समुद्रा इत्यादिपूर्ववन्मनुनाऽमुना।
समर्प्य मूलदेव्यै तां पूजामर्घ्योदकादिभिः।।३७०।।

अथ देव्यै पूजासमर्पणमाह—**अथैता इत्यादिना।** एवञ्च—एता गुप्तयोगिन्यः सर्वाशापरिपूरके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः पूजिताः सन्तु इति प्रयोगः।

पूजा-समर्पण—'ऐं ह्रीं श्रीं एताः गुप्तयोगिन्यः सर्वाशापरिपूरके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः पूजिताः सन्तु'—इस मन्त्र से सामान्यार्घ्य के जल आदि से भगवती को पूजा समर्पित करें।।३७०।।

विमर्श—'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' श्लोक से प्रार्थना करके पुष्पाञ्जलि देकर योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

[गुप्ततरयोगिनीनामर्चा स्वरूपञ्च]

अष्टपत्रे यजेन्मन्त्री कादिवर्गाष्टकेन च।।३७१।।

अनङ्गकुसुमारक्ता रक्तवस्त्रा स्त्रिलोचनाः।
अक्षस्त्रक्पुस्तकाभीतिवरदाढ्यकराम्बुजाः ।।३७२।।
अनङ्गकुसुमां पूर्वे दक्षिणेऽनङ्गमेखलाम्।
पश्चिमेऽनङ्गमदनामुत्तरे मदनातुराम्।।३७३।।
अनङ्गरेखाञ्चाऽऽग्नेय्यां नैर्ऋतेऽनङ्गवेगिनीम्।
अनङ्गाङ्कुशान्तु वायव्ये शम्भौ चानङ्गमालिनीम्।।३७४।।

[आसां तृतीयावरणवृत्तित्वम्]

एता गुप्ततराः सर्वास्तृतीयावरणे स्थिताः।

एवं षोडशदले सर्वाशापरिपूरकचक्रे कामाकर्षिण्यादीनां पूजनमभिधाय तदन्तरष्टदले सर्वसंक्षोभणचक्रेऽनङ्गकुसुमादीनां गुप्ततरयोगिनीनां पूजनमाह—**अष्टपत्र** इत्यादिना। **कादीति**। कादिवर्गाणामेकैकं सबिन्दुकमादौ योजयित्वा पूजयेदित्युत्तरत्र दर्शयिष्यामः। अनङ्गकुसुमारक्तेति स्पष्टम्। अत्र अनङ्गकुसुमारक्तेत्यादिना प्राथम्याद-नङ्गकुसुमायाः स्वरूपं प्रदर्शितम्। अन्यासामपि स्वरूपमिदमेव बोध्यम्। योगिनीहृदये तृतीयपटले—

अनङ्गकुसुमाधास्तु रक्तकञ्चुकशोभिताः।
वेणीकृतलसत्केशाश्चापबाणधराः शुभाः।।

इत्यभिन्नरूपतादर्शनात्।

पूजास्थानमाह—**अनङ्गेत्यादिना**। पूर्वे पूर्वपत्रे यजेदिति सम्बन्धः। एवमन्य-त्रापि। एवञ्च कं खं गं घं ङं अनङ्गकुसुमादेवीश्रीपादुकां पूजयामीत्यादिरूपः प्रयोगः। त्रितार्यादिप्रयोगस्तु पूर्ववदेव। कादिवर्गाष्टकपूर्वकत्वं व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

सर्वसंक्षोभणे चक्रे यजेद् गुप्ततराभिधाः।
अनङ्गकुसुमां प्राच्यां क-वर्गेण प्रपूजयेत्।।
दक्षिणे च च-वर्गेण तथा चानङ्गमेखलाम्।
अनङ्गमदनां पश्चाट्ट-वर्गेण प्रपूजयेत्।।
त-वर्गेणोत्तरे पश्चादनङ्गमदनातुराम्।
अनङ्गरेखामाग्नेये प-वर्गेण प्रपूजयेत्।।
राक्षसेऽनङ्गवेगान्तु य-वर्गेण प्रपूजयेत्।।
वायव्ये तु श-वर्गेण तथाऽनङ्गाङ्कुशां यजेत्।
ईशान्ये ल-क्ष-वर्गेण पूज्याऽनङ्गादिमालिनी।। इति।

अत्रानङ्गादिमालिनी अनङ्गमालिनीत्यर्थः। **सर्वेति**। तथाच सर्वसंक्षोभणाष्टारचक्राय नम इति प्रयोगः।

तृतीयावरण—अष्टदल वाले सर्व-संक्षोभण चक्र में पूर्वादि क्रम से अनंग- कुसुमा आदि गुप्ततर योगिनियों का पूजन करें। इन योगिनियों का वर्ण लाल है, वस्त्र भी लाल हैं। वे चतुर्भुजा एवं त्रिलोचना हैं। उनके हाथों में अक्षमाला, पुस्तक, अभय एवं वरमुद्रायें हैं। प्रत्येक योगिनी के नाम के आगे वर्णमाला के एक-एक वर्ग की योजना करके उनका पूजन किया जाता है। प्रयोग-क्रम निम्नानुसार है—



१. ह्रीं श्रीं कं खं गं घं ङं अनंगकुसुमादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—पूर्वे।

२. ह्रीं श्रीं चं छं जं झं ञं अनंगमेखलादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—दक्षिणे।

३. ह्रीं श्रीं टं ठं डं ढं णं अनंगमदनादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—पश्चिमे।

४. ह्रीं श्रीं तं थं दं धं नं अनंगमदनातुरादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—उत्तरे।

५. ह्रीं श्रीं पं फं बं भं मं अनंगरेखादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—आग्नेयकोणे।

६. ह्रीं श्रीं यं रं लं वं अनंगवेगाश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—नैर्ऋत्ये।

७. ह्रीं श्रीं शं षं सं हं अनंगाङ्कुशादेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—वायव्ये।

८. ह्रीं श्रीं ळं क्षं अनंगमालिनीदेवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः—ईशाने।

[चक्रार्चा]

सर्वसंक्षोभणं चक्रमष्टारञ्च प्रपूजयेत्।।३७५।।

योगिनियों की पूजा करने के बाद अष्टदल कमलरूप सर्वसंक्षोभण चक्र का पूजन करें। 'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभण अष्टदलचक्राय नमः' ये पुष्पाञ्जलि समर्पित करें।।३७५।।

[चक्रनायिकार्चा]

अनङ्गकुसुमाग्रे तु चक्रेशीं सुन्दरीं यजेत्।।३७६।।

चक्रेश्वरीपूजनमाह—**अनङ्गेति**। अनङ्गकुसुमायाः प्रथमयोगिन्या अग्रे चक्रेश्वरीं त्रिपुरसुन्दरीं पूजयेदित्यर्थः। तथाच ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

चक्रेश्वरीं यजेद्देवीं ततस्त्रिपुरसुन्दरीम्।
अनङ्गकुसुमाग्रे च सर्वसाम्राज्यदायिनीम्।। इति।

अत्र तन्त्रसारकृता त्रितारीप्रयोगानन्तरम् ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरीचक्रनायिका-श्रीपादुकां पूजयामि नमः इति प्रयोगो दर्शितः।

अनंगकुसुमा के सामने इस आवरण की स्वामिनी भगवती त्रिपुरसुन्दरी का पूजन करें। उनका पूजन मन्त्र है—'ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरी चक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'

[मुद्राप्रदर्शनम्, शिवार्चा]

तत आकर्षिणीं कृत्वा प्रासादेन शिवं यजेत्।

[दर्शनार्चा]

शिवाय शैवरूपाय दर्शनाय नमः स्मरन्।।३७७।।

तत इति। ततश्चक्रेश्वरीपूजनानन्तरम् आकर्षिणीं कृत्वा सर्वाकर्षिणीमुद्रां प्रदर्श्येत्यर्थः, 'सर्वाकर्षणमुद्राञ्च दर्शयेत् सुरवन्दिते' इति ज्ञानार्णवे षोडशपटले व्यक्तमभिधानात्। अनेन सर्वाकर्षिणीमुद्रायाः प्रदर्शनमेव प्रतीयते, न तु पूजनम्। अत्र तन्त्रसारकृता सर्वाकर्षिणीमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः इति यत् पूजनमुक्तं तत्रानुकूलं प्रमाणं किमपि नोपलभ्यते। प्रासादेन हौं इति प्रासादबीजेन। हौं शिवाय नमः। शैव-दर्शनाय नमः इति। तन्त्रसारे तु जिनेन्द्रदर्शनाय नमः इति दृश्यते।

चक्रेश्वरी का पूजन करने के बाद सर्वाकर्षिणी मुद्रा दिखाकर 'ह्रौं शिवाय नमः' से भगवान् शिव का तथा 'ॐ शैवदर्शनाय नमः' इस मन्त्र से शैव-दर्शन का पूजन करें।।३७६-३७७।।

[पूजासमर्पणम्]

एता गुप्ततरेत्युक्त्वा योगिन्य इति शब्दतः।
सर्वसंक्षोभवर्णान्ते कारके चक्र इत्यपि।।३७८।।
समुद्रेत्यादिसर्वञ्च पूर्ववत् परिकल्पयेत्।
सर्वसिद्धिप्रदं नाम सृष्टिचक्रत्रयात्मकम्।।३७९।।

एता इति। तथाच एता गुप्ततरयोगिन्यः सर्वसंक्षोभकारके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु इति मूलदेव्यै प्रागुक्तक्रमेण पूजां समर्पयेत्।

पूजा-समर्पण—ऐं ह्रीं श्रीं एताः गुप्ततरयोगिन्यः सर्वसंक्षोभणकारकचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु'—यह मन्त्र बोलकर अर्घ्योदक पुष्पाक्षत प्रदान-पूर्वक भगवती को पूजा समर्पित करें।

'अभीष्टसिद्धिं मे ······ तृतीयावरणार्चनम्'—इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि प्रदान कर योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

उपर्युक्त प्रथम-द्वितीय और तृतीय चक्रों को सृष्टिचक्र कहा जाता है। इनका पूजन करने से सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।।३७८-३७९।।

[सत्सम्प्रदाययोगिनीनामर्चा]

चतुर्दशारचक्रे तु पूजयेत् पश्चिमक्रमात्।
वामावर्त्तेन मन्त्रज्ञः सर्वसंक्षोभणादिकाः।।

अथ चतुर्दशारे सर्वसौभाग्यदायकचक्रे सर्वसंक्षोभण्यादिशक्तीनां सत्सम्प्रदाय-योगिनीनां पूजनमाह—**चतुर्दशारेत्यादिना।**

चतुर्थ आवरण—मन्त्रविद् साधक चतुर्दशारचक्र में पश्चिम से प्रारम्भ कर वामावर्त क्रम से सर्व संक्षोभणी आदि चतुर्दश सत्सम्प्रदाय योगिनियों का पूजन करे।

[तासां स्वरूपम्]

सूर्यकान्तप्रतीकाशा धनुर्बाणकराम्बुजाः।।३८०।।

एतासां ध्यानमाह—**सूर्येति।**

इन योगिनियों की कान्ति सूर्यकान्त मणि के समान है तथा ये अपने हाथों में धनुष और बाण धारण की हुई हैं।।३८०।।

[चतुर्दश सत्सम्प्रदाययोगिन्यः]

सर्वसंक्षोभणीं शक्तिं सर्वविद्रावणीं तथा।
सर्वाकर्षणशक्तिञ्च सर्वाह्लादनकारिणीम्।।३८१।।
सर्वसम्मोहनीं शक्तिं सर्वस्तम्भनरूपिणीम्।
सर्वजृम्भणशक्तिं च सर्वतोवशकारिणीम्।
सर्वरञ्जनशक्तिञ्च सर्वोन्मादस्वरूपिणीम्।।३८२।।
सर्वार्थसाधिनीं शक्तिं सर्वसम्पत्तिपूरणीम्।
सर्वमन्त्रमयीं शक्तिं सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करीम्।।३८३।।

सर्वसंक्षोभणीशक्त्यादिचतुर्दशसत्सम्प्रदाययोगिनीराह—**सर्वसंक्षोभणीमित्यादिना सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करीमित्यन्तेन।** सर्वत्र पूजयेदिति पूर्वेण सम्बन्धः।

इस चक्र में पूजनीय सर्वसंक्षोभणी आदि १४ सत्सम्प्रदाय योगिनियों के नाम इन तीन श्लोकों में बताये गये हैं।।३८१-३८३।।

[एतासां प्रथमावरणवृत्तित्वम्]

सत्सम्प्रदाययोगिन्यः प्रथमावरणे स्थिताः।

ये सत्सम्प्रदाय योगिनयाँ चक्रत्रयात्मक स्थिति-चक्र के प्रथम आवरण में विराजिता हैं।

[अर्चाक्रमश्चक्रपूजनञ्च]

कादिढान्ताक्षरैरिष्ट्वा सर्वसौभाग्यदं यजेत्।।३८४।।

पूजने योगिनीनां पुरतो वर्णयोजनमाह—**कादीति**। ककारादि-ढकारान्तानि चतुर्दशाक्षराणि सबिन्दुकानि क्रमेणैकैकशः पूर्वतो योजयित्वाऽर्चयेदिति बोध्यम्, तथाच द्वितार्याद्यन्यतमप्रयोगानन्तरं कं सर्वसंक्षोभणीशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः। खं सर्वविद्रावणीशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि नमः इत्यादिरूपाः प्रयोगा ज्ञेयाः। पूजनन्तु वामावर्त्तेन कर्त्तव्यम्;

सर्वसौभाग्यदे चक्रे पश्चिमादिविलोमतः।
वाममार्गेण देवेशि सम्पूज्याः सर्वसिद्धिदाः।।

इति ज्ञानार्णवे षोडशपटले विशिष्याभिधानात्। **सर्वेति**। तथाच सर्वसौभाग्यदायकचतुर्दशारचक्राय नम इति प्रयोगः।

'क'कार से 'ढ'कार-पर्यन्त चौदह व्यञ्जन वर्णों में से एक-एक वर्ण की इनके नाम के साथ योजना करके अधोलिखित प्रयोग-क्रम के अनुसार इनका पूजन किया जाय।।३८४।।

(१) ह्रीं श्रीं कं सर्वसंक्षोभिणी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(२) ह्रीं श्रीं खं सर्वविद्राविणी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(३) ह्रीं श्रीं गं सर्वाकर्षिणी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(४) ह्रीं श्रीं घं सर्वाह्लादिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।



(५) ह्रीं श्रीं ङं सर्वसम्मोहिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(६) ह्रीं श्रीं चं सर्वस्तम्भिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(७) ह्रीं श्रीं छं सर्वजृम्भिणी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(८) ह्रीं श्रीं जं सर्ववशंकरी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(९) ह्रीं श्रीं झं सर्वरञ्जिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(१०) ह्रीं श्रीं ञं सर्वोन्मादिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(११) ह्रीं श्रीं टं सर्वार्थसाधिनी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(१२) ह्रीं श्रीं ठं सर्वसम्पत्तिपूरणी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(१३) ह्रीं श्रीं डं सर्वमन्त्रमयी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
(१४) ह्रीं श्रीं ढं सर्वद्वन्द्वक्षयंकरी देवीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[एतच्चक्रनायिकायाः पूजनं स्वरूपञ्च]

सर्वसंक्षोभणीं शक्तिं पुरतः पुरवासिनीम्।
हिमकुन्देन्दुधवलां श्रीचक्रनायिकां पराम्।
पाशाङ्कुशवराभीतिकरां पीनपयोधराम्।।३८५।।

सर्वसंक्षोभणीमिति। निरुक्तासु चतुर्दशयोगिनीषु प्रथमायाः सर्वसंक्षोभणी-शक्त्याः पुरतः पुरवासिनीं त्रिपुरवासिनीं पूजयेत्। तथाच त्रिपुरवासिनीचक्रनायिका-श्रीपादुकां पूजयामि नम इति प्रयोगः। तन्त्रसारे तु पूर्वतः हैं हः क्लीं ह्सौः इति बीजचतुष्टययोगो दृश्यते।

'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसौभाग्यदायकचक्राय नमः' इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर सर्वसंक्षोभणी के आगे इस चक्र की अधिष्ठात्री देवी त्रिपुरवासिनी का पूजन करें। मन्त्र है—ऐं ह्रीं श्रीं हैं ह्क्लीं ह्सौः त्रिपुरवासिनी चक्रेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

भगवती त्रिपुरवासिनी की देह-कान्ति हिम (बर्फ), कुन्द (पुष्प) तथा चन्द्रमा के समान श्वेत-धवल और उज्ज्वल है। स्तन पुष्ट और पीन हैं। वे चतुर्भुजा हैं। उनके हाथों में पाश-अंकुश-वर और अभय मुद्रा है। इनका इस प्रकार ध्यान करके उक्त मन्त्र से पूजन करें॥३८५॥

[मुद्राप्रदर्शनं सूर्यपूजनञ्च]

वश्यमुद्रां दर्शयित्वा सूर्यं तन्मनुना यजेत्।

[दर्शनार्चा]

सूर्याय सौरपूर्वाय दर्शनाय नमः स्मरन्।।३८६।।

वश्येति। प्रागुपदर्शितां सर्ववश्यकरीं मुद्रां प्रदर्श्येत्यर्थः। **सूर्यमिति।** सूर्यं सम्पूज्य सौरदर्शनाय नम इति पूजयेत् इत्यर्थः। तन्त्रसारे तु अत्र सांख्य-मीमांसान्याय-दर्शनेभ्यो नम इति दृश्यते।

'ब्लूं' का उच्चारण करके सर्ववशंकरी मुद्रा दिखायें। सूर्य के मन्त्र (ॐ घृणि सूर्य आदित्य) से सूर्य का पूजन करें। तत्पश्चात् 'ॐ सूर्याय सौरदर्शनाय नमः' इस मन्त्र से सौर दर्शन का पूजन करें॥३८६॥

[पूजासमर्पणम्]

एताः सम्प्रदाययोगिन्यः सर्वसौभाग्यदायके।
चक्रे समुद्रा इत्यादि पूर्ववत् परिकल्पयेत्।।३८७।।

एता इति। तथाच एताः सम्प्रदाययोगिन्यः सर्वसौभाग्यदायके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु इति पूर्ववन्मूलदेव्यै पूजां समर्पयेत्।

पूजा-समर्पण—हाथ में अर्घ्य जल-पुष्प और अक्षत लेकर 'एताः सम्प्रदाययोगिन्यः सर्वसौभाग्यदायके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु' बोलकर पूजा का फल भगवती को समर्पित कर दें।।३८७।।

'अभीष्टसिद्धिं मे .... तुरीयावरणार्चनम्' प्रार्थना करके पुष्पाञ्जलि प्रदानपूर्वक योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

[कुलकौलिकयोगिनीनां स्वरूपं स्थापनञ्च]

वराभयकराः श्वेताः सर्वसिद्धिप्रदायिकाः।
सर्वार्थसाधके चक्रे पञ्चमावरणे स्थिताः।।३८८।।

अथ बहिर्दशारे सर्वार्थसाधकचक्रे कुलकौलिकयोगिनीनां पूजनमभिधास्यन् तासां स्वरूपमाह—**वरेति। सर्वेति।** एवंलक्षणा वक्ष्यमाणाः सर्वसिद्धिप्रदादिकुलकौलिकयोगिन्यः पञ्चमावरणे बहिर्दशारे स्थिता इत्यर्थः। तदुक्तं ज्ञानार्णवे षोडशपटले—

सर्वार्थसाधके चक्रे दशारे कुलयोगिनीः।
पूजयेत् सर्वकार्यार्थसिद्धिदाः पञ्चमे क्रमात्।। इति।

पञ्चम आवरण—सर्वार्थसाधक नामक बहिर्दशार चक्र पञ्चम आवरण है। इस चक्र में विराजिता सर्वसिद्धिप्रदा आदि कुलकौलिक योगिनियों का वर्ण श्वेत है। उनके हाथों में वर और अभय मुद्रा शोभित है।

[पूजापरिपाटी]

णादिभान्ताक्षरं दत्त्वा पश्चिमादिक्रमाद् यजेत्।।३८९।।

अथैतासां पूजापरिपाटीमाह—**णादीति।** णकारादिभकारान्तदशाक्षराणि सबिन्दुकानि एकैकशः क्रमेणाऽऽदौ नियोज्य पश्चिमतो वामावर्त्तेन पूजयेत्।

पश्चिमादिविलोमेन दशारे पूजयेदिमाः।

इति ज्ञानार्णवे षोडशपटले विशिष्याभिधानात्। तथाच द्वितार्याद्यन्यतमानन्तरं णं सर्वसिद्धिप्रदादेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। तं सर्वसम्पत्प्रदादेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम इत्यादिरूपः प्रयोगः।

'ण'कार से 'भ'कार-पर्यन्त दश व्यञ्जन वर्णों में से यथाक्रम एक-एक वर्ण की इनके नाम के आगे योजना करके पश्चिमादि वामावर्तक्रम से इनका पूजन-तर्पण किया जाय। पश्चिमादि का अर्थ है कि देवी के सामने वाले कोण से प्रारम्भ करके पूजन करें।

[दश कुलकौलिकयोगिन्यः]

सर्वसिद्धिप्रदां देवीं सर्वसम्पत्प्रदां तथा।
सर्वप्रियङ्करीञ्चैव सर्वमङ्गलकारिणीम्।।३९०।।
सर्वकामप्रदां देवीं सर्वदुःखप्रमोचिनीम्।
सर्वमृत्युप्रशमनीं सर्वविघ्नविनाशिनीम्।।३९१।।
सर्वाङ्गसुन्दरीं देवीं सर्वसौभाग्यदायिनीम्।

[एतासां पूजनोपदेशः]

कुलकौलिकयोगिन्य एतास्तु परिपूजयेत्।।३९२।।

अथ दश कुलकौलिकयोगिनीराह—**सर्वसिद्धिप्रदामित्यादिना सर्वसौभाग्यदायिनीमित्यन्तेन। सर्वेति सर्वार्थसाधकबहिर्दशारचक्राय नमः इति प्रयोगः।**

इन दो श्लोकों में इस चक्र में अर्चनीय कुलकौलिक योगिनियों के नाम बताये गये हैं। इनका निम्नानुसार पूजन करें॥३९०-३९१॥



(१) ह्रीं श्रीं णं सर्वसिद्धिप्रदा देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(२) ह्रीं श्रीं तं सर्वसम्पत्प्रदा देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(३) ह्रीं श्रीं थं सर्वप्रियंकरी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(४) ह्रीं श्रीं दं सर्वमंगलकारिणी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(५) ह्रीं श्रीं धं सर्वकामप्रदा देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(६) ह्रीं श्रीं नं सर्वदुःख-विमोचिनी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(७) ह्रीं श्रीं पं सर्वमृत्युप्रशमनी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(८) ह्री श्रीं फं सर्वविघ्ननिवारिणी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(९) ह्रीं श्रीं बं सर्वांगसुन्दरी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(१०) ह्रीं श्रीं भं सर्वसौभाग्यदायिनी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[चक्रार्चा]

सर्वार्थसाधकं चक्रं ततः पूर्वोक्तलक्षणम्।

[चक्रनायिकार्चा]

सर्वसिद्धिप्रदाग्रे तु नायिकां त्रिपुराश्रियम्।।३९३।।

चक्रेश्वरीपूजनमाह—**सर्वसिद्धीति**। सर्वसिद्धिप्रदायाः प्रथमयोगिन्याः पुरतश्चक्रनायिकां त्रिपुराश्रियं पूजयेत्। तथाच त्रिपुराश्रीचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नम इति प्रयोगः। तन्त्रसारे तु त्रितार्यनन्तरम् आदौ ह्सैं ह्सक्लीं ह्सौरिति बीजयोगो दृश्यते।

'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वार्थ साधक बहिर्दशार चक्राय नमः'—इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर सर्वसिद्धिप्रदा के सामने चक्र नायिका त्रिपुरा श्री का पूजन करें। उनका पूजन मन्त्र है—'ऐं ह्रीं श्रीं ह्सैं ह्सक्लीं हसौः त्रिपुरा श्री चक्रेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः'।

[मुद्राप्रदर्शनादि]

सन्दर्श्योन्मादिनीं मुद्रां नारायणं प्रपूजयेत्।
नमो नारायणं ङेऽन्तं प्रणवाद्यमथापि वा।
विष्णवे वैष्णवान्ते च दर्शनाय नतिं स्मरन्।।३९४।।

सन्दर्श्येति। उन्मादिनीं सर्वोन्मादिनीं प्रागुक्तलक्षणाम्। **नारायणमिति**। ॐ नमो नारायणायेत्यष्टाक्षरमन्त्रेण विष्णवे नम इत्यनेन वा पूजयेदित्यर्थः। **वैष्णव इति**। वैष्णवदर्शनाय नम इति दर्शनं पूजयेत्।

'सः' का उच्चारण करके सर्वोन्मादिनी मुद्रा दिखायें। 'ॐ नमो नारायणाय' इस मन्त्र से नारायण की पूजा करके 'ॐ विष्णवे वैष्णवदर्शनाय नमः' इस मन्त्र से वैष्णव दर्शन का पूजन करें।।३९४।।

एताः पदं समुद्धृत्य कुलकौलिकपदं ततः।
योगिन्य इति सर्वार्थसाधके चक्र इत्यपि।
ततः समुद्रा इत्यादिपूर्ववत् परिकल्पयेत्।।३९५।।

एता इति। तथाच एताः कुलकौलिकयोगिन्यः सर्वार्थसाधके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु इति प्रयोगः।

३ एताः कुलकौलिकयोगिन्यः सर्वार्थसाधके चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः सम्पूजिताः सन्तु'—इस मन्त्र से अर्घ्योदक एवं पुष्प-सहित भगवती को पूजा समर्पित करके प्रार्थना करें—'अभीष्टसिद्धिं -------- पञ्चमावरणार्चनम्'। योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

[निगर्भयोगिनीनां स्वरूपं स्थानञ्च]

पुस्ताभयज्ञानमुद्रा अक्षसूत्रकराः सिताः।
सर्वरक्षाकरे चक्रे निगर्भयोगिनीगणाः।।३९६।।

[पूजापरिपाटी]

पश्चिमादिक्रमादेता मादिक्षान्ताक्षरैर्यजेत्।

अथान्तर्दशारे सर्वरक्षाकरचक्रे सर्वज्ञादीनां निगर्भयोगिनीनां पूजनमभिदधानस्तासां स्वरूपमाह—**पुस्तेति। पश्चिमेति।** पश्चिमतो वामावर्तेनैताः पूजयेत्।

पश्चिमादिविलोमेन पूजयेद् पङ्क्तियोनिके। इति।

मादिक्षान्ताक्षरैरिति। पूर्ववन्मकारादिक्षकारान्तदशाक्षराण्येकैकशः क्रमेण आदितो नियोज्य यजेदित्यर्थः। तथाच मं सर्वज्ञादेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। यं सर्वशक्तिदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नम इत्यादिरूपः प्रयोगः। सर्वत्र द्वितार्याद्यन्यतमप्रयोगः पूर्ववत्।

षष्ठावरण—सर्वरक्षाकर-संज्ञक अन्तर्दशार चक्र में विराजिता सर्वज्ञा आदि दस निगर्भ योगिनियों का ध्यान करके पश्चिम से प्रारम्भ करके वामावर्त क्रम से इनका अर्चन करें। निगर्भयोगिनियों का वर्ण श्वेत है। वे चतुर्भुजा हैं। उनके हाथों में पुस्तक एवं अभय मुद्रा तथा ज्ञान मुद्रा एवं अक्षमाला है।। 'म'कार से 'क्ष'-पर्यन्त दस वर्णों में से यथाक्रम एक-एक वर्ण की नाम के आगे योजना करके उनका पूजन किया जाय।।३९६।।

[दश निगर्भयोगिन्यः]

सर्वज्ञां सर्वशक्तिञ्च सर्वैश्वर्यप्रदायिनीम्।।३९७।।
सर्वज्ञानमयीं देवीं सर्वव्याधिविनाशिनीम्।
सर्वाधारस्वरूपाञ्च सर्वपापहरां तथा।।३९८।।
सर्वानन्दमयीं देवीं सर्वरक्षास्वरूपिणीम्।
गन्धाद्यैरुपचारैस्तु सर्वेप्सितफलप्रदाम्।।३९९।।

अथ दश निगर्भयोगिनीराह—**सर्वज्ञामित्यादिना सर्वेप्सितफलप्रदामित्यन्तेन।** गन्धाद्यैरुपचारैर्यजेदिति सर्वत्र सम्बध्यते।

इन तीन श्लोकों में इस आवरण में पूजा की जाने वाली निगर्भ-योगिनियों के नाम बताये गये हैं। इनके अर्चन का प्रयोग-क्रम निम्नानुसार है।।३९७-३९९।।
(३ का अर्थ है—ऐं ह्रीं श्रीं)



(१) ३ 'मं' सर्वज्ञादेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(२) ३ यं सर्वशक्तिदेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(३) ३ रं सर्वैश्वर्यप्रदायिनीदेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(४) ३ लं सर्वज्ञानमयीदेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(५) ३ वं सर्वव्याधिविनाशिनीदेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(६) ३ शं सर्वाधारस्वरूपादेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(७) ३ षं सर्वपापहरादेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(८) ३ सं सर्वानन्दमयीदेवी श्रीपादुकां पूज्यामि तर्पयामि नमः।

(९) ३ हं सर्वरक्षाकररूपादेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(१०) ३ क्षं सर्वेप्सितफलप्रदादेवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[चक्रार्चा चक्रनायिकार्चा]

सर्वरक्षाकरं चक्रं ध्यायेच्छ्रीचक्रनायिकाम्।
सर्वज्ञापुरतो मन्त्री त्रिपुरामालिनीं पराम्।।४००।।
पाशाङ्कुशधनुर्बाणधरां श्वेताम्बुजश्रियम्।

[मुद्राप्रदर्शनादि]

महाङ्कुशाख्यं सन्दर्श्य जिनेशं विष्णुमर्चयेत्।।४०१।।

सर्वरक्षेति। चक्रं यजेदिति सम्बन्धः। तथाच सर्वरक्षाकरान्तर्दशारचक्राय नम इति प्रयोगः। **ध्यायेदिति।** त्रिपुरामालिनीचक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम इति प्रयोगः। तन्त्रसारे तु त्रितार्यनन्तरमादौ ह्रीं क्लीं ब्लुमिति बीजयोगो दृश्यते। **महेति।** सर्वमहाङ्कुशमुद्रां प्रागुक्तलक्षणाम्।

गन्ध-पुष्प-अक्षत आदि उपचारों से निगर्भयोगिनियों का पूजन करके 'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वरक्षाकर अन्तर्दशारचक्राय नमः'—इस मन्त्र से इस चक्र का पूजन करें। गन्ध आदि उपचार चढ़ायें।

सर्वज्ञा देवी के सामने चक्रनायिका त्रिपुरामालिनी का ध्यान करें। देवी त्रिपुरामालिनी की देह-कान्ति श्वेत कमल के समान है। वे चतुर्भुजा हैं। इनके चारो हाथों में पाश-अंकुश-धनुष और बाण शोभित हैं।

'ऐं ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं ब्लूं त्रिपुरामालिनी चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि नमः'—इस मन्त्र से भगवती त्रिपुरामालिनी की यथाविधि पूजा करें। (क्रों) महाङ्कुशा मुद्रा दिखायें और जिनेश विष्णु की पूजा करें।।४०१।।

विमर्श—यहाँ विष्णु-पूजन और दर्शन आदि का उल्लेख नहीं किया गया है। अतः इस चक्र में अष्टाक्षरी मन्त्र से विष्णु की तथा वैष्णव-दर्शन का बहिर्दशारवत् अर्चन करें, जैसा कि 'श्रीविद्यार्णव' तन्त्र में बताया गया है।

[पूजासमर्पणम्]

एता निगर्भयोगिन्यः सर्वरक्षाकरे पदात्।
चक्रे समुद्रा इत्यादि पूर्ववत् परिकल्पयेत्।।४०२।।

अथ मूलदेव्यै पूजासमर्पणस्य क्रममाह—**एता इति**। तथाच एता निगर्भयोगिन्यः सर्वरक्षाकरे चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु इति प्रयोगः।

पूजा-समर्पण—'एताः निगर्भयोगिन्यः सर्वरक्षाकरे चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु'—इस मन्त्र से गन्धाक्षत तथा अर्घ्योदक-सहित पूजा का फल भगवती को समर्पित करके 'अभीष्टसिद्धिं मे -------- षष्ठावरणार्चनम्' मन्त्र से प्रार्थना करें। पुष्पाञ्जलि देकर योनिमुद्रा से प्रणाम करें।।४०२।।

[स्थितिचक्रोपसंहारः संहारचक्रनिरूपणप्रतिज्ञा च]

स्थितिचक्रं समाख्यातं संहारं कथयाम्यथ।।४०३।।

स्थितीति। सर्वसौभाग्यदायकं सर्वार्थसाधकं सर्वरक्षाकरञ्चेत्येतत्त्रितयात्मकं स्थितिचक्रमित्यर्थः। वक्ष्यमाणत्रितयात्मकं संहारचक्रं निरूपयितुं प्रतिजानीते—**संहारमित्यादिना**।

श्रीयन्त्र के मध्यवर्ती तीन चक्रों अर्थात् सर्वसौभाग्यदायक, सर्वार्थसाधक और सर्वरक्षाकर चक्र को स्थितिचक्र कहते हैं। स्थितिचक्र के बाद संहारचक्रों में पूजन का निरूपण किया जा रहा है।।४०३।।

[वशिन्याद्यष्टरहस्ययोगिन्यः]

पश्चिम्नायमार्गेण वशिन्याद्यष्टदेवताः।

[तासां स्वरूपम्]

नवीनार्कसमाभासाः सर्वालङ्कारभूषिताः।।४०४।।
धनुर्बाणाक्षमालाञ्च पुस्तकं बिभ्रतीः करैः।

[पूजाक्रमः]

न्यासोक्तमनुना मन्त्री यजेद् वर्गाष्टकेन तु।

[एतासामष्टारवृत्तित्वम्]

एता रहस्ययोगिन्यः प्रथमावरणे स्थिताः।।४०५।।

तत्र प्रथममष्टारे सर्वरोगहरे चक्रे वशिन्यादीनां रहस्ययोगिनीनां पूजनमभिदधानस्तासां स्वरूपमाह—**नवीनार्केति**। वशिन्याद्यास्तु वशिन्याद्यष्टवाग्देवीरेषु स्थानेषु विन्यसेदित्यादिना पञ्चदशे न्यासप्रकरणे समुद्दिष्टास्ताश्च तट्टीकायां वशिनी-कामेश्वरी-मोदिनी-विमलारुणा-जयिनी-सर्वेश्वरी-कौलिन्याख्या अष्टाविति विशिष्य प्रदर्शिताः। **न्यासोक्तेति**। पूर्वप्रदर्शितन्यासोक्तमन्त्रेणैवैताः पूजयेत्। **वर्गाष्टकेनेति**। वशिन्यादीनामष्टानां पुरतः क्रमेण वर्गाष्टक प्रयोज्य पूजयेदित्यर्थः। एवञ्च अकारादिषोडशस्वराण्युच्चार्य वरलूं वशिनीवाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि नमः इत्यादिरूपः प्रयोगः; त्रितार्यादिप्रयोगस्तु पूर्ववदेव।

सप्तमावरणार्चन—तीन आवरणों वाले संहार-चक्र के प्रथम आवरण अर्थात् आठ कोणों वाले सर्वरोगहर चक्र में वशिनी आदि आठ वाग्देवताओं का पश्चिमादि वामावर्त क्रम से पूजन करें।

वशिनी आदि वाग्देवताओं का वर्ण सद्यः उदित सूर्य के समान लाल और देदीप्यमान है। वे सभी आभूषणों से विभूषिता हैं। चतुर्भुजा वाग्देवताओं के चार हाथों में क्रमशः धनुष-बाण-अक्षमाला और पुस्तक है।

न्यास-क्रम (पन्द्रहवाँ प्रकाश) में बताये गये उनके बीजाक्षरों के साथ वर्णमाला के एक-एक वर्ग की योजना करके देवी के अग्रकोण से आरम्भ करके वामावर्तक्रम से उनकी पूजा करें।।४०४-४०५।।

प्रयोग-क्रम—प्रत्येक पूजन-मन्त्र के आदि में 'ह्रीं श्रीं' की पूर्ववत् योजना कर लें—



(१) अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः 'ब्लूं' वशिनी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(२) कं खं गं घं ङं क्लह्रीं कामेश्वरी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(३) चं छं जं झं ञं 'न्व्लीं' मोदिनी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नगः।

(४) टं ठं डं ढं णं य्लूं विमला वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(५) तं थं दं धं नं 'ज्म्रीं' अरुणा वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(६) पं फं बं भं मं ह्स्ल्व्यूं जयिनी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(७) यं रं लं वं झम्र्यूं सर्वेश्वरी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

(८) शं षं सं हं ळं क्षं क्ष्म्रीं कौलिनी वाग्देवताश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[चक्रपूजा]

सर्वरोगहरं नाम चक्रं सम्पूजयेत्ततः।

[चक्रनायिकार्चा]

ध्यायेच्छ्रीत्रिपुरासिद्धां वशिनीपुरतः सुधीः।।४०६।।

[चक्रनायिकायाः स्वरूपम्]

जवाकुसुमसङ्काशां पाशाङ्कुशधनुःशराम्।

[मुद्राप्रदर्शनादि]

सन्दर्श्य खेचरीमुद्रां यजेच्छक्तिञ्च मायया।।४०७।।

[पूजासमर्पणम्]

एता रहस्ययोगिन्यः सर्वरोगहरे पदात्।
चक्रे समुद्रा इत्यादि पूर्ववत् परिकल्पयेत्।।४०८।।

सर्वरोगेति। सर्वरोगहराष्टारचक्राय नमः इति प्रयोगः। **ध्यायेदिति।** श्रीत्रिपुरासिद्धाचक्रनायिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः इति प्रयोगः। अत्र मूले चक्रनायिकापदमनुपादत्तमपि सर्वत्र चक्रनायिकापदप्रयोगदर्शनान्निवेशितम्।

चक्र-पूजन—'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वरोगहर अष्टारचक्राय नमः'—इस मन्त्र से चक्र की पूजा करें।

वशिनी वाग्देवता के सामने चक्र-नायिका त्रिपुरा सिद्धा का ध्यान करके उनका पूजन करें। देवी त्रिपुरासिद्धा का वर्ण जवा-फूल की तरह लाल है। वे चतुर्भुजा हैं। उनके चार हाथों में पाश-अंकुश-धनुष और बाण शोभित हैं। 'ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीत्रिपुरासिद्धा चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि नमः' यह उनका पूजन मन्त्र है।

(ह्रीं) खेचरी मुद्रा दिखायें तथा जप-समर्पण करें।

ह्रीं श्रीं एताः रहस्ययोगिन्यः सर्वरोगहरे चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सवाहनाः सपरिवाराः पूजिता सन्तु।'

हाथ में अर्घ्योदक, गन्ध-पुष्प और अक्षत लेकर उपर्युक्त मन्त्र पढ़कर पूजा का फल भगवती को समर्पित करें।।४०६-४०८।।

'अभीष्टसिद्धिं मे देहि .... सप्तमावरणार्चनम्' से पुष्पांजलि देकर योनिमुद्रा से देवी को प्रणाम करें।

[बाणार्चा]

अष्टकोणान्तराले च त्रिकोणस्य बहिःस्थितः।
पश्चिमादिचतुर्दिक्षु बाणान् सम्पूजयेद् बुधः।।४०९।।

अष्टमावरणार्चन—अष्टकोण के अन्तराल में त्रिकोण के बाहर पश्चिम आदि चारो दिशाओं में बाणों का पूजन करें।।४०९।।

[बाणानां स्वरूपम्]

तरुणारुणसङ्काशान् रक्तवस्त्रविभूषितान्।
रक्तमाल्यविशोभाढ्यान् यौवनोन्मत्तविग्रहान्।।४१०।।
पाशाङ्कुशधनुःपञ्च पुष्पबाणविभूषितान्।
बाणधनुःपाशशृणियुग्मानि च क्रमादनु।।४११।।

बाणदेवताओं का स्वरूप उदयकालीन सूर्य के समान लाल वर्ण का है। वे सभी यौवन से परिपूर्ण हैं। लाल रंग के वस्त्र, लाल रंग के ही गन्ध और लाल रंग की माला से शोभित हैं। उनके हाथों में पाश-अंकुश-धनुष और पाँच पुष्पबाण हैं। इन बाणों के नाम के साथ क्रमशः बाण-धनुष, पाश तथा अंकुश की योजना करके इनका पूजन करना चाहिए।।४१०-४११।।

[बाणानां संज्ञाः पूजाक्रमश्च]

जृम्भणं मोहनञ्चैव वशं स्तम्भनमेव च।
न्यासोक्तक्रमयोगेण पूजयेत् साधकोत्तमः।।४१२।।

(१) जृम्भण, (२) मोहन, (३) वशीकरण और (४) स्तम्भन—ये बाणों अर्थात् आयुधों के नाम हैं। न्यास-क्रम में बताये गये मन्त्रों से इनका पूजन-तर्पण करना चाहिए।।४१२।।

यथा—(ऐं ह्रीं श्रीं) की योजना करके—

१. द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां कामेश्वर-कामेश्वरी जृम्भणबाणाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
२. द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां धं थं सम्मोहनाय कामेश्वर-कामेश्वरी धनुषे नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।
३. द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां आं ह्रीं वशीकरणाय कामेश्वर-कामेश्वरी पाशाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।



४. द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां क्रों सर्वस्तम्भनाय कामेश्वर-कामेश्वरी अंकुशाय नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।

[अङ्गदेवतार्चा]

अस्त्रत्रिकोणयोर्मध्ये पूजयेदङ्गदेवताः।।४१३।।
त्रिकोणमध्यचक्रे तु पूजयेन्मूलविद्यया।
अक्षराक्षरभेदेन समस्तव्यस्तया यजेत्।।४१४।।

बालाबीजत्रयेणापि भैरव्याः कूटकैस्त्रिभिः।
सुन्दर्याश्च त्रिभिः कूटैस्त्रिकोणं परिपूजयेत्।।४१५।।
कामेश्वरीं रुद्रशक्तिमग्निचक्रे प्रपूजयेत्।
वज्रेश्वरीं विष्णुशक्तिं सूर्यचक्रे प्रपूजयेत्।।४१६।।
भगमालां ब्रह्मशक्तिं सोमचक्रे प्रपूजयेत्।
बिन्दुचक्रे यजेद्देवीं परंब्रह्मस्वरूपिणीम्।।४१७।।
कामे मित्रीशनाथः स्याज्जाले षष्ठीशनाथकः।
पूर्णे चोड्डीशनाथश्च चर्यानाथस्तु ओड्रके।।४१८।।
कामेश्वरीं वाग्भवेन यजेद् ध्यात्वा तु पूर्ववत्।
एवं चक्रेश्वरीं ध्यात्वा कामराजेन पूजयेत्।।४१९।।
भगेशीं शक्तिकूटेन यजेद् ध्यात्वा तु पूर्ववत्।
सर्वसिद्धिप्रदे चक्रे द्वितीयावरणे नयेत्।।४२०।।
रहस्ययोगिनीस्तत्र सर्वसिद्धिप्रदायिकाम्।
पाशाङ्कुशधनुर्बाणधरां रक्तां सुशोभनाम्।।४२१।।
बीजमुद्राञ्च सन्दर्श्य परां शक्तिं प्रपूजयेत्।।४२२।।

इन श्लोकों में त्रिकोण के तीनों कोणों में पश्चिम से प्रारम्भ करके दक्षिण एवं वाम कोणों में कामेश्वरी, वज्रेश्वरी और भगमालिनी देवी की पूजा का क्रम बताया गया है। त्रिकोण के तीनों कोणों में अधोलिखित विधि से पूजा करें—

(१) ऐं कएइलह्रीं अग्निचक्रे कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके रुद्रात्मशक्ति-कामेश्वरी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः। (अग्रकोण में)

(२) क्लीं हसकहलह्रीं सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीशनाथात्मके विष्ण्वात्मकशक्ति वज्रेश्वरी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः। (दक्षिण कोण में)

(३) सौः सकलह्रीं सोमचक्रे पूर्णगिरिपीठे उड्डीशनाथात्मके ब्रह्मात्मशक्ति भगमालिनी देवी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः। (वामकोण में)

(४) मूल मन्त्र—ब्रह्मचक्रे महा उड्यानपीठे चर्यानन्दनाथात्मके परब्रह्मात्म-शक्ति श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीश्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः। (बिन्दु पर)

'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वसिद्धिप्रदचक्राय नमः'—इस मन्त्र से समग्र चक्र को पुष्पाञ्जलि देकर कामेश्वरी के सामने चक्र नायिका देवी त्रिपुराम्बिका का ध्यानपूर्वक पूजन करें। देवी त्रिपुराम्बिका रक्तवर्णाः सुशोभना और चतुर्भुजा हैं। उनके चारो हाथों में क्रमशः पाश-अंकुश-धनुष और बाण हैं। पूजन-मन्त्र है—

'हस्रैं हस्क्लरीं हस्रौः त्रिपुराम्बिकाश्रीपादुकां पूजयामि नमः।'

'ऐं ह्रीं श्रीं हस्रौः' का उच्चारण करके बीजमुद्रा दिखायें।

'ह्रीं शक्तिदर्शनाय नमः' से शाक्त दर्शन का पूजन करें।

एता अतिरहस्येति पदाद् योगिन्य इत्यपि।
सर्वसिद्धिमये चक्रे समुद्रेत्यादि पूर्ववत्।।४२३।।

एता इति। तथा च 'एता अतिरहस्ययोगिन्यः सर्वसिद्धिमये चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु' इति प्रयोगः।

पूजा-समर्पण—एताः अतिरहस्ययोगिन्यः सर्वसिद्धिमये चक्रे समुद्राः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः पूजिताः सन्तु।

पूर्ववत् अर्घ्योदक-गन्ध-पुष्प-अक्षत से पूजा-समर्पण करके प्रार्थना करें।

'अभीष्टसिद्धिं मे देहि ……… अष्टमावरणार्चनम्' से पुष्पाञ्जलि देकर भगवती को योनिमुद्रा से प्रणाम करें।

विमर्श—तन्त्रसार, ज्ञानार्णव, गन्धर्वतन्त्र में बिन्दुमध्य में 'मूलविद्या' से पूजन का विधान नहीं मिलता। श्रीविद्यार्णव (दशम श्वास, श्लोक १०० इत्यादि) में यह विधान बताया गया है।

[बिन्दुचक्रे श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीसपर्या]

सर्वानन्दमये चक्रे बैन्दवे परमेश्वरीम्।
परंब्रह्मस्वरूपाञ्च परमामृतरूपिणीम्।।४२४।।
सर्वचक्रेश्वरीं देवीं सर्वमन्त्रेश्वरीं तथा।
सर्वमुद्रेश्वरीञ्चापि सर्वविद्येश्वरीं तथा।।४२५।।
सर्वपीठेश्वरीञ्चापि सर्ववीरेश्वरीं पुनः।
सर्वयोगेश्वरीञ्चापि सर्वसिद्धीश्वरीमपि।।४२६।।
उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणीं मातृकां पराम्।
समुद्रां सायुधाञ्चापि सचक्राञ्च सवाहनाम्।।४२७।।
परिवारसमेताञ्च ससिद्धिञ्च सदेवताम्।
परापरां महादेवीं भुक्तिमुक्तिप्रदायिनीम्।।४२८।।
ब्रह्मविष्णुशिवाद्यैश्च मुनीन्द्रैरपि सेविताम्।
मनसैवं समालोक्य श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीम्।।४२९।।
परंब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकामर्चयेद् बुधः।

नवमावरणार्चन—सर्वानन्दमय बिन्दुचक्र पर परंब्रह्मस्वरूपा, परमामृतरूपिणी, समस्त चक्रों, मन्त्रों, मुद्राओं, विद्याओं, पीठों, वीरों, योगों, सिद्धियों की

एकमात्र अधीश्वरी, समस्त ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति-स्थिति एवं संहार की कारणभूता, पञ्चाशत् मातृकारूपा, भुक्ति-मुक्तिप्रदायिनी, पर-अपरप्रकृतिरूपिणी, ब्रह्मा-शिव-विष्णु आदि देवताओं तथा श्रेष्ठ मुनियों द्वारा सम्पूजिता परं ब्रह्मात्म शक्ति भगवती महात्रिपुरसुन्दरीश्री का मुद्राओं, आयुधों, वाहनों, चक्रों तथा परिवारदेवताओं-सहित पूजन करें॥४२३-४२९॥

प्रयोग-क्रम—'मूल मन्त्र'—परं ब्रह्मात्मशक्तिश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।'

[बैन्दवचक्रार्चा]

सर्वानन्दमयं चक्रं बैन्दवं परिपूजयेत्।।४३०।।

'ऐं ह्रीं श्रीं सर्वानन्दमयबैन्दवचक्राय नमः'—इस मन्त्र से चक्र को पुष्पाञ्जलि दें।

[चक्रनायिकार्चा]

आवाहनेन मन्त्रेण भैरवीचक्रनायिकाम्।
देव्यग्रे पूजयेन्मन्त्री गन्धपुष्पाक्षतादिभिः।।४३१।।

चक्रनायिका अर्चन—इस चक्र की अधीश्वरी स्वयं भगवती महात्रिपुरसुन्दरी हैं, अतः चक्रनायिका के रूप में मूल मन्त्र से उनकी ही पूजा करें। यथा—'मूल मन्त्र' श्री महात्रिपुरसुन्दरी चक्रनायिका श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः।' 'ऐं' का उच्चारण करके योनिमुद्रा दिखायें।

[मुद्रादर्शनादि]

योनिमुद्राञ्च सन्दर्श्य परां शक्तिं प्रपूजयेत्।
शैवं वा पूजयेत्तत्र तत्त्वविमर्षिणीमते।।४३२।।
मध्यत्र्यस्त्रं सान्तरालं शैवं दर्शनमीरितम्।
हौँ ॐ नमः शिवाय हौँ भूयो नमोऽमुना शिवम्।
पूजयेद् गन्धपुष्पाद्यैः षोढाऽयं दर्शनक्रमः।।४३३।।

योनिमुद्रा दिखाने के बाद परा शक्ति का पूजन करें। श्रीतत्त्वविमर्षिणी तन्त्र का कथन है कि योनिमुद्रा दिखाने के बाद विकल्पतः 'ॐ नमः शिवाय ह्रौं नमः' मन्त्र से शिवजी का पूजन करें।'अन्तराल-सहित मध्य त्रिकोण को शैव-दर्शनस्वरूप माना गया है। अतः इस चक्र पर 'ॐ शैवदर्शनाय नमः' इस मन्त्र से शैव-दर्शन का पूजन करें॥४३२-४३३॥

[मूलदेव्यै पूजासमर्पणम्]

एताः परापरेत्युक्त्वा रहस्येति पदोपरि।
योगिन्य इति चोद्धृत्य सर्वानन्दमये पदात्।।४३४।।

महाचक्रे बैन्दवे च परब्रह्मस्वरूपिणी।
परामृतपदाच्छक्ति सर्वचक्रेश्वरीपदम्।।४३५।।
सर्वमन्त्रेश्वरीशब्दात् सर्वविद्येश्वरीपदम्।
सर्ववीरेश्वरी सर्वपीठेश्वरी पदं ततः।।४३६।।
सर्वयोगेश्वरीशब्दात् सर्ववागीश्वरीपदम्।
सर्वसिद्धेश्वरी सर्वजगदुत्पत्तिमातृकाः।।४३७।।
सचक्रा च समुद्रा च ससिद्धि सायुधास्तथा।
सवाहनाः सपरिवाराश्च सर्वोपचारकैर्महा।
त्रिपुरान्ते सुन्दरीति परयापरयापदात्।।४३८।।
परापरा तृतीयान्ते सपर्या च तथाविधा।
पूजिताः सन्तु इत्युक्त्वा देव्यै पूजां समर्पयेत्।।४३९।।

अथ पूजासमर्पणमन्त्रमाह—**एता इत्यादिना**। तथाच एताः परापररहस्ययोगिन्यः सर्वानन्दमये महाचक्रे बैन्दवे चक्रे परब्रह्मस्वरूपिणी-परामृतशक्ति-सर्वचक्रेश्वरी-सर्वमन्त्रेश्वरी-सर्वविद्येश्वरी-सर्ववीरेश्वरी-सर्वपीठेश्वरी-सर्वयोगेश्वरी-सर्ववागीश्वरी-सर्वसिद्धेश्वरी-सर्वजगदुत्पत्तिमातृकाः सचक्राः समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सपरिवाराः सर्वोपचारकैर्महात्रिपुरसुन्दरीपरया परया परापरया सपर्यया पूजिताः सन्तु इति प्रयोगः।

तन्त्रसारे तु—अत्र सर्वानन्दमये बैन्दवचक्रे परब्रह्मस्वरूपिणी-परापरशक्ति-श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी-समस्तचक्रनायिका-संवित्तिरूपचक्रनायिकाधिष्ठिते त्रैलोक्यमोहन-सर्वाशापरिपूरक-सर्वसंक्षोभकारक-सर्वसौभाग्यदायक-सर्वार्थसाधक-सर्वरक्षाकर-सर्वरोगहर-सर्वसिद्धिप्रद-श्रीचक्रसमुन्मीलितसमस्तप्रकटगुप्तगुप्ततरसम्प्रदायकुल-कौलिनीनिगर्भरहस्यातिरहस्य-परापररहस्य-समस्तयोगिनीपरिवृत्त-श्रीत्रिपुरात्रिपुरेशी-त्रिपुरसुन्दरी-त्रिपुरवासिनी-त्रिपुराश्री-त्रिपुरमालिनी-त्रिपुरासिद्धा-त्रिपुराम्बा तत्तचक्र-नायिकावन्दितचरणकमलश्रीमहात्रिपुरसुन्दरी-नित्यादेवी-सर्वचक्रेश्वरी-सर्वमन्त्रेश्वरी-सर्वविद्येश्वरी-सर्वपीठेश्वरी-सर्वकामेश्वरी-सर्वतन्त्रेश्वरी-सर्ववीरेश्वरी-त्रैलोक्यमोहिनी जगदुत्पत्तिमातृका-सर्वचक्रमयी-तच्चक्रनायिकासहिताः समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी परापरया सपर्यया पूजितास्तर्पिताः सन्तु इति विशेषार्घ्योदकाक्षतकुसुमैः प्रधानदेव्या वामहस्ते समर्पयेत् इत्युक्तम्।

पूजा-समर्पण—हाथ में विशेष अर्घ्य का अमृत, गन्ध-पुष्प और अक्षत लेकर निम्नलिखित मन्त्र से देवी को पूजा-फल समर्पित करें—

'एताः परापररहस्ययोगिन्यः सर्वानन्दमये महाचक्रे बैन्दवचक्रे परब्रह्मस्वरूपिणी परामृतशक्ति सर्वचक्रेश्वरी सर्वमन्त्रेश्वरी सर्वविद्येश्वरी सर्वपीठेश्वरी सर्वयोगेश्वरी सर्ववागीश्वरी सर्वसिद्धेश्वरी सर्वजगदुत्पत्तिमातृकाः सचक्राः समुद्राः

ससिद्धयः सायुधाः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारकैः महात्रिपुरसुन्दरीपरयापरया परापरया सपर्यया पूजिताः सन्तु।'

उपर्युक्त मन्त्र का उच्चारण करके गन्धाक्षत आदि भगवती को समर्पित कर दें।

'अभीष्टसिद्धिं मे देहि .... नवमावरणार्चनम्' से भगवती से प्रार्थना करके उन्हें पुष्पाञ्जलि देकर योनिमुद्रा से प्रणाम करें।।४३४-४३९।।

कुण्डगोलोद्भवैर्द्रव्यैः स्वयम्भुकुसुमैर्युतैः।
सुन्दरीं पूजयेन्मन्त्री शतमक्षततण्डुलैः।।४४०।।

नवम आवरण का अर्चन हो जाने के बाद मन्त्रविद् साधक भगवती को कुण्डगोलोद्भव द्रव्य तथा स्वयम्भूपुष्प एवं अक्षत समर्पित करके उनका पूजन करें।।४४०।।

विमर्श—कुण्डगोलोद्भव द्रव्य तथा स्वयम्भू कुसुम वाममार्गी अर्चन के विशिष्ट द्रव्य हैं और अधिकारी साधक ही इन द्रव्यों से भगवती के अर्चन के पात्र होते हैं। अक्षत के रूप में दिये जाने वाले चावलों की संख्या एक सौ से कम नहीं होनी चाहिए।

[पुनः सपर्योपदेशः]

पुनः पाद्यादिकं दत्त्वा श्रीविद्यां पूजयेद् यथा।

[पुनरर्घ्यत्रयदानम्]

पुनस्त्रितत्त्वमुच्चार्य दद्यादर्घ्यं त्रिधा पुनः।।४४१।।

[विविधोपचारैः पूजनम्]

गन्धचन्दनकस्तूरीरोचनागुरुकुङ्कुमैः।
रक्तचन्दनसिन्दूरैर्द्रव्यैर्नानाविधैर्यजेत्।।४४२।।

अथ देवीपूजायां प्रशस्तानुपचारान् सामान्यत आह—**गन्धेति।**

स्वयम्भू कुसुम आदि समर्पित करने के बाद पुनः पाद्य समर्पित करके तत्त्वमन्त्रों से उन्हें तीन बार अर्घ्य प्रदान करें। ये मन्त्र हैं (१) ऐं आत्मतत्त्वाय स्वाहा, (२) क्लीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा और (३) सौः शिवतत्त्वाय स्वाहा।

विविध प्रकार के सुगन्धित द्रव्यों, चन्दन, कस्तूरी, गोरोचन, कुंकुम, अगरु तथा लाल चन्दन एवं सिन्दूर आदि द्रव्यों से भगवती का अर्चन करें।।४४१-४४२।।

भगवती को दिये जाने वाले उपचारद्रव्यों का निरूपण करने के बाद उपचार-समर्पण के मन्त्रात्मक श्लोक लिखे जा रहे हैं।

[उपचारदाने प्रार्थनामन्त्राः। तत्र पाद्यस्य प्रार्थनामन्त्रः]

गन्धपुष्पसमायुक्तं सुगन्धिजलसंयुतम्।
पाद्यं गृहाण देवेशि सर्वकामार्थसिद्धये।।४४३।।

पाद्य—हे देवेशि! सभी कामनाओं की सिद्धि के लिये मैं आपके श्रीचरणों में गन्ध और पुष्प-समन्वित सुगन्धित जल समर्पित करता हूँ। हे देवि! आप कृपा करके इसे स्वीकार कीजिये॥४४३॥

[अर्घ्यस्य]

दूर्वाक्षतसमायुक्तं गन्धचन्दनचर्चितम्।
चतुर्वर्गफलावाप्त्यै गृहाणार्घ्यं सुरेश्वरि।।४४४।।

अर्घ्य—धर्म-अर्थ-काम एवं मोक्षरूप चारो पुरुषार्थों की सिद्धि के लिये मैं आपको दूर्वा और अक्षत-समन्वित चन्दनचर्चित सुगन्धित अर्घ्य प्रदान कर रहा हूँ। हे माँ! इसे स्वीकार करें॥४४४॥

[आचमनीयस्य]

सुवासितं जलं शुद्धं दुकूलैः परिशोधितम् ।
गृहाणाऽऽचमनीयं त्वं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि।।४४५।।

आचमनीय—कपड़े से छानकर यह सुवासित जल आपको प्रदान कर रहा हूँ। माँ! यह आचमन द्रव्य स्वीकार करें॥४४५॥

[मधुपर्कस्य]

दध्याज्यमधुसंयुक्तं सुवहं सुमनोहरम्।
मधुपर्कं गृहाण त्वं धर्मकामार्थसिद्धये।।४४६।।

मधुपर्क—दही, घी और शहद से मिलाकर बनाया गया यह मधुपर्क आपको समर्पित कर रहा हूँ। कृपा कर इसे स्वीकार करें॥४४६॥

[गन्धस्य]

चन्द्रचन्दनकस्तूरीरोचनागुरुकुङ्कुमैः ।
सम्भूतं सरलैरार्द्रं गन्धमाकल्पयाम्यहम्।।४४७।।

गन्ध—कपूर, चन्दन, कस्तूरी, गोरोचन, अगरु, कुंकुम आदि के मिश्रण को देवदारु के सुगन्धित रस में घोलकर मैंने आपके लिये यह गन्ध बनाया है। हे माँ! इसे स्वीकार करें॥४४७॥

[पुष्पस्य]

विचित्रममलं रम्यं वासितं गन्धवारिभिः।
सुगन्धि विकसत् पुष्पमादरात् कल्पयाम्यहम्।।४४८।।

पुष्पदानमाह—**विचित्रमिति**। वासितमिति गन्धवारिभिश्चन्दनजलैर्वासितं सुरभीकृतमित्यर्थः। अत्रेदमवधेयम्—गन्धपुष्पधूपादय उपचाराः परकीयत्वघ्रातत्वादि-दोषदुष्टाः पूजायां वर्जनीयाः। तदुक्तं गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

परकीयांस्तथा घ्रातांस्तेषां कृत्याभिमर्दितान्।
पुष्पं धूपञ्च गन्धञ्च नोपचारांस्तथाऽपरान्।
घ्रातान्निवेद्य देवेशि नरो नरकमाप्नुयात्।
नैव पर्युसितैः पुष्पैः पत्रैश्चापि महेश्वरीम्।
पूजयेत् परमेशानि महात्रिपुरसुन्दरीम्।।
सर्वं पर्युषितं वर्ज्यं पत्रं पुष्पं फलं तथा।
पद्मानि सितरक्तानि कुमुदान्युत्पलानि च।।
एषां पर्युषिताशङ्का कार्या पञ्चदिनोर्ध्वतः।
अन्येषां कुसुमानाञ्च यावद् गन्धविपर्ययः।। इति।

एवञ्च पद्मकुमुदोत्पलानां दिनपञ्चकं यावत्, इतरेषान्तु यावद् गन्धावस्थिति-स्तावत् पर्युषितत्वं नास्तीत्युक्तं भवति। त्रिपुरार्चायां प्रशस्तानि पत्रपुष्पाण्याह तत्रैव—

वकुलं केशरं वज्रं माल्यं कुन्दञ्च शाल्मलम्।
करवीरञ्चार्कपुष्पं बन्धूककमले तथा।।
मालती मल्लिका जाती यूथिका माधवी तथा।
तगरः कर्णिकारश्च द्रोणश्चोत्पलचम्पकौ।।
अशोकः कुमुदश्चैव शेफालिका-कदम्बकौ।
केतकी वनमाला च कुसुम्भकिंशुकौ तथा।।
कह्लारवकुले चैव लवङ्ग-नागकेशरौ।
सर्वेषु पुष्पजातेषु त्रिपुरायाः सदैव हि।।
एतान्येव प्रियाणि स्युर्न पत्रैरर्चयेच्छिवाम्।
पत्रेषु विल्वपत्रञ्च तथा मदनपल्लवम्।।
दूर्वाङ्कुरन्तथा प्रोक्तं नान्यत् पत्रं प्रयोजयेत्।
मल्लिका मालती कुन्दो द्रोणश्चाथ सिताम्बुजः।।
शुक्लपक्षे महादेवि त्रिपुरायै निवेदयेत्।
सर्वेषां पुष्पजातीनां रक्तपद्मं तथा जवा।।
देवीप्रीतिकरं प्राज्ञे सर्वकामफलप्रदम्।
रत्नपुष्पञ्च देवेशि तथा स्वर्णादिनिर्मितम्।
रक्तपद्मेन वज्रेण तुलां नाऽऽयाति कर्हिचित्।। इति।

तथा विहितानामपि पुष्पाणाम् उग्रगन्धत्वाशुद्धपात्रगतत्वादिदोषदुष्टत्वे तेषामर्पणं निषिद्धम्, यथा तत्रैव—

उग्रगन्धमगन्धञ्च कृमिकेशादिदूषितम्।
अशुद्धपात्रपाणिस्थं वासोभिः कुत्सितात्मभिः।।
आनीतं नार्पयेद्देव्यै प्रमादादपि दोषकृत्।
स्नात्वानीतैः पर्युषितैर्याचितैः कृष्णवर्णकैः।।
स्वयं विकशितैर्मुक्तैः स्वयञ्च पतितैर्भुवि।
नार्चयेत् कलिकाभिश्च विना चम्पकपङ्कजैः।।

इत्यादि। एवमन्यान्यपि विहिताविहितपुष्पप्रतिपादकप्रमाणानि मुण्डमाला-योगिनीतन्त्रकौलावलीनिर्णयादिषु ज्ञातव्यानि।

पुष्प—हे देवि! मैंने आपकी पूजा के लिये रंग-बिरंगे, सुवासित तथा सुगन्धित जल से प्रोक्षित पुष्पों का संग्रह किया है। हे माते! आप इन्हें स्वीकार करें।।४४८।।

विमर्श—देवपूजा में पुष्पों का अत्यन्त महत्त्व है। इसीलिये तन्त्रग्रन्थों में देवियों और देवताओं को प्रिय पुष्पों तथा पुष्पों की ग्राह्यता तथा अग्राह्यता पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला गया है। भगवती त्रिपुरा को अशोक, कुमुद, शेफाली, कदम्ब, किंशुक, कल्हार, कमल, जवा, दमनक, नागकेशर, चम्पा बहुत प्रिय हैं। बासी और गन्धहीन फूल ग्राह्य नहीं हैं। किसी से माँगे गये, तोड़ने के बाद अपने पहने हुए कपड़ों में भरकर लाये गये फूल, मुरझाय हुए, स्नान करके तोड़े गये और बासी फूल पूजा में ग्राह्य नहीं हैं। कमल का फूल अपवाद है, वह तीन दिनों तक बासी नहीं माना जाता। एक बात और; काली तारा और त्रिपुरा की रात्रिकालीन रहस्य पूजा में तुलसी सदैव अग्राह्य है। कहा गया है—'तुलसी घ्राणमात्रेण क्रुद्धा भवति चण्डिका।' इसी तरह तीखी गन्ध वाले और निर्गन्ध फूल, वृक्ष से अपने-आप झड़कर गिरे फूल, कृत्रिम रूप से विकसित किये गये फूल ग्राह्य नहीं हैं। पूजा के लिये जो फूल प्रशस्त हैं, उनकी भी कलियाँ ग्राह्य नहीं है।

[षोडशाङ्गधूपप्रमाणम्]

गुग्गुलं सरलं दारु पत्रं मलयसम्भवम्।
ह्रीवेरमगुरुं कुष्ठं गुडं सर्जरसं घनम्।।४४९।।
हरीतकीं नखं लाक्षां जटामांसीञ्च शैलजम्।
षोडशाङ्गं विदुर्धूपं दैवे पित्र्ये च कर्मणि।।४५०।।

षोडशाङ्गधूपप्रमाणमाह—गुग्गुलमित्यादिना। सरलो वृक्षविशेषः। 'पीतद्रुः सरलः पूतिकाष्ठमि'त्यमरः। दारु देवदारु, 'शक्रपादपः परिभद्रकः। भद्रदारुद्रुकिलिमम्, पीतदारु च दारु च। पूतिकाष्ठञ्च सप्त स्युर्देवदारुणी'त्यमरः। अत्र दारुशब्देन देवदारुरेवोच्यते,

हरीतकी मुस्तमथो नखी च मांसी जतुः शैलज-देवदारुः।
कुष्ठं गुडः सर्जरसस्तथैव दशाङ्गधूपः कथितो मुनीन्द्रैः।।

इति कौलावलीनिर्णयसप्तमोल्लासीयदशाङ्गधूपप्रमाणे तथा दर्शनात् । पत्रं तेजपत्रम्। मलयसम्भवं चन्दनम्। ह्रीबेरं नेत्रवालेति ख्यातो गन्धद्रव्यविशेषः। 'बालं ह्रीवेरबर्हिष्ठोदीच्यं केशाम्बुनाम चे'त्यमरः। सर्जरसः सालनिर्यासः। 'यक्षधूपः सर्जरसोऽरालसर्वरसावपी'त्यमरः। घनो मुस्ता मुथेति प्रसिद्धा। 'घनः सान्द्रे दृढे दार्ढ्ये विस्तारे मुद्गरेऽम्बुदे। संघे मुस्ते घनं मध्यनृत्यवाद्यप्रकारयोरि'ति हैमः। नखं गन्धद्रव्यविशेषः, 'नखं पुनर्गन्धद्रव्ये नखः करजषण्डयोरि'ति हैमः। शैलजं 'शिलाजतु' इति ख्यातो गन्धद्रव्यविशेषः। 'कालानुसार्यवृद्धाश्मपुष्पशीतशिवानि तु शैलेयमि'त्यमरः। 'शैलेयं गलपर्ण्याञ्च सैन्धवे। शैलजे ना तु मधुपे शिलातुल्येऽन्यलिङ्गकम्।' इति च मेदिनी। शिष्टं स्पष्टम्। गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

पत्रं मुस्तं नखं कुष्ठं जटामांसीञ्च शैलजम्।
सरलं देवकाष्ठञ्च जनुसर्जसचन्दनम्।।
कपिलाघृतकर्पूरशर्करापूरमिश्रितम् ।
षोडशाङ्गो महाधूपः षोडशीप्रीतिदायकः।। इति।

सोलह सुगन्धित द्रव्यों को मिलाकर जो धूप बनाया जाता है, उसे षोडशांग धूप कहते हैं। इसमें मिलाये जाने वाले द्रव्य हैं—गुग्गुल, देवदारु, तेजपात, मलयागिरि चन्दन, ह्रीबेर, अगरु, कुष्ठ (कूठ), गुड़, साल वृक्ष का निर्यास (गोंद), मुस्त, हरीतकी (हर्र), नख, लाख, जटामांसी और शिलाजीत।।४४९-४५०।।

विमर्श—'कौलावलीनिर्णय' के अनुसार चन्दन, अगरु, कपूर, चोर, केशर, गोरोचन, जटामांसी तथा कपिजटा से बना अष्टगन्ध भगवती को प्रिय है। हर, नागरमोथा, नख, जटामांसी, लाख, छरीला, देवदारु, कूट, गुड़ को मिलाकर दशांग धूप बनाया जाता है।

[अन्यादृशधूपप्रमाणम्]

मधुसर्पिः शर्करा च चन्दनागुरुगुग्गुलुः।
उशीरः सप्त एवैते धूपोऽयं चण्डिकाप्रियः।।४५१।।

मध्विति। उशीरो वीरणमूलम्।

मधु (शहद), घृत, शक्कर, चन्दन, अगुरु, गुग्गुल और खस को मिलाकर बनाया गया धूप चण्डिका को प्रिय है।।४५१।।

[अन्यादृशधूपप्रमाणम्]

अथवाऽगुरुकर्पूरचन्दनैः सह गुग्गुलुः।
मधुसर्पिर्जटामांसी शैलेयं कुङ्कुमं तथा।
एभिर्विमिश्रितः कार्यो धूपोऽयं पार्वतीप्रियः।।४५२।।

एक अन्य प्रकार का धूप भी भगवती को प्रिय है, जो अगुरु, कपूर, चन्दन, गुग्गुल, शहद, घृत, जटामांसी, शिलाजीत तथा कुंकुम को मिलाकर बनाया जाता है॥४५२॥

[धूपदानक्रमः]

धूपभाजनमस्त्रेण प्रोक्ष्याभ्यर्च्य हृदाऽनुना।
जयध्वनि ततो मन्त्रमातः स्वाहेति पूजिताम्।
वामेन वादयन् घण्टां धूपदीपौ निवेदयेत्।।४५३।।

धूपेति। अस्त्रेण फट् इत्यनेन। हृदाऽनुना, नम इति हृन्मन्त्रेणेत्यर्थः। तथाच फट् इत्यनेन धूपभाजनमभ्युक्ष्य धूपाय नम इत्यभ्यर्च्येत्यर्थः। धूपेति। धूपदीपौ निवेदयेदित्यनेन वक्ष्यमाणदीपदानेऽपि निरुक्तक्रमेण ओं जयध्वनिमन्त्रमातः स्वाहेति प्रयोजयेदिति बोध्यम्।

अस्त्र मन्त्र (फट्) का उच्चारण करके धूपपात्र को अच्छी तरह धो-पोंछकर 'ॐ धूपपात्राय नमः' से उसका पूजन करें। धूपपात्र में अंगार रखकर उसमें धूप डालें। 'ॐ जयध्वनिमन्त्र मातः स्वाहा' इस मन्त्र से पूजित घण्टे को बाँयें हाथ से बजाते हुए धूप और दीप निवेदित करें॥४५३॥

[धूपस्य प्रार्थनामन्त्रः]

वनस्पतिरसोत्पन्नो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।४५४।।
अथवा धूपयेद्धूपैर्मूलमन्त्रपुरःसरम्।
सुरभीघृतसंयोगाद् वह्नेरुत्पन्नमुत्तमम्।
ध्वस्तदुर्वासनं दिव्यं धूपमुन्मीलयाम्यहम्।।४५५।।

धूपदान के दो प्रार्थना-मन्त्र हैं। पहिला है—'वनस्पतिरसोत्पन्नो ········· प्रतिगृह्यताम्' (४५४) तथा दूसरा मन्त्र है—'सुरभीघृत ········ उन्मीलयाम्यहम्' (४५५)। इनमें से किसी भी श्लोक-मन्त्र के आगे 'मूल मन्त्र' लगाकर देवता को धूप प्रदान करें॥४५४-४५५॥

[दीपस्य]

सुप्रकाशो महादीपः सर्वतस्तिमिरापहः।
सबाह्याभ्यन्तरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।४५६।।

[तत्र कल्पान्तरम्]

अथवाऽन्यप्रकारेण दीपं दद्याद् विचक्षणः।।४५७।।

[प्रार्थनामन्त्रान्तरम्]

घृतसंयुक्तवर्त्त्यग्रे प्रज्वलन्तं निरन्तरम्।
दिव्यदर्शनदातारं दीपं सन्दर्शयाम्यहम्।।४५८।।

इसी तरह दीपदान के लिये भी दो मन्त्र हैं। पहिला मन्त्र है—'सुप्रकाशो ------- प्रतिगृह्यताम्' (४५६) तथा दूसरा है 'घृतसंयुक्त --------- सन्दर्शयाम्यहम्' (४५८)। इनमें से किसी भी मन्त्र के आगे मूल मन्त्र की योजना करके दीप-दान करें॥४५६-४५८॥

[धूपदाने दिङ्नियमः]

धूपन्तु वामतो दद्यात् सम्मुखे वा विचक्षणः।

[भूम्यादौ धूपस्थापननिषेधः]

न भूमौ स्थापयेद्धूपमासने वा घटे च वा।।४५९।।

[दीपदाने दिङ्नियमः]

घृतदीपं दक्षिणे च स्ववामे तैलदीपकम्।
अभितो दर्शयेन्मन्त्री दीपमालां सुशोभनाम्।।४६०।।

धूपदान करने के बाद धूपपात्र को देवता के सामने अथवा वाम-भाग में रखना चाहिए। इसी तरह दीपदान के बाद घृत के दीपक को अपने दाहिने ओर और तेल के दीपक को बाँयीं ओर रखना चाहिए। धूप और दीप को किसी आधार पर ही रखा जाय। भूमि पर, अपने आसन पर अथवा घट आदि पर नहीं रखना चाहिए। दीप-माला भगवती के आसन के चारो ओर सजाई जाय॥४५९-४६०॥

[सप्तविधाः प्रदीपाः]

घृतप्रदीपः प्रथमं तिलतैलसमुद्भवः।
सार्षपः फलनिर्यासजातो वा वारिजोद्भवः।
दधिजश्चान्नजश्चैव दीपाः सप्त प्रकीर्त्तिताः।।४६१।।

सप्तविध दीप—दीपक सात प्रकार के होते हैं—(१) घी का दीपक, (२) तिलतैल का दीपक, (३) सरसों के तेल का दीपक, (४) फलों के तेल से बनाया गया दीपक (यथा—आँवले के तेल या महुये के तेल का दीपक), (५) जलीय वनस्पतियों के तेल का दीपक, (६) दधिज अर्थात् मक्खन/नवनीत का दीपक और (७) अनाज के तेल (जैसे—चावल के कोढ़े का तेल) का दीपक॥४६१॥

[पञ्चविधा वर्तिकाः]

पट्टसूत्रभवा दर्भगर्भसूत्रभवाऽथवा।
शालजा बादरी वाऽपि फलकोषोद्भवाऽथवा।
वर्त्तिका दीप कृत्येभ्यः सदा पञ्चविधाः स्मृताः।।४६२।।

पाँच प्रकार की बत्तियाँ—इसी प्रकार बत्तियाँ भी पाँच प्रकार की हैं—(१) धागों से बनाई गई, (२) कुश की जड़ से बनाई गई, (३) शालवृक्ष के रेशे से बनाई गई, (४) कपास से बनाई गई और (५) फलों के अन्दर वाले रेशे की रुई (जैसे—सेमल-आक) आदि से बनाई गई॥४६२॥

[प्रशस्तानि दीपपात्राणि]

तैजसं बादरं लौहं मार्त्तिक्यं नारिकेलजम्।
तृणराजोद्भवं वाऽपि दीपपात्रं प्रशस्यते।।४६३।।
एवं दीपं प्रकुर्वीत नेत्ररञ्जनकारकम्।

प्रशस्त दीपपात्र—सोने-चाँदी के, शंख या सीप के, लोहे के, मिट्टी के, नारियल के तथा तृणराज (बाँस) के दीपक प्रशस्त होते हैं। इनमें से कोई भी सुन्दर और आकर्षक दीपपात्र का चयन करना चाहिये।।४६३।।

[दीपदानक्रमः]

दीपन्तु पद्मपर्यन्तमधो धूपं प्रकाशयेत्।।४६४।।

दीपन्त्विति। पद्मपर्यन्तमिति दृष्टिपर्यन्तमित्यर्थः। दीपे विशेषमाह गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

दीपमाला प्रकर्तव्या नैकदीपः कदाचन।
त्रयो दीपाः प्रदातव्याः पञ्च वा परमेश्वरि।
इतो न्यूनं न दातव्यं त्रिपुरायै कदाचन। इति।

दीपक को देवता के नेत्रपर्यन्त और धूप को देवता के अधोभाग में घुमाना चाहिए।।४६४।।

[माल्यदाने प्रार्थनामन्त्रः]

कमलोत्पलकह्लारकरवीरादियोगतः।
सुरभीणि सुगन्धीनि माल्यान्यावेदयाम्यहम्।।४६५।।

कमलेति। माल्यदानफलमाह गन्धर्वतन्त्रे चतुर्दशपटले—

एतेषां पुष्पजातानां येन केन विनिर्मिताम्।
मालां कृत्वा महादेव्यै यत् फलं लभते नरः।
अपि वक्त्रसहस्रैस्तु वक्तुं नालं ततः प्रभुः। इति।

अत्रैतेषामित्यनेन पूर्वोपदर्शितानि विहितपुष्पाण्यभिहितानि।

हे माते! कमल, उत्पल, कल्हार एवं करवीर आदि पुष्पों को गूँथकर बनाई गई ये सुगन्धित मालायें आपको समर्पित कर रहा हूँ। कृपया इन्हें ग्रहण करें।।४६५।।

[मधुरद्रव्यदानन्तर्पणञ्च]

प्रदद्यान्मधुरं द्रव्यं परमानन्दमानसः।।४६६।।
तर्पयेन्मधुरैर्द्रव्यैरमृतैर्मधुमिश्रितैः।
अमृतश्चामृतद्रव्यैस्तर्पयेत् परदेवताम्।।४६७।।

मधुर पदार्थों को मधु मिश्रित करके उससे अथवा अमृत के समान मधुर द्रव्यों से देवी का तर्पण करें। मन को आनन्द देने वाले रुचिकर और मीठी चीजें भगवती को समर्पित करें।।४६६-४६७।।

[चरुपाकोपदेशः]

ततश्च संस्कृते वह्नौ गोक्षीरचरुकं पचेत्।

[चरुपाकक्रमः]

अस्त्रेण क्षालिते पात्रे नवे ताम्रमयादिके।।४६८।।
तण्डुलाञ् शालिसम्भूतान् मूल मन्त्राभिमन्त्रितान्।
प्रसृतीः पञ्चदशभिर्निक्षिप्यास्त्रमनुं स्मरन्।।४६९।।
पिधाय पात्रवदनं प्रक्षाल्य कवचानुना।
प्राङ्मुखो मूल मन्त्रेण साधकेन्द्रश्चरुं पचेत्।।४७०।।

ततश्चेति। संस्कृत इति अष्टमप्रकाशोक्तक्रमेणेति शेषः। चरुपाकपरिपाटीमाह—**अस्त्रेणेत्यादिना।** अस्त्रेण फडित्यनेन। शालिसम्भूतान् हैमन्तिकधान्यभवान्, पञ्चदशमुष्टिपरिमितान् ताम्रनिर्मितचरुस्थाल्यां निक्षिपेदित्यर्थः। **अस्त्रमनुमिति।** तथाच फट् इति चरुस्थालीमुखमाच्छाद्य कवचानुना हुँ इति मन्त्रेण प्रक्षाल्य चरुं पचेदिति सम्बन्धः।

चरु पकाने की विधि—अष्टम प्रकाश में बताई गई विधि के अनुसार संस्कृत की गई आग पर चरु (खीर) पकाई जाती है। एतदर्थ सबसे पहिले ताँबे आदि का नया पात्र लें। उसे 'फट्' मन्त्र का उच्चारण करते हुए धोयें। पन्द्रह मुट्ठी अगहनी चावल लेकर कवचमन्त्र (हुं) का जप करते हुए धोयें। उस चावल को मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित करें और उसे ताँबे के उक्त बर्तन में डाल दें। उस बर्तन को उक्त संस्कृत आग पर चढ़ा दें। कवचमन्त्र से धोये गये ढक्कन से उक्त पात्र को ढाँक दें। पूर्व की ओर मुँह करके मूल मन्त्र का जप करते हुए पकायें।।४६८-४७०।।

श्रुवेणाऽऽज्येन संस्विन्ने दद्यात्तत्राभिधारणम्।

[चरोरवतारणम्]

मूल मन्त्रेण तत् पात्रं कवचेनावतारयेत्।।४७१।।
अस्त्रजप्ते कुशास्तीर्णे मण्डपे विधिवद् गुरुः।

कवचेनेति। हुँ इत्यवतारयेदित्यर्थः।

जब वह चरु पक जाय, मूल मन्त्र का जप करते हुए उसमें स्रुवा से घी डालें। मण्डप में यथाविधि बिछाये गये कुशों पर उक्त चरुपात्र को कवच (हुं) का जप करते हुए उतार कर रख दें।।४७१।।

[चरुविभागः]

तं विभज्यैकभागन्तु देवतायै प्रकल्पयेत्।।४७२।।
अन्यदग्नौ प्रजुहुयादपरं बलिमुत्तमम्।
एकन्तु चरुकं प्रोक्तमारात्रिकविधावपि।।४७३।।

एवंक्रमेण चरोः पाकमभिधाय तस्य चतुर्धा विभजनमाह—**तमित्यादिना**। तं चरुं चतुर्धा विभज्य एकं देवतायै समर्प्य द्वितीयमग्नौ जुहुयात्, अपरेण बलिं दद्यात्, चरुमन्यमारात्रिकविधौ प्रयुञ्जीतेत्यर्थः।

उस चरु के चार भाग करें। इसमें से एक भाग देवता के लिये है। एक भाग हवन के लिये, एक भाग बलि के लिये तथा एक भाग आरती में प्रयोग के लिये है।।४७२-४७३।।

[आरात्रिकम्, तत्राष्टदलपद्मनिर्माणम्]

ततस्तु काञ्चने स्थाने रौप्ये वा कांस्यनिर्मिते।
वसुपत्रसमायुक्तं कुङ्कुमेन तु नीरजम्।।४७४।।

अथाऽऽरात्रिकविधिमाह—**ततस्त्वित्यादिना**। काञ्चनाद्यन्यतमनिर्मिते स्थाने आधारे कुङ्कुमेनाष्टदलं नीरजं पद्मं विदधीतेत्यर्थः।

सोने की, चाँदी की अथवा काँसे की बड़ी थाली में कुंकुम से अष्टदल कमल बनायें।।४७४।।

[तत्रौदनस्य नवभागकल्पनम्]

शुद्धौदनं परिष्कृत्य नवभागं प्रकल्पयेत्।
नवकोणकरूपञ्च चक्ररूपं विचिन्तयेत्।।४७५।।

ततः शुद्धौदनं नवभागं कुर्यात्। **नवेति**। अष्टौ दलानि कर्णिकाञ्चाऽऽदाय नवसंख्याकत्वं बोध्यम्।

आरती के लिये जो एक चौथाई चरु रखा गया है, उससे नौ गोले बनायें।।४७५।।

[अष्टदलेषु शुद्धौदनस्थापनम्]

शर्करायवगोधूमचणकैः परिमण्डितम्।
तण्डुलाज्यतिलैर्युक्तं वसुपत्रे विनिक्षिपेत्।।४७६।।

[नवमभागस्य कर्णिकायां स्थापनम्, नवमुद्राप्रदर्शनम्]

एकं मध्ये तु संस्थाप्य नव मुद्राः प्रदर्शयेत्।
स्थापयेत्तत्र मन्त्रज्ञो नव दीपान् घृतप्लुतान्।।४७७।।

निरुक्ताष्टदले प्रागुक्तशुद्धौदनस्थापनमाह—**शर्करेति**। शर्करादिभिर्युक्तं तत् शुद्धौदनं वसुपत्रे निरुक्तपद्मस्य पत्राष्टके निवेशयेत्। **एकमिति**। भागमेकं मध्ये कर्णिकायां स्थापयेत्। प्रागुक्तशुद्धौदनस्य नवभागानामष्टौ भागानष्टसु दलेषु, अवशिष्टं नवमं भागं कर्णिकायां स्थापयेदित्यर्थः। नव मुद्रा इति प्रागुक्ताः सर्वाकर्षिण्यादिकाः।

तत्र दीपस्थापनमाह—**स्थापयेदित्यादिना**। नव दीपान् शुद्धौदनक्रमेणाष्टदलेषु कर्णिकायाञ्चेत्यर्थः।

इनमें से प्रत्येक गोले में जौ, गेहूँ, चना, चावल का आटा (चूर्ण), शक्कर, घी और तिल डाल कर उसे अच्छी तरह गूँथकर सुन्दर दिखाई देने वाले गोले बनायें। इन ९ गोलों में से ८ गोलों को थाली में कुंकुम से बनाये गये अष्ट कमलदलों पर तथा ९वें गोले को कमलदल के बीच में रखकर दबा दें। ऐसा करने से ये गोले थाली से चिपक जायेंगे। अब इसके बाद इनमें से प्रत्येक गोले पर घी से भरा हुआ एक-एक अर्थात् कुल मिलाकर ९ दीपक रखें। इन दीपों को प्रज्ज्वलित करके संक्षोभिणी आदि ९ मुद्रायें दिखायें।।४७६-४७७।।

[पद्मे पूजनम्]

पञ्चरत्नं प्रेतबीजं समुच्चार्य प्रपूजयेत्।
मूल मन्त्रेण सम्पूज्य पाणिभ्यां धारयेद् यथा।।४७८।।

अथ सदीपस्य पात्रस्य पूजनमाह—**पञ्चरत्नमिति**। आदौ पञ्चरत्नं ततो ह्साविति प्रेतबीजम्। पञ्चरत्नं ग्लूं स्लूं म्लूं प्लूं ल्लूं इति बीजपञ्चकम्। बीजानामेतेषामादौ श्रीं ह्रीमिति बीजद्वयमन्ते च तद्विलोमेन ह्रीं श्रीमिति बीजद्वयं समष्ट्या नवाक्षरो रत्नेशीमन्त्रो भवति। अत्र पञ्चरत्नमित्युक्तावपि ज्ञानार्णवादौ रत्नेशीमन्त्रेण दीपपात्रार्चोपदेशदर्शनादत्रापि तदभिप्रायेणैव पञ्चरत्नमित्युक्तमिति प्रतिभाति। व्यक्तमाह तन्त्रसारधृतज्ञानार्णवे—

आरात्रिकमतः कुर्यात् सर्वकामार्थसिद्धये।
सौवर्णे राजते कांस्ये स्थानके परमेश्वरि।।
कुङ्कुमेन लिखेद् यन्त्रं नवकोणं मनोहरम्।
चन्द्ररूपं चरुं कृत्वा तन्मध्ये मस्तके शिवे।।
दीपमेकं विनिक्षिप्य वसुकोणेऽष्टदीपकान्।
यवगोधूममुद्गादिरचितान् शर्करायुतान्।
चणकाहितशोभाभिः शोभितान् घृतपूरितान्।।
अभिमन्त्र्य महेशानि रत्नेश्वर्यास्ततः परम्।।
श्रीबीजञ्च पराबीजं संलिख्य वरवर्णिनि।
गसौ च मपलाः पश्चादिन्द्रस्थाः क्रमतः प्रिये।
वामकर्णसमायुक्ता नादबिन्दुविभूषिताः।
बीजपञ्चकमेतत्तु पञ्चरत्नानि सुन्दरि।
पूर्वबीजविलोमेन रत्नेशीयं नवाक्षरी।। इति।

एवञ्चाऽऽदौ श्रीं ह्रीमिति श्रीपराबीजयोरन्ते च ह्रीं श्रीमिति विलोमेन पठितयोस्तयोर्निवेशेन श्रीं ह्रीं ग्लूं स्लूं म्लूं प्लूं ल्लूं ह्रीं श्रीं इति नवाक्षरो रत्नेशीमन्त्रो भवति। **मूलमन्त्रेणेति**। पञ्चरत्नेन प्रेतबीजेन मूलेन चाभ्यर्च्येत्यर्थः। अत एव तन्त्रसारकारैरपि रत्नेशीमन्त्रमभिधाय इति मन्त्रेण मूलेन चार्भ्यर्च्येत्युक्तम्।

इसके बाद पञ्चरत्न मन्त्रों अर्थात् रत्नेशी मन्त्र, प्रेतबीज और मूल मन्त्र से इस दीपस्थाली का पूजन करें।

रत्नेशी मन्त्र—'ग्लूं स्लूं म्लूं प्लूं ल्लूं' ये पाँच बीज हैं। इनके आदि में 'श्रीं ह्रीं' और अन्त में विलोमक्रम से 'श्रीं ह्रीं' को योजना करने से नवाक्षरी रत्नेशी मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—श्रीं ह्रीं ग्लूं स्लूं म्लूं प्लूं ल्लूं ह्रीं श्रीं। प्रेतबीज 'हसौः'। नवाक्षरी रत्नेशी मन्त्र के बाद प्रेतबीज (हसौः) और इसके बाद मूल मन्त्र की योजना करने से आरती दीपों का पूजन मन्त्र बनता है।

[दीपपात्रस्य भ्रामणम्]

मस्तकान्तं समानीय नवधा भ्रामयेद् बुधः।
मूल मन्त्रान्तमन्त्रेण ततो नीराजनं चरेत्।।४७९।।

मस्तकान्तमिति। स्पष्टम् । मूलमन्त्रान्तमन्त्रेण आदौ मूलमुच्चार्य वक्ष्यमाण–मन्त्रेणेत्यर्थः।

आरती दीपों की पूजा करने के बाद थाली को दोनों हाथों से उठाकर 'आरती मन्त्र' का जप करते हुए देवी के समक्ष पैर से मस्तक पर्यन्त ९ बार घुमायें।।४७९।।

[आरात्रिकमन्त्रः]

समस्तचक्रचक्रेशीयुते देवि नवात्मिके।
आरात्रिकमिमं देवि गृहाण मम सिद्धये।।४८०।।

मूल मन्त्र के बाद 'समस्तचकचक्रेशी --------- सिद्धये' की योजना करने से आरती मन्त्र बनता है।।४८०।।

[मुद्रादर्शनम्]

यथोक्तस्थाने संस्थाप्य चक्रमुद्राञ्च दर्शयेत्।।४८१।।

चक्रमुद्रामिति। तदुक्तं तन्त्रसारे—

आरात्रिके महेशानि चक्रमुद्रां प्रदर्शयेत्। इति।

आरती के थाल को यथास्थान रखकर चक्रमुद्रा दिखायें। चक्रमुद्रा का लक्षण आगे बताया गया है।।४८१।।

[चक्रमुद्रा]

दक्षिणेतरहस्तस्य वृद्धागर्भकनिष्ठिकाम्।
दक्षिणे योजयित्वा तु कनिष्ठागर्भके ततः।।४८२।।
वामे च दक्षिणाङ्गुष्ठं साधको विनियोजयेत्।
अन्योन्ययोगतश्चैव चक्रमुद्रा समीरिता।।४८३।।

चक्रमुद्रा—दाँयें हाथ की कनिष्ठा को बाँयें हाथ के अंगूठे से और बाँयें हाथ की कनिष्ठा को दाहिने हाथ के अंगूठे से दबायें। दोनों हाथों की शेष अंगुलियों को सीधा रखें। उन्हें परस्पर नहीं जोड़ें। यह चक्रमुद्रा है।।४८२-४८३।।

[नैवेद्यार्पणम्]

तत आरात्रिकं वीक्ष्य नैवेद्यानि प्रकल्पयेत्।।४८४।।

नैवेद्य-अर्पण—भगवती की आरती करने के पश्चात् नैवेद्य समर्पित करें।

[नैवेद्यपात्राणि]

तैजसेषु च पात्रेषु प्रस्तरे वा द्रुपत्रके।
यज्ञदारुमये वाऽपि नैवेद्यं कल्पयेद् बुधः।।४८५।।
सर्वालाभे तु माहेये स्वहस्तघटिते यदि।।४८६।।

तैजसेष्विति। माहेये मृत्पात्रे। त्रिपुरापूजायां प्रशस्तानि नैवेद्यपात्रान्तराण्याह गन्धर्वतन्त्रे पञ्चदशपटले—

सौवर्णे राजते वाऽपि ताम्रे वा प्रस्तरेऽपि च।
पद्मपत्रेऽथवा दद्यान्नैवेद्यं त्रिपुराप्रियम्।। इति।

नैवेद्य-पात्र—सोना-चाँदी के बर्तन में, पत्थर के पात्र में, दोने में, यज्ञोपयोगी लकड़ी के पात्र में भगवती को नैवेद्य अर्पित करें। यदि इन पात्रों का अभाव हो तो अपने हाथ से बनाये गये मिट्टी के पात्र में नैवेद्य प्रस्तुत किया जाय।।४८५-४८६।।

[अर्घ्येतरपात्रीयतोयैर्नैवेद्योत्सर्गनिषेध:]

अन्यतोयैर्यदुत्सृष्टमर्घ्यपात्रस्थितेतरैः ।
न गृह्णाति महादेवी दत्तं विधिशतैरपि।।४८७।।

जल—नैवेद्य-क्रम में भगवती केवल अर्घ्यपात्र का ही जल स्वीकार करती हैं। कितनी भी मिन्नत करने पर भी वे अन्य जल ग्रहण नहीं करती। अत: उन्हें नैवेद्य के साथ केवल अर्घ्योदक दिया जाय।।४८५-४८६।।

[नैवेद्यम्]

नैवेद्यं सघृतं शुभ्रं घृतव्यञ्जनसंयुतम्।
मत्स्यमांसं मुद्गसूपं मरीचादिसुसंस्कृतम्।।४८८।।
शर्करापूपभरितं मधुदुग्धगुडान्वितम्।
षड्रसेन समायुक्तं पायसं मधुसंयुतम्।।४८९।।
नानाविधानि द्रव्याणि फलानि विविधानि च।
मनःप्रियाणि द्रव्याणि कृत्वा साधकसत्तमः।।४९०।।

नैवेद्य-व्यञ्जन—शुद्ध घी से पकाये गये व्यञ्जन, मत्स्य-मांस, हींग, जीरा, अदरख आदि से बघारी गई मूँग की दाल का सूप, पूड़ी, मीठा मालपुआ, शहद, दूध, गुड़, पायस, षड्रसयुक्त अनेक प्रकार के चर्व्य, चोष्य, लेह्य व्यञ्जन तथा विविध प्रकार के फल नैवेद्य के रूप में देवी को समर्पित करें।।४८७-४९०।।

[तत्स्थापनार्हं मण्डलम्, तत्राऽऽधारशक्त्यर्चनञ्च]

दक्षिणे वा पुरोभागे वामे वा मण्डलं लिखेत्।
त्रिकोणवृत्तभूबिम्बमाधारशक्तिमर्चितम् ।।४९१।।

अत्र नैवेद्यस्थापनमाह—**दक्षिण इति।**

नैवेद्यं दक्षिणे वामे पुरतो वा न पृष्ठतः।

इति गन्धर्वतन्त्रचतुर्दशपटलवचनेन देव्या दक्षिणे वामेऽग्रतो वा नैवेद्यस्थापनोपदेशात्। अत्र मण्डलनिर्माणमपि तत्र तत्रोक्तम्। एतेन नैवेद्यस्थापनस्थानमप्यर्थादायातम्। न च दक्षिणे वा पुरोभाग इत्यत्र कस्येति विशेषानतिदेशात् आत्मनो दक्षिणादिषु नैवेद्यस्थापन-मनेनोपदिष्टमिति वाच्यम्—

दीपं दक्षिणतो देव्याः पुरतो वा न वामतः।
वामतस्तु तथा धूपमग्रे वा न तु दक्षिणे।
निवेदयेत् पुरोभागे गन्धं पुष्पञ्च भूषणम्।

इत्यनन्तरं नैवेद्यं दक्षिणे वामे इत्यादि प्रागुपदर्शितगन्धर्ववचनदर्शनात् देव्या एव दक्षिणादिषु नैवेद्यस्थापनं न त्वात्मन इति बोध्यम्। अत एव तन्त्रसारकारैरपि वाम-दक्षिणभागस्तु देवताया एव, न तु साधकस्य—

धूपदीपौ सुभोज्यञ्च देवताग्रे निवेदयेत्।

इति दर्शनादित्युक्तम्। तथा—

दद्यादयोग्यं पुरतो नैवेद्यं भोजनादिकम्।

इति गन्धर्ववचनदर्शनाद् द्रव्यप्राचुर्यादिवशात् स्थानाभावेन वामदक्षिणयोः स्थापयितुमयोग्यमेव नैवेद्यादिकं पुरतः स्थाप्यम्। स्थानसद्भावे तु वामदक्षिणयोरेवेत्युक्तं भवति। पक्वामान्नयोर्विशेषमाह तन्त्रसारे—

पक्वञ्च देवतावामे आमान्नञ्चैव दक्षिणे। इति।

पुरतः स्थापनन्तु नियमविरुद्धम्।

पुरतो नियमो नास्ति दीपनैवेद्ययोः क्वचित्।

इति तन्त्रसारधृतयामलवचनात्। यत्तु हरतत्त्वदीधितिकारैः—

दक्षिणे च सितावर्त्तिर्वामतो रक्तवर्त्तिकाम्।
पक्वापक्वविभागेन नैवेद्यस्यापि तत्स्थितिः।।

इति तन्त्रसारधृतयामलवचनेन पक्वान्नस्य दक्षिणत आमान्नस्य वामतश्च स्थापनं प्रतिपादितम्, तत् 'पक्वञ्च देवतावाम' इति पूर्वोपदर्शितवचनविरोधात् कुव्याख्यान-विजृम्भितम्। पक्वापक्वविभागेनेत्यत्र अपक्वञ्च पक्वञ्चेति द्वन्द्वेऽल्पस्वरत्वात् पक्व-पदस्य पूर्वनिपातेन अपक्वस्य दक्षिणतः पक्वस्य वामतः स्थितिरित्यर्थे न विरोध इति सर्वं निर्विवादम्। एवञ्च—

दक्षिणन्तु परित्यज्य वामे चैव निधापयेत्।
अभोज्यं तत्र भवेदन्नं पानीयन्तु सुरोपमम्।।

इत्यपि न पक्वान्नविषयम्। दक्षिणन्तु परित्यज्येत्यनेन एकनैवेद्यस्थले दक्षिणत्यागपूर्वकं वामतः स्थापनं प्रतिषिध्यते, बहुनैवेद्यस्थले तु दक्षिणतः स्थानालाभे वामतः स्थापनेऽपि न दोषः। न तु दक्षिणन्तु परित्यज्येति वचनस्य पक्वान्नविषयत्वे किमपि मानमस्ति, तन्त्रसारकारैरपि नास्य वचनस्य पक्वान्नविषयत्वमुक्तम्। पुरश्चरणचन्द्रिकायां वचनमिदं साम्प्रदायिकत्वेन व्याख्यातम्।

नैवेद्य पात्र की स्थापना के लिये साधक देवी के आगे, दक्षिण या वामभाग में भूमि पर त्रिकोण, वृत्त, चतुरस्रयुक्त मण्डल बनाये। इस मण्डल पर आधारशक्ति का पूजन करके तिपाई आदि आधार रखे आधार पर अग्नि-मण्डल का पूजन करे।।४९१।।

[नैवेद्यस्थापनं प्रोक्षणादि संस्कराश्च]

नैवेद्यं तत्र संस्थाप्य प्रोक्षयेदस्त्रमन्त्रतः।
कवचाख्येन संरक्ष्य वायुबीजेन शोधयेत्।।४९२।।
वह्निबीजेन संदह्य वारुणेनामृतं चरेत्।

नैवेद्यनिवेदनक्रममाह—**नैवेद्यमित्यादिना**। अस्त्रमन्त्रतः फडिति मन्त्रेण। कवचाख्येन हूं इति मन्त्रेण। वायुबीजेन यमित्यनेन। वह्निबीजेन रमित्यनेन। वारुणेन वमिति वरुणबीजेन।

इस आधार पर विविध प्रकार के व्यञ्जनों से युक्त नैवेद्य पात्र रखें। अस्त्रमन्त्र (फट्) से नैवेद्य का प्रोक्षण करके कवच मन्त्र (हुम्) से संरक्षण, वायु-बीज (यं) से शोधन, अग्निबीज (रं) से दोषों का दहन तथा वरुणबीज (वं) से अमृतीकरण करें।।४९२।।

[नैवेद्यार्चना]

पुष्पं दत्त्वा तत्र मन्त्रं सप्तधा प्रजपेन्निजम्।।४९३।।

पुष्पं दत्त्वेति। पुष्पेण नैवेद्यमभ्यर्च्येत्यर्थः। मन्त्रं मूल मन्त्रम्। गन्धर्वतन्त्रे तु—

निराच्छादं समालोक्य भक्तिश्रद्धासमन्वितः।
वायुबीजेन संशोध्य सन्दहेद् वह्निना तथा।।
वारुणेन स्वधावृत्त्या प्लावयेद्धेनुमुद्रया।
अस्त्रमन्त्रेण संरक्ष्य मूलेनैवाभिषिच्य तु।।
मूलदेव्याः स्वनामान्ते नैवेद्यमिति चोच्चरेत्।
गृहाण वह्निजायान्तो नैवेद्यमनुरीरितः।।

अन्नं चतुर्विधं देवि रसैः षड्भिः समन्वितम्।
मया निवेदितं भक्त्या तदिदं प्रतिगृह्यताम्।।
लेह्यचोष्यानुपानादिभक्ष्यभोज्यानि यानि च।
मयाहृतानि यत्नेन कृपया देवि भुज्यताम्।।

इत्येवं नैवेद्यप्रदानक्रम उक्तः।

पुष्प आदि से उसका पूजन करके साधक अपने मन्त्र का सात बार जप करके उसे अभिमन्त्रित करे।।४९३।।

बाँयें हाथ से ग्रासमुद्रा दिखाते हुए दाहिने हाथ में जलपात्र लेकर निम्नलिखित मन्त्र का जप करते हुए नैवेद्य समर्पण करें—

[निवेदनप्रकार:]

हेमपात्रगतं दिव्यं परमान्नं सुसंस्कृतम्।
पञ्चधा षड्रसोपेतं गृहाण परमेश्वरि।।४९४।।
सर्वोपकरणादीनि मूलान्तेन निवेदयेत्।

[नैवेद्यालाभे व्यवस्था]

अशक्तौ मनसा दद्यादेतत् कर्म न लोपयेत्।।४९५।।

मूल-मन्त्र—नैवेद्य आदि सभी उपचार-समर्पण मन्त्रों के आगे मूल मन्त्र की योजना अवश्यमेव करनी चाहिए। यदि देवी को समर्पित करने के लिये कोई भी नैवेद्य उपलब्ध न हो तो मन से नैवेद्य की कल्पना करके नैवेद्य-समर्पण किया जाय। तात्पर्य यह कि पूजा में नैवेद्य-समर्पण कर्म का लोप नहीं होना चाहिए।।४९४-४९५।।

[देव्यै चुल्लुकदानं मुद्राप्रदर्शीपदेशश्च]

चुल्लुकं मनसा दत्त्वा पञ्च मुद्राः प्रदर्शयेत्।।४९६।।

नैवेद्य-समर्पण के बाद भगवती को एक चुल्लू पानी मानसिक रूप से देकर प्राण आदि पाँच मुद्रायें दिखायें।।४९६।।

[प्राणादिपञ्चमुद्रामन्त्रा:]

प्राणापानौ तथा व्यान उदानाख्यः समानकः।
चतुर्थ्यन्तोऽग्निजायान्तो मुद्रामन्त्रो ध्रुवादिकः।।४९७।।

[तत्र प्राणमुद्रा]

वृद्धानामाकनिष्ठाभिः प्राणमुद्रा समीरिता।



(प्राण-मुद्रा)

(अपान-मुद्रा)

(व्यान-मुद्रा)

(उदान-मुद्रा)

(समान-मुद्रा)

[अपानमुद्रा]

वृद्धामध्यातर्जनीभिरपानस्य प्रकीर्त्तिता।।४९८।।

[व्यानमुद्रा]

वृद्धानामामध्यमाभिर्व्यानमुद्रा समीरिता।

[उदानमुद्रा]

कनिष्ठावर्जं सर्वाभिरुदानस्य प्रकीर्त्तिता।।४९९।।

[समानमुद्रा]

समानमुद्रा सर्वाभिरङ्गुलीभिरुदीरिता।

[ग्रासमुद्रा]

वामहस्ते ग्रासमुद्रा विकचोत्पलसन्निभा।।५००।।

चुल्लुकमित्यादि स्पष्टम् । अत्र विशेषमाह गन्धर्वतन्त्रे पञ्चदशपटले—

जातीलवङ्गकक्कोलवासितं वर्धनीजलम्।
मुखवासकरं पुण्यं गृहीत्वाचम सुन्दरि।।

मूल मन्त्रेण देवेशि हुनेत् पञ्चाऽऽहुतीः क्रमात्।
प्राणापाणौ तथा व्यानमुदानञ्च समानकम्।।
एतत्स्वरूपं जानीयादाहुतीनाञ्च पञ्चकम्।
पञ्चाङ्गुलीभिरेव स्यात् क्रमात् पञ्चाऽऽहुतीः प्रिये।। इति।

ये पाँच मुद्रायें हैं—(१) प्राण, (२) अपान, (३) व्यान, (४) उदान और (५) समान। प्रणव (ॐ) के बाद प्राण आदि का चतुर्थ्यन्त नाम; यथा—'प्राणाय' और इसके बाद 'स्वाहा' की योजना करने से पञ्चप्राण मन्त्र बनते हैं। यथा—'ॐ प्राणाय स्वाहा।' मुद्राओं के लक्षण निम्नानुसार हैं—

(१) प्राण-मुद्रा — अंगुष्ठ, अनामा और कनिष्ठा को जोड़ने से प्राण-मुद्रा बनती है। मन्त्र—ॐ प्राणाय स्वाहा।

(२) अपान-मुद्रा — अंगूठा, मध्यमा और तर्जनी से अपान मुद्रा बनती है। मन्त्र—ॐ अपानाय स्वाहा।

(३) व्यान-मुद्रा — अंगूठा, मध्यमा और अनामा से व्यान मुद्रा बनती है। मन्त्र—ॐ व्यानाय स्वाहा।

(४) उदान-मुद्रा — कनिष्ठा को छोड़कर अन्य सभी अंगुलियों को जोड़ने से उदान मुद्रा बनती है। मन्त्र—ॐ उदानाय नमः।

(५) समान-मुद्रा — सभी अंगुलियों को जोड़ने से समान मुद्रा बनती है। मन्त्र—ॐ समानाय स्वाहा।



ग्रास-मुद्रा—बाँयें हाथ की अंगुलियों को अधखिले कमल की तरह करने पर 'ग्रास' मुद्रा बनती है।।४९७-५००।।

[पानीयदानम्]

सुवासितजलं दद्यात् स्वर्णरौप्यादिभाजते।

नैवेद्य-समर्पण करने के बाद सोने या चाँदी के पात्र में भगवती को पीने के लिये जल प्रदान करें।

[पुनर्गण्डूषदानं ताम्बूलदानञ्च]

पुनश्च चुल्लुकं दत्त्वा दद्यात्ताम्बूलमुत्तमम्।।५०१।।

पुनश्चेति। अत्र गन्धर्वतन्त्रोक्तः प्रकारः—

पुनराचमनं दत्त्वा मुखवासं निवेदयेत्।
ताम्बूलं गन्धसंयुक्तं कर्पूरादिसुवासितम्।
संस्कृत्य विविधैर्द्रव्यैर्गन्धवद्भिर्निवेदयेत्।। इति।

आचमन के लिये एक चुल्लू पानी देने के बाद उन्हें ताम्बूल (पात्र) प्रदान करें।।५०१।।

विमर्श—जल देने का सामान्य-क्रम यह है—(१) मूल मन्त्र—एतत् पानीयं अमुक देवतायै समर्पयामि। (२) मूल मन्त्र—एतत् आचमनीयं अमुकदेवतायै समर्पयामि। (३) मूल मन्त्र—गण्डूषार्थं एतत् जलं अमुकदेवतायै समर्पयामि। (४) मूल मन्त्र—करोद्वर्तनाय एतत् चन्दनचर्चितजलं अमुकदेवतायै समर्पयामि। इस नैवेद्य कर्म में केवल सामान्य अर्घ्य का सुवासित शीतल जल ही दिया जाता है। किसी अन्य जल को देवी स्वीकार नहीं करतीं।

[ताम्बूलदाने मन्त्र:]

एलालवङ्गकर्पूरजातीफलसमन्वितम् ।
तमालदलकर्पूरपूगभागतरङ्गितम् ।
संशोधितं सुगन्धञ्च ताम्बूलमनुसंददे।।५०२।।

यह ताम्बूल (पात्र) समर्पण का मन्त्र है। भाव यह है कि हे माते! नैवेद्य के उपरान्त मुख-शुद्धि के लिये मैं आपको इलायची, लौंग, कत्था, सुपारी से समन्वित तथा कपूर से सुवासित पान का बीड़ा समर्पित कर रहा हूँ। कृपया इसे स्वीकार करें।।५०२।।

विमर्श—'श्रीवनस्पतिदेवाय नम:' इस मन्त्र से सामान्य अर्घ्य के जल से प्रोक्षित ताम्बूलवीटिका (बीड़ा) बाँयें हाथ की तत्त्वमुद्रा से समर्पित की जाती है। भगवती त्रिपुरा को पान अत्यन्त प्रिय हैं, इसीलिये उन्हें 'ताम्बूलपूरितानना' कहा जाता है। ताम्बूल-दान के बिना गृहस्थ साधक की पूजा अधूरी रहती है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, जो एक तत्त्वान्वेषी समर्थ समालोचक होने के साथ ही बहुश्रुत तन्त्रविद् भी थे, उन्होंने अपने सांस्कृतिक उपन्यास 'चारु चन्द्रलेख' (अध्याय-२१) में ताम्बूल-दान की पारमार्थिक व्याख्या करते हुए लिखा है—

ताम्बूल-महिमा—'यह है जो ताम्बूल है, वह शिव और शक्ति का युक्त प्रत्यक्ष विग्रह है।' इसका त्रिकोणाकार इच्छा-ज्ञान-क्रिया-शक्ति-समन्वित त्रिकोण का प्रतिमान है। पान के पत्ते में जो त्रिकोण दिखाई देता है, वह मानसिक जगत् का एक छोटा-सा प्रतिमान है। यह उस शक्ति का प्रतीक है, जिसने स्थूल जगत् में नारी कलेवर धारण किया। और जो यह पूगीफल है, जो नीचे से दीर्घ और ऊपर सूक्ष्म होता है, वह शिवतत्त्व है। जब क्रिया और इच्छा दोनों ज्ञान की ओर बढ़ने

लगती हैं तो नर-नारी के पिण्ड में—इस स्थूल काया में चिन्मय शिवतत्त्व की ज्योति जगती है। शिव और शक्ति की इसी लीला को शक्तिसाधक अधोमुख और ऊर्ध्वमुख त्रिकोण में अंकित श्रीचक्र कहते हैं। ...... यह ताम्बूल ही गृहस्थ का श्रीचक्र है। इसमें शिवशक्ति का लीला-विलास ही नहीं; उनका तेज भी विन्यस्त है। खदिरराग (कत्था) शक्ति का तेज है, सुधाचूर्ण (चूना) शिवतत्त्व का तेज है। अतः ताम्बूलवीटक गृहस्थ को भगवान् की आदि सिसृक्षा और समस्त जगत् व्यापी तेजोयोग का स्मरण तो दिलाता ही है, संसार में रहते हुए संसारचक्र से मुक्त होने के उपाय का भी स्मरण दिलाता है। इसीलिये शास्त्रकार इसे गृहस्थ के लिये परम मंगलमय मानते हैं। गृहस्थी की कोई पूजा इसके बिना सफल नहीं मानी जाती।'

[माल्यादिदानम्]

माल्यं जलञ्च विमलं शीतलञ्च सुवासितम्।
व्यजनं तालवृन्तञ्च स्वर्णदण्डञ्च चामरम्।
दर्पणञ्च ततो दद्यात् पुरतश्चन्द्रवानिशं(?)।।५०३।।

[नृत्यगीतादि]

नृत्यं गीतं शीतलञ्च कुर्याद् विभवपूर्वकम्।।५०४।।

[पुष्पाञ्जलिदानं तर्पणञ्च]

सुप्रसन्नां ततो ध्यात्वा सर्वाभरणसंयुताम्।
पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा तर्पयेत् परदेवताम्।।५०५।।

ताम्बूल के बाद भगवती को पुष्प-माला, शीतल सुवासित जल, ताड़ के पत्तों से बना पंखा, स्वर्णदण्ड, चामर तथा चन्द्रमा के समान स्वच्छ धवल दर्पण समर्पित करें। यथावैभव, यथासामर्थ्य नृत्य-गीत प्रस्तुत करके उन्हें प्रसन्न करें और यह मानकर कि इस पूजोपचार से भगवती संतुष्ट और प्रसन्न हो गई हैं, उन्हें तीन पुष्पाञ्जलियाँ प्रदान करें।।५०३-५०५।।

[सपर्यात्रैविध्यम्]

सपर्या त्रिविधा प्रोक्ता पराख्या अपराभिधा।
परापरेति विख्याता ज्ञातव्या साधकोत्तमैः।।५०६।।

[परादीनां लक्षणम्]

परा तु बिन्दुपूजा स्यादपरा बाह्यतः क्रमात्।
परापरा व्यापिका च ज्ञातव्या गुरुवक्त्रतः।।५०७।।

अत्र पूजायास्त्रैविध्यं परादीनां लक्षणञ्चोक्तं सपर्येत्यादिना श्लोकद्वयेन। तत्रापि गुरुमुखादेव ज्ञातव्यमित्युक्तम् इति नात्र परादीनां व्याख्यानमावश्यकम् । तन्त्रसारे तु पूजायाः पञ्चविधत्वमुक्तम्; गौतमीये—

पूजा च पञ्चधा प्रोक्ता तासां भेदाञ् शृणुष्व मे।
अभिगमनमुपादानं योगः स्वाध्याय एव च।
इज्या पञ्चप्रकाराऽर्चा क्रमेण कथयामि ते।।
तत्राभिगमनं नाम देवतास्थानमार्जनम्।
उपलेपननिर्माल्यदूरीकरणमेव च।।
उपादानं नामगन्धपुष्पादिचयनं तथा।
योगो नाम स्वदेवस्य स्वात्मत्वेनैव भावना।।
स्वाध्यायो नाम मन्त्रार्थसन्धानपूर्वको जपः।
सूक्तस्तोत्रादिपाठश्च हरेः संकीर्तनं तथा।।
तत्त्वादिशास्त्राभ्यासश्च स्वाध्यायः परिकीर्त्तितः।
इज्या नाम स्वदेवस्य पूजनन्तु यथार्थतः।।
इति पञ्चप्रकाराऽर्चा कथिता तव सुव्रत।
सार्ष्टिसामीप्यसालोक्यसायुज्यसारूप्यदा क्रमात् ।। इति।

सपर्या अर्थात् पूजा के तीन भेद हैं—(१) परा, (२) अपरा और (३) परापरा। बिन्दु पूजा परा पूजा है, बाह्य-पूजन अपरा पूजा है तथा परापरा पूजा देवता को सर्वव्यापक मानकर की जाने वाली व्यापक पूजा है। इसकी सम्पूर्ण प्रक्रिया और रहस्य गुरुमुख से जानना चाहिए।।५०६-५०७।

विमर्श—पूजा के विभिन्न प्रकार—तन्त्रग्रन्थों में 'पूजा' को बहुविध परिभाषित करते हुए उसके भेद-विभेद किये गये हैं। एक तन्त्र ग्रन्थ में पूजा को परिभाषित करते हुए कहा है कि 'चञ्चल अवस्था में भी प्रमादरहित तन्मयता का नाम पूजा है।' चञ्चलता से यहाँ तात्पर्य सक्रियता और सजगता है। इस तन्मयता तक पहुँचने के तीन सोपान हैं—अपरा पूजा, परापरा पूजा और परा पूजा। इस ग्रन्थ के अनुसार गन्ध-पुष्प आदि बाह्य उपचारों से की जाने वाली पूजा अपरा पूजा है। मनो-अध्यात्म दृष्टि से यह प्रारम्भिक कोटि की पूजा है; क्योंकि इस पूजा में साधक के हृदय में द्वैतभावना की प्रबलता होती है और अद्वैतभाव बहुत क्षीण रहता है, जैसाकि आचार्य भास्कर राय ने भी लिखा है—

'अद्वैतमान सामान्याभावे तु अपरा'

बाह्य उपचारों से प्रतिदिन देवता का अर्चन करते-करते द्वैत भावना क्षीण होने लगती है और साधक दूसरी कोटि की पूजा में पहुँच जाता है, जिसे 'परापरा पूजा' कहते हैं। इस मध्यम सोपान में साधक क्षीयमाण द्वैत भावना को पूर्णरूपेण विलोपित करने का प्रयास करता है और उसके फलस्वरूप उसे यह महसूस होने लगता है कि समस्त बाह्य जगत् आभ्यन्तर चिन्मय में विलीन होता जा रहा है—

'बाह्यान्तरे धाम्न्यद्वये चिल्लयभावनामयी परापरात्मकता'।

साधक को बाह्य-पूजन के बजाय देवता के अंतरंग अर्चन में अधिक आनन्द आने लगता है, अन्तर्याग में तन्मयता बढ़ती जाती है।

'परापूजा' की अवस्था में द्वैत की अनुभूति शेष नहीं रह जाती। जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ बाह्य जगत् में अथवा अन्तः जगत् में सर्वत्र इन्द्रियों के व्यापार में चैतन्य ही अभिव्यक्त होता है—

यत्र यत्र मनो याति, बाह्ये वाभ्यन्तरे प्रिये।
तत्र तत्राक्षमार्गेण चैतन्यं व्यजते प्रभोः।।

इस अवस्था में जीव अपने परिच्छिन्न स्वरूप से ऊपर उठकर स्वयं अपरिच्छिन्न शिव-स्वरूप हो जाता है।

'तन्त्रसार' में यथा उद्धृत 'गौतमीयतन्त्र' के अनुसार पूजा के पाँच भेद हैं—(१) अभिगमन, (२) उपादान, (३) योग, (४) स्वाध्याय और (५) इज्या। देवता के पूजास्थान का मार्जन और निर्माल्य आदि को हटाना 'अभिगमन' है। पूजा के लिये पुष्प-गन्ध-नैवेद्य आदि उपचार जुटाना 'उपादान' है। मन्त्र के अर्थ का चिन्तन करते हुए जप करना, स्तोत्र-कवच आदि का पाठ करना 'स्वाध्याय' है। देवता को अपनी आत्मा से सर्वथा अभिन्न मानना 'योग' है। देवता की यथार्थ पूजा करना 'इज्या' है।

आचार्य राघव भट्ट ने (शारदातिलक ८/१०९ की व्याख्या) पूजा के उत्तम-मध्यम और अधम भेद बनाकर कहा है कि अधिकारी और निमित्तभेद से उसके सैकड़ों भेद हो जाते हैं।

[पुनः प्राणायामः कामकलास्मरणञ्च]

प्राणायामं पुनः कृत्वा स्मरेत् कामकलां बुधः।
मुखं बिन्दुवदाकारं तदधः कुचयुग्मकम्।।५०८।।
तदधः सपरार्धन्तु चिन्तयेत्तदधो मुखम्।
मुखबिन्दुर्भवेत् सूर्यो दहनेन्दू स्तनावुभौ।।५०९।।
योनिर्हार्दकला ज्ञेया मुखबिन्दोः समुत्थिता।
नासाद्यङ्गस्तनद्वन्द्वाद् बाहुयोनेः पदद्वयम्।।५१०।।

कामकला का ध्यान—विचक्षण साधक पुनः प्राणायाम करके भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के 'कामकला' क्रम का चिन्तन करते हुए ध्यान करे। बिन्दु और विसर्ग, प्रकाश और विमर्श अर्थात् शिव और शक्ति के सम्मिलन से निर्मित त्रिकोण के तीनों बिन्दुओं और मध्यवर्ती महाबिन्दु के मिलने से 'कामकला' के विग्रह का

आविर्भाव होता है। हार्ध कला-सहित कामकला त्रिबिन्दुमयी है। मिश्र बिन्दु कामकला का मुख तथा श्वेत एवं रक्त बिन्दु दोनों स्तन हैं। हार्धकला योनि है। ध्यान के समय साधक यह भावना करे कि सूर्य (मिश्र बिन्दु) कामकला का मुख तथा अग्नि (रक्त) तथा सोम (श्वेत) बिन्दु उसके दो स्तन हैं। हार्थ कला योनिरूपा है। मुख बिन्दु से नासिका आदि अंगों का, दोनों स्तनों से दोनों बाहुओं का तथा योनि से दोनों पैरों का आविर्भाव हुआ है।।५०८-५१०।।

[आत्मनः कामकलाभेदचिन्ता]

एवं कामकलारूपमात्मानं चिन्तयेत् सदा।।५११।।
मेढ्रस्थाने शिखाकारमाधारे कनकप्रभम्।
नाभिस्थं सूर्यविम्बाभं तरुणादित्यवर्चसम्।।५१२।।
हृदि वह्निशिखाकारं तदूर्ध्वे भास्करद्युतिम्।
कण्ठे दीपशिखाकारं घण्टावैदूर्यसन्निभम्।।५१३।।
लम्बिके चन्द्रविम्बाभं भ्रूमध्ये रत्नवद्रुचिः।
नवमे विश्वतेजश्च चिन्तयेदेषु साधकः।।५१४।।

लम्बिके इति। लम्बिके तालूर्ध्वसूक्ष्मजिह्वायामित्यर्थः। नवमे नवमचक्रे सहस्त्रारे इत्यर्थः। नवचक्रविवेकस्तु सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषदि द्रष्टव्यः।

कामकला का इस प्रकार ध्यान करके साधक स्वयं को कामकलारूप समझे। एतदर्थ वह यह महसूस करे कि नवचक्रमय श्रीयन्त्र के समानुरूप उसके नवचक्रमय शरीर में सर्वत्र कामकला की दीप्ति है। मेढ्र, नाभि, हृदय, कुक्षि, कण्ठ, घण्टिका, लम्बिका, भ्रूमध्य तथा ब्रह्मरन्ध्र उसके शरीर के नौ चक्र हैं। मेढ्र क्षेत्रवर्ती मूलाधार में वह कामकला की ज्योति का सोने की-सी कान्ति वाली दीप-शिखा के समान, नाभिक्षेत्र में उदयकालीन सूर्यबिम्ब के समान जिससे प्रकाश की लाल किरणें फूट रही हैं, हृदय क्षेत्र में अग्नि के समान जिसकी लपटें ऊपर की ओर लपलपा रही हैं, हृदय के ऊपर कुक्षि क्षेत्र में सूर्य की चमक के समान, कण्ठ में दीप-शिखा के समान निश्चल एवं स्थिर, कण्ठघण्टिका में वैदूर्य के समान, लम्बिका में चन्द्रबिम्ब के समान, भ्रूमध्य में रत्न-ज्योति के सदृश तथा ब्रह्मरन्ध्र में विश्वतेज (सूर्य) के समान ध्यान करे।।५११-५१४।।

[श्रीगुरुपादुकाध्यानम्]

ततः पद्मे सहस्त्रारे ध्यायेच्छ्रीगुरुपादुकाम्।

[सैव कुलकुण्डलिनीशक्तिः]

मूलकन्दे तु सा शक्तिर्भुजगाकाररूपिणी।

[प्राणस्य स्वरूपम्]

तद्भ्रमावर्त्तवातोऽयं प्राण इत्युच्यते बुधैः।।५१५।।

[शक्तेश्चेष्टाविशेष:]

झिञ्जीवाव्यक्तमधुरा स्फुरन्ती शतशोऽपि वा।
गच्छन्ती ब्रह्ममार्गेण प्रविशन्ती स्वकेतने।।५१६।।

मूलकन्दे इति मूलाधारे इत्यर्थः। मूलाधारस्थकुलकुण्डलिनीशक्तेर्भ्रमावर्तवातः प्राण इत्याख्यायते।

इसके बाद देवी त्रिपुरा का साधक अपने सहस्रार पद्म में गुरुपादुका का ध्यान करे और यह महसूस करे कि वह जिस कामकला की दीप्ति से ओत-प्रोत है, वही कामकला शक्ति भुजगाकाररूपिणी होकर सभी प्राणियों के मूलाधार चक्र में कुल-कुण्डलिनी के रूप में स्थित है। यह कुण्डलिनी शक्ति झींगुर के समान आवाज करती हुई सुषुम्ना मार्ग से मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र और फिर ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार-पर्यन्त आती-जाती रहती है। उसके इस सतत संचरण से भँवर के समान उत्पन्न वायु को विद्वानों ने 'प्राण' कहा है।।५१५-५१६।।

[तत्र मनोलयनम्]

यातायातक्रमेणापि तत्र कुर्यान्मनोलयम् ।

[मन्त्रशिखोत्पत्ति:]

तेन मन्त्रशिखा जाता सर्वसिद्धिप्रदीपिका।।५१७।।

तत्र मनसो मेलनं कुर्यात्, तत एव मन्त्रशिखा उत्पद्यते। एवञ्च एवंरूपेण प्राणे मनोलयनं विना मन्त्रशिखानुत्पादः, तदनुत्पादे च न मन्त्रसिद्धिः स्यादिति फलितोऽर्थः।

जब विचक्षण साधक इस प्राणवायु में मन को विलीन कर देता है अर्थात् जब साधक का मन कुण्डलिनी के साथ मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र और ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार तक निर्बाध रूप से संचरण करने लगता है, उसके अन्त:चक्षु के सामने मन्त्र-शिखा भास्वती हो जाती है। मन्त्र के सभी वर्ण (अक्षर) अपनी सम्पूर्ण दिव्यता के साथ उसके अन्त:चक्षु के सामने प्रकाशित हो जाते हैं। यह मन्त्र-शिखा ही साधक को सिद्धियाँ प्रदान करती है।।५१७।।

[शिखाहीनमन्त्रस्य निष्फलत्वम्]

तमःपूर्णगृहे यद्वद् यत्किञ्चिन्न हि भासते।
शिखाहीनास्तथा मन्त्रा न सिध्यन्ति कदाचन।।५१८।।

[शिखाया गुप्तत्वम्]

शिखोपदेशः सर्वत्र विद्वद्भिः परिगोपितः।।५१९।।

[तद्वैपरीत्ये सिद्ध्यभावः]

विनाऽनेन न सिद्धिः स्यादर्घ्यकोटिशतैरपि।

[स्वापकाले मन्त्रजपस्याऽऽनर्थक्यम्]

स्वापकाले तु मन्त्रस्य जपोऽनर्थफलप्रदः।।५२०।।

जिस तरह अन्धेरे कमरे में रखी हुई कोई चीज दिखाई नहीं देती और वहाँ रखी कोई चीज ढूँढ़ने पर भी हाथ नहीं आती, उसी तरह जब तक मन्त्रशिखा के दर्शन नहीं होते, तब तक मन्त्र में निहित शक्तियों और सिद्धियों की प्राप्ति नहीं होती। मन्त्र-शिखा और मन्त्र-शिखा के रहस्य को विद्वानों ने सदैव गुप्त रखा है। इस अत्यन्त गुप्त रहस्य को ज़ाने बिना न तो सिद्धि मिलती है और न मुक्तिलाभ होता है।।५१८-५२०।।

इसीलिये कहा गया है—मन्त्र का सतत् जप करते रहो, क्योंकि सतत् जप से ही सिद्धि मिलती है—'जपात् सिद्धिः जपात् सिद्धि जपात् सिद्धिः न संशयः'। मन्त्र का सतत जप करते रहने से मन धीरे-धीरे प्राण में विलीन होने लगता है। फिर प्राणों का मन्त्र में विलय होता है और अन्ततः प्राण, मन और मन्त्र मिलकर एकरूप एकाकार हो जाते हैं।

विमर्श—सूत्ररूप में निष्कर्ष यह कि प्राणों में मन को विलीन कर देने पर ही मन्त्र-साधना में सिद्धियाँ मिलती हैं।

[स्वापस्य जागरस्य च लक्षणम्]

स्वापकालो वामवहो जागरो दक्षिणावहः।

[मन्त्रविशेषे स्वापजागरयोर्विशेषः]

आग्नेयस्य मनोः सौम्य मन्त्रस्यैतद्विपर्ययः।।५२१।।

[प्रबोधकालः]

प्रबोधकालं जानीयादुभयोरुभयोरपि।

[शिवशक्तिसङ्गमकालः]

प्राणापानसमायोगाच्छिवशक्त्योस्तु सङ्गमः।
प्रबोधकालो विज्ञेयः स्वापकालस्ततोऽथवा।।५२२।।

स्वापकाल इति। यदा वामनासिकया श्वासो वहति तदा स्वापकालः, यदा तु दक्षिणनासापुटेन श्वासश्चलति तदा जागरकालः, इति सर्वसाधारणमन्त्रजपे। एवञ्च जपारम्भकाले दक्षिणनासापुटेन वायोर्वहनमावश्यकम्, अन्यथा जपस्य निष्फलत्वमिति। आग्नेयमन्त्रस्य तु वामनासापुटेन यदा श्वासो वहति तदैव जपारम्भ इति

विपर्ययपदेनोपदिशति ग्रन्थकारः। एवञ्च उभयोराग्नेयमन्त्रेतरदेवताकमन्त्रयोर्वामनासावहो दक्षिणनासावहश्च श्वासो यथाक्रमं जागरणकाल इत्याशयः।

'स्वाप' अर्थात् निद्रा। जब मन्त्रों की निद्रा अवस्था हो, उस समय मन्त्र का जप करना अनर्थकारी है। यह निद्रा अवस्था क्या है? इसे स्पष्ट करते हुए स्वरविज्ञान के शास्त्रों में कहा गया है कि जब बाँयें नथुने से स्वर अर्थात् श्वास चल रहा हो, उस समय स्वप्नकाल और जब दाहिने नथुने से स्वर (श्वास) चल रहा हो, उस समय जागरण काल होता है। मन्त्रों के भी दो भेद हैं—आग्नेय और सौम्य। स्वापकाल में सौम्य मन्त्र और जागरण काल में आग्नेय मन्त्र का जप करना चाहिए। जिस समय प्राण तथा अपान का समायोग होता है, उसे शिव और शक्ति का संयोग-काल माना जाता है। शिव और शक्ति का वह संयोग-काल ही वास्तविक प्रबोध-काल है। इसके अतिरिक्त अन्य समय को स्वापकाल ही समझना चाहिए।।५२०-५२२।।

विमर्श—उपर्युक्त निरूपण का निष्कर्ष यह है कि मन्त्र-साधक के लिये मन्त्र की आग्नेय और / या सौम्य प्रकृति का ज्ञान होने के साथ ही स्वर-विज्ञान का ज्ञान तथा स्वर-परिवर्तन / स्वरसंचालन का अभ्यास होना चाहिए। साथ ही उसे यह अभ्यास भी होना चाहिए कि जैसे ही वह यथावांछित स्वर में मन्त्र-जप प्रारम्भ करे, उसके मन का प्राणों में विलय हो जाय।

[त्रिपुरागायत्रीप्रशंसायां हरिहरसंवादः]

अथ वक्ष्याम्यहं गुह्यं संवादं हरिहरात्मकम्।
देवदारुवने पूर्वं ब्राह्मणानतिदुर्धियः।।५२३।।
विलोक्य भगवान् विष्णुः शिवं गत्वाऽभ्यभाषत।
देवदेव जगन्नाथ महादेव जगत्पते।।५२४।।
इमे दुर्मतयः सर्वे वेदाचारबहिष्कृताः।
स्वच्छन्दचरिताः सर्वे देवदारुवने द्विजाः।।५२५।।
अन्यस्त्रीमैथुनासक्ताः सुरापानपरायणाः।
आत्मज्ञानविहीनानां योगाभ्यासावहेलिनाम्।।५२६।।
कथमेषां भवेन्मुक्तिस्तदुपायं वद प्रभो।
कथं वा ब्रह्मविद्यायां दीक्षायामधिकारिता।।५२७।।

त्रिपुरा गायत्री की प्रशंसा—अब मैं भगवान् विष्णु और भगवान् शंकर के उस संवाद का निरूपण कर रहा हूँ, जो सर्वथा गुप्त रखने के योग्य है। बहुत प्राचीन काल की बात है। उस समय देवदारु वन में दुष्ट बुद्धि वाले आचारहीन ब्राह्मण रहते थे। उनके भ्रष्टाचरण को देखकर भगवान् विष्णु बहुत दुःखी हुए। उन्होंने भगवान् शंकर के पास जाकर पूछा—हे जगन्नाथ! हे महादेव! देवदारु वन में निवास

करने वाले ये सभी ब्राह्मण वैदिक आचार-विचार से सर्वथा हीन और भ्रष्टाचरण हैं। नीति-अनीति का विचार नहीं करके मनमानी आचरण करते हैं। ये लोग रोज शराब पीते हैं। दूसरों की स्त्रियों से मैथुन करते हैं। मोक्षप्राप्ति के लिये योगाभ्यास न करके उसकी अवहेलना करते हैं। इन पाप-परायण ब्राह्मणों की मुक्ति किस तरह होगी? क्या इनके कल्याण का कोई उपाय है? ब्रह्म-विद्या की साधना के लिये इन्हें किस तरह पुन: दीक्षा पाने का अधिकार मिलेगा?।।५२३-५२७।।

इत्युक्त्वैवाभवत्तूष्णीं ततो निखिलवेदिना।
तस्मै उक्ता ब्रह्मभूता गायत्री त्रिपुरामयी।।५२८।।
यया विज्ञातया चैव दीक्षितो ब्राह्मणो भवेत्।
अपि कृत्वा कदाचारान् पतितो वेदवर्जितः।
नारी शूद्रोऽथवा व्रात्यो ज्ञात्वैव ब्राह्मणो भवेत्।।५२९।।

इतना पूछकर भगवान् विष्णु चुप हो गये। तब सम्पूर्ण ज्ञेय पदार्थों (तत्त्वों) को जानने वाले भगवान् शंकर ने कहा—साक्षात् ब्रह्म से उद्भूता 'त्रिपुरा-गायत्री' स्वयं ही ब्रह्मरूपा हैं। इसका ज्ञान हो जाने पर अदीक्षित ब्राह्मण को भी दीक्षा प्राप्त हो जाती है। निन्दित एवं कुत्सित आचरण और कर्मों के फलस्वरूप पतित एवं वेदवर्जित ब्राह्मण ही नहीं; अपितु नारी, शूद्र और व्रात्य भी ब्राह्मण के समान हो जाते हैं।।५२८-५२९।।

[गायत्रीकथनम्]

अथ वक्ष्यामि तां विद्यां गायत्रीं त्रिपुरातनीम्।।५३०।।
देवीप्रणवमुद्धृत्य ततस्त्रिपुरसुन्दरी।
ङेऽन्ताऽथ विद्महे कामेश्वर्यै धीमहि योजयेत्।
तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयादेषा जप्या जपादितः।।५३१।।

[गायत्रीजपानन्तरमन्यजपस्याधिकारिता]

अष्टाविंशतिसंख्याभिर्जप्तृणामधिकारिता ।
ब्रह्मविद्यां जपेत् पश्चात् सर्वेषामेव निश्चितम्।।५३२।।

अथ वक्ष्यामीति। त्रिपुरासुन्दरीगायत्रीकथनम्, सा च गायत्री 'ह्रीं त्रिपुरसुन्दर्यै विद्महे, कामेश्वर्यै धीमहि, तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्' इति।

अब मैं त्रिपुरामयी त्रिपुरा गायत्री बता रहा हूँ। देवी प्रणव (ह्रीं) के बाद चतुर्थ्यन्त त्रिपुरसुन्दरी (त्रिपुरसुन्दर्यै) के बाद 'विद्महे कामेश्वर्यै धीमहि तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्' की योजना करने से 'त्रिपुरागायत्री' का मन्त्रस्वरूप प्रकट होता है।।५३०-५३२।।

[त्रिपुरागायत्रीजपफलानि]

जप्त्वैनामगमन्मुक्तिं देवदारुवने द्विजाः।
जीवन्मुक्तो जामदग्न्यः शिष्यो मे घोरपातकैः।।५३३।।
विमुक्तो मातृपुत्रेभ्यो मीननाथस्तथा परः।
जैगीषव्यश्च चन्द्रश्च वासवश्च विमोचितः।।५३४।।
गुरुदाराकर्षणाद्यैस्तथाऽगस्त्यो विमोचितः।
अभक्ष्यं भक्षयित्वा तु वातापिञ्च महासुरम्।।५३५।।
चाण्डालीगमनाच्चैव वशिष्ठोऽपि विमोचितः।
दत्तात्रेयः सुरापानाज्ज्वलनः सर्वभक्षणात्।।५३६।।
कुलोड्डीशाभिधे तन्त्रे शम्भुनेति प्रकीर्त्तितम्।।५३७।।

जप का फल—इस त्रिपुरा गायत्री का जप करके देवदारु वन के वे पापिष्ठ और अचारहीन ब्राह्मण आवागमन के चक्र से मुक्त हो गये। मातृवध के पाप से जगदग्निपुत्र पशुराम को इसी मन्त्र के जप से मुक्ति मिली। मीननाथ, जैगीषव्य और चन्द्रमा इसी मन्त्र के प्रभाव से शुद्ध और पवित्र हुए। गुरु-पत्नीगमन के पाप से देवराज इन्द्र इसी मन्त्र के जप से मुक्त हुए। नर-भक्षण के समान राक्षस-भक्षण भी जघन्य पाप है। महर्षि अगस्त्य ने वातापि नामक आततायी राक्षस का भक्षण कर लिया था। वे इस अभक्ष्य-भक्षण के पाप से इसी मन्त्र के प्रभाव से मुक्त हुए। हीनवर्णा चाण्डाली के साथ सम्भोग करने के पाप से वशिष्ठ को इसी मन्त्र का जप करने से मुक्ति मिली। सुरापान के पाप से दत्तात्रेय को मुक्ति मिली तो सभी भक्ष्य-अभक्ष्य का भक्षण करने के पाप से अग्नि को इसी मन्त्र से मुक्ति मिलती है। 'कुलोड्डीश' नामक तन्त्र-ग्रन्थ में स्वयं भगवान् शिव ने यह सब कहा है।।५३३-५३७।।

[गायत्रीजपस्य नियमः]

अथ प्रजप्या गायत्री ध्यायञ् श्रीत्रिपुरेश्वरीम्।
विलम्बं त्वरितं त्यक्त्वा जपेन्मन्त्रमनन्यधीः।।५३८।।
अष्टोत्तरसहस्रं वा गजान्तकशतञ्च वा।
त्रिंशन्न्यूनं नैव जपेन्नित्यं जप इति स्मृतः।।५३९।।
मन्त्रनिर्णयतन्त्रस्य मतमेतदुदीरितम्।

गजान्तकशतमिति अष्टोत्तरशतमित्यर्थः। विशेषमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तदशपटले—

उत्तमो दशसाहस्रः सहस्रो मध्यमः स्मृतः।
अधमन्तु विजानीयादष्टोत्तरशतं शिवे।।
इतो न्यूनं महेशानि न शस्तं जपकर्मणि।
यथाशक्ति जपं कुर्यात् संख्ययैव प्रयत्नतः।।

असंख्यातञ्च यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत्।
गृह्णन्ति राक्षसा येन गणयेत् सर्वथा बुधः।।
नैकवासा जपेन्मन्त्रं बहुवस्त्राकुलोऽपि वा।
अप्रावृतकरो वाऽपि शिरसा प्रावृतोऽपि वा।।
चिन्तान्याकुलचित्तो वा क्रुद्धो वाऽपि त्वरान्वितः।
निर्बोधः प्रीतिचित्तो न न रुग्णो न क्षुधाऽन्वितः।।
तथा चान्यमना भूत्वा प्रलपन्न जपेन्मनुम्।
अनासीनः शयानो वा गच्छन् भुञ्जान एव च।। इति।

जप के नियम—हृदय में भगवती त्रिपुरेश्वरी का ध्यान करते हुए त्रिपुरा गायत्री का जप करना चाहिए। मन्त्रोच्चारण की गति न तो धीमी हो और न बहुत ही तीव्र हो। मध्यम गति से एकाग्रचित्त से मन्त्र का जप करें। मन्त्र की जपसंख्या एक हजार आठ या एक सौ आठ है। किसी भी स्थिति में यह संख्या ३० से कम नहीं होनी चाहिए। इससे कम जप करने का कोई फल नहीं होता। 'मन्त्र-निर्णय-तन्त्र' का यही अभिमत है।।५३८-५३९।।

विमर्श—मन्त्र-जप के सन्दर्भ में गन्धर्वतन्त्र (पटल १८, श्लोकसंख्या ४४ से ५०) में कहा गया है कि मन्त्रजप की उत्तम संख्या दस हजार, मध्यम संख्या एक हजार और अधम संख्या एक सौ आठ है। इससे कम संख्या में जप करना प्रशस्त नहीं है। जो जप किया जाय, उसकी संख्या की गणना की जाय। गणना न करने पर उसका फल राक्षस चुरा लेते हैं। न तो केवल एक वस्त्र धारण करके जप किया जाय और न बहुत से कपड़े पहन कर जप किया जाय। जप के समय न तो हाथ को खुला रखा जाय और न ही सिर को ढँककर जप किया जाय। इसका अर्थ यह है कि माला और हाथ को गोमुखी में रखकर जप करें। इसी तरह जप करते समय (स्तोत्र आदि का पाठ करते समय भी) सिर पर टोपी या पगड़ी नहीं पहिनें। जब हृदय में किसी प्रकार का दुःख हो, चिन्ता हो, क्रोध हो अथवा किसी प्रकार का उद्वेग हो, उस समय जप नहीं करें। बिना खाये खाली पेट अथवा खाना खाते हुए, लेटे-लेटे, चलते-फिरते, बातचीत करते हुए मन्त्र का जप नहीं करें। तात्पर्य यह कि मन्त्रजप के समय खाना-पीना, चलना-फिरना, लेट जाना, खड़े हो जाना और बात करना मना है। कुछ ग्रन्थों में सिले हुए कपड़े पहिन कर जप करना भी निषिद्ध कहा गया है। ग्रहणकालीन पुरश्चरण में समुद्रगामिनी नदी में नाभिपर्यन्त गहरे जल में खड़े होकर जप करना प्रशस्त है।

[निगदादिना जपस्तेषां लक्षणानि च]

निगदेनोपांशुना वा मानसेनापि वा जपेत्।।५४०।।

जिह्वाधरोष्ठचलनं निगदः परिकीर्त्तितः।
रसनामात्रचलनमुपांशु परिकीर्त्तितम्।।५४१।।
मनसा मन्त्रवर्णस्य चिन्तनं मानसः स्मृतः।

निगदेनेत्यादि। विषयमिममधिकृत्य स्फुटमुक्तं गन्धर्वतन्त्रे सप्तदशपटले—

निगदेनोपांशुना वा मानसेनाथवा प्रिये।
जपारम्भं सुधीः कुर्याद् देवताभावतत्परः।।
निःशङ्कः परमेशानि स्पष्टवाचा निगद्यते।
अव्यक्तः प्रस्फुरद्वक्त्र उपांशुः परिकीर्त्तितः।।
धिया यदक्षरश्रेणीं वर्णस्वरपदात्मिकाम्।
उच्चरेदनु संस्मृत्य स उक्तो मानसो जपः।।
सौषुम्णाध्वन्युच्चरितं ध्वनिमात्रं विभावयेत्।
मन्त्राक्षराणि चिच्छक्तौ प्रोतानि च विभावयन्।।
तामेव परमे व्योम्नि परमामृतबृंहितः।
दर्शयत्यात्मसद्भावं पूजाहोमादिभिर्विना।।
मनः संहृत्य विषयान्मन्त्रार्थगतमानसः।
न द्रुतं न विलम्बञ्च जपेन्मौक्तिकपङ्क्तिवत्।।
निगदेन तु यज्जप्तं लक्षमात्रं वरानने।
उपांशूच्चारणेनैव तुल्यं भवति शैलजे।।
उपांशु लक्षमात्रं तु यज्जप्तं कमलेक्षणे।
मानसोच्चारणात्तुल्यमेकेन वरवर्णिनि।।
विशेषात् त्रिपुरातन्त्रे प्रशस्तो मानसो जपः।
मनसा यः स्मरेत् स्तोत्रं वचसा वा जपेन्मनुम्।।
उभयं निष्फलं तस्य भिन्नभाण्डोदकं यथा।

जप की तीन विधियाँ हैं—(१) निगद, (२) उपांशु और (३) मानस। जब मन्त्र-जप करते समय जीभ चलती रहे और ओंठ हिलते रहें, वह निगद जप है। (२) जीभ तो चले लेकिन ओंठ बन्द रहें, वह उपांशु जप है। (३) न तो ओंठ हिलें और न ही जीभ चले; लेकिन मन्त्रवर्णों का मन ही मन चिन्तन होता रहे, वह मानस जप है।।५४०-५४१।।

[जपानामधममध्यमोत्तमत्वनिरूपणम्]

निगदे लक्षजप्तः स्यादुपांशु स्मरणोपमः।।५४२।।
उपांशुर्वा लक्षजपः सदृशो मानसैककः।
अधमो मध्यमः प्रोक्त उत्तमो मन्त्रविन्नरैः।।५४३।।

मन्त्रवेत्ताओं का कथन है कि इनमें निगद जप अधम है। उपांशु मध्यम है और मानस जप सर्वश्रेष्ठ है। निगद विधि से मन्त्र का एक लाख जप उपांशु विधि से मन्त्र के एक बार जप के समतुल्य है और एक लाख उपांशु जप एक मानस जप के बराबर है।।५४२-५४३।।

विमर्श—मन्त्रजपफल का यह फार्मूला मन्त्र-पुरश्चरण के लिये विहित संख्या पर लागू नहीं होता।

[जपकाले अतिह्रस्वातिदीर्घोच्चारणयोर्निषेधः]

अतिह्रस्वो व्याधिहेतुरतिदीर्घस्तपःक्षयः।

मन्त्रजप करते समय ह्रस्व और दीर्घ स्वरों के उच्चारण का ध्यान रखा जाय। ह्रस्व स्वरों को इतना छोटा न किया जाय कि सस्वर वर्ण स्वरहीन हो जाय। ह्रस्व के अतिह्रस्व होने से व्याधियाँ होती हैं और इसी तरह दीर्घ स्वर को अतिदीर्घ करने से तप अर्थात् साधना का फल नहीं मिलता।

[जपरीतिः]

अक्षराक्षरसञ्चारं जपेन्मौक्तिकहारवत्।।५४४।।

जप में मन्त्र के वर्णोच्चारण में हार में पिरोये गये मोतियों के समान परस्पर सम्बद्धता होनी चाहिए।।५४४।।

[दशाविशेषे स्तवजपयोर्निष्फलता]

मनसा यः स्मरेत् स्तोत्रं वचसा च मनुं जपेत्।
उभयं निष्फलं तस्य भिन्नभाण्डोदकं यथा।।५४५।।

मन्त्र वैखरी वाणी का विषय नहीं है। अतः मन्त्र का जप जोर-जोर से नहीं करना चाहिये। जोर-जोर से बोलते हुए मन्त्रजप करना और स्तव-स्त्रोत आदि का मन ही मन पाठ करना बेकार है। इससे कोई लाभ नहीं मिलता।।५४५।।

[जपे अङ्गुलिनियमः]

अनामाया द्वयं पर्व परिवर्त्तेन वै क्रमात्।
मध्यमायास्त्रयं पर्व तर्जनीमूलपर्वणि।
नित्यजापे समाख्याता न काम्ये करमालिका।।५४६।।

अनामाया इति। करजपे नियममाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तदशपटले—

मालाभावे ततः स्वासु अङ्गुलीषु जपेद् बुधः।
नित्यं जपं करे कुर्यान्न तु काम्यं कदाचन।।
आरभ्यानामिकामध्यात् प्रादक्षिण्येन वै क्रमात्।
तर्जनीमूलपर्यन्तं जपेन्नवसु पर्वसु।।
तर्जन्यग्रे तथा मध्ये यो जपेत् तन्त्रवान् नरः।
चत्वारि तस्य नश्यन्ति आयुर्विद्या यशो बलम्।।

अनामामध्यपर्वन्तु मेरुं कृत्वा न लङ्घयेत्।
मेरुं प्रदक्षिणं कुर्वन्ननामामूलपर्वतः।।
अङ्गुलीपर्वभिर्मन्त्रं जपन् रेखां न संस्पृशेत्।
अङ्गुलीर्नापयुञ्जीत किञ्चिदाकुञ्चिते तले।
अङ्गुलीनां वियोगे तु च्छिद्रेण स्रवते जपः।। इति।

मालया जपे विशेषमाह तत्रैव—

यथा सिद्धिस्तथा माला मालाऽङ्गं जपकर्मणि।
मालया जपतो नित्यं सिद्धिरेव न संशयः।।
आशु सिद्धिकरी माला वर्णमयी समीरिता।
अनुलोमविलोमार्णैर्मातृकायाः सबिन्दुकैः।।
सुमेरुकैः सदा कार्या माला सर्वसमृद्धिदा।
अष्टाधिकेऽष्टवर्गैस्तु पुनरेव समापयेत्।।
वर्णेनान्तरितं मन्त्रं कृत्वा जप्येत साधकः।
स्फाटिकादिभिरप्यत्र माला जपसमृद्धिदा।।
निधाय पुरतो मालां सव्यहस्तगताञ्च वा।
जपादौ पूजयेन्मालां तोयैरभ्युक्ष्य यत्नतः।।
इष्ट-मन्त्रेण मालायाः प्रोक्षणं परिकीर्तितम्।
ऐँ मां माले महामाले सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।।
चन्द्र-चन्दन-कस्तूरी-रोचनागुरु-कुङ्कुमैः ।
पूजयित्वा ततो मालां गृह्णीयाद् दक्षपाणिना।।
बीजं गणपतेः पूर्वमुच्चार्य तदनन्तरम्।
अविघ्नं कुरु माले त्वं गृह्णीयादित्यनेन तु।।
यथा हस्तान्न च्यवते जपतः स्रक् तथाचरेत्।
हस्तच्युतायां विघ्नः स्याच्छिन्नायां मरणं भवेत्।।
यत्नात् संगोपयेदेनां भ्रामयेन्न विधूनयेत्।
गुरुं प्रकाशयेन्नैव यन्त्रं मन्त्रं कदाचन।।
अक्षमालाञ्च मुद्राञ्च गुरवेऽपि न दर्शयेत्।
भूत-राक्षस-वेतालाः सिद्ध-गन्धर्व-चारणाः।।
हरन्ति प्रकटं यस्मात् तस्माद् गुप्तं जपेद् सदा।
मालां स्वहृदयासन्नां दक्षिणस्य करस्य च।।
मध्यमाया मध्यभागे वर्जयित्वा तु तर्जनीम्।
अनामिकाकनिष्ठाभ्यां युतया नम्रभागतः।।

स्थापयित्वा तत्र मालामङ्गुष्ठाग्रेण तद्गतम्।
प्रत्येकं बीजमादाय कुर्याद् वामेन न स्पृशेत्।।
प्रतिवारं पठेन्मन्त्रं शनैरोष्ठं न चालयेत्।
तर्जन्या न स्पृशेन्मालां मुक्तितो गणनाक्रमः।।
अङ्गुष्ठपर्वमध्यस्थां परिवर्तं समाचरेत्।
अङ्गुष्ठेन विना कर्म कृतं भवति निष्फलम्।।
अङ्गुष्ठं मोक्षदं देवि तर्जनी शत्रुनाशिनी।
मध्यमा धनसिद्धौ स्याच्छान्तिकर्मण्यनामिका।।
कनिष्ठाकर्षणे ज्ञेया जपकर्मणि सिद्धिदा।
मालाबीजन्तु जप्तव्यं स्पृशेन्न हि परस्परम्।।
पूर्वबीजं जपन् यस्तु परबीजन्तु संस्पृशेत्।
अङ्गुष्ठेन भवेत्तस्य निष्फलस्तस्य तज्जपः।।
किटि शब्दान्विता माला छिन्ना भिन्नाऽपि वा भवेत्।
वामोरौ दक्षपादञ्च विन्यस्य परमेश्वरि।।
बद्धवीरासनो मन्त्री दिशश्चानवलोकयन्।
गुरु-दैवत-मन्त्राणामैक्यं सम्भावयन् धिया।। इति।



करमाला—इस श्लोक में अंगुलिपर्वों से मन्त्रजप की गणना करने की विधि बताई गई है। अनामा के मध्य-पर्व से जप प्रारम्भ किया जाता है। इसके बाद कनिष्ठा के तीन पर्व, अनामा का शीर्ष पर्व, मध्यमा के तीन पर्व और तर्जनी का मूल पर्व—इन दस पर्वों से शक्ति-मन्त्र का जप किया जाता है, जैसा कि प्रस्तुत चित्र में दर्शाया गया है। इसे शक्तिकरमाला कहते हैं। पुरुषदेवताओं के मन्त्र की करमाला भिन्न होती है। उसमें मध्यमा के दो पर्वों (८ और ९) को छोड़कर उनके स्थान पर तर्जनी के ऊपर वाले दो पर्वों को ग्रहण किया जाता है। यह कर-माला दैनन्दिनी जप के लिये प्रशस्त है। काम्य अनुष्ठान में इस करमाला से जप नहीं किया जाता।।५४६।।

[जपे अङ्गुलिवियोगनिषेध:]

अङ्गुलीर्न वियुञ्जीत किञ्चित् सङ्कोचयेत् तलम्।
अङ्गुलीनां वियोगे तु च्छिद्रेषु स्त्रवते जप:।।५४७।।

अंगुलिपर्वों से मन्त्रजप की गणना करने के लिये अंगुलियों को कुछ मोड़ लिया जाता है तथा उन्हें इस तरह सटाकर रखा जाता है कि अंगुलियों के बीच में कोई छेद (दरार) न बन पाय, अन्यथा उस दरार (रिक्त स्थान) से मन्त्रजप का रिसाव हो जाता है।।५४७।।

[अङ्गुल्यग्रे जपस्य निष्फलत्वम्]

अङ्गुल्यग्रे च यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलङ्घने।
पर्वसन्धिषु यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत्।।५४८।।

जप करते समय अंगूठे को न तो पर्वों की सन्धि-रेखाओं पर रखें और न अंगुलि के शीर्ष भाग पर रखें। अंगूठे को पर्व के मध्य पर ही रखें। पर्व-सन्धियों पर अंगूठा रखकर जो जप किया जाता है, वह निष्फल हो जाता है। तर्जनी के दो पर्व शक्तिकरमाला के सुमेरु हैं; अत: जप करते समय इन दो पर्वों पर अंगूठा रखकर मेरु का उल्लेख नहीं किया जाय।।५४८।।

विमर्श—'आगमरहस्य' में कहा गया है कि करमाला से मन्त्र जप किये जाने के पूर्व 'करमाला' का शोधन कर लिया जाय। 'करमाला-शोधन' का मन्त्र है— 'काली काम: कृपा कुन्ती करमाले हर वनम्' अर्थात् 'क्रीं क्लीं ॠं क्रीं करमाले फट्-स्वाहा'।

इस एकादशाक्षरी मन्त्र को अभीष्ट कर-माला में तीन बार जप लेने से माला का शोधन (शुद्धि) हो जाता है। जप करते समय हाथ को किसी वस्त्र से आच्छादित कर लिया जाता है। गणना करने के लिये बाँयाँ हाथ भी वस्त्र से ढँका हुआ दाँयें हाथ के नीचे हृदय के समीप ही रहना चाहिये। जब दाँयें हाथ से दस बार मन्त्रजप हो जाय, बाँयें हाथ के अंगूठे के अग्रभाग को अनामा के मध्य पर्व से उठाकर अनामा के मूल पर्व पर रखें। इस प्रकार १०×१०=१०० बार जप की गणना की जाती है। अन्त में आठ बार की जप-गणना अनामा के मूल पर्व से प्रारम्भ की जाती है और तर्जनी के मूल पर्व को भी छोड़ दिया जाता है।

जप के लिये रुद्राक्ष-स्फटिक या रक्तचन्दन आदि द्रव्यों से निर्मित वही मणिमाला ग्राह्य और प्रशस्त है, जिसका यथाविधान संस्कार किया गया है। जिस माला का संस्कार नहीं किया गया है, उससे जप करने से प्रत्यवाय होता है। यथाविधि संस्कृत माला का जप के पूर्व और जप के बाद पूजन किया जाता है। जप के पूर्व मालापूजन का मन्त्र है—

ॐ। माले माले महामाले, सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।।

जप के अन्त में—

ॐ।। त्वं माले सर्वदेवानां प्रीतिदा सुखदायिनी।
शुभं कुरुष्व मे भद्रे, यशोवीर्यञ्च देहि मे।।

जप की यह माला इतनी गोपनीय होती है कि गुरुदेव को भी नहीं दिखाई जाती। अतः इसकी शुद्धता और पवित्रता की रक्षा आवश्यक है। माला को मध्यमा अंगुली के बीच वाले पर्व पर रखकर जप किया जाता है। अंगूठे से माला के मनके सरकाये जाते हैं। तर्जनी का माला से स्पर्श नहीं होने दिया जाता।

अक्षमाला—इन दोनों मालाओं से कई गुना श्रेष्ठ 'अक्षमाला' है। वर्णमाला के 'अकार' से 'क्षकार'-पर्यन्त ५१ वर्णों से निर्मित इस माला का सुमेरु 'ळ'कार है। इस माला से जप करने के पूर्व यह भावना की जाती है कि 'अ'कारादि 'क्ष'-कारान्त सभी ५१ वर्ण सुषुम्णा नाड़ी में माला के समान गुँथे हुए हैं। 'अ'कार इस माला का प्रथम और 'ळ'कार अन्तिम मनका है। 'क्ष'कार सुमेरु है। इसका वर्ण विद्रुम के समान लाल है। वर्णरूपी एक-एक मनके के साथ मूल-मन्त्र की योजना करके जप करें। यथा—'अं' मूल मन्त्र, 'आं' मूल मन्त्र। इसी तरह सभी वर्णों के साथ मूल मन्त्र की योजना करके 'ळं'-पर्यन्त जप करें। 'क्ष'कार मेरु है। इसके साथ मन्त्र की योजना नहीं करें, केवल उसे ('क्ष'काराय नमः) प्रणाम करें। तत्पश्चात् 'मूल-मन्त्र' के बाद 'ळं' आदि एक-एक वर्ण की विलोमक्रम से योजना करते हुए 'आं-अं' तक जप करें। यथा—ळं + मूल मन्त्र। 'हं' + मूल मन्त्र -------- आं + मूल मन्त्र। 'अं' मूल मन्त्र। इस तरह मन्त्र का एक सौ जप कर लेने के बाद 'अ' कारादि आठ वर्गों के प्रथम-प्रथम अक्षर के साथ मन्त्र का आठ बार जप करने से मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप हो जाता है। अन्तर्याग में इसी अक्षमाला से मन्त्रजप किया जाता है। ज्ञानार्णवतन्त्र में भगवान् शिव (ईश्वर) ने कहा है कि वे इसी माला से त्रिपुरा-मन्त्र का जप करते हैं। इस मन्त्र से जप करने के लिये बहुत अभ्यास करना पड़ता है।

[जपारम्भे विसर्गे च प्राणायामः]

प्राणायामं समाचर्य जपं कृत्वा समाहितः।
पुनः प्राणान् समायस्य जपञ्चैव समर्पयेत्।।५४९।।

साधक को संयतचित्त होकर जप करने से पूर्व तथा जप समाप्त हो जाने पर यथाविधि प्राणायाम करना चाहिये। जप की समाप्ति पर जप-संख्या का उल्लेख करते हुए जप का तेजोफल देवता को समर्पित करना चाहिए।।५४९।।

विमर्श—समर्पण के समय मन्त्र की जप-संख्या का उल्लेख अजपा जप समर्पण की परिपाटी में है। अजपा जप-समर्पण में प्रत्येक चक्र में स्थित देवता को जप-समर्पण करते समय जप-संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जाता है। यथा—
'मूलाधारचक्रस्थाय गणपतये षट्शतसंख्यकजपं निवेदयामि नमः।'

[जपसमर्पणम्]

अर्घ्यस्य जलपुष्पाभ्यां देव्या दक्षिणहस्ततः।।५५०।।

अर्घ्यस्येति। अत्र विशेषो गन्धर्वतन्त्रे सप्तदशपटले—

यथाविधि जपं कृत्वा मन्त्रेणार्घ्योदकेन च।
जपं तञ्च महादेव्या वामहस्ते समर्पयेत्।।
तेजोरूपं जपफलं शिवया स्वीकृतं स्मरेत्।
श्रीबीजेनैव पाणिभ्यामवतारार्णशीर्षतः।
सारस्वतेन बीजेन हस्ताभ्यां स्थापयेत् ततः।।
जपकर्मणि मालायाः प्रतिपत्तिरियं प्रिये।
एवं यः कुरुते मालां जाप्यञ्च साधकः प्रिये।
स प्राप्नोतीप्सितं देवि हीनस्याऽऽयुर्विपर्ययः।।
निःसेतुञ्च यथा तोयं क्षणान्निम्नं प्रसर्पति।
मन्त्रस्तथैव निःसेतुः क्षणात् क्षरति मन्त्रिणाम्।।
तस्मात् सर्वेषु मन्त्रेषु सर्वे वर्णा द्विजातयः।
पार्श्वयोः सेतुमादध्याज्जपकर्मणि साधकः।।
अकारश्चाप्युकारश्च मकारश्च प्रजापतिः।
वेदत्रयात् समुद्धृत्य प्रणवं निर्ममे पुरा।।
जपादौ जपकर्मान्ते प्रणवं सेतुरूपकम्।
नियोजयेन्महेशानि सर्वकार्यार्थसिद्धये।। इति।

अपने दाहिने हाथ मे अर्घ्य का जल तथा पुष्प लेकर जप का तेजोफल निम्न मन्त्र पढ़ते हुए देवी के बाँयें हाथ में समर्पित करें।।५५०।।

[समर्पणमन्त्रः]

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादान्महेश्वरि।।५५१।।

गो-योनिमुद्रा—जप और पूजा-समर्पण दाहिने हाथ की गो-योनिमुद्रा से करना चाहिए।।५५१।। (देखें—चित्र)



[देव्यै रुधिरदानम्]

गृहीत्वा शोणितं पात्रं स्वकीयहृदयोद्भवम्।
तोयसैन्धवसंयुक्तं शर्करामधुसंयुतम्।।५५२।।
अभ्युक्ष्य रुधिरं दद्याद् वाग्भवेन तु साधकः।
यथाशक्ति नरो दद्यान्नाभेरूर्ध्वमधो न च।।५५३।।

रुधिरदान—इसके बाद साधक अपने हृदय आदि के समीप से निकाले गये रक्त को किसी पात्र में लेकर उसमें थोड़ा-सा पानी, सेंधा नमक, शक्कर और मधु (शहद) डाले। वाग्भव बीज (ऐं) का जप करते हुए सामान्य अर्घ्य के जल से छींटे मारकर उसका अभ्युक्षण करे। फिर यह रक्त देवी को समर्पित करे। इसके लिये नाभि के ऊपरी भाग से ही रक्त निकाला जाता है। नाभि के नीचे के भाग से निकाला गया रक्त ग्राह्य नहीं है।।५५२-५५३।।

विमर्श—यद्यपि देवी को अपने रक्त से अभ्युक्षित बलि प्रदान करने का उल्लेख श्रीदुर्गासप्तशती (१३/१२) में भी मिलता है; मगर यह एक ऐसा विधान है जिसका अधिकांश तन्त्रग्रन्थों में उल्लेख नहीं मिलता। सामान्य साधक वर्ग में इसका प्रचलन भी नहीं है।

[स्तवपाठानन्तरं प्रदक्षिणस्य कर्त्तव्यता]

स्तुत्वा प्रदक्षिणं कार्यं त्रि-सप्त-नवधापि वा।

[अष्टाङ्गप्रणामस्य कर्तव्यता]

अष्टाङ्गं प्रणमेन्मन्त्री भक्तिभावेन साधकः।।५५४।।

स्तवपाठानन्तरं प्रदक्षिणमाह—**स्तुत्वेत्यादिना**। अत्रोक्तं गन्धर्वतन्त्रे पञ्चदश-पटले—

स्तुवन्नानाविधैः स्तोत्रैर्भक्तिभावसमन्वितः।
प्रणमेत् परमेशानि विधिना साधकोत्तमः।।

स्तवे विशेषमाह तत्रैव—

यत् स्वयं गद्यपद्याभ्यां घटिताभ्यां नमस्क्रिया।
क्रियते भक्तियुक्तेन वाचिकस्तूत्तमः स्मृतः।।
पौराणिकैर्वैदिकैर्वा तान्त्रिकैः क्रियते नतिः।
स मध्यमो नमस्कारो भवेद्वाचनिकः सदा।।
परेषां गद्यपद्याभ्यां नमस्कारो यदा भवेत्।
स वाचिकोऽधमो ज्ञेयो नमस्कारेषु सर्वतः।। इति।

प्रदक्षिणप्रमाणञ्चोक्तं तत्रैव—

प्रदक्षिणप्रमाणञ्च कुर्याद्धर्मार्थसाधनम्।
प्रसार्य दक्षिणं हस्तं स्वयं नम्रशिराः पुनः।।

दक्षिणं दर्शयन् पार्श्वं भक्तिश्रद्धासमन्वितः।
सकृत् प्रदक्षिणं कृत्वा वर्त्तुलाकृतिसाधकः।।
स च प्रदक्षिणो ज्ञेयः सर्वदेवौघतुष्टिदः।
अष्टोत्तरशतं यस्तु देव्याः कुर्यात् प्रदक्षिणम्।।
स सर्वकाममासाद्य पश्चान्मोक्षमवाप्नुयात्।।

सप्तधा प्रणामलक्षणमुक्तं तत्रैव—

त्रिकोणमथ षट्कोणमर्धचन्द्रं प्रदक्षिणम्।
दण्डमष्टाङ्गमुग्रञ्च सप्तधा नतिलक्षणम्।।
दक्षिणाद् वायवीं गत्वा दिशं तस्याश्च शाम्भवीम्।
ततोऽपि दक्षिणां गत्वा नमस्कारस्त्रिकोणवत्।।
त्रिकोणाख्यो नमस्कारस्त्रिपुराप्रीतिदायकः।
दक्षिणाद् वायवीं गत्वा वायव्याः शाम्भवीं तथा।।
ततोऽपि दक्षिणां गत्वा तां त्यक्त्वाऽग्नौ प्रविश्य च।
अग्नितो राक्षसीं गत्वा कौबेरीञ्च ततो विशेत्।।
आग्नेयीञ्च ततो गत्वा नमस्कारः प्रकीर्तितः।
षट्कोणाख्यो नमस्कारो दुर्गायाः प्रीतिदायकः।।
दक्षिणाद् वायवीं गत्वा तस्माद्व्यावृत्य दक्षिणम्।
गत्वा योऽसौ नमस्कारः सोऽर्धचन्द्रो मम प्रियः।।
नमस्कारेषु जानीयादासां प्राकृतमद्रिजे।
त्यक्त्वा स्वमासनस्थानं पश्चाद् गत्वा नमस्कृतः।।
निपत्य दण्डवद् भूमौ दण्ड इत्युच्यते बुधैः।
तथैव दण्डवद् भूमौ निपत्य हृदयेन च।।
चिबुकेन मुखेनाथ नासया हनुकेन च।
चक्षुषा चाथ कर्णाभ्यां ब्रह्मरन्ध्रेण चैव हि।
तदष्टाङ्गमिति प्रोक्तं यद् भूमिं स्पृशते क्रमात्।।
ब्रह्मरन्ध्रेण संस्पर्शः क्षितेर्यस्या नमस्कृतेः।
स उग्र इति विज्ञेयो विष्णोस्तुष्टिप्रदायकः।।

इसके बाद साधक भगवती का स्तवन करके तीन, सात या नौ बार प्रदक्षिणा करे। प्रदक्षिणा के बाद पूर्ण भक्तिभाव से देवी को साष्टांग प्रणाम करे।।५५४।।

[अष्टाङ्गप्रणामलक्षणम्]

पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यामुरसा शिरसा दृशा।
वचसा मनसा चैव प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः।।५५५।।

भूमि पर दण्डवत् लेटकर दोनों पैर, दोनों हाथ, दोनों घुटनों, छाती और शिर (मस्तक) से भूमि का स्पर्श करते हुए मन और वाणी-सहित जो प्रणाम किया जाता है, उसे अष्टांग प्रणाम कहते हैं॥५५५॥

[प्रकारान्तरेणाष्टाङ्गप्रणामः]

साष्टांगो दण्डवद्भूमौ निपत्य हृदयेन तु।
चिबुकेन मुखेनाथ नासया मस्तकेन च।
कर्णाभ्यां ब्रह्मरन्ध्रेण भूमिस्पर्शनमेव वा॥५५६॥

दण्ड के समान भूमि पर अधोमुख लेटकर हृदय-चिबुक, मुख, नासिका, मस्तक, दोनों कान और ब्रह्मरन्ध्र से भूमि का स्पर्श करते हुए जो प्रणाम किया जाता है, उसे भी (अन्य प्रकार का) अष्टांग प्रणाम कहते हैं॥५५६॥

[पुनर्दण्डवत् प्रणामः]

कृताऽञ्जलिपुटो भूत्वा भूमिष्ठः प्रणमेत्ततः।
प्रत्येकं प्रणमेन्मन्त्री दण्डवत् प्रणिपातयेत्॥५५७॥

पहिले हाथ जोड़कर भूमि पर खड़े होकर देवता को सिर झुकाकर प्रणाम करने के बाद साष्टांग दण्डवत् प्रणाम करना चाहिए॥५५७॥

[देवाग्रे भ्रमणनिषेधः]

देवञ्च मध्यगं कृत्वा योऽग्रे च भ्रमणञ्चरेत्।
नमस्कारो वृथा तस्य अपराधो भवेदथ॥५५८॥

देवता को मध्य में करके देवता के आगे-पीछे जो टहलता हुआ घूमता है, उस व्यक्ति का देवता को प्रणाम करना व्यर्थ है। देवता के आगे मँडराना देवता के प्रति अपराध है॥५५८॥

[अकृताञ्जलेः प्रणामनिषेधः]

अकृताञ्जिलना यस्तु नमस्कारं करोति वै।
महान्धकारे नरके पच्यते नात्र संशयः॥५५९॥

हाथ को जोड़े बिना जो नमस्कार किया जाता है, वह नमस्कार व्यर्थ है। जो देवता को हाथ जोड़े बिना नमस्कार करता है, वह नरक में जाता है॥५५९॥

[प्रणामे मूर्ध्ना भूमिस्पर्शस्य कर्त्तव्यता]

पात्रान्तरे च प्रणमेन्मूर्ध्ना न च क्षितिं स्पृशेत्।
शपन्ति देवतास्तस्य विकलं तत् प्रकीर्त्तिनम्॥५६०॥

पात्रान्तरे इति। कुड्यस्तम्भादावित्यर्थः।

देवता के श्रीचरणों को छोड़कर अन्य पात्रों; जैसे कुण्ड या दीवार आदि के सामने प्रणाम करता है अथवा देवता को प्रणाम करते समय मस्तक से भूमि का

स्पर्श नहीं करता, उसका प्रणाम करना व्यर्थ है, विफल है। देवता उसे शाप देते हैं।।५६०।।

[दण्डवत्प्रणामफलम्]

प्रणामे देवतायास्तु यावन्तो रेणवस्तनौ।
तावद्वर्षसहस्राणि ब्रह्मलोके महीयते।।५६१।।

प्रणामे इति। देवतायाः प्रणामे यावत्यो धूलिकणाः शरीरलग्ना भवन्ति तत्संख्याकसहस्रवर्षाणि ब्रह्मलोकावाप्तिः फलमिति। गन्धर्वतन्त्रे नमस्कारप्रशंसा—

देवमानुषगन्धर्वा यक्षराक्षसपन्नगाः।
नमस्कारेण तुष्यन्ति महात्मानः समन्ततः।।
नमस्कारेण लभते चतुर्वर्गं महोदयम्।
सर्वत्र सर्वसिद्ध्यर्थं नतिरेव प्रशस्यते।।
नत्वा विजयते लोकान् नत्वा धर्मः प्रवर्त्तते।
नमस्कारेण दीर्घायुरच्छिन्ना लभते प्रजाः।।
चतुर्वर्गं लभेद् भक्तो नचिरादेव साधकः।
नमस्कारो महायज्ञः प्रीतिदः सर्वतः सदा।।
नमस्कुरु महादेवीं प्रदक्षिणञ्च भक्तितः।
कायिको वाग्भवश्चैव मानसस्त्रिविधः स्मृतः।।
नमस्कारश्च विज्ञेय उत्तमाधममध्यमः।
कायिकैस्तु नमस्कारैर्देवास्तुष्यन्ति सर्वतः।।
नमस्कारेषु सर्वेषु कायिकः प्रथमः स्मृतः।
जानुभ्यामवनीं गत्वा संस्पृश्य शिरसा क्षितिम्।।
क्रियते यो नमस्कारः स एव कायिकः स्मृतः।
जानुभ्यां क्षितिमस्पृष्ट्वा शिरसा स्पृश्य मेदिनीम्।।
क्रियते यो नमस्कारो मध्यमः कायिकस्तु सः।
पुटीकृत्य करौ शीर्षे नमस्कारः प्रदीयते।
अस्पृष्ट्वा जानुशीर्षाभ्यां क्षितिं सोऽधम उच्यते।। इति।

भूमि पर दण्डवत् लेटकर प्रणाम करने से भूमि के जितने कण प्रणामकर्ता के शरीर से चिपक जाते हैं, वह उतने हजार वर्षों तक ब्रह्मलोक में रहता है।।५६१।।

प्रदक्षिणनमस्कारैः परितोष्य महेश्वरीम्।।५६२।।

[पुनर्दर्पणादिदानम्]

दर्पणं चामरं छत्रं भूयो गन्धाद्यमर्पणम्।

[पुनर्मुद्राप्रदर्शनम्]

भूयोऽपि मुद्रानवकं महादेव्यै प्रदर्शयेत्।।५६३।।

भूयोऽपीति। मुद्रानवकं सर्वसंक्षोभण्यादिमुद्रानवकमित्यर्थः।

प्रदक्षिणा और नमस्कार से भगवती को संतुष्ट करके विचक्षण साधक उन्हें दर्पण-चामर-छत्र आदि राजोपकरण एवं गन्ध आदि प्रदान करके फिर से संक्षोभणी आदि नौ मुद्रायें दिखाये।।५६२-५६३।।

[नित्यहोमः]

नित्यहोमं ततः कुर्यात्त्रिपुराप्रीतिकारकम्।

तत्पश्चात् देवी त्रिपुरसुन्दरी को प्रीतिकर नित्य होम करे।।५६२-५६३।।

[स्थण्डिलप्रमाणम्]

स्वदक्षिणे हस्तमात्रप्रमाणं स्थण्डिलं लिखेत्।।५६४।।

[मण्डलकरणम्]

त्रिकोणञ्चैव षट्कोणं विलिखेत्तत्र मण्डलम्।

[मण्डलषट्कोणे षडङ्गपूजा मध्ये देवीपूजा च]

षट्कोणे च षडङ्गानि मध्ये देवीं प्रपूजयेत्।।५६५।।

नित्यहोममित्यादिना नित्यहोममाह। तत्र स्थण्डिले मण्डलमाह—**त्रिकोणमिति।** तत्र होमप्रयोगस्यानुल्लेखात् संक्षेपहोमप्रयोग उच्यते निरुक्तस्थण्डिले वीक्षणादिभिः संस्कृते; तथाच—

वीक्षणं मूल मन्त्रेण शरेण ताडनं मतम्।
तेनैव प्रोक्षणं प्रोक्तं वर्मणाऽभ्युक्षणं मतम्।।
प्रागग्रा उदगग्राश्च तिस्रो रेखाः समालिखेत्।।

ततो मूलमुच्चार्य कुण्डाय नमः इति सम्पूज्य प्रागग्रेषु मुकुन्देशपुरन्दरान् उदगग्रेषु च ब्रह्मवैवस्वतेन्दून् षट्तारीः प्रयुज्य पूजयेत् यथा ऐँ ह्रीँ श्रीँ ऐँ क्लीँ सौः मुकुन्दाय नमः इत्यादि। ततः कुण्डमध्ये स्थण्डिले वा हूँगर्भं षट्कोणवृत्तत्रिकोणं तद्बहिरष्टदलपद्मं तद्बहिश्चतुरस्रं चतुर्द्वारसमेतं लिखित्वा तदुपरि बालाबीजेन (ऐँ क्लीँ सौः) पुष्पाञ्जलीन् दद्यात्। ततः प्रणवेन सर्वाणि होमद्रव्याण्यभ्युक्ष्य वह्नेर्यागपीठमर्चयेत्। यथा—कर्णिकोपरि आधारशक्त्यादीन् सम्पूज्य अग्न्यादिकोणचतुष्केषु ॐ धर्माय, ज्ञानाय, वैराग्याय, ऐश्वर्याय, पूर्वादिदिक्षु अधर्माय, अज्ञानाय, अवैराग्याय, अनैश्वर्याय, मध्ये अनन्ताय, पद्माय, अं अर्कमण्डलाय द्वादशकलात्मने, उं सोममण्डलाय षोडश–कलात्मने, मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने, ततः केशरेषु पूर्वादितो मध्ये च पीतायै, श्वेतायै, अरुणायै, कृष्णायै, धूम्रायै, तीव्रायै, स्फुलिङ्गिन्यै, रुचिरायै, ज्वालिन्यै रं वह्न्यासनाय। सर्वत्र प्रणवादिनमोऽन्तेन पूजयेत्। ततः कामेश्वरं कामेश्वरीं च पूजयेत्।

अग्न्याहरणमाह गौतमीये—

पाषाणभवमग्निञ्च यदि वाऽरणिसम्भवत्।
श्रोत्रियाणां गेहजञ्च वनस्थं वाऽथवा हरेत्।।
निरग्निब्राह्मणाल्लब्धो ह्यर्धलाभकरो भवेत्।
क्षत्रबन्धोश्चतुर्थांशं फलं दद्याद्धुताशनः।।
वैश्याच्छूद्राच्च विफलं जायते होमकर्म तत्।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन वह्निमुक्तं समाहरेत्।।

तन्त्रान्तरे—

द्विजातिभवनाद् वाऽपि वह्निमानीय साधकः।
वौषडन्तेन मूलेन मन्त्रितं तद् विलोकयेत्।।
अग्निमावाहयेदस्त्रमन्त्रेण तदनन्तरम्।
हुं फडन्तेन मूलेन क्रव्यादांशं परित्यजेत्।।

ततः ॐ वह्नेर्योगपीठाय नमः, चतुर्दिक्षु ॐ वामायै, ज्येष्ठायै, रौद्र्यै, अम्बिकायै, मूलमुच्चार्यामुकदेवताकुण्डाय नम इति कुण्डं सम्पूज्य यथोक्तं वह्निमानीय वीक्षणादिभिः संस्कृत्य रमिति तस्माद् वह्निमुद्धृत्य मूलमुच्चार्य हुँ फट् क्रव्यादेभ्यः स्वाहा इत्यनेन क्रव्यादांशं परित्यज्य फट् इति वह्निमन्त्रेण संरक्ष्य हुं इत्यवगुण्ठ्य वमिति धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य बाहुभ्यां समुद्धृत्य कुण्डोपरि त्रिः परिभ्राम्य जानुस्पृष्टमहीतलः शिवबीजबुद्ध्या आत्मनोऽभिमुखं देव्या योनावेनं निक्षिपेत् । ततो ह्रीं वह्निमूर्त्तये नमः इत्यभ्यर्च्य रं वह्निचैतन्याय नम इति चैतन्यं संयोज्य ॐ चित्पिङ्गल हन हन दह दह पच पच सर्वज्ञाऽऽज्ञापय स्वाहा इति ज्वालयेत्।

ॐ अग्निं प्रज्वलितं वन्दे जातवेदं हुताशनम्।
सुवर्णवर्णममलं समिद्धं विश्वतोमुखम्।।

इत्युपतिष्ठेत् । ततोऽग्ने त्वममुकदेवतानामाऽसीति नाम कृत्वा ॐ वैश्वानर जातवेद लोहिताक्ष इहाऽऽवह सर्वकर्माणि साधय स्वाहा। इत्यनेनार्घ्यादिभिः सम्पूज्य ॐ अग्नेर्हिरण्यादिसप्तजिह्वाभ्यो नमः, ॐ सहस्रार्चिषे हृदयाय नमः, इत्यादि अग्निषडङ्गेभ्यो नमः, ॐ अग्नये जातवेदसे इत्याद्यष्टमूर्त्तिभ्यो नमः, ॐ ब्राह्म्याद्यष्टशक्तिभ्यो नमः, तद्बहिः पद्माद्यष्टनिधिभ्यः, तद्बाह्ये इन्द्रादिलोकपालेभ्यः, तद्बाह्ये वज्राद्यस्त्रेभ्यः। ततः प्रादेशमात्रं कुशपत्रद्वयं घृतमध्ये निक्षिप्य सव्यासव्यमध्यभागेषु इडां पिङ्गलां सुषुम्णां ध्यात्वा होमं कुर्यात्। स्रुवेण दक्षिणभागादाज्यं गृहीत्वा ॐ अग्नये स्वाहेति अग्नेर्दक्षिण-नेत्रे, तथा वामभागादाज्यं गृहीत्वा ॐ सोमाय स्वाहेति वामनेत्रे, मध्यभागादाज्यं गृहीत्वा ॐ अग्नीषोमाभ्यां स्वाहेत्यग्नेर्ललाटनेत्रे जुहुयात्। पुनर्दक्षिणतः ॐ नमः इति घृतं गृहीत्वा ॐ अग्नये

स्विष्टकृते स्वाहेत्यग्निमुखे जुहुयात्। तत ॐ भूः स्वाहा, ॐ भुवः स्वाहा, ॐ स्वः स्वाहेति महाव्याहृतिहोमः, ॐ वैश्वानर जातवेद इहाऽऽवह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहेत्यनेन त्रिवारं जुहुयात्। ततो मूलस्य पीठदेवतां मूलदेवताञ्चाग्नौ सम्पूज्य तन्मुखे मूल मन्त्रेण पञ्चविंशतिवारं जुहुयात्। वह्निदेवतयोरात्मना सहैक्यं विभाव्य मूल मन्त्रेणैकादशाऽऽहुतीर्जुहुयात्। ततो मूलदेवस्याङ्गदेवताभ्यः स्वाहा, आवरणदेवताभ्यः स्वाहेति, शक्तश्चेत् प्रत्येकमेकैकाहुतिं जुहुयात्। ततः संकल्पं विधाय स्वकल्पोक्तद्रव्येण होमं कुर्यात्। ततो मूल मन्त्रेण पूर्णाहुतिं दत्वा संहारमुद्रया स्वेष्टदेवतां हृदये समानीय क्षमस्वेति विसर्जयेदिति संक्षेपहोमविधिः।

गन्धर्वतन्त्रे एकत्रिंशपटले च—

किंशुकैर्हवनं देव्याः कुसुम्भकुसुमैरपि।
नागकेशरपुष्पैर्वा मधूकै रक्तपद्मकैः॥
करवीरैर्जवापुष्पैर्मधुरत्रयमिश्रितैः।
सर्वसिद्धिप्रदं कुण्डं चतुरस्रं वरानने॥
कुण्डं सुलक्षणं कृत्वा होमयेत् संस्कृतेऽनले।
अथवा परमेशानि स्थण्डिलं रचयेद् बुधः॥
नित्यं नैमित्तिकं कुर्यान्न काम्यं स्थण्डिले चरेत्।
हस्तमात्रं चतुरस्रं गोमयेनोपलेपितम्॥
अङ्गुष्ठपर्वमात्रोच्चं वालुकामण्डलं तथा।
तत्रापि लेखनं कृत्वा तत्र होमः फलप्रदः॥
यवानां तण्डुलैरेवमङ्गुलञ्चाष्टभिर्भवेत्।
अदीर्घयोजितैर्हस्तश्चतुर्विंशतिरङ्गुलैः॥
एतत्प्रमाणहस्तैस्तु कुण्डादिकं समाचरेत्।
त्रिपुराप्रीतिदो होमः कुण्डे त्रिकोणसंज्ञके॥
पश्चिमात् पूर्वाग्रास्तिस्रो रेखाः प्रादेशप्रमाणाः।
विलिख्य च मुकुन्देन्दुपुरन्दरस्वरूपकाः॥
दक्षिणास्तिस्रो रेखा वै विलिख्य तदनन्तरम्।
रेखाः स्युश्च वैवस्वतब्रह्मानन्तस्वरूपकाः॥
त्रिकोणं मध्यतो देवि कृत्वा बाह्ये ततः परम्।
षट्कोणं विधिना चैव कारयेदतिसुन्दरम्॥
अष्टपत्रञ्च तद्बाह्ये वृत्तेन कर्णिका शुभा।

चतुरस्रं चतुर्द्वारि मण्डलं विरचय्य मध्ये पुष्पाञ्जलिं निक्षिप्य स्रुवादिकमासादयेत्। स्रुव-आज्य-दधि-दूर्वा-समिध-आज्यस्थाली-प्रणेता-प्रोक्षणी चैव वामतः। एवं

परिकल्प्याम्भसा प्रोक्षणीमापूर्य वारत्रयमुत्पूय तानि प्रोक्ष्याभिमुखानि कृत्वा बालयाऽभिमन्त्र्य, तथैव दूर्वाभिर्मूलादग्रं पुनरग्रान्मूलं त्रिः परिमृज्य दूर्वाभिः पूर्वाग्रमुत्तराग्रञ्च विस्तरेत्। मूलविद्यां समुच्चरन् 'स्थण्डिलाय नमः' इति सम्पूज्य त्रिकोणमध्ये कामेश्वरीकामेश्वरौ यष्ट्वा तयोर्मिथुनीभावं ध्यात्वा तावभ्यर्च्य तस्या गर्भे वैश्वानरजातवेद इहाऽऽवह लोहिताक्ष सर्वकर्माणि साधय स्वाहेति मूलोद्गतं संविदग्निं ललाटनेत्रद्वारा निर्गतं वाय्वग्नियुक्तं पातयेत्। 'ॐ उत्तिष्ठ पुरुष हरिपिङ्गल लोहिताक्ष सर्वकर्माणि देहि मे दापय स्वाहे'ति वह्निमुत्थाप्य 'ॐ चित्पिङ्गल हन हन दह दह पच पच सर्वं ज्ञापय स्वाहे'ति कामेश्वरीगर्भे घृतं ध्यात्वा मूलमुच्चरन् वौषडिति वह्निं विलोक्य अस्त्रेण संरक्ष्य ज्वलदग्निमादाय स्थण्डिलं दक्षिणावर्त्तेन त्रिः परिभ्राम्य ज्वलदिन्धनमेकं हुं फडित्यनेन क्रव्यादाग्निं नैर्ऋत्यां त्यजेत्। जानुभ्यामवनीं स्पृष्ट्वा वह्निं मध्ये संस्थाप्य 'क्लीं महात्रिपुरसुन्दरीवह्निमूर्त्तये नमः' इति देवीं सम्पूज्य नाभिमण्डलाद् वहन्नासापुटेन तदग्निना बाह्याग्निमेकीकृत्य यजेत्। 'मूलमुच्चार्य ऐँ क्लीं सौः आं सोऽहं वह्निचैतन्याय नमः' इति कामेश्वरीगर्भे वह्निं सञ्चिन्त्य तद्देहे षडङ्गानि 'ॐ सहस्रार्चिषे हृदयाय नमः, ॐ स्वस्तिपूर्णाय शिरसे स्वाहा, ॐ उत्तिष्ठ पुरुषाय शिखायै वषट्, ॐ धूमव्यापिने कवचाय हुं, ॐ सप्तजिह्वाय नेत्रेभ्यो वौषट् , ॐ धनुर्धरायास्त्राय फट्' इति यष्ट्वा तप्तजाम्बूनदप्रभं शक्तिस्वस्तिकधरं वरदाभयशोभितकरपङ्कजं दिव्यालङ्कारभूषितविग्रहम् अम्भोजसंस्थं शुक्लाम्बधरं त्रिनयनं बद्धमौलिं ध्यात्वा चक्रे सप्तजिह्वाश्च पूजयेत्—ईशाने यूं लोहिताम्, पूर्वे रूं रक्ताम्, आग्नेये लूं नीलाम्, नैर्ऋते वूँ कृष्णाम्, पश्चिमे शूँ शुभ्राम्, दक्षे कां करालीम् उत्तरे बहुरूपाम् इति। ततः 'कामेशीगर्भोद्भववह्नेः सर्वभावेभ्यो नमः' इति मन्त्रेण अमुकाग्नेरमुककर्म कल्पयामीति वह्नेर्गर्भाधान-पुंसवन-सीमन्तोन्नयन-जातकर्म-नामकरणान्नप्राशन-चूडोपनयन-गोदान-विवाहकर्म निर्वर्त्त्य परिषिच्य, परिस्तीर्य, परिधाय, पुनर्ध्यात्वा अग्निमन्त्रेणाग्निं त्रिकोणे पूजयित्वा सप्तजिह्वासु सप्ताहुतिं हुत्वा 'वैश्वानर' 'उत्तिष्ठ' 'चित्पिङ्गल' इति मन्त्रत्रयेणाऽऽहुतित्रयं विधाय षडङ्गानि षट्कोणेषु अष्टदलेषु—अग्नये, जातवेदसे, सप्तजिह्वाय, हव्यवाहनाय, अस्रोदराय, वैश्वानराय, कौमारतेजसे, देवमुखाय नम इति लोकपालांशभूगृहे पूजयेत् । वह्नेर्दक्षिणतो ब्रह्माणमाराध्य आज्यस्थालीं पुरतो निधाय बहुरूपायां जिह्वायां श्रीचक्रराजं तदन्तःस्थां चित्कलाम् अशेषरश्मिमण्डितामालोक्य यष्ट्वा नित्यं हुत्वा कुण्डं मण्डपधूपैरापूर्य दीपैरुज्ज्वाल्य समिधं हुत्वा जुहुयादिष्टमेव च। वलीन् प्रदाय ॐ भूरग्नये च, पृथिव्यै च, महते च स्वाहा। ॐ भुवो वायवे चान्तरिक्षाय च दिव्ये च महते च स्वाहा। ॐ स्वरादित्याय दिवे च महते च स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वश्चन्द्रमसे च नक्षत्रेभ्यश्च महते च स्वाहा। इति चतुर्भिर्मन्त्रैर्महाव्याहृतिहोमं कृत्वा ब्रह्मार्पणमतः परम्। समिधं हुत्वा देवीमभ्यर्च्य विसृजेदिति।

काम्यहोमे विशेषमाह तत्रैव—

नित्यहोमो मया प्रोक्तः काम्यहोममतः शृणु।
मल्लिका-मालती-जातिकुसुमैर्मधुमिश्रितैः।।
घृतपूर्णैः कुलैर्वाऽपि वागीशत्वं प्रजायते।
जवापुष्पैराज्ययुक्तैः करवीरैस्तथाविधैः।।
हवनान्मोहयेन्मन्त्री लोकत्रयनिवासिनः।
चम्पकैः पाटलैर्हुत्वा श्रियमाप्नोत्यनुत्तमाम्।।
कमलैर्वरुणैर्होमः सम्यक्सम्पत्तिदायकः।
रक्तोत्पलैर्जगद्वश्यं नीलैर्दुष्टान् वशं नयेत्।
श्वेतोत्पलैः श्रियं राज्यं लभते हवनात् प्रिये।।
कह्लारहवनैर्लक्ष्मीं सर्वसौभाग्यमेव च।
बन्धूककुसुमैर्होमैः सर्वसत्त्वान् वशं नयेत्।।
क्षीरं दधि मधु त्वाज्यं पृथग् हुत्वा वरानने।
आयुर्बलमथाऽऽरोग्यं समृद्धिर्जायते नृणाम्।।
रुधिराक्तेन छागस्य मांसेन निशि होमतः।
मधुरत्रययोगेन गुरुणोक्तविधानतः।।
परराष्ट्रं वशं नीत्वा कामभोगी भवेन्नरः।
द्राक्षाभिर्लक्षहोमेन नारिकेलफलैस्तथा।
राजानो वशमायान्ति समृद्धिरतुला तथा।।
जम्बूफलैः स्त्रियः सर्वा वश्या भवन्ति निश्चितम्।
श्रीफलैरतुलां लक्ष्मीं पत्रैश्चापि तथा भवेत्।।
इक्षुखण्डैः सुखावाप्तिस्तद्रसैर्वशगा नृपाः।
तिलाज्यहोमतो देवि सर्वकार्याणि साधयेत्।।
घृतपायसहोमेन सिताज्यमधुना सह।
त्रैलोक्यं वशमायाति धनधान्यमवाप्नुयात्।।
सोपस्कारैश्च वटकैरुपसर्गान् विनाशयेत्।
कर्पूरस्य च होमेन वाग् वश्या जायते नृणाम्।।
कुङ्कुमैर्होमतो देवि सर्वदुःखान् विनाशयेत्।।
कस्तूरीहोमतो देवा वशगा नात्र संशयः।
चन्दनागुरुहोमेन सर्वांल्लोकान् वशं नयेत्।।

हवनद्रव्याणां प्रमाणञ्चोक्तं तत्रैव—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि मानं हवनसिद्धये।
पुष्पं समग्रं जुहुयाच्छतसंख्यास्तिलास्तथा।।

लाजा मुष्टिप्रमाणाः स्युर्घृतं कर्षप्रमाणकम्।।
चुल्लुकार्धं मधु क्षीरमन्नं ग्रासमितं भवेत्।
समग्रैश्च सखण्डैश्च फलानाञ्च यथेच्छया।।
रम्भाफलं चतुःखण्डं लघु चेत् खण्डितं नहि।
नारिकेलस्य खण्डस्तु स्थूलं कुर्यान्मनःप्रियम्।।
पर्वस्थाने चेक्षुदण्डं मनःसन्तोषकारकम्।
द्राक्षाफलं समग्रं स्यात् गुञ्जमानं ततो भवेत्।।
कर्पूरकौषिकादीनां मनःसन्तोषकारकम्।।
एतदाहुतिमानञ्च कथितं सर्वसिद्धिकृत्।
किंशुकैः पापसङ्घातनाशकैरथवा प्रिये।
नानाद्रव्यैः पृथग्भूतैः संगृहीतैर्वरानने।।
यथाशक्त्या तु मिलितैर्होमं कुर्याद् विचक्षणः।
सर्वविघ्नसमूहं तन्नाशयेन्नात्र संशयः।। इति।

नित्य होम करने के लिये वह अपने दाहिने ओर एक हाथ लम्बी-चौड़ी तथा चार अंगुल ऊँची वेदी बनाये। उस वेदी पर त्रिकोण और षट्कोण बनाये। षट्कोण के ६ कोणों में हृदय आदि षडङ्गों की तथा मध्य में देवी की पूजा करे।।५६४-५६५।।

[क्रव्यादांशत्यागो वह्निस्थापनञ्च]

क्रव्यादांशं परित्यज्य वह्निं तत्र नियोजयेत्।

[वह्निदेवतयोरैक्यं विभाव्य इष्टपूजा]

वह्निदैवतयोरैक्यं ध्यात्वेष्टं तत्र पूजयेत्।।५६६।।

अग्नि से क्रव्यादांश का परित्याग करके कुण्ड (स्थण्डिल) में अग्नि को स्थापित करें। अग्नि में भगवती का आवाहन करके अग्नि और देवता को एक मानते हुए अग्नि में देवता का पूजन करें।।५६६।।

विमर्श—अग्नि के दो रूप हैं—हव्यवाह और कव्यवाह। हव्यवाह अग्नि का वह रूपभेद है, जो देवताओं को दी गई आहुति और हवि उन तक पहुँचाता है। जो अग्नि श्मशान आदि में मुर्दों तथा कच्चे मांस को जलाती है, वह कव्यवाह है। हवन के लिये अग्नि का यह रूपभेद ग्राह्य नहीं है। अत: स्थण्डिल (या कुण्ड में) में अग्नि स्थापित किये जाने के पूर्व अग्नि में से कुछ अंगार उठाकर उसे क्रव्याद समझते हुए नैर्ऋत्य की ओर फेंक दिया जाता है। मन्त्र है—हुं फट् क्रव्यादिभ्य:।' यह क्रव्यांश का परित्या है।

[घृतशोधनम्]

घृतं स्थाल्यां विनिक्षिप्य मूल मन्त्रेण शोधयेत्।

[देव्या व्याहृतिहोमः]

देव्या व्याहृतिहोमञ्च कृत्वा साधकसत्तमः।

[जपदशांशहोमः]

स्वाहान्तमूल मन्त्रेण दशांशं होममाचरेत्।।५६७।।

इसके बाद किसी कटोरेनुमा गहरे पात्र में घी लेकर मूल मन्त्र से उसका शोधन करें। व्याहृतियों से आहुतियाँ देने के बाद स्वाहान्त मूल मन्त्र से जप का दशांश हवन करें। स्वाहान्त मूल मन्त्र का अर्थ है—मूल मन्त्र के आगे स्वाहा। यथा—'ऐं क्लीं सौः स्वाहा'।।५६७।।

[प्राणाहुत्यादिदानम्]

प्राणाहुतिस्तु मूलेन षडङ्गेन षडाहुतीः।।५६८।।

[आवरणदेवताहोमः]

तत आवृतिदेवार्थमेकैकामाहुतिं हुनेत्।

[मूलेन षडाहुतिहोमः]

पुनर्मूलेन मन्त्रेण षडाहुतिं समाचरेत्।।५६९।।

[आहुतित्रयम्]

प्रणवञ्चाग्नये स्वाहा त्रिधाहुतिमनेन तु।

[देव्या विसर्जनम्]

विसर्जयेत्ततो देवीं नित्यहोम इति स्मृतः।।५७०।।

तत्पश्चात् 'ॐ प्राणाय स्वाहा' आदि मन्त्रों से पञ्च प्राणाहुति देकर षडङ्ग मन्त्रों से षडाहुति दें। आवरण देवताओं को उनके नाम-मन्त्रों से एक-एक आहुति देकर मूल मन्त्र से फिर से ६ आहुति दें।

'ॐ अग्नये स्वाहा' इस मन्त्र से तीन आहुतियाँ देकर अग्नि से देवी का विसर्जन करके अग्नि का भी विसर्जन करें। यह नित्य होमपद्धति है।।५६८-५७०।।

विमर्श—चूँकि अष्टम प्रकाश में होम-विधि का विस्तार से निरूपण किया जा चुका है, अतः यहाँ उसकी पुनरावृत्ति नहीं की जा रही है।

[होमदशांशेन तर्पणम्]

ततो होमदशांशेन तर्पयेज्जातिभेदतः।

[दुग्धेन तर्पणोपदेशः मद्येन तर्पणनिषेधश्च]

दुग्धेन तर्पणं कुर्यान्न तु मद्येन तर्पयेत्।।५७१।।

ततो होमेति। जातिभेदत इति। ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्राः स्वस्वजात्युक्त-द्रव्यैर्होमसंख्यादशमांशसंख्याकैस्तर्पयेदित्यर्थः। तत्रापि ब्राह्मणो दुग्धेन तर्पणं कुर्यात् न तु मद्येन तर्पयेदिति पुनः पुनर्निषेधति निषेधदार्ढ्यार्थम्।

इसके बाद ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य एवं शूद्र जाति के साधक अपनी-अपनी जाति के लिये यथा-निर्धारित द्रव्य से तर्पण करें। तर्पण की संख्या हवन (आहुति) की संख्या की दशांश होती है। भगवती का तर्पण दूध से किया जाय, मद्य से तर्पण नहीं करें।।५७१।।

[मद्यस्य त्रैविध्यम्]

तर्पणं बहुधा विन्द्यान्मधुपिष्टगुडोद्भवम्।।५७२।।

तर्पणं बहुधेति। अत्र लक्षणया तर्पणशब्दस्य मद्यार्थकत्वं गृहीत्वा तस्य बहुविधत्वं दर्शयति—**मधुपिष्टगुडोद्भवमिति।** सुरायास्त्रैविध्यमुक्तं मनुसंहितायामेकादशाध्याये—

गौडी पैष्टी च माध्वी च विज्ञेया त्रिविधा सुरा।
यथैवैका तथा सर्वा न पातव्या द्विजोत्तमैः।। इति।

तर्पण द्रव्य के तीन प्रकार हैं—मधु (शहद), चावल की पिष्टि तथा गुड़ से बनी मदिरा।।५७२।।

[ब्राह्मणादीनां तर्पणद्रव्याणि]

गोक्षीरं ब्राह्मणो दद्याद् गव्यं मद्यञ्च बाहुजः।
वैश्यस्तु माक्षिकं दद्याच्छूद्रः पुष्परसादिकम्।।५७३।।

ब्राह्मण गाय के दूध से, क्षत्रिय घी और गुड़ की बनी मदिरा से, वैश्य शहद और शूद्र फूलों के रस (से बनी मदिरा) से तर्पण करे।।५७३।।

[देव्यै मद्यदाननिषेधः]

न दद्याद् ब्राह्मणो मद्यं महादेव्यै कदाचन।

[ब्राह्मणस्य वामाचारिणोऽपि मद्यदाननिषेधः]

वामकामो ब्राह्मणोऽपि मद्यं मांसं न भक्षयेत्।।५७४।।

न दद्यादिति। वचनमिदमुक्तं श्रीक्रमे। अत्र संवादिप्रमाणमुक्तं मेरुतन्त्रे प्रथमपटले—

वाममार्गेण तच्चाऽऽद्यवर्णं हित्वा प्रशस्यते।
ब्राह्मणस्तु सुरां पीत्वा रौरवं नरकं व्रजेत्।
वाममार्गी ब्राह्मणोऽपि मद्यं मासं न भक्षयेत्।। इति।

रुद्रयामले च—

वेदत्यागान्मद्यपानाच्छूद्रदारनिषेवणात्।
तत्क्षणाज्जायते विप्रश्चाण्डालदपि गर्हितः।। इति।

कालीकुलामृते चतुर्थपटले च—

ब्राह्मणस्तु सुरां दत्त्वा ब्राह्मण्यादेव हीयते।
ब्राह्मणः पशुराख्यातः पाशवं कल्पमाचरेत्।।

कालीकुलार्णवे च—

सुरा वै मलमन्नानां पुरीषं मलमुच्यते।
तस्मात् ब्राह्मणराजन्यां वैश्यश्च न सुरां पिबेत्।।
सुरादर्शनमात्रेण कुर्यात् सूर्यावलोकनम्।
तत्सम्आघ्राणमात्रेण प्राणायामत्रयञ्चरेत्।। इति।

कुब्जिकातन्त्रे च—

भुक्त्या मत्स्यञ्च मांसञ्च स्पृष्टा हेतुश्च भैरवि।
त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा पञ्चगव्येन शुष्यति।। इति।

वाराहीतन्त्रे नवमपटलेऽपि—

मद्यं मांसं तथा मत्स्यं मैथुनं परमेश्वरि।
मानुषेण बलिं पञ्च ब्राह्मणो न स्मरेत् क्वचित्।। इत्यादि।

ब्राह्मण महादेवी को कदापि मद्य समर्पित न करे। वामाचारी होने पर भी ब्राह्मण मद्य-मांस का भक्षण नहीं करे।।५७४।।

[मद्येऽनुकल्पः]

यत्रैव विहितं मद्यं तत्र तत्र द्विजोत्तमः।
नारिकेलोदकं कांस्ये ताम्रपात्रे सृजेन्मधु।।५७५।।

[बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रमतेन निरुक्ततर्पणप्रकारः]

एवमेव प्रकारेण तर्पयेत्त्रिपुरेश्वरीम्।
बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रस्य मतमेतदुदीरितम्।
सत्यत्रेताद्वापरेषु क्रमेण परिकीर्त्तितः।।५७६।।

यत्रैवेति। मद्ये अनुकल्पविधायकं वचनं कुलचूडामणौ—

यत्राऽऽसवमवश्यन्तु ब्राह्मणस्तु विशेषतः।
गुडार्द्रकं तदा दद्यात् ताम्रे वा विसृजेन्मधु।। इति।

पूजा-पद्धति में जहाँ-जहाँ मद्यदान का प्रावधान है, ब्राह्मण साधक मद्य के स्थान पर काँसे के पात्र में नारियल का पानी अथवा ताँबे के पात्र में शहद अर्पित करे। 'बृहत् श्रीक्रमतन्त्र' में सतयुग, द्वापर और त्रेता में त्रिपुरा के तर्पण के लिये यही क्रम बताया गया है।।५७५-५७६।।

[ज्ञानार्णवमतोल्लेखः]

ज्ञानार्णवमतेनापि वर्णानुक्रमभेदतः।
कथ्यन्ते द्रव्यभेदास्तु सविकल्पस्य मन्त्रिणः।।५७७।।
क्षीराज्यमधुमैरेयद्रव्यभेदा भवन्ति हि।।५७८।।

वर्णानुक्रमभेदत इति। ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्रभेदेनेत्यर्थः। **कथ्यन्ते इति।** तथा च सविकल्पानां ब्राह्मणादिसाधकानां यथासंख्यं दुग्ध-घृत-मधु-मैरेयैस्तर्पणं भवतीति भावः। मैरेयलक्षणे शब्दकल्पद्रुमधृतं माधवाचार्योक्तं प्रमाणम्—

सीधुरिक्षुरसैः पक्वैरपक्वैरासवो भवेत्।
मैरेयं धातकीपुष्पं गुडधानाम्लसंहितम्।। इति।

ज्ञानार्णव तन्त्र में वर्ण-भेद से सविकल्प साधक के लिये अलग-अलग तर्पण द्रव्य बताये गये हैं। तदनुसार ब्राह्मण गाय के दूध से, क्षत्रिय घी से, वैश्य शहद से और गुड़ मैरेय (आसव) से तर्पण करें।।५७७-५७८।।

विमर्श—प्रस्तुत ग्रन्थ के निबन्धनकार श्रीपूर्णानन्द परमहंस ने सपर्या-क्रम में भगवती को कुण्डगोलोद्भव द्रव्य और स्वयम्भू कुसुम समर्पण (श्लोक ४४०), अमृत (मद्य) से तर्पण (श्लोक ४६७) 'मत्स्य-मांसयुक्त नैवेद्य अर्पण (श्लोक ४४८) तथा स्वगात रुधिरदान की विधि (श्लोक संख्या ५५२-५५३) बताने के बाद 'बृहत् श्रीक्रमतन्त्र' और 'ज्ञानार्णवतन्त्र' का उपर्युक्त अभिमत प्रस्तुत करके अपनी उदार दृष्टि एवं सदाशयता का परिचय दिया है। 'श्रीक्रमतन्त्र' के अनुसार भगवती के तर्पण के लिये मद्य का उपयोग नहीं किया जाय तथा ब्राह्मण साधक गाय के दूध से तर्पण करें। ज्ञानार्णव ने पृथक्-पृथक् वर्णों के साधकों के लिये पृथक्-पृथक् तर्पण द्रव्य बताये हैं। ग्रन्थ के संस्कृत टीकाकार श्री भुवनचन्द्र सांख्यतीर्थ ने मेरुतन्त्र, रुद्रयामल, कालीकुलार्णव, कुब्जिका तन्त्र, वाराहीतन्त्र तथा कुलचूड़ामणितन्त्र से प्रचुर उद्धरण प्रस्तुत करके 'श्रीक्रम' के उपर्युक्त अभिमत का समर्थन किया है; लेकिन इस ग्रन्थ में प्रस्तुत सपर्या-क्रम से स्पष्ट है कि 'श्रीक्रम' आदि ग्रन्थों का उपर्युक्त अभिमत वीराचारी अर्चन-पद्धति में सर्वतोभावेन स्वीकार्य और सर्वमान्य नहीं है। यदि ऐसा होता तो तत्रभवान् पूर्णानन्द परमहंस ने भगवती को मत्स्य-मांसयुक्त नैवेद्य, स्वगात रुधिरदान, कुण्डगोलोद्भव द्रव्य-समर्पण का विधान नहीं बताया होता। यह अत्यन्त गम्भीर विषय है, जिसकी विस्तृत पर्यालोचना आवश्यक है।

[आत्मनः कामकलारूपचिन्तनम्]

कामी कामकलारूपमात्मानं चिन्तयेत्ततः।
पूर्वोक्तेनैव विधिना चिन्तयेत् सुन्दरीं पराम्।।५७९।।

कामीति। आत्मानं कामकलारूपं चिन्तयेदित्यर्थः। कामकलायाः स्वरूपमुक्तं गन्धर्वतन्त्रे त्रिंशपटले—

तत्त्रैविध्यं शृणु प्राज्ञे सर्वतन्त्रेषु गोपितम्।
स्थूलं समं तथा नाम सूक्ष्मं मन्त्रतनूं तथा।।
नभोबिन्दुमुखी सा च चन्द्र-सूर्य-तमःप्रभा।
स्वमेरु-हार्दकलया शोभमाना मही यदा।।
पातालतलविन्यस्ता त्रिलोकीयं कलात्मिका।
ललितायास्त्रिभिर्बीजैः प्रकाशार्थो य ईर्यते।।
तेषां विमर्श ईकारो बिन्दुना यत् त्रिधागतम्।
तत् तुरीयस्वरूपार्णबिन्दुत्रयवदीरितम्।।
ईकारोर्ध्वगतो बिन्दुर्मध्यताञ्च गते रवौ।
स्तनौ दहनशीतांशू योनिर्हार्दकला भवेत्।।
तदात्मकस्तु देव्यास्ते साधकस्य च तद् भवेत्।
तदुद्भवं शृणु प्राज्ञे महोदयकरं परम्।।
ऊर्ध्वबिन्द्वात्मकं वक्त्रमधो बिन्दुद्वयात्मकम्।
कुचद्वयन्तु तच्छेषैः शेषाङ्गाणि विभावयेत्।।
इति ते गदिता कामकलाया बाह्यभावना।
तामेव त्वां पुनर्वक्ष्ये भावनामान्तरात्मिकाम्।।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं स्फुरद्विद्युल्लताकृतिम्।
ध्यायेत् कुण्डलिनीं देवि तद्विद्यास्वररूपिणीम्।।
षट्चक्रभेदिनीं देवीं बिन्दुत्रयात्मिकां पराम्।
ताञ्च हार्दकलारूपां चिन्तयेत् पद्ममध्यगाम्।।
एवं कामकलारूपा जागर्ति सचराचरे।
सा च त्रयीमयी प्रोक्ता नास्ति किञ्चित् तया विना।।
साम्ना मुखं समाख्यातमृग्यजुर्भ्यां स्तनद्वयम्।
अथर्वणा समाख्याता हार्दरूपा परा कला।।
तुरीयं परमेशानि साक्षाद् ब्रह्मैव केवलम्।
एतत् कामकलाध्यानं गुह्याद् गुह्यतमं परम्।। इति।

यथाविहित द्रव्य से तर्पण करने के बाद कामी अर्थात् कामकला का साधक (मतान्तर से काम्य-कर्म का साधक) कामकलारूपा परादेवी महात्रिपुरसुन्दरी के रूप में अपना ध्यान करे। ध्यान की विधि और रूप का निरूपण इससे पूर्व (श्लोक संख्या ५११-५१४ में) बताया जा चुका है।।५७९।।

सृष्टिचक्रे यजेत् पूर्वां मलयां दक्षिणां स्थितौ।
पश्चिमां प्रलये चक्रे ग्रन्थिस्थानेषु चोत्तराम्।।५८०।।
तासां मन्त्रं प्रवक्ष्यामि ज्ञानार्णवानुसारतः।

चतुराम्नायविद्यामाह—**सृष्टिचक्रे इत्यादि।**

कामकला का ध्यान करने के बाद श्रीयन्त्र के सृष्टिचक्र पर पूर्वाम्नाय, स्थितिचक्र पर दक्षिणाम्नाय, संहारचक्र में पश्चिम आम्नाय तथा तीनों प्रकार के चक्रों की ग्रन्थियों में उत्तराम्नाय का पूजन करे। इन चारो आम्नायों की नायिकाओं के मन्त्र ज्ञानार्णवतन्त्र के अनुसार बताये जा रहे हैं।।५८०।।

विमर्श—आम्नाय-पूजन का क्रम इसी प्रकाश में इससे पूर्व बताया जा चुका है। (द्रष्टव्य—श्लोकसंख्या ३१९ से ३२४)। गुरु-पंक्तिपूजन के बाद और पञ्चपञ्चिकापूजन के पूर्व वहाँ बताये गये आम्नाय-पूजन और यहाँ बताये जा रहे आम्नाय पूजन में अन्तर यह है कि वहाँ (श्लोकसंख्या ३१९ आदि में) आम्नायदेवताओं के न तो नाम बताये गये हैं और न उनके मन्त्र। यहाँ आम्नाय नायिकाओं के मन्त्र ज्ञानार्णव तन्त्र के अनुसार बताये गये हैं। एक अन्तर और है—वहाँ 'सर्वसिद्धिप्रद चक्र' में अध: आम्नाय-पूजन का निर्देश दिया गया है (श्लोक संख्या ३२३); जबकि यहाँ अध: आम्नाय का उल्लेख नहीं है।

शिवचन्द्राग्निदीर्घाक्षिबिन्दुनादकलात्मकम् ।।५८१।।
चन्द्रेशवह्निवामाक्षिनादबिन्दुकलान्वितम् ।
शक्ति कलाढ्यमन्ते च तुर्यबीजमुदीरितम्।।५८२।।
श्रीबीजं कुरु तार्त्तीयं विद्या वेदाक्षरी भवेत्।
एषा पूर्वाम्नायविद्या रुद्रशक्तिरियं भवेत्।।५८३।।

तत्र पूर्वाम्नायविद्यामन्त्रोद्धारमाह—**शिवेति।** शिवो हकार:, चन्द्र: सकार:, अग्नी रेफ:, दीर्घाक्षिरीकार:, तथाच प्रथमाक्षर: हसरीं, एवं मन्त्रोद्धारेण द्वितीय: सहरीं, तृतीय: श्रीं, कलाढ्यं शक्तिबीजमिति चतुर्थ: कलह्रीम् इति चतुरक्षरी पूर्वाम्नाय–रुद्रशक्ति:। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे दशमपटले—

चतुराम्नायविद्याभिर्मान्यं सिंहासनं प्रिये।
हस्रीमात्मकमुच्चार्य सह्रीमात्मकमद्रिजे।।
शक्ति: कलाभ्यामन्ते च तुर्यं बीजमुदाहृतम्।
श्रीबीजं कुरु तार्तीयं विद्या वेदाक्षरी भवेत्।।
उन्मनी नाम विद्येयं भोगमोक्षफलप्रदा।।
पूर्वाम्नाये महाविद्या........................। इति।

पूर्वाम्नाय विद्या—शिव (ह), चन्द्र (स), अग्नि (र) जो दीर्घाक्षि (ई) तथा बिन्दु-नाद से युक्त हो। इन वर्णों की योजना से प्रथम कूट निष्पन्न हुआ—'हसरीं'। चन्द्र (स), ईश (ह), वह्नि (र), वामाक्षि (ई) जो बिन्दु-नाद से युक्त है! इस तरह दूसरा कूट निष्पन्न हुआ—'सहरीं'। इसका तीसरा कूट है—'श्रीं'। 'कलाढ्य' अर्थात् 'कल'-सहित शक्तिबीज 'ह्रीं' अर्थात् 'कलह्रीं' चौथा कूट है। इस तरह चार कूटों वाली यह पूर्वाम्नाय विद्या रुद्रशक्ति है।।५८१-५८३।।

मन्त्र-स्वरूप—हसरीं सहरीं श्रीं कलह्रीं।

विमर्श—ज्ञानार्णव में इसका नाम 'उन्मनी' बताया गया है। ज्ञानार्णव में बताया गया (पटलसंख्या ९ का ६०वाँ) श्लोक (चतुराम्नाय आदि) ग्रन्थ की संस्कृत टीका में उद्धृत है। इसका पूजन सृष्टिचक्र अर्थात् चतुरस्र, षोडशार और अष्टार में करें।

वाक्क्लिन्ने कामबीजञ्च मदद्रवे कुले हसौः।
वर्णिता रुद्रवर्णेयं दक्षिणाम्नायदेवता।।५८४।।
अवधूतेश्वरीनाम्नीं ज्ञात्वा तां साधकोऽर्चयेत्।

वाक्क्लिन्ने इति। तथाच 'ऐं क्लिन्ने क्लीं मदद्रवे कुले हसौः' इति एकादशाक्षरी दक्षिणाम्नाय विद्या। एनाम् अवधूतेश्वरीं साधकः पूजयेत्। ज्ञानार्णवे मन्त्रोद्धारस्तु—

—दक्षिणाम्नाय उच्यते।
वाग्भवं बीजमुच्चार्य क्लिन्ने कामस्य बीजकम्।
मदद्रवे कुले हस्रौ विद्येयं भोगिनी प्रिये।
दक्षिणाम्नायविद्येयम्—इति।

अवधूतेश्वरी विद्या—देवी अवधूतेश्वरी दक्षिण आम्नाय की देवता हैं। इनका पूजन स्थितिचक्र अर्थात् चतुर्दशार, बहिर्दशार तथा अन्तर्दशार में किया जाता है।

मन्त्रोद्धार—वाक् (ऐं) के बाद 'क्लिन्ने'। तत्पश्चात् कामबीज 'क्लीं' और 'मदद्रवे कुले हसौः' की योजना करने से दक्षिण आम्नाय की देवता का एकादशाक्षरी मन्त्र निष्पन्न होता है।

मन्त्र-स्वरूप—ऐं क्लिन्ने क्लीं मदद्रवे कुले हसौः।

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र (नवम पटल, श्लोकसंख्या ६१) में दक्षिण आम्नाय की नायिका का नाम 'भोगिनी' बताया गया है, जैसा कि संस्कृत टीका में यथा उद्धृत ज्ञानार्णवतन्त्र के उक्त श्लोक से स्पष्ट है।

वाग्भवञ्च महामायां श्रीबीजं हसखफ्रेमिति।।५८५।।
रुद्रेश्वरेण संभिद्य बिन्दुनादाङ्कितं हसौः।
पञ्चप्रणवमुद्दिष्टं सर्वपक्षेषु दुर्लभम्।।५८६।।

एतत्संपुटितां विद्यां द्वात्रिंशार्णां लिखेद् बुधः।
नमो भगवति प्रान्ते चतुर्थं प्रणवं लिखेत्।।५८७।।
ईश्वराख्यं क्रमेणैव कुब्जिके च पदन्तथा।
ऐमात्मकं परां विद्यां श्रीमात्मकमतः परम्।।५८८।।
अघोरे चैव घोरे अघोरमुखि च संलिखेत्।
क्लिं क्लिं किलियुगं विच्चे कुब्जिका शाम्भवी परा।।५८९।।
पश्चिमाम्नायदेवेशी भोगमोक्षप्रदायिनी।

वाग्भवमित्यादि। तथाच ऐँ, ह्रीँ, श्रीँ, हसखफ्रेँ, हसरौँ, इति एते पञ्च प्रणवाः। एतत्संपुटितां द्वात्रिंशद्वर्णां विद्यां लिखेत्। सा च—नमो भगवति हसखफ्रेँ हौँ कुब्जिके ऐँ ह्रीँ श्रीँ अघोरे घोरे अघोरमुखि क्लिं क्लिं किलि-किलि विच्चे। इति द्वात्रिंशदक्षरी ऋक्। इयं भोगमोक्षप्रदायिनी पश्चिमाम्नायदेवीति विशदोऽर्थः। अत्र यद्यपि ग्रन्थकारेण ज्ञानार्णवमतमुल्लिख्य मन्त्रविन्यासः कृतः, तथाऽपि मुद्रितज्ञानार्णवे मन्त्रोऽयमंशतो भिन्न इति ग्रन्थपाठः प्रदर्श्यते—

—पश्चिमाम्नाय उच्यते।
वाग्भवञ्च परा श्रीँ च हसखफ्रेमिति प्रिये।
हस्रौ मन्तास्ततो देवि पञ्चैते प्रणवाः स्मृताः।।
भगवत्यम्ब आलिख्य पृथक् पदमथेश्वरि।
चतुर्थं प्रणवञ्चैव खसहफ्रेमिति प्रिये।।
कुब्जिके चैव हस्रां च हस्रीं हस्रौँ ततः परम्।
अघोरे चैव घोरे च त्वघोरमुखि चाऽऽलिखेत्।।
हस्रां हस्रीं किणिद्वन्द्वं विच्चे द्वात्रिंशदक्षरी।।
कुब्जिकेयं महाविद्या पश्चिमाम्नायदेवता।। इति।

कुब्जिका विद्या—वाग्भव (ऐं), महामाया (ह्रीं), श्रीबीज (श्रीं), हस्खफ्रें (स्वरूप) रुद्रेश्वर तथा नाद-बिन्दु से विभूषित—'हस्रौः'। इस तरह 'ऐं ह्रीं श्रीं हस्खफ्रें हस्रौः' ये पाँच प्रणव हैं। इन पाँच प्रणवों से अनुलोम-विलोमक्रम से सम्पुटित ३२ अक्षरों वाली विद्या लिखने से कुब्जिका का स्पष्ट मन्त्र प्राप्त होता है। यह ३२ अक्षरों वाली विद्या है—ऐं नमो भगवति हस्खफ्रें कुब्जिके ऐं ह्रीं श्रीं अघोरे घोरे अघोरमुखि क्लिं क्लिं किलि किलि विच्चे।

इस ३२ अक्षरों वाली विद्या को उपर्युक्त पाँच प्रणवों से अनुलोम-विलोमक्रम से सम्पुटित करने से कुब्जिका विद्या का स्पष्ट मन्त्ररूप प्राप्त होगा—ऐं ह्रीं श्रीं हस्ख्फ्रें हस्रौः ऐं नमो भगवति हस्ख्फ्रें कुब्जिके ऐं ह्रीं श्रीं अघोरे घोरे अघोरमुखि क्लिं क्लिं किलि किलि विच्चे हस्रौः हस्ख्फ्रें श्रीं ह्रीं ऐं।

भोग-मोक्ष प्रदान करने वाली भगवती कुब्जिका पश्चिम आम्नाय की नायिका हैं। इनका पूजन संहारचक्र (अष्टार, त्रिकोण और बिन्दुचक्र) में करें।।५८५-५८९।।

विमर्श—यद्यपि उक्त मन्त्र को ज्ञानार्णवानुसारतः कहा गया है, मगर उक्त मन्त्र ज्ञानार्णव में बताये गये मन्त्र से बहुत भिन्न है। ज्ञानार्णवतन्त्र में बताया गया मन्त्रोद्धार संस्कृत टीका में उद्धृत है। इसके अनुसार मन्त्रस्वरूप है—ऐं ह्रीं श्रीं हस्ख्फ्रौः हस्त्रौः भगवति अम्बे हस्ख्फ्रौः कुब्जिके हस्त्रां हस्त्रीं हस्त्रौः अघोरे घोरे अघोरमुखि हस्त्रां हस्त्रीं हस्त्रौः किणि किणि विच्चे हस्त्रौः हस्ख्फ्रौः श्रीं ह्रीं ऐं।

खफ्रेमात्मकमुच्चार्य महाचण्डपदं लिखेत्।।५९०।।
योगेश्वरीपदं पश्चाद् विद्यैषा कालिका मता।
उत्तराम्नायविद्येयं नवार्णा परमेश्वरी।।५९१।।

खफ्रेमिति। तथा च 'खफ्रैं महाचण्डयोगेश्वरी' इति नवाक्षरी कालिकानाम्नी उत्तराम्नायविद्या भवति। मन्त्रस्यास्योद्धारो ज्ञानार्णवतन्त्रे–

खफ्रेमात्मकमुच्चार्य महाचण्डपदं लिखेत्।
योगेश्वरीपदं पश्चाद् विद्येयं कालिका प्रिये।।
उत्तराम्नायविद्येयं नाम्ना कालीति विश्रुता।
एताभिः परमेशानि पूज्यं सिंहासनं सदा।। इति।

कालिका-विद्या—भगवती कालिका उत्तर आम्नाय की नायिका हैं। इनका पूजन भगवती त्रिपुरा के पूजन-यन्त्र के तीनों चक्रों की ग्रन्थियों में होता है। इनका नवाक्षरी मन्त्र है—'ख्फ्रें महाचण्ड योगेश्वरि।'

विमर्श—ज्ञानार्णव (१६/८०) के अनुसार उत्तर-आम्नाय का पूजन नौ चक्रों में करना चाहिए—'नवचक्रेषु देवेशि! कौबेराम्नायमर्चयेत्।'

[ग्रहादीनां पूजा]

नवग्रहांश्च मेषादीन्नक्षत्राणि समर्चयेत्।
योगांश्च करणान्येव तिथिमासानृतूनपि।।५९२।।

सूर्यादि नवग्रहों, मेषादि राशियों, नक्षत्रों, योगों, करणों, तिथियों, महीनों और ॠतुओं की भी पूजा करें।।५९२।।

[कलादीनां डाकिन्यादीनां च पूजा]

कलाकाष्ठानि पक्षांश्च डाकिनीं याकिनीं तथा।
लाकिनीं काकिनीञ्चैव साकिनीं ह्राकिनीमपि।।५९३।।

कला, काष्ठा आदि समयमानों, पक्षों (शुक्ल एवं कृष्णपक्ष) एवं डाकिनी, लाकिनी, काकिनी, साकिनी तथा हाकिनी आदि योगिनियों की पूजा करें।।५९३।।

[पूजास्थानं फलञ्च]

श्रीचक्रमध्ये संपूज्य साधकः शिवतां व्रजेत्।

[अङ्गबलिदानम्]

अथवाऽङ्गबलिं दद्यादधुना साधकोत्तमः।।५९४।।

उपर्युक्त ग्रहों तथा डाकिनी आदि का श्रीचक्र के मध्य में पूजन करें। तत्पश्चात् साधक अंगबलि दे।।५९४।।

[बलिदानमन्त्रः]

स्वाहान्तेनाऽऽत्मतत्त्वाद्यैर्मूलबीजपुरःसरैः।

[प्रसादस्वीकरणम्]

तस्याः प्रसादं स्वीकृत्य चुल्लुकार्घ्योदकेन च।।५९५।।

[आत्मसमर्पणम्]

आत्मार्पणं ततः कुर्यात् पूर्वोक्तं मन्त्रमुच्चरन्।

[ईदृशी पूजा पुरश्चरणेऽपि]

पुरश्चरणकालेऽपि सपर्यैषा प्रकीर्त्तिता।।५९६।।

मूल मन्त्र के बीजों के साथ आत्मतत्त्वादि के चतुर्थ्यन्त रूप के बाद 'स्वाहा' की योजना करने से बलिदान मन्त्र बनते हैं। यह मानकर कि भगवती प्रसन्न मुद्रा में बैठी हैं, चुल्लू में अर्घ्य का जल लेकर उपर्युक्त मन्त्र का उच्चारण करते हुए आत्मसमर्पण करें। पुरश्चरणकाल में भी इसी प्रकार से देवी की सपर्या करनी चाहिए।।५९५-५९६।।

[पराङ्मुखार्घ्यदानम्]

मूल मन्त्रं समुच्चार्य त्रिपुरासुन्दरीति च।
पराङ्मुखार्घ्यस्वाहेति पराङ्मुखार्घ्य ईरितः।।५९७।।

पूजन-क्रम पूर्ण हो जाने पर विसर्जन के पूर्व देवता के चरणों में जो अर्घ्य दिया जाता है, उसे पराङ्मुख अर्घ्य कहते हैं। मूल मन्त्र के बाद 'त्रिपुरसुन्दरी पराङ्मुखार्घ्य स्वाहा' की योजना करने से इसका मन्त्र निष्पन्न होता है।।५९७।।

[देव्यङ्गे सर्वदेवताविलयनम्]

श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्याः शरीरे सर्वदेवताः।
विलीनाः सन्तु मूलेन देव्यङ्गे विहिताः स्मरेत्।।५९८।।

चक्रपूजा के समय देवता के शरीर से रश्मि के रूप में बाहर आकर जिन देवताओं ने पूजा ग्रहण की, पूजा के अवसान पर वे देवता पुनः मूल देवता के शरीर में यथावत् विलीन हो जायँ, यह भावना करनी पड़ती है। मूल मन्त्र के आगे

'श्रीमत् त्रिपुरसुन्दर्याः शरीरे सर्वदेवताः विलीनाः सन्तु' की योजना करने से लयांग मन्त्र निष्पन्न होता है॥५९८॥

[आत्मनः पुनः कामकलारूपचिन्तनम्]

पुनः कामकलारूपमात्मानं परिचिन्तयेत्।

रश्मिदेवताओं को देवी के शरीर में विलीन करने के बाद कामकला के रूप में अपना ध्यान करें।

[विसर्जनम्]

ध्यात्वा चक्रेण सहितां श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीम्।।५९९।।
खेचर्या शक्तिचक्रन्तु क्षमस्वेति विसर्जयेत्।

इसके बाद चक्र (श्रीयन्त्र) सहित त्रिपुरसुन्दरी का ध्यान करके खेचरी मुद्रा दिखायें और 'क्षमस्व' कहकर विसर्जन करें॥५९९॥

[देव्यङ्गे षडङ्गन्यासः]

देवीमूर्त्तौ षडङ्गानि न्यस्य मूलं समुच्चरन्।

[यन्त्रस्थपुष्पाघ्राणम्]

यन्त्रस्थं पुष्पमाघ्राय बद्ध्वा संहारमुद्रिकाम्।।६००।।

देवी की कल्पित मूर्ति में षडङ्ग मन्त्रों से षडङ्ग-न्यास करके संहारमुद्रा से यन्त्र पर चढ़ा हुआ एक फूल मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए उठायें। उस फूल को सूँघते हुए यह भावना करें कि श्वासमार्ग से देवी फूल से उठकर मेरे शरीर में प्रविष्ट हो रही हैं। यह भावना करते हुए यह विसर्जनमन्त्र पढ़ें॥६००॥

[विसर्जनमन्त्रः]

गच्छ गच्छ परं स्थानं स्वस्थानं परमेश्वरि।
यत्र ब्रह्मादयो देवा लभेयुः परमं पदम्।।६०१।।

यह विसर्जनमन्त्र है। इस मन्त्र से देवी को पूजनयन्त्र से विसर्जित करें॥६०१॥

[विसर्जनानन्तरकृत्योपदेशः]

विसृज्यानेन तां देवीं ततः पूरकवायुना।
ध्यायेत्तु मन्त्रेणानेन देवीं संस्थापयेद् हृदि।।६०२।।

देवी को यन्त्र से विसर्जित करके पूरक वायु के द्वारा हृदय में लाकर स्थापित करके उनका पूर्ववत् ध्यान करें॥६०२॥

(ध्यान करके मानसोपचारों से अर्चन करें)।

[शेषिकासुन्दरीपूजनमन्त्रः]

लेह्यचोष्यान्नपानादि ताम्बूलमनुलेपनम्।
निर्माल्यभोजनं तुभ्यं ददामि श्रीशिवाज्ञया।।६०३।।
अनेन मनुना मन्त्री शेषिकां सुन्दरीं यजेत्।

भगवती का विसर्जन करने के बाद साधक नैवेद्य का कुछ अंश तथा भगवती को समर्पित थोड़ा-सा जल लेकर शेषिका सुन्दरी को समर्पित करे। श्लोक संख्या ६०३ 'लेह्य चोष्य ------ शिवाज्ञया' शेषिका सुन्दरी को नैवेद्यांश-समर्पण करने का मन्त्र है।।६०३।।

[कामकलाध्यानम्]

ततः कामकलां ध्यायेद्दुर्वारामिन्दुमालिनीम्।
सेन्दुखण्डाञ्च साकारां निराकारेऽथ मेलयेत्।।६०४।।

ततः अर्थात् इसके बाद वह अर्धचन्द्रशेखरा इन्दुमालिनी देवी कामकला का साकार ध्यान करके उनकी साकार मूर्ति को भावना द्वारा निराकार मूर्ति में विलीन कर दे।।६०४।।

[प्राणायामः षडङ्गन्यासश्च]

प्राणायामं विधायाथ षडङ्गानि न्यसेद् बुधः।

प्राणायाम करके वह षडङ्ग न्यास करे।

[श्रीपादुकापूजा]

तनुत्रयं समुच्चार्य ततः श्रीपादुकां यजेत्।।६०५।।

तनुत्रयमिति। मूलबीजत्रयमित्यर्थः। शिष्टं सुगमम्।

मूल मन्त्र के तीनों कूटों का उच्चारण करके श्रीपादुका की पूजा करे।।६०५।।

[मानसकर्मयोगः]

अथवा मानसे कर्मयोगे तु परमव्ययम्।
मूलोद्गतं शक्तिचक्रं पुनर्मूलं नयेत् क्रमात्।।६०६।।
मूलं चाऽऽत्मनि चिद्रूपे यज्जुष्टं तत् तदेव हि।
अस्मिन्नेवाव्यये तत्त्वे विलीनं तद् विचिन्तयेत्।।६०७।।
प्रवाहं नाशयेत् संविदग्नौ संभेदकर्मणि।
इदन्तालक्षणं द्रव्यं जुहुयादबहिर्मुखः।।६०८।।
पुष्पादिकं ततो घ्रात्वा ह्यन्तर्देशे विनिक्षिपेत्।
कथितः कर्मयोगोऽयं येन तन्निष्ठता भवेत्।।६०९।।

अथवेति। मानसे कर्मयोगे इति ज्ञानयोगे इति भावः। तत्र परममव्ययतत्त्वं मूलाधारे शक्तिचक्रं विचिन्त्य तत् तत्त्वं चिद्रूपे आत्मनि ब्रह्मरन्ध्रस्थितसहस्त्रदलकमले मेलयित्वा शक्तिचक्रेण मिलितं तन्मूलाधारं समानयेत्। पुनः शक्तिचक्रमिलित-मात्मचक्रम् अस्मिन्नेवाव्यये तत्त्वे विलीनं विभावयेत्। अस्मिन् मेलनकर्मणि जाते ज्ञानाग्नौ बाह्यवस्तुप्रवाहं भस्मीकुर्यात्, एवञ्च अन्तर्मुखो घटादिबाह्यवस्तूनि तत्र नाशयेत्। तथाच ज्ञानमयं नित्यं वस्तु एव प्रकाशितं भवेदात्मनीति संक्षेपः। अनेन कर्मयोगाभ्यासेन आत्मनिष्ठता भवेदिति भावः।

अथवा विचक्षण साधक बाह्य पूजा न करके अथवा बाह्य पूजन के साथ ही मानस कर्मयोग कर सकता है। इस ध्यानयोग में साधक मूलाधारचक्र में परं अव्यय तत्त्वरूप में शक्तितत्त्व का ध्यान करे। तत्पश्चात् वह मूलाधारस्थ शक्तितत्त्व को मूलाधार चक्र से उठाकर सुषुम्ना मार्ग से सहस्त्रार में लाये और उसे ब्रह्मरन्ध्र में स्थित चिद्रूप आत्मा (परमात्मा) में विलीन कर दे। तत्पश्चात् शक्तितत्त्वयुक्त उस आत्मा को मूलाधार में लाये। फिर शक्तिचक्र-सम्मिलित उस आत्मचक्र को इसी अव्ययतत्त्व में विलीन करने की भावना करे। इस मेलन-कर्म से उत्पन्न ज्ञान—अग्नि में सभी भेदात्मक कर्म-व्यवहार के प्रवाह तथा इदन्ता लक्षण वाले सभी बाह्य वस्तुओं के वृत्तिप्रवाह को भस्मसात् कर दे। इस प्रकार अन्तर्मुख हुआ साधक चित्त में उठने वाले घट-पटसम्बन्धी सभी वृत्तियों और विचारों का विनाश करके उसे अर्थात् चित्त को सर्वथा शून्य कर दे। देवी को समर्पित किये जाने योग्य पुष्पादि द्रव्यों को सूँघकर उन्हें अपने अन्तर्देश में स्थित उस अव्ययतत्त्व को अर्पित करने की भावना करे। इस ज्ञानयोग के निरन्तर अभ्यास से साधक को आत्म-निष्ठता की स्थिति प्राप्त होती है॥६०६-६०९॥

[कर्मयोगाभ्यासे सिद्धिः]

एतदभ्यासतश्चैव सिद्धो भवति योगिराट्॥६१०॥

इस मानस कर्मयोग का निरन्तर अभ्यास करने से साधक सिद्ध होकर योगिराज बन जाता है॥६१०॥

विमर्श—पद्धतिग्रन्थों में कहा गया है कि पूजा समाप्त हो जाने के बाद एक ताम्रपात्र में लाल चन्दन, अक्षत और लाल फूल और जल लेकर उसे मस्तक तक उठाकर 'ॐ ह्रां ह्रीं हंसः सूर्य एष ते अर्घ्यः स्वाहा' से सूर्य को अर्घ्य देकर प्रार्थना करें—

ॐ॥ यज्ञश्छिद्रं तपश्छिद्रं यच्छिद्रं पूजने मम।
तत्सर्वमच्छिद्रमस्तु, भास्करस्य प्रसादतः॥

इसे छिद्रावधारण कहते हैं। इसके बाद यन्त्र पर से एक फूल उठाकर 'ॐ क्लीं नमः' का उच्चारण करते हुए उसे सूँघें। फिर यन्त्र पर लगे गन्ध से अपने माथे पर तिलक लगायें। मन्त्र है—

ॐ।। यं यं स्पृशामि पादेन, यं यं पश्यामि चक्षुषा।
स एव दासतां यातु, यदि शक्रो क्षमो भवेत्।।'

पूजा से बचा हुआ थोड़ा-सा गन्ध लेकर उसमें अर्घ्य-जल मिलाकर मूल मन्त्र से आठ बार अभिमन्त्रित करे। उस द्रव्य का साधक अपने सिर पर प्रोक्षण करें।

[निर्माल्यादीनां धारणाद्युपदेशः]

निर्माल्यं शिरसा धार्यं सर्वाङ्गमनुलेपनम्।
नैवेद्यं चोपभुञ्जीत दत्त्वा तद्भक्तिशालिने।।६११।।

निर्माल्यधारणादिकमुपदिशति—**निर्माल्यमिति।** व्यक्तमुक्तं शिवार्चनचन्द्रिका-धृतमालिनीतन्त्रे—

अर्घ्यतोयेन देवेशि गन्धं पूजावशेषितम्।
आलोड्य किञ्चिन्मूलेन मन्त्रेण त्वष्टकं शिवे।।
प्रोक्षयेत् तेन तोयेन स्वात्मानं मूल मन्त्रतः।
निर्माल्यं मस्तके धार्यं मूल मन्त्रेण मन्त्रिणा।।
प्राश्य पादोदकं देवि नैवेद्यं विभजेत् प्रिये।
तद्भक्तेभ्यः स्वयं भुक्त्त्वा तन्मयो विहरेत् सुखम्।। इति।

तत्रापि विशेषः पिच्छिलातन्त्रे एकादशपटले—

जवापुष्पं महेशानि दद्यान्न धारयेत् क्वचित्। इति।

निर्माल्य को सिर पर रखकर बचे हुए गन्ध-चन्दन आदि को अपने विभिन्न अंगों में लगाये। प्रसादरूप नैवेद्य को स्वयं खाये और देवीभक्त अन्य साधकों को प्रदान करे।।६११।।

विमर्श—पिच्छिला तन्त्र में कहा गया है कि भगवती के भक्त और साधक कभी भी जवा-पुष्प को धारण नहीं करें।

[गुरुप्रणामः]

ततश्च गुरवे दद्यान्नमस्कारत्रयं सुधीः।।६१२।।

देवता की पूजा समाप्त करके देवीभक्त साधक अपने गुरुदेव को तीन बार प्रणाम करे।।६१२।।

[शङ्खजलप्रशंसा]

देवार्चनावशिष्टं यत् सलिलं शङ्खमध्यगम्।
अङ्गे लग्नं मनुष्याणां ब्रह्महत्यां व्यपोहति।।६१३।।

देवता के अर्चन के बाद शंख में जो जल शेष रह गया है, उसे अपने शरीर में लगाने से मनुष्य ब्रह्महत्या-जैसे जघन्य पाप से भी मुक्त हो जाता है।।६१३।।

अन्त में श्रीयन्त्र को अच्छी तरह धोयें और उस जल को निम्न मन्त्र पढ़ते हुए ग्रहण कर लें—

[श्रीचक्रपादोदकप्रशंसा]

गङ्गापुष्करनर्मदासु यमुनागोदावरीगोमती-
गङ्गाद्वारगयाप्रयागबदरीवाराणसीसिन्धुषु ।
रेवाशोणसरस्वतीप्रभृतिषु ब्रह्माण्डभाण्डोदरे
तीर्थस्नानसहस्रकोटिफलदं श्रीचक्रपादोदकम्।।६१४।।

इस ब्रह्माण्ड में गंगा-नर्मदा-यमुना-गोदावरी-गोमती-रेवा-सोन-सरस्वती और सिन्धु आदि जितनी भी पवित्र नदियाँ हैं, उनमें स्नान करने से तथा पुष्कर-हरिद्वार-गया-प्रयाग-वाराणसी-जैसे तीर्थों की यात्रा करने से जो पुण्य मिलता है, उससे हजारों-करोड़ों गुना अधिक पुण्य श्रीचक्र के पादोदक का पान करने से मिलता है।।६१४।।

[भङ्ग्या स्वोक्तौ प्रामाण्योपन्यास:]

नानातन्त्रमतं ज्ञात्वा श्रीगुरोर्मतमेव च।
पूर्णानन्देन कृतिना सपर्यैषा प्रकीर्त्तिता।।६१५।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ
सपर्याविवरणं नामाष्टादश: प्रकाश:।।१८।।

अनेक प्रकार के तन्त्रग्रन्थों को पढ़कर तथा अपने गुरुदेव का मत जानकर ग्रन्थकर्ता श्री पूर्णानन्द द्वारा यह पूजा-विधान कहा गया है।।६१५।।

श्रीपूर्णानन्द परमहंस-विरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के सपर्या-विवरण नामक अठारहवें प्रकाश का 'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।१८।।

●

एकोनविंशः प्रकाशः

[त्रिपुरसुन्दरीस्तोत्राणि]

त्रिपुरार्णवोक्तं त्रिपुरसुन्दरीस्तोत्रम्

अथ स्तोत्रं प्रवक्ष्यामि त्रिपुरार्णव ईरितम्।

अर्चन के बाद देवता की स्तुति की जाती है। अत: पिछले अध्याय में भगवती त्रिपुरा का अर्चन-विधान प्रस्तुत करने के बाद इस प्रकाश में त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त सुन्दरीस्तोत्र, भगवान् शंकराचार्य-कृत त्रिपुरास्तोत्र और त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त कवच प्रस्तुत किये गये हैं। इस क्रम में यह प्रथम स्तोत्र है।

किं किं द्वन्द्वं दनुजदलिनि क्षीयते न श्रुतायां
का का सिद्धिः कुलकमलिनि प्राप्यते नार्चितायाम्।
का का कीर्त्तिः सुरवरनुते व्याप्यते न स्तुतायां
कं कं भोगं त्वयि न चिनुते चित्तमालम्बितायाम्।।१।।

किं किमिति। पद्यमिदं तन्त्रसारोक्तकिङ्किणीस्तोत्रस्य प्रथमश्लोकमनुवदति पाठभेदेन।

हे माते दनुजदलिनि! आपके पावन चरित का श्रवण करने के हमारे जीवन के कौन-कौन से द्वन्द्व क्षीण नहीं हो जाते अर्थात् सभी द्वन्द्वों से आपके भक्तों को छुटकारा मिल जाता है। आपकी पूजा करने से हे कुलकमलिनि, कौन-सी सिद्धि नहीं मिलती अर्थात् सभी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। आपकी स्तुति करने से मनुष्य की सभी यशोकामनायें पूरी हो जाती हैं। हे माँ त्रिपुरे! जो भी व्यक्ति पूर्ण मनोयोग से आपका आलम्बन, आपका आश्रय, आपका सहारा पकड़ लेता है अर्थात् आप पर पूर्णत: निर्भर हो जाता है, आप उसे संसार के सारे सुखभोग लुटा देती हैं। उसे संसार के सारे सुखभोग स्वयमेव प्राप्त हो जाते हैं॥१॥

विमर्श—'द्वन्द्व' का कोषगत अर्थ है—जोड़ा—परस्पर विरोधी गुण-धर्म वाले पदार्थों या स्थितियों का जोड़ा, जो एक-दूसरे के बाद क्रम-क्रम से आते-जाते रहते हैं। यथार्थ यह है कि व्यष्टि और समष्टि जीवन द्वन्द्व पर आधारित है। 'एक सद् रूप ब्रह्म' के द्विधा होते ही जन्म-मृत्यु, जय-पराजय, सुख-दु:ख, लाभ-हानि आदि का जो द्वन्द्व-प्रवाह प्रारम्भ हुआ, उसी में डूबता और उतरता हुआ व्यष्टि और समष्टि जीवन प्रवहमान है। इस द्वन्द्वप्रवाह से छुटकारा पाने से समत्वरूप योग और योग से मुक्ति मिलती है, जैसा कि भगवान् कृष्ण ने गीता में कहा है—

ते द्वन्द्वमोहनिर्मुक्ता भजन्ते मां दृढव्रता:।। (८/२८)

निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुखं बन्धात्प्रमुच्यते।। (५/३)

द्वन्द्वैर्विमुक्ता: सुखदु:खसञ्ज्ञर्गच्छन्त्यमूढा पदमव्ययं तद्।। (१५/५)

दनुजों का दलन करने वाली भगवती त्रिपुरा अपने भक्तों को भवसागर के द्वन्द्वों से उभारकर उन्हें मुक्ति प्रदान करती हैं। मोक्ष प्रदान करने के पूर्व उन्हें सर्वविध संतोष प्रदान करने के लिये सभी प्रकार के सांसारिक सुख, भोग, ऐश्वर्य, यश-कीर्ति, कलत्र-सन्तति एवं अणिमा आदि अतिमानवीय सिद्धियाँ भी प्रदान करती हैं और इस तरह उनकी यह महिमा चरितार्थ हो जाती है—

यत्रास्ति भोगो न च तत्र मोक्ष: यत्रास्ति मोक्ष: न च तत्र भोग:।
श्रीसुन्दरीसेवनतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव।।

तात्पर्य यह कि यदि भोग और मोक्ष दोनों ही एक साथ पाना है तो अनन्य चित्त से भगवती त्रिपुरा का शरण ग्रहण करके यथाविधि उनकी साधना और उपासना करो।

कुलकमलिनि—जीव, प्रकृति, दिक्, काल, आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी—ये ९ कुल हैं। इन ९ कुलों से युक्त कमलिनि अर्थात् त्रिपुरा।

सुरवरनुता—ब्रह्म-इन्द्र आदि श्रेष्ठ देवताओं से वन्दिता।

सकुसं सकु(?)सं रम्भ स्वारिता मोक्षविभ्रमे।
चिच्चन्द्रमण्डलान्त:स्थे नमस्ते हरवल्लभे।।२।।

हे शिवप्रिये! चित् चन्द्र-मण्डल में रहने वाली देवि! आपका भक्त हर्ष और अमर्ष किसी भी भाव से आपको एक बार भी पुकारता है तो उसके भाव पर विचार किये बिना, अपनी भक्तवत्सलतावश उसे मोक्ष तक प्रदान कर देती हो।।२।।

जगदुद्धारणोद्योगयोगभोगवियोगिनि।
स्थितिभावस्थिते देवि नम: स्थाणुप्रियेऽम्बिके।।३।।

संसार की सृष्टिप्रक्रिया के समारम्भ के लिये 'शिव-संयोग'रूप भोग का परित्याग करके संसार में स्वयं ही स्थितस्वरूपा होकर रहने वाली जगन्मातृरूपा तथा स्थाणु नाम वाले शिव की प्रिया, हे देवि! आपको शत-शत प्रणाम है।।३।।

भावाभावपृथग्भावानुभावे वेदकर्मणि।
चैतन्यपञ्चके देवि नमस्तुभ्यं हराङ्गने।।४।।

हे देवि! आप भावस्वरूपा भी हो, अभावस्वरूपा भी हो, तथापि आपका वास्तविक स्वरूप इन दोनों से सर्वथा भिन्न भी है। वेदविहित कर्मों के अनुष्ठान से ही आपके वास्तविक स्वरूप की प्रतीति होती है। जीवों के समस्त शोक-मोह का

हरण करने वाले हर (शिव) की अंगना (पत्नी) तथा चैतन्यपञ्चक में निवास करने वाली देवि! आपको नमस्कार है॥४॥

चैतन्यपञ्चक—अन्नमय कोश, मनोमय कोश, प्राणमय कोश, विज्ञानमय कोश तथा आनन्दमय कोश का एक पञ्चक है। पाँच ज्ञानेन्द्रियों (श्रोत्र, त्वक्, जिह्वा, चक्षु, घ्राण) का दूसरा कोश पञ्चक है। पाँच कर्मेन्द्रियों (वाक्-पाणि-पाद-पायु-उपस्थ) का तीसरा पञ्चक है। पाँच प्राणों (प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान) का चौथा पञ्चक है एवं शरीर के घटक पाँच महाभूतों (आकाश, वायु, अग्नि, सलिल और पृथ्वी) का पाँचवाँ पञ्चक है। इन कोशपञ्चकों में व्याप्त होकर भगवती त्रिपुरा इन्हें चैतन्यता प्रदान करती हैं।

सृष्टिस्थित्युपसंहारप्रत्यूर्जितपदद्वये ।
चिद्विश्रान्तिमहासत्तामात्रे मातर्नमोऽस्तु ते॥५॥

इस संसार के सृष्टि-स्थिति तथा संहाररूप सभी कार्य आपके चरण-कमलों के प्रताप से स्वयं ही सम्भव और सम्पन्न होते हैं। एतदर्थ आपको कुछ भी नहीं करना पड़ता। एकमेव-अद्वितीय-सन्मात्र-विशुद्ध-ज्ञानरूप ब्रह्म में कल्पित स्फुरणात्मक विक्षोभ के कारण ही जगत् की सृष्टि आदि क्रियायें होती हैं। जगत् के उपसंहार एवं विक्षोभ के विलीन हो जाने पर ज्ञान की विश्रान्ति अवस्था में कूटस्थ, अचल परम सत्ता (ब्रह्म) के रूप में केवल आपकी एकमात्र सत्ता रहती है। ऐसी एकमात्र सत्ता स्वरूप वाली माते, आपको नमस्कार है॥५॥

वह्न्यर्कशीतकिरणब्रह्मचक्रान्तरोदिते ।
चतुःपीठेश्वरि शिवे नमस्ते त्रिपुरेश्वरि॥६॥

श्रीचक्र के सर्वान्तःस्थ अग्नि-सूर्य और सोमात्मक त्रिकोण के मध्य में बिन्दु रूप से स्थित एवं चारो पीठों की स्वामिनी, हे त्रिपुरेश्वरि, हे शिवे! आपको प्रणाम है॥६॥

विमर्श—कामरूप, जालन्धर, पूर्णगिरि तथा उड्डीयान—ये चार शक्तिपीठ हैं।

चराचरमिदं विश्वं प्रकाशयसि तेजसा।
मातृकारूपमास्थाय तस्यै मातर्नमोऽस्तु ते॥७॥

मातृका (शब्दब्रह्म) रूप में स्वयं को अभिव्यक्त कर अपनी सृजनात्मक शक्ति (सामर्थ्य) से जो इस चराचर जगत् को प्रकाशित करती है, विश्वमातृकास्वरूपा उस त्रिपुरसुन्दरी को प्रणाम है॥७॥

विमर्श—विस्फोटवादियों के अनुसार नित्य-अव्यक्त-स्फोटात्मक शब्द (शब्दब्रह्म) से ही विश्वरूप अर्थ की उत्पत्ति होती है। भगवती त्रिपुरसुन्दरी का मातृका रूप स्फोटात्मक शब्दरूप ही है।

स्मृता भवभयं हंसि पूजिताऽसि शुभङ्करि(री)।
स्तुता त्वं वाञ्छितं वस्तु ददासि करुणावरे।।८।।

स्मृतेति। पद्यमिदमुपलभ्यते किङ्किणीस्तोत्रेऽपि।

हे करुणामयी माँ! जो भक्तजन आपका स्मरण करते हैं, आप उनके सभी सांसारिक भयों-सहित जन्म-मरणरूप महाभय का भी विनाश कर देती हैं। भक्तों के द्वारा पूजिता होने पर आप उनका सर्वविध कल्याण करती हैं। जो भक्तजन नित्यप्रति आपकी स्तुति करते हुए आपकी महिमा का गान करते हैं, आप उनकी मनचाही मुरादें पूरी करती हैं॥८॥

भक्तस्य नित्यपूजायां रतस्य मम साम्प्रतम्।
वाग्भवादिमहासिद्धिं देहि त्रिपुरसुन्दरि।।९।।

हे देवि त्रिपुरसुन्दरि! मैं नित्यप्रति आपकी ही भक्ति करता हूँ। हे माँ! आप अपने इस नित्य भक्त पर कृपा करके उसे वाक्सिद्धि आदि महासिद्धियाँ प्रदान कीजिये॥९॥

परमानन्दसन्दोहप्रमोदभरनिर्भरे।
दुःखत्रयपरिम्लानवदनं पाहि मां शिवे।।१०।।

हे माँ! आप परमानन्दमयी हैं। आनन्द के अतिरेक से आपका मुखमण्डल हमेशा दमकता रहता है। ऐसी दीप्तानना देवी का भक्त होने के बावजूद त्रिविध तापों से मेरा मुख परिम्लान है, निस्तेज है। हे माते! इन त्रिविध तापों से मेरी रक्षा करें। मुझ पर आनन्दवर्षा करें, ताकि मेरा निस्तेज मुख भी प्रमुदित हो जाय॥१०॥

शब्दब्रह्ममयि यच्च देवि त्रिपुरसुन्दरि।
यथाशक्ति जपं पूजां गृहाण मदनुग्रहात्।।११।।

हे शब्दब्रह्ममयि देवि! मैंने यथासामर्थ्य आपकी जो पूजा की है, जो मन्त्र-जप किया है, स्तुतिपाठ किया है, मुझ पर कृपा करते हुए उसे आप स्वीकार करें, माँ॥११॥

अज्ञानादल्पबुद्धित्वादालस्यात् दुष्टभावतः।
ममापराधं कार्पण्यं क्षमस्व परदेवते।।१२।।

परदेवतास्वरूपिणि! हे देवि! मेरे अज्ञान, मेरी अल्पबुद्धिता, आलस्य या प्रमाद आदि के कारण अथवा अशुद्ध मानसिक प्रवृत्ति के फलस्वरूप आपके पूजन-अर्चन में जो कमी, जो त्रुटि रह गई हो, हे माँ! उसे क्षमा करें॥१२॥

अज्ञानामसमर्थानामस्वस्थाननिवासिनाम्।
अशुद्धं बलमस्माकं शिशूनां हरवल्लभे।।१३।।

कृपामयि कृपां भद्रे सकृन्मयि निवेशय।
तावदहं कृतार्थोऽस्मि न ते किञ्चन हीयते।।१४।।

हे शिवप्रिये! हम अज्ञानी हैं, आपकी सम्यक् रूप से उपासना और अर्चना करने में असमर्थ हैं, अस्वस्थ देश (संसार) में हम भटक रहे हैं, मन-बुद्धि और चित्त ही नहीं, शरीर से भी हम अशुद्ध हैं, फिर भी हम आपके बच्चे हैं। इसीलिये हे माँ, एक बार कम से कम हमारे हृदय-पटल पर प्रकट होकर हमें दर्शन देकर कृतार्थ कीजिए।।१३-१४।।

यन्मया क्रियते कर्म जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु।
तत् सर्वं तावकी पूजा भूयाद् भूत्यै रमे शिवे।।१५।।

अपने भक्तों के हृदय में रमण करने वाली हे शिवप्रिये! मैंने जाग्रत्-स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था में जो कुछ भी किया है, उन सभी कृत्यों को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करके मेरा कल्याण करो।।१५।।

द्रव्यहीनं क्रियाहीनं विधिहीनञ्च यद् भवेत्।
तत् सर्वं कृपया देवि क्षमस्व परदेवते।।१६।।

अपनी अज्ञता तथा साधनहीनता के कारण मैंने आपकी जो कुछ भी द्रव्यरहित, क्रियारहित और विधिविहीन पूजा की है, हे माँ! मेरा मन रखने के लिये आप उसे स्वीकार करें।।१६।।

यन्मयोक्तं महाज्ञानं तन्महत् स्वल्पमेव वा।
तावत् सर्वं जगद्धात्रि क्षन्तव्यमयमञ्जलिः।।१७।।

जगत् का पालन-पोषण करने वाली माँ! अपनी अल्पज्ञता के बावजूद मैंने आपका जो स्तवन किया है, साधनहीनता के बावजूद आपका जो अर्चन किया है, उन सबको हे मातारानी! इस दीन की भाव-पुष्पाञ्जलि के साथ ग्रहण करने की कृपा करो।।१७।।

●

शङ्कराचार्योक्तं स्तोत्रम्

इमं स्तवं प्रवक्ष्यामि शङ्कराचार्यभाषितम्।

शङ्कराचार्यकृत स्तोत्र—श्री त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त स्तव के बाद भगवान् शंकराचार्य-कृत 'श्रीक्रमस्तव' उद्धृत किया गया है। इस स्तव में श्रीचक्र का वर्णन प्रारम्भ करके पूजाक्रम के अनुसार सभी आवरणदेवताओं के नामोल्लेखपूर्वक उनकी वन्दना की गई है।

रत्नामृताम्बुनिधिमध्यलसत्प्रवाल-
द्वीपस्फुरत्परमनन्दनकाननान्तः ।
श्रीवृक्षमूलतलपश्चिमवक्त्ररत्न-
गेहान्तराद्भुतमहामणिपीठिकायाम् ।।१।।

मणिपूर द्वीप—अमृतवत् अमूल्य रत्न-भण्डारों से परिपूर्ण सागर में प्रवाल-द्वीप है। इस द्वीप की भूमि मूँगे के समान लाल है। इस द्वीप में परम आनन्ददायक नन्दन-कानन है, जिसमें बिल्ववृक्ष की घनेरी छाया में पश्चिमाभिमुख भवन है। इस भव्य भवन में मणियों से विरचित पीठिका है॥१॥

बिन्दुत्रिकोणबहिरष्टककोणबाह्या-
द्विक्कोणद्विक्परचतुर्दशकोणयुक्तम् ।
वृत्ताष्टषोडशदलानतवृत्तलोक-
भूपूश्चतुर्मुखमहं प्रणमामि चक्रम्।।२।।

चक्र-वर्णन—उपर्युक्त मणिखचित पीठिका पर बिन्दु, त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर और बाह्यक्रम से दो दश कोण, एवं चतुर्दश कोणों से युक्त वृत्त, फिर वृत्त के बाहर अष्टदल कमल एवं षोडश दल कमलों को घेरकर बनाये गये चतुर्द्वार-युक्त तीन भूपुरों वाला विशाल श्रीचक्र बना हुआ है। मैं इस चक्र को सादर प्रणाम करता हूँ॥२॥

पाशाङ्कुशामृतकपालसुशूलहस्तं
हस्त्याननं विविधभूषणनीलदेहम्।
नित्योत्सवं सकलविघ्नविनाशहेतुं
श्रीमद्गणेश्वरमहं प्रणमामि नित्यम्।।३।।

गणपति-वन्दना—श्रीचक्र का नमन करने के बाद मैं समस्त विघ्नों के विनाश तथा नित्यप्रति उत्सव एवं आनन्द-प्राप्ति के लिये नीली देहकान्ति वाले हस्तिमुख भगवान् गणपति को प्रणाम करता हूँ, जिनके चारो हाथ पाश, अंकुश, अमृतकपाल (पात्र) तथा त्रिशूल से शोभित हो रहे हैं॥३॥

पीयूषभाण्डमसिदण्डकपालखण्ड-
चण्डातिचण्डभुजदण्डमतिप्रचण्डम् ।
श्रीकुण्डलद्वयविमण्डितगण्डमीडे
नीलं वटुं वटुकनाथमहीन्द्रहारम्।।४।।

वटुक-वन्दना—अब मैं प्रणाम करता हूँ श्यामल नीली देहकान्ति वाले वीर ब्रह्मचारी वटुकनाथ को, जिनके गले में सर्पों की माला है तथा चण्ड (सूर्य) से भी प्रचण्ड (प्रखर) जिनकी भुजायें अमृत-कलश, तलवार, दण्ड तथा नृकपाल से

शोभित हैं। जिनके गण्डस्थल रत्नखचित स्वर्ण कर्ण-कुण्डलों की आभा से दमक रहे हैं॥४॥

चञ्चत्कपालसुकृपाणसशूलदण्ड-
मुद्यद्ड्मड्ड्मरुमण्डितपाणिदण्डम्।
नीलाञ्जनप्रचयपुञ्जमिव प्रसन्नं
श्रीक्षेत्रपालकममुं शरणं श्रयामि।।५।।

क्षेत्रपाल-वन्दना—गणेश और बटुकनाथ को प्रणाम करने के बाद मैं क्षेत्रपाल जी का शरण-ग्रहण करता हूँ, जिनकी सशक्त मांसल भुजायें सुन्दर कपाल, कृपाण, त्रिशूल दण्ड तथा डमड्-डमड्-डमड् की ध्वनि करने वाले डमरू से शोभित हैं। देह की कान्ति सघन-कज्जल राशि के समान है तथा जो प्रसन्नमुख हैं॥५॥

चक्रातिचक्रपरिदारितदैत्यचक्र-
चक्राक्षिकम्बुपरिचुम्बिकरां कुमारीम्।
दुर्गां निसर्गमुनिवन्दितदुर्गदुर्ग-
सिंहासनोपरिगतां सततं श्रयामि।।६।।

दुर्गा-स्तवन—दैत्यों की विशाल सेना के चक्रों को देखते ही देखते विनाश कर देने वाली शंखधारिणी, सिंहवाहिनी, सतर्क चञ्चलनयना कुमारी दुर्गा के शरण ग्रहण करता हूँ, जिनके पवित्र दुर्गा-नाम का मुनिजन अहर्निश जप करते हैं॥६॥ (शंख=हाथीदन्त का बना हुआ एक आभूषण, जो हाथों में पहना जाता है।)

पद्मद्वयाभयवरोद्यतपाणिपद्मां
पद्मासनेन समलङ्कृतपादपद्माम्।
पद्मां सुपद्मवदनां खलु पद्मनाभ-
हृत्पद्ममध्यवसतिं सततं प्रपद्ये।।७।।

विष्णुप्रिया-वन्दना—पद्मनाभ (विष्णु) के हृदय-पद्म में निवास करने वाली कमलवदना, कमलधारिणी, कमलासना भगवती कमला की चरणवन्दना करता हूँ, जो अपने भक्तों को समस्त भीतियों से अभय एवं मनचाहा वरदान देने को सदैव उद्यत रहती हैं॥७॥

उद्यत्सुधानिधिसहस्रमरीचिगौरीं
वागीश्वरीं सकलवाङ्मयसागराणाम्।
कण्ठे सदा लुठतु मे स्फटिकाक्षमाला
श्रीर्ज्ञानपुस्तकवराभयशस्तहस्ता ।।८।।

वागीश्वरी-स्तवन—उदीयमान चन्द्रमा की श्वेत-धवल किरणों के समान गौर वर्णा तथा समान वर्णा स्फटिक मालाधारिणी भगवती वागीश्वरी सदैव मेरे कण्ठ में वास करें, जो समस्त वाङ्मयरूपी ऐश्वर्य की स्वामिनी हैं तथा जिनके चारो हाथ ज्ञान, पुस्तक, वर तथा अभय मुद्राओं से शोभित हैं॥८॥

बन्धूकपुष्पवपुषं मदघूर्णमानं
पुष्पेषुचापकुसुमेषुकरं वराक्ष्या।
यद्बन्धनात् कनककान्तिसमानकान्त्या
स्वालिङ्गितं रतिपतिं सततं स्मरामि।।९।।

कामदेव-वन्दना—जिनके शरीर का वर्ण बन्धूक (दुपहरिया) के पुष्प के समान लाल है, मदपान के कारण जिनके नेत्र चञ्चल हैं, जिनके हाथों में पुष्प-निर्मित धनुष और बाण हैं और जिनकी सुन्दर प्रेम दृष्टि से बँधकर उनकी प्रिया उन्हें अपने आलिंगन में लपेटे हुए है, मैं उन रतिपति कामदेव का स्मरण करता हूँ॥९॥

प्रीत्यावशं भुवि वसन्तमहं भवन्तं
नृत्यन्तमद्भुतमहोत्सवदं वसन्तम्।
वन्दे सुनन्दनवने शरदिन्दुकान्तं
सन्तानसन्ततिलतासु विकाशयन्तम्।।१०।।

वसन्त-वन्दना—भगवती श्रीदेवी के प्रीति-वशीभूत होकर 'नन्दनवन' की धरा पर विराजित होकर सौन्दर्य-विस्ताररूप अपने अद्भुत नृत्य के द्वारा चतुर्दिक् आनन्द प्रदान करने वाले वसन्तदेवता की मैं वन्दना करता हूँ, जिनकी आभा शरद् ऋतु के चन्द्रमा के समान धवल और प्रीतिकर है और जो विभिन्न प्रकार की लताओं में नव-पल्लवों के रूप में उनकी वंश-परम्परा को विकसित करने में दक्ष हैं॥१०॥

भक्त्याश्रिताभयवरोद्यतपाणिपद्मौ
देवौ समानरचितासनसन्निविष्टौ।
द्वारे पुरे परमदैवतदेवतायाः
श्रीशङ्खपद्म च निधी(?) निदधामि मूर्ध्नि।।११।।

द्वारदेवता-वन्दना—ब्रह्मा आदि परम देवताओं की भी परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के प्रति अत्यन्त श्रद्धा और भक्ति के कारण उनके नगरद्वार पर द्वार-देवताओं के समान आसन पर सन्निविष्ट श्री शंखनिधि और श्री पद्मनिधि को सिर झुकाकर प्रणाम करता हूँ, जिनके दोनों हाथ अभय और वर प्रदान करने की मुद्रा में उठे हुए हैं॥११॥

चिन्तामणिप्रणयदक्षिणपाण्यभीति-
दानोल्लसत्कमलकोमलवामपाणीः ।
रक्तद्युतीः शशिधराः प्रकटाणिमाद्या-
स्त्रैलोक्यमोहनगताः परिपूजयामि।।१२।।

अणिमा आदि सिद्धिदेवियाँ—त्रैलोक्यमोहन चक्र में स्थित प्रकट-योगिनियों के पूजन-क्रम में मैं सर्वप्रथम भूपुर की प्रथम रेखा पर विराजिता अणिमा आदि सिद्धि-देवियों का पूजन (नमन) करता हूँ, जिनकी देह-कान्ति तथा वस्त्र एवं आभूषण आदि सब कुछ (भगवती ललिता के समरूप) लाल वर्ण का है। देवी ललिता के भक्तों के प्रेमवश ये सिद्धि-देवियाँ उन्हें चिन्तामणिरूप वर और अभय प्रदान करने के लिये कमल के समान कोमल अपने दाहिने हाथ में वर तथा बाँयें हाथ में अभय मुद्रा धारण की हुई हैं॥१२॥

रक्तोत्पलामृतकपालधराः कराभ्यां
वंशीतमालदलकोमलनीलदेहाः ।
ब्राह्म्यादिका रुधिरभूषणरक्तवस्त्रा
मातर्द्वितीयचतुरस्त्रगता भजामि।।१३।।

ब्राह्मी आदि मातृकायें—भूपुर की द्वितीय रेखा पर आठों दिशाओं में प्रतिष्ठिता ब्राह्मी आदि माताओं की मैं वन्दना करता हूँ, जिनकी देहकान्ति बाँस और तमालपत्र के समान श्यामल है तथा वस्त्र एवं आभूषण लाल रंग के हैं। इनके दाहिने हाथ में लाल रंग का लीलाकमल है और बाँयें हाथ में अमृतपूर्ण कपाल है॥१३॥

पाशाङ्कुशाङ्कितयथायथबद्धबद्ध-
मुद्राविमुद्रितकरां तरुणारुणाभाम्।
श्रीमत्तृतीयचतुरस्त्रगसर्वपूर्व-
संक्षोभपूर्वदलदैवतमर्चयामि ।।१४।।

मुद्रा-देवियाँ—भूपुर की तृतीय रेखा पर विराजिता संक्षोभिणी आदि मुद्रा-देवियों का अर्चन करता हूँ, जिनका वर्ण तरुण अरुण के समान अरुणाभ है। वे सब चतुर्भुजा हैं। दो रूपों में पाश और अंकुश तथा शेष दो हाथों में यथानाम संक्षोभणी आदि मुद्रा है॥१४॥

शोणाः सपाशश्रृणिपाणियुगाभिरामाः
कामाद्यकर्षणमुखाः सुभगाश्च नित्याः।
गुप्ताः कलानिधिकलाः खलु सर्ववाञ्छा-
सम्पूर्णषोडशदले परिपूजयामि।।१५।।

कामाकर्षिणी आदि कलायें—श्रीचक्र के षोडशदल कमलरूप सर्वाशा-परिपूरक चक्र में विराजिता षोडश कलारूपा रक्तवर्णा कामाकर्षिणी आदि गुप्त-योगिनियों की पूजा करता हूँ, जो अत्यन्त सौन्दर्य शालिनी हैं तथा जिनके हाथ पाश और अंकुश से शोभित हैं॥१५॥

श्रीदेव्यचिन्त्यमहिमा अभिदीप्यमाना
रक्ता: सुगुप्ततरनामधरा दयार्द्रा:।
शक्तीरनङ्गकुसुमादिकयाष्ट सर्व-
संक्षोभकेऽष्टकदले परिपूजयामि।।१६।।

अनंगकुसुमा आदि देवियाँ—अष्टदल वाले सर्वसंक्षोभण चक्र में विराजित अनंग-कुसुमा आदि नामों वाले गुप्ततर योगिनियों की अर्चना करता हूँ, जो अपने सौन्दर्य और आभा से चारो ओर दिव्य प्रकाश का प्रसार कर रही हैं। इनकी देह-कान्ति, वस्त्र तथा आभूषण लाल रंग के हैं और इनकी महिमा भी भगवती श्रीदेवी की महिमा के समान अचिन्तनीय है॥१६॥

शोणा: सबाणधनुष: खलु सर्वपूर्व-
संक्षोभणादिकचतुर्दशदेवतास्ता: ।
सत्सम्प्रदायविधिना परिपूजयामि
सौभाग्यदायकचतुर्दशकोणचक्रे ।।१७।।

सर्वसंक्षोभिणी आदि शक्तियाँ—चौदह कोण वाले सर्वसौभाग्यदायक चक्र में प्रतिष्ठिता सर्वसंक्षोभिणी आदि शक्तियों की मैं पूजा करता हूँ, जिनकी देहकान्ति तथा वस्त्र एवं आभूषण आदि लाल वर्ण के हैं तथा जिनके दोनों हाथों में धनुष और बाण हैं॥१७॥

शुभ्रा वराभयकरा: खलु सर्वपूर्व-
सिद्धिप्रदा दशदिशोद्धुतशक्तिशक्ती:।
सर्वार्थसाधकबहिर्दशकोणचक्रे
सम्पूजयामि कुलकौलिकयोगिनीस्ता:।।१८।।

सर्वसिद्धिप्रदादि शक्तियाँ—सर्वार्थ-साधक नामक बहिर्दशार चक्र में प्रतिष्ठिता सर्वसिद्धिप्रदा आदि 'कुलकौलिक' योगिनियों का अर्चन करता हूँ। शुभ्र वस्त्र और आभरण वाली इन शुभ्रवर्णा योगिनियों की अद्भुत शक्तियों का विस्तार दसो दिशाओं में हो रहा है। इनके दाहिने और बाँयें हाथ में क्रमश: वर और अभय मुद्रा है॥१८॥

कर्पूरपूररुचिराङ्गधराक्षमाला:
श्रीतत्त्वपूजकभृतोऽतिनिगर्भदेवी ।

सर्वार्थरक्षणकरे दशकोणचक्रे
सर्वज्ञिका प्रमथिका दश पूजयामि।।१९।।

सर्वज्ञा आदि शक्तियाँ—श्रीयन्त्र के सर्वरक्षाकर-नामक अन्तर्दशार चक्र में मैं कपूर के समान श्वेत वर्ण वाली सर्वज्ञा आदि निगर्भयोगिनियों का पूजन करता हूँ, जो भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के भक्तों का नित्य भरण-पोषण करती हैं॥१९॥

चापेषुपुस्तकलसत्स्फटिकाक्षमालां
बालप्रवालरुचिरां वशिनीप्रधानाम्।
सर्वादिरोगहरचक्रवरे त्रिकोणे
वाग्देवताष्टकमहं सरहस्यमीडे।।२०।।

वशिनी आदि वाग्देवता—सर्वरोगहर-नामक अष्टकोणात्मक चक्र में 'रहस्य योगिनी'-संज्ञक वशिनी आदि अष्ट वाग्देवताओं का पूजन करता हूँ। इन वाग्देवताओं की देहकान्ति प्रवाल-किसलय के समान सुन्दर रक्तवर्ण की है। धनुष, बाण, पुस्तक तथा अक्षमाला से इनके चारो हाथ सुशोभित हैं॥२०॥

रक्ता वराभयकराः शिरसा दधानाः
पाशाङ्कुशेषुधनुरायुधभूषणानि ।
श्रीमत्त्रिकोणबहिरात्मकदेवतास्ता
रक्षन्तु सन्ततमनन्तगुणाश्चतस्रः।।२१।।

आयुध-देवता—भगवती के मूल-त्रिकोण के बहिर्भाग में उनके आभूषण-स्वरूप आयुधों अर्थात् पाश-अंकुश-धनुष तथा बाण की पूजा करता हूँ। अनन्त गुणों से सम्पन्न ये चारो आयुधदेवता सदैव मेरी रक्षा करें॥२१॥

श्रीमत्त्रिकोणबहिरात्मकदेवतास्ता
देवीः षडङ्गयुवतीः परिपूजयामि।
कुन्देन्दुकज्जलकडारपिशङ्गहव्य-
वाहश्रियोऽभयवरोद्यतपाणिपद्माः ।।२२।।

षडङ्ग-युवती—सम्पूर्ण ऐश्वर्ययुक्त श्रीशक्तित्रिकोण के बाहर चारो ओर स्थिता देवतास्वरूपा उन षडङ्ग देवियों (हृदयदेवी, शिरःदेवी, शिखादेवी, कवचदेवी, नेत्र-देवी और अस्त्रदेवी) का मैं अर्चन करता हूँ, जिनकी देहकान्ति क्रमशः कुन्द, चन्द्रमा, काजल, भूरी, पीली तथा अग्नि के समान है। सदैव युवा रहने वाली इन देवियों के हाथ में वर तथा अभय मुद्रा है॥२२॥

श्रीमत्त्रिकोणपरमाद्भुतसर्वपूर्व-
सिद्धिप्रदेति परमामृतहव्यदेव्यः।

कामेश्वरी मम ददातु समस्तकामान्
वज्रेश्वरी भगवती भगमालिनी च।।२३।।

कामेश्वरी आदि त्रिशक्तियाँ—परम अद्भुत एवं सिद्धिप्रद चक्रसंज्ञक श्रीशक्तित्रिकोण में प्रतिष्ठिता एवं परमामृतरूप हव्य ग्रहण करने वाली परापर रहस्य योगिनी-संज्ञक श्री कामेश्वरी, श्री भगमालिनी तथा श्री वज्रेश्वरी मेरी वांछित कामनाओं को पूरा करें॥२३॥

श्रीमत्त्रिकोणपुरविस्फुरितां त्रिनेत्रां
बालातपारुणतनुं तरुणेन्दुमौलिम्।
पीयूषभाजनधराङ्कुशपाशहस्तां
कामेश्वरीं भगवतीं परिपूजयामि।।२४।।

कामेश्वरी-वन्दना—श्रीशक्तित्रिकोण के अग्रकोण में प्रतिष्ठिता विस्फुरित त्रिनयना भगवती कामेश्वरी की विधिवत् पूजा करता हूँ। भगवती की देह-कान्ति नवोदित सूर्य के समान अरुणाभ है तथा उनके माथे पर द्वितीया का चन्द्रमा शोभित है। इनके चारो हाथों में अमृतपात्र, वरमुद्रा, पाश और अंकुश शोभित हैं॥२४॥

पाशाङ्कुशामृतकपालकमातुलुङ्ग-
चापेषुसङ्गतकरामरुणां त्रिनेत्राम्।
श्रीमत्त्रिकोणपरदैवतदक्षिणस्थां
वज्रेश्वरीं भगवतीं परिपूजयामि।।२५।।

वज्रेश्वरी-वन्दना—श्रीशक्तित्रिकोण में परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के दक्षिण कोण में विराजिता अरुणवर्णा त्रिनेत्रा भगवती वज्रेश्वरी की पूजा करता हूँ, जिनकी छः भुजायें क्रमशः पाश-अंकुश, अमृतकपाल, मातुलुङ्ग (बिजौरा नींबू), धनुष और बाण से शोभित हैं॥२५॥

चन्द्राननां त्रिनयनां तरुणेन्दुमस्तां
पाशाङ्कुशाक्षगुणपुस्तकशस्तहस्ताम् ।
श्रीमत्त्रिकोणपरदैवतवामभागे
शुभ्रां भजे भगवतीं भगमालिनीञ्च।।२६।।

भगमालिनी-नमन—श्रीशक्तित्रिकोण में परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के वामभाग में विराजिता शुभ्रवर्णा, त्रिनयना, चन्द्रमुखी देवी भगमालिनी की वन्दना करता हूँ, जिनके चारो हाथ क्रमशः पाश, अंकुश, अक्षगुण और पुस्तक से शोभित हैं॥२६॥

चक्रातिगुह्यपरमाद्भुतसर्वपूर्वा-
नन्दात्मकेऽतिपरमे नवमेषु पूर्वे।
भक्त्या परापरतरातिरहस्यदेवीं
सेवे परापरमयीं परमेश्वरीं ताम्।।२७।।

परदेवता-सेवा—श्रीयन्त्र के अत्यन्त गुह्य एवं परम अद्भुत सर्वानन्दमय नामक नवम चक्र में परापरतरातिरहस्ययोगिनी-संज्ञक परापरमयी परमेश्वरी (भगवती महात्रिपुरसुन्दरी) की भली-भाँति यथाविधि सेवा करता हूँ।।२७।।

भगवती के रूप का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

प्रत्यग्रजाग्रदरुणाम्बुजवक्त्रबिम्ब-
चुम्बालिकालकुटिलालकपल्लवां ताम्।
आनन्दसान्द्रकरुणामयसुप्रसन्ना(न्न-)
लीलानि(ति)लोलनलिनोत्पललोचनालिम्।।२८।।

मुख-शोभा—भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का मुखमण्डल नवविकसित रक्तकमल के समान अरुणाभ और प्रफुल्लित है, जिससे उनके हृदय की प्रसन्नता एवं दयार्द्रता समवेत रूप से झलक रही हैं। वे प्रदीर्घ नयना हैं। नेत्रों का वर्ण श्याम है। उनकी चितवन ऐसी है, जैसे जल की लोल-तरंगों में दो नील-कमलिनियाँ डोल रही हैं। भौंरों के समान काली तथा सर्प की तरह कुटिल (वंकिम) अलकें मुख पर लटकती हुई ऐसी प्रतीत होती हैं, मानों उनके कपोलों का चुम्बन ले रही हैं।।२८।।

सिन्दूरसुन्दरशरीरविराजमान-
राजीवदाडिमजवानवबन्धुजीवाम् ।
श्रीमन्महामुकुटकोटिमहार्घ्यरत्न-
सब्रह्मचारिपरमामृतचन्द्ररेखाम् ।।२९।।

श्रीदेवी का शरीर सिन्दूरवर्णी, मुख रक्तकमलवत्, दन्तपंक्तियाँ अनार के दानों की तरह, अधर और ओष्ठ जवाकुसुम एवं बन्धुजीवी पुष्पों के समान अरुण एवं सुकोमल हैं। कोटि-कोटि बहुमूल्य रत्नों से खचित तथा स्वर्ण-निर्मित महामुकुट उनके भाल-प्रदेश पर शोभित है। परमामृत से परिपूर्ण बालचन्द्र की कलगी उसकी शोभा को कई गुना बढ़ा रही है।।२९।।

सुभ्रूतया विजितरूपपिनाकपाणे-
र्बाणासनर्द्धिविनिवेशितबाणलीलाम् ।
तद्विश्वकर्मपरिसूत्रितनासिकाग्रां
पद्मासनां त्रिनयनां तरुणेन्दुमस्ताम्।।३०।।

भौंह और नासिका—श्रीदेवी की भौंहों की वक्रता के आगे भगवान् शिव के पिनाक-चाप की प्रत्यञ्चा (बाणासन) का घुमाव भी हेय है। इनके नासाग्र की सुडौलता विश्वकर्मा के रचना-कौशल की पराकाष्ठा है। कमल के आसन पर विराजिता भगवती श्रीदेवी त्रिनयना और अर्धचन्द्रधारिणी हैं॥३०॥

ईषद्विकाशितमनोहरहासदन्त-
वासःश्रिया जितनवोदितचन्द्ररेखाम्।
सौन्दर्यदैवतमहामृगनाभिचित्र-
पत्रांशुमिन्दुकमनीयललाटपट्टाम् ।।३१।।

स्मित रेखा—सौन्दर्य की साक्षात् प्रतिमूर्ति भगवती ललिता के अधरों की स्मित रेखा नवोदित चन्द्ररेखा से भी अधिक मनोहर और चित्ताकर्षक है। चन्द्रमा से भी अधिक धवल भाल पर कस्तूरी से बना हुआ तिलक है॥३१॥

लावण्यभाण्डशुभगण्डयुगाभिरामा-
नौपम्यकान्तिचिकुराभिविराजमानाम्।
श्रीकुण्डलद्वयविमण्डितगण्डशोभा-
पाण्डित्यखण्डितसुधानिधिमण्डलाभाम्।।३२।।

गण्डस्थल—श्रीदेवी के दोनों कपोल सौन्दर्य-लावण्य के भण्डार हैं, जिन पर अलकें झूल रही हैं। कानों में रत्नखचित कुण्डल है, जिनके हिलने से उनका कपोल-मण्डल चन्द्रमण्डल के समान दमक-दमक उठता है॥३२॥

कर्पूरपूरपरिपूरितचारुनाग-
वल्लीरसार्द्रखपुराढ्यनिभाधरौष्ठीम् ।
ग्रैवेयचुम्बितमणिद्युतिदीप्यमान-
सच्छायया द्विगुणशोभितकम्बुकण्ठीम्।।३३।।

अधर और कण्ठ—एला, लवंग, खदिर, सुधाचूर्ण तथा पूगीफल से निर्मित तथा कर्पूर-सुवासित ताम्बूलवीटिका के रस से रञ्जित होकर भगवती श्रीदेवी के रक्तिम होठों की लालिमा और भी बढ़ गई है। गले में रत्नजटित ग्रैवेय है, जिनमें जड़ी हुई मणियों की चमक से इनकी शंख के समान घुमावदार गरदन की सुषुमा दीप्तमती है॥३३॥

लाक्षारसस्नपितबालमृणालनाल-
लीलालयामलरसाञ्चितबाहुवल्लीम् ।
रक्तोत्पलोज्ज्वलदलामलकोमलाभि-
र्बालप्रवाललितताङ्गुलिपाणिलीलाम्।।३४।।

बाहुबल्ली और करतल—लाल रंग के लीलाकमल से शोभित भगवती श्रीदेवी की बाहु-लतायें और करतल लाक्षारस से सिक्त कमलनाल के समान लाल तथा मसृण हैं। इनके हाथों की अंगुलियाँ रक्तकमल की पंखुड़ियों के समान कोमल तथा नये किसलय की तरह कमनीय हैं॥३४॥

तद्विश्वकर्मपरियत्नविनिर्मितश्री-
रत्नाङ्गुरीयकनखद्युतिदीप्यमानाम्।
केनापि कारणवशेन गृहीतबद्ध-
पाशाङ्कुशेषुधनुरायुधभूषणानाम्(णां ताम्)॥३५॥

अंगुलियाँ—श्रीदेवी की अंगुलियाँ देव-शिल्पी विश्वकर्मा द्वारा बहुत सावधानी से बनाई गई रत्नखचित अंगूठियों से सुशोभित हैं और इनमें जटित रत्नों की ज्योति से उनके नख दमक रहे हैं। सम्पूर्ण विश्व को अभिभूत करके अपने वश में कर लेने के लिये इनका अलौकिक दिव्य सौन्दर्य ही पर्याप्त है, फिर भला न जाने किन कारणों से उन्होंने पाश-अंकुश-धनुष और बाणरूपी आयुध-आभूषणों को धारण कर रखा है॥३२॥

विमर्श—'कम्' को 'ब्रह्म' तथा 'केन' को 'कम्' का तृतीयान्त रूप माना जाय तो तृतीय चरण (केनापि कारणेन) से यह अर्थ भी निकल सकता है कि श्रीदेवी ने अपनी ब्रह्मशक्तिरूपता को अभिव्यक्त करने के लिये इन पाश आदि आयुधों को धारण कर रखा है।

त्रैलोक्यदुर्लभमहामणिनायकश्री-
संसक्तमौक्तिकफलोज्ज्वलहारलक्ष्मीम्।
लावण्यवारिपरिपूर्णसुवर्णकुम्भ-
शोभाभिभाविकुचमण्डलपूर्णकुम्भाम्॥३६॥

स्तन-मण्डल—भगवती श्रीदेवी का स्तन-मण्डल सौन्दर्यसलिल से भरे हुए स्वर्णकलशों के समान है, जिस पर तीनों लोकों के दुर्लभ मणियों में से चुनी हुई महामणियों और मुक्ताओं का हार झूल रहा है॥३६॥

लोकत्रयेऽप्यतिसुदुर्लभसाम्यसौम्य-
शोभाविभाकरबलित्रयशोभिमध्याम्।
लावण्यनाभिगहनाभिगृहप्रविष्ट-
श्रीमन्महाद्युतिमयीं नवलोमराजीम्॥३७॥

त्रिवली एवं रोमावली—भगवती श्रीदेवी की देहयष्टि के मध्य नाभि-प्रदेश में चन्द्र-वलय के समान जो त्रिवली है, वह संसार में अनुपमेय है। निखिल ब्रह्माण्ड

में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिससे इस त्रिवली की शोभा की उपमा दी जा सके। नाभि गहरी है, जिसमें नवाङ्कुर की भाँति रोमावली है।।३७।।

चञ्चन्मरीचिनिचयाञ्चितकाञ्चनाञ्चत्-
काञ्चीविकाशिरुचिरक्तविचित्रवस्त्राम्।
श्रीकामकाननसमुद्भवरामरम्भा-
स्तम्भाभिभाविसुकुमारतरोरुयुग्माम्।।३८।।

काञ्ची और जघन-मण्डल—उनके कटि-प्रदेश में रत्नजटित स्वर्णमेखला है। उस मेखला में सोने की छोटी-छोटी घण्टियाँ हैं, जिनमें चमकीले रत्न पिरोये गये हैं। जब ये घण्टियाँ लहराती हैं, उनकी कौंध से भगवती के लाल रेशमी वस्त्र चमक उठते हैं। उनकी जंघायें भगवती लक्ष्मी के प्रमोदवन के कदली-स्तम्भों की तरह पुष्ट और सुचिक्कण हैं।।३८।।

वृत्तानुपूर्वविधिदुर्घटसन्निवेश-
जङ्घायुगाभिरमणां मणिगूढगुल्फाम्।
वाचस्पतेरपि वचोरचनाभिशोभि-
सौन्दर्यगोचरमनोहरपादपद्माम् ।।३९।।

गुल्फ एवं चरण—उनके जंघाओं की यथाक्रम सुघड़ गोलाई और संरचना ब्रह्माजी के लिये भी असम्भव-सी है। उनके गुल्फयुग्म इतने मांसल हैं कि उनकी पृथुलता के कारण गुल्फमणि (घुटने की कटोरी) दिखाई नहीं देती। उनके नयनाभिराम चरणकमलों के नित्य दर्शन के फल-स्वरूप बृहस्पति की वाणी भी तदनुसार शब्द-सौष्ठवसम्पन्न और चित्ताभिराम है।।३९।।

श्रीब्रह्मविष्णुशिवमौलिलसद्विमान(ा-)
मालोक्यमानकरुणारुणपादपद्माम् ।
श्रीसाधकाय करुणामयसुप्रसन्न-
दृष्टातिदिष्टवरदानमधःप्रसन्नाम् ।।४०।।

कृपा-दृष्टि—मान अर्थात् अहंकार से सर्वथा रहित ब्रह्मा-विष्णु और महेश को अपने चरण-कमलों पर नमन-मुद्रा में अवनत देखकर भगवती श्रीदेवी का चित्त प्रेम और करुणा से विह्वल हो जाता है। उनकी करुणामयी अधोदृष्टि से ही उनके अर्चकों को मनचाहे वरदान मिल जाते हैं।।४०।।

त्रैलोक्यमोहनमयीं परमेश्वरीं तां
त्रैलोक्यकारणमयीं परमेश्वरीं ताम्।

त्रैलोक्यविस्मयमयीं परमेश्वरीं तां
चक्रेश्वरीं शुभकरीं परिपूजयामि।।४१।।

भगवती श्रीदेवी ने अपनी माया और सौन्दर्य से तीनों लोकों को मोहित कर रखा है। पाताल, पृथ्वी और स्वर्ग—इन तीनों लोकों को उन्होंने ही उत्पन्न किया है। उनकी अकल्पनीय महिमा और सौन्दर्य पर तीनों लोक चकित हैं। चतुःसृष्टिमय चक्र का प्रवर्तन इन्हीं से हुआ है और वे ही इस चक्र की अधिशासिका हैं। समस्त प्राणिलोक का हित करने वाली भगवती श्रीविद्या परमेश्वरी की मैं पूजा करता हूँ।।४१।।

देवी श्रीविद्या के सौन्दर्य और रूप का सांगोपांग नमनयुक्त निरूपण करने के पश्चात् अगले श्लोकों में पूजन-विधानक्रम के अनुसार श्रीयन्त्र के प्रत्येक चक्र की अधीश्वरी और इन चक्रों में प्रतिष्ठित देवताओं की वन्दना की गई है।

त्रैलोक्यमोहनमुखाब्जकचक्रमेतत्
स्थानेऽणिमादिप्रकटादिकसिद्धिदेवीम्।
श्रीमद्गुरुक्रमसमस्तसमन्त्रमुद्राः
पुष्पैः प्रपूज्य परमेश्वरि तेऽर्चयामि।।४२।।

त्रैलोक्यमोहन चक्र—सर्वप्रथम मैं त्रैलोक्य मोहन चक्र (भूपुर) में अणिमा आदि प्रकट-सिद्धि आदि देवियों तथा यथाक्रम सभी गुरु-मण्डलों का उनके मन्त्रों और मुद्राओं से यथाविधि गन्ध-पुष्पादि से पूजन करने के बाद हे देवी माँ, मैं आपकी अर्चना करता हूँ।।४२।।

पद्मादिभूतमणिपञ्चदशीर्न याव-
न्नित्या तिथिक्रममयीं खलु केऽपि धन्याः।
कामेश्वरीप्रभृतिपञ्चदशादिनित्या-
मन्त्रैः परं परमयीं परिपूजयामि।।४३।।

तिथि-नित्यायें—शुक्ल और कृष्णपक्ष की मणिभूता यदि प्रतिपदा आदि पन्द्रह तिथियाँ नहीं होती तो हे माँ, यथाकाल आपकी पूजा करके हम किस प्रकार धन्य हो पाते? इसलिये हे माते! मैं प्रतिदिन कामेश्वरी आदि तिथि नित्याओं का उनके मन्त्रों से पूजन करता हूँ।।४३।।

त्वं गीयसे प्रथमतस्त्रिपुरेति मातः
पश्चाद्द्वितीय नवमत्रिपुरेश्वरीति।
तार्त्तीयके त्रिपुरसुन्दरिकेति तुर्ये
मातः परा त्रिपुरवासिनिका त्वमेव।।४४।।

हे माते! श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में से प्रत्येक चक्र में अलग-अलग नामों से आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। त्रैलोक्यमोहन नामक प्रथम चक्र में आपका ही नाम त्रिपुरा है। नौ चक्रों में से द्वितीय चक्र में त्रिपुरेश्वरी और तृतीय चक्र में त्रिपुरसुन्दरी तथा चतुर्थ चक्र में त्रिपुरवासिनी के नाम से आप ही प्रतिष्ठिता हैं॥४४॥

त्वं पञ्चमे भगवती त्रिपुरा पराश्री:
षष्ठे परा त्रिपुरमालिनिका त्वमेव।
त्वं सप्तमे भगवती त्रिपुरादिसिद्धा
त्वञ्चाष्टमे भगवती त्रिपुरात्मकेति।।४५।।

पञ्चम चक्र में त्रिपुराश्री, षष्ठ चक्र में त्रिपुरमालिनी, सप्तम चक्र में त्रिपुरासिद्धा तथा अष्टम चक्र में त्रिपुरात्मिका (त्रिपुराम्बिका) के नाम से आप ही सुपूजिता हैं॥४५॥

पूर्णे परापरमये परमेऽतिगुह्ये
श्रीमन्महात्रिपुरसुन्दरिका त्वमेव।
श्रीमन्महात्मकमहाद्भुतचक्रराजे
त्वं गीयसे सुकृतिभि: खलु कैश्च देवी।।४६।।

सर्वान्त:स्थ परम गोपनीय एवं रहस्यमय, भेदात्मक दृष्टि से पर एवं अपररूप तथा अभेदात्मक दृष्टि से पूर्ण ब्रह्मस्वरूप और मूलाङ्कों की पूर्णता के सूचक नवम चक्र में आप स्वयं महात्रिपुरसुन्दरी के रूप में विराजिता हैं। समस्त दैवत चक्रों में चक्रराज के विरुद से सम्मानित इस श्रीयन्त्र में निवास करने वाली (अथवा श्रीयन्त्र-विग्रह-रूपिणी) हे देवि! आपकी ऐश्वर्यपूर्ण महिमा का गान तथा आपके पवित्र एवं दिव्य उपर्युक्त नामों का उच्चारण करते हुए श्रीयन्त्र में आपकी पूजा करने का सौभाग्य पुण्यशील जनों को ही मिलता है॥४६॥

आदौ दशाष्ट दश षोडश चाष्ट चासि
पश्चाच्चतुर्दश दशासि ततो दशाष्टौ।
पश्चाच्चतुष्टयमसि त्रितयञ्च षट्कं
सप्तोत्तरा शतमयी त्वमसि त्वमेका।।४७।।

हे माते त्रिपुरे! श्रीयन्त्र के प्रथम भूपुररूप चक्र की प्रथम रेखा पर अणिमा आदि दस सिद्धियों के रूप में, द्वितीय रेखा पर ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं के रूप में तथा तृतीय रेखा पर संक्षोभिणी आदि दस मुद्रादेवियों के रूप में आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। श्रीयन्त्र के षोडश दलात्मक द्वितीय चक्र में कामाकर्षिणी आदि १६ देवियों के रूप में, अष्टदलात्मक तृतीय चक्र में अनंग-कुसुम

आदि ८ देवियों के रूप में, चौदह कोणों वाले चतुर्थ चतुर्दशार चक्र में सर्वसंक्षोभिणी आदि चौदह देवियों के रूप में आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। दस कोणों वाले पञ्चम बहिर्दशार चक्र में सर्वसिद्धिप्रदा आदि दस कुलयोगिनियों के रूप में, दस कोण वाले षष्ठ अन्तर्दशार चक्र में सर्वज्ञा आदि दस निगर्भा देवियों के रूप में तथा आठ कोण वाले सप्तम चक्र अष्टार में वशिनी आदि वाग्देवताओं के रूप में आप ही विराजिता तथा अर्चिता हैं। मूलत्रिकोण के बाहर अष्टार चक्र में पाश-अंकुश आदि चार आयुधदेवताओं तथा हृदय आदि षडङ्ग देवियों के रूप में आप ही स्थिता हैं। मूलत्रिकोण के तीनों कोणों में कामेश्वरी, वज्रेश्वरी तथा भगमालिनी के नाम से आप ही पूजा ग्रहण करती हैं। हे माते! श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में उपर्युक्त १०७ नाम-रूपों से प्रतिष्ठिता और पूजिता होने पर भी आपका वास्तविक रूप एकात्मक है॥४७॥

कामेश्वरीति भगमालिनिकेति नित्य-
क्लिन्नेति तैरुपरताऽपि हिरण्डकेति।
त्वं वह्निवासनिरतेति महादिभूत-
विद्येश्वरीति च तथा शिवदूतिकेति।।४८।।
मातः परा त्वरितिका कुलसुन्दरीति
नित्यातिनित्यपरनीलपताकिनीति ।
त्वं सर्वलोकविजयाखिल मालिकेति
ज्वालामयीति निगदन्ति विचित्रकेति।।४९।।

हे माते! मूलत्रिकोण की तीन रेखाओं पर पाँच-पाँच के यथाक्रम से कामेश्वरी आदि तिथिनित्याओं के रूप में आप ही विराजिता हैं। हे जगजननि! तुम ही तिथिनित्यारूपा कामेश्वरी हो, भगमालिनी हो, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा (हिरण्डा), वह्निवासिनी, महाविद्येश्वरी (वज्रेश्वरी), शिवदूती, त्वरिता, कुलसुन्दरी, नित्यनित्या तथा नीलपताकिनी हो। हे देवि! सर्वलोकविजया, सर्वमंगला, ज्वालामालिनी तथा विचित्रा भी तुम ही हो॥४८-४९॥

मातस्तवाक्षरमनक्षररूपिकायं
संसाध्य शुद्धमतयो गणयन्ति नैव।
श्रीब्रह्मविष्णुशिवतार्क्ष्यरवीन्द्रचन्द्र-
यक्षेन्द्रदर्पकगणेश्वरवह्निमुख्यान् ।।५०।।

हे माते! आपका मन्त्र-रूप वर्णात्मक प्रतीत होता हुआ भी वर्णातीत है। आपके इस वर्णातीत रूप का सम्यक् रूप से ध्यान कर पाना सर्वसत्त्वमय

सर्वथा शुद्धचित्त वाले ऋषियों के लिये ही सम्भव है। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, तार्क्ष्य (गरुड़), सूर्य, इन्द्र, चन्द्र, यक्षेन्द्र (कुबेर), दर्पक (कामदेव), ईश्वर तथा अग्नि की गणना ऐसे ही शुद्ध चित्त वाले ऋषियों में की जाती है, जिन्होंने आपके मन्त्र-स्वरूप का दर्शन किया है॥५०॥

सम्पूज्य केऽपि सकलैर्वरणोपचारै-
र्ग्रन्थिं विभिद्य परमेष्ठिनमुद्वहन्तीम्।
मारात्मिकां मदनधामनि दीपरूपां
जिह्वाग्रतः सुकृतिनः परिपालयन्ति।।५१।।

सभी उपचारों से श्रीचक्र का समग्र आवरण अर्चन करने के उपरान्त कामकला-रूपा कुलकुण्डलिनी को अपनी जिह्वा के अग्रभाग में प्रदीपकलिकाकार जीवात्मा को लेकर मूलाधार चक्र से षट्चक्रों तथा तीन ग्रन्थियों का भेदन करते हुए मदनधामरूप सहस्त्रार में लाकर उन्हें परम-शिव-संयोग का परम-रस-पान कराने की गुरु-उपदिष्ट विधि का परिपालन कोई-कोई बिरले ही पुण्यात्मा कर पाते हैं॥५१॥

आधारवारिरुहमध्यलसत्त्रिकोण-
वामाशिखाग्रजपरां परमाङ्कुराभाम्।
ज्ञानक्रियेष्टमयि शक्तिविनाशनाश-
श्रीब्रह्मविष्णुगुणशक्तिवरा त्वमेका।।५२।।

हे माते! तुम एक ही हो; मगर प्रलयावस्था के अवसान काल में ब्रह्माण्ड की सृष्टि के लिये तुमने स्वयं को त्रय-समुच्चय के रूप में प्रकट किया। व्यष्टि और समष्टि सृष्टि के मूलाधार चक्रमध्य में स्थित त्रैपुर त्रिकोण की वाम रेखा, शिखर रेखा और दक्षिण रेखा पर परम-अंकुर के रूप में इच्छा-ज्ञान एवं क्रिया तथा वामा-ज्येष्ठा एवं रौद्री आदि शक्तियाँ, सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण आदि तीन गुण, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्ररूप जो देवता प्रतिष्ठत हैं, वे सब तुम्हारे ही रूप हैं। इन सबके रूप में तुम ही अभिव्यक्त हो॥५२॥

सृष्टिस्थितिप्रलयकारणकर्त्तृभूतं
वेदान्तवेद्यमजमव्ययमप्रमेयम् ।
अन्योन्यभेदकलहाकुलमानसास्ते
जानन्ति किं जडधियस्तव रूपमम्ब।।५३।।

हे माते! तुम ही ब्रह्माण्ड की सृष्टि, स्थिति और प्रलय की कारणभूता शक्ति हो। हे देवि! आपका वास्तविक स्वरूप सर्वथा अविनाशी (अपरिणामी) तथा अप्रमेय अर्थात् समस्त प्रमाणों से रहित, अविज्ञेय एवं प्रमाणशून्य है; क्योंकि आप स्वयं

प्रमारूपा हैं। जिस प्रमा की उपस्थिति से ही प्रमाण एवं प्रमेय की सिद्धि होती है, उस प्रमा को भला किस प्रमाण से सिद्ध किया जा सकता है। आपके इस अपरिणामी एवं अप्रमेय तथा 'एकमेव द्वितीयो नास्ति' रूप की किञ्चित् प्रतीति वेदान्तग्रन्थों के अध्ययनजन्य ज्ञान तथा एकनिष्ठ भक्ति से ही सम्भव है। हे माते! जो बुद्धिहीन अज्ञानी मनुष्य भेदात्मक ज्ञान से विकल और विमूढ़चित्त हैं, वे भला आपके अभेदात्मक एवं अद्वितीय रूप को किस तरह जान और समझ सकते हैं॥५३॥

स्तोत्रं त्वमेव परमेश्वरि गीयसे चेत्
स्तोता त्वमेव परमेश्वरि गीयसे चेत्।
स्तुत्यं त्वमेव परमेश्वरि गीयते चेत्
किं स्तूयसे खलु तदा परमेश्वरि त्वम्।।५४।।

सामान्य नियम यह है कि स्तुति, स्तोता और स्तुत्य में अन्तर होता है। पूजा, पूज्य और पुजापा की तरह ये तीनों सर्वथा एक-दूसरे से भिन्न ही रहते हैं; मगर हे परमेश्वरि! आपके स्तवन पर यह सामान्य नियम लागू नहीं होता। आप ही स्तोत्र हैं, आप ही स्तोता (स्तुतिकर्ता) हैं और आप ही स्तुत्य है। कारण यह कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में आपके अतिरिक्त और कोई सत्ता ही नहीं है॥५४॥

यः कालकल्पतरुमेतदनन्यबुद्धिः
श्रीमत्क्रमस्तव नृपं पठतीह नित्यम्।
मुक्तिः करे वसति सिद्धिभिरष्टभिर्वा
किं तस्य मातरणिमादिभिरल्पिकाभिः।।५५।।

यः कालेति। स्तवस्यास्य क्रमस्तव इति नामोक्तं स्तवकारेण, तत्र च श्रीचक्रवर्णनमारभ्य पूजाक्रमेण सर्वासामावरणदेवतानामुल्लेखो वर्णनञ्चात्रेति कारणं सम्भाव्यते, अत एव भङ्ग्या तमेवार्थमुल्लिखति त्वां पूजयेदित्यादिना ग्रन्थकारः।

हे माते! आपका जो भी भक्त कालकल्पतरुरूप इस 'श्रीक्रमस्तवराज' का अनन्य बुद्धि से नित्यप्रति पाठ करता है, उसके लिये तो मुक्ति हाथ में रखे फल के समान सुलभ रहती है। मुक्ति-सिद्ध ऐसे साधकों के लिये अणिमा आदि क्षुद्र सिद्धियाँ किसी काम की नहीं होतीं॥५५॥

विमर्श—इस स्तव के प्रणेता स्वयं भगवान् शंकराचार्य ने इस स्तव का नाम 'श्रीक्रमस्तवराज' रखा है, जिसमें श्रीचक्र-वर्णन से प्रारम्भ कर श्रीदेवी की सुषुमा

का नमनयुक्त निरूपण-सहित सभी आवरणदेवताओं का नामोल्लेख एवं वर्णन किया गया है।

त्वां पूजयेत् क्रमकुलां सकलार्थसिद्धि-
स्तोत्रं पठिष्यति जनस्त्वयि जातभक्तिः।
तस्मान्मयाऽपि तव भक्तिरसेन देवि
भक्तार्थसिद्धिकररत्नमिदं व्यधायि।।५६।।

हे माते! इस श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में कुलयोगिनियों के रूप में आपका नित्य वास है। अत: जो भी व्यक्ति प्रतिदिन श्रीचक्र में आपका यथाविधि अर्चन करता है, उसकी समस्त कामनायें पूरी होती हैं। जो व्यक्ति आपके स्तोत्रों का पाठ करता है, उसके हृदय में आपकी नैसर्गिकी भक्ति उत्पन्न हो जाती है। हे माते! आपके भक्ति-सागर में डूबकर मैंने जो यह स्तव कहा है, उसके पाठ से आपके भक्तों की कामनायें पूरी हों, यह वरदान दीजिये॥५६॥

●

त्रिपुरार्णवोक्तं त्रिपुरसुन्दरीकवचम्

अथ वक्ष्यामि कवचं त्रिपुरार्णवलक्षितम्।
समस्तापद्विमुक्त्यर्थं समस्तसम्पदाप्तये।।१।।

त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त श्रीत्रिपुरसुन्दरी-कवच—त्रिपुरार्णव-तन्त्रोक्त त्रिपुरास्तव तथा भगवान् शंकराचार्य-कृत 'श्रीक्रमस्तवराज' के बाद अब त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त महात्रिपुरसुन्दरी-कवच बताया जा रहा है। त्रिपुरार्णवतन्त्र में भगवान् शिव ने कहा है कि आधिदैविक, आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक तापों से मुक्ति तथा सभी प्रकार की सुख-सम्पदा पाने के लिये श्रीविद्या के साधकों को नित्यप्रति इस कवच का कम-से-कम एक बार पाठ करना चाहिए॥१॥

भूतप्रेतपिशाचादिपीडाशान्त्यै सुखाप्तये।
समस्तरोगनाशाय समरे विजयाय च।।२।।
चौरसिंहद्वीपिगजगरलादभयानके।
अरण्ये शैलगहने मार्गे दुर्भिक्षके तथा।।३।।

इस कवच का पाठ करने से भूत-प्रेत और पिशाच आदि दुष्ट योनियों के प्रकोप से होने वाली पीड़ा शान्त होकर सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है; रोगों का शमन होता है; युद्ध और विवाद में विजय मिलती है; सिंह, हाथी तथा विषधरों से भरे जंगलों में, पहाड़ों में, ठगों और बटमारों से भरे मार्ग में इस कवच-पाठ के प्रभाव से मनुष्य की सर्वविध रक्षा होती है। दुर्भिक्ष के सभय अनाज की सम्यक् प्राप्ति न होने पर भी प्राणसंकट नहीं होता॥२-३॥

सलिलाग्निमरुत्पीडा ऋक्षौ(?) पीडादिसङ्कटे।
प्रजप्य नित्यकवचं सकृत् सर्वं त्यजत्यसौ।।४।।
सुखी जीवति निर्द्वन्द्वो निःसपत्नो जितेन्द्रियः।
शृणु तत् कवचं देवि वक्ष्ये भवभवान्तकम्।।५।।
येनाहमपि युद्धेषु देवासुरजयी तथा।

इन्द्रियों को वश में करके नित्यप्रति इस कवच का पाठ करने वाला साधक जल-प्लावन, अग्निकाण्ड तथा तूफान आदि प्राकृतिक संकटों से बचा रहता है, सभी प्रकार के दुःखों से निश्चिन्त होकर सुखपूर्वक जीता है। उसके कोई शत्रु नहीं होते। हे देवि! मैं तुम्हें भगवती त्रिपुरसुन्दरी का वही कवच सुना रहा हूँ, जिसके पाठ से सभी प्रकार के सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है और जिस कवच के प्रभाव से मैंने स्वयं अनेक युद्धों में देवताओं और राक्षसों को पराजित किया है।।४-५।।

इस पूर्व-पीठिका के बाद मूल-कवच प्रारम्भ होता है—

सर्वतः सर्वदात्मानं ललिता पातु सर्वदा।।६।।
कामेशी पुरतः पातु भगमाला तदन्तरम्।
दिशं पातु तथा दक्षं पार्श्वं पातु स सर्वदा।।७।।
नित्यक्लिन्ना चोत्तरतो दिशं पातु सदा मम।
अथैव पश्चिमे भागे रक्षेत् सा वह्निवासिनी।।८।।

भगवती ललिता सर्वदा सब ओर से मेरी रक्षा करें। कामेशी सदैव सामने की ओर तथा भगमालिनी दक्षिण दिशा में दाहिने भाग की, नित्यक्लिन्ना उत्तर दिशा में बाँयें भाग की एवं वह्निवासिनी पश्चिम दिशा में रक्षा करें।।६-८।।

महाचक्रेश्वरी रक्षेदनन्तं विदिशं सदा।
वामपार्श्वं सदा पायादुड्डी मे त्वरिता ततः।।९।।
पालयन्तु दिशश्चान्या रक्षेन्मां कुलसुन्दरी।
नित्या मामूर्ध्वतः पातु माधवः पातु सर्वदा।।१०।।
नीला नीलपताकाख्या विजया सर्वतश्च माम्।
करोतु मे मङ्गलानि सर्वदा सर्वमङ्गला।।११।।

देवी महाचक्रेश्वरी मेरे पीछे पश्चिम और नैर्ऋत्य के मध्य में तथा देवी त्वरिता ईशान और उत्तर के मध्य में मेरे सम्मुख वामपार्श्व में मेरी रक्षा करें। भगवती कुलसुन्दरी अन्य दिशाओं में, नित्या-नित्या ऊपर की ओर तथा माधव सदा-सर्वदा मेरी रक्षा करें। नीलवर्णा देवी नीलपताका और विजया चारो ओर से मेरी रक्षा करें। देवी सर्वमङ्गला सब प्रकार से मेरा कल्याण करें।।९-११।।

देहे पातु मनःप्राणान् ज्वालामालिनिविग्रहा।
विचित्रा सर्वतो रक्षेत् षोडशी पातु सुन्दरी।।१२।।
अपारभवसंसारसिन्धुनिस्तारहेतवे ।
चत्वारो गुरवः पान्तु ममानिष्टविनाशकाः।।१३।।

देवी ज्वालामालिनी मेरे देह की, मेरे मन और प्राणों की रक्षा करें। देवी विचित्रा चारो ओर से मेरी रक्षा करें। भगवती षोडशी सुन्दरी इस भवसागर से मेरा उद्धार करें। श्रीचक्र के गुरुमण्डल में पूजित चारो गुरु साधनामार्ग में आने वाले अनिष्टों का शमन करें॥१२-१३॥

विहितार्थप्रदायिन्यश्चिन्त्यमानमहौजसः ।
विघ्नं मम परिघ्नन्तु प्रसिद्धाः सिद्धयो दश।।१४।।
वृन्दारकशिरोवृन्दवन्द्यमानपदाम्बुजा ।
अष्टौ वाग्देवता भव्यमूर्त्तयः पालयन्तु माम्।।१५।।

जीवन-यापन तथा साधना के लिये यथा आवश्यक साधन-सामग्री प्रदान करने वाली महान् तेजस्विनी अणिमा आदि दसों सिद्धियाँ जीवन और साधना के सभी विघ्नों का नाश करें। भूपुर की द्वितीय रेखा पर प्रतिष्ठिता अत्यन्त सुन्दर और आकर्षक विग्रह वाली ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकायें, जिनके चरणों की देवता भी वन्दना करते हैं, मेरी रक्षा करें॥१४-१५॥

विशेष—उपर्युक्त पन्द्रहवें श्लोक में 'अष्टौ वाग्देवता' से अभिप्राय ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं से है; क्योंकि 'रहस्ययोगिनी'-संज्ञक वशिनी आदि अष्ट-वाग्देवताओं का नामोल्लेखपूर्वक स्तवन आगे २६वें और २७वें श्लोकों में किया गया है। आवरण अर्चनक्रम में भी भूपुर की प्रथम रेखा पर अणिमा आदि सिद्धियों के बाद ब्राह्मी आदि मातृकाओं का क्रम प्राप्त होता है।

सर्वविघ्नविनाशिन्यो नित्यानित्यकलामयाः।
कामाकर्षणकारिण्यो विघ्नं विघ्नन्तु षोडश।।१६।।
सर्वाशापूरके चक्रे त्रिपुरेशीसमन्विता।
वसन्त्यो गुप्तयोगिन्यो मम कुर्वन्तु मङ्गलम्।।१७।।

सर्वाशापरिपूरक चक्र में चक्रनायिका त्रिपुरेश्वरी के साथ प्रतिष्ठिता तथा सभी विघ्नों का नाश करने वाली कामाकर्षिणी आदि षोडश कलारूपा गुप्त-योगिनियाँ सदैव मेरा कल्याण करें॥१६-१७॥

जगत्स्तम्भनकारिण्यो जगद्वन्द्यपदाम्बुजाः।
साधयन्तु महाभीष्टं मनोज्ञमिष्टदेवताः।।१८।।

युक्तात्त्रिपुरसुन्दर्याः सर्वक्षोभकरे स्थिताः।
चक्रे गुप्ततराः पान्तु योगिन्यो मां महौजसः।।१९।।

सर्वसंक्षोभण चक्र में चक्र-नायिका त्रिपुरसुन्दरी के साथ सम्पूजिता 'गुप्ततर-योगिनी'-संज्ञक अनंगकुसुमा आदि वे देवियाँ मेरे समस्त अभीष्ट को पूरा करें, जो अपने महान् तेज से समस्त जगत् का स्तम्भन करने वाली और समस्त जगत् के लिये पूज्य हैं।।१८-१९।।

दूर्वावतरदुर्मोहतिमिरार्कमरीचयः ।
मां महाशक्तियोगिन्यः पालयन्तु चतुर्दश।।२०।।
सर्वसौभाग्यदे चक्रे त्रिपुरावासिनीयुता।
सत्सम्प्रदाययोगिन्यो वर्धयन्तु मम श्रियम्।।२१।।

भूमि पर चारो ओर फैली हुई दूर्वा (दूब) के समान समस्त चित्त में व्याप्त मोहान्धकार को नाश करने में सूर्य की किरणों के समान प्रखर एवं महाशक्ति-सम्पन्ना 'सर्वविद्रावणी' आदि वे चतुर्दश योगिनियाँ मेरे सौभाग्य-श्री की निरन्तर अभिवृद्धि करते हुए मेरा पालन करें जो सर्वसौभाग्यदायक चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरवासिनी के साथ सत्सम्प्रदाय योगिनी के नाम से प्रतिष्ठिता और सम्पूजिता हैं।।२०-२१।।

सर्वसिद्धिप्रदायिन्यो वन्दिता दश देवताः।
मदिरानन्दितमुखाः सर्वार्थान् साधयन्तु ताः।।२२।।
त्रिपुराश्रीयुता देव्यः कुलकौलकुलोद्भवाः।
सर्वार्थसाधके चक्रे स्थिता एताः पुनन्तु माम्।।२३।।

चक्रेश्वरी त्रिपुराश्री के साथ सर्वार्थ-साधक चक्र में सम्पूजिता और प्रतिष्ठिता एवं मदिरापान से मन में उत्पन्न उल्लास के कारण प्रसन्नमुखी सर्वसिद्धिप्रदा आदि 'कुलयोगिनी'-संज्ञक सर्वसिद्धिदात्री देवियाँ मेरी कामनाओं को पूर्ण करती हुई मेरे अन्त:करण को पवित्र करें।।२२-२३।।

सर्वज्ञानेन सम्पन्नाः सर्वनिर्वाणहेतवः।
रक्षन्तु मां महादेव्यो दशरेखोपकारिकाः।।२४।।
युक्तास्त्रिपुरमालिन्यः सर्वरक्षाकरे स्थिताः।
चक्रे निगर्भयोगिन्यः कुर्वन्तु मम मङ्गलम्।।२५।।

सर्वरक्षाकर-नामक अन्तर्दशार चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरमालिनी के साथ 'निगर्भा योगिनी' के रूप में सम्पूजिता और विराजिता 'सर्वज्ञा' आदि वे महादेवियाँ सब प्रकार से मेरा मंगल तथा पालन करें, जो सभी प्रकार के ज्ञान-विज्ञान की भण्डार तथा विश्व को मोक्ष प्रदान करने वाली हैं।।२४-२५।।

अधिकानल्पसङ्कल्पाः कल्पनाकामबन्धकाः।
अष्टौ वाग्देवताः सन्तु सदा सकरुणा मयि।।२६।।
त्रिपुरासिद्धिसंयुक्ताः सर्वरोगहरे स्थिताः।
चक्रे रहस्ययोगिन्यो रोगानपनयन्तु मे।।२७।।

सर्वरोगहर चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरासिद्धा के साथ रहस्ययोगिनी के रूप में प्रतिष्ठिता और सम्पूजिता वशिनी आदि वे अष्ट वाग्देवता सदैव मुझपर अपनी कृपा-दृष्टि बनाये रखें तथा मेरे शारीरिक एवं मानसिक रोगों का विनाश करें, जो साधकों की सभी छोटी-बड़ी कामनाओं को पूरा करने के लिये कृत-संकल्प और करुणा-मयी हैं।।३६-२७।।

महोजम्भे महास्तम्भे महामोहे महारणे।
हेतवोऽस्मत्प्रिये सन्तु चतस्रो मन्त्रदेवताः।।२८।।

श्री कामेश्वर और कामेश्वरी के महाजृम्भनकारक बाण-आयुधरूप, महामोहन-कारक धनुषायुधरूप, महारणकारक (महावश्यकर) पाशायुधरूप तथा महास्तम्भन-कारक अंकुशायुधरूप चारो देवता सदैव हमारा हित-सम्पादन करें।।२८।।

चक्राग्रे दक्षवामे च षट्कोणे विहितास्पदाः।
तिस्रो रक्षन्तु मे एताः कामेश्वर्यादिदेवताः।।२९।।
सर्वसिद्धिप्रदे चक्रे त्रिपुराम्बासमन्विताः।
योगिन्योऽतिरहस्या मे वितन्वन्तु समीहितम्।।३०।।

सर्वसिद्धिप्रद त्रिकोण चक्र के अग्रकोण, वामकोण तथा दक्षिण कोण में सम्पूजिता कामेश्वरी आदि देवियाँ तथा त्रिकोणचक्र के चतुर्दिक् यथाक्रम प्रतिष्ठिता हृदय आदि षडङ्ग देवियाँ सदैव मेरी रक्षा करें। इस चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बा के साथ प्रतिष्ठिता ये अतिरहस्ययोगिनियाँ मेरी अभिलषित सुख-सम्पदाओं का विस्तार करती रहें।।२९-३०।।

एतासामपि सर्वासामीश्वरीमिष्टदेवताम्।
दुर्लभामपि देवानां बालात्रिपुरसुन्दरीम्।।३१।।
यदादिञ्च यदन्तञ्च यन्मध्यञ्च न जानते।
ब्रह्मादयोऽपि पान्तु श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी।।३२।।

श्रीयन्त्र के उपर्युक्त चक्रों में प्रतिष्ठिता एवं सम्पूजिता योगिनियों की अधीश्वरी तथा देवताओं के लिये भी जिनका दर्शन दुर्लभ है, ऐसी बाला त्रिपुरसुन्दरी की मैं वन्दना करता हूँ; जिनके आदि, मध्य और अन्त का ज्ञान ब्रह्मा आदि देवताओं को भी नहीं है, ऐसी महिमाशालिनी भगवती महात्रिपुरसुन्दरी सर्वदा मेरी रक्षा करें।।३१-३२।।

सर्वानन्दमये चक्रे बैन्दवे विहितानया।
परापररहस्याः स्युर्योगिन्यः सन्तु सम्मुदे।।३३।।

सर्वानन्दमय-संज्ञक बिन्दुचक्र में प्रतिष्ठिता तथा सम्पूजिता परापररहस्य-योगिनी मेरे लिये आनन्दवर्धक हों।।३३।।

समयार्चनविद्देवि विद्वेषणपरायणः।
दक्षे दक्षिणभागस्थो मां पातु वटुकेश्वरः।।३४।।

समयाचार-विधि से अर्चन में श्रीचक्रराज के दक्षिण भाग में प्रतिष्ठित तथा सम्पूजित विद्वेषण-परायण बटुक भगवान् मेरी रक्षा करें।।३४।।

महाविघ्नविनाशिन्यो वामभागे कृतास्पदाः।
जगत्त्रितयवासिन्यो योगिन्यः सन्तु सम्मुदे।।३५।।

तीनों लोकों में निवास करने वाली तथा महान् से महान् विघ्नों का नाश करने वाली योगिनियाँ, जो श्रीचक्र के वामभाग में स्थित हैं, मुझे आनन्द प्रदान करें।।३५।।

प्रत्यूहव्यूहविध्वंसकारणं करुणामयः।
मम प्रीत्यर्थतो हन्तु क्षेत्रपालः पुरःस्थितः।।३६।।

श्रीचक्र के पूर्व भाग में प्रतिष्ठित करुणामय क्षेत्रपाल मेरे हित-सम्पादन के लिये विघ्नों के ढेर का नाश करने की कृपा करें।।३६।।

अपस्मारादिदुर्द्धर्षसंहारैकपदक्रमः ।
पृष्ठस्थाने स्थितो देवो मां पातु च गणेश्वरः।।३७।।

अपस्मार आदि दुर्धर्ष महारोगों को एक ही पाद-प्रहार से ध्वस्त कर देने वाले भगवान् गणेश, जो चक्र के पृष्ठ (पश्चिम) में प्रतिष्ठित हैं, सदा मेरी रक्षा करें।।३७।।

विमर्श—अपस्मार (मिरगी, मूर्च्छा) का अर्थ है—स्मृति-भ्रंश। अपने शुद्ध-बुद्ध आत्म-स्वरूप को भूलकर स्वयं को देह समझने का अज्ञान आध्यात्मिक दृष्टि से सबसे दुर्धर्ष अपस्मार रोग है। भगवान् नटराज की मूर्ति में अधोमुख लेटा हुआ आत्म-स्वरूप विस्मृत पुरुष का नाम इसीलिये अपस्मार है।

फलश्रुति

यश्चेदं पठति स्तोत्रं कदाचन शृणोति च।
अचिरादेव नश्यन्ति तस्य सर्वेऽप्युपद्रवाः।।३८।।

इस कवच का पाठ करने से रोगों से मुक्ति तथा बन्धन से छुटकारा मिलता है तथा शीघ्र ही सारे संकट और उपद्रव शान्त हो जाते हैं।।३८।।

तन्मुखं कवितारूपं तद्गृहं कमलालयम्।
स देशः सत्त्वशुद्धः स्याद् यत्रायं पठ्यते स्तवः।।३९।।

रोगार्त्तो मुच्यते रोगैर्बद्धो मुच्येत बन्धनात्।
विघ्नवान् मुच्यते विघ्नैः पठन् स्तोत्रादिकं नरः।।४०।।

इस कवच का पाठ करने वाले व्यक्ति के मुख से अनायास कविता निकलने लगती है और उसका घर लक्ष्मी का आवास बन जाता है। रोगी को रोगों से तथा बन्धन में पड़े व्यक्ति को कारागार से मुक्ति मिल जाती है। विघ्न समाप्त हो जाते हैं॥३९-४०॥

ध्येयैषा त्रिपुरा रक्षा पठनीया प्रयत्नतः।
अनया कमलासिद्धिरनया पापनाशनम्।।४१।।
त्रिपुरार्णवतन्त्रस्य समाप्तं कवचं शुभम्।
अथान्यत् कवचं वक्ष्ये षोडशीनां सुखावहम्।।४२।।

भगवती त्रिपुरा का ध्यान करके पूरे मनोयोग से इस कवच का पाठ करना चाहिए। इसके पाठ से कमला-सिद्धि (धनप्राप्ति) होती है तथा पापों का नाश होता है। त्रिपुरार्णवतन्त्र में बताया गया कवच पूर्ण हुआ। अब षोडशी कवच बता रहा हूँ, जो अत्यन्त सुखप्रद है॥४१-४२॥

●

षोडशी-कवच पूर्वपीठिका

देव्युवाच—

भगवन् देवदेवेश लोकानुग्रहकारक।
त्वत्प्रसादान्महादेव श्रुता मन्त्रास्त्वनेकशः।।१।।
साधनं त्रिविधं देव कीलकोद्धारणन्तथा।
शापादिदूषणोद्धारः श्रुतस्त्वत्तो मया प्रभो।।२।।
राजराजेश्वरीदेव्याः कवचं सूचितं मयि।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि कथयस्व मयि प्रभो।।३।।

श्रीदेवी ने कहा—हे देवदेवेश्वर! आप लोकों पर दया करने वाले हैं। आपकी कृपा से मैंने अनेक प्रकार के मन्त्र सुने। अब मैं आपसे राजराजेश्वरी देवी का कवच सुनना चाहती हूँ। हे दयानिधि! मुझे वह कवच सुनाइये॥१-३॥

ईश्वर उवाच—

लक्षवारसहस्राणि वारितासि पुनः पुनः।
स्त्रीस्वभावात् पुनर्देवि पृच्छसि त्वं मयि प्रिये।।४।।

अत्यन्तगुह्यं कवचं सर्वकामफलप्रदम्।
प्रीतये देवदेवेशि कथयामि शृणुष्व तत्।।५।।

श्री ईश्वर ने कहा—हे प्रिये! लाखों बार मना किये जाने के बावजूद अपने स्त्री-स्वभाव के कारण तुम इस कवच के बारे में पूछती हो। श्रीराजराजेश्वरी देवी का यह कवच सभी कामनाओं को पूरा करने वाला होने के कारण लोकोपयोगी होने के बावजूद सर्वथा गोपनीय और अप्रकाशनीय है। फिर भी तुम्हारे प्रेम के कारण तुम्हारे अनुरोध की रक्षा के लिये मैं इसे प्रकाशित कर रहा हूँ। सावधान और दत्तचित्त होकर इस दिव्य कवच को सुनिये।।४-५।।

अस्य श्रीराजराजेश्वरीमहात्रिपुरसुन्दरीषोडशीविद्याकवचस्य महादेव ऋषिः प्रस्तारपङ्क्तिच्छन्दो राजराजेश्वरी श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता सर्वार्थसाधने विनियोगः।

विनियोग—इस षोडशी कवच के ऋषि महादेव, छन्द प्रस्तार पंक्ति, देवता-श्री राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी हैं तथा इसके पाठ का विनियोग सर्वार्थ-साधन के लिये किया जाता है।

ऋष्यादि न्यास—श्री महादेवऋषये नमः—शिरसि। प्रस्तारपंक्तिछन्दसे नमः—पृष्ठे। राजराजेश्वरीश्रीमहात्रिपुरसुन्दरीदेवतायै नमः—हृदि। सर्वार्थसाधने विनियोगाय नमः—सर्वांगे।

[कवच का मूल पाठ]

ॐ पूर्वे मां भैरवी पातु बाला मां पातु दक्षिणे।
मालिनी पश्चिमे पातु वशिनी तूत्तरेऽवतु।।६।।

पूर्व दिशा में भैरवी, दक्षिण में बाला त्रिपुरसुन्दरी, पश्चिम में (भग) मालिनी तथा उत्तर दिशा में देवी वशिनी सदा मेरी रक्षा करें।।६।।

ऊर्ध्वं पातु महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी।
अधस्तात् पातु देवेशी पातालतलवासिनी।।७।।
आधारे वाग्भवः पातु कामराजस्तथा हृदि।
डामरः पातु मां नित्यं मस्तके सर्वकामदः।।८।।
ब्रह्मरन्ध्रे सर्वगात्रे छिद्रस्थानेषु सर्वदा।
महाविद्या भगवती पातु मां परमेश्वरी।।९।।

मेरे ऊर्ध्व और अधोभाग की क्रमशः महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी और देवेशी पातालवासिनी रक्षा करें। मेरे आधार (चरण-भाग) की वाग्भवबीज (ऐं), हृदय की कामराजबीज (क्लीं) तथा सभी कामनाओं को पूरा करने वाले डामर देवता (सौः)

मस्तक की रक्षा करें। ब्रह्मरन्ध्र में, सम्पूर्ण शरीर में जहाँ-जहाँ छिद्रस्थान हैं, वहाँ-वहाँ (स्थित होकर) भगवती परमेश्वरी महाविद्या रक्षा करें॥७-९॥

ऐं क्लीं ललाटे मां पायाद् ह्रीं हंसः पातु नेत्रयोः।
नासायां कर्णयोश्चैव श्रीं ह्रीं ह्रीं चिबुके तथा।।१०।।
हसौ पातु गले हृदये स्त्रीं च नाभिदेशके।
कलह्रीं क्रीं श्रीं गुह्यदेशे पातु हूँ ह्रीँ च पादयोः।।११।।

'ऐं क्लीं' (मन्त्रवर्ण देवता) ललाट में (स्थित होकर), 'ह्रीं हंसः' दोनों नेत्रों में, 'श्रीं ह्रीं ह्रीं' (मन्त्र वर्ण देवता) नथुनों में, दोनों कानों में तथा चिबुक (में स्थित होकर) मेरी रक्षा करें॥१०॥

'हसौः' (मन्त्रवर्ण देवता) गले में, 'स्त्रीं' हृदय में, 'कलह्रीं' नाभि में, 'श्रीं श्रीं' गुह्य देश में तथा 'हूं ह्रीं' दोनों पैरों में (स्थित होकर) मेरी रक्षा करें॥११॥

स्त्रीं मां सर्वतः पातु सक्लीँ पातु च सन्धिषु।
जले स्थले तथाकाशे दिक्षु राजगृहे तथा।।१२।।
हुं क्षें मां त्वरिता पातु सह्रीं सक्लीं मनोभवा।
हंसः पायान्महादेवी परं निष्कलदेवता।।१३।।
विजया मङ्गला दूती कल्याणी भगमालिनी।
ज्वाला च मालिनी नित्या सर्वदा मां सदाऽवतु।।१४।।

मन्त्रवर्ण देवता 'स्त्रीं' मेरे चारो ओर तथा 'सक्लीं' शरीर के सभी जोड़ों में स्थित होकर मेरी रक्षा करें। मन्त्र वर्ण देवता 'हुं क्षें' जल में, देवी त्वरिता स्थल में, मन्त्रवर्ण देवता 'सहीं सक्लीं' आकाश में, देवी मनोभवा दिशाओं में, 'हंस'-रूपिणी परं निष्कल देवता राजगृह में मेरी भली-भाँति रक्षा करें। सर्वसौभाग्यदायिनी देवी विजया, सर्वमङ्गला, (शिव) दूती, कल्याणी, भगमालिनी, ज्वालामालिनी तथा नित्या आदि तिथिनित्यायें सदा-सर्वदा मेरी रक्षा करें॥१२-१४॥

फलश्रुति

इत्येवं कवचं देवि देवानामपि दुर्लभम्।
तव प्रीत्या मयाख्यातं गोपनीयं प्रयत्नतः।।१५।।

हे देवि! इस कवच की प्राप्ति (अर्थात् ज्ञान) देवताओं के लिये भी सुलभ नहीं है। तुम्हारे प्रेम से विवश होकर मैंने तुम्हें इस कवच का ज्ञान कराया। इसे हर प्रकार से गुप्त और गोपनीय रखना चाहिए। किसी अनधिकारी व्यक्ति को इस कवच का उपदेश नहीं देना चाहिए॥१५॥

इदं रहस्यं परमं गुह्याद् गुह्यतरं प्रिये।
धन्यं यशस्यमायुष्यं भोगमोक्षफलप्रदम्।।१६।।

दुःस्वप्ननाशनं पुंसां नरनारीवशङ्करम्।
आकर्षणकरं देवि स्तम्भमोहकरं शिवे।।१७।।

हे प्रिये! यह परम रहस्यमय कवच अति गोपनीय वस्तुओं से भी अधिक गोपनीय है। यह कवच मनुष्यों को सौभाग्य, कीर्ति, आयु तथा भोग के साथ ही मोक्ष प्रदान करने वाला तथा दुःस्वप्नों (मानसिक भय एवं चिन्ताओं) का नाश करने वाला, स्त्री-पुरुष सभी का वशीकरण करने वाला, सभी प्राणियों का आकर्षण, मोहन तथा स्तम्भन करने वाला है॥१६-१७॥

इदं कवचमज्ञात्वा राजराजेश्वरीं शिवाम्।
योऽर्चयेद् योगिनीवृन्दैः स भक्ष्यो नात्र संशयः।।१८।।
न तस्य मन्त्रसिद्धिः स्यात् कदाचिदपि शङ्करि।
इह लोके च दारिद्र्यं रोगशोकभयानि च।।१९।।
परत्र नरकं गत्वा पशुयोनिमवाप्नुयात्।
तस्मादेतत् सदाऽभ्यस्येदधिकारी भवेत्ततः।।२०।।

इस कवच को विना जाने अर्थात् इसका पाठ किये विना जो व्यक्ति शिवारूपिणी श्रीराजराजेश्वरी का अर्चन करता है, सभी योगिनियाँ उसका विनाश कर देती हैं। इस कवच का पाठ किये विना मन्त्र-सिद्धि नहीं होती। कवचहीन मनुष्य जीवन भर दरिद्रता, रोग, शोक तथा तरह-तरह के कष्ट भोगता है और मरने के बाद नरक जाता है। नरक-यन्त्रणा भोगने के बाद उसे पशुयोनि मिलती है। अतः मनुष्यों को इसका नित्यप्रति पाठ करना चाहिए। इसका पाठ करने से मनुष्य को राजराजेश्वरी की साधना करने का अधिकार प्राप्त होता है॥१८-२०॥

मद्वक्त्रनिर्गतमिदं कवचं सुपुण्यं
पूजाविधौ च पुरतो यदि वा पठेच्च।
सौभाग्यभोगललितानि शुभानि भुक्त्वा
देव्याः पदं भजति तत् पुनरन्तकाले।।२१।।

कुलार्णवतन्त्रस्य समाप्तं कवचं परम्।

मेरे मुख से निःसृत इस पुण्यप्रद कवच का जो व्यक्ति देवी-पूजन के समय नित्यप्रति उसका पाठ करता है, वह इस जन्म में यथावांछित सुख-सौभाग्य भोगकर मरणोपरान्त देवी के परमपद को प्राप्त कर उस लोक के ऐश्वर्य प्राप्त करता है।

कुलार्णव-तन्त्र में बताया गया कवच समाप्त हुआ।

विमर्श—'कुलार्णवतन्त्र' में इस कवच का उल्लेख नहीं है। इस 'कवच' का उपदेश 'कुलानन्द-संहिता' नामक तन्त्र-ग्रन्थ में दिया गया है। 'कुलार्णव-तन्त्रस्य' लिखना लिपिकार का प्रमाद है।

●

त्रिपुरसुन्दरीशतनामस्तोत्रम्

समासेन प्रवक्ष्यामि देव्या नाम शताष्टकम्।
तद् गुह्यं परमं जाप्यं महाद्भुतविनाशनम्।।१।।

त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त श्रीत्रिपुरसुन्दरी कवच—भगवती त्रिपुरसुन्दरी के उन एक सौ आठ अत्यन्त गोपनीय नामों का प्रकाशन कर रहा हूँ, जिनका नित्यप्रति जप करने से बड़ी-से-बड़ी विपत्ति का आश्चर्यजनक रूप से विनाश हो जाता है।।१।।

मूल-पाठ

श्री(ः) चेतना महामाया महागौरी महेश्वरी।
महाबुद्धिर्महाचण्डी महाकाली महाकला।।२।।
महाक्षुधा महामुद्रा महानिद्रा महोदया।
महालक्ष्मीर्महाभोगा महामोहा महोदया।।३।।
महाजया महातुष्टिर्महालज्जा महाधृतिः।
महाघोरा महादंष्ट्रा महाकान्तिर्महास्मृतिः।।४।।
महाजपा महामेधा महाबोधा महातपा।
महास्वधा महास्वाहा महाबाधा महासुरा।।५।।
महाबन्धनसंहन्त्री महाभयविनाशिनी।
महानेत्रा महावक्त्रा महाजिह्वा महाभुजा।।६।।
महामहीरुहा पूर्णा महाच्छाया महानघा।
महाशक्तिर्महाश्वासा महापर्वतनन्दिनी।।७।।
महाब्रह्ममयी माता महासारा महावरा।
महासुरघ्नी महती पार्वती चर्चिका शिवा।।८।।
महाक्षान्तिर्महाभ्रान्तिर्महामाता महीयसी।
महाकुला महालोला महामाया महाफला।।९।।
महानीला महाशीला महाशुभ्रा महाकला।
महाचित्रा महासेतुर्महाहेतुर्यशस्विनी।।१०।।
महाविद्या महासाध्या महासत्या महागतिः।
महासुरी महादुर्गा महादुःस्वप्ननाशिनी।।११।।
महामोक्षप्रदा मोक्षा महादक्षा महीयसी।
महाभद्रा महावाणी महारोगविनाशिनी।।१२।।
महादारुर्महाकारा महामारी महेश्वरी।
महाक्षेमङ्करी क्षेमा महैश्वर्यप्रदायिनी।।१३।।

महाविषघ्नी विषदा महादुर्गविनाशिनी।
महादुर्गा महातारा महाकैलासवासिनी।।१४।।
महासुभद्रा सुभगा महार्घ्या च महासती।
महाप्रत्यङ्गिरा नित्या महाप्रलयकारिणी।।१५।।
महाशक्तिर्महामुक्तिर्महामङ्गलदायिका ।

फलश्रुति

इदं यः कीर्त्तयेद् भक्त्या विषमस्थो भवेद् यदि।।१६।।
लौहपञ्जरमध्यस्थस्तस्य नश्यति बन्धनम्।
राजानो दासतां यान्ति भवेत् सर्वजनप्रियः।।१७।।
उत्तमां भूतिमाप्नोति तस्य नश्यन्त्युपद्रवाः।
संग्रामे विजयेच्छत्रून् गरुडः पन्नगानिव।।१८।।
न विषं क्रमते तस्य न मृत्युः पावके जले।
नाकाले मरणं तस्य कदाचिदपि सम्भवेत्।।१९।।
यद् यत् कामयते कामी तत्तदाप्नोति नान्यथा।
बहुना च किमुक्तेन सर्वेषां मूर्ध्नि वर्त्तते।।२०।।

रुद्रयामलतन्त्रोक्तं शतं नाम समीरितम्।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणावूनविंशतितमः प्रकाशः।।१९।।

फलश्रुति—इस अष्टोत्तर शतनामस्तोत्र का पाठ करने से निगडबन्धन-सहित भयानक से भयानक विपत्ति से मुक्ति मिलती है। राजा तथा राज्याधिकारियों से मैत्री होती है। सभी सांसारिक सुख एवं ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं। उपद्रव शान्त हो जाते हैं। शत्रुओं से विजय-श्री मिलती है। अकालमृत्यु का भय नहीं होता। विष से, जल में डूबने या आग में जलकर मरने का भय नहीं होता। जिस वस्तु की इच्छा की जाती है, वह स्वतः प्राप्त हो जाती है। रुद्रयामल तन्त्र में वर्णित 'शतनाम स्तोत्र' पूर्ण हुआ।।

'भावना-भाष्य-प्रयोग-क्रम'

इन दिव्य नामों से भगवती के स्तवन की प्रयोग-विधि नीचे लिखी जा रही है। इन मन्त्रों के आगे 'श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः' की योजना करके इन दिव्य नामों से भगवती का पूजन-तर्पण तथा 'नमः' के स्थान पर 'स्वाहा' की योजना करके इन नाम-मन्त्रों से हवन भी किया जा सकता है। यथा—

(१) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नमः'—से प्रणामयुक्त स्तवन।

(२) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नमः। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः' से पूजन-तर्पण।

(३) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै स्वाहा'—से हवन।

प्रयोग के समय इन नाम-मन्त्रों के आगे 'ऐं ह्रीं श्रीं' की योजना कर लें।

ऐं ह्रीं श्रीं—

(१) श्रियै नमः।
(२) चेतनायै नमः।
(३) महामायायै नमः।
(४) महागौर्यै नमः।
(५) महेश्वर्यै नमः।
(६) महाबुद्ध्यै नमः।
(७) महाचण्ड्यै नमः।
(८) महाकाल्यै नमः।
(९) महाकलायै नमः।
(१०) महाक्षुधायै नमः।
(११) महामुद्रायै नमः।
(१२) महानिद्रायै नमः।
(१३) महोदयायै नमः।
(१४) महालक्ष्म्यै नमः।
(१५) महाभोगायै नमः।
(१६) महामोहायै नमः।
(१७) महोदरायै नमः।
(१८) महाजयायै नमः।
(१९) महातुष्ट्यै नमः।
(२०) महालज्जायै नमः।
(२१) महाधृत्यै नमः।
(२२) महाघोरायै नमः।
(२३) महादंष्ट्रायै नमः।
(२४) महाकान्त्यै नमः।
(२५) महास्मृत्यै नमः।
(२६) महापद्मायै नमः।
(२७) महामेधायै नमः।
(२८) महाबोधायै नमः।
(२९) महातपायै नमः।
(३०) महास्वधायै नमः।
(३१) महास्वाहायै नमः।
(३२) महाबाधायै नमः।
(३३) महासुरायै नमः।
(३४) महाबन्धनसंहर्त्र्यै नमः।
(३५) महाभयविनाशिन्यै नमः।
(३६) महानेत्रायै नमः।
(३७) महावक्त्रायै नमः।
(३८) महाजिह्वायै नमः।
(३९) महाभुजायै नमः।
(४०) महामहीरुहायै नमः।
(४१) पूर्णायै नमः।
(४२) महाच्छायायै नमः।
(४३) महानघायै नमः।
(४४) महाशक्त्यै नमः।
(४५) महाश्वासायै नमः।
(४६) महापर्वतनन्दिन्यै नमः।
(४७) महाब्रह्ममय्यै नमः।
(४८) मात्रे नमः।
(४९) महासारायै नमः।
(५०) महावरायै नमः।
(५१) महासुरघ्न्यै नमः।
(५२) महत्यै नमः।
(५३) पार्वत्यै नमः।
(५४) चर्चिकायै नमः।

(५५) शिवायै नमः।
(५६) महाक्षान्त्यै नमः।
(५७) महाभ्रान्त्यै नमः।
(५८) महामात्रे नमः।
(५९) महीयस्यै नमः।
(६०) महाकुलायै नमः।
(६१) महालोलायै नमः।
(६२) महामायायै नमः।
(६३) महाफलायै नमः।
(६४) महानीलायै नमः।
(६५) महाशीलायै नमः।
(६६) महाशुभ्रायै नमः।
(६७) महाकलायै नमः।
(६८) महाचित्रायै नमः।
(६९) महासेतवे नमः।
(७०) महाहेतवे नमः।
(७१) महायशस्विन्यै नमः।
(७२) महाविद्यायै नमः।
(७३) महासाध्यायै नमः।
(७४) महासत्यायै नमः।
(७५) महागत्यै नमः।
(७६) महासुर्यै नमः।
(७७) महादुर्गायै नमः।
(७८) महादुःखनाशिन्यै नमः।
(७९) महामोक्षप्रदायै नमः।
(८०) महामोक्षायै नमः।
(८१) महादक्षायै नमः।
(८२) महीयस्यै नमः।
(८३) महाभद्रायै नमः।
(८४) महावाण्यै नमः।
(८५) महारोगविनाशन्यै नमः।
(८६) महादारवे नमः।
(८७) महाकारायै नमः।
(८८) महाभार्यै नमः।
(८९) महेश्वर्यै नमः।
(९०) महाक्षेमंकर्य्यै नमः।
(९१) महाक्षेमायै नमः।
(९२) महेश्वर्यप्रदायिन्यै नमः।
(९३) महाविषघ्न्यै नमः।
(९४) महाविषदायै नमः।
(९५) महादुर्गविनाशन्यै नमः।
(९६) महादुर्गायै नमः।
(९७) महातारायै नमः।
(९८) महाकैलासवासिन्यै नमः।
(९९) महासुभद्रायै नमः।
(१००) महासुभगायै नमः।
(१०१) महार्ध्यायै नमः।
(१०२) महासत्यै नमः।
(१०३) महाप्रत्यंगिरायै नमः।
(१०४) महानित्यायै नमः।
(१०५) महाप्रलयकारिण्यै नमः।
(१०६) महाशक्त्यै नमः।
(१०७) महामुक्त्यै नमः।
(१०८) महामंगलदायिकायै नमः।

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के उन्नीसवें अध्याय का 'भावना' - भाष्य पूर्ण हुआ।।१९।।

विंशतितमः प्रकाशः

[मन्त्राणां पुरश्चरणकथनम्]

अथ वक्ष्यामि मन्त्राणां पुरश्चरणमुत्तमम्।।१।।

[पुरश्चरणं विना मन्त्रसिद्ध्यभावः]

विना येन न सिद्धः स्यान्मन्त्रो वर्षशतैरपि।
तत् पुरश्चरणं नाम मन्त्रसिद्ध्यर्थमात्मनः।।२।।
जीवहीनो यथा देहः सर्वकर्मसु न क्षमः।
पुरश्चरणहीनोऽपि तथा मन्त्रः प्रकीर्तितः।।३।।

[आदौ पुरश्चरणस्य कर्त्तव्यता]

तस्मादादौ पुरश्चर्या कर्त्तव्या साधकोत्तमैः।
येनानुष्ठितमात्रेण वशमायान्ति देवताः।।४।।

अथेति। पुरश्चरणलक्षणमुक्तं हंसमाहेश्वरतन्त्रे—

जपहोमौ तर्पणञ्च सेको ब्राह्मणभोजनम्।
पञ्चाङ्गोपासनं लोके पुरश्चरणमुच्यते।।

रामार्च्चनचन्द्रिकायामपि—

गुरोर्लब्धस्य मन्त्रस्य प्रसन्नेन यथाविधि।
पञ्चाङ्गोपासने सिद्धिः पुरश्चैतद् विधीयते। इति।

जीवहीन इति। पद्यमिदं गन्धर्वतन्त्रे सप्तविंशपटलेऽपि, तत्र च 'देही'ति पाठ उपलभ्यते, स च देहार्थक एवेति पुरश्चरणबोधिनी।

रुद्रयामले च—

पुरश्चरणसम्पन्नो मन्त्रो हि फलदायकः।
ततः पुरस्क्रियां कुर्यान्मन्त्रवित् सिद्धिकाङ्क्षया।।
किं होमैः किं जपैश्चैव किं मन्त्रन्यासविस्तरैः।
रहस्यानाञ्च मन्त्राणां यदि न स्यात् पुरस्क्रिया।।
पुरस्क्रिया हि मन्त्राणां प्रधानं जीवमुच्यते।। इति।

मन्त्रों का पुरश्चरण—गुरुदेव से दीक्षा लेने के बाद शिष्य साधक को मन्त्र का पुरश्चरण करना चाहिए; क्योंकि जिस तरह जीव के विना शरीर कोई कार्य करने

में सक्षम नहीं होता, उसी तरह पुरश्चरण के विना मन्त्र से किसी फल या विधि की प्राप्ति नहीं होती। अत: अब मैं पुरश्चरण की विधि का निरूपण कर रहा हूँ; क्योंकि पुरश्चरणरूप अनुष्ठान से ही देवता वश में आते हैं॥१-४॥

विमर्श—'पुरश्चरण' का अर्थ है—मन्त्र की पूर्व-सेवा। जब तक दीक्षा के बाद मन्त्र की यथाविहित 'पूर्व-सेवा' नहीं होगी, उससे वांछित फल की प्राप्ति नहीं हो सकती। इसीलिये सभी तन्त्रग्रन्थों में मन्त्रपुरश्चरण की अनिवार्यता रेखांकित की गई है। 'रुद्रयामल' में कहा गया है कि जब तक मन्त्र का पुरश्चरण नहीं किया जाता, तब तक मन्त्रन्यास, जप, हवन और तर्पण का कोई फल नहीं मिल सकता। रामार्चनचन्द्रिका नामक ग्रन्थ में कहा गया है कि यथाविहित संख्या में जप, होम, तर्पण, अभिषेक (मार्जन) तथा ब्राह्मणभोजन से मन्त्र के पुरश्चरण का क्रम पूरा होता है।

[पुरश्चरणेतिकर्त्तव्यता]

अथ पूर्वमुपोष्याथ कृतनित्यक्रियः शुचिः।
द्विजदेवगुरून् भक्त्या सम्पूज्य मन्त्रविद्वरः॥५॥
गणेशं साधकांश्चैव पितृंश्चैव प्रपूजयेत्।
सर्वेषामेव मन्त्राणां विद्यानाञ्च तथैव च॥६॥
गुरोराज्ञां समादाय शुद्धान्तःकरणो बुधः।
यत्नात् पुरस्क्रियां कुर्याद् गुरुं वा कारयेद् बुधः।
गुरोरभावे विप्रोऽन्यः सर्वप्राणिहिते रतः॥७॥

मन्त्र-दीक्षाप्राप्त साधक गुरुदेव से आज्ञा लेकर पुरश्चरण करने का निश्चय करे। शुद्धि के लिये उपवास करके वह गुरुदेव, गणेश, ब्राह्मणों, पितरों, देवताओं, मन्त्रों और विद्याओं का यथाविधि भक्तिपूर्वक अर्चन करे। तत्पश्चात् मन्त्र का पुरश्चरण करे। यदि वह स्वयं असमर्थ है तो गुरुदेव से अथवा उनके अभाव में सर्वहितकारी किसी ब्राह्मण से पुरश्चरण कराये॥५-७॥

[पुरश्चरणस्थानानि]

पुण्यक्षेत्रं नदीतीरं गुहा पर्वतमस्तकम्।
तीर्थप्रदेशः सिन्धूनां सङ्गमः पावनं वनम्॥८॥
उद्यानानि विचित्राणि विल्वमूलं तटं गिरेः।
तुलसीकाननं गोष्ठं वृषशून्यं सुरालयम्॥९॥
अश्वत्थामलकीमूलं गोशालं जलमध्यतः।
देवतायतनं कूलं समुद्रस्य निजं गृहम्।
एषामन्यतमं स्थानमाश्रित्य जपमाचरेत्॥१०॥

पुण्यक्षेत्रमित्यादि। योगिनीहृदयेऽपि अयमेव पाठः। 'एषामन्यतम'मित्यादि पद्यार्द्धन्तु 'साधने तु प्रशस्तानि स्थानान्येतानि मन्त्रिणाम्' इत्येवमुपलभ्यते तत्र। स्थाननिर्णयश्च प्रपञ्चसारसंग्रहे—

समुद्रतीरेऽप्यथवाऽद्रिशृङ्गे समुद्रगाणां सरिताञ्च पाटे।
जपेद् विविक्ते निजवर्यगेहे विष्णोर्गृहे वा पुरुषो मनस्वी।।

शिवगीतायामपि—

विल्ववृक्षं समाश्रित्य यो मन्त्रान् विविधान् जपेत्।
एकेन दिवसेनैव तत् पुरश्चरणं भवेत्।।
यस्तु विल्वमये नित्यं कुटीं कृत्वा जपेन्नरः।
सर्वे मन्त्राः प्रसिध्यन्ति जपमात्रेण केवलम्।। इत्यादि।

गङ्गामधिकृत्य कुलोड्डीशे—

न वेदी नासनञ्चात्र न पूजा न विधिस्तथा।
उक्तसंख्यं जपं कृत्वा होमाद्यन्तु समाचरेत्।। इति।

वायवीयसंहितायाञ्च—

सूर्यस्याग्रे गुरोरिन्दोर्दीपस्य च जलस्य च।
विप्राणाञ्च गवाञ्चैव सन्निधौ शस्यते जपः।। इति।

निबन्धे षोडशपटले—

वीराणान्तु महानद्यास्तीरं देवालयस्तथा।
एकलिङ्गं श्मशानन्तु शून्यागारं चतुष्पथम्।।

पुरश्चरणयोग्य स्थान—समस्त पुण्यक्षेत्र, नदी और समुद्र का तट, तीर्थस्थान, नदियों का संगम, पवित्र वन, उद्यान, तुलसीवन, गोशाला, पीपल, आँवला या बिल्ववृक्ष का मूल, वृषरहित शिव-मन्दिर, अन्य देवताओं के मन्दिर, पर्वत की कन्दरा तथा अपना घर पुरश्चरण के लिये प्रशस्त है। इनमें से किसी स्थान का चयन करके पुरश्चरण करना चाहिए।।८-१०।।

विमर्श—वीर पुरश्चरण के लिये श्मशान, एकलिंग मन्दिर, महानदियों का तट, चौराहा तथा शून्यागार (उजड़ा हुआ पुराना घर) अधिक प्रशस्त है।

[पुरश्चरणे भोजननियमाः]

भुञ्जानो वा हविष्यान्नं शाकं यावकमेव वा।
पयो वा मूलमेवात्र यदा यत्रोपलभ्यते।।११।।

भोजन-नियम—पुरश्चरण काल में भूना हुआ अनाज, हविष्यान्न, जौ, गाय का दूध तथा उस क्षेत्र में उपलब्ध कन्द-मूल-फल ग्राह्य हैं।।११।।

[पुरश्चरणे वर्ज्याणि]

विवर्जयेन्मधु क्षारं लवणं तैलमेव च।
ताम्बूलं कांस्यपात्रञ्च दिवाभोजनमेव च।।१२।।

वर्जनीय—मधु (शहद), तेल, नमक, तांबूल, कांस्य-पात्र तथा दिन में भोजन पुरश्चरण काल में वर्जित हैं।।१२।।

[मन्त्रजपानन्तरकर्त्तव्यानि]

मन्त्रं जप्त्वाऽन्नपानीयैः स्नानाचमनभोजनम्।
कुर्याद् यथोक्तविधिना त्रिसन्ध्यं देवतार्च्चनम्।।१३।।
त्रिसन्ध्यमेकसन्ध्यं वा न मन्त्रं केवलं जपेत्।।१४।।

पुरश्चरणकाल में स्नान के बाद मन्त्रजप, जप के बाद यथाविहित भोजन प्रशस्त है। तात्पर्य यह कि मन्त्रजप के पूर्व भोजन निषेध है। प्रतिदिन प्रातः, मध्याह्न और सायं-सन्ध्या तथा देवता का अर्चन अनिवार्य है। यदि तीनों काल में सन्ध्या करना सम्भव नहीं हो तो कम-से-कम एक बार तो अवश्यमेव सन्ध्या-वन्दन करना चाहिए। सन्ध्या किये विना मन्त्रजप करने से कोई फायदा नहीं होता।

विमर्श—सन्ध्या दो प्रकार की है—वैदिक तथा तान्त्रिक। इनमें से वैदिक सन्ध्या करने का अधिकार उपनयन-संस्कारसम्पन्न द्विजातियों को है। इनसे भिन्न अन्य व्यक्ति वैदिक सन्ध्या नहीं करें। ऐसे द्विजेतर व्यक्तियों के लिये केवल तान्त्रिक सन्ध्या प्रशस्त है। उपनयन-संस्कारसम्पन्न द्विज साधकों के लिये दोनों सन्ध्यायें तथा ब्रह्म-गायत्री तथा इष्ट-देवता की गायत्री का जप अनिवार्य है।

[गुरुवन्दनम्]

एकग्रामे स्थितो नित्यं गत्वा वन्देत वै गुरुम्।
गुरुरेव परं ब्रह्म तस्मादादौ तमर्चयेत्।।१५।।

गुरुदेव साक्षात् ब्रह्मस्वरूप है। अतः यदि गुरुदेव का निवास उसी गाँव में है तो सर्वप्रथम उनका दर्शन और पूजन अनिवार्य कर्तव्य है।।१५।।

[नित्यनैमित्तिकादिकर्त्तव्यता]

नित्यं नैमित्तिकं कुर्यात् संसर्गं साधुभिः सह।
स्नायाच्च पञ्चगव्येन केवलामलकेन वा।।१६।।

[स्नान-तर्पणोपदेशः]

शक्तौ त्रिसवनस्नानमन्यथा द्विः सकृच्च वा।
अस्नातस्य फलं नास्ति न चातर्पयतः पितॄन्।।१७।।

पुरश्चरणकाल में प्रतिदिन पञ्चगव्य से अथवा केवल आँवले से दिन में तीन, दो या एक बार स्नान करना तथा पितरों का तर्पण अनिवार्य है। स्नान और पितृ-तर्पण

के विना मन्त्रजप का फल नहीं मिलता। पुरश्चरणकाल में नित्यकर्म का लोप नहीं करना चाहिए॥१६-१७॥

[त्याज्यानि]

स्त्रीशूद्रपतितव्रात्यनास्तिकोच्छिष्टभाषणम्।
असत्यभाषणञ्चैव कौटिल्यं दूरतस्त्यजेत्॥१८॥
वर्जयेद् गीतवाद्यादिश्रवणं नृत्यदर्शनम्।
अभ्यङ्गं गन्धलेपञ्च पुष्पधारणमेव च॥१९॥
मैथुनं तत्कथालापं तद्गोष्ठीं परिवर्जयेत्।
अस्नानञ्च द्विजान् शूद्रान् स्त्रियो नैव स्पृशेत्तदा॥२०॥
त्यजेदुष्णोदके स्नानमनिवेदितभोजनम्।
प्राणिहिंसां न कुर्वीत पुरश्चरणकृन्नरः॥२१॥

त्याज्य विषय—स्त्री, शूद्र, पतित, व्रात्य, नास्तिक व्यक्तियों से सम्पर्क और संगति का सर्वथा परित्याग कर देना चाहिए। झूठ बोलना, कुटिल व्यवहार, उच्छिष्ट भोजन, गीत-नृत्य, नाटक, नौटंकी, अभ्यंग, तेल-मर्दन, पुष्प-धारण, मैथुन एवं तत्सम्बन्धी वार्ता एवं चिन्तन का सर्वथा त्याग कर देना चाहिए। स्त्रियों का स्पर्श भी वर्जित है। प्रतिदिन स्नान अनिवार्य है, मगर अत्यन्त गर्म पानी से स्नान वर्जित है। अनिवेदित भोजन अर्थात् वह भोजन जो इष्टदेवता को निवेदित नहीं किया गया हो, ग्रहण नहीं करना चाहिये। सर्वोपरि बात यह है कि किसी भी प्राणी की हिंसा नहीं करनी चाहिये॥१८-२१॥

[अन्यतो वस्तुग्रहणविवेक:]

विहाय वह्निं नहि वस्तु किञ्चिद्
ग्राह्यं परेभ्यः सति सम्भवे च।
असम्भवे तीर्थबहिर्विशुद्धात्
पर्वातिरिक्ते प्रतिगृह्य जप्यात्॥२२॥

पुरश्चरणकाल में किसी भी अन्य व्यक्ति से अग्नि के अतिरिक्त कोई भी वस्तु माँगना अथवा किसी के द्वारा निवेदित किसी वस्तु को ग्रहण करना निषिद्ध है। यदि लेनी ही पड़े तो पुरश्चरणस्थल के बाहर पर्व के अतिरिक्त सामान्य दिन में ग्रहण किया जा सकता है॥२२॥

[दशाविशेषे जपनिषेध:]

ऊष्णीषी कञ्चुकी नग्नो मुक्तकेशोऽप्यनावृतः।
अपवित्रकरोऽशुद्धः प्रसर्पन्न जपेत् क्वचित्॥२३॥

अनावृतकरो भूत्वा शिरसा प्रावृतोऽथवा।
चिन्ताव्याकुलचित्तो वा क्रुद्धो भ्रान्तस्त्वरान्वितः।।२४।।
मुक्तकच्छः शयानो वा गच्छन्नुत्थित एव वा।
रथ्यायामशिवे स्थाने न जपेत्तिमिरालये।।२५।।

रथ्यायामिति। निन्दितस्थानमुक्तं निबन्धे षोडशपटलेऽपि—

राजानः सचिवा यत्र पुरुषाः प्रभवो जनाः।
चरन्ति येन मार्गेण न वसेत् तत्र साधकः।। इति।

पगड़ी, टोपी और कुर्ता-कमीज पहिन कर अथवा नग्न होकर जप नहीं करें। इसी तरह बालों को खोलकर अथवा सिर को ढँककर जप करना मना है। जप के समय न तो हाथ खुले रहने चाहिये और न ही अशुद्ध होने चाहिए। मुक्तकच्छ अर्थात् बिना लंगोट पहिने जप करना मना है। इसी तरह चलते, घूमते-टहलते, लेटे-लेटे तथा चलती गाड़ी में बैठकर जप नहीं करना चाहिए। जब मन में उद्विग्नता हो, हृदय परेशान हो, चिन्तामग्न हो, क्रुद्ध हो, अन्यमनस्क हो, मन में जप करने के लिये उत्साह एवं चाव न हो, मन्त्र का जप नहीं करें। शुद्ध-स्वच्छ, पवित्र, निरापद स्थान में यथाविहित आसन पर बैठकर प्रमुदित मन से जप किया जाय। जप के समय मण्डप या कक्ष में अन्धेरा न हो; अपितु पर्याप्त प्रकाश होना चाहिए।।२३-२५।।

[जपे विशेषोपदेशः]

शनैः शनैः परिस्पष्टं न द्रुतं न विलम्बितम्।
न न्यूनं नातिरिक्तञ्च जपं कुर्याद्दिने दिने।।२६।।

मन्त्र का जप न तो धीमी गति से किया जाय और न तीव्र गति से किया जाय। एक-एक वर्ण का सम्यक् रूप से उच्चारण करते हुए मध्यम गति से इस तरह जप किया जाय कि कोई अक्षर छूटने न पाये। ह्रस्व और दीर्घ स्वरों का भेद रखा जाय। अक्षरों का उच्चारण भ्रष्ट होने पर जप का फल तो नहीं मिलता, प्रत्यवाय अवश्य होता है। इसी तरह पुरश्चरण-काल में जप की संख्या प्रतिदिन एक बराबर रखी जाय। इसमें कमी या वृद्धि नहीं की जाय।।२६।।

[जपे दिनलङ्घननिषेधः]

नैरन्तर्यविधिः प्रोक्तो न दिनं व्यक्तिलङ्घयेत्।
दिवसातिक्रमात्तेषां सिद्धिहानिः प्रजायते।।२७।।

जप में निरन्तरता होनी चाहिए। नागा नहीं होना चाहिए। इसी तरह निश्चित समय पर ही जप करना चाहिए। किसी दिन सुबह, किसी दिन दोपहर अथवा रात में जप नहीं करें। जप में दिनों का व्यतिक्रम (अर्थात् नागा), जप-समय में बदलाव, तथा जपसंख्या में कमी-वृद्धि से सिद्धिहानि होती है।।२७।।

[जपे कालकथनम्]

अनन्यमानसः प्रायो जपेन्मध्यन्दिनावधि।

प्रशस्त-समय—मन्त्रजप के लिये प्रात:काल से दोपहर तक का समय प्रशस्त है।

[जपे वस्त्रनियम:]

नैकवासा जपेन्मन्त्रं बहुवासाकुलोऽपि वा।।२८।।

जप में वस्त्रधारण—न तो केवल एक वस्त्र धारण करके जप किया जाय और न बहुत से कपड़े पहिनकर जप किया जाय। लंगोट, धोती और उत्तरीय-मात्र इतने वस्त्र प्रशस्त हैं॥२८॥

विमर्श—समय का यह बन्धन दक्षिणाचारी साधकों के लिये है। वीराचारी साधना केवल रात्रि में प्रशस्त है। जहाँ तक वस्त्रों का सम्बन्ध है, कतिपय ग्रन्थों में सिले हुए वस्त्रों का भी निषेध है।

[जपतो जपत्यागकारणानि]

पतितानामन्त्यजानां दर्शने भाषणे श्रुते।
क्षुतेऽधोवायुगमने जृम्भणे जपमुत्सृजेत्।।२९।।

जप के समय पतितों और अन्त्यजों को देखना, उनसे बात करना, अधोवायु का निस्सारण तथा जम्हाई लेना निषिद्ध है॥२९॥

[पुनर्जपे कर्त्तव्यानि शौचादीनि]

उत्थायाचम्य तत्प्राप्तौ प्राणायामं षडङ्गकम्।

[एवं कृत्वा प्रात्यहिकजपकरणम्]

कृत्वा सम्यग् जपेच्छेषं यद्वा सूर्यादिदर्शनम्।।३०।।

यदि जप करते समय कोई पतित या अन्त्यज दिख जाय, जम्हाई आदि आ जाय तो जप छोड़कर आसन से उठकर, हाथ-पैर धोकर, फिर से प्राणायाम और षडङ्ग न्यास करके अथवा भगवान् सूर्य का सम्यक् रूप से दर्शन करके शेष जप को पूरा करना चाहिए॥३०॥

[पुरश्चरणे शय्यानियम:]

शयीत कुशशय्यायां शुचिवस्त्रधरः सदा।
प्रत्यहं क्षालयेच्छय्यामेकाकी निर्भयः स्वपेत्।।३१।।

पुरश्चरण-काल में साधक को प्रतिदिन कुश की शय्या पर अकेला सोना चाहिए। शैया को और शैया बिछाने के स्थान को प्रतिदिन धोना तथा साफ करना चाहिए॥३१॥

[देवीपूजाधारकथनम्]

लिङ्गस्थां पूजयेद्देवीं पुस्तकस्थां तथैव च।
स्थण्डिलस्थां महामायां पादुकाप्रतिमासु च।।३२।।

चित्रिते त्रिदिनेनाथ जलस्थां वाऽपि पूजयेत्।

पुरश्चरण काल में इष्टदेवता का पूजन अनिवार्य है। यदि पूजन यन्त्र न हो तो शिवलिंग में, शालिग्राम में, प्रतिमा में, पुस्तक में, चित्र में, स्थण्डिल में अथवा जल में देवी की पूजा की जाय॥३२॥

[खड्गादीनां विशेषः]

पञ्चाशदङ्गुलं खड्गं त्रिशिखञ्च त्रिशूलकम्।।३३।।
शिलायां पर्वतस्याग्रे तथा पर्वतगह्वरे।
देवीं सम्पूजयेन्नित्यं भक्तिप्रभासमन्वितः।।३४।।

पर्वत की चोटी या पर्वत की कन्दरा का आश्रय लेकर पुरश्चरण किया जा रहा है तो पचास अंगुल के खड्ग में, तीन शिखा वाले त्रिशूल में देवी की पूजा भक्तिभाव से की जाय॥३३-३४॥

[देशविशेषे देवीपूजाफलम्]

वाराणस्यां कृता पूजा सम्पूर्णफलदायिनी।
ततश्चतुर्गुणा प्रोक्ता पुरुषोत्तमसन्निधौ।।३५।।
ततोऽपि द्विगुणा पूजा द्वारवत्यां विशेषतः।
सर्वक्षेत्रेषु पीठेषु पूजा द्वारवतीसमा।।३६।।
विन्ध्ये शतगुणा प्रोक्ता गङ्गायामपि तत्समा।
आर्यावर्त्ते मध्यदेशे ब्रह्मावर्त्ते तथैव च।।३७।।
विन्ध्ये च फलदा पूजा प्रयागे पुष्करे तथा।
ततश्चतुर्गुणा प्रोक्ता करतोयानदीजले।।३८।।

वाराणसी में पूजा का सम्पूर्ण फल मिलता है। पुरुषोत्तम क्षेत्र (पुरी) में उससे चारगुना, द्वारवती (द्वारिका) में तथा अन्य क्षेत्रों तथा पीठों में दोगुना, विन्ध्य क्षेत्र में सौगुना, गंगा क्षेत्र में, आर्यावर्त, मध्य देश तथा ब्रह्मावर्त में, प्रयाग में, पुष्कर में, विन्ध्य क्षेत्र के बराबर तथा करतोया नदी के जल में उससे भी अधिक चारगुना फल मिलता है॥३५-३८॥

तस्माच्चतुर्गुणा प्रोक्ता नन्दिकेश्वरसन्निधौ।
ततः सिद्धेश्वरीयोनौ तस्माद् द्विगुणसिद्धिदा।।३९।।
ततश्चतुर्गुणा प्रोक्ता लौहित्यनदकुण्डके।
तत्समा कामरूपेण सर्वत्रैव जले स्थले।।४०।।
सर्वश्रेष्ठो यथा विष्णुर्लक्ष्मीः सर्वोत्तमा यथा।
देवीपूजा तथा शस्ता कामरूपे सुरालये।।४१।।

देवीक्षेत्रं कामरूपं विद्यते न हि तत्समम्।
अन्यत्र विरला देवी कामरूपे गृहे गृहे।।४२।।
ततः शतगुणं प्रोक्तं नीलकूटस्य मण्डलम्।
ततोऽपि द्विगुणं प्रोक्तं हैरके शिवलिङ्गके।।४३।।
ततः शतगुणं प्रोक्तं कामाख्यायोनिमण्डले।
कामाख्यायां महामाया-पूजां यः कृतवान् सकृत्।।४४।।
स चेह लभते कामान् परत्र शिवरूपताम्।
न तस्य सदृशोऽप्यस्ति कृति तस्य न विद्यते।
वामकेश्वरतन्त्रेषु प्रभुणोक्तमिदं मतम्।।४५।।

उससे चारगुना अधिक नन्दिकेश्वर क्षेत्र में, उससे दोगुना सिद्धीश्वरी योनि क्षेत्र में तथा उससे चारगुना अधिक फल लौहित्यनद (ब्रह्मपुत्र) क्षेत्र में मिलता है। कामरूप क्षेत्र में जल या स्थल में सर्वत्र इतना ही पूजाफल मिलता है। जिस तरह सभी देवताओं में विष्णु और लक्ष्मी श्रेष्ठ हैं, उसी तरह देवीपूजा के लिये कामरूप सर्वश्रेष्ठ स्थान हैं। अन्य देशों में तो कुछ विरले स्थानों में ही देवी का तेजोरूप प्रतिष्ठित है; लेकिन कामरूप में तो घर-घर में वे विद्यमान हैं। इसीलिये नीलकूट मण्डल को अन्य स्थानों से सौगुना प्रशस्त माना गया है। हैरक शिवलिंग क्षेत्र नीलकूट से दोगुना तथा कामाख्या योनिमण्डल उससे भी सौगुना श्रेष्ठ पूजास्थान है। जिसने एक बार भी कामाख्या धाम में महामाया की पूजा कर ली, समझो उसने सब कुछ पा लिया। ऐसे साधक शिवरूप हो जाते हैं और उनके सदृश और कोई अन्य नहीं होता। वामकेश्वर तन्त्र में स्वयं भगवान् शिव ने ऐसा कहा है।।३९-४५।।

[पुरश्चरणविधिः]

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि विधानमत्र यद्भवेत्।

यह प्रतिज्ञावाक्य है। पुरश्चरण-सम्बन्धी सामान्य निर्देशों का उल्लेख करने के बाद अब पुरश्चरण-विधि का निरूपण किया जा रहा है। सर्वप्रथम भूमि-संस्कार, कीलरोपण और कूर्मचक्र-विधान बताने के बाद आसन और मालासंस्कार बताया गया है।

[भूमिसंस्कारे कीलकस्थापनम्]

अष्टौ च कीलकान् कुर्यादभीष्टस्सहितान् पुनः।।४६।।
मूलमन्त्रास्त्रमन्त्रेण प्रत्येकं शतमष्ट च।
अभिमन्त्र्य अष्टदिक्षु भूमौ तान् विलिखेत् सुधीः।।४७।।

अष्टौ च कीलकानिति। कीलकारोपणमुक्तं पुरश्चरणबोधिनीधृतनिबन्धे—

क्षीरिवृक्षोद्भवान् कीलानस्त्रमन्त्राभिमन्त्रितान्।
निखनेद् दशदिग्भागे तेष्वस्त्रञ्च प्रपूजयेत्।।
क्षेत्रे च कीलिते मन्त्री न विघ्नैः परिभूयते।।

कीलकारोपणे निषिद्धस्थानमुक्तं कालीकुलामृते षष्ठपटले—

महातीर्थे शून्यगेहे देवतायतनेऽपि वा।
न कीलकान् खनेत् तत्र जपमात्रेण सिद्ध्यति।। इति।

विशेषस्तु निबन्धे—

सुदर्शनास्त्रं संजप्य चाष्टोत्तरशतं ततः।
वेदिकादशदिग्भागे तान् कीलान् निखनेत् क्रमात्।।
ॐ ये चात्र विघ्नकर्त्तारो भुवि दिव्यन्तरिक्षगाः।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये मम मन्त्रस्य सिद्धिषु।।
ममैतत् कीलितं क्षेत्रं परित्यज्य विदूरतः।
अपसर्पन्तु ते सर्वे निर्विघ्नं सिद्धिरस्तु मे।।
अनेन निखनेत् कीलांस्तेषु लोकेश्वरान् यजेत्। इति।

पुरश्चरण के लिये भूमि का चयन करने के उपरान्त वहाँ आठों दिशाओं और विदिशाओं में क्षीरिवृक्ष से बनी हुई आठ कीलें भूमि में गाड़ें। भूमि में गाड़ने के पूर्व इनमें से प्रत्येक कील को मूलमन्त्र और अस्त्र मन्त्र का १०८ बार जप करके अभिमन्त्रित करना चाहिये।।४६-४७।।

[कीलेषु दिक्पतिपूजनम्]

तेषु कीलेषु पूर्वादिक्रमतो दिक्पतीनपि।
अष्टौ सम्पूज्य गन्धाद्यैः कदलीमोदकादिभिः।।४८।।

इन कीलों पर पूर्वादि क्रम से इन्द्र आदि दिक्पालों की गन्ध-पुष्प-कदली तथा मोदक से यथाविधि पूजन करके बलि प्रदान करें।।४८।।

[दिक्पतिभ्यो बलिदानं वास्तुदेवतापूजनञ्च]

बलिं तेभ्योऽथवा दत्त्वा पूजयेद् वास्तुदेवताम्।
क्षेत्रे च कीलिते मन्त्री न विघ्नैः परिभूयते।।४९।।

अथवा वास्तुदेवता की यथाविधि पूजा करें। दिक्पालों और वास्तु देवता की पूजा करने से पुरश्चरण क्षेत्र में विघ्नों का प्रवेश नहीं होता।।४९।।

[क्षेत्रपालादीनां पूजा]

क्षेत्रपालं गणेशञ्च वटुकं योगिनीं तथा।
पूजयेद् गन्धपुष्पाद्यैस्ततः क्षेत्रं समाश्रयेत्।।५०।।

दिक्पालों का पूजन करने के बाद वहाँ क्षेत्रपाल, गणेश, बटुक और योगिनियों की विधिवत् पूजा करने के बाद क्षेत्र का आश्रय लेना चाहिए।।५०।।

विमर्श—प्रयाग आदि महातीर्थ में, शून्य गृह में, देवालय में कील गाड़ने की आवश्यकता नहीं होती।

[कूर्मचक्रलिखनम्]

क्षेत्रमध्यं समाश्रित्य कूर्मचक्रं लिखेत् सुधीः।
दीपस्थां गुटिकां कुर्यात् सितपत्रनिवारिणीम्।।५१।।

क्षेत्रमध्यमिति। कूर्मचक्रप्रमाणमुक्तं पुरश्चरणबोधिनीधृतनिबन्धे—

यत्र ग्रामे जपेन्मन्त्री तत्र कूर्मं विचिन्तयेत्।
दीपस्थानं समासाद्य कृतं कर्म फलप्रदम्।।

दीपस्थानं यथा गौतमीये—

दीपस्थानं द्विधा प्रोक्तं मुखं पृष्ठञ्च मन्त्रिणः।
दीपस्थाने भवेत् सिद्धिर्नान्यथा कोटिजापनैः।।

निबन्धे—

चतुरस्रं भुवं भित्वा कोष्ठानां नवकं लिखेत्।

कूर्मचक्रनिषेधस्थानमुक्तं गौतमीये—

पर्वते सिन्धुतीरे वा पुण्यारण्ये नदीतटे।
यदि कुर्यात् पुरश्चर्यां तत्र कूर्मं न चिन्तयेत्।।

वैशम्पायनसंहितायाम्—

पुण्यक्षेत्रं गृही तीर्थं देवतायतनं शुभम्।
विल्वमूलं समुद्रश्च वनमुद्यानमेव च।।
एषु स्थानेषु विप्रेन्द्र कूर्ममुद्रां न चिन्तयेत्।। इति।

कूर्मचक्रं यथा—

पूर्वकोष्ठानि विलिखेत् सप्तवर्गाननुक्रमात्।
लक्ष्मीशे मध्यकोष्ठे स्वरान् युग्मक्रमांल्लिखेत्।
दिक्षु पूर्वादितो यत्र ग्रामाद्यक्षरसंस्थितिः।।
मुखं तत् तस्य जानीयाद्धस्तावुभयतः स्थितौ।
कोष्ठे कुक्षी उभे पादौ द्वे शिष्टं पुच्छमीरितम्।
क्रमेणानेन विभजेन्मध्यस्थमपि भागतः।।
मुखस्थो लभते सिद्धिं करस्थः स्वल्पजीवनः।
उदासीनः कुक्षिसंस्थः पादस्थो दुःखमाप्नुयात्।।

पुच्छस्थः पीड्यते मन्त्री बन्धनोच्चाटनादिभिः।
कूर्मचक्रमिदं प्रोक्तं मन्त्रिणां सिद्धिदायकम्।।

पिङ्गलायाम्—

कूर्मचक्रमविज्ञाय यः कुर्याद् जपयज्ञकम्।
तस्य यज्ञफलं नास्ति सर्वानर्थाय कल्पते।।


क ख ग घ ङ
ळ क्ष
च छ
ज झ ञ
अं अः अ आ इ ई
श ष
स ह
ओ औ उ ऊ
ट ठ
ड ढ ण
ए ऐ ऌ ॡ ऋ ॠ
य र
ल व
प फ ब भ म
त थ
दधन

यद्यपि ग्रन्थकृता पूर्णानन्देन तृतीयप्रकाशे कूर्मचक्रमभिहितम्, तथाप्यत्र प्रकारविशेषो वर्तते। तन्त्रसारे पुरश्चरणबोधिन्यां चेति टिप्पण्यां पुनरुल्लिख्यते।

क्षेत्र ग्रहण करने के बाद वहाँ विधिवत् कूर्मचक्र बनाकर दीपस्थान में दीपक रखें।।५१।।

विमर्श—पर्वत पर, नदी या सागरतट या वन में कूर्मचक्र नहीं बनायें।

[एवं पूर्वदिने भूमेः संस्कारः]

इति भूमेस्तु संस्कारं कुर्यात् पूर्वदिने सुधीः।

इस प्रकार पहिले दिन भूमि का संस्कार करना चाहिये।

[आरम्भदिने प्रातःकृत्यादि]

अथ प्रातः समुत्थाय कृतनित्यक्रियः शुचिः।।५२।।
रजोभिर्धूपदीपाद्यैः कल्पयेन्मण्डलोज्ज्वलम्।
कृत्वा कल्पोक्तविधिना पूजयेत् परमेश्वरीम्।।५३।।

दूसरे दिन प्रातःकाल में नित्य-क्रिया के पश्चात् कल्प में बताये गये अनुसार मण्डल बनाकर धूप, दीप तथा नैवेद्य आदि से परमेश्वरी का पूजन करें।।५२-५३।।

[जपे उपवेशनादिप्रकारः]

पद्मासनः प्राग्वदनोऽप्रलापी
शुद्धेन्द्रियस्तर्जनिवर्जिताभिः ।
अक्षस्रजात्माङ्गुलिभिर्यजेत्तां
नातिद्रुतं नातिविलम्बितञ्च।।५४।।

शुद्ध-इन्द्रिय साधक पद्मासन से बैठकर किसी से बातचीत न करते हुए न बहुत तीव्र और न ही विलम्बित गति से मन्त्र का जप करे। मन्त्रजप करते समय तर्जनी अंगुलि का माला से स्पर्श नहीं होना चाहिए।।५४।।

[प्रतिदिनजपसंख्या]

यावत्संख्यं जपेदह्नि पूर्वस्यां तावदेव तु।
दिनान्तरेऽपि प्रजपेदन्यथा सिद्धिरोधकृत्।।५५।।

पुरश्चरण के पहिले दिन दोपहर तक जितना जप हुआ है, उतना ही जप अन्य दिनों में किया जाय। जपसंख्या में कमी-वृद्धि से सिद्धि की हानि होती है।।५५।।

[शिवप्रतिमादिसन्निधौ जपोपदेशः]

शिवस्य सन्निधाने वा सूर्याग्न्योश्च गुरोरपि।
दीपस्य ज्वलितस्यापि जपकर्म समारभेत्।।५६।।

मन्त्रजप भगवान् शिव, सूर्य, अग्नि, गुरु अथवा प्रदीप्त दीपक के सन्निधान में करना चाहिये।।५६।।

[प्रातरारभ्य मध्याह्नपर्यन्तं जपः कर्त्तव्यः]

प्रातरारभ्य मन्त्रज्ञो जपेन्मध्यन्दिनावधि।

जप के लिये सूर्योदय से मध्याह्न काल तक का समय प्रशस्त होता है।

[जपे आसननिर्णयः]

अथासनं प्रवक्ष्यामि येन सिद्धिर्भवेत् किल।।५७।।
कुशासने ज्ञानसिद्धिः श्रीकामो व्याघ्रचर्मणि।
ऊर्णासने दुःखहानिः कम्बले सर्वसिद्धयः।।५८।।

अथासनमित्यादि। आसने विशेष उक्तः पुरश्चरणबोधिन्यां हंसमाहेश्वरे—

कम्बलं कोमलं कौशं दारवं कर्मसाधनम्।
एतेषामासनं ग्राह्यं चर्मासनं सुरेश्वरि।।
लोम्नि चैव यदासीनस्तदा सर्वं विनश्यति।
लोमस्पर्शनमात्रेण सिद्धिहानिः प्रजायते।।

तथाच निर्लोमचर्मासनं कार्यमित्यर्थः।

काम्यार्थं कम्बलञ्चैव श्रेष्ठञ्च रक्तकम्बलम्।
कृष्णाजिने ज्ञानसिद्धिर्मोक्षं श्रीव्याघ्रचर्मणि।
कुशासने मन्त्रसिद्धिर्नात्र कार्या विचारणा।।
धरण्यां दुःखसम्भूतिर्दौर्भाग्यं दारुजासने।
वंशासने दरिद्रः स्यात् पाषाणे व्याधिपीडनम्।।
तृणासने यशोहानिः पल्लवे चित्तविभ्रमः।
जपध्यानतपोहानिं वस्त्रासनं करोति हि।।

तत्र वस्त्रासनं केवलमेव निषिद्धं, 'वस्त्रासनं रोगहरमि'त्यादिना विशिष्टस्य फलजनकत्वाभिधानात्, 'चेलाजिनकुशोत्तरमि'ति भगवद्वचनाच्च। अत्र सर्वाधः कुशासनं तदुपरि चर्म, तदुपरि वस्त्रम्—

ततस्तु साधको नित्यं सर्वाधः कौशमासनम्।
अजिनं स्थापयंस्तत्र कुर्याद् वस्त्रावृतं द्वयम्।।

इति रत्नगर्भधृततन्त्रार्णवात्। एवं दारुजासनं केवलमेव निषिद्धम्, कुशादिसमभिव्याहारेण तु विहितम्, 'दारवं कर्मसाधन'मित्येकवाक्यत्वादिति बोध्यम्। अथवा काष्ठासननिषेध आम्रादिकाष्ठविषयः, विधिस्तु गाम्भार्यादिपरः। ताराभक्तिसुधार्णवे च—

तृणपल्लवकाष्ठानि पाषाणं मृन्मयं तथा।
वंशासनञ्च वस्त्रञ्च केवलं क्षितिमासनम्।।
एवमष्टविधं देवि चासनं परिवर्जयेत्।। इति।

ब्रह्मयामलवचनमपि तत्परं व्याख्येयम्। गौतमीयेऽपि—

तथा मृद्वासने मन्त्री पटाजिनकुशोत्तरे। इति।

योगिनीहृदये—

नादीक्षितो विशेज्जातु कृष्णसाराजिने गृही।
विशेद् यतिर्वनस्थश्च ब्रह्मचारी च भिक्षुकः।।

त्रिपुरामहार्णवे—

'न भूमौ व्यजने पत्रे', न वसेदित्यादिः।

कौलिकानामासनविशेषस्तु ताराभक्तिसुधार्णवधृतमत्स्यसूक्ते—

मृदु कम्बलमासीनोऽप्यन्येषु कोमलेषु वा।
विष्टरे वा सुखासीनः साधयेत् सिद्धिमुत्तमाम्।। इति।

अब विभिन्न प्रकार के आसनों का फल बता रहे हैं। कुशासन पर बैठकर जप करने से ज्ञान-सिद्धि, व्याघ्रचर्म के आसन पर बैठकर जप करने से श्री-प्राप्ति, ऊन के आसन से दुःखों की हानि और कम्बल के आसन से सर्वसिद्धि होती है।।५७-५८।।

श्वेतं वा रक्तवसनं स्वासनाय प्रकल्पयेत्।

लाल और श्वेत दोनों ही रंग के कम्बल आसन के लिये ग्राह्य होते हैं।

[यतिब्रह्मचारिणोर्विशेषः]

विशेद् यतिर्ब्रह्मचारी कृष्णसाराजिने सदा।।५९।।

यति (संन्यासी) तथा ब्रह्मचारी को काले मृग के चर्मासन पर बैठकर साधना करनी चाहिए।।५९।।

[आसनपरिमाणम्]

एकहस्तं द्विहस्तं वा चतुरङ्गुलमुच्छ्रितम्।
स्वस्तिके वाथ पद्मे वा विशेत्तत्र निराकुलम्।।६०।।

जप का आसन एक या दो हाथ लम्बा-चौड़ा तथा चार अंगुल तक ऊँचा होना चाहिए। इस आसन पर स्वस्तिकासन या पद्मासन से बैठकर जप करना चाहिए।।६०।।

[भूम्याद्यासनानां फलवैशिष्ट्यम्]

भूमौ भूपभयं कुलक्षयकरं वंशासने रोगदम्
काष्ठञ्चैव तथासनं प्रकुरुते शैलं महादुःखदम्।
पत्रं दुःखकरं जलं भयकरं तन्तुश्च विद्वेषणम्
मेषं क्रै(त्रै)भृमिकमासनादि सकलं मोक्षादिसिद्धिप्रदम्।।६१।।

नंगी जमीन पर बैठकर जप करने से राजभय तथा कुलक्षय होता है। बाँस और लकड़ी के आसनों का भी ऐसा ही फल होता है। पत्थर के आसन से महादुःख, पत्तों के आसन से जलभय तथा तांत के आसन से विद्वेषण होता है। भेंड़ के चर्म का आसन सिद्धि और मुक्तिप्रद होता है॥६१॥

[अभिचारादिकर्मस्वासनविशेषः]

अभिचारे कृष्णरक्तं वश्यादिसर्वकर्मणि।
शान्तिके धवलः प्रोक्तः सर्वार्थश्चित्रकम्बले।।६२।।

अभिचार (मारण-उच्चाटन-विद्वेषण) कर्मों के लिये काले रंग का तथा वशीकरण आदि (मोहन, आकर्षण, वशीकरण) के लिये लाल रंग का कम्बलासन प्रशस्त है। मिले-जुले चितकबरे रंग का कम्बलासन सभी कार्यों के लिये प्रशस्त है॥६२॥

विमर्श—विविध प्रकार के आसनों तथा उन पर बैठकर साधना करने के शुभ और अशुभ फलों का निरूपण ग्रन्थ की संस्कृत टीका में किया गया है, जो सर्वथा बोधगम्य है। आसन के बाद अब मालाओं का निरूपण किया जा रहा है—

[मालानिरूपणम्]

अथ मालाविधानञ्च प्रवक्ष्यामि समासतः।
अकारादिक्षकारान्ता वर्णमाला प्रकीर्तिता।।६३।।

अक्षमाला—अब मैं संक्षेप में माला-विधान बता रहा हूँ। 'अ'कार से 'क्ष'कार-पर्यन्त अक्षरों की माला को 'वर्णमाला' कहते हैं। 'अ'कार इस माला का प्रथम मनका और 'क्ष'कार इसका सुमेरु कहा गया है॥६३॥

[सबिन्दुवर्णोच्चारणानन्तरं मन्त्रजपनिरूपणम्]

सबिन्दुवर्णमुच्चार्य पश्चान्मन्त्रं जपेत् सुधीः।

[मालामेरुनिरूपणम्]

अनुलोमविलोमेन क्षकारो मेरुरुच्यते।।६४।।

बिन्दुयुक्त एक-एक वर्ण की यथाक्रम मन्त्र के साथ अनुलोम और विलोम क्रम से योजना करके मन्त्र का जप करना चाहिए॥६४॥

[मालाविशेष-फल-निरूपणम्]

अथ मुक्ताफलमयी चतुर्वर्गप्रदायिनी।
वाक्सिद्धिश्च तथा माला स्फाटिकेन चरेत् किल।।६५।।
रक्ताऽक्षमालिका मोक्षे भवेत् सर्वसमृद्धिदा।
प्रबालमाला वश्ये तु सर्वकामार्थसिद्धिदा।
पुत्रजीवकमाला तु लक्ष्मी-विद्याप्रदायिनी।।६६।।

क्रमाख्या मालया लक्ष्मीर्जायते सुमहीयसी।
रक्तचन्दनमाला तु वश्या सौभाग्यदा भवेत्।।६७।।
सौवर्णरौप्यघटिता माला कामान् प्रयच्छति।
निर्मिता शङ्खमणिभिः कुरुते कीर्त्तिमव्ययाम्।
सर्वैरेभिर्विरचिता माला स्यान्मुक्तये नृणाम्।।६८।।

मोतियों की माला से चतुर्वर्ग की सिद्धि होती है। स्फटिक की माला से वाक्-सिद्धि, रक्ताक्षमाला से मोक्ष एवं समृद्धि, प्रवालमाला से वशीकरण, पुत्रजीवा की माला से सभी कामनाओं की सिद्धि, कमलगट्टे की माला लक्ष्मी-प्रदायिनी, रक्तचन्दन की माला से वशीकरण और सौभाग्यप्राप्ति तथा स्वर्ण और रजत् माला से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। शंख की माला से यश और ऐश्वर्य मिलता है। इन सभी मणियों की माला का प्रयोग मोक्ष-लाभ के लिये किया जा सकता है।।६५-६८।।

[मालायां संख्यानिरूपणम्]

पञ्चविंशतिभिर्बीजैर्माला मोक्षं प्रकल्पयेत् ।
सप्तविंशतिभिः पुष्टौ त्रिंशद्भिर्मोक्षकर्मणि।।६९।।
त्रिंशद्भिः पञ्चपूर्वाभिरभिचारे च कर्मणि।
पञ्चाशद्भिश्च या माला सर्वकर्मणि सा शुभा।।७०।।
चतुराद्या भवेत् सा तु सर्वकर्मफलप्रदा।
अष्टोत्तरशतैः सर्वसिद्धिः स्यादपवर्गदा।।७१।।

त्रिंशद्भिरिति। अभिचारकर्मणि पञ्चत्रिंशद्भिर्जपः कार्यः चतुःपञ्चाशत्संख्याका माला सर्वकर्मफलप्रदा भवतीत्यर्थः।

मोक्ष-लाभ के लिये पच्चीस अथवा तीस मनकों की, पुष्टिकार्य के लिये सत्ताईस मनकों की, अभिचार कर्म के लिये पैंतीस (३५) मनकों की माला प्रशस्त है। पचास और चौवन मनकों की माला सर्वसिद्धिदायिनी होती है एक सौ आठ मनकों की माला अपवर्ग-दायिनी कही गई है।।६९-७१।।

[काश्यां सिद्धिदोषकथनम्]

काश्यामेव महादोषा न तु सिध्यन्ति साधकाः।

[सूत्रवर्णकथनम्]

शुक्लं रक्तं तथा कृष्णं शान्तिवश्याभिचारके।।७२।।

[सूत्र-सम्पातनम्]

सूत्रं सम्पातयेद् विद्वान् पट्टसूत्रमथापि वा।

[सूत्र-तन्तु-विशेषेण मालाविशेषग्रन्थनम्]

कार्पासैर्वैष्णवी माला पद्मसूत्रैरथापि वा।।७३।।
ऊर्णाभिर्वा फलैर्वापि शैवी माला प्रकीर्त्तिता।

इससे अधिक मनकों की माला से साधकों को सिद्धि नहीं मिलती। शान्ति-कर्म के लिये माला सफेद रंग के धागे में, वशीकरण आदि के लिये लाल रंग के धागे में और अभिचार कर्म के लिये माला काले रंग के धागे में गूँथी जाय। वैष्णवी माला कपास के धागे में अथवा पद्मसूत्र में तथा शैवी ऊनी सूत में पिरोई जाय।।७२-७३।।

[कल्पोक्तसंख्यया जपकथनम्]

गृहीत्वा संस्कृतां मालां चन्दनेन प्रपूजिताम्।।७४।।
समाश्रित्य जपेद् विद्वान् कल्पमानेन साधकः।

धूप-चन्दन आदि से अर्चिता तथा यथाविधि संस्कार की गई माला से विद्वान् साधक अपने कल्प में बतायी गई संख्या के अनुसार मन्त्र का जप करे। तात्पर्य यह कि जिस मन्त्र के पुरश्चरण के लिये जितने हजार या जितने लाख जप का विधान बताया गया है, उतना जप करे।।७४।।

[होमसंख्यानियमः]

सम्पूर्णेन प्रजप्त्वा वै जपसंख्यादशांशतः।।७५।।
यद्वा जपचतुर्थांशं स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चरन्।
यथोक्तकुण्डे जुहुयाद् यथाविधि विधानतः।।७६।।

[अत्र प्रकारान्तरम्]

अथवा पूजयेज्जप्त्वा जुहुयात्तद्दशांशतः।

सम्पूर्णेनेति। तथाच तत्तत्कल्पोक्तपूर्णसंख्यावधिकमन्त्रजपानन्तरं तद्दशांशं तच्चतुर्थांशं वा स्वाहान्तं मन्त्रमुच्चार्य पूर्वपटलोक्तलक्षणकुण्डे जुहुयात्।

शाक्तानन्दतरङ्गिण्याञ्च—

स्वकल्पोक्तक्रमेणैव जपं कृत्वा वरानने।
होमयेत् तद्दशांशेन तद्दशांशेन तर्पणम्।।

इत्याद्युक्तम्। निबन्धे अष्टादशपटले च–

जपान्ते प्रत्यहं मन्त्री होमयेत् तद्दशांशतः।
तर्पणञ्चाभिषेकञ्च तत्तद्दशांशतः प्रिये।
प्रत्यहं भोजयेद् विप्रान् न्यूनाधिकप्रशान्तये।।
अथवा सर्वसम्पूर्त्तौ होमादिकमथाचरेत्।।

पुरश्चरणचन्द्रिकायाम्—

अथवा लक्षसंख्यायाः सम्पूर्त्तौ होममाचरेत्।
किंवा यस्य जपो यावांस्तत्पूर्त्तौ होममाचरेत्।। इति।

जप का क्रम पूर्ण हो जाने के बाद सुसंस्कृत कुण्ड में विधि-विधान के साथ स्वाहान्त मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए जप-संख्या का दशांश अथवा चतुर्थांश हवन करें।।७५-७६।।

स्वाहान्त मूलमन्त्र का अर्थ है—मूल मन्त्र के अन्त में 'स्वाहा' की योजना करें।

[तर्पणकथनम्]

ततो होमदशांशेन जले सम्पूज्य देवताम्।।७७।।
सायुधपरिवारान्तां देवीं सलिलमध्यगाम्।
तर्पयामीति मन्त्रेण तर्पयेद्देवतामुखे।।७८।।

हवन का क्रम पूर्ण हो जाने पर आयुधों तथा परिवारदेवताओं-सहित इष्ट-देवता का जल में यथाविधि पूजन करके 'तर्पयामि नमः' इस मन्त्र से देवता के मुख में हवन का दशांश तर्पण करें।।७७-७८।।

तर्पणमन्त्र—मूल मन्त्र + अमुकदेवतां तर्पयामि नमः।

[तर्पणे वस्तुनियमः]

तर्पयेत् कुसुमैः सर्वैः सर्वापत्परिशान्तये।
घृतैः पूर्णायुषः सिद्ध्यै क्षौद्रैः सौभाग्यसिद्धये।।७९।।
दुग्धैरारोग्यसंसिद्ध्यै त्रिभिरैश्वर्यसिद्धये।
नारिकेलोदकैः प्रीत्यै हिमतोयैर्नृपाप्तये।
सर्वार्थसिद्धये तोयैरभिषिञ्चेज्जगन्मयीम्।।८०।।

आपदाओं की शान्ति के लिये फूलों से (फूलयुक्त जल से), पूर्ण आयु के लिये घी से, सौभाग्यसिद्धि के लिये शहद से, प्रीति के लिये नारियल पानी से, राज्यकृपा पाने के लिये बर्फ के पानी से एवं सर्वार्थसिद्धि-हेतु शुद्ध जल से तर्पण करें।।७९-८०।।

[अभिषेकनिरूपणम्]

तर्पणस्य दशांशेन नमोऽन्ते मूलमुच्चरन्।
अभिषिञ्चेत् स्वमूर्द्धानं जलैः कुम्भाख्यमुद्रया।।८१।।

तर्पण का क्रम पूर्ण हो जाने पर नमो अन्त मूल मन्त्र से अपने सिर पर कुम्भ-मुद्रा से तर्पण का दशांश अभिषेक करें।।८१।।

[ब्राह्मणभोजननिरूपणम्]

मार्जनस्य दशांशेन कुर्याद् ब्राह्मणभोजनम्।।८२।।

मार्जन (अभिषेक) का दशांश ब्राह्मणभोजन कराना चाहिये।।८२।।

[प्रकारान्तरेणाङ्गनिरूपणम्]

अथवाऽन्यप्रकारेण मन्त्रजापी सुखं व्रजेत्।
पूजा त्रैकालिकी नित्यं जपस्तर्पणमेव च।
होमो ब्राह्मणभुक्तिश्च जपाङ्गेयं पुरस्क्रिया।।८३।।

इसका दूसरा विकल्प यह है कि मन्त्र-जापक प्रतिदिन प्रात:-मध्याह्न और सन्ध्या—इन तीनों कालों में देवता का यथाविधि पूजन, मन्त्रजप, तर्पण, होम और ब्राह्मण-भोजन कराये। इस प्रकार वह पुरश्चरण के पाँचों अंगों का नित्यप्रति सम्पादन करे।।८३।।

[होमाद्यशक्तौ तत्तत्संख्याद्विगुणादिजप:]

यद्यदङ्गं विहीयेत तत्संख्याद्विगुणं जपम्।
कुर्वीत त्रिचतु:पञ्चसंख्यया जातिभेदत:।।८४।।

यद्यदङ्गमिति। तथा च ब्राह्मणो होमाशक्तौ होमसंख्याद्विगुणं जपं कुर्यात्, क्षत्रियस्तु त्रिगुणं, वैश्यश्चतुर्गुणं, शूद्र: पञ्चगुणमिति।

जप-होम आदि पुरश्चरण के पाँच अंग हैं। यदि कोई मन्त्रसाधक असमर्थतावश पुरश्चरण के इन पाँचों में से किसी अंग का सम्पादन करने में सक्षम नहीं है तो वह जाति-भेद के अनुसार उस अंग की संख्या से दुगुना, तिगुना, चारगुना अथवा पाँच-गुना जप करे। तात्पर्य यह कि ब्राह्मण दोगुना, क्षत्रिय तीनगुना, वैश्य चारगुना और शूद्र पाँचगुना जप करे।।८४।।

[मन्त्रदुष्टत्वकथनम्]

एकमङ्गं विहीयेत मन्त्रो दुष्टत्वमाप्नुयात्।।८५।।

यदि किसी भी एक अंग का सम्पादन नहीं किया जाय तो वह मन्त्र साधक के साथ दुष्टवत् व्यवहार करता है।।८५।।

[उत्तमभोजनदाने सर्वस्य सफलता]

अन्नैश्च विविधैश्चैव पदार्थै: षड्रसान्वितै:।
सुभोजितेषु सर्वेषु सर्वं हि सफलं भवेत्।।८६।।

विविध प्रकार के अन्न तथा षट्रस भोजन कराने से पुरश्चरण के किसी अंग में यदि कोई न्यूनता रह गई है तो वह पूरी हो जाती है। इससे निष्कर्ष यहं निकलता है मन्त्र-साधक ब्राह्मणों के सन्तोष से मन्त्र भी सन्तुष्ट हो जाता है।।८६।।

[गुरवे दक्षिणादानम्]

गुरवे दक्षिणां दद्याद् यथाविभवपूर्वकम्।।८७।।

पुरश्चरण के पाँचों अंग पूर्ण हो जाने पर मन्त्र-साधक यथाशक्ति दक्षिणा देकर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करे।।८७।।

[ज्ञाति-द्विजपूजा]

ज्ञातीन् द्विजान् परं भक्त्या पूजयेन्मधुमांसकैः।
एवं कृते पुरश्चर्या साधयेदिष्टदेवताम्।।८८।।

यथाविहित संख्या में ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ ही वह अन्य ब्राह्मणों को पूजन-सहित भोजन कराये। अपनी बिरादरी के लोगों को भी मधुर एवं मांसयुक्त भोजन कराकर सन्तुष्ट करे। तात्पर्य यह कि वह किसी को भी असन्तुष्ट नहीं रखे। इस प्रकार पुरश्चरण करके इष्टदेवता की अनुकम्पा प्राप्त करनी चाहिये।।८८।।

[कृतसङ्कल्पस्य पुरश्चरणस्यात्याज्यता]

पुरश्चरणकाले तु यदि स्यान्मृतसूतकम्।
तथाऽपि कृतसङ्कल्पो व्रतं नैव परित्यजेत्।।८९।।

पुरश्चरण प्रारम्भ हो जाने पर यदि परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु के कारण मृत्यु-सूतक हो जाय, तो भी पुरश्चरणकर्ता व्रत का त्याग नहीं करे अर्थात् पुरश्चरण-कार्य जारी रखे।।८९।।

[अकृतसङ्कल्पिनः कृत्यम्]

यदाप्यकृतसङ्कल्पी नित्यनैमित्तिके स्थितः।
स्नात्वा नित्यन्तु निर्वर्त्त्यमानस्य(?) क्रिययातु वै।।९०।।
बाह्यपूजाक्रमेणैव ध्यानयोगेन पूजयेत्।

पुरश्चरण-काल से भिन्न अन्य सामान्य दिनों में जनन या मरण की स्थिति में मन्त्र के नित्य-नैमित्तिक साधक को स्नान के बाद बहिरंग पूजन के क्रम से केवल ध्यानयोग से (अर्थात् मानस) पूजन करना चाहिए।।९०।।

[मानसजपे दोषाभावः]

न दोषो मानसे जप्ये सर्वदेशेऽपि सर्वदा।।९१।।

मानस-पूजन और मानसिक जप में कोई दोष या प्रत्यवाय नहीं हैं।।९१।।

[जपस्य श्रेष्ठत्वम्]

जपनिष्ठो द्विजश्रेष्ठः सर्वयज्ञफलं लभेत्।
सर्वेषामेव यज्ञानां जपयज्ञः प्रशस्यते।।९२।।

मन्त्र का नित्यप्रति यथानियम जप करने वाला द्विज ही श्रेष्ठ द्विज है। ऐसे ही श्रेष्ठ द्विज को सभी यज्ञों का फल मिलता है। इसीलिये सभी यज्ञों में 'जपयज्ञ' को सर्वश्रेष्ठ यज्ञ कहा है॥९२॥

[पुरश्चरणान्मन्त्रासिद्धौ उपायान्तरकथनम्]

एवमनुष्ठितो मन्त्रो यदि सिद्धो न जायते।
उपायास्तत्र कर्त्तव्याः सन्तु शङ्करभाषिताः॥९३॥

इस प्रकार पुरश्चरण का अनुष्ठान करने पर भी यदि मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो उसे सिद्ध करने के लिये भगवान् शिव द्वारा बताये गये अन्य प्रयोग करने चाहिये। इन कार्यों से मन्त्र अवश्यमेव सिद्ध होता है॥९३॥

[द्रावणादीनामुद्देशः]

द्रावणं रोधनं वश्यं पीडनं पोषशोषणे।
दहनान्तं पुनः कुर्यात्ततः सिद्धो भवेद् ध्रुवम्॥९४॥

सात उपाय—भगवान् शिव द्वारा बताये गये ये सात उपाय हैं—(१) द्रावण, (२) रोधन, (३) वशीकरण, (४) पीड़न, (५) पोषण, (६) शोषण और (७) दहन। इन सात उपायों से मन्त्र अवश्यमेव सिद्ध हो जाता है॥९४॥

[द्रावणकथनम्]

द्रावणं वारुणे बीजे ग्रथिते क्रमयोगतः।
तन्मन्त्रयन्त्रमालिख्य सिह्लकर्पूरकुङ्कुमैः॥९५॥
उशीरचन्दनाभ्यान्तु मन्त्रं संलिखितं लिखेत्।
क्षीराज्यमधुतोयानां मध्ये तल्लिखितं भवेत्॥९६॥
पूजनाज्जपनाद्धोमाद् द्रावितः सिद्धिदो भवेत्।

द्रावणमिति। वारुणं बीजम् 'वं' इति। सिह्लः, यावनः, 'तुरुष्कः पिण्डकः सिह्लो यावन' इत्यमरः। लोहवान् इति ख्यातः।

द्रावण—मन्त्र के अक्षरों को यथाक्रम वरुणबीज (वं) से ग्रथित करके लोहबान, कपूर, कुंकुम, उशीर, चन्दन से लिखकर उसे दूध-घी-शहद और पानी में डालकर रख दें। फिर उसकी पूजा, जप और हवन करें। इससे द्रवित होकर मन्त्र सिद्धिप्रद हो जाता है॥९५-९६॥

[रोधनकथनम्]

द्रावितोऽपि न सिद्धश्चेद्रोधनं तस्य कारयेत्॥९७॥
सारस्वतेन बीजेन सम्पुटीकृत्य सञ्जपेत्।

सारस्वतेनेति। ऐँ इति बीजं मन्त्रस्यादावन्ते च संयोज्य जपेदित्यर्थः।

रोधन—यदि द्रावण क्रिया से मन्त्र सिद्ध नहीं होते तो रोधन क्रिया करें। सारस्वतबीज 'ऐं' से सम्पुटित करके मन्त्र का जप करना रोधन क्रिया है॥९७॥

[वश्यकथनम्]

एवं रुद्धो भवेत् सिद्धो नो चेत्तद्वश्यमाचरेत्।।९८।।
अलक्तं चन्दनं कुष्ठं हरिद्रामदसिह्लकम्।
एतैः स्वमन्त्रमालिख्य भूर्जपत्रे सुशोभने।
धार्यं कण्ठे भवेत् सिद्धो न चेत्तत् पीडनं चरेत्।।९९।।

वशीकरण—यदि रोधन उपाय से भी मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो 'वशीकरण' करें अर्थात् आलता, लाल चन्दन, कूट, हलदी, धतूरे के बीज (मद) तथा मैनसिल के द्रव से मन्त्र को भोजपत्र पर लिखकर उसे कण्ठ में धारण करें। यदि वशीकरण से मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो पीडन का प्रयोग करें॥९८-९९॥

[पीडनकथनम्]

अधरोत्तरयोगेण पदानि परिजप्य च।
ध्यायेत् स्वदेवतां तद्वदधरोत्तररूपिणीम्।।१००।।
विद्यामादित्यदुग्धेन लिखित्वा क्रमतः सुधीः।
तथाभूतेन मन्त्रेण होमः कार्यो दिने दिने।।१०१।।

पीडन—अधरोत्तर योग से अर्थात् मन्त्र के साथ 'एं ऐं' की योजना करके उसका जप करें तथा अधरोत्तररूपिणी (अर्थात् वाग्बीजरूपिणी) देवता का पूजन करें। तत्पश्चात् आक के रस से मन्त्र को उसी क्रम से भोजपत्र पर लिखें और प्रतिदिन उसी मन्त्र से हवन करें। यह पीडन प्रयोग है। यदि इस उपाय से भी मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो पोषण-प्रयोग करें॥१००-१०१॥

[पोषणकथनम्]

पीडितो लज्जयाविष्टः सिद्धः स्यादथ पोषयेत्।
बालायास्त्रितयं बीजमाद्यन्ते तस्य योजयेत्।।१०२।।
गोक्षीरमधुनाऽऽलिख्य विद्यां पाणौ विधारयेत्।।१०३।।

पोषण—मन्त्र के आदि और अन्त में बाला के तीन बीज (ऐं क्लीं सौः) की योजना करके जपना तथा गाय के दूध तथा शहद से लिखकर हाथ में धारण करना पोषण प्रयोग है॥१०२-१०३॥

[शोषणकथनम्]

पोषितोऽयं भवेत् सिद्धो न चेत् कुर्वीत शोषणम्।
विद्याञ्च वायुबीजेन मन्त्री कुर्याद् विदर्भताम्।।१०४।।

एषा विद्या गले धार्या लिखित्वा वरभस्मना।

शोषण—यदि पोषण प्रयोग से भी मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो शोषण प्रयोग करें। मन्त्र को वायुबीज (यं) से विदर्भित करके यज्ञ की भस्म से भोजपत्र पर लिखकर उसे गले में धारण करना शोषण प्रयोग है॥१०४॥

[दहनकथनम्]

शोषितोऽपि न सिद्धश्चेद्दहनीयोऽग्निबीजतः।।१०५।।
आग्नेयेन तु बीजेन मन्त्रस्यैकैकमक्षरम्।
आद्यन्तमध्य ऊर्ध्वन्तु योजयेद्दाहकर्मणि।।१०६।।
ब्रह्मवृक्षस्य तैलेन मन्त्रमालिख्य धारयेत्।
कण्ठदेशे ततो मन्त्रः सिद्धः स्याच्छङ्करोदितः।।१०७।।

दहन—मन्त्र के प्रत्येक वर्ण को अग्निबीज (रं) से चारो ओर (अर्थात् आगे-पीछे, ऊपर-नीचे) से घेरते हुए पूरे मन्त्र को पलाश-बीज के तेल से भोजपत्र पर लिखें तथा उसे कण्ठ में धारण करें। यह दहन प्रयोग है। इस प्रयोग से मन्त्र को सिद्ध होना ही पड़ता है॥१०५-१०७॥

विमर्श—(१) मन्त्र-सिद्धि के ये सात उपाय गौतमीयतन्त्र में बताये गये हैं। तन्त्रसार में यथा उद्धृत 'गौतमीयतन्त्र' में कहा गया है कि तीन बार पुरश्चरण करने पर भी यदि मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो ये उपाय एक के बाद एक क्रम से किये जायँ। तात्पर्य यह कि यदि एक बार पुरश्चरण करने पर मन्त्र सिद्ध नहीं हो तो दुबारा और फिर भी मन्त्र सिद्ध न हो तो तिबारा पुरश्चरण किया जाय। तीन पुरश्चरणों के बाद भी मन्त्र सिद्ध नहीं होने पर ही ये प्रयोग किये जायँ; न कि प्रथम पुरश्चरण के विफल होने पर।

(२) गौतमीयतन्त्र में इनमें से प्रथम प्रयोग का नाम द्रावण नहीं; अपितु भ्रामण बताया गया है। भ्रामण प्रयोग की क्रिया भी भिन्न है। तदनुसार मन्त्र के प्रत्येक अक्षर को वायुबीज (यं) से ग्रथित करके मैनसिल आदि द्रव्यों से लिखें। शेष यथावत्।

(३) वशीकरण प्रयोग (श्लोक संख्या ९९) में पाठभेद—'हरिद्रामद-सिह्लकम्' के स्थान पर 'हरिद्रा मादनं शिलाः'।

(४) श्लोकसंख्या १०१ में 'लिखित्वा क्रमशः सुधी' के स्थान पर 'लिखित्वाक्रम्य चांघ्रिणा'। श्रीतत्त्वचिन्तामणि की अन्य पाण्डुलिपियों में भी यही पाठ है। 'विद्यामादित्यदुग्धेन लिखित्वाक्रम्य चांघ्रिणा' पाठ स्वीकार करने पर अर्थ होगा—

मन्त्र को आक के रस से लिखकर तथा उसे जाँघ के नीचे दबाकर प्रतिदिन होम करें। प्रयोग के नाम (पीडन) की दृष्टि से यह पाठ सटीक प्रतीत होता है।

(५) श्लोकसंख्या १०४ की प्रथम पंक्ति—'विद्याञ्च वायुबीजेन .... विदर्भताम्' का पाठान्तर है—'द्वाभ्यां तु वायुबीजेन मन्त्रं कुर्याद् विदर्भितम्'। तदनुसार अर्थ होगा—मन्त्र को दो-दो वायुबीज (यं) से विदर्भित करके।

(६) वहीं भगवान् शिव ने कहा है कि उपर्युक्त सात उपायों में से एक उपाय करने के बाद यह देखा जाय कि मन्त्र सिद्ध हुआ है या नहीं। यदि मन्त्र सिद्ध हो गया है तो प्रयोग-क्रम को बन्द करके अगला प्रयोग (उपाय) नहीं किया जाय। इसी सन्दर्भ में वहाँ मन्त्र-सिद्धि के लक्षणों का निरूपण भी किया गया है। यथा—

मन्त्रसिद्धि के लक्षण—विना किसी क्लेश के अनायास ही मनोरथों का सिद्ध होना 'मन्त्रसिद्धि' का प्रधान लक्षण है। साधक जब जिस बात की इच्छा करे, वह उसी समय पूरी हो जाय, तो समझें कि मन्त्र-सिद्धि मिल गई है। धन-ऐश्वर्य-यश-लोककीर्ति-सर्वजनप्रियता-राजप्रियता-पुत्र-पौत्रादि की प्राप्ति-नीरोगता और दीर्घ जीवन मन्त्र-सिद्धि के प्रारम्भिक लक्षण हैं। इसी क्रम से लौकिक एवं लोकोत्तर सिद्धियाँ मिलती जाती हैं और अंततः प्रकृत मन्त्र-सिद्धिप्राप्त साधक शिवतुल्य बन जाता है।

[पुरश्चरणानन्तरं गुरुपूजा मन्त्रादीनां गोपनञ्च]

पुरश्चर्यां विधायैवं गुरुं सम्पूजयेत् सुधीः।
गुरुं सम्पूजयेद्धीमान् मन्त्रं यत्नेन गोपयेत्।
अक्षमालाञ्च मुद्राञ्च गुरोरपि न दर्शयेत्।।१०८।।

इस प्रकार पुरश्चरण करने के बाद मन्त्रसिद्ध बुद्धिमान् साधक अपने गुरुदेव की यथाविधि यथाशक्ति पूजा करे। वह अपने मन्त्र की गोपनीयता की रक्षा करे। अपनी माला और मुद्रा गुरुदेव को भी नहीं दिखाये। गुरुदेव को भी अपनी जप-माला दिखाने से सिद्धि की हानि होती है।।१०८।।

[मन्त्रदेवतागुरुषु भक्तिः कर्तव्या]

मन्त्रे तु देवतायान्तु तथा मन्त्रविदे गुरौ।
त्रिषु भक्तिः सदा कार्या सा हि प्रथमसाधना।।१०९।।

मन्त्र, देवता और गुरु के प्रति समान रूप से भक्ति रखना ही प्रथम साधना है।

[मन्त्रदेवतयोरैक्यम्]

मन्त्रो हि देवता ज्ञेया देवता मन्त्ररूपिणी।
द्वयोर्भेदो न कर्त्तव्यो यदीच्छेत् परमं पदम्।।११०।।

मन्त्र ही देवता है और देवता ही मन्त्र है। इन दोनों में हमेशा अभेद बुद्धि रखनी चाहिए। यह अभेदबुद्धि रखने से ही परमपद की प्राप्ति होती है॥११०॥

[मन्त्रसिद्धौ सर्वसिद्धिः]

सम्यक् सिद्धैकमन्त्रस्य नासिद्धमिह भूतले।।१११।।

यदि एक भी मन्त्र सम्यक् रूप से सिद्ध हो पाया तो उससे बढ़कर संसार में और कोई सिद्धि नहीं है॥१११॥

[एकद्व्यादिलक्षसंख्याभेदेन फलभेदः]

अथ लक्षप्रभेदेन जपमाहात्म्यमुच्यते।
लक्षमात्रं जपेन्मन्त्री महापापैः प्रमुच्यते।।११२।।
लक्षद्वयेन पापानि सप्तजन्मभवान्यपि।
महापातकमुख्यानि नाशयेन्नात्र संशयः।।११३।।
ततो लक्षत्रयं जप्त्वा मन्त्रयन्त्रकलेवरः।
महापातककोटीस्तु नाशयेन्नात्र संशयः।।११४।।

अब लक्षप्रभेद उत्तरोत्तर क्रम से मन्त्र-जप का फल बताया जा रहा है। मन्त्र का प्रथम एक लाख जप पूरा होने पर साधक इस जन्म के महापापों से छूट जाता है। दो लाख जप हो जाने पर सात जन्मों के मुख्य-मुख्य महापातक कट जाते हैं। तीन लाख जप हो जाने पर साधक स्वयं मन्त्र-स्वरूप हो जाता है और उसके करोड़ों-करोड़ पाप समाप्त हो जाते हैं॥११२-११४॥

चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्री महावागीश्वरो भवेत्।
कुबेर इव रत्नाढ्यः पञ्चलक्षजपान्नरः।।११५।।
षल्लक्षजपमात्रेण महाविद्याधरो भवेत्।
सप्तलक्षजपान्मन्त्री खेचरीमेलको भवेत्।।११६।।
अष्टलक्षजपान्मन्त्री देवपूज्यो भवेद् ध्रुवम्।
अणिमाद्यष्टसिद्धीनां नायकः साधको भवेत्।
वशगास्तस्य राजानो योषितश्च विशेषतः।।११७।।

चार लाख जप हो जाने पर महावागीश्वर, पाँच लाख जप हो जाने पर कुबेर के समान रत्नाढ्य, छः लाख जप हो जाने पर साधक विद्याधर, सात लाख जप हो जाने पर खेचरी-मेलक, आठ लाख जप हो जाने पर साधक देवपूज्य हो जाता है। सभी राजे-महाराजे; विशेषकर स्त्रियाँ उस अष्टसिद्धि-प्राप्त साधक के वशवर्ती हो जाते हैं॥११५-११७॥

नवलक्षप्रमाणेन जपेत्त्रिपुरसुन्दरीम्।
रुद्रमूर्त्तिः स्वयं कर्त्ता हर्त्ता साक्षान्न संशयः।।११८।।

भगवती त्रिपुरा के ९ लाख मन्त्रों का जप करके साधक स्वयं ही संसार का कर्ता-धर्ता शिवस्वरूप हो जाता है।।११८।।

विमर्श—जपफल का निरूपण करने के बाद अब अगले ८ श्लोकों में जप-सम्पादन के रहस्य का निरूपण किया जायगा।

[नवलक्षजपे स्थानभेदः]

मेढ्रस्थाने शिखाकारमाधारे कनकप्रभम्।
नाभिस्थं सूर्यविम्बाभं हृदि ज्योतिःशिखामयम्।।११९।।
तदूर्द्ध्वे भास्करमयं कण्ठे दीपशिखामयम्।
लम्बिके चन्द्रविम्बाभं भ्रूमध्ये रत्नवद्रुचिः।।१२०।।
नवमे विश्वतेजश्च नवलक्षाणि यानि च।
एभिः स्थानस्थितो योगी नवलक्षं समभ्यसेत्।।१२१।।

मेढ्रस्थाने इत्यादि। नवचक्रविवेकानुसारेणोक्तमिदं, तदूर्द्ध्वे आज्ञाचक्रे, लम्बिके तालुचक्रे इत्यर्थः। नवचक्रविवेकस्तु सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषदि—'अथ हैनं देवा ऊचुर्नवचक्रविवेकमनुब्रूहीति। तथेति स होवाच—आधारे ब्रह्मचक्रं त्रिरावृत्ति भगमण्डलाकारं तत्र मूलकं देवशक्तिः, पावकाकारं ध्यायेत्, तत्रैव कामरूपपीठं सर्वकामफलप्रदं भवति। इत्याधारचक्रम्। द्वितीयं स्वाधिष्ठानचक्रं षड्दलं, तन्मध्ये पश्चिमाभिमुखं लिङ्गं प्रबालाङ्कुरसदृशं ध्यायेत्, तत्रैवोड्यानपीठं जगदाकर्षणसिद्धिदं भवति। तृतीयं नाभिचक्रं पञ्चावर्तं सर्पकुटिलाकारं तन्मध्ये कुण्डलिनीं बालार्ककोटिप्रभां तनुमध्यां ध्यायेत्। सामर्थ्यशक्तितः सर्वसिद्धिप्रदा भवति। मणिपूरकचक्रं हृदयचक्रमष्टदलमधोमुखम्, तन्मध्ये ज्योतिर्मयलिङ्गाकारं ध्यायेत्। सैव हंसकला सर्वप्रिया सर्वलोकवश्यकरी भवति। कण्ठचक्रं चतुरङ्गुलम्, तत्र वामे इडा चन्द्रनाडी, दक्षिणे पिङ्गला सूर्यनाडी, तन्मध्ये सुषुम्णां श्वेतवर्णां ध्यायेत्, य एवं वेदानाहतसिद्धिदो भवति। तालुचक्रं तत्रामृतधाराप्रवाहः, घण्टकालिदिमूलचक्ररन्ध्रे राजदण्डावलम्बिनी विवरं दशमद्वारं तत्र शून्यं ध्यायेत्, चित्तलयो भवति। सप्तमं भ्रू-चक्रमङ्गुष्ठमात्रं, तत्र ज्ञाननेत्रं दीपशिखाकारं ध्यायेत्, तदेव पालकदं वाक्सिद्धिदं भवति। आज्ञाचक्रमष्टमं ब्रह्मरन्ध्रनिर्वाणचक्रं तत्र सूचिकागृहेतरं धूम्रशिखाकारं ध्यायेत् । तत्र जालन्धरपीठं मोक्षप्रदं भवति।

परं ब्रह्मचक्रं नवममाकाशचक्रं, तत्र षोडशदलपद्ममूर्द्ध्वमुखं तन्मध्यकर्णिकां त्रिकूटाकारां तन्मध्ये ऊर्द्ध्वशक्तिकां पश्यन् ध्यायेत्, तत्रैव पूर्णगिरिपीठे सर्वेच्छासिद्धिसाधनं भवति।' इति। यद्यप्यत्र पूर्णानन्दमततः क्वचित् किञ्चित् वैषम्यं दृश्यते तथापि मूलमेकमेवेति काममुपन्यस्तम्।

इन तीन श्लोकों में शरीरस्थ उन नौ चक्र का उल्लेख किया गया है, जिन पर मन को स्थिर करके मन्त्र-जप करने से उपर्युक्त फल प्राप्त होते हैं। ये नौ चक्र हैं—(१) त्रिकोणाकार मूलाधार, (२) स्वर्णकान्ति वाला स्वाधिष्ठान, (३) सूर्य-बिम्बवत् नाभिस्थान, (४) हृदयचक्र, (५) हृदय के ऊपर सूर्य के समान देदीप्यमान चक्र, (५) दीपशिखामय कण्ठचक्र, (६) चन्द्रबिम्ब के समान लम्बिका, (७) रत्न-किरण के समान भास्वर भ्रूमध्य और (८) आज्ञाचक्र और (९) षोडश दल कमल वाला आकाश चक्र। सिद्धिकामी साधकों को इन नौ चक्र में कुल-कुण्डलिनी का वक्ष्यमाण रूप से ध्यान करते हुए मन्त्र का जप करना चाहिए।।११९-१२१।।

विमर्श—इन नौ चक्रों का उल्लेख एतत् पूर्व अठारहवें प्रकाश (श्लोक-संख्या ५११-५१४) में भी किया गया है; मगर दोनों ही स्थानों में इनका निरूपण यथेष्ट स्पष्ट नहीं है। गन्धर्वतन्त्र (पटलसंख्या २९, श्लोक संख्या १३ से १५) में नवचक्र का निरूपण करते हुए कहा गया है—

नव स्थानानि कथ्यन्ते शृणु सावहिते प्रिये।
ज्योतिरूपं तदाधारे मेढ्रस्थाने शिखाप्रभम्।।१२।।
नाभिस्थं सूर्यबिम्बाभं तरुणादित्यवर्च्चसम्।
हृदि ज्योतिःशिखाकारं कण्ठे दीपशिखामयम्।।१३।।
भ्रूमध्ये रत्नसंकाशं तदूर्ध्वे भास्करप्रभम्।
लम्बिके चन्द्रबिम्बाभं ततो वैदूर्यसन्निभम्।।१४।।
नवमे विश्वतेजा हि घण्टावैदूर्यसन्निभः।
लिङ्गरूपी ह्यहं देवि! नवलिङ्गानि यानि च।।१५।।

इसके अनुसार शरीर में इन नौ चक्रों की स्थिति इस प्रकार है—(१) आधार में, (२) लिंगमूल में, (३) नाभि में, (४) हृदय में, (५) कण्ठ में, (६) भ्रूमध्य में, (७) तदूर्ध्व-सीमान्त में, (८) लम्बिका और (९) ब्रह्मरन्ध्र (सहस्रार) में। गन्धर्वतन्त्र में इन नौ चक्रों के वर्णों का भी निरूपण किया गया है।

इन नौ चक्रों का उपदेश सर्वप्रथम भगवान् आदि नारायण ने 'सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद्' (तृतीय खण्ड) में देवताओं को दिया था। उपनिषद् का उक्त अंश ग्रन्थ की संस्कृत टीका में (अथ हैनं देवा ऊचुः .... काममुपन्यस्तम्) अविकल रूप से प्रस्तुत किया गया है। इसका हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है—

देवताओं ने भगवान् आदि-नारायण के अनुरोध किया—'हे भगवन्! हमें नवचक्रविवेक के विषय में उपदेश दीजिये। इस पर भगवान् आदि नारायण ने कहा—

मूलाधार में ब्रह्मचक्र है। इस चक्र में तीन आवृत्तियों वाला योनि-मण्डल है। इस योनिमण्डल में देवी कुण्डलिनी सोई हुई नागिन के समान स्थित हैं। तप्त अग्नि के समान उनका उस समय तक ध्यान करना चाहिए, जब तक वे जागृत न हो जायँ। यहीं भगवती त्रिपुरा का कामरूप पीठ है, जिसका ध्यान करने से सभी कामनायें पूर्ण होती हैं।

अर्थात् दूसरा स्वाधिष्ठान चक्र है। छः दल वाले इस चक्र के मध्य में प्रवाल के समान लाल रंग का पश्चिमाभिमुख लिंग का ध्यान करना चाहिए। यहीं उड्डीयान पीठ है। यहाँ ध्यान करने से जगत् का आकर्षण होता है।

तीसरा नाभिचक्र है, जो सर्प के समान कुटिल आकार का तथा पाँच घेरों से आवृत है। कोटि-कोटि बालसूर्यों के समान तेजस्विनी और सूक्ष्म आकार वाली देवी कुण्डलिनी का ध्यान करना चाहिए। देवी कुण्डलिनी जाग्रत होकर जब समर्थवती होती हैं, साधक को सभी सिद्धियाँ प्रदान करती हैं।

मणिपूरक हृदय चक्र है। इस चक्र में अधोमुख आठ कमलदल हैं। इस चक्र में ज्योतिर्मय लिंग का ध्यान करना चाहिए, जो 'हंसकला' के नाम से विख्यात है। इस चक्र में ध्यान करने से लोकप्रियता में वृद्धि होती है।

कण्ठक्षेत्र में जो चक्र है, वह चार अंगुल का है। इसके बाँयीं ओर इडा (चन्द्रनाड़ी), दाहिनी ओर पिंगला नाड़ी तथा मध्य में सुषुम्ना नाड़ी का ध्यान करना चाहिए। जो इस चक्र को जानता है, उसे अनाहत चक्र से सिद्धि प्राप्त होती है।

कण्ठचिह्न से दाँतों की जड़ तक जो चक्र के आकार का 'रंध्र' है, उसमें तालु-चक्र है। इस तालुचक्र में दस दल हैं। इस चक्र में ध्यान करने से चित्तलय होता है।

सातवाँ चक्र भ्रू-चक्र है, जो केवल अंगुष्ठ के बराबर है। इस चक्र में दीप-शिखा के आकार के ज्ञान-नेत्र का ध्यान करना चाहिए। इससे वाक्सिद्धि मिलती है।

आठवाँ चक्र आज्ञाचक्र है। इसे ब्रह्मरन्ध्र अथवा निर्वाण-चक्र भी कहते हैं। यह सुई की नोंक के बराबर है। यहाँ धूम्रशिखा के आकार का ध्यान करना चाहिये। मोक्षदायक जालन्धर पीठ यहीं स्थित है।

नवम आकाश चक्र है। ऊर्ध्वमुख षोडश दल वाले इस चक्र को ब्रह्मचक्र भी कहते हैं। षोडश दल कमल की मध्यवर्ती कर्णिका त्रिकूटाकार है। उसके मध्य में ऊर्ध्व शक्ति को देखते हुए ध्यान करना चाहिए। यहीं पूर्णगिरि पीठ है। इसकी साधना करने से सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं।

यद्यपि सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद् तथा परमहंस पूर्णानन्द के अभिमतों एवं नव-चक्र-निरूपण में अन्तर है, तथापि विषय को स्पष्ट करने के लिये 'उपनिषद्' के सम्बन्धित भाग को अविकल रूप से प्रस्तुत किया गया।

[नवचक्रभेदेन नवलक्षजपे सिद्धिः]

नवस्थानस्थितं लक्षं नवलक्षं तदुच्यते।
नव स्थानानि मन्त्रेण क्रमात् सम्भिद्य कुण्डलीम्।।१२२।।
विसर्गस्थामृतं पीत्वा पुनराधारमाविशेत्।
स्थानात् स्थानगतं मन्त्रं स्मरेदेवं क्रमेण तु।
मन्दभाग्योऽपि नियतं सिध्यते नात्र संशयः।।१२३।।

उपर्युक्त नौ स्थानों में स्थित होकर एक-एक लक्ष को समष्टि रूप से नव लक्ष कहा गया है। इष्ट मन्त्र से उपर्युक्त चक्रों का भेदन करते हुए देवी कुण्डलिनी को मूलाधार चक्र से सहस्रार में लाकर और उन्हें अमृतपान कराकर पुनः उसी मार्ग से लाकर मूलाधार में स्थापित कर देना चाहिए। इस क्रम से स्थान-स्थान अर्थात् प्रत्येक चक्र पर मन को स्थिर करके मन्त्र का जप करने से मन्द भाग्य वाला पुरुष भी मन्त्र सिद्ध कर लेता है॥१२३॥

[प्रकारान्तरेण जपसिद्धिः]

अथवाधारपद्मे तु लिङ्गं वा पश्चिमामुखम्।
ज्योतीरूपाञ्च योगिन्यं स्वयम्भूवाचकं परम्।।१२४।।
हृदि त्रिकोणमध्ये वा बाणलिङ्गं तथाकृतिम्।
मूर्ध्नि त्रिकोणमध्ये तु उत्तरं पश्चिमामुखम्।।१२५।।
तत्र स्थित्वा जपेल्लक्षं यत्र कुत्र समाहितः।
ततो भगवती विद्या त्रैलोक्यवशकारिणी।।१२६।।

इन तीन श्लोकों में उपर्युक्त नौ लाख जप की वैकल्पिक विधि बताई गई है। मूलाधार में त्रिपुराख्य त्रिकोण के मध्य में स्थित ज्योतिरूप स्वयम्भू लिङ्ग को अपने साढ़े तीन वलयों से लपेट कर विराजिता देवी कुण्डलिनी पर पूरे मनोयोग से ध्यान केन्द्रित करके भगवती त्रिपुरा के मन्त्र का तीन लाख जप करें। मूलाधार चक्र में जप का क्रम पूर्ण हो जाने पर हृदय-त्रिकोण के मध्य में बाणलिंग पर देवी कुण्डलिनी का ध्यान करते हुए मन्त्र का तीन लाख जप करें। यह क्रम पूर्ण हो जाने पर मूर्धा-त्रिकोण में पश्चिममुखी 'इतर' लिंग पर देवी कुण्डलिनी का ध्यान करते हुए शेष तीन लाख जप करें। इस तरह नौ लाख मन्त्रजप का क्रम पूर्ण हो जाने पर साधक को त्रैलोक्यवशकारिणी देवी त्रिपुरा की पूर्ण कृपा प्राप्त हो जाती है॥१२४-१२६॥

विमर्श—उपर्युक्त तीनों श्लोक 'गन्धर्वतन्त्र' (पटल २९) से उद्धृत हैं। यहाँ उद्धृत इन श्लोकों में मूल ग्रन्थ से अधोलिखित पाठान्तर है—

श्लोक १२४—'ज्योतीरूपाञ्च—ज्योतिरूपञ्च। 'योगिन्यं' के स्थान पर 'योनिस्थ' होना चाहिये। यहाँ 'योगिन्यं' से कोई अर्थ नहीं निकलता।

श्लोकसंख्या १२५—'तथाकृतिम्'—'च तेजसि'। द्वितीय पंक्ति में 'उत्तरं' के स्थान पर 'इतरं'। यहाँ 'उत्तरं' से कोई अर्थ नहीं निकलता।

[मालासंस्कारकथनम्]

अथ वक्ष्यामि मालायाः संस्कारं सर्वसिद्धिदम्।।१२७।।

अब मैं समस्त सिद्धियों को देने वाली माला का संस्कार करने की विधि बता रहा हूँ।।१२७।।

[अप्रतिष्ठितमालया मन्त्रजपनिन्दा]

अप्रतिष्ठितमालाभिर्मन्त्रं जपति यो नरः।
सर्वं तन्निष्फलं विद्यात् क्रुद्धा भवति चण्डिका।।१२८।।

अप्रतिष्ठित अर्थात् असंस्कृत माला से मन्त्रजप करने से देवी चण्डिका क्रुद्ध हो जाती है तथा मन्त्रजप का कोई फल नहीं मिलता।।१२८।।

[मालासूत्रनिर्माणम्]

कान्तया रचिता सा तु द्रुतं सिद्धिकरी स्मृता।
ऊद्ध्वन्तु त्रिवृतं कार्यं तन्तुत्रयमधोवृतम्।।१२९।।
पुण्यस्त्रीरचितं सूत्रं कार्पासं पट्टमेव वा।
मूलास्त्रञ्च पठन् सूत्रं बीजं प्रक्षालयेत्ततः।।१३०।।

अपनी पत्नि अथवा शुद्ध आचरण वाली महिला के द्वारा काते गये कपास के सूत या पट्टसूत्र (तांत) में पिरोई गई माला सिद्धिदात्री होती है। यह सूत इकहरा नहीं होना चाहिये; अपितु उसे तीन गुना करके फिर से तीनगुना करके उसमें मूल मन्त्र और अस्त्रमन्त्र का जप करते हुए एक-एक मनका पिरोया जाय।।१२९-१३०।।

[मालायां ग्रन्थिकरणम्]

एकैकमालामादाय ब्रह्मग्रन्थिं प्रकल्पयेत्।
ग्रन्थिहीनं न कर्त्तव्यं स्पृष्टास्पृष्टे न दुष्यति।।१३१।।
शैवे च वैष्णवे सौरे गाणेशे श्रीकरेऽपि च।
बीजकल्पात् पुनः कुर्यात्तत्र नास्ति विचारणा।।१३२।।

गन्धमालिन्यै नम:
ध्यानातीतायै नम:
ध्यानगम्यायै नम:
ध्यानाख्यायै नम:
ध्यानधारिण्यै नम:

लम्बोदर्यै नमः
लम्बोष्ठ्यै नमः
जाम्बवत्यै नमः
जलोदर्यै नमः
महोदर्यै नमः
मुक्तकेश्यै नमः
मुक्तिकामार्थसिद्धिदायै नमः
तपस्विन्यै नमः
तपोनिष्ठायै नमः
सुपर्णायै नमः
धर्मवासिन्यै नमः
बाणचापधरायै नमः
धीरायै नमः
पाञ्चाल्यै नमः
पञ्चमप्रियायै नमः
गुह्यांग्यै नमः
सुभीमायै नमः
गुह्यतत्त्वानिरञ्जनायै नमः
अशरीरायै नमः
शरीरस्थायै नमः
संसारार्णवतारिण्यै नमः
अमृतायै नमः
निष्कलायै नमः
भद्रायै नमः
सकलायै नमः
कृष्णपिंगलायै नमः
चक्रेश्वर्यै नमः
चक्रहस्तायै नमः
परचक्रविदारिण्यै नमः
पद्मरागप्रतीकाशायै नमः

निर्मलाकाशसन्निभायै नमः
अधःस्थायै नमः
ऊर्ध्वरूपायै नमः
ऊर्ध्वपद्मनिवासिन्यै नमः
कार्यकर्त्र्यै नमः
कारणकर्त्र्यै नमः
शश्वद्रूपेषु संस्थितायै नमः
रसज्ञायै नमः
रसमध्यस्थायै नमः
गन्धस्थायै नमः
गन्धरूपिण्यै नमः
परब्रह्मस्वरूपायै नमः
परब्रह्मनिवासिन्यै नमः
शब्दब्रह्मस्वरूपायै नमः
शब्दाख्यै नमः
शब्दवर्जितायै नमः
ऋद्ध्यै नमः
वृद्ध्यै नमः
परायै नमः
सिद्ध्यै नमः
सत्कीर्तिदीप्तसंस्थितायै नमः
आपूज्यायै नमः
शाम्भवीशक्त्यै नमः
सुन्दरांग्यै नमः
तत्त्वरूपिण्यै नमः
शाश्वत्यै नमः
भूतमात्रे नमः
महाभूताधिप्रियायै नमः
श्रुतिप्राज्ञायै नमः
धर्मसिद्ध्यै नमः

दक्षकन्यायै नमः
अपराजितायै नमः
कामसन्दीपन्यै नमः
कामायै नमः
सदाकामकुतूहलायै नमः
भोगापचारकुशलायै नमः
अमरायै नमः
कमलाननायै नमः
भक्तानुकम्पिन्यै नमः
मैत्र्यै नमः
शरणागतवत्सलायै नमः
क्षोभिण्यै नमः
मोहिन्यै नमः
स्तम्भिन्यै नमः
जृम्भिण्यै नमः
रथिन्यै नमः
ध्वजिन्यै नमः
सेनायै नमः
सर्वमन्त्रमय्यै नमः
त्रय्यै नमः
ज्ञानमुद्रायै नमः
महामुद्रायै नमः
जगन्मुद्रायै नमः
महोत्सवायै नमः
सहस्रभुजायै नमः
चिच्छक्त्यै नमः
सहस्राक्ष्यै नमः
सनातन्यै नमः
सिद्धलक्ष्म्यै नमः
महालक्ष्म्यै नमः
राज्यलक्ष्म्यै नमः
सुलक्षणायै नमः
यज्ञसारायै नमः
तपःसारायै नमः
धर्मसारायै नमः
जनेश्वर्यै नमः
विश्वोदर्यै नमः
विश्वपूज्यायै नमः
विश्वाख्यायै नमः
विश्वतोमुख्यै नमः
विश्वास्यायै नमः
विश्वश्रवणायै नमः
विश्वघ्राणायै नमः
विश्वप्राणायै नमः
विश्वपदात्मिकायै नमः
तरुणादित्यसंकाशायै नमः
किरणानेकसंकुलायै नमः
जटाजूटधरायै नमः
मुख्यायै नमः
शुष्कमांसायै नमः
अतिभीषणायै नमः
द्वीपिचर्मपरीधानायै नमः
चीरवल्कलधारिण्यै नमः
त्रिशूलकरायै नमः
डमरूकरायै नमः
नरमालाविभूषणायै नमः
अत्युग्ररूपिण्यै नमः
उग्रायै नमः
कल्पान्तदहनोपमायै नमः
त्रैलोक्यधारिण्यै नमः

साध्यायै नमः
सिद्ध्यै नमः
साधकवत्सलायै नमः
सर्वविद्यामय्यै नमः
सारायै नमः
वैरिवर्गविनाशिन्यै नमः
सुभगायै नमः
सुमुख्यै नमः
रम्यायै नमः
मुखरायै नमः
सोमभूषणायै नमः
शुद्धस्फटिकसङ्काशायै नमः
महावृषभवाहिन्यै नमः
महिष्यै नमः
महिषारूढायै नमः
महिषासुरमर्दिन्यै नमः
दमिन्यै नमः
दामिन्यै नमः
दान्तायै नमः
दयायै नमः
दोग्ध्र्यै नमः
दुरापगायै नमः
अग्निजिह्वायै नमः
महाघोरायै नमः
घोरघोरतराननायै नमः
नारायण्यै नमः
नारसिंह्यै नमः
नृसिंहहृदये स्थितायै नमः
योगेश्वर्यै नमः
योगरूपायै नमः
योगमात्रे नमः
योगिन्यै नमः
खेचर्यै नमः
भूचर्यै नमः
खेलायै नमः
निर्वाणपदसंश्रयायै नमः
नागिन्यै नमः
नागकन्यायै नमः
सुवेनायै नमः
नागनायिकायै नमः
विषज्वालावत्यै नमः
विषतीक्ष्णायै नमः
फणशतभूषणायै नमः
भीमवक्त्रायै नमः
महावक्त्रायै नमः
कोटिवक्त्रधारिण्यै नमः
महासत्त्वायै नमः
धर्माख्यायै नमः
धर्मादिसुखदायिन्यै नमः
कृष्णमूर्द्धायै नमः
महामूर्द्धायै नमः
घोरमूर्द्धायै नमः
वराननायै नमः
सर्वेन्द्रियायै नमः
सर्वसंस्थायै नमः
सर्वेन्द्रियमनोमय्यै नमः
सर्वसंग्रामजयदायै नमः
सर्वप्रहणोद्यतायै नमः
सर्वपीडोपशमन्यै नमः
सर्वाभीष्टप्रदायिन्यै नमः

सर्वैश्वर्यसमुत्पत्त्यै नमः
सर्वग्रहविनाशिन्यै नमः
भीतिघ्न्यै नमः
भक्तिगम्यायै नमः
भक्तापमृत्युनाशिन्यै नमः
मातङ्ग्यै नमः
मत्तमातंग्यै नमः
मत्तङ्गकुलमण्डितायै नमः
गण्डमण्डितसंकाशायै नमः
गुञ्जाहारविभूषणायै नमः
सङ्गीतरङ्गरचनायै नमः
वीणावाद्यकुतूहलायै नमः
अमृतोदधिमध्यस्थायै नमः
प्रवालरसनायै नमः
उज्ज्वलायै नमः
मणिमण्डपस्थायै नमः
रत्नसिंहासनस्थितायै नमः
परमानन्दमुदितायै नमः
ईषत्प्रहसिताननायै नमः
कुमुदायै नमः
ललितायै नमः
लोलायै नमः
लाक्षाललितलोचनायै नमः
दिग्वस्त्रायै नमः
देवदूत्यै नमः
देवदेवाधिदेवतायै नमः
सिंहोपरि समारूढायै नमः
महाचलनिवासिन्यै नमः
अट्टट्टहासिन्यै नमः
घोरायै नमः
घोरदैत्यविनाशिन्यै नमः
अत्युग्रायै नमः
रक्तवर्णायै नमः
नागकेयूरमण्डितायै नमः
मुक्ताहारलतोपेतायै नमः
तुङ्गपयोधरायै नमः
पीनपयोधरायै नमः
रक्तोत्पलदलाकारायै नमः
मदघूर्णितलोचनायै नमः
समस्तदेवतामूर्त्यै नमः
असुरक्षयकारिण्यै नमः
खड्गिन्यै नमः
शूलहस्तायै नमः
चक्रिण्यै नमः
अक्षमालिन्यै नमः
शंखिन्यै नमः
चापिन्यै नमः
वाण्यै नमः
वज्रिण्यै नमः
रक्तदन्तिकायै नमः
आनन्दोदधिमध्यस्थायै नमः
कटिसूत्रैरलंकृतायै नमः
नानाभरणदीप्ताङ्ग्यै नमः
नानामणिभूषितायै नमः
जगदानन्दसम्भूत्यै नमः
चिन्तामणिगुणाकरायै नमः
त्रैलोक्यनमितायै नमः
त्रैलोक्यपूज्यायै नमः
चिन्मयानन्दरूपिण्यै नमः
त्रैलोक्यवर्द्धिन्यै नमः

दु:खनाशिन्यै नम:
दु:स्वप्ननाशिन्यै नम:
घोराग्निदाहशमन्यै नम:
बीजदैवादिमालिन्यै नम:
महापराधराशिघ्न्यै नम:
महाचौरभयापहायै नम:
रागादिरोगरहितायै नम:
जरामरणवर्जितायै नम:
चन्द्रमण्डलसङ्काशायै नम:
पीयूषार्णवसम्भवायै नम:
सर्वदेवस्तुतादेव्यै नम:
सर्वसिद्ध्यै नमस्कृतायै नम:
अचिन्त्यशक्तिरूपायै नम:
मणिमन्त्रमहौषध्यै नम:
स्वस्त्यै नम:
स्वस्तिमत्यै नम:
बालायै नम:
मलयाचलवासिन्यै नम:
धात्र्यै नम:
विधात्र्यै नम:
सम्भावायै नम:
रतिज्ञायै नम:
रतिदायिन्यै नम:
रुद्राण्यै नम:
रुद्ररूपायै नम:
रौद्र्यै नम:
रौद्रार्त्तिनाशिन्यै नम:
सर्वज्ञायै नम:
धर्मज्ञायै नम:
रसज्ञायै नम:

दीनवत्सलायै नम:
अनाहतायै नम:
त्रिनयनायै नम:
निर्भवायै नम:
निर्वृति:परायै नम:
पराघोरायै नम:
करालाक्ष्यै नम:
सुमत्यै नम:
प्रियभाषिण्यै नम:
महाम्बिकायै नम:
मन्त्रमस्यायै नम:
मन्त्रमात्रे नम:
सुपुत्रिण्यै नम:
शुद्धानन्दायै नम:
महाभद्रायै नम:
निर्गतायै नम:
निर्गुणात्मिकायै नम:
धारिण्यै नम:
धारिण्यै नम:
पृथिव्यै नम:
धरायै नम:
धात्र्यै नम:
वसुन्धरायै नम:
मेरुमन्दरमध्यस्थायै नम:
स्थिरायै नम:
शङ्करवल्लभायै नम:
श्रीमत्यै नम:
श्रीमतां श्रेष्ठायै नम:
श्रीकर्यै नम:
श्रीविभाविन्यै नम:

श्रीदात्र्यै नमः
श्रीविधात्र्यै नमः
श्रीमत्यै नमः
श्रीमतां गत्यै नमः
उमायै नमः
शार्ङ्गिण्यै नमः
कृष्णायै नमः
कुटिलायै नमः
कुटिलालकायै नमः
त्रिलोचनायै नमः
त्रिलोकस्थायै नमः
पुण्यस्थायै नमः
पुण्यकीर्त्तिदायै नमः
अमृतायै नमः
सत्यसङ्कल्पायै नमः
सासत्यायै नमः
ग्रन्थिभेदिन्यै नमः
परेश्यै नमः
परमाराध्यायै नमः
पराविद्यायै नमः
परात्परायै नमः
सुन्दराङ्गायै नमः
सुवर्णाभायै नमः
सुरासुरनमस्कृतायै नमः
रसदायै नमः
पुष्टिदायै नमः
पुष्ट्यै नमः
मानदायै नमः
मानसप्रियायै नमः
कृष्णाङ्गवाहिन्यै नमः

कृष्णायै नमः
कृष्णसहोदर्यै नमः
शाम्भव्यै नमः
शम्भुरूपायै नमः
शुभस्थायै नमः
शम्भुसम्भवायै नमः
बिम्बोदर्यै नमः
योगमुद्रायै नमः
योगरूपायै नमः
योगिन्यै नमः
वागीश्वर्यै नमः
योगनिद्रायै नमः
योगिनीकोटिसेवितायै नमः
कौलिकायै नमः
नन्दिकन्यायै नमः
शृङ्गारपीठवासिन्यै नमः
क्षेमङ्कर्यै नमः
सर्वरूपायै नमः
दिव्यरूपायै नमः
दिवीश्वरायै नमः
धूम्रवक्त्रायै नमः
धूम्रनेत्रायै नमः
धूम्रकेश्यै नमः
धूसरायै नमः
पिनाक्यै नमः
रुद्रवेताल्यै नमः
महावेतालरूपिण्यै नमः
भगिन्यै नमः
भागिन्यै नमः
दक्षायै नमः

विष्णुविद्यायै नमः
अनाश्रितायै नमः
मन्थरायै नमः
जठरायै नमः
तीव्रायै नमः
अग्निजिह्वायै नमः
भयापहायै नमः
पशुघ्न्यै नमः
पशुरूपायै नमः
पशुहायै नमः
पशुवाहिन्यै नमः
पितासन्तोषितायै नमः
धातायै नमः
पशुपाशविनाशिन्यै नमः
चन्द्रप्रभायै नमः
चन्द्ररेखायै नमः
चन्द्रकान्तिविभूषणायै नमः
कुङ्कुमाङ्कितसर्वांग्यै नमः
सुधायै नमः
सद्गुरुलोचनायै नमः
शुक्लाम्बरधरायै नमः
वीणापुस्तकधारिण्यै नमः
ऐरावतपद्मधरायै नमः
श्वेतपद्मासनस्थायै नमः
रक्ताम्बरायै नमः
रक्ताङ्ग्यै नमः
रक्तपद्मविलोचनायै नमः
निष्ठुरायै नमः
क्रूरहृदयायै नमः
अक्रूरायै नमः
अमृतभाषिण्यै नमः
निरूपाक्ष्यै नमः
सहस्राक्ष्यै नमः
शताक्ष्यै नमः
बहुलोचनायै नमः
दुस्तरायै नमः
तारिण्यै नमः
तारायै नमः
तरुण्यै नमः
ताररूपिण्यै नमः
सुधाधारायै नमः
धर्मज्ञायै नभः
धर्मशास्त्रोपदेशिन्यै नमः
भवेश्वर्यै नमः
भवाराध्यायै नमः
भगिन्यै नमः
भगनायिकायै नमः
भगविद्यायै नमः
भगक्लिन्नायै नमः
भगयोन्यै नमः
भगप्रदायै नमः
भगेश्यै नमः
भगरूपायै नमः
भगगुह्यायै नमः
भगावहायै नमः
भगोदर्यै नमः
भगानन्दायै नमः
भगाद्यायै नमः
भगमालिन्यै नमः
मालिन्यै नमः

माधव्यै नमः
माध्व्यै नमः
मधुरूपायै नमः
महोत्कटायै नमः
चन्द्रिकायै नमः
चन्द्रिकायै नमः
ज्योत्स्नायै नमः
विश्वचक्षुस्तमोपहायै नमः
सुप्रसन्नायै नमः
महादूत्यै नमः
यमदूत्यै नमः
भयङ्कर्यै नमः
उन्मादिन्यै नमः
महारूपायै नमः
दिव्यरूपायै नमः
सुरार्च्चितायै नमः
त्रैलोक्यफलिन्यै नमः
नित्यायै नमः
नित्यानन्दमदोद्धतायै नमः
मदिरानन्दकैवल्यायै नमः
मदिराक्ष्यै नमः
मदालसायै नमः
सिद्धेश्वर्यै नमः
सिद्धविद्यायै नमः
सिद्धाद्यायै नमः
सिद्धवन्दितायै नमः
सिद्धार्च्चितायै नमः
सिद्धमात्रे नमः
सिद्ध्यै नमः
सर्वार्थसिद्धिदायै नमः
मायामय्यै नमः
गुणातीतायै नमः
परंज्योतिःस्वरूपिण्यै नमः
परेश्यै नमः
परगायै नमः
पारायै नमः
परासिद्ध्यै नमः
परागत्यै नमः
विमलायै नमः
मोहिन्यै नमः
आद्यायै नमः
मधुपानपरायणायै नमः
वेदवेदाङ्गजनन्यै नमः
सर्वशास्त्रविशारदायै नमः
सर्वदेवमयीनित्यायै नमः
सर्वशास्त्रमय्यै नमः
सर्वयज्ञमयी देव्यै नमः
सर्वधर्ममयीश्वर्यै नमः
सर्वयज्ञायै नमः
महायज्ञायै नमः
सर्वमन्त्राधिकारिण्यै नमः
सर्वसम्पत्त्यधिष्ठात्र्यै नमः
सर्वविद्यावत्त्यै नमः
सर्वसंक्षोभिणी देव्यै नमः
सर्वमङ्गलकारिण्यै नमः
त्रैलोक्याकर्षिणी देव्यै नमः
सर्वाह्लादनकारिण्यै नमः
सर्वसम्मोहिनी देव्यै नमः
सर्वस्तम्भनकारिण्यै नमः
त्रैलोक्यजृम्भिणी देव्यै नमः

सर्ववशङ्करी देव्यै नमः
त्रैलोक्यरञ्जिनी देव्यै नमः
सर्वोन्मादस्वरूपिणी देव्यै नमः
सर्वमन्त्रमयी देव्यै नमः
सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करी देव्यै नमः
सर्वसिद्धिप्रदादेव्यै नमः
सर्वाशापरिपूरिणी देव्यै नमः
सर्वप्रियङ्करी देव्यै नमः
सर्वमङ्गलकारिणी देव्यै नमः
सर्वार्थसाधिनी देव्यै नमः
सर्वदुःखविमोचन्यै नमः
सर्वमृत्युप्रशमन्यै नमः
सर्वविघ्नविनाशिन्यै नमः
सर्वाङ्गसुन्दरी देव्यै नमः
सर्वसौभाग्यदायिन्यै नमः
सर्वज्ञायै नमः
सर्वशक्त्यै नमः
सर्वैश्वर्यफलप्रदायै नमः
सर्वज्ञानमयी देव्यै नमः
सर्वव्याधिविनाशिन्यै नमः
सर्वाधारस्वरूपायै नमः
सर्वपापविनाशिन्यै नमः
सर्वानन्दमयी देव्यै नमः
सर्वरक्षास्वरूपिण्यै नमः
सर्वलक्ष्मीमयी नित्यायै नमः
सर्वेप्सितफलप्रदायै नमः
सर्वदुष्टप्रशमिन्यै नमः

परमानन्ददायिन्यै नमः
त्रिकोणनिलयायै नमः
त्रिस्थायै नमः
त्रिमात्रायै नमः
त्रितनुस्थितायै नमः
त्रिवेण्यै नमः
त्रिपथायै नमः
त्रिस्थायै नमः
त्रिमूर्त्यै नमः
त्रिपुरेश्वर्यै नमः
त्रिधाम्न्यै नमः
त्रिदशाध्यक्षायै नमः
त्रिघ्न्यै नमः
त्रिपुरवासिन्यै नमः
त्रयीविद्यायै नमः
त्रिशिरायै नमः
त्रैलोक्यायै नमः
त्रिपुष्करायै नमः
त्रिकोटरस्थायै नमः
त्रिविधायै नमः
त्रिपुरायै नमः
त्रिपुरात्मिकायै नमः
त्रिपुराश्रियै नमः
त्रिजनन्यै नमः
त्रिपुरायै नमः
त्रिपुरसुन्दर्यै नमः

जप/पूजन के बाद पुनः न्यास, ध्यान और मानस पूजन करके जप/पूजन का फल 'गुह्याति ------ गोप्त्री०' मन्त्र से भगवती को समर्पित करें।

* * *

षड्विंशतितमः प्रकाशः

[महायन्त्रसंस्कारकथनम्]

अथोच्यते महायन्त्रसंस्कारः सर्वभूतिदः।।१।।
शुभेऽह्नि स्नानमाचर्य शुभे लग्ने शुभे क्षणे।
कृतनित्यक्रियो मन्त्री प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः।।२।।

यन्त्र-संस्कार—अब मैं यन्त्र-संस्कार के कल्याणकारी विधान का निरूपण कर रहा हूँ। बुद्धिमान् मन्त्रवित् साधक किसी अच्छे शुभ दिन में, शुभ लग्न में जबकि तारा-नक्षत्रादि अनुकूल हों, पूर्वमुख अथवा उत्तरमुख बैठकर यन्त्र का संस्कार करें॥१-२॥

भूतशुद्ध्यादिकं क्रृत्वा कल्पोक्तन्यासमाचरेत्।
ततः सङ्कल्प्य शुद्धात्मा शिवमन्त्रविशोधितम्।।३।।
पञ्चगव्यं समानीय तत्र यन्त्रं समाहितः।
सुवर्णादिमणौ क्लृप्तं क्षिपेत् प्रणवमुच्चरन्।।४।।

भूत-शुद्धि, प्राण-प्रतिष्ठा, अन्तर्मातृका, बहिर्मातृका तथा अपने कल्प-विधान में बताये गये न्यासों का सम्यक् रूप से सम्पादन करके यन्त्र-संस्कार करने क संकल्प ले। स्वर्ण अथवा स्फटिक आदि से निर्मित यन्त्र को प्रणव (ॐ) का उच्चारण करते हुए शिव-मन्त्र से विशोधित पञ्चगव्य में डाल दे॥३-४॥

तदुद्धृत्य सुवर्णादौ पात्रं संस्थाप्य मन्त्रवित्।
पञ्चामृतेन तीर्थेन जलेन शीतलेन च।।५।।
सहस्रशीर्षमन्त्रेण मूलमन्त्रपुरःसरम्।
सुस्नाप्य च विशुद्धेन जलमुत्तोल्य तैजसे।।६।।
सिंहासनादावारोप्य कुङ्कुमाद्यैर्विलेपयेत्।
पीठपूजां ततः कुर्यात् स्वकल्पोक्तविधानतः।।७।।
कुशैः स्पृशन् मन्त्रराजं शतमष्टोत्तरं जपेत्।।८।।

पञ्चगव्य में स्नान कराने के बाद मन्त्रवित् साधक यन्त्र को पञ्चगव्य से निकालकर स्वर्ण आदि के पात्र में रखें। तत्पश्चात् पञ्चामृत से तथा शुद्ध

शीतल तीर्थजल से मूल मन्त्रसहित 'सहस्रशीर्षा०' आदि मन्त्रों से स्नान कराये। फिर उसे स्वच्छ-पवित्र वस्त्र से पोंछकर स्वर्ण आदि धातु से बने सिंहासन पर प्रतिष्ठित करके उस पर कुंकुम आदि का लेप करें। तत्पश्चात् अपने कल्प के अनुसार पीठपूजा करके कुशों से यन्त्र का स्पर्श करते हुए यन्त्र-गायत्री का १०८ बार जप करे।।५-८।।

[यन्त्रगायत्री]

प्रणवं 'यन्त्रराजाय विद्महे' पदमुद्धरेत्।
'महायन्त्राय धी'रूपं लिखेत्ततो 'मही'ति च।।९।।
'तन्नो यन्त्रः प्रचो'रूपं 'दयादे'षा प्रकीर्त्तिता।
इमां यन्त्रस्य गायत्रीं जप्त्वा देवत्वमालभेत्।।१०।।

प्रणव (ॐ) के बाद यन्त्रराजाय विद्महे के बाद महायन्त्राय धीमही के बाद तन्नो यन्त्र: प्रचोदयात्—यह यन्त्र गायत्री है।।९-१०।।

[इष्टदेवतापूजनोपदेश:]

यथेष्टदेवतां ध्यात्वा मुद्रयावाहयेत् क्रमात्।
जीवन्यासं ततः कृत्वा पूजयेदिष्टदेवताम्।।११।।
उपचारैः षोडशभिर्नानाविभवविस्तरैः।
नृत्यगीतैश्च वाद्यैश्च पञ्चघोषपुरःसरम्।।१२।।

आवाहनी मुद्रा से यन्त्र में इष्टदेवता का आह्वान करके उसमें जीवन्यास करें। तत्पश्चात् यथावैभव षोडश उपचारों और पाँच वाद्यों से घोष करते हुए यन्त्र पर देवता का पूजन करें।।११-१२।।

ततो जपेदिष्टमन्त्रमष्टोत्तरसहस्रकम्।
ततः कल्पोक्तमासाद्य हविषा संस्कृतेऽनले।।१३।।
अष्टोत्तरशतं हुत्वा गुरुं विभवपूर्वकम्।
तोषयेत् स्वर्णरिखाद्यैः प्रदद्याद्दक्षिणामपि।।१४।।

पूजन के बाद भजन-कीर्तन एवं नृत्य-गीत आदि से इष्टदेवता को प्रसन्न करके इष्ट मन्त्र का अष्टोत्तर सहस्र (१००८) जप करें। यथाविधि अग्नि का संस्कार करके कल्प में बताई गई हवि से १०८ बार हवन करें। गुरुदेव को स्वर्ण-रत्न एवं अन्य द्रव्य दक्षिणा में प्रदान करके उन्हें प्रसन्न करें।।१३-१४।।

प्रयोग-विधि—यथाविधि नित्यक्रिया करने के बाद स्वस्तिवाचन-पूर्वक संकल्प लें—

'ॐ अद्य (देश-काल का उल्लेख करके) अमुकगोत्रः अमुकदेवशर्मा अमुकदेवतायाः प्रीत्यर्थं यन्त्रसंस्कारमहं करिष्ये।'

संकल्प करने के बाद ताम्र आदि के किसी बड़े पात्र में पञ्चगव्य लें। शिव-मन्त्र 'ह्रौं' का अष्टोत्तरशत (१०८) जप करके उसे अभिमन्त्रित करें। प्रणव (ॐ) का उच्चारण करते हुए यन्त्र को पञ्चगव्य में रख दें। कुछ क्षणों के बाद उसे पञ्चगव्य से निकाल लें। पञ्चामृत लेकर उसे भी पञ्चगव्य के समान शिव-मन्त्र से अभिमन्त्रित करें। गाय का दूध, दही, घृत, शक्कर और कुशोदक को पञ्चामृत कहते हैं। इनमें से प्रत्येक द्रव्य को शिवमन्त्र (हौं) से यथाक्रम १०८-१०८ बार जप करके अभिमन्त्रित करें।

स्वर्ण आदि के किसी गहरे पात्र में यन्त्र को रखकर उसे पहिले शुद्ध शीतल जल से स्नान कराकर पञ्चामृत के द्रव्यों से स्नान करायें। इसका क्रम इस प्रकार है—पहिले दूध से स्नान कराकर, पुनः जल से स्नान करायें और धूप प्रदान करें। इसी प्रकार दही, घृत, मधु, शर्करा—इन सब द्रव्यों से स्नान करायें। इसे पञ्चामृत स्नान कहते हैं। फिर शीतल जल, सुगन्ध, चन्दन, कस्तूरी से स्नान करायें। सोने के आठ कलशों में कुंकुम, गोरोचन और चन्दनयुक्त जल लेकर उससे यन्त्र को स्नान करायें। स्नान मूल मन्त्र से करायें। स्नान-अभिषेक के बाद यन्त्र को स्वच्छ-चन्दन-चर्चित वस्त्र से पोंछकर किसी अन्य पात्र पर स्थापित करें।

कुश के अग्रभाग से यन्त्र का स्पर्श करते हुए उपर्युक्त यन्त्र-गायत्री का एक सौ आठ बार जप करके प्राण-प्रतिष्ठा करें—

विनियोग—ॐ अस्य प्राण-प्रतिष्ठामन्त्रस्य ब्रह्माविष्णुमहेश्वरा ऋषयः। ऋग्यजुःसामानि छन्दांसि, चैतन्यं देवता, प्राण-प्रतिष्ठायां विनियोगः।

मन्त्र—आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकदेवतायाः प्राणाः इह प्राणाः। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकदेवतायाः जीव इह स्थितः। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकदेवतायाः सर्वेन्द्रियाणि। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हंसः अमुकदेवतायाः वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा'।

इस मन्त्र का तीन बार जप करके संस्कार-सिद्धि के लिये पन्द्रह बार प्रणव (ॐ) का जप करें। अमुक के स्थान पर देवता के नाम का उल्लेख करें। देवता का ध्यान करके यन्त्र में उसका आह्वान करें। तत्पश्चात् षडङ्गन्यास करके यथाशक्ति षोडशोपचार अर्चन करें। मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करके होम करें। हुतशेष घृत यन्त्र

को समर्पित करें। होम करने में असमर्थ हों तो दूना जप करें। अन्त में गुरुदेव को दक्षिणा देकर अच्छिद्रावधारण करें।

[उपचारमुद्रोपदेशः]

षोडशोपचारमुद्राया उच्यन्ते लक्षणान्यथ।
प्रसारयेदुभौ हस्तौ हृद्देशे विनियोजयेत्।।१५।।
अङ्गुल्यो विस्तृताः कार्या मध्येऽङ्गुष्ठौ तु विन्यसेत्।
देवतासनविन्यासपञ्चमुद्रां प्रदर्शयेत्।।१६।।

उपचारमुद्रायें—बीसवें प्रकाश में पूजा-विधान के प्रसंग में भगवती त्रिपुरा को प्रिय त्रिखण्डा आदि मुद्राओं का निरूपण किया गया था। अब उपचार में प्रयुक्त होने वाली सर्वदेवोपयोगी मुद्राओं के लक्षण बताये जा रहे हैं। दोनों हाथों को फैलाकर हृदय-प्रदेश के सामने लायें और अंगूठों को मध्यमा के मूल में संलग्न कर दें। देवता के आगमन पर उनको आसन आदि प्रदान करने के लिये यह मुद्रा दिखाई जाती है।।१५-१६।।

ईषन्नम्राङ्गुलिर्ज्ञेया संवृताङ्गुष्ठकन्दरम्।
नम्रे कनिष्ठतर्जन्यौ करयोरग्रसङ्गते।।१७।।

आसनमुद्रा—दोनों करतलों को ऊर्ध्वमुख करके अंगुलियों को मोड़ लें। अंगूठों को करतल की ओर झुका लें। मध्यमा और अनामा को परस्पर जोड़कर कनिष्ठा और तर्जनी को ढीली रखें। यह 'आसन' मुद्रा है।।१७।।

मध्यमानामिका कुर्यादियमासनमुद्रिका।
ईषन्नम्राङ्गुलिर्दक्षा संवेष्ट्याङ्गुष्ठकं परम्।।१८।।
स्वागते स्वस्तिका मुद्रा मध्यमूलगताङ्गुली।
उपचारे स्वागते तु प्रयोक्तव्या विपश्चिता।।१९।।

स्वागत मुद्रा—दाहिने हाथ की सभी अंगुलियों को ढीली रखते हुए अंगूठे को मोड़कर मध्यमा के मूल पर्व पर स्थापित करना 'स्वागत' मुद्रा है। इसे 'स्वस्तिका' भी कहते हैं।।१८-१९।।

तौ च प्रसारितौ हस्तौ पाद्यमुद्रा प्रकीर्त्तिता।

पाद्य मुद्रा—दोनों हाथों को सम्मुख करके प्रसारित करना 'पाद्य' मुद्रा है।

संयुक्तानामिकाङ्गुष्ठौ तिस्रोऽन्याः सम्प्रसारिताः।।२०।।
मधुपर्कस्य सा मुद्रा गदिता तन्त्रवेदिभिः।

मधुपर्क—दाहिने हाथ की अनामिका को अंगूठे से मिलाकर शेष तीन अंगुलियों को फैला दें। यह 'मधुपर्क' मुद्रा है।।२०।।

मुष्टियुक्तं तथा नेत्रमङ्गुष्ठाग्रमधोमुखम्।।२१।।
मध्यमाङ्गुष्ठकौ लग्नौ तिस्रोऽन्याः सुप्रसारिताः।
वस्त्रमुद्रा समाख्याता वस्त्रमुद्राप्रवर्द्धिनी।।२२।।

वस्त्र-मुद्रा—मध्यमा और अंगूठे को परस्पर जोड़कर शेष तीनों अंगुलियों को फैलाने से 'वस्त्र' मुद्रा बनती है।।२१-२२।।

विमर्श—'२१वें श्लोक की पंक्ति—'मुष्टियुक्तं .... अधोमुखम्' से कोई अर्थ नहीं निकलता। 'वस्त्र' प्रदान करने से पूर्व देवता को स्नान कराया जाता है। 'तान्त्रिक नित्य पूजा पद्धति' के मुद्रा-प्रकरण में स्नानमुद्रा का स्वरूप बताया गया है—

कृत्वा मुष्टिं तथा स्नाने मध्यमाङ्गुष्ठकौ युतौ।

मध्यमा और अंगूठे को परस्पर संयुक्त करके शेष अंगुलियों से मुट्ठी बाँधने से 'स्नान' मुद्रा बनती है।

कनिष्ठाङ्गुलिकौ लग्नौ तिस्रो मध्याः प्रसारिताः।
यज्ञोपवीतमुद्रेयं कथिता मन्त्रपारगैः।।२३।।

यज्ञोपवीत मुद्रा—कनिष्ठा और अंगूठे को जोड़कर शेष तीन अंगुलियों को फैलाने से 'यज्ञोपवीत' मुद्रा बनती है।।२३।।

मधुपर्कं समुत्ताना मुद्रा लग्नाङ्गुली मता।
युक्ताऽनामिकयाऽङ्गुष्टा गन्धमुद्रेति कीर्त्तिता।।२४।।

अलंकरण—मधुपर्क मुद्रा को ऊपर उठाकर प्रदर्शित करने से 'अलंकार' या 'आभरण' मुद्रा बनती है।

गन्धमुद्रा—अनामिका और अंगूठे को ज़ोड़कर दिखाने से 'गन्ध' मुद्रा बनती है। इस मुद्रा में शेष तीन अंगुलियाँ मुट्ठी की तरह बन्द रहती हैं।।२४।।

उत्थिताऽधोमुखी मध्या बद्धाङ्गुष्ठा यदीतरा।
पुष्पमुद्रा समाख्याता पुष्पदानविवर्द्धिनी।।२५।।

पुष्पमुद्रा—मध्यमा को अधोमुख सीधी रखते हुए अन्य तीन अंगुलियों को करतल से जोड़ दें और उन पर अंगूठे को स्थापित कर दें। यह 'पुष्प' मुद्रा है।।२५।।

अंगुष्ठं तर्ज्जनीलग्नं तिस्रः सङ्कुचिताः पराः।
मुद्रा धूपप्रदाने स्याद्देवानां तुष्टिकारिणी।।२६।।

धूपमुद्रा—अंगूठे और तर्जनी को परस्पर जोड़कर शेष तीन अंगुलियों को मोड़ लें। यह देवताओं को संतुष्ट करने वाली 'धूप' मुद्रा है।।२६।।

उत्ताना पौष्पिकी मुद्रा दीपमुद्रेति कथ्यते।

दीप मुद्रा—उपर्युक्त 'पुष्प' मुद्रा अधोमुखी होती है। यदि इसी मुद्रा को 'ऊर्ध्वमुखी' कर दिया जाय, तो वह 'दीप' मुद्रा बन जाती है।

पञ्चाङ्गुल्यग्रसंलग्नप्रोत्थिताऽधोमुखी यदि।।२७।।

नैवेद्य मुद्रा—पाँचों अंगुलियों के अग्रभाग को परस्पर जोड़कर ऊर्ध्वमुख प्रदर्शित करने से 'नैवेद्य' मुद्रा बनती है॥२७॥

त्रिधा निबद्धा मुद्रेयं नैवेद्यस्य प्रकीर्त्तिता।
द्वौ करौ पृष्ठसंलग्नौ भ्रामयेद् ग्रथिताङ्गुली।
स्फोटिकेति समाख्याता प्रणामे तां प्रदर्शयेत्।।२८।।

दोनों हाथों के पृष्ठ भाग को जोड़कर अंगुलियों को भी परस्पर ग्रथित करके उन्हें घुमायें और बाद में चुटकी बजायें। यह मुद्रा (विसर्जन के समय) प्रणाम करते हुए दिखाई जाती है॥२८॥

विमर्श—यहाँ दो मुद्राओं के लक्षण (स्वरूप) नहीं बताये गये हैं। ये मुद्रायें हैं—अर्घ्य मुद्रा और आचमन मुद्रा। इनका स्वरूप है—

अर्घ्य-मुद्रा—'स्वस्तिमुद्रा द्विहस्तेन मुद्रा त्वर्घ्यं प्रकीर्त्तिता' अर्थात् दोनों हाथों से उपर्युक्त स्वस्ति (स्वागत) बनाने से 'अर्घ्य' मुद्रा बनती है।

आचमन-मुद्रा—दाहिने हाथ के अंगूठे को तर्जनी के मूल पर्व पर रखें। कनिष्ठा को नीचे की ओर झुकाकर तीनों अंगुलियों से अलग रखें। शेष तीन अंगुलियों को कनिष्ठा से अलग रखते हुए फैलाकर झुकायें। यह 'आचमन' मुद्रा है। यह आचमन मुद्रा ही 'पुनराचमनीय' मुद्रा भी है।

[गन्धादिमुद्राणां प्रकारभेद:]

अथवा दर्शयेन्मुद्रा इमा गन्धादिभि: क्रमात्।
कनिष्ठाऽङ्गुष्ठसंसक्ता गन्धमुद्रा प्रकीर्त्तिता।।२९।।
अङ्गुष्ठस्य च पृष्ठस्य युक्ता धूपस्य तर्ज्जनी।
दीपस्य मध्यमानामा नैवेद्यस्य प्रकीर्त्तिता।।३०।।
इतराङ्गुलिसंयोगात् पञ्च मुद्रा: प्रकीर्त्तिता।।३१।।
गन्धादिष्वपि दत्तेषु मुद्राश्चैता: प्रदर्शयेत्।

अथवा गन्धादि प्रदान करने के लिये अंगुलियों से पञ्चमुद्रायें प्रदर्शित करें। यथा—कनिष्ठा और अंगूठे को जोड़ने से गन्धमुद्रा बनती है। अंगूठे और तर्जनी से पुष्पमुद्रा, अधोमुखी मध्यमा और अंगूठे से धूपमुद्रा, ऊर्ध्वमुखी मध्यमा और अंगूठे से दीपमुद्रा तथा ऊर्ध्वमुखी अनामा और अंगूठे से नैवेद्यमुद्रा बनती है॥२९-३१॥

विमर्श—पञ्चोपचारीय अन्तर्याग के क्रम में इन्हीं मुद्राओं से गन्धादि पञ्च उपचार प्रदान किये जाते हैं।

[मुद्रामाहात्म्यम्]

मुद्रया यत् कृतं कर्म तदनन्तफलं भवेत्।।३२।।

मुद्रा-प्रदर्शन-पूर्वक जो कर्म किये जाते हैं अर्थात् मुद्रायें दिखाकर जो उपचार देवता को समर्पित किये जाते हैं, उन उपचारों के दान का अनन्त फल होता है। तात्पर्य यह कि जितने भी उपचार प्रदान किये जायँ, मुद्रायें दिखाकर प्रदान किये जायँ।।३२।।

[देवतायाः प्रतिष्ठाविधिः]

अथ वक्ष्ये देवतायाः प्रतिष्ठानविधिक्रमम्।
पुण्यक्षेत्रे पुण्यकाले शल्यादिरहिते स्थले।।३३।।

अब मैं देवता की प्रतिष्ठाविधि का निरूपण कर रहा हूँ। देवप्रतिमा की स्थापना कंटक (कँटीली झाड़ी) आदि से रहित किसी पुण्यस्थान में शुभ समय में की जाय।।३३।।

मन्त्रकल्पावसाने च पूर्वेद्युरधिवासयेत्।
सायं सङ्कल्प्य विधिवद् घटस्थापनपूर्वकम्।।३४।।
गणेशादीन् समभ्यर्च्य दिक्पालान् परिपूजयेत्।
यथाशक्त्युपचाराद्यैः पूजयेन्मूलदैवतम्।।३५।।
सुगन्धितैलगन्धाद्यैर्दिव्यान्तमधिवासयेत्।
चन्द्रेणेत्यादिमन्त्रेण जयघोषपुरःसरम्।।३६।।
इत्यधिवासनं कृत्वा संयतो विजितेन्द्रियः।

अधिवास—देवता की प्रतिष्ठा के पूर्व अधिवास किया जाय। एतदर्थ देवता की स्थापना के पूर्वदिवस को अपने कल्प में बताई गई विधि के अनुसार संकल्प करके अधिवास करें। सायंकाल में घटस्थापना करके गणेश और दिग्गजों की पूजा करें। तत्पश्चात् यथाशक्ति सुगन्धित पुष्पों, द्रव्यों और तेल आदि से मूल देवता की पूजा करें। जय-जयकार करके देवता को प्रसन्न करके अधिवास करें।।३४-३६।।

प्रातर्निर्वर्त्य नित्यन्तु क्लृप्तयागस्थले विशेत्।।३७।।
पताकाध्वजसंकीर्णे दिव्यमण्डपमण्डिते।
वितानचामरच्छत्रपुष्पमालाविभूषिते।।३८।।
मङ्गलाङ्कुरपात्राद्यैः सकलैः परिपूरिते।
मण्डलं सर्वतोभद्रं वेद्या उपरि संलिखेत्।।३९।।

प्राङ्मुखः वाग्यतो भूत्वा सङ्कल्प्याभीष्टसिद्धये।
पञ्चशुद्धिं समाचर्य कुम्भमक्षतसंयुतम्।।४०।।
संस्थाप्य मण्डले तत्र यजेताधारशक्तिकाम्।
पीठमन्वन्तिमास्तत्र स्थापयेत् सकलं बुधः।।४१।।
दीक्षाक्रमोक्तविधिनाऽभिषेककलसं तथा।

दूसरे दिन प्रातःकाल स्नान एवं सन्ध्यावन्दन आदि दैनिक कृत्य करके याग-मण्डप में आयें। याग-मण्डप जिस पर सुन्दर एवं दृढ़ तथा रंग-बिरंगा चन्दोवा तना हुआ है, जिस पर विभिन्न रंग की पताकायें लहरा रही हैं, जो विभिन्न प्रकार की मालाओं और वन्दनवारों से सजा हुआ है तथा जहाँ मंगल-अंकुर वाले पात्र सजे हुए हैं। ऐसे सुन्दर और मनोहर यागमण्डप में आकर मन्त्रवित् साधक वेदी के समीप पूर्व अथवा उत्तर की ओर बैठकर अभीष्ट-सिद्धि के लिये संकल्प ग्रहण करे। भू-शुद्धि आदि पञ्चशुद्धि कर्म सम्पादित करके वेदी पर सर्वतोभद्र मण्डल बनाये। आधार आदि शक्तियों के सहित पीठपूजन करे। दीक्षा-क्रम में बताई गई विधि के अनुसार अभिषेककलश तथा अन्य पात्र स्थापित करे॥३७-४१॥

पञ्चगव्यं ततः कृत्वा शिवमन्त्रविशोधितम्।।४२।।
तेन सुस्नापयेन्मन्त्री प्रतिमां प्रणवं जपन्।
पञ्चामृतेन हविषा दध्ना च पयसा क्रमात्।।४३।।
तत उद्वर्त्तनं कृत्वा जलेन स्नापयेदपि।
वाससा जलमुत्तोल्य दुकूले परिधापयेत्।।४४।।
नयेत् स्थापितकुम्भस्य समीपे देवतां बुधः।
ततो ध्यात्वा यथोक्तां तां मुद्रयावाहयेत् क्रमात्।।४५।।

शिव-मन्त्र से पञ्चगव्य को शोधित करके उससे देवता की प्रतिमा को स्नान कराये। तत्पश्चात् शुद्ध जल से स्नान कराने के बाद प्रणव (ॐ) का जप करते हुए पञ्चामृत के द्रव्यों (दूध, दही, घी, शक्कर, शहद) से यथाक्रम स्नान कराकर पुनः शुद्ध जल से स्नान कराये। शुद्ध वस्त्र से पोंछकर देवता की प्रतिमा को दो वस्त्र पहिनाकर कुम्भ के समीप लाकर स्थापित कर दे। तत्पश्चात् ध्यान करके उक्त प्रतिमा में देवता की प्राणप्रतिष्ठा करे॥४२-४५॥

लेलिहामुद्रया हस्तं विन्यस्य देवताहृदि।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रन्तु दशधा प्रजपेत्ततः।
तत्तद्दैवतगायत्रीं शतमष्टोत्तरामपि।।४६।।
ततः कल्पोक्तविधिना परिवारसमन्विताम्।
पूजयेद्देवतां पश्चात् स्ववामे स्थानमण्डपे।।४७।।

अष्टपत्रसमायुक्ते पीठोपरि निधाय ताम्।
सुगन्धिदिव्यतैलेन दद्यादभ्यङ्गमेव हि।।४८।।

देवता के हृदय पर लेलिहान मुद्रा से हाथ रखकर दस बार प्राण-प्रतिष्ठा मन्त्र का जप करे। प्राण-प्रतिष्ठा मन्त्र के बाद उस देवता के गायत्री मन्त्र का १०८ बार जप करे। इस प्रकार प्राण-प्रतिष्ठा करके देवता को मण्डप (मण्डल) में अपने वामभाग में निर्मित अष्टदल कमल पर स्थापित करे तथा सुगन्धित तेल आदि अभ्यङ्ग प्रदान करे।।४६-४८।।

मूलेन पावमानेन सहस्रशीर्षया बुधः।
स्नापयेद् भक्तिभावेन अभिषेकघटामृतैः।।४९।।
कर्पूरागुरुकस्तूरी प्रसूनचन्दनोदकैः।
नानातीर्थोदकेनापि स्वर्णरत्नान्वितैर्जलैः।
सर्वौषधिजलैर्गन्धजलैर्मूलेन सेचयेत्।।५०।।
ततः शुद्धदुकूलेन जलमुत्तोल्य साधकः।।५१।।
परिधाप्य दुकूले द्वे स्वर्णनिर्मितदोलया।
मण्डले तां समानीय नृत्यैर्गीतैर्जयस्वनैः।।५२।।
षोडशैरुपचारैस्तु पूजयेत् कल्पमानतः।

तत्पश्चात् मन्त्रवित् साधक मूल मन्त्र, पवमानसूक्त तथा सहस्रशीर्षा आदि मन्त्रों का जप करते हुए पूर्णतः भाव-विभोर होकर देवता को कपूर, अगरु, कस्तूरी, फूल, चन्दन आदि से सुगन्धित तथा स्वर्ण एवं रत्न आदि से पवित्र किये गये तीर्थोदक से स्नान कराये। स्नान के बाद सर्व औषधियुक्त जल से मूल मन्त्र का जप करते हुए अभिसिंचन करे। देवयष्टि को शुद्ध वस्त्र से पोंछकर वस्त्र पहिनाये। सोने की पालकी में बिठाकर देवता का जय-जयकार करते हुए मण्डल में लाकर यथा-विधान षोडशोपचारों से अर्चन करे।।४९-५२।।

[होमोपदेशः]

कुण्डे वा स्थण्डिले मन्त्री हविषा संस्कृतेऽनले।।५३।।
अष्टोत्तरशतं हुत्वा श्रपयित्वा चरुं ततः।
यथाविधिविधानेन स्रुचा होमं समाचरेत्।।५४।।
ग्रासप्रमाणं चरुकं मूलेनाहुतिमन्त्रवित्।
घृतस्रुवं तत्र दत्त्वा जुहुयादग्निसम्मुखे।।५५।।
पञ्चविंशतिवारं हि देवतोद्दिश्य यत्नतः।
चरुणा दिक्पतिभ्यश्च दद्यात् पूर्वादितो बलिम्।।५६।।

तत आवृतिदेवेभ्यो घृतेनाहुतिमाचरेत्।
अथवा चरुणा तद्वत्ततो देवसमीपगे।।५७।।

होम—देवता का यथाविधान षोडशोपचार अर्चन करने के बाद मन्त्रवित् साधक कुण्ड या स्थण्डिल पर संस्कृत अग्नि में हवन करे। एतदर्थ वह पहिले चरुपाक करे। चरुपाक की विधि दीक्षा प्रकरण में बताई जा चकी है। होम-विधान के अनुसार घी की एकादश आहुति देकर 'नाड़ी-सन्धान' तथा पच्चीस घृत की आहुतियाँ देकर 'मुख एकीकरण' के बाद मूल मन्त्र से देवता को चरु की १०८ ग्रासप्रमाण आहुति प्रदान करे। तत्पश्चात् देवता के परिवारदेवताओं, अंग-देवताओं आदि को घी की अथवा चरु की एक-एक आहुति दे। पूर्व आदि दसो दिशाओं में इन्द्र आदि दिक्पालों को यथाविधि चरु की बलि प्रदान करे।।५३-५७।।

दत्वा पुष्पाञ्जलीन् पञ्च प्रदद्याच्छत्रचामरे।
अष्टोत्तरशतं मन्त्रं जप्त्वा मूलं समाहितः।।५८।।
अभिषिञ्चेत्ततो देवं पूजाकुम्भस्थपल्लवैः।
मातृका मूलमन्त्रञ्च जपन् जयजयस्वनैः।।५९।।

दिक्पालों को उनकी-उनकी दिशाओं में बलि प्रदान करने के बाद मण्डल पर स्थापित देव-प्रतिमा के समीप जाकर देवता को पाँच पुष्पाञ्जलि तथा छत्र-चामर आदि राजोपकरण प्रदान करे। मन्त्र का १०८ बार जप करके मातृका और मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए पूजा-कुम्भ के पल्लवों और अभिषेक घट के जल से देवता के सिर पर अभिसिंचन करे।।५८-५९।।

दत्वा होमसमीपन्तु दद्यात् पूर्णाहुतिं ततः।
दक्षिणां गुरवे दद्यात् स्वर्णं कर्षप्रमाणतः।।६०।।
अर्द्धार्द्धांशं चतुर्थांशं यथाविभवपूर्वकम्।
ततः सन्तोषयेद् विद्वान् गृहीत्वा आशिषो द्विजान्।।६१।।
इति देवप्रतिष्ठानमुक्तं सर्वसमृद्धिदम्।

देवता का अभिसिंचन करने के बाद होम-कुण्ड के पास जाकर पूर्णाहुति दे। गुरुदेव को एक कर्ष, आधा कर्ष अथवा यथासामर्थ्य एक-चौथाई कर्ष स्वर्ण की दक्षिणा दे। अन्य विद्वानों और ब्राह्मणों को पूजन और दक्षिणा से सन्तुष्ट करके उनका आशीर्वाद ग्रहण करे। यह देव-प्रतिष्ठा कर्म अत्यन्त समृद्धि प्रदान करने वाला है।।६०-६१।।

[प्रतिष्ठाफलकीर्त्तनम्]

यः करोति प्रतिष्ठानं दैवतस्य महात्मनः।।६२।।

वसेद्द्वित्रिसहस्राणि स्वर्गे देवप्रमाणतः।
ततो लक्षसहस्राणि ब्रह्मलोके महीयते।।६३।।
अथवा कोटिकल्पान्तं मोहयेदच्युते पदे।।६४।।

इस प्रकार पूरे विधि-विधान से जो व्यक्ति यथावैभव तथा पूर्ण श्रद्धाभक्ति एवं समर्पणभाव से देवता की प्रतिष्ठा करता है, वह इसके पुण्य-प्रभाव से तीन हजार दिव्य वर्षों तक स्वर्ग में तथा लाखों हजारों वर्षों तक ब्रह्मलोक में रहता है अथवा कोटि कल्पों तक अच्युत-पद पर निवास करता है।।६२-६४।।

[मठोत्सर्गविधिः]

अथ वक्ष्ये गृहोत्सर्गं वास्तुयागपुरःसरम्।
शरत्काले महापुण्ये पुण्यक्षेत्रे शुभेऽहनि।।६५।।
दुर्गायै मन्दिरं दत्त्वा स्व-स्व-मन्त्रानुसारतः।
पूर्वोक्तं सर्वमाचर्य वृद्धिश्राद्धपुरःसरम्।।६६।।
ततः सङ्कल्प्य विधिवन्मन्दिरे सुपरिष्कृते।
पताकाध्वजसङ्कीर्णे तुङ्गतोरणशोभिते।।६७।।
छत्रचामरमालाद्यैर्वितानैरुपशोभिते।
विलिख्य सर्वतोभद्रं स्थापयेत् कलसन्तथा।।६८।।

मठोत्सर्ग—देवता की प्रतिष्ठा-विधि का निरूपण करने के बाद अब मठोत्सर्ग का विधान बताया जा रहा है। मठोत्सर्ग का अर्थ है—देवता को मन्दिर-समर्पण करना। मठ-उत्सर्ग के लिये सर्वाधिक प्रशस्त समय शरद् ऋतु है। किसी पुण्यक्षेत्र में शुभ दिन में भगवती दुर्गा को मन्दिर समर्पित करना चाहिए। दुर्गा यहाँ उपलक्षण है। सभी देवियों को इस ऋतु में मन्दिर-समर्पण करना पुण्यप्रद होता है। मन्दिर-समर्पण के पूर्व यथाविधान वास्तुयाग, वृद्धि-श्राद्ध तथा देवता की प्रतिष्ठा में बताये गये गणेश एवं दिक्पाल पूजन, नवग्रह-पूजन आदि सभी कार्य यथाविधान सम्पादित किये जायँ। मठ उत्सर्ग का संकल्प लेकर रंग-बिरंगी पताकाओं तथा तोरणों एवं वन्दनवारों से सुसज्जित, छत्र-चामर-माला आदि से अलंकृत मन्दिर में सर्वतोभद्र मण्डल पर यथाविधि कलश स्थापित करें।।६५-६८।।

पूजयेदिष्टदेवन्तु षोडशैरुपचारकैः।
अङ्गदेवान् समभ्यर्च्य तत्तद्देवगणान् यजेत्।।६९।।
वक्ष्यमाणेन मनुना शतमष्टोत्तरं हुनेत्।
दशाक्षरेण दुर्गायै दद्यान्मन्दिरमुत्तमम्।।७०।।

कलश स्थापित करने के बाद इष्टदेवता का षोडशोपचार अर्चन करें। अंग-देवताओं तथा परिवारदेवताओं का भी भक्तिपूर्वक अर्चन करके वक्ष्यमाण मन्त्र से

अष्टोत्तरशत (१०८) हवन करें। दशाक्षरी मन्त्र से भगवती दुर्गा को मन्दिर समर्पित करना चाहिये।।६९-७०।।

भुवनेशीमहाबीजं 'दुर्गे' युगमुदाहृतम्।
'रक्षिणि' त्र्यक्षरं प्रोच्य वह्निजायावधिर्मनुः।।७१।।

भुवनेशीति। एतेन 'ह्रीं दुर्गे दुर्गे रक्षिणि स्वाहा' इति मन्त्रो भवति।

दशाक्षरी मन्त्र—भुवनेशी बीज (ह्रीं) दो बार 'दुर्गे' (अर्थात् दुर्गे दुर्गे) के बाद 'रक्षिणि' तथा 'स्वाहा' की योजना करने से दशाक्षरी मन्त्र बनता है।।७१।।

मन्त्र-स्वरूप—ह्रीं दुर्गे दुर्गे रक्षिणि स्वाहा।

[मठदानफलम्]

मन्त्रेणानेन यो दद्यान्मन्दिरं सुप्रतिष्ठितम्।
सर्वैश्वर्यमवाप्नोति वसेत् कल्पायुतं दिवि।।७२।।

जो व्यक्ति इस मन्त्र से मन्दिर-समर्पित करता है, उसे सभी ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है तथा वह हजारों कल्पों तक स्वर्ग में रहता है।।७२।।

विमर्श—मठ/मन्दिर उत्सर्ग की तान्त्रिक-विधि का निरूपण महानिर्वाण तन्त्र (तेरहवें पटल) में विस्तार से किया गया है।

[साधनोपदेशः]

इह पीठवरे दिव्ये साधयेत् सिद्धिमुत्तमाम्।
सप्तम्यां संयतो भूत्वा महाष्टम्यां यजेच्छिवाम्।।७३।।
महास्नानं महापूजां दद्यात् सन्धौ बलिं ततः।
प्रदीपं मस्तके दत्त्वा तद्रक्तैः पूजयेच्छिवाम्।।७४।।

साधनोपदेश—इस दिव्य पीठ में बुद्धिमान् साधक उत्तम सिद्धियों की साधना करे। सप्तमी को इन्द्रियों को वश में रखते हुए भगवती का ध्यान करे। अष्टमी को शिवा को महास्नान कराये और महापूजा करे। अष्टमी और नवमी की सन्धि-वेला में बलिदान करे। बलि-पशु के मस्तक पर दीपक रखे और उसके रक्त से शिवा की पूजा कर उन्हें तृप्त और संतुष्ट करे।।७३-७४।।

कृत्वासनं छागदेहं प्रजपेन्मनसा धिया।
ताञ्च ध्यायन् विभीतश्चेत् साधको विजितेन्द्रियः।
इह लोके भवेद्राजा परलोके शिवोपमः।।७५।।

जो जितेन्द्रिय साधक छाग की देह पर बैठकर भगवती का ध्यान करते हुए भगवती के मन्त्र का निर्भीक होकर जप करता है, वह इस लोक में राजा होता है और परलोक में शिव के समान सम्माननीय पद प्राप्त करता है।।७५।।

[साधने फलविशेषोपदेशः]

यः सदा भावयेद्देवीं स्वात्मानं तन्मयं नरः।
तस्य वश्यं जगत् सर्वं यक्षराक्षसमानुषम्।।७६।।
भावेन तन्मयो भूत्वा यं यं पश्यति चक्षुषा।
स स दासो भवेत् सार्द्धं सा सा याति कुलाङ्गना।।७७।।
भावेन तन्मयो भूत्वा यं पश्यति रुषान्वितः।
हतश्रीर्जायते सद्यः सहसा दुःखितो भवेत्।।७८।।
भावेन तन्मयो भूत्वा प्रसन्नो यं प्रपश्यति।
स मुक्तः सर्वपापेभ्यो दासवज्जायते ध्रुवम्।।७९।।

जो साधक स्वयं को देवी मानते हुए उनके ही ध्यान में तन्मय रहता है, यह सारा संसार, समस्त यक्ष, राक्षस और मनुष्य उसके वश में हो जाते हैं। भगवती में तन्मय जो साधक जिस-जिस व्यक्ति को देखता है, वे सभी व्यक्ति दास के समान उसके वशवर्ती और आज्ञाकारी हो जाते हैं। जिस व्यक्ति पर उसकी कोपदृष्टि पड़ती है, उसका तेज और बल समाप्त हो जाता है तथा उसे दुःख भोगने पड़ते हैं। जिस व्यक्ति पर उसकी कृपादृष्टि पड़ती है, वह धन्य हो जाता है, पापों से मुक्त होकर वह व्यक्ति साधक का वशवर्ती हो जाता है॥७६-७९॥

भावेन तन्मयो भूत्वा यं यं भावयते मृतम्।
आशु नश्यति निश्रीकः सभृत्यबलवाहनः।।८०।।
भावेन तन्मयो भूत्वा यं यं विद्वेष्टि साधकः।
सर्वलोके स विद्विष्टो जायते नात्र संशयः।।८१।।

भगवती के ध्यान में तन्मय रहने वाला साधक यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु की भावना करता है तो उसके इच्छा करने मात्र से उसके शत्रु का घर-परिवारसहित नाश हो जाता है। जिस-जिस व्यक्ति को वह शत्रु समझता है, सारा संसार उसका शत्रु हो जाता है। सभी लोग साधक के शत्रु को अपना शत्रु मानने लगते हैं॥८०-८१॥

[होमप्रशंसा]

एकतः सर्वकर्माणि एकतो जपभावना।
सर्वाधिकं होमकर्म होमात् किं वा न सिध्यति।।८२।।

साधना-उपासना में विहित सभी कर्म एक तरफ, जप और पारायण एक तरफ ये सभी मिलकर उतना फल नहीं दे सकते, जितना फल हवन करने से मिलता है। नित्य हवन करने से कौन-सी सिद्धि नहीं होती?॥८२॥

[होमाकरणनिन्दा]

अनया दीक्षितो मन्त्री यदि होमविवर्ज्जितः।
दुःखं प्राप्नोति मनसा कायेन च न संशयः।।८३।।
अकुर्वतामग्निहोत्रमग्निर्भूत्वा महेश्वरी।
धनानि शीघ्रं ग्रसति गृहक्षेत्रपशूनपि।।८४।।
बहुदुःखेनार्ज्जितानि सञ्चितानि चिरेण यत्।
आत्मप्राणाधिकान्याशु भूत्वाग्निर्ग्रसतीश्वरी।।८५।।

होम नहीं करने का फल—उपर्युक्त श्लोक में होम से सर्वकार्यसिद्धि का निरूपण करने के बाद इस तीन श्लोकों में होम नहीं करने के दुष्फलों का विवरण दिया गया है। मन्त्र-दीक्षा प्राप्त जो साधक होम नहीं करता, उसे शारीरिक और मानसिक कष्ट उठाना पड़ता है। होम नहीं करने से वह तरह-तरह के दुःख झेलता है। अग्निहोत्र अर्थात् होम नहीं करने से उसकी ही इष्टदेवता अग्नि बनकर उसकी सारी धन-सम्पत्ति घर-द्वार को जला डालती है। अत्यन्त कष्ट उठाकर कमाई गई तथा चिरकाल में संचित की गई वह सारी धन-सम्पत्ति, जिसे वह अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय मानता है, आग की लपटों में राख हो जाती है॥८३-८५॥

विमर्श—चूँकि भगवती अग्निरूपा हैं, अतः उनकी सम्पूर्ण तुष्टि होम करने से ही होती है। होम न करने से वे असन्तुष्ट ही रहती हैं, अतः उनके पूर्ण परितोष के लिये हवन सर्वथा अनिवार्य है।

[अग्निहोत्रप्रशंसा]

अग्निहोत्रं विना नैव सम्पदां भाजनं भवेत्।
अग्निहोत्रपरस्येह चाग्निर्भवति शीतलः।।८६।।
गृहक्षेत्रादिवित्तेषु प्रयुक्तोऽपि दहेन्न तत्।
अग्नौ वसति देवेशी तस्मादग्नौ हुनेत् सदा।।८७।।

अग्निहोत्र किये विना अपनी कमाई गई सम्पत्ति भी कल्याणकारिणी नहीं होती। उससे वांछित सुख-संतोष नहीं मिलता। दूसरी ओर नित्य अग्निहोत्र करने वाले व्यक्ति की सम्पत्ति के लिये अग्नि भी शीतल हो जाती है। वह आग में नहीं जलती। चूँकि अग्नि में देवी का नित्य वास है, अतः उनकी प्रसन्नता और संतोष के लिये प्रतिदिन हवन करना चाहिए॥८६-८७॥

गुरुमभ्यर्च्चयेन्नित्यं धनैस्त्रिभिः सुशोभनैः।।८८।।
मिलित्वा साधकैः सर्वैर्नित्यं समयमाविशेत्।
अदीक्षितान् द्विजांश्चापि त्यक्त्वा कर्म समाचरेत्।।८९।।

तन, मन और धन से प्रतिदिन गुरुदेव की सेवा करें। सभी साधकगण मिलकर प्रतिदिन चक्रार्चन करें। कुलधर्म में अदीक्षित व्यक्तियों को चक्रार्चन में शामिल नहीं किया जाय। कुलधर्म में जिसे दीक्षा नहीं मिली है, वह ब्राह्मण भी चक्रार्चन में भाग लेने का पात्र नहीं है॥८८-८९॥

[चक्रप्रशंसा]

चक्रे प्रवृत्ते तत्रस्थाः सर्वे वर्णा द्विजातयः।
निवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः पृथक् पृथक्।।९०।।
देवीपुत्रेषु तिष्ठत्सु नैकः समयमाविशेत्।
अशुभं जायते तस्य सिद्धिहानिश्च जायते।।९१।।

चक्रार्चन में सामाजिक वर्ण-व्यवस्था के नियम लागू नहीं होते। चक्र में शामिल क्षत्रिय न तो क्षत्रिय होता है, न वैश्य वैश्य होता है, न शूद्र शूद्र होता है और न ही चाण्डाल चाण्डाल होता है। चक्रपूजा में शामिल सभी व्यक्ति एक समान द्विज होते हैं। चक्रार्चन समाप्त हो जाने के बाद वे सभी अपने-अपने सामाजिक वर्ण में आ जाते हैं तथा तदनुसार व्यवहार करते हैं। जब तक देवीपुत्र अर्थात् समयाचारी साधक चक्रार्चन में बैठे रहते हैं, तब तक न किसी व्यक्ति को चक्रार्चन छोड़कर जाना चाहिए और न ही आना चाहिए। ऐसा करने से देवी का अपमान होता है। इससे अशुभ होता है तथा सिद्धि की हानि होती है॥९०-९१॥

[वित्तशाठ्यनिषेधः]

वित्तशाठ्यं परित्यज्य सर्वकर्माणि साधयेत्।
वित्तशाठ्यं निहन्त्याशु पुत्रमायुर्यशो धनम्।।९२।।

जप-तप, पूजा-पाठ, हवन-अर्चन, गुरुसेवा तथा अतिथि-सत्कार आदि सभी शुभ-कार्य वित्तशाठ्य अर्थात् कंजूसी छोड़कर करना चाहिए। शुभ कार्यों में कंजूसी करने से धन-सम्पत्ति, आयु और परिवार की हानि होती है। तात्पर्य यह कि शुभ-कर्मों की प्राप्ति के लिये उदारता तथा विशाल हृदयता आवश्यक है॥९२॥

[गुरुदेववञ्चननिषेधः]

गुरुं देवं वञ्चयित्वा यः कुर्याद्धनसञ्चयम्।
राजभिर्नीयते चैव तस्करैर्नीयतेऽथवा।।९३।।
अधितिष्ठन्ति यक्षाश्च वह्निर्दहति वा चिरात्।
त्यक्त्वा निखातं म्रियते सत्यं तेन न भुज्यते।।९४।।

गुरु और देवता से कपट करके अर्थात् उनसे छिपाकर जो व्यक्ति धन का सञ्चय करता है, वह धन उसके कोई काम नहीं आता। इस धन से उसे कोई सुख

नहीं मिलता। उस धन को या तो चोर चुरा ले जाते हैं अथवा वह धन राजा के द्वारा अधिग्रहीत कर लिया जाता है। वह धन आग में भस्मीभूत हो जाता है। यदि वह उस धन को छिपाने के लिये जमीन में गाड़ देता है तो उस पर यक्ष कब्जा कर लेते हैं।।९३-९४।।

[वह्नौ होमस्य गुरवे दानस्य च प्रशंसा]

हुतमेकगुणं वह्नौ दत्तमेकगुणं गुरौ।
लभ्यते कोटिगुणितं विश्वसेन्न परामृशेत्।।९५।।
यस्य नास्ति क्व विश्वासः कुरुते धनसञ्चयम्।
राजभिर्नीयते चैव तस्करैर्नीयतेऽथवा।।९६।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ षड्विंशतितम: प्रकाश।।२६।।

अग्नि में हवन करने और गुरुजनों को दान करने से सम्पत्ति का पूरा-पूरा फल मिलता है। वही सम्पत्ति कोटि-कोटिगुना बढ़कर पुन: मिलती है। जो व्यक्ति अपने विश्वस्त और विश्वसनीय व्यक्तियों से झूठ, कपट, दगा, फरेब करके धनसञ्चय करता है, उसके धन की या तो चोरी हो जाती है अथवा वह सम्पत्ति राजसात् कर ली जाती है। अत: झूठ, फरेब और दगाबाजी अत्यन्त घृणित पाप है। इनसे सबको बचना चाहिए।।९५-९६।।

आसनमुद्रा



स्वागत मुद्रा



पद्म मुद्रा



मधुपर्क मुद्रा



अर्घ्य-मुद्रा



श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के छबीसवें प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।२६।।

श्रीतत्त्वचिन्तामणिः समाप्तः

●

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मा.वि.)
जयपुर परिसर, जयपुर
पुस्तकालय
क्रमांक........ 31824

तन्त्रशास्त्र-ग्रन्थाः

अन्नदाकल्पतन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। श्री एस. एन.खण्डेलवाल

अहिर्बुध्न्यसंहिता (श्रीपाञ्चरात्रागमान्तर्गता) 'सरला' हिन्दीटीकासहित। डॉ. सुधाकर मालवीय

आगमतत्त्वविलास। हिन्दी-टीका सहित। श्री एस. एन.खण्डेलवाल। (1-4 भाग सम्पूर्ण)

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृत्तिविमर्शिनी। अभिनवगुप्त। सम्पादक–मधुसूदनकौल शास्त्री (1-3 भाग)

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी। (ज्ञानाधिकार)। (प्रथम अधिकार के पाँचवे आह्निक की सप्तम कारिका से लेकर आह्निक के अन्त तक की 'लीला' हिन्दी व्याख्या। टीकाकार–डॉ. दयाशङ्कर शास्त्री

एकजटातारासाधनतन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। श्री एस. एन.खण्डेलवाल

Kamakala Vilasa : Text with 'Cidwalli' Sanskrit Commentary and English Translation, Notes etc. Dr. R. P. Dwivedi & Dr. S. Malaviya

कामकलाविलासः। चिद्वल्यां संवलितः। सरोजिनी हिन्दी व्याख्या सहित। डॉ. श्यामकान्त द्विवेदी 'आनन्द

कामाख्यातन्त्रम्। 'ज्ञानवती' हिन्दी टीका सहित। आचार्य राधेश्याम चतुर्वेदी

कुण्डलिनी शक्ति। (योग-तान्त्रिक साधना-प्रसङ्ग) श्री अरुणकुमार शर्मा

कुलार्णवतन्त्रम्। 'नीरक्षीरविवेक' हिन्दीटीका। डॉ. परमहंस मिश्र

गायत्री-मन्त्रार्थ भास्कर। भाषा टीका सहित। पं. यमुना प्रसाद द्विवेदी

गायत्रीमहातन्त्रम्। आचार्य राधेश्याम चतुर्वेदिप्रणीत। हिन्दीभाष्य विभूषित

तन्त्रविज्ञान और साधना। श्री सीताराम चतुर्वेदी

तन्त्रसारः। अभिनवगुप्तपादाचार्य विरचित। हिन्दीटीका सहित। (1-2 भाग)। डॉ. परमहंस मिश्र

तन्त्रराजतन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। श्रीकपिलदेव नारायण

तन्त्रसारसङ्ग्रहः। नारायण विरचित। सव्याख्या। आंग्ल एवं संस्कृत भूमिका सहित।

तन्त्रालोक। अभिनवगुप्तपादाचार्य। जयरथकृत 'विवेक' टीका एवं पं. राधेश्याम चतुर्वेदीकृत हिन्दीटीका

त्रिपुरारहस्यम्। डॉ. जगदीशचन्द्र मिश्रकृतहिन्दी अनुवाद सहित। ज्ञानखण्ड एवं महात्म्यखण्ड

त्रिपुरार्णवतन्त्रम्। (उपासनाखण्ड) हिन्दीटीका सहित। डॉ. जगदीशचन्द्र मिश्र

दक्षिणकालिकासपर्यापद्धतिः। डा. रामप्रिय पाण्डेय

दुर्गासप्तशती। दुर्गाप्रदीप-गुप्तवती-चतुर्धरी-शान्तनवी-नागोजीभट्टी-जगच्चन्द्रिका-दंशोद्वार नामक सप्तटीकायुक्त।

दुर्गासप्तशती। मूलमात्र। नव-शत-सहस्रचण्डी-पल्लवयोजनाविधि-कवचअर्गला-कीलक-कुञ्जिकास्तोत्र सहित।

दुर्गासप्तशती। प. रामतेज पाण्डेय शास्त्रीकृत हिन्दी व्याख्या सहित। सम्पादक–डॉ. ब्रह्मानन्द त्रिपाठी

देवीरहस्यम्। (परिशिष्ट सहित) श्रीरुद्रयामलतन्त्रान्तर्गत हिन्दीटीका सहित। श्री कपिलदेव नारायण

नीलसरस्वतीतन्त्रम्। श्री एस. एन. खण्डेवालकृत हिन्दी टीका।

नित्याषोडशिकार्णवः। संस्कृत एवं हिन्दी-टीका सहित। श्री एस.एन. खण्डेलवाल

नित्योत्सव। हिन्दी-टीका सहित। श्रीपरमहंस मिश्र

नेत्रतन्त्रम्। क्षेमराजकृत 'नेत्रोद्योत' संस्कृत एवं श्रीराधेश्याम चतुर्वेदीकृत 'ज्ञानवती' हिन्दीटीका सहित

परलोकविज्ञान। श्री अरुणकुमार शर्मा

प्राणतोषिणी। मूलमात्र। श्रीरामतोषण भट्टाचार्य।

पुरश्चर्यार्णवः। श्रीनेपालमहाराजाधिराज प्रतापसिंह साहदेवविरचित। सम्पादक–म. म. मुरलीधर झा

प्रपञ्चसारसारसंग्रहः। गीर्वाणेन्द्रसरस्वतीविरचित। के. एस. सुब्रह्मण्यशास्त्री सम्पादित।

ब्रह्मास्त्रविद्या एवं बगलामुखी साधना। डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी
भूतडामरतन्त्रम्। श्री एस. एन. खण्डेलवालकृत हिन्दी टीका
भारतीय शक्ति-साधना। (शक्ति-विज्ञान : स्वरूप एवं सिद्धान्त)। डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द'
Mahanirvanatantram. Sanskrit Text, Transliteration and English Translation with Copious Notes. Edited by M. N. Dutta
मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य। डॉ. शिवशङ्कर अवस्थी
महाकालसंहिता (कामकला कालीखण्ड)। 'ज्ञानवती' हिन्दीभाष्य सहित। प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी
महाकालसंहिता (गुह्यकालीखण्ड)। 'ज्ञानवती'हिन्दीभाष्यसहित। प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी। (1-5 भाग)
मन्त्रमहोदधि। 'नौका' संस्कृत टीका तथा 'अरित्र' हिन्दी व्याख्या। व्याख्याकार–डॉ. सुधाकर मालवीय
महानिर्वाणतन्त्र। हिन्दी टीका सहित। श्रीकपिल देव नारायण
मुद्राविज्ञान-साधना। डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी
राधातन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। श्री एस. एन.खण्डेलवाल
रुद्रयामलतन्त्र। हिन्दी टीका सहित। टीकाकार–डॉ. सुधाकर मालवीय
रेणुकातन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। श्रीकपिल देव नारायण
ललितासहस्त्रनाम। भास्करराय प्रणीत 'सौभाग्यभास्करभाष्य' एवं श्रीभारतभूषणकृत विस्तृत हिन्दी व्याख्या।
ललितोपाख्यानम्। (तन्त्र)। मूलमात्र
वर्णबीजप्रकाश। श्रीसरयूप्रसाद द्विवेदी। सम्पा.–डॉ. परमहंसमिश्र
वरिवस्यारहस्यम्। 'प्रकाश' संस्कृत एवं डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी 'आनन्द' कृत हिन्दी टीका सहित।
विज्ञानभैरवः। श्रीबापूलाल आँजना विरचित कारिकानुवाद विवृतभागस्थ हिन्दी व्याख्या
वृहत्तन्त्रसारः। कृष्णानन्द आगमवागीशकृत। 'साधनात्मक' हिन्दीटीका सहित। श्रीकपिलदेव नारायण
श्रीविद्यार्णवतन्त्रम् । 'साधनात्मक' हिन्दीटीका सहित। श्रीकपिलदेव नारायण (1-5 भाग सम्पूर्ण)
श्रीविद्यासपर्या पद्धति। ब्रह्मश्रीशङ्कररामशास्त्री
श्रीविद्या-साधना। (श्रीविद्या का सर्वाङ्गपूर्ण शास्त्रीय विवेचन)। डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी
शारदातिलकम्। 'पदार्थादर्श' संस्कृत टीका एवं डॉ. सुधाकर मालवीयकृत हिन्दी-टीका सहित।
षट्चक्रनिरूपणम्। पूर्णानन्दयति। शिवोक्त पादुकापञ्चक सहित। श्रीभारतभूषणकृत हिन्दी व्याख्या सहित।
सप्तशतीसर्वस्वम्। नानाविधसप्तशतीरहस्यसंग्रहः। पं. सरयू प्रसाद द्विवेदी
सर्वोल्लासतन्त्रम्। हिन्दी टीका सहित। टीकाकार–श्री एस. एन. खण्डेलवाल।
सार्द्ध-नवचण्डि-पुरश्चरण। डा. रामप्रिय पाण्डेय
सिद्धनागार्जुनतन्त्रम्। श्री एस. एन. खण्डेलवाल कृत हिन्दी टीका सहित।
सौन्दर्यलहरी। 'लक्ष्मीधरी' संस्कृत एवं 'सरला' हिन्दी व्याख्या। सुधाकर मालवीय
स्पन्दकारिका। विस्तृत हिन्दी व्याख्या, तुलनात्मक अध्ययन एवं टिप्पणी सहित। डॉ. श्यामाकान्त द्विवेदी
Spandanirnaya (The Divine Vibration). Sanskrit with English Translation by Madhusudan Kaul.
स्वच्छन्दतन्त्रम्। संस्कृत-हिन्दी टीका सहित। प्रो. राधेश्याम चतुर्वेदी (1-2 भाग)
सिद्धसिद्धान्तपद्धति। हिन्दी अनुवाद सहित। स्वामी द्वारकादास शास्त्री।
The Doctrine of the Tantrayukti-s (Methodology of Ancient Indian Sciences) Dr. W. K. Lele

●